श्री गणेशप्रसाद वर्णी जैन ग्रन्थमाला, काशी
ग्रन्थमाला सम्पादक और नियामक —
फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

★

प्रथम संस्करण वि० सं० २००१
मूल्य ४)

★

मुद्रक —
मेवालाल गुप्त,
बम्बई प्रिंटिंग काटेज,
बाँस-फाटक,
काशी

समर्पण :—

पूज्य पिता स्व० श्री पटवारी देवीप्रसाद जी
जिन्होंने मुझे इस योग्य बनानेकी आशा में अपने सारे
सुखों का त्याग किया और आयुके अन्तिम क्षणों में भी
पूज्य श्री वर्णीजी के सदुपदेशों को 'वर्णी-
वाणी' से समाधि-मरणके पाठ रूपमें
सुना, उन्हीं पूज्य पिताजी

की

पुण्य स्मृति

में

पूज्य माता श्री सरस्वतीदेवी जी
जिन्होंने नामसे सरस्वती होकर भी मुझे शिक्षित बनाने
रूप श्रद्धा सुमनोंसे उसकी मूक अर्चना जैसा पुण्य
कार्य अब तक अतुल सन्तोषके साथ किया;
उन्हीं 'स्वर्गादपि गरीयसी'
महामहिम जननी

के

कर कमलों

में

श्रद्धावनत
तनुज—
नरेन्द्र

उदार सहायता

सागरके प्रसिद्ध रईस श्रीमान् सेठ भगवानदासजी शोभा-लालजी बीड़ीवाले उदाराशय धार्मिक और सरल प्रकृतिके युगल बन्धु हैं। इनके द्वारा उदारतापूर्वक दिए गये दानके परिणाम स्वरूप 'वर्णीवाणी' (द्वितीयभाग) का प्रकाशन हो रहा है। आगे भी इस द्रव्य द्वारा वर्णी ग्रन्थमालासे अन्य लोकोपयोगी धार्मिक साहित्य प्रकाशित होता रहेगा।

प्रकाशकीय वक्तव्य

हमें आज श्री ग० वर्णी जैन ग्रन्थमाला काशीसे "वर्णीवाणी" का दूसरा भाग प्रकाशित करते हुए अतिशय आनन्द हो रहा है। वर्णीवाणी (प्रथम भाग) की अब तक तीन आवृत्तियां प्रकाशमें आ चुकी हैं। इनमेंसे अन्तकी दो आवृत्तियां इसी ग्रन्थमाला से ही प्रकाशित हुई हैं। पूज्यपाद प्रात स्मरणीय गुरुदेव श्री १०५ क्षुल्लक गणेशप्रसाद जी वर्णीके सदुपदेशोंके प्रति जन समाजका कितना आकर्षण है इसका स्पष्ट आभास प्रथम भागकी तीन आवृत्तियोंसे मिल जाता है, अतः ग्रन्थमालाका इस द्वितीय भाग के प्रकाशनकी ओर लक्ष्य जाना स्वाविभक ही था।

हमारा यह सौभाग्य है कि वर्णी जी अभी हमारे बीच विद्यमान हैं और अपनी अत्यन्त वृद्धावस्था तथा कष्टसाध्य चर्या के वावजूद भी जनता के आत्म-कल्याणार्थ आसाधारण परिश्रम कर रहे हैं। जहाँ वे पहुचते हैं, जनता वावली होकर उनके उपदेशामृतका पान करनेके लिये उमड़ पड़ती है। और उनके दर्शन कर तथा अनन्य मधुर वाणी सुनकर कृतार्थ हो जाती है। ऐसे महापुरुषकी वाणीका संकलन हमारे लिये और हमारी भावी संतान परंपराके लिये महान् उपयोगी समझकर ही ग्रन्थमालाने उसका प्रकाशन करना ठीक समझा है। भविष्यमें भी वर्णीवाणीका जितना संकलन होता जायगा, उसका प्रकाशन तीसरे चौथे आदि भागोंके रूपमें ग्रन्थमाला द्वारा होता ही रहेगा।

भूमिदान यज्ञके महाप्रवर्तक प्रसिद्ध सन्त आचार्य विनोवाजी भावे महोदयने पुस्तककी प्रस्तावना लिखकर उसके मूल्यको चढाया है।

इसके प्रकाशनके लिये श्री सेठ भगवानदासजी शोभालालजी बिड़ीवाले सागरवालोंने दो हजार रुपया दानमें दिया है। आपकी संक्षिप्त जीवनी इसी भागमें छपी है। उससे पाठकों को बिड़ीवालोंके जीवनके बारेमें आवश्यक जानकारी मिल जायगी। वास्तवमें बिड़ीवालोंकी धार्मिक भक्ति सराहनीय है और उन्होंने जो ग्रन्थमालाको महत्त्वपूर्ण आर्थिक सहयोग प्रदान किया है एतदर्थ वे हमारे धन्यवादके पात्र हैं।

श्री पं० मुन्नालालजी समगोरया तथा वैद्यराज प० भगवानदास जी सागरवालोंके नाम तो इस भागके प्रकाशनके सिलसिलेमें किसी भी तरह भुलाये ही नहीं जा सकते हैं। वास्तव में पं० मुन्नालालजी समगोरयाकी सत्प्रेरणा ने ही बिड़ीवालोंके अन्तःकरणमें ग्रन्थमालाके प्रति अभिरुचि जाग्रत की है।

प्रथम भागकी तरह द्वितीय भागका संकलन और संपादन भी श्री विद्यार्थी नरेन्द्रजीने ही किया है। प्रथम भागके पाठक उनकी योग्यता और क्षमता को भली प्रकार समझ ही चुके हैं।

श्री प० फूलचन्दजी सिद्धान्तशास्त्री तो ग्रन्थमालाके संचालन का समस्त भार ही सम्हाल रहे हैं। ग्रन्थमालाका जो भी कार्य प्रकाशमें आता है उसका पूर्ण श्रेय पंडितजी को ही है।

अन्तमें मैं उल्लिखित महानुभावों तथा अन्य प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूपसे सहयोग देनेवाले दूसरे सभी महानुभावोंका सादर आभार मानते हुए अपने वक्तव्यको समाप्त कर रहा हूँ।

निवेदक

वंशीधर व्याकरणाचार्य बीना

मंत्री श्री ग० वर्णी ग्रन्थमाला काशी।

लीकनागरी लीपी.

वर्णीजी के सद्वचनों का संग्रह करनेवाली अीस कीताब को प्रस्तावना के तौर पर दो शब्द मैं लीखूं अैसी मांग की गयी है. वर्णीजी अेक नीष्काम जन सेवक हैं और अुनके वीचार सुलझे हुअे हैं. सब धर्मों को वे समान दृष्टी से देखते हैं और लोगों की सेवा में ही सबका पर्यवसान समझते हैं. अैसे अनुभवीयों के वीचारों का परीशीलन जीतना जनता को होगा कल्याणदायी होगा.

काशी वीद्यापीठ, बनारस
तारीख: ३१.७.१९५२.

वर्णीजी और जैन धर्म

सन्त विनोबाजी भावे—

एक ऐसे महापुरुषकी जयन्ती मनानेके लिए हम एकत्रित हुए हैं। जिन्होंने समाज सेवाका कार्य किया है। भूदान यज्ञके सिलसिलेमें मैं ललितपुरमें वर्णीजीसे मिला था। भूदान यज्ञकी सफलताके लिए सहानभूति प्रगट करते हुए उन्होंने कहा था कि ऐसे महा-सन्तको छोटेसे कार्यके लिए घूमना पड़े यह दुःखकी बात है। वर्णीजीने जो कार्य किया है वह बहुत अच्छा है। वे ज्ञान प्रचार चाहते हैं। जनतामें ज्ञान प्रचार हो जानेपर अन्य अच्छी बातें स्वयं ही आजाती हैं। मूल सिञ्चन करनेसे पानी शाखाओं तक स्वयं ही पहुँच जाता है। वर्णीजी स्वयं जैन नहीं थे पर जैन होकर जैन समाजका ही हित नहीं किया जैनेतरोंका भी हित किया है।

जैनधर्म प्राचीन धर्म है। इसका वैदिक धर्मके साथ अच्छा सम्बन्ध रहा है, किन्तु बीचमें कसमकस व मन्थन भी चलता रहा। दोनोंने रुख बदला एवं दूधमें शक्करके समान घुलकर काम किया। नतीजा यह हुआ कि जैनधर्म आज भी है। इसके विपरीत बौद्धधर्म हिन्दुस्थान ही नहीं दुनियाँ में फैला, किन्तु प्रत्यक्ष रूपसे यह यहाँ नहीं है। जैन चुपचाप कार्य कर रहे हैं। उनकी कार्यशैलीमें विरोध नहीं है। लोग महावीरजीसे कई सवाल पूँछते थे। ब्राह्मणोंके प्रश्नोंका जवाब वे उपनिषदों जैसा देते थे। उनका ध्येय पन्थविशेषका प्रचार नहीं था। आत्माका उद्धार मुख्य उद्देश था। अतः आग्रहविना उन्नतिका कार्य जैनोंने किया। बौद्धधर्मकी खुशबू आज भी चीन और जापानसे कहीं अधिक-

हिन्दुस्थानके अन्तस्तलमें है। उनकी भूतदया और अहिंसा आदि हिन्दुओंने भी मानी। यह वैदिक धर्ममें भी है। राजसत्ता द्वारा धर्म फैलानेकी बजाय मिटता है। ईसाईयोंने राजसत्ता द्वारा धर्म फैलानेका प्रयास किया तो झगड़े हुए। हिन्दुओं को राजसत्तासे धर्म फैलानेमें लाभ न हुआ। जैन भी राजा थे। शासनने धर्मके लिए मदद पहुँचायी, इसलिए संघर्ष पैदा हुआ। इस्लाम इसका उदाहरण है। बड़ी जमात होना धर्म प्रचारका लक्षण नहीं। सत्य का प्रचार सत्तासे नहीं होता। धर्म और सत्ताका मिश्रण ठीक नहीं। दोनोंमेंसे या धर्म नष्ट होगा या सत्ता नष्ट होगी।

जैन बुद्धिवादी हैं। जैनोंने इतना साहित्य लिखा है कि शायद ही इतनी छोटी जमात इतना साहित्य लिख सके। प्रत्येक शास्त्रमें हजारों ग्रन्थोंकी रचना की। बहुत-सी सारी भाषाओंमें जैनाचार्योंने ग्रन्थरचना की है। अपभ्रंश, कन्नड, गुजराती आदि भाषाओंमें इनका साहित्य भरा पड़ा है। मूलभाषाओंके स्रोतमें विशेषतया जैनोंका हाथ रहा है, जैनोंने तालीम देना अपना कर्तव्य माना। जब बालक मूलाक्षर क ख ग सीखने आता है तब 'श्री गणेशाय नमः' विद्यार्थीकी तरफसे बोला जाता है। 'ॐ नमः सिद्धेभ्य' जैन गुरुओंका मूल मन्त्र है। जैन गुरुओंसे हिन्दू भी पाठ पढ़ने आते थे किन्तु वे अपने धर्मका भार किसीके ऊपर नहीं लादते थे। उनका कहना था कि विद्या प्रचारसे सब कुछ हो जाता है। वे ज्ञान देकर ही सन्तुष्ट रहते थे। वर्णीजीने भी यही किया।

एक जमाना था जब जैन बौद्ध, हिन्दू तीनों मिलकर एक ही घरमें रहते थे।

जैन साम्यत्व दृष्टिसे काम करते हैं। अहिंसाके सिवाय साम्य त्व दृष्टि रखते हुए मेल जोलसे रहना विचार भेद होते हुए भी

एक दूसरेकी कद्र करना जैनोंकी चीज है। इस माध्यस्थ दृष्टिने संसारको वड़ी भारी सीख दी है। तर्क और न्यायशास्त्र रचकर उसे पक्की बना दी। तत्त्वज्ञान न देते तो न टिकती, क्यों कि भारतीय तत्त्वज्ञानी आत्मखेतमें वुनयादी शोध करते थे। साम्यवादी भी समदृष्टिको वल देते हैं। "शास्त्र ज्ञापकं न कारक" के अनुसार शास्त्र मार्ग सूचक यन्त्रकी तरह स्थिति वता देते हैं। अमलमें लाने पर ही उनका ज्ञान होता है। वर्णीजीने इसी श्रद्धासे काम फैलाया। जैनी और अन्यों को भी प्रेरणा दी। उनकी जयन्ती का लाभ उठाते हुए आत्मा का लाभ करें। नाम और जाति तो वन्धन हैं। महापुरुष चाहते नहीं। जयन्ती मनाने का प्रयोजन अच्छे कामों का अनुकरण करना है। ❀

❀ ७९ वीं वर्णीजयन्ती सप्ताहके उद्घाटनके समय ता० ३ सितम्बर सन् १९५२, अनन्तचतुर्दशी को श्री स्याद्वाद जैन विद्यालयमें किया गया प्रवचन।

अपनी बात

वर्णी साहित्यके प्रेमी पाठकोंके हाथमें प्रथम भागकी तरह द्वितीय भाग पहुँचते हुए देखकर हमें अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। प्रथम भागके तीन संस्करण हो जाने पर भी उसकी वैसी ही मांग एवं द्वितीयभाग की उत्सुकतापूर्ण प्रतीक्षा—यह दोनों ही उसकी लोकप्रियताके प्रतीक हैं।

इस लोकप्रियतासे प्रभावित होकर तो 'सुखकी झलक'के संग्रहकर्ता ने पुस्तकके द्वितीय संस्करणमें 'वर्णीवाणी' के पूरे पूरे ६-७ अध्यायोंको लेकर एवं 'विश्व शान्तिके मूल उपाय' के संग्रहकर्ताने किसी किसी अध्यायमें भी क्षु० मनोहरलालजीके भी कतिपय वाक्य जोड़ते हुए 'वर्णी-वाणी' से ही पूरी पुस्तक को तयार कर समाजमें वर्णी वाणीकी ही कीर्तिको बढ़ाया है। परन्तु अधिक अच्छा यह होता कि एक तो दोनों महानुभाव श्रीवर्णी ग्रन्थमालासे स्वीकृति ले लेते और दूसरे प्रत्येक भाषण अध्याय या वाक्यके अन्तमें तिथि ग्राम या 'वर्णी वाणीसे उद्धृत' होनेका आवश्यक उल्लेख करते। इससे उक्त पुस्तकोंके सम्पादकोंकी विज्ञता, संग्रहकर्ताओंकी सुनीति पुस्तकों की प्रामाणिकता वर्णीजीके वाक्योंको पहिचाननेकी सुविधा, ग्रन्थमालाको [illegible] करनेकी सद्भावना एवं उसकी व्यवस्था सभी कुछ बन जाता।

प्रसंगवश दोनों पुस्तकोंके भ्रामक वक्तव्योंके स्पष्टीकरणके लिये संक्षेपमें इतना ही कहना है कि 'सुखकी झलक'में केवल मुरारमें दिये गये भाषणोंका ही संग्रह नहीं है, सागरमें दिये गये भाषणों का भी है। देखिये 'त्यागका वास्तविक रूप' भाषण पृष्ठ १५८ ५९ पर सागरकी चर्चा सहित प्रवचन जो श्री चौधरन बाईके मन्दिरजीमें हुआ था' श्री ब्र० सुमेरचन्दजी भगतसे प्राप्त हुए वर्णी

जीके ६६ पत्रोंसे वर्णीवाणी (प्र० भा० द्वितीय संस्करण) में केवल १७३ पृष्ठ प्रमाण ही वाक्य हमने स्वयं सङ्कलित किये हैं। २०८ पृष्ठकी पूरी पुस्तककी सामग्री या अमोल वाक्यरत्न श्रीभगतजी द्वारा ही सगृहीत होकर नहीं प्राप्त हुये। अस्तु।

प्रस्तुत भागमें ली गई सामग्रीके आधार ये हैं—

१—वर्णीजीकी ७ वर्षकी दैनन्दिनी (डायरी) एवं स्मृति पुस्तिका।

२—मेरी जीवन गाथा।

३—सुखकी झलक। इसके लेखोंका पूज्य श्री वर्णी जी के चरणोंमें बैठकर पुन. परिष्कार किया गया है।

४—जैन प्रभातमें प्रकाशित लेख

५—श्री मा० परमेष्ठीदासजी द्वारा लिपिवद्ध किये गये इस वर्षके सागर चातुर्मासके प्रवचन।

६—वर्णीजी द्वारा लिखे गये पत्र।

७—समय समयपर मेरे द्वारा लिये गये उनके भाषणोंके उद्धरण।

अतः जिनसे जो सामग्री प्राप्त हुई उनका मैं आभारी हूँ।

सङ्कलन एवं सम्पादन सभी कार्योंमें श्रीमान् पूज्य पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्री महोदयने निस्वार्थ पूरा पूरा सहयोग दिया है। पुस्तकका यह भव्य रूप उन्हींकी सत्कृपाका फल है।

यदि सम्पादनमें कुछ सफलता प्राप्त हुई है तो वह उस पूज्यगुरु मण्डलके प्रसादसे जो पूज्य गुरुवर्य महोदय श्रीमान् पं० मुकुन्द-शास्त्रीजी खिस्ते, साहित्याचार्य, श्रीमान् प० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्री, श्रीमान् पं० द्विजेन्द्रनाथजी मिश्र साहित्याचार्य, श्रीमान् पं० बटुकनाथजी खिस्ते साहित्याचार्य एव श्रीमान् प्रो० ठाकुर राममूर्ति सिंहजी एम० ए०, एल० टी० काशी, श्रीमान्

डा० बाबूरामजी सक्सेना एम० ए०, डी० लिट्, श्रीमान् पं० देवेन्द्रनाथजी चट्टोपाध्याय एम० ए० साहित्याचार्य श्रीमान् पं० रघुवर मिट्ठूलालजी शास्त्री एम० ए० साहित्याचार्य, श्रीमान् डा० भायाप्रसाद जी मिश्र एम० ए०, पी० एच० डी०, श्रीमान् डा० रामकुमारजी वर्मा एम० ए०, पी-एच-डी डी० लिट्, एवं श्रीमान् पं० दयाशङ्करजी दुबे एम० ए०, एल० एल० बी० प्रयाग, श्रीमान् पं० पन्नालालजी साहित्याचार्य एवं श्रीमान् बाबू जिनेश कुमारजी 'संघो' बी० ए०, एल० एल० बी० सागर श्रीमान् पं० गोरेलालजी शास्त्री द्रोणगिरि तथा श्रीमान् मा० पूरनलालजी ज्योतिषी पुवारासे समय समय पर प्राप्त होता रहा है, अतः सबका चिर ऋणी हूँ।

मेरी मानजी छुमभी चम्पाबाईजी प्रधानाध्यापिका जैन कन्या-पाठशाला सीकरने पुस्तकके अनेक स्थलोंकी प्रतिलिपि बहुत ही परिश्रमसे की है।

श्री बाबू रामस्वरूपजी एवं धर्ममाता श्री ब्याशादेवीजीका परञआसागर विशेष आभारी हूं जिन्होंने अपने सरस्वती सदन से वर्णीजीकी अनेक दैनन्दिनियाँ (डायरियाँ) खोज निकालनेका अवसर गत वर्ष प्रदान किया था।

इस तरह प्रत्यक्ष परोक्ष सभी सहायक एवं सहयोगियोंका आभारी हूँ भविष्यमें इसी तरहकी कृपाका आकांक्षी एवं भूलोंके लिये क्षमा प्रार्थी हूँ।

पूज्य वर्णी मन्तकी विमलवाणी—'वर्णीवाणी' से जगतका कल्याण हो यही भावना है।

काशी।
स्वतन्त्रतादिवस
वि० सं० २००६

विद्यार्थी नरेन्द्र

"सागरके सुप्रसिद्ध दानी"

सेठ भगवानदासजी शोभालालजी विड़ीवालों

का

संक्षिप्त परिचय

श्रीमान् सेठ भगवानदासजी और शोभालालजी सुप्रसिद्ध दानी रत्न हैं। इनके संवन्धमें यद्यपि मध्यप्रान्तकी जनताको कुछ भी वतलाने को आवश्यकता नहीं है, क्योकि आप मध्य प्रदेशके बड़े भारी व्यवसायी हैं और इस द्वारा इन्होंने अथक परिश्रमसे विपुल धन कमाया है। इनका स्वभाव अत्यन्त मृदुल, हँसमुख-आकृति और दयार्द्र परिणाम हैं परोपकार गुणके कारण इन्होंने सागर जिलेमें पर्याप्त सम्मान एवं कीर्ति पाई है।

इस प्रान्तमें इनके कारण जैनसमाजमे काफी प्रेम और सौहार्द्र बढ़ा है। इन्होंने अपने जीवनमें लाखों रुपयों का दान किया है। इनके दानकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये विना किसी भेदभावके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव को पहिचानकर अत्यन्त आदर भावसे अपना कर्तव्य समझकर नि स्वार्थ दूसरो की आवश्यकताओं की पूर्ति करते रहते हैं। और उसमें अपना सौभाग्य मानते हैं।

ये धर्मके सच्चे श्रद्धानी एव गुरुभक्त हैं। पूज्यपाद प्रात'स्मरणीय श्री १०५क्षु० गणेशप्रसादजी वर्णी महाराजके ये परम भक्त हैं। गृहस्थके दैनिक षट्कर्म पालनेमें ये बड़े कट्टर हैं। इनके आचार

विचार खानपान की शुद्धि और कषायों की मंदता दूसरोंके लिए अनुकरणीय है।

कुछ वर्ष हुए जब सागरमें एक बार जलकी अत्यन्त कमीसे त्राहि-त्राहि मच गई थी। इससे जनता और सरकार बड़ी चिन्तित हुई तब इन युगल बंधुओंने शहरमें एक बड़ी भारी टंकी बनाई और उसमें बहुतसे नल फिट कराये और बड़ी दूरसे पानी मगवा कर महिनों तक जनताके कष्ट को दूर किया। इसी प्रकार एक बार अन्न सङ्कटके समय मँहगा गल्ला खरीदकर इन्होंने सस्ते दामोंमें जनताको वितरण कराया था। एक बार किसीकी मोटरसे दूसरेके एक बछड़े का पैर टूट गया और वह मोटरवाला उसे वहीं छोड़ कर भाग गया। लेकिन जब इन्होंने उसे तड़फते हुए देखा तो अपनी दयालुतावश उसे मोटरमें रख ले आए और उसका इलाज कराया। चार वर्ष हो गये आज भी वे तीन पाँवके वृषभराज आनंदसे २ सेर दाना और घास पाते हैं और बगीचे की शुद्ध वायु लेते अपना सुखमय जीवन बिता रहे हैं। प्रतिवर्ष गरीबों को हजार दो हजार कपड़े और गल्ला इनके द्वारा बांटा जाता है। कोई भी मागनेवाला बिना कुछ पाये इनके यहाँसे खाली नहीं जाता।

ये कितने विनम्री हैं, कितने दयालु और कितने धर्म श्रद्धालु हैं यह बात कोई भी व्यक्ति जिसे कुछ दिन इनके साथ रहने का सौभाग्य मिला हो जान सकता है। अभी कुछ दिनकी बात है। पूज्यपाद श्री १०५ क्षु० गणेशप्रसादजी वर्णी महाराजने स्वयं मुझसे कहा था कि 'भैया! ये बहुत ही निर्मल परिणामी व्यक्ति हैं। यह सब पुण्यका ठाटबाट इनके निर्मल परिणामों का ही फल है। मेरा तो विश्वास है कि इनके द्वारा धर्मका और समाज का बड़ा कल्याण होगा। इत्यादि' मेरा विशेष परिचय अभी पांच

वर्षसे ही सेठ सा०से हुआ है। इस समय अपने वृहत् कुटुंबमें ये ही प्रधान पुरुष हैं। हर्ष है कि इनके धार्मिक जीवन का प्रभाव इनके सारे कुटुंब पर पड़ा है। घरका प्रत्येक सदस्य बालक, जवान, स्त्री, पुरुष सभी प्राणी अत्यंत सज्जन, धर्मात्मा, दयालु, श्रमिक एवं परोपकारी हैं।

इस समय इनके कारखानेमें पचासों आदमी काम करते हैं लेकिन उनमेंसे आप किसी नौकरसे यह कहकर देख लीजिये कि सेठजीसे १०) माह ज्यादा देंगे, आप हमारे यहाँ काम पर आजाइए, तो वह जो उत्तर देगा उससे ही आप सेठ सा०के व्यवहार को समझ लेंगे। सेठ सा० अपने छोटेसे नौकर को भी अपने कुटुम्बियोंके समान समझते हैं और समय पड़नेपर वे अपने अधीनस्थ मनुष्यो की पूरी २ सहायता करते हैं। इनके व्यवहारसे सभी व्यक्ति प्रसन्न हैं।

जनताके लाभार्थ सागर शहरमें कई वर्षोंसे इनकी ओरसे एक विशाल आयुर्वेदिक औषधालय श्री वैद्यराज पं० भगवान-दासजी आयुर्वेदाचार्य की अध्यक्षतामें चलाया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन सैकड़ों रोगी लाभ लेते हैं। इस वर्ष इन्होंने एक दूसरी टंकी बनवाई है और उसमें भी टोंटियाँ लगवाकर तथा जल भरा-कर जनताके जल कष्टको निवारण किया है। गर्मीके दिनोंमें सागरमें पानीका बहुत कष्ट रहता है, इसलिये सेठ सा० प्रतिवर्ष इन टंकियों को भरवाकर जनताकी भारी सेवा करते हैं।

आस-पासके तीर्थक्षेत्रों एव संस्थाओंको भी आप समय-समय पर हजारों रुपयोंका दान दिया करते हैं। अभी गत वर्ष ही इन्होंने करीब ८०००) रुपयोंका दान मेरे द्वारा क्षेत्रों और संस्थाओंको दिया है। श्री निसईजी क्षेत्रपर इनकी ओरसे एक विशाल मन्दिर बनवाया जा रहा है और वह शीघ्र ही पूर्ण

होनेवाला है तथा इसी क्षेत्रपर इनकी ओरसे एक आहारदानशाला भी वर्षों से बड़ी सुव्यवस्थित रूपसे चल रही है। इस प्रकार ये चारों दान करके अपना कर्त्तव्य निभा रहे हैं।

भारतवर्षके सुप्रसिद्ध श्रीगणेश दि० जैन सं० महाविद्यालयके ये कोषाध्यक्ष एवं श्री दि० जैन महिलाश्रमके उपसभापति एवं श्री शान्तिनिकुञ्ज (उदासीनाश्रम) के सभापति हैं।

मेरे परम मित्र श्रद्धेय पण्डित फूलचन्दजी सिद्धान्तशास्त्री ता० १५-४-५२ को श्री ललितपुर डेप्युटेशनके साथ पूज्य वर्णीजीके दर्शनार्थ सागर पधारे थे। उस समय उन्होंने मुझसे व वैद्यराज पं० भगवानदासजीसे वर्णीवाणीके द्वि० भागको प्रकाशित करा देनेके लिये श्री सेठ सा० से प्रेरणा करनेके लिये कहा था। मैंने श्री वर्णी ग्रन्थमाला जैसी उपयोगी संस्थाको सहयोग देनेकी सेठ सा० से प्रेरणा की और उन्होंने उसके लिये तत्काल २०००) दो हजार रुपया श्री वर्णी ग्रन्थमालाके स्थायी कोषमें देना सहर्ष स्वीकार किया। मेरी तो कामना है कि सेठ सा० की भावनायें इसी प्रकार दिन प्रतिदिन उन्नत होती चली आवें जिससे सेठसा० का धर्मका और समाजका कल्याण हो। किमधिकम्—

समगोरया-सदन शुक्रवारी सागर	समाज सेवक— मुन्नालाल जैन "समगोरया"

कहाँ क्या पढ़िये ?

—

वर्णी-वाणी

[कल्याण-कुटीर]

वर्णी-वाणी

दूसरा भाग

यः शास्त्रार्णवपारगो विमलधीर्यं संश्रिता सौम्यता ।
येनालम्भि यशः शशाङ्कधवलं यस्मै व्रतं रोचते ॥
यस्मात् दूरतरं गता प्रमदता यस्य प्रभावो महान् ।
यस्मिन् सन्ति दयादयः स जयति श्रीमान् गणेशः सुधीः ॥

कल्याण कुटीर

१ जो व्यक्ति स्वयं शुद्ध भोजन करते हैं उन्हें अतिथियों-को शुद्ध भोजन देनेमें कोई आपत्ति नहीं होती। मनुष्यका सदा शुद्ध भोजन करना चाहिये। इससे उसकी बुद्धि शुद्ध रहती है। शुद्ध बुद्धिसे तत्त्वज्ञानका उदय होता है, तत्त्वज्ञानसे पर मित्रताका ज्ञान होता है। परमित्रताका ज्ञान ही कल्याणका मार्ग है।

(४।४।४९)

२. कल्याणका मार्ग आत्मामें है। आत्मा जब पाप पङ्कसे पृथक् हो जाता है तब संसार बन्धनसे स्वयं मुक्त हो जाता है।

(११।५।४९)

३ जहाँ तक बन सयत बननेका प्रयत्न करो। असयम ही ससार बन्धनके लिये मार्ग है। मनुष्योंके सम्पर्कसे बचो। अपनी परिणति निर्मल बनानेका प्रयत्न करो। ससारमें ऐसा कोई शक्तिशाली पुरुष नहीं जो सारे संसारको सुधार सके। बड़े बड़े पुरुष हो गये वे भी ससारकी गुत्थियाँ नहीं सुलझा सके। अल्पज्ञानी इसकी चेष्टा कर यह महती दुर्बोधता है। यदि कल्याण करनेकी इच्छा है तब अपने भावोंको सुधारो।

(१०।६।४९)

४ त्यागसे ही कल्याणमार्ग सुलभ है।

(३ । ७ । ४९)

५ जगतको प्रसन्न करनेका भाव त्याग दो, जो कुछ वने स्वात्म-हितकी ओर दृष्टिपात करो। ससारमे ऐसा कोई नही जो परका कल्याण कर मके। कल्याणका मार्ग स्वतन्त्र है।

(६ । ७ । ४९)

६. हम निरन्तर कल्याण चाहते हैं परन्तु उस पथ पर आरूढ़ नहीं रहते, केवल उसके गीत गा गा कर अपनेको धन्य मान लेते हैं या वहुत वहुत अगाड़ी चेष्टाकी तव मौन धारण कर लिया, इससे अगाड़ी चेष्टाकी तव भोजनमें नमक, हल्दी त्याग करनेका उद्योग किया।

(२१ । ७ । ४९)

७ मनुष्योका कल्याण तत्त्व विवेक मूलक रागद्वेषकी निवृत्तिसे होता है। केवल तत्त्व विवेकके परामर्शसे शान्तिका लाभ नहीं।

(२७ । ७ । ४६)

८ प्राणी मात्रका कल्याण उसके आधीन है। जिस काल में वह अपनी ओर दृष्टिपात करता है, अनायास वाह्य पदार्थोंसे विरक्त होकर आत्माके कल्याण मार्गमें लग जाता है।

(११ । ८ । ४९)

९ परको प्रसन्न करनेकी अपेक्षा अपनी परिणतिको सुधारो। परसे प्रशसाकी आशा मत करो। परकी निन्दा मत करो। पर निन्दा केवल आत्म प्रशसामें ही सहायक हो सकती है। परकी समालोचना करना यह भी एक महान् व्यसन है, इसको त्यागो। इसीसे आत्म लाभ होगा। ऐसे कार्योंसे दूर रहे

जिनसे दूसरे आलोचना करें या स्वयं आत्म-समालोचना करनी पड़े।

(२५। ८। ४९)

१० कल्याणका मार्ग तो निराकुलतामें है। जहाँ आकुलता है वहाँ शान्ति नहीं। वास्तवमें हमारा झुकाव आजन्म प्रवृत्तिमार्गकी ओर है अतः निरीहमार्गकी ओर जाना अति कठिन है। धन्य है उन महापुरुषोंको जिनकी प्रवृत्ति निर्दोष रहती है।

(१३। ९। ४९)

११ आत्म हित क्या है? केवल उस आत्म तत्त्वकी ओर लग जाना, जहाँ पर न पर वस्तुको अवकाश है और न पर वस्तु का त्याग ही है, केवल वही वही है।

(८। १ । ४९)

१२. व्यवहारमें पड़ना आत्म-कल्याणका बाधक है। जहाँ परके साथ सम्बन्ध हुआ वहीं संसारका पोषक तत्त्व आ गया। इसीका नाम आस्रव है।

(९। १ । ४९)

१३ कल्याणका मार्ग निरीहवृत्ति है, आराधना करो परन्तु फलकी वांछा न करो।

(७। ११। ४९)

१४ अन्तरङ्गकी निर्मलता बिना बाह्य वेष बकभेषके समान है। तोता राम राम रटता है परन्तु उसका तात्पर्य नहीं समझता अतः जो कुछ रटो उसको समझो।

(१ । ११। ४९)

१५ कल्याणका अर्थ है पर पदार्थोंसे ममता त्याग। ममताका कारण अहङ्बुद्धि है।

(१६। ११। ४८)

१६. ससारसे सभी दु:खोंके पात्र हैं। सारांश यह है कि संसारमें जो सुख चाहते हैं वे मूर्च्छा त्यागें। मूर्च्छा त्याग बिना कल्याण नहीं।

(६ । १२ । ४९)

१७ जो भाव हृदयसे उत्थित हो, उसे पूर्वापर विचार करके तदनुकूल कार्य करनेकी चेष्टा करो। यद्वा तद्वा प्रवृत्ति मत करो। हृदयको यत्र तत्र न भटकाओ, जब इस आत्माका एक अणु मात्र भी नहीं तब इतना प्रयास परके ग्रहण करनेका व्यर्थ मत करो। उतना व्यवहार करो जो आत्म-तत्त्वका बाधक न हो। ससारकी यातनाओंके अर्थ ही तो व्यवहार है।

(३ । १ । ५१)

१८ यदि कल्याणकी अभिलाषा है तब विषयोंको विषवत् त्यागो। क्षमा, मार्दव, आर्जव, दया, सत्यको अमृतकी तरह सेवन करो। इस जीवका वैरी काम है उसे त्यागो। और अनर्थ की सन्तान जो अर्थ है उसे त्यागो। उन दोनोका मूल जो धर्म है उसे त्यागो। चतुर्थ पुरुषार्थ जो मोक्ष है उसमें प्रेम करो। यही एक पुरुषार्थ है जो कदापि नाश नहीं होता।

(४ । २ । ५१)

१६ आत्म कल्याण करना चाहो तब परकी समालोचना त्यागो। आत्मीय अपराधोंकी समालोचना करो। समालोचना का यह अर्थ है—उसको त्यागो। केवल 'हममें दोष हैं' इतनेसे कुछ न होगा। जो आत्मामें दोष हो उनको त्यागो। तथा भविष्यके लिये सदा सतर्क रहो।

(१८ । २ । ५१)

२०. कल्याणका मूल कारण समता है, और समता उसी

के होगी जिसके मोहका अभाव होगा, और मोहका अभाव उसीके होगा जिसके तत्त्वज्ञान होगा और तत्त्वज्ञान उसीके होगा जिसके स्व और पर पदार्थोंका सम्यग्दर्शन होगा।

(पा १०।८४१)

२१ कल्याणका मार्ग कल्याणस्वरूप रागादि कलङ्क रहित गुणकी उपासनासे होता है।

(पा ९।५।७१)

२२ कल्याणका मार्ग वीतराग विज्ञान है। उसका सम्बन्ध आत्मासे है न कि शरीर से। परन्तु यह अवश्य है कि पर्याय के अनुकूल ही तो कार्य होगा, केवल संहनन ही कल्याण अक ल्याणमें प्रयोजक नहीं। प्रथम संहननवाला सप्तम नरक भी जा सकता है और मोक्ष भी जा सकता है। जहाँ पर अन्तरङ्ग सामग्रीकी पूर्णता होती है वहाँ पर बाह्य सामग्री भी तदनुकूल मिल जाती है। बाह्य वेष हो और अन्तरङ्गसामग्रीकी विकलता हो तब कुछ नहीं बन सकता। अस्तु वास्तवमें हमें अपने अन्तरङ्ग विभवको देख उसकी रक्षा करनी चाहिये। अन्तरङ्ग विभव केवल रागादिककी कृशता है और कुछ नहीं।

(पा ११।५।१)

२३ परके परिणमनको देखकर हर्ष विषाद करना समार वृक्षका पानी देना है। अनन्तानन्त जीव हैं, उनके अन्तर्गत तावत् परिणमन हो गये हो रहे हैं, और होंगे इसलिये केवल अपनी परिणति पर विचार करो यही तुम्हारे कल्याण अकल्याण में उपयोगिनी है।

(१२।१।४९)

२४ संसार दशाको देखकर जो विरक्त होते हैं उनकी

अपेक्षा आत्म दशा देखकर विरक्त होने वाले विशेष प्रशसाके पात्र ही नहीं किन्तु आत्म-कल्याणके भी भागी होते है।

(१४ । २ । ३९)

२५ प्रायः पर कल्याणके लिये प्राणी मात्रका यत्न रहता है। इसमे केवल आत्म-प्रशसाकी ही गन्ध रहती है, और वह गन्ध कदापि कल्याण पथमे अग्रसर नहीं होने देती।

(९ । ४ । ३९)

२६ 'कल्याणका मार्ग अति कठिन है' ऐसी धारणा हमारी कायरताकी परिचायक है। अनादि कालसे हम अपने स्वरूपको भूल रहे हैं, और परको ही अपना समझ रहे हैं, निरन्तर उसीका पोषण करते है। जितनी आत्मशक्ति है उसी ओर लगा देते हैं। ससारमें पुद्गल द्रव्यके जितने भी विकाश हुए हैं उनमें मूल कारण जीव ही है। जीव द्रव्यकी शक्तिका सदुपयोग यदि इस ओर करें तो पुद्गल द्रव्यकी तरह कल्याण पथ भी विकसित हो सकता है।

(१५ । ४ । ३९)

कल्याण

१ जिन जीवोंका कल्याण समीप है उनकी प्रवृत्ति अलौकिक होती है। वही भव्य जीव तो निकटतम संसारी हैं। ऐसे जीव ही शुद्ध दशाके पात्र होते हैं। ज्ञानकी वृद्धि कल्याणकी नियामिका नहीं परन्तु मोहकी कृशता नियमसे कल्याणकी अविनाभाविनी है। जिन जीवोंने मोहको कृश किया या जिनका मोह कृश हो गया, वही पूज्य और महापुरुष हैं।

(७।८।४९)

२ सब जीवोंसे समभाव रखो, अन्तरङ्ग निर्मल रखो यही कल्याणका मार्ग है। प्रति दिन ही नहीं, प्रत्युत प्रत्येक समय उसी भावनाका उपयोग करो जो आत्मा का बाधक न हो।

(१६।८।४९)

३ यदि कल्याणकी कामना है तब लौकिक मनुष्योंका संसर्ग त्यागो और पारमार्थिक शास्त्रोंका अध्ययन करो।

(२।११।४७)

४ जिनको आत्म-कल्याण की रुचि है वे किसीके संकोचमें नहीं आते। किसीके संकोचमें आकर आत्मघात करना कषायी जीवोंकी क्रिया है।

(१२।११।४७)

५ कल्याणका पथ तो कल्याणमे ही है, केवल वातोंमे नहीं। वहुतसे मनुष्य ससारकी अनित्यताका आलाप करते हैं परन्तु यह केवल ऊपरी प्रक्रिया है। अनित्यता तथा नित्यता कोई वैराग्यके प्रधान कारण नहीं, उपचार मात्रसे कारण हैं।

(१५। १। ४०)

६ आत्म कल्याणके हेतु जगतमे भ्रमण करनेकी आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता यह है कि जहाँ पर दोप हो उसे अन्वेपण कर दूर कर दो। ससारमे कोई भी किसीको न तो कल्याण पथ पर ले जाता है और न अकल्याण पथ पर।

(८। २। ४०)

७ समय पाकर मनुष्योंके अनेक प्रकारके परिणाम होते हैं, पुण्य पाप उभय परिणाम हीका तो संसार है। इसमे दोनों ही प्रवृत्तियां देखी जाती हैं। उन्हे देखकर ही मनुष्य श्रेयोमार्ग और अश्रेयोमार्गकी कल्पना करते हैं परन्तु इनसे परे जो वस्तु की परिणति है, जिसके द्वारा तत्क्षण आत्मा कल्याणमार्गका अनुभव करता है वह भाव किसीके गोचर नहीं।

(२०। २। ४०

८ आत्मामें आत्मत्व वुद्धि होना ही केवल कल्याणका मार्ग है। परमें परत्व बुद्धि होना भी इसीका मार्ग है। जानने में अन्तर है यह नहीं, दोनों सम्यग्ज्ञान हैं। एक अपने को जानता है दूसरा परको जानता है। केवल पदार्थका भेद है, वास्तव ज्ञान भेद नहीं। ज्ञान तो प्रकाशक पदार्थ है उसके समक्ष जो आवेगा उसे ही प्रकाशित करेगा।

(२६। २। ४०)

९ पर्वपूजा या देवी देवताके नामपर पर जीवका घात कर आत्म कल्याण की भावना करना केवल मिथ्या चेष्टा है।

(८ । ४ । ७)

१० कल्याण मार्गका उदय अपनी आत्मामें है परन्तु जब तक अज्ञानकी विशिष्टता है तबतक वह अति दूर है। अज्ञानके नाशका उपाय भी अन्यत्र नहीं आत्मामें ही है। केवल हमें अपनी भूलको मिटाना है। इस भूलके लिये गुरु उपदेश और आगम ज्ञानकी महती आवश्यकता है यह निर्विवाद है। परन्तु इस अज्ञानको मेटनेका प्रयास हमें स्वयं करना पड़ेगा।

(१ । ७ । ७)

११ कल्याणकी गल्पमात्रसे हम कल्याण चाहते हैं। कल्याणके अर्थ हम कायक्लेश करते हैं मानसिक शुभ चिन्तना की वृद्धि करते हैं परन्तु वह मार्ग इन तीनों से परे है। जहाँ पर सकल्प और विकल्पका अभाव हो जाता है, सभी सासारिक कार्योंके करनेकी चेष्टासे निवृत्ति हो जाती है वही कल्याण है।

(२१ । ११ । ४)

१२ चाहते तो कल्याण हैं और चेष्टा भी कल्याणकी है। अभिप्रायमें मलीनता नहीं। परन्तु कषायोदयमें कुछ बनता नहीं।

(१५ । १ । ४७)

१३ कल्याण का मार्ग आत्मीय गुणोंका अन्यथा परिणमन न होना ही है।

(१५ । २ । ४७)

१४ यह कितनी भूल है कि केवल जानना ही आत्म-कल्याण का मार्ग है। जानना तो एक देखनेकी क्रिया है, कल्याणका मार्ग ज्ञानमें नहीं किन्तु अहङ्कारके अभावमें है।

(३ । ५ । ४४)

१५. कल्याणकी लिप्सा सभीको है। उदयकी सामग्री मिलना काललब्धिके आधीन है। फिर भी पुरुषार्थ करना अपना कर्तव्य है। कोई भी कार्य कारणपूर्वक ही तो होगा।

(१० । ५ । ४४)

१६ कल्याण सब चाहते है परन्तु बाह्य साधनोंके अभावमे उपादानका विकाश रह जाता है।

(१२ । ५ । ४४)

१७. अपनी आत्माको अपने वशमे रखना कल्याणका पूर्ण उपाय है। जिसने संसार परवशता चाही वह कभी भी ससार महोदधिसे पार नहीं हो सकता।

(२५ । ७ । ४४)

१८. जो मनुष्य केवल गल्पवादमे रत है उनसे आत्महित होना असम्भव है। अत. जो आत्महितैषी हैं उन्हें ससारकी झंझटोंसे परे रहना चाहिये। जो मनुष्य इनसे परे हैं वही इससे पार होता है।

(२९ । ७ । ४४)

१९ कल्याणका मार्ग मोही जीवोंने इतना गहन बना-दिया है कि सामान्य आदमी श्रवण कर उसे धारण करनेमे असमर्थ हो जाता है। बाह्यमे इतने आचरण उसके साथ लगा दिये जाते हैं कि उन्हींके करनेमें सारा समय चला जाता है। अत आचरण करनेको समय ही नहीं बच पाता।

(१३ । ९ । ४४)

२० केवल द्रव्य दानसे कल्याण नहीं, कल्याणका कारण रागादि निवृत्ति है।

(१९ । १२ । ४४

आत्म चिन्तन

१ जगतमे कोई भी पदार्थ स्थिर नही। जो आज था वह कल नहीं। 'ससार क्षणभङ्गुर है' इसमें आश्चर्यकी बात नहीं। हमारी आयु ७४ वर्षकी होगी परन्तु शान्तिका लेश भी नहीं आया और न आनेकी सम्भावना है, क्यो कि मार्ग जो है उससे हम विरुद्ध चल रहे हैं। यदि सुमार्ग पर चलते तव अवश्य शान्तिका आस्वाद आता। परन्तु यहाँ तो उल्टी गङ्गा बहाना चाहते हैं। धिक् इस विचारको जो मनुष्य जन्मकी अनर्थकता कर रहा है। केवल गल्पवादमे जन्म गमा दिया, बाह्य प्रशसाका लोभी महान् पापी है।

(१ । १ । १९४९)

२ भगवन्! तुम अचिन्त्य शक्तिके स्वत्वमें क्यों दर-दर के भिक्षुक बन रहे हो? 'भगवन्'से तात्पर्य स्वात्मासे है। यदि तुमने अपनेको सभाल लिया तो फिर जगतको प्रसन्न करनेकी आवश्यकता नहीं।

(५ । १ । ४९)

३ ससारसे उद्धार करनेके अर्थ तो रागादिकी निवृत्ति होनी चाहिये। परन्तु हमारा लक्ष्य उस पवित्र मार्गकी ओर नहीं जाता। केवल जिसमें रागादि पुष्ट हों उसी ओर अग्रेसर

होता है। अनादि कालसे पर पदार्थोंको अपना मान रक्खा है, उसी ओर दृष्टि जाती है, कल्याण मार्गसे विमुख रहते हैं ?

(७ । १ । ४६)

४ हम बहुत ही दुर्बल प्रकृतिके मनुष्य हैं। हर किसीको निमित्त मान लेते हैं। अपने आप चक्रमें आ जाते हैं। अन्यको व्यर्थ ही उपालम्भ देते हैं। 'कोई द्रव्य किसीका बिगाड़ सुधार करनेवाला नहीं' यह मुखसे कहते हैं, परन्तु उस पर अमल नहीं करते।

(१२ । १ । ४९)

५ आचरणके पालन बिना केवल श्रद्धा जयंकरी नहीं। श्रद्धाके अनुरूप ज्ञान भी हो। परन्तु आचरणके बिना वह श्रद्धा और ज्ञान स्वकार्य करनेमें समर्थ नहीं। शारीरिक शक्ति क्षीण होती जाती है, आत्मा कल्याण चाहता है, अतः स्वाध्याय आदि में चित्तवृत्ति स्थिर रखना चाहिये प्रपञ्चोंमें पड़कर व्यर्थ दिन व्यय करना उचित नहीं। संसारकी दशाका खेद करना लाभ दायक नहीं। गल्पवादके दिन गये अब आत्मकथाका रसिक होना चाहिये।

(१६ १७ १८ १९ जनवरी १९४९)

६ किसी पर विश्वास मत करो जो आत्मा माने उसी पर विश्वास करो। आत्मपरणतिको निर्मल बनानेके लिये भेद विज्ञान ही एसी वस्तु है जो आत्माका बोध कराता है। स्वात्म बोधके बिना रागद्वेषका अभाव होना अति कठिन ही नहीं असम्भव भी है। अतः आवश्यकता इस बातकी है कि तत्त्व-ज्ञानका सम्पादन करना चाहिये। तत्त्वज्ञानका कारण आगमज्ञान है, आगमज्ञानके अर्थ यथाशक्ति व्याकरण न्याय अलङ्कार शास्त्रका अभ्यास करना चाहिये।

(२० । १ । ४९)

७. हम इतरको उपदेश दानमे चतुर हैं, स्वय करनेमे असमर्थ हैं। केवल वेप वना लिया, और परको उपदेश देकर महान् वननेका प्रयत्न है, यह सव मोहका विलास है।

(३० । १ । ४९)

८ प्रतिज्ञा करना कुछ कार्यकारी नहीं यदि उसके अनुसार आचरण न किया जाय। गल्पवादसे यथार्थ वस्तुका लाभ नहीं होता।

(२ । २ । ४९)

९ अपनी दिनचर्या ऐसी वनाओ कि विशेपतया पर सम्पर्क न्यून रहे। पर सम्पर्कसे वही मनुष्य रक्षित रह सकता है जो अपनी परणतिको मलीन नहीं करना चाहता। मलीनताका कारण परमें रागद्वेप ही है अत स्वीय मोह राग छोड़ो।

(२ । ३ । ४६)

१० "समागम ही वन्धका कारण है" यह भ्रम छोड देना चाहिये। वन्धका कारण स्वय कलुपित परिणाम विशिष्ट आप हैं। चेतन पदार्थमे जो भी व्यापार होता है इच्छासे होता है, इच्छा ही पाप की माता है। हिंसादिक पञ्च पापोका मूल कारण इच्छा है और यह मोह कर्मके निमित्तसे होती है।

(४ । ३ । ४९)

११ शारीरिक शक्ति क्षीण हो गई, आत्मामें स्फूर्ति नहीं, इसका कारण मोहकी सबलता है। कह देते हैं कि मोह शत्रु प्रवल है, पर स्वयं उसके कर्ता हैं। पर पदार्थके शिर व्यर्थ ही दोप मढते हैं।

(१९ । ३ । ४८)

१२ आत्मा स्वतन्त्र है, उसकी स्वतन्त्रताका वाधक अपनी अकर्मण्यता है। अकर्मण्यताका अर्थ है कि उसकी ओर उन्मुख

होता है। अनादि कालसे पर पदार्थोंको अपना मान रक्खा है, उसी भार दृष्टि जाती है, कल्याण मार्गसे विमुख रहते हैं ?

(७ । १ । ४९)

४ हम बहुत ही दुर्बल प्रकृतिके मनुष्य हैं। हर किसीको निमित्त मान लेते हैं। अपने आप चक्रमें आ जाते हैं। अन्यको व्यर्थ ही उपालम्भ देते हैं। 'कोई द्रव्य किसीका बिगाड़ सुधार करनेवाला नहीं' यह सुमसे कहते हैं, परन्तु उस पर अमल नहीं करते।

(१२ । १ । ४९)

५ आचरणके पालन बिना केवल श्रद्धा अर्थकरी नहीं। श्रद्धाके अनुरूप ज्ञान भी हो। परन्तु आचरणके बिना वह श्रद्धा और ज्ञान स्वकार्य करनेमें समर्थ नहीं। शारीरिक शक्ति क्षीण होती जाती है, आत्मा कल्याण चाहता है, अतः स्वाध्याय आदि में चित्तवृत्ति स्थिर रखना चाहिये। प्रपञ्चमें पड़कर व्यर्थ दिन व्यय करना उचित नहीं। संसारकी दशाका खेद करना लाभ दायक नहीं। गल्पवादके दिन गये अब आत्मकथाका रसिक होना चाहिये।

(१३ १०,१४ १९ जनवरी १९४९)

६ किसी पर विश्वास मत करो जो आत्मा माने उसी पर विश्वास करो। आत्मपरणतिको निर्मल बनानेके लिये भेद विज्ञान ही ऐसी वस्तु है जो आत्माका बोध कराता है। स्वात्म बोधके बिना रागद्वेषका अभाव होना अति कठिन ही नहीं असम्भव भी है। अतः आवश्यकता इस बातकी है कि तत्त्व-ज्ञानका सम्पादन करना चाहिये। तत्त्वज्ञानका कारण आगमज्ञान है, आगमज्ञानके अर्थ यथाशक्ति व्याकरण न्याय अलङ्कार शास्त्रका अभ्यास करना चाहिये।

(२४ । १ । ४९)

१६ हमने निरन्तर यह प्रयास किया कि जगत् कल्याण पथ पर चले। परन्तु हम स्वय कहाँ चल रहे है? हमने अपने को समझा नही। इस मनुष्य भवको पाकर भी यदि अपनेको नहीं पहिचाना तब कब ऐसा सुअवसर आत्मभिन्न जानने का आवेगा? वैसे तो ऐसा कौन होगा जो अपनेको न जानता होगा? 'हम' कहनेसे ही तो हम अपनी सत्ता स्वीकार करते हैं, अनुभव भी होता है कि 'मैं बोल रहा हूँ।' इस प्रतीतिके होने पर भी हम व्यर्थकी झझटोमे अपनी आयुके दिन बिता देते है।

(२४ । ७ । ४९)

१७ व्यर्थ बात करना आत्म-पवित्रताकी अवहेलना करना है। सकोच करना आत्माको दुर्बल बनाना है। अतः जहाँ तक बने पर से सम्बन्ध त्यागो। परके साथ सम्बन्धसे ही जीव दुर्गतिका पात्र होता है। इसलिये स्वात्म-सम्बन्धी ज्ञानमें ही चेष्टा करनी चाहिये।

(३१ । ७ । ४९)

१८ दृढ़प्रतिज्ञ रहो, कार्य सिद्धि दृढ प्रयत्नसे होती है। प्रयत्न सम्यग्दर्शन व ज्ञानपूर्वक होना चाहिये। गल्पवादसे स्वात्म-लाभ नहीं होता। स्वात्मलाभ कही अन्यत्र नहीं, पास ही है। उस तरफ आज तक हमने दृष्टिपात नहीं किया। हम अन्यको समझानेकी चेष्टा करते है। कोई भी शक्ति आज तक परको न समझा सकी, और न समझा सकती है, केवल आत्मीय मोह ही तुम्हारी यह दुर्दशा कर रहा है, और यथार्थ जाने बिना तुम्हारी यह दशा हो रही है।

(१ । ८ । ४९)

नहीं होते, पर पदार्थोंके लक्षण मक्षणमें आत्माको लगा देते हैं।

(११। ७। ४९)

१३ पर पदार्थोंके गुण दोषोंकी समालोचनाकी अपेक्षा आत्मीय परणतिको निर्मल करना बहुत लाभदायक है। देव पूजा करनेका तात्पर्य यह है कि आत्माकी परिणति निर्मल होने से वह विशुद्धावस्था हो जाती है क्योंकि देव पदको प्राप्त हो जाता है। मेरा आत्मा भी यदि इनके कथित मार्ग पर चले तब कालान्तर में हम भी तत्तुल्य (देवकी तरह) हो सकते हैं।

(१२। ६। ४९)

१४ लोक निन्दाके भयसे प्रतका पालना कोई लाभप्रद नहीं। आत्माकी जो अनादि परिणति है उसे दूर करनेकी चेष्टा करो। 'ससार दुःखमय है" इस भयके भूतको त्यागो। संसार तो ससार ही रहेगा यदि उससे अपनेको रक्षित रखना चाहते हो तब मध्यस्थ हो जाओ। पर पदार्थके निमित्तसे रागद्वेष होता है यह भ्रान्ति निकाल दो। रागद्वेषकी जननी तुम्हारी ही प्रवृत्ति है। जिस दिन उस प्रवृत्तिसे मुख मोड़ लोगे यह सब जाल बन्धन अपने आप टूट जायगा।

(१३। ६। ४९)

१५ हमारी प्रकृति इतनी दुर्बल है कि हम स्वयं जालमें फस जाते हैं। स्वात्मतत्त्वके सम्मुख नहीं होते। स्वात्मतत्त्वमें दर्शन और ज्ञानकी ही मुख्यता है, उसे हम उस रूप नहीं रहने देते। निरन्तर पर पदार्थोंके सम्पर्कमें अपनी प्रवृत्ति करना चाहते हैं, यही हमारी महती अज्ञानता है, इसे मेटना ही हमारे कल्याण पथमें साधक होगा।

(१४। ७। ४९)

शान्तिसे अपनी ओर देखो ! केवल लौकिक प्रतिष्ठामें अपना जीवन उत्सर्ग मत कर दो, इसका पाना अतिदुर्लभ है। प्रशंसा पुद्‌गल शब्दमय है, उसका स्पर्श आत्मासे नहीं। आत्मा अखण्ड अचिन्त्य है। उसीपर विजय प्राप्त करो, व्यर्थके उपद्रवोंसे उसे सुरक्षित रखो।

(१९। ११। ४४)

१९. 'आत्माका अस्तित्व है' इसमें सन्देह नहीं परन्तु उसका विकृत परिणमन है वही उपद्रवोंकी जड़ है। उसे निर्मूल करना चाहिये।

(११।८।४९)

२० शुद्ध चित्तके वास्ते शुद्ध आत्माको जानो। शुद्ध ध्यान वह है जिसमें रागादि भावकी कलुषता न हो। शत्रु रागादिक ही हैं, अन्य कोई नहीं। रागादिकके अनुकूल पर पदार्थ होता है तब तो उसकी रक्षाका प्रयत्न होता है और रागादिक प्रतिकूल होनेसे उसके नाशके लिये प्रयत्न करनेकी सूझती है। धिक् इस परिणति को।

(२२।८।४९

२१ अन्तरङ्गसे देखो तब सभी पदार्थ भिन्न भिन्न हैं, स्वतन्त्र हैं अद्वैत है उन्हें अपना मानना इसका अर्थ यदि वे हमारे हो गये तब उनका स्वत्व गया और हम तद्रूप होनेसे अपने स्वत्वसे वञ्चित हुए, दोनों ही का अभाव हो गया।

(५।९।४९)

२२. अन्तरायका होना लाभदायक है। जो दोष होते हैं वे अपगत हो जाते हैं। क्षुधा परीषहके सहनेका अवसर आता है अवमौदर्य तपका अवसर अपने आप हो जाता है। आत्मीय परिणामोंका परिचय सहज हो जाता है।

(१।११।४९)

२३ हे आत्मन्! अब तुम इधर उधरके विकल्पोंको त्यागो। केवल स्वात्म-कल्याणकी चेष्टा करो। अब तुम्हारी कायशक्ति क्षीण हो गई चला जाता नहीं अन्न हजम नहीं होता बोलनेकी शक्ति घट गई मुखसे लार बहती है, पैर उठते नहीं। अब तो

शान्तिसे अपनी ओर देखो! केवल लौकिक प्रतिष्ठामें अपना जीवन उत्सर्ग मत कर दो, इसका पाना अतिदुर्लभ है। प्रशंसा पुद्गल शब्दमय है, उसका स्पर्श आत्मासे नहीं। आत्मा अखण्ड अचिन्त्य है। उसीपर विजय प्राप्त करो, व्यर्थके उपद्रवोंसे उसे सुरक्षित रखो।

(१९।११।४४)

आत्मतत्त्व

१ 'आत्मन्-किंवा क्या है' इसका विकल्प बहुतसे मनुष्यों-का रहता है। तथा आत्मद्रव्यके जाननेके लिये बड़े बड़े पुराण पढ़ते हैं बड़े बड़े पुरुषोंसे सत्सङ्ग करते हैं। परन्तु वह कोई अदृष्ट वस्तु नहीं। जिसमें यह विचार होते हैं वही तो आत्मा है। जहां सुख दुःख एवं इष्टानिष्टकी कल्पना होती है वही आत्मा है।

(८ । १ । १९)

२. आत्मा क्या है' यह जो प्रश्न करता है वही तो आत्मा है। तथा जो उत्तर देता है वही आत्मा है। जिसमें यह बात उत्पन्न होती है कि मैं अज्ञानी हूँ अत: ज्ञानी बननेका प्रयत्न करूं, जिसमें ऐसे अनेक भाव होते हैं वही आत्मा है।

(११ । १ । १९)

३ आत्मा द्रव्य है, क्योंकि वह ज्ञानादिक गुण तथा रागादिक पर्यायोंका आश्रय है। जैसे पुद्गल द्रव्यमें रूपादि गुण और रसरूपादि पर्यायोंकी वृत्ति होनेसे द्रव्य व्यवहार होता है तद्वत् ही आत्मामें जानना। पुद्गल तो प्रत्यक्ष ज्ञानगोचर है अत: उसके अस्तित्वमें कोई सन्देह नहीं परन्तु आत्मा तो प्रत्यक्ष नहीं इसलिये उसके अस्तित्वमें क्या प्रमाण है? यह प्रश्न अबोध सूचक है। जिस दीपकके द्वारा पटका ज्ञान होता है उसे

स्वीकार किया जाय और उस दीपकको स्वीकार न किया जाय तब आप उसे क्या कहेंगे ? इसी प्रकार पुद्गलको तो प्रत्यक्ष माने परन्तु जिसने पुद्गलको प्रत्यक्ष कराया उसे न माने तो यह कहांतक सङ्गत है ? जो घटादिकको जाननेवाला है वह तो ज्ञान है और वह गुण है। इसी गुणका आश्रयीभूत आत्मा है। अतएव यह प्रतीति होती है कि 'घट विषयक ज्ञानवान् मैं हूँ'। आत्मद्रव्यके द्वारा ही ससारके यह समस्त व्यापार हो रहे हैं, उसीकी विकृतावस्थाका नाम ससार और विकाराभाव होनेपर जो अवस्था शेष रहती है उसी का नाम मोक्ष है।

(२८,२९ । ६ । २९)

४ परमार्थसे सभी द्रव्योका परिणमन स्वद्रव्यमे ही होता है। इसलिये जो आत्मद्रव्य है उसका भी परिणमन उसीमें होता है। उसका मुख्य परिणमन ज्ञान है, ज्ञान ही आत्माको अन्य पदार्थोंसे पृथक् कराता है। तब जब आत्माको श्रुतके द्वारा जानता है। कौन जानता है ? आत्मा ही जानता है, जाननेवाला ही आत्मा है, और जाननेके योग्य भी वही है, और जाननेकी शक्ति भी उसीकी ही एक पर्याय है। इसलिये यही ध्वनित होता है कि आत्मा आत्माको, आत्मके द्वारा, आत्माके लिये, आत्मासे आत्मामें जानता है, यही परमार्थसे श्रुतकेवली है। और जो सम्पूर्ण श्रुतको जानता है वह श्रुतकेवली है, यह व्यवहार है। यहापर पर पदार्थोंको जाननेकी मुख्यतासे कथन किया है—पूर्व जो श्रुतकेवली कहा उसमें मुख्य ज्ञेय आत्मा ही है, यहा पर ज्ञेयान्तर है।

(६ । १० । २९)

५ आत्माकी प्रकृति जाननेकी है परन्तु तुमने उसको नाना प्रकारके पदार्थ ससर्गसे इतना दूषित बना लिया है कि वह जब

भी अपना कार्य करेगी, पर पदार्थके सहयोगमें ही कर सकेगी। जिसके पास आओ यही राग आलापेगा कि बिना परके कुछ नहीं हो सकता। भला सोचो तो सही इस महती अज्ञानताकी भी कोई अवधि है ?

(१६ । १२ । ४९)

६ आनन्दकी जननी आत्माकी ही परिणति है। और वह कहीं नहीं। न तो उसका उत्पत्तिस्थान तीर्थ है, और न पुस्तक है, और न यह साधुसमागम ही है। अपितु जिस समय हम इन सभी बाह्य कारणोंसे विरक्त होकर अपने ज्ञाता द्रष्टाकी ओर लक्ष्य करेंगे उसी समय वह कल्याण जननी आविर्भूत हो जावेगी। वह जननी कल्याणरूपा है, उसके होते ही हमारे जो ज्ञानादिक गुण अनादि कालसे तिरोहित हो रहे हैं, अपने आप स्वरूपको प्राप्त हो जावेंगे।

(२७ । १२ । ४९)

७ आत्माका ध्येय दुःखसे निवृत्ति है। उसके लिये प्रयास करनेकी आवश्यकता नहीं जिन कार्योंसे आकुलता होती है उन कार्योंके उत्पादक कारणोंको त्यागना ही दुःख निवृत्तिका उपाय है।

(१ । १ । ५)

८ आत्मा एक ज्ञाता द्रष्टा पदार्थ है, उसके साथ न जाने पुण्य और पापकी बला कहाँसे आकर लग गई ? उत्तर यह है कि आत्मा ही इसके उपार्जनमें मूल कारण है। अनादि कालसे यह गोरखधन्धा चला आया है और इसकी कड़िया (राग द्वेष) का अन्त न तो हो गया था और आगे भी चलता रहेगा।

(२१ । १ । ५)

९ सर्वप्रथम आत्मनिश्चयकी आवश्यकता है। उसके बाद अन्य ज्ञानकी आवश्यकता है, क्योंकि भेदज्ञानके विषय वे

दो ही पदार्थ है—एक आप और दूसरा अपनेसे भिन्न पर पदार्थ। आपको जाननेका साधन अपने ही पास है। जैसे दीपकको जाननेके लिये अन्य दीपककी आवश्यकता नहीं होती उसी तरह आत्माको जाननेके लिये अन्य ज्ञानकी भी आवश्यकता नहीं है। अर्थात् जिस ज्ञानके द्वारा हम जगतके पदार्थोंको जानते हैं उसीसे अपने आपको भी जानते हैं।

(२४ । १ । ४०)

१० औरको समझनेकी अपेक्षा अपने ही को समझना अच्छा है। यदि अपनी प्रकृति ज्ञानमें आ गई तब सभी आ गया। अन्यथा कुछ नहीं आया। ठीक ही है—"आपको न जाने सो क्या जाने जहानको।"

(४ । २ । ४०)

११ आत्माओंमें हीनाधिकता होना कोई आश्चर्यकारी नहीं। क्योंकि कर्मोंकी विचित्रता हीनाधिकतामें प्रयोजक है।

(१८ । २ । ४०)

१२ जितनी प्रवृत्ति है बन्धमूलक है। इस जीवकी शरीरमें आत्मबुद्धि हो रही है और शरीरको अपना माननेसे उसकी रक्षाके लिये पर पदार्थोंमें राग करना स्वाभाविक है। अत जिनको इन रागादिकसे भय है उन्हें उचित है कि वे शरीरको आत्मासे भिन्न समझें।

(१३ । ४ । ४०)

१३ आत्मा ही आत्माका मित्र है और आत्मा ही आत्मा का शत्रु है। जिस शुद्ध स्वरूप आत्माने रागादि कलंकित अपने आत्माको जीत लिया उस आत्माका आत्मा ही मित्र है। और

आत्मासे भिन्न सभी परकीय पदार्थ अनात्मीय हैं अतः उन्हें अपना माननेकी जो परिणति है वही आत्माका शत्रु है।

(१।५।१)

१४ संसार बन्धनरूप है, रहा। आत्मा भी वह वस्तु है जो इस बन्धनको बनाता और मिटाता है। आत्मा ही संसारका एक मुख्य पदार्थ है, यह चाहे तो चौरासी लाख योनियोंका निर्माण करे और यदि चाहे तो अन्तर्मुहूर्तमें इनका नाश कर दे। इसकी महिमा अचिन्त्य और अनन्त है, इसके इशारे पर संसार का निर्माण और विनाश होता है।

१६।५।१

१५ आत्मतत्त्व सरल जाना कोई कठिन नहीं; क्योंकि इसके लिये किसी क्षेत्रान्तरमें जानेकी आवश्यकता नहीं है, अपने ही विचारमें तो यह अनायास प्राप्त हो सकता है परन्तु हम अपने विचारोंको अति अपवित्र बनाकर अपनेको उत्तम मान रहे हैं। यही तो बड़ी भारी भूल है। जिस समय आत्मासे यह भूल निकल जाय, कषाय चली जाय समझो कि वह तत्त्व स्वयं प्रकाशमान हो जायगा।

(२१।५।१)

१६ आत्मद्रव्यकी ही नहीं सभी द्रव्योंकी अचिन्त्य महिमा है परन्तु आत्माका जो विशेष आदर प्राप्त है उसका कारण जानना गुण है। अन्य जो पदार्थ हैं वे स्वकीय स्वरूपके भोक्ता नहीं क्योंकि उनमें जाननेरूप चैतन्य गुणका अभाव है। आत्मातिरिक्त जो शेष पञ्च द्रव्य हैं वे अचेतन हैं। उनमें स्वपरको जाननेकी शक्ति नहीं। आत्मा अपनेको भी जानता है और परको भी जानता है। यह जानना सर्वोपरि गुण है।

कठिन है। आंशिक ज्ञानका सद्भाव देखकर ही तो यह अनुमान होता है कि किसी आत्मामें इसकी पूर्णता होगी। धूम वह्निकी व्याप्ति जिसे गृहीत है वही तो धूमको देखकर अग्निका अनुमान कर सकता है।

(११।८।४)

२० यह आत्मा अतिसूक्ष्म है, क्योंकि प्रत्येकके ज्ञानगम्य नहीं। यह बहुत जनोंकी कथा है परन्तु इसमें कुछ तत्त्व नहीं। आत्मवस्तु प्रत्येक मनुष्यके ज्ञानगम्य है। यदि यह अनुभवका विषय न होता तब सुख दुःखका अनुभव ही न होता।

(१२।१।४४)

२१ आत्माका स्वभाव जानना देखना है। परन्तु जो पर जानकर विकृत होता है वह आत्मपरिणतिसे च्युत हो जाता है और उसी समय संसारकी यातनाओंका पात्र होता है।

(१।५।४४)

२२ आत्मबोध होना कोई कठिन बात नहीं। केवल दृष्टिकी विषमता ही बाधक है। जहाँ बाधकता गई कल्याण समीप है।

(२१।।४४)

२३ आत्मदृष्टिके बिना यह सब उपद्रव है। जिन जीवोंने अपने आपको न जाना वे कदापि परका हित नहीं कर सकते। इसका मूल कारण यह है कि जब मेघोंसे आच्छादित सूर्य स्वयं ही प्रकाशमान नहीं तब परको प्रकाशित कैसे करेगा?

(१।८।४४)

आत्म-निर्मलता

१ यदि आपकी आत्मा निर्मल है तो वह स्वय कठिनसे कठिन भी कार्य करनेमे समर्थ हो जायगी। निर्मल आत्माके जो भाव हैं वही धर्म है और उनके जो वाक्य हैं वही आगम है।

(४ । ४ । २९)

२ चारित्र परिपालनमे वाह्य क्रियायें भी सहायक होती हैं, क्योंकि वे कथञ्चित् शुभ परिणामोंकी नियामक होती हैं। परन्तु कुछ लोग वाह्य व्यापारको कुछ भी न समझ अपने आचरणको एकदम मलिन कर लेते हैं। ऐसे लोगोंसे कभी भी आत्म-हित नहीं हो सकता। जो मनुष्य मदिराको पानी समझ उसका उपयोग करेगा वह नियमसे पागल होगा। अत वाह्य आचरण भी पवित्र वनानेका प्रयत्न करो। इस प्रयत्नसे एक दिन कपायकी प्रवृत्ति रुकेगी, अन्तरङ्गकी निर्मलता होगी।

(२५ । ५ । २९)

३ आपकी अन्तरात्मा जितने अशोंमे निर्मल होगी उतने ही अशोंमे शान्तिकी वृद्धि होगी। शान्ति शब्दोंमे नहीं, कायमे नहीं, मनमे नहीं, इसका उदय आत्मामे ही होता है। तथा इसके विरुद्ध जो अशान्ति है वह भी मन, वचन, कायके परे है। इसका भी मूल कारण आत्मा है। यदि इस अशान्तिसे वचना चाहते हो तो आत्माकी रक्षा करो, आत्मा ज्ञाता द्रष्टा है, उसे

अन्यथा न ज्ञान था। विपरीताभिप्रायसे मलिन या अशान्त मत ज्ञान था।

(५।१।४९)

४ अभिप्रायको निर्मल बनानेके लिये आत्मतत्त्वपर विश्वास करो, पञ्चेन्द्रियके विषयासे मुर्छित रहा। ज्ञानार्जन करना ही आत्माका कल्याण कारक नहीं साथ में रागादिक छोड़ना भी आवश्यक है।

(६।१।४९)

५ बन्धका कारण अपनी मलिनता ही है। और इस मलिनताकी उत्पत्तिका कारण निमित्त कारण कर्मोंकी विपाकावस्था और नोकर्म बाह्य पदार्थोंकी निमित्तता है। और यह निमित्तता यहाँ तक प्रबलताको प्राप्त हो गई है कि अन्तरङ्ग कारणोंको मात कर चुकी है। पासेके चूकनेसे वजीरका पतन और पासेके सुधारसे प्यादा वजीर बन जाता है। ठीक सतरंज की तरह इसकी चाल हो रही है।

(६।१।४९)

६ वृत्तिको स्वच्छ रखने के लिये मनको जितना वशमें रखोगे उतना ही सुख पाओगे।

(११।१।४९)

७ संसारकी विचित्रता ही परमात्माकी अनुमापिका है। अतः संसार कुछ भी रहे, हमें आवश्यकता स्वकीय परिणतिको निर्मल रखनेकी है। और यह तभी निर्मल रहेगी जब कि हम सभी औपाधिक भावोंसे होनेवाले विकार युक्त परिणामोंका दूषित प्रभाव अपने ऊपर न पड़ने दें।

(१२।१।४९)

८ आत्मनिर्मलता पापहारिणी है। आत्मामे मलिनता ही एक ऐसी विकारावस्था है जो आत्माको ससारके बन्धनमे डाले है। वह मलिनता दो रूप है पुण्य और पाप। पापको सब बुरा समझते हैं परन्तु पुण्यको बुरा समझनेवाले ससारमे वहुत थोडे हैं, किन्तु परमार्थ रसके जो रसिक है वे इसे भी विषकी जडी समझते हैं, जिसके खानेसे आत्मा मूर्च्छित हो जाता है।

(४ । ४ । ४०)

९ अनन्त कालसे आत्माकी परिणति परात्मामे ही निजत्व-का अध्यास कर रही है। यही इसकी मलिनता है। इस मलि-नतासे आत्मा अनन्त ससारका पात्र होता है। क्षेत्र और कालादि ससारके कारण नहीं, कारण तो आत्माको मलिन करनेवाले यह मिथ्यात्व और कषाय ही हैं। इनका अन्त होते ही आत्मा निर्मल हो जाता है, ससारका अन्त हो जाता है।

१० अपने परिणामोकी निर्मलता और मलिनता किसी अन्यके अधीन नहीं, हम ही उसमें मूल कारण हैं।

२७ । ५ । ४०)

११ किसी भी कार्यमे अपनी प्रवृत्ति मन, वचन और काय-की सरलतापूर्वक करो। जहा तक बने अपने अभिप्रायको निर्मल रखो। उसकी निर्मलतासे ही आत्माका कल्याण है।

(८ । ७ । ४०

१२ परिणाम निर्मल होना अनिवार्य है परन्तु तात्त्विक बोध शून्य होनेसे निर्मलताकी विरलता है।

(५ । ५ । ४४)

१४ कार्यकी सिद्धिका मूल कारण हृदयकी पवित्रता है, इस ओर किसीका लक्ष्य नहीं। केवल जो मनमें आता है वही कर बैठते हैं।

(१ । ६ । ४७)

१५ उत्तमता अपने निर्मल आत्म-परिणामोंमें है और सब जगह उपद्रव है।

(३ । ७ । ४७)

१६ जहाँ अन्तरङ्गमें स्वच्छता है वहाँ बाह्य समागम भी कुछ उपद्रवजनक नहीं। जहाँ चित्तवृत्ति कलुषित है वहाँ अन्य पदार्थ भी विपरीत भाव होते हैं।

(४ । ८ । ४७)

१७ हर कोई आत्म-निर्मलता के लिये लालायित है। दृष्टि भी प्रायः कल्याण मार्गकी ओर है परन्तु चारित्रमोहकी प्रबलता उसके कार्य रूपसे परिणत होनेमें बाधक है।

(१३ । ८ । ४७)

१८ निर्मलता पुण्यकी जननी है। निर्मलताके लिये सबसे पहिले अनात्मीय पदार्थोंमें आत्मीयता पृथक करनेकी है अनन्तर और कार्य करनेकी आवश्यकता है। परन्तु हम लोग अनादिसे मोहमें उन्मत्त हो रहे हैं, यही महती त्रुटि है।

१६ । ८ । ४७)

१९ आत्माकी परिणति ज्ञान दर्शनरूप है। वह स्वभाव-से तो निर्मल है। केवल राग द्वेषके वशीभूत जब आत्मा हो जाता है तब ज्ञानमें किसी पदार्थको इष्ट और किसीको अनिष्ट रूप देखता है।

(२६ । १ । ४७)

—✼—

मानवता की कसौटी

मानवता की कसौटी

१ मनुष्यको सागरके समान गम्भीर होना चाहिये, सिंहके सदृश स्वामिमानी और शूर होना चाहिये। यही लौकिक और पारमार्थिक सुखकी जननी है।

(३ । १ । १९, ४९)

२ सबको प्रसन्न करनेकी चेष्टा करनेवाला महान् मूर्ख है। परोपकार करनेका अभिमान करनेवाला मनुष्य नहीं। जो कार्य निरपेक्षतासे करेगा वही मनुष्य है। मनुष्य वह है जो आत्माको कष्टोसे बचावे। परोपकारकी भावना शुभोपयोग है। यह भी बन्धकी जननी है। जो बन्धमें डाले वह आत्माको उज्ज्वल बनानेमे समर्थ नहीं।

(१ । ९ । ४९)

३ मनुष्य जन्मकी सार्थकता सयमके पालनेमे है और सयमका अर्थ कषायसे आत्माकी रक्षा करना है। इसके लिये परपदार्थोंसे सम्पर्क त्यागो। पर पदार्थोंका सम्पर्क सर्वदा ही रहेगा। लोकमें सभी पदार्थ सर्वत्र हैं, केवल उनमें हमारी जो आत्मीय कल्पना है वही त्यागने योग्य है। त्यागनेका अर्थ यही है जो वह भाव न हो कि 'यह पदार्थ मेरा है।' पदार्थ कुछ मार्गमें न तो साधक

है, न बाधक है उससे समभाव ही बाधक और आत्मभिन्न भाव ही साधक है।

(१५।९।४९

४ जो मनुष्य परका उपकार करनेमें अपना समय लगाते हैं उनका चित्त सदा प्रसन्न रहता है। आत्माकी परिणति प्रायः उज्ज्वल समय होनेकी रहती है। इसीसे सिद्ध होता है कि आत्मा तुच्छ नहीं है। किन्तु कर्मके विपाकसे आत्मा उस अवस्थाको प्राप्त कर लेता है जिसे देखकर उत्तम पुरुषों को दया आती है। विष्ठा खानेवाले शूकर, गली गलीमें पिटनेवाले कूकर और शक्तिसे बाहर भार ढोनेवाले गदहे को देखकर किसे दया नहीं आती?

(२।१ ।४९)

५. मनुष्यता वह वस्तु है जो आत्माको संसार बन्धनसे मुक्त करा देती है। अमानुषता ही सांसारिक दुःखोंकी जननी है। मनुष्य वह जो अपनेको संसार बन्धनोंसे मुक्त रखनेके लिये उसके कारणोंसे बचे।

६ मनुष्य वही है जो कुत्सित परिणामोंसे स्वात्मरक्षा करे। केवल गल्पवादसे आत्माकी शुद्धि नहीं होती। शुद्धिका कारण निर्लेप दृष्टि है।

(१८।१ ।४९)

७ जिसके बहुत सहायक होते हैं उसे कभी साता नहीं मिल सकती। अनेकोंके साथ सम्बन्ध होना यही महासङ्कट है। जिसके अनेक सम्बन्ध होवेंगे उसका उपयोग निरन्तर झंझटोंमें उलझा रहेगा। मनुष्य वही है जो परको सबसे हेय समझे, हेय ही न समझे उनमें न राग करे न द्वेष।

(२०।१८।४९)

८. मनुष्य एक विचारशील प्राणी है। वह चाहे तब अपनी परिणतिको स्वच्छ बनाकर निर्मल बन सकता है। परन्तु इसके अन्दर ईर्षा भावका वेग रहता है अत वह अन्यका उत्कर्ष नहीं देख सकता। यद्यपि इससे अपना कुछ लाभ नहीं, परिणामोंमे सक्लेशता रहती है। इसका मूल कारण आपको अपनी प्रशंसा रुचती है एतदर्थ अन्यका उत्कर्ष सहन नहीं होता, अत जान-बूझकर परमें जो दोष नहीं उनका आरोप करता है। यदि इस लोकेपणाका त्यागकर मानवताको पहिचाने तो नररत्न बन सकता है। कल्याण पथका अवलम्बन ले मोक्ष जा सकता है।

(१५।१।५१)

९ बहुत ही विचारशीलतासे काम लेना चतुर मनुष्यका काम है। मनुष्य प्रायः प्रतिष्ठाका लालची होता है।

(९।२।५१)

१०. ससारमे वही मनुष्य सुखका पात्र हो सकता है जिसे निन्दासे अप्रसन्नता और प्रशंसासे प्रसन्नता न हो।

(५।३।५१)

११ संसारमें काम करके नाम ख्यातिकी जिसे इच्छा नहीं वही उत्तम पुरुष है और जो काम न करके भी ख्याति चाहते हैं वही अधम हैं, क्योंकि ससारमे जिसको अपनी ख्यातिकी इच्छा है वह कोई मनुष्य नहीं।

(१५।३।२९)

१२. अन्तरग परिणतिकी ओर जिसकी दृष्टि नहीं वह मनुष्य होकर भी मनुष्य नहीं। मनुष्य वही है जो आत्म-हित करे।

(२९।५।२९)

१३ मनुष्याके साथ व्यर्थ विवादमें समय नष्ट कर देना मनुष्यता नहीं मूलता है, क्योंकि व्यर्थ विवादमें स्वपर कल्पना होती है, आत्माकी अवहेलना होती है, जिसका फल अनन्त ससारके सिवा और कुछ नहीं है।

(११।५।४९)

१४ 'मैं किसीका उपकार कर रहा हूँ' इस भावनासे रहित होकर जो उपकार करेगा वह उत्तम मनुष्य है। जो उपकार बुद्धिसे सहायता करेगा वह मध्यम मनुष्य है। जो प्रत्युपकारके भावसे सहायता करेगा वह अधन्य मनुष्य है। जो अपनी ख्यातिकी भावनासे सहायता करेगा वह अधमाधम मनुष्य है।

(१९।८।५१)

१५ एक तो वे मनुष्य हैं जो आत्म-कल्याण करते हैं और दूसरे वे मनुष्य हैं जो स्वपर कल्याण करते हैं। ये दोनों ही उत्तम हैं। एक वे मनुष्य हैं जो परकी सहायता पाकर आत्म कल्याणके मार्गमें लग जाते हैं, एक वे मनुष्य हैं जो निरन्तर अपना और परका अकल्याण करना ही अपना ध्येय बना बैठे हैं। तथा निरन्तर अपना ही अकल्याण करते रहते हैं।

(१९।१।४)

१६ मनुष्य वही है जो संसारकी वासनाओंका दास न हो। गल्पवादमें तो सभी चतुर और धर्मात्मा हैं किन्तु जो कार्य में तत्पर हों उन्हींकी गणना भद्र मनुष्योंमें हो सकती है।

(११।५।४४)

१७ मनुष्य वही है जिसके द्वारा ससारका भला हो। अपना भला तो सभी चाहते हैं और वह भला केवल बाह्य पदार्थों से सम्बन्ध रखता है परन्तु जिस कल्याणमार्गसे संसार परम्परा-का उच्छेद हो जावे उस ओर बहुतोंकी दृष्टि नहीं।

(१०।७।४४)

१८ इन मनुष्योंका संसर्ग अहितकर है—

१—जो हृदयका स्वच्छ न हो।

२—जो पक्षपाती हो।

३—जो आगमकी आज्ञाकी अवहेलना करता हो।

४—जो दम्भ रखता हो।

५—जो धर्मात्मा बननेकी चेष्टा करे परन्तु वास्तविक सिद्धान्तको न माने।

(२१।५।४४)

१६. मनुष्य जन्मकी सफलता इसीमें है कि अपनेको परसे भिन्न जानकर आपरूप होनेका प्रयत्न करना, क्योंकि यही जन्म ऐसा है जिसमें आपरूपमें लीन होनेकी योग्यता है परन्तु देवोंके भेद-ज्ञानके अनुरूप चारित्र धारण करनेकी योग्यता नहीं है। यही कारण है कि उनको सर्वार्थसिद्धि पद मिलने पर भी ३३ सागर असयममें जाते हैं।

(१२।८।४४)

२० मनुष्य वह है जो आत्मीय गुणोंमें अनुरक्त रहता है। जो आत्माके प्रतिकूल आचरण करता है वही ससारी है। संसार एक विषम, भयावह, दुखद अरण्य है। इसमें मोहरूपी सिंह द्वारा क्षुद्र जीवोंको नाना यातनाएँ सहन करनी पड़ती हैं। जो इन यातनाओंसे बचना चाहते हैं। वे अपनी मनुष्यताका ध्यान रखते हैं।

(१८।८।४४)

—※—

धर्म और धर्मात्मा

१ लोगोंकी धर्मके प्रति श्रद्धा है किन्तु धर्मात्माओंका अभाव है। लोग प्रतिष्ठा चाहते हैं परन्तु धर्मको आदर नहीं देते। मोहके प्रति आदर है धर्मके प्रति आदर नहीं।

२. धर्म आत्मीय वस्तु है, उसका आदर विरला ही करता है। जो आदर करता है वही संसार सागरसे पार होता है।

(दैनन्दिनी १।१।४९)

३ खेद इस बातका है जो हमने यह मान रक्खा है कि धर्मका अधिकार हमारा है। यह कुछ बुद्धिमें नहीं आता। धर्म तो वह वस्तु है जिसके पात्र सभी आत्मा हैं। बाधक कारण जो हैं उन्हें दूर करना चाहिये।

(२१।१।४९)

४ धर्म बाह्य वेषमें नहीं न अधर्म ही बाह्य वेषमें है। उसका सम्बन्ध सीधा आत्मासे है। आत्माकी सत्ताका अनुमापक सुख दुःखका अनुभव है तथा प्रत्यभिज्ञान भी आत्माकी नित्यतामें कारण है। प्रत्येक मनुष्य सुखकी अभिलाषा करता है।

(७।१।४९)

५ परोपकार करनेकी ओर लक्ष्य नहीं इसका कारण यह है कि हम लोग आत्मतत्त्वको नहीं जानते अत: यद्वा तद्वा प्रवृत्ति

कर अपनेको धर्मात्मा मान लेते हैं। धर्मात्मा वही हो सकता है जो धर्मको अङ्गीकार करे।

(२० । १ । ४९)

६. हम लोग रूढ़िके उपासक हैं, धर्मके वास्तविक तत्त्वसे दूर हैं। धर्म आत्माकी शान्ति परिणतिके उदयमें होता है, अतः उचित तो यह है कि पर पदार्थोंसे जो आत्मीय सम्बन्ध है उसे त्यागना चाहिये। जब तक यह न होगा सभी क्रियाएँ निःसार हैं। इसका अर्थ यह कि अनात्मीय पदार्थोंके साथ जबतक निजत्व-की कल्पना है तबतक वह कभी भी धर्मका पात्र नहीं हो सकता।

(२२ । १ । ४९)

७ धर्मका स्वरूप तो निर्मल आत्माकी परिणति है। उसकी प्राप्ति मोह रागद्वेषके अभावमें होती है। यदि रागद्वेषकी प्रचुरता है तब आत्माका कल्याण होना असम्भव है।

(९ । ५ । ४९)

८ प्रत्येक व्यक्तिको धर्मसाधनमें सावधान होना चाहिये। धर्मसाधनका अर्थ है परिणामोंकी व्यग्रतासे अपनी रक्षा करना। धर्मका तात्पर्य बाह्य क्रियाओंसे नहीं है। अज्ञानी लोग ही बाह्य आचरण और अन्नादिके त्याग मात्रमें धर्म मानते हैं।

(९ । ६ । ४९)

९ धर्म जीवनका स्वच्छ स्वभाव है। इसका उदय होते ही आत्मा कैवल्यावस्थाका पात्र हो जाता है।

(१३ । ६ । ४९)

१० धर्मका विकाश उत्कृष्ट आत्मामें होता है।

(२० । ६ । ४९)

११ धर्मका तत्त्व सरल है किन्तु अन्तरङ्गमें माया न होनी चाहिये।

(२२ । ७ । ४९)

१२ धर्म आत्माकी निज परिणति है, उसका प्राप्त होना कठिन नहीं परन्तु फिर भी हमारी प्रकृति अनादिसे पर पदार्थोंमें उलझी रहती है। इससे हम सर्वथा स्वात्मतत्त्वसे वञ्चित रहते हैं। इधर-उधरके कार्योंमें व्यग्र रहते हैं और व्यग्र मनुष्य आत्मतत्त्वके पात्र नहीं।

(५ । ८ । ४९)

१३ लोग अभ्यन्तरसे धर्मको धारण नहीं करते। केवल लौकिक प्रतिष्ठाके लिये व्रत धारण करते हैं। मर्मका समझना कठिन है। मर्म वही समझता है जिसके अन्तरङ्गसे धर्मकी रुचि हो। रुचिके अनुकूल ही क्रिया होती है।

(१८ । ८ । ४९)

१४ सब मनुष्य अपने विषय भोगमें आसक्त हैं। कुछ परम्पराकी परिपाटीसे धर्मकी रक्षा हो रही है। धर्मके सिद्धान्तों से धर्मकी प्रवृत्ति नहीं है किन्तु "हमारे प्राचीन पुरुषोंकी यही पद्धति रही इससे हमको भी करना चाहिये" इस रूढ़िवादपर ही है। यदि मानव धर्मके वास्तविक रहस्यको समझले, सिद्धान्तों पर चलने, तब यह रूढ़िवाद कभीका ध्वस हो जाता।

(३१ । ८ । ४९)

१५ संसारमें परिग्रह पापकी जड़ है, यह जहाँ जावेगा वहीं पर अनेक उपद्रव करावेगा। करावे किन्तु जिनको आत्म हित करना है वे इसे त्यागें। त्यागना परिग्रहका नहीं, मूर्च्छा त्यागना ही धर्म है।

(७ । ९ । ४९)

१६. धर्मका स्वरूप सुननेमें नहीं आता, सुननेका विषय तो शब्द है। शब्दसे हम अर्थकी कल्पना करते हैं, वह कल्पना भी परम्परासे चले आनेवाले सकेतो द्वारा व्यवहारमे चली आती है। जैसे घट शब्दसे घट अर्थका बोध होता है और पट शब्दसे पट-का प्रतिबोध होता है। सङ्केतोकी रचना वक्ताकी इच्छाके अनु-कूल होती है।

(१६। १०। ४९)

१७ मनुष्य धर्मका आदर करता है, धर्मका आदर होना ही चाहिये, क्योंकि वह निज वस्तु है, वह परकी निरपेक्षता ही से होता है। हम अनादिसे जो भ्रमण कर रहे हैं उसका मूल कारण हमने आत्मीय परिणतिको नहीं जाना। बाह्य पदार्थोंके मोहमें आकर रागद्वेष सन्ततिको उपार्जन करते रहे और उसका जो फल हुआ वह प्राय सबके अनुभवगम्य है।

(२८। १०। ४९)

१८ लोगोंकी श्रद्धा धर्ममें है परन्तु धर्मका स्वरूप समझने-की चेष्टा नहीं करते। केवल पराधीन होकर कल्याण चाहते हैं। कल्याणका अस्तित्व आत्मामें निहित है किन्तु हमारी दृष्टि उस ओर जाती नहीं।

(२३। ११। ४९)

१९ मनुष्योंकी धार्मिक रुचि कुछ समयके प्रभावसे ह्रास हो रही है। स्त्रीगण धर्मकी इच्छा रखता है परन्तु मनुष्योंमें इतनी शक्ति और दया नहीं जो उनको सुमार्गपर ला सके। जब स्वय सुमार्गपर नहीं तब औरोंको क्या सुमार्गपर लावेंगे? जो स्वय अपनेको कर्म कलङ्कसे रक्षित नहीं रख सकते वह परकी क्या रक्षा करेंगे।

(२४। ११। ४९)

२० दया सच्चा धर्म है। दयासे ही संसारकी स्थिति योग्य रहती है। जहाँ निर्दयता है वहाँ परस्परमें कलह रहता है। वर्तमान संसारमें जो कलह हो रहा है वह दयाके अभावके कारण ही है। वर्तमानमें मनुष्य इतने स्वार्थी हो गये कि एक दूसरेकी दया नहीं करते।

(२८ । ११ । ४९)

२१ मनुष्य धर्मके पिपासु हैं परन्तु धर्मका मर्म बतानेवाले विरले हैं। अपने अन्तरङ्गमें यद्वा-तद्वा जो समझ रखा है वही लोगोंको सुना देते हैं। अभिप्राय स्वात्म-प्रशंसा का है। यह समझते हैं कि हमारे सदृश अन्य नहीं। धर्मके ठेकेदार बनते हैं। धर्म आत्माकी मोह-क्षोभसे रहित परिणतिका नाम है, उसपर दृष्टि नहीं।

(२९ । ११ । ४९)

२२. प्राय' धर्मका आदर सभी करते हैं और दृष्टि भी मनुष्योंकी धर्मकी ओर है और उसका फल भी शान्ति मानते हैं। धर्मके विरोधी मोह रागद्वेषमें भी विश्वास है। आत्माका हित भी धर्मसे मानते हैं परन्तु अनादि कालसे पर पदार्थोंके द्वारा धर्म की उत्पत्ति मान रहे हैं। तथा इसी तरह अधर्मकी भी उत्पत्ति परसे मान रहे हैं। जैसे जब पर जीवका वध होता है तब हिंसाका कारण उस पर जीवको ही मानते हैं। तथा जो पर जीवका घात हुआ उसे ही हिंसा मानते हैं। वास्तवमें मारनेके जो परिणाम हुए वह परिणाम हिंसा है और वही आगामी बन्धका कारण है। अत' जिन्हें हिंसासे आत्माकी रक्षा करना इष्ट है उन्हें सबसे पहिले परिणामोंका निर्मल करना चाहिये।

"अप्रादुर्भावः खलु रागादीनां भवत्यहिंसेति।"

रागादि भावोंकी उत्पत्ति नहीं होना ही अहिंसा है। इसके विपरीत परिणाम ही हिंसा है।

"यत् खलु कषाययोगात् प्राणानां द्रव्यभावरूपाणाम्।
व्यपरोणत्वकरणं सुनिश्चिता भवति सा हिंसा ॥"

कषाय के योगसे द्रव्य भाव रूप प्राणोंका जो घात होता है वही हिंसा है ऐसा जानकर अहिसक होना चाहिये। जो जीव अहिसक होंगे वही सच्चे परम धर्मके उपासक हैं और वही ससार बन्धनसे मुक्त होंगे।

(१ । २ । ५१)

२३ धर्म उसको कहते हैं जो समयके अनुकूल हो, जिसमे आत्माको शान्ति मिले। जहाँ आत्माको शान्ति नहीं मिलती वहाँ धर्मका लाभ नहीं प्रत्युत अधर्म होता है।

(२३ । २ । ३६)

२४ धर्मका यथार्थ आचरण किये बिना कभी भी धर्मात्मा नहीं हो सकता। वञ्चना करना धर्म नहीं, धर्म तो आत्म-तत्त्वकी वास्तविक पहिचान है।

(७ । ४ । ३९)

२५ धर्मकी उत्पत्ति यथार्थ ज्ञानीके ही होती है।

(३० । ५ । ३९)

२६ धर्म कोई पृथक् वस्तु नहीं, धर्मीसे अभिन्न परिणाम ही धर्म है। धर्मोंका जो समुदाय वही धर्मी है। धर्म और धर्मी-के पृथक् प्रदेश नहीं, दोनोंके प्रदेश एक ही हैं। परन्तु लोकमें धर्म शब्दका व्यवहार पुण्यके लिये होता है और अध्यात्म शास्त्र-वाले चारित्रको धर्म कहते हैं।

(१३ । ६ । ३९)

२७ धन खर्च करनेसे धर्म नहीं होता। शरीरको कृश करनेसे भी अल्पांश धर्म नहीं होता।

२९।३।४)

२८ धर्मके नामपर जितना रुपया अनायास ठगा जाता है उतना सट्टामें नहीं। सट्टामें तो लाभ और हानि दोनों हैं परन्तु यहाँ तो हानिका नाम भी नहीं क्योंकि यहाँ तो भावोंकी सफाई और कामकी सरलता भर दिखाना है, इस वाग्जालमें अच्छे-अच्छे आ जाते हैं। कारण भी है कि संसारी जीव सदा आर्त रहते हैं और उससे छूटनेके लिये जिस किसीने जो कुछ भी उपाय बताया कि उसके जालमें आ जाते हैं।

(१३।२।४)

२९ त्याग धर्म ही धर्म है, क्योंकि वस्तु स्वभावका विकास केवल वस्तुमें ही होता है। वस्तु स्वभावसे तो सदा ही है परन्तु अनादि पर द्रव्यकी ममतासे पर द्रव्यके साथ सम्बन्धित हो रहा है। यह सम्बन्ध आत्माके मोहादि परिणामसे जन्य है अत जो मनुष्य केवल अवस्थाको चाहते हैं उन्हें इन पर पदार्थोंसे रागादिककी निवृत्तिकर लेना ही परम श्रेयस्कर है।

(११।१ ।४)

३० धार्मिक भावोंकी प्रीति घटती जाती है और यह यहाँतक घटेगी कि दो या तीन पुरुषमें नाममात्र रह जावेगी क्योंकि जो बड़े हैं वह बालकोंको धर्ममें नहीं लगाते।

(२।१२।४)

३१ धर्मके नामसे संसारका धोखा दिया जा सकता है। अनेक मनुष्य धर्मकी ओटमें धन साधारणसे अनेक वस्तुएँ छीन लेते हैं।

(१२।११।४७)

हम लोग वास्तवमे धर्म साधनके कारणोसे अभी परिचित नहीं। बड़े आदमियोंके समागमसे प्रमादी और लालची हो गये हैं।

(३० । १ । ४४)

३३ लोगोंकी रुचि धर्म श्रवणमें उत्तम रहती है परन्तु उसपर अमल करनेवाले बहुत अल्प हैं। धर्म वह पदार्थ है कि यदि उसपर अमल किया जावे तब ससार यातनाओंसे मुक्ति मिल सकती है।

(३० । ६ । ४४)

३४ ससारमें बहुतसे मनुष्य व्यवहार क्रियामें धर्म मान रहे हैं। क्रिया नाम व्यापारका है। व्यापार करनेमें उपयोग और योगकी आवश्यकता है। जहाँ कषाय सहित उपयोग होता है और योगोंकी चञ्चलता है वहीं ससारका अस्तित्व है। कषाय जानेके बाद फिर योगोंकी चञ्चलता बाधक नहीं।

(२२ । १२ । ४४)

सहज सुख साधन

१ पारमार्थिक सुख कहीं नहीं, केवल लौकिक सुखकी आशा त्याग देना ही परमार्थ सुखकी प्राप्तिका उपाय है। सुख शक्तिका विकास आकुलताके अभावमें होता है।

(३।१।७९)

२ वास्तवमें वही आत्मा सुखका पात्र है जो स्वयं पर आरूढ़ होता है।

(२९।१।७९)

३ आनन्दका अनुभव तो कषाय भावके अभावमें होता है।

(२।२।७९)

४ अल्प बात करो सहसा उत्तर मत दो हठ मत करो, किसीका अनिष्ट मत सोचो, अप्रिय और असत्य मत बोलो उचित बात हो कहनेमें संकोच मत करो, आगमके विरुद्ध आचरण मत करो।

(७।२।७९)

५. किसीकी मायामें मत आओ जो कहा उसपर दृढ़ रहो व्यर्थ उपदेष्टा मत बनो किसीसे रुष्ट मत होओ, तथा अत्यधिक प्रसन्नता भी व्यक्त मत करो किसी संस्थासे अनावश्यक सम्बन्ध मत रखो अपने स्वरूपका अनुभव करो, परकी चिन्ता मत करो,

कोई किसीका उपकार नहीं कर सकता अतः उपकार करो परन्तु उपकारी बननेकी अभिलाषा मत करो, जो कुछ भी किसीकी सहायता करो केवल कर्तव्यका निर्वाह करना आवश्यक समझ कर करो।

(११।२।४९)

६ स्पष्ट और सरल व्यवहार करो। परको अपराधी बनाना महती अज्ञानता है। परकी समालोचना अपनी आत्मीय कलुषता के बिना नहीं होती।

(१५।२।४९)

७. परके सम्बन्धसे जीव कभी भी सुखी नहीं हो सकता, क्योंकि जहाँ पराधीनता है वहीं दुःख है, अत जहाँतक बने परकी पराधीनता त्यागो यही कल्याणका मार्ग है।

(१९।२।४९)

८ स्वतन्त्रता सुखकी जननी है, सुखका साधन एकाकी होना है।

(२२।२।४९)

९ सुख उसीको हो सकता है जिसकी प्रवृत्ति निर्मल हो, प्रवृत्तिकी निर्मलता उसीके हो सकती है जिसका आशय पवित्र हो, आशय पवित्र उसीका हो सकता है जिसने अनात्मीय पदार्थोंमें आत्मबुद्धि त्याग दी। जो इतना कर सकता है वही सासारिक बन्धनोंसे छूटकर सच्चा सुखी हो सकता है।

१० आशाका त्याग सुखका मूल है। आशा सभी दुःखों की जड़ है। जिन्होंने आशा जीत ली उन्होंने करने योग्य जो था सब कर लिया। आशाका विषय इतना प्रबल है कि उसका गर्त कभी भरा नहीं जा सकता। एक सौ रुपयेकी आशा हुई उसके

सहज सुख साधन

१ पारमार्थिक सुख कहीं नहीं, केवल लौकिक सुखकी आशा त्याग देना ही परमार्थ सुखकी प्राप्तिका उपाय है। सुख प्रत्येक विकल्प आकुलताके अभावमें होता है।

(१।१।४९)

२. वास्तवमें वही आत्मा सुखका पात्र है जो कथन पर आरूढ़ होता है।

(२१।१।४९)

३ आनन्दका स्वरूप तो कषाय भावके अभावमें होता है।

(२।२।४९)

४ अल्प बात करो, सहसा उत्तर मत दो, हठ मत करो, किसीका अनिष्ट मत सोचो अप्रिय और असत्य मत बोलो जो उचित बात हो कहनेमें संकोच मत करो, आगमके विरुद्ध आचरण मत करो।

(७।२।४९)

५. किसीकी मायामें मत आओ जो कहो उसपर दृढ़ रहो, अर्थ उपदेष्टा मत बनो किसीसे रुष्ट मत होओ, तथा अत्यधिक प्रसन्नता भी व्यक्त मत करो किसी संस्थासे अनावश्यक सम्बन्ध मत रखो, अपने स्वरूपका अनुभव करो, परकी चिन्ता मत करो

१५. आत्माको दुःख देनेवाली वस्तु इच्छा है। वह जिस विषयकी हो उसकी जबतक पूर्ति नहीं होती तबतक यह जीव दुःखी रहता है। आत्मा भी आगामी दुःख ही का पात्र होता है। यह सब होनेपर भी यह आत्मा निज हित करनेमें संकुचित रहता है। केवल संसारकी वासनाएँ इसे सताती रहती हैं। वासनाओंमें सबसे बड़ी वासना लोकेषणा है जिसमें सिवाय संक्लेशके और कुछ नहीं।

(२६ । ६ । ४९)

१६ किसीके व्यामोहमें पड़कर प्रतिज्ञा भङ्ग मत करो। उसीकी प्रतिज्ञाका पालन भलीभाँति हो सकता है जो दृढ़विश्वास और अथक प्रयत्नपर निर्भर है। गल्पवादके कारण सुखकी सुगन्धि नहीं आ सकती।

(१४ । ६ । ४६

१७. यद्वा तद्वा मत बोलो, वही बोलो जिससे स्वपरका हित हो। यों तो पशु पक्षी भी बोलते हैं पर उसके बोलनेसे क्या किसीका हित होता है? मनुष्यका बोल बहुत कठिनतासे मिलता है।

(१५ । १० । ४९)

१८ वास्तवमें अन्तरङ्ग वासनाकी ओर ध्यान देना चाहिये। यदि अन्तरङ्ग वासना शुद्ध है तब सब कुछ है। अनादि कालसे हमारी वासना परपदार्थोंमें ही निजत्वकी कल्पना कर असंख्य प्रकारके परिणामोंको करती है। वे परिणाम कोई तो रागात्मक होते हैं और कोई द्वेषरूप विपरिणम जाते हैं, जो अनुकूल हुए उनमें राग और जो प्रतिकूल हुए उनमें द्वेष हो जाता है।

(२६ । १० । ४९)

पूर्ण होनेपर एक हजारकी आशा हो उठती है और उसके पूर्ण होनेपर दस हजारकी आशा हो जाती है। इस तरह इसका गर्त सदा दसगुणा बढ़ता ही जाता है।

(११ । १ । ४९

११ स्वाध्याय करो, किसीसे भी व्यर्थ वार्तालाप मत करो, समयकी प्रतिष्ठा आत्माकी प्रतिष्ठा है, इसलिये जितना भी हो सके समयका सदुपयोग करो।

(१ । ६ । ४९)

१२. किसी कार्यका संकल्प मत करो, यदि कुछ करना ही इष्ट है तब उस कार्य करनेकी इच्छा त्याग दो। इच्छा ही दुःख की जननी है, उसे रोकना ही सुखका कारण है।

१३ सुख कोई ऐसा पदार्थ नहीं जो याचना करनेसे प्राप्त हो सके। उसके लिये प्रयत्न आवश्यक है, पुरुषार्थ अपेक्षित है। कुम्भकार घड़ा चाहता है, और यह भी जानता है कि घड़ा मिट्टीसे बनाया जाता है, तथा अपने घरमें मिट्टीका एक ढेर भी रखता है परन्तु यदि वह निरन्तर मिट्टीके ढेरकी पूजा करता रहे, सिद्धि मन्त्रका जाप्य भी कराता रहे तो भी घड़ा बननेका नहीं। घड़ा तभी बनेगा जब वह घड़ा बनानेके सभी आवश्यक प्रयत्न करेगा। यही व्यवस्था सुखके सम्बन्धमें है।

(१४ । ६ । ४९)

१४ जहाँतक बने परकी वञ्चना मत करो। इससे परकी वञ्चना हो, न हो, परन्तु आत्मवञ्चना तो हो ही जाती है। आत्म-वञ्चनाका तात्पर्य यह कि जिस कषायसे आप वर्तमानमें दुःखी हैं उसीका बीज फिर बोते हैं।

(२१ । ६ । ४९)

१५. आत्माको दु ख देनेवाली वस्तु इच्छा है। वह जिस विषयकी हो उसकी जवतक पूर्ति नहीं होती तवतक यह जीव दु.खी रहता है। आत्मा भी आगामी दु ख ही का पात्र होता है। यह सब होनेपर भी यह आत्मा निज हित करनेमें सकुचित रहता है। केवल ससारकी वासनाएँ इसे सताती रहती हैं। वासनाओंमे सबसे बड़ी वासना लोकेषणा है जिसमें सिवाय सक्लेशके और कुछ नहीं।

(२६ । ३ । ४९)

१६. किसीके व्यामोहमें पड़कर प्रतिज्ञा भङ्ग मत करो। उसीकी प्रतिज्ञाका पालन भलीभाँति हो सकता है जो दृढ़विश्वास और अथक प्रयत्नपर निर्भर है। गल्पवादके कारण सुखकी सुगन्धि नहीं आ सकती।

(१४ । ६ । ४६

१७. यद्वा तद्वा मत बोलो, वही बोलो जिससे स्वपरका हित हो। यों तो पशु पत्ती भी बोलते हैं पर उसके बोलनेसे क्या किसीका हित होता है? मनुष्यका बोल वहुत कठिनतासे मिलता है।

(१५ । १० । ४९)

१८ वास्तवमें अन्तरङ्ग वासनाकी ओर ध्यान देना चाहिये। यदि अन्तरङ्ग वासना शुद्ध है तव सव कुछ है। अनादि कालसे हमारी वासना परपदार्थोंमें ही निजत्वकी कल्पना कर असख्य प्रकारके परिणामोंको करती है। वे परिणाम कोई तो रागात्मक होते हैं और कोई द्वेषरूप विपरिणम जाते हैं, जो अनुकूल हुए उनमे राग और जो प्रतिकूल हुए उनमें द्वेष हो जाता है।

(२४ । १० । ४९)

१६. सब मनुष्य सुख चाहते हैं परन्तु सुखप्राप्ति दुर्लभ है। इसका मूल कारण यह है कि उपादान शक्तिका विकास नहीं। वक्ताओंको यह अभिमान है कि हम श्रोताओंको समझाकर सुमार्गपर ला सकते हैं। श्रोताओंकी यह धारणा है कि हमारा कल्याण वक्ताके आधीन है।

(११।११।४९)

२० न्यायमार्गमें जिनकी प्रवृत्ति होती है उनकी अन्तमें विजय होती है। अन्याय मार्गमें जो प्रवृत्त होते हैं वही न्याय मार्गमें चलनेवालों द्वारा पराजित होते हैं अतः मनुष्यको चाहिये कि न्यायमार्गसे चले। संसार दुःखमय है इसका कारण आत्मा पर पदार्थको निज मानकर नाना विकल्प करता है।

(१३।११।४९)

२१ जीवन उसीका सार्थक है जो पराये दुःखमें सहायता करता है। गल्पवादकी अपेक्षा कर्तव्यपथमें विचरण उत्तम है।

(१४।११।४९)

२२ मोहके उदयसे यह जीव पदार्थका अन्यरूप श्रद्धान करता है इसीसे दुःखी होता है। जैसे कोई मनुष्य सर्पभ्रान्तिसे भयभीत होता है। यह भ्रम दूर हो जावे तब भय नहीं। इसी प्रकार पर पदार्थोंसे निजत्व बुद्धि त्याग देवे तब सुखी हो जावे।

(१८।११।४९)

२३ हम लोग अपनेही परिणामोंसे दुःखी होते हैं और निमित्त कारणोंपर आरोप करते हैं। इसीतरह सुखी भी अपने परिणामोंसे होते हैं। वास्तविक कहें जो कुछ करते धरते हैं, हम स्वयं उसके कर्ता हैं, परमें आरोपकर संसारको अपना शत्रु मित्र बनानेकी

चेष्टा करते हैं। यह सब अज्ञानकी चेष्टा है। वह अज्ञान कोई अन्य वस्तु नहीं अपनाही मोह जनित अज्ञानका परिणाम है।

(२। २०। ५। ४१)

२४ आत्म विश्वास ससारमे सुखका मूल उपाय है। इसके साथही जो अनावश्यक परिग्रह है उसे अलग करो, अपनी बात जल्दी प्रकट न करो, धार्मिक आचरण निष्कपट ही शोभाप्रद है? अत. जो नियम लिए हैं उन्हे निरतिचार पालन करो यही सुखका कारण है।

(११। १। ३९)

२५ ससारमें प्रत्येक मनुष्य सुखकी चाह करता है। सुख किसी वस्तुमें नहीं, आत्मा ही जिस समय पर पदार्थके विषय-में रागद्वेष नहीं करता उसी समय इसके स्वच्छ हृदयमे आकुलता नहीं आती। अत चाहे कोई भी हो कभी भी उसके साथ ससर्ग करनेकी चेष्टा मत करो।

(७। १। ३९)

२६. सुखकी जड़ आत्माश्रित है। हमारा आत्मा जिस समय सुखरूप होता है उस समय 'मैं सुखी हूँ' ऐसा अनुभव जो करता है वही आत्मा है, जिसका अनुभव किया वह सुख है।

(३१। १। ३९)

२७. कलुषताका कारण स्वकीय ध्येयका अनिश्चय है। हमारा क्या कर्तव्य है?' जब यही निश्चय नहीं तब हम परमार्थ मार्गके पथिक कैसे बन सकते हैं? हम आजतक दु खमय जीवन यापन कर रहे हैं। उसका मूल कारण हमारे लक्ष्यकी अनिश्चितता है।

'गङ्गामें गङ्गादास, यमुनामें यमुनादास।'

जिसने जो कहा, जहाँ जो मिला, उसीकी हाँ में हाँ मिला दी, निजका कुछ भी नहीं। यही दुःखका कारण है। यह मिट जाय तो सुख ही सुख है।

(१।२।४९)

२८ आत्मामें जो भाव अहितकर प्रतीत हों उन्हें न होने दो यही तुम्हारा पुरुषार्थ है। हम प्रायः सुख भी चाहते हैं और आकुलता जनक कार्य भी करते हैं अतः यदि सुखकी इच्छा है तब जिस कार्यमें आकुलता होती है उसे न करो। 'जगत सुखी हो' ऐसी भावना बुरी नहीं परन्तु 'मैं जगतको सुखी करूँ' यह चेष्टा सुखकर नहीं।

(८।३।४९)

२९ जब मनोरथमें नाना कल्पनाएँ हैं और प्रति एक कल्पनाके पूर्ण करनेकी नहीं तब सुखकी प्राप्ति दुर्लभ क्या असम्भव ही है।

(१।८।४९)

३० संसारमें सभी प्राणी सुखकी इच्छा करते हैं और कारण भी इस प्रकारके सम्पन्न करते हैं कि जिनसे सुख मिले परन्तु वह कारण सुखके नहीं क्योंकि निमित्त कारणोंसे न आज तक सुख मिला और न आगे भी उनसे मिलनेकी आशा है। जब वर्तमानमें बाह्य-पदार्थ सुखके कारण नहीं तब उत्तर कालमें होगा यह मानना सर्वथा मिथ्या है।

(१३।११।४९)

३१ संसारमें वही मनुष्य सुख और शान्तिमय जीवन व्यतीत कर सकता है जिसने अपनी मनोवृत्तिको स्वाधीन बना रखा है।

(१।१।४)

३२ यथार्थ बात सुननेसे भी मनुष्योंको दुःख होता है। यदि सुखी होना चाहते हो तब इन पर पदार्थोंके साथ सम्पर्क छोड़ो। इनकी मीमासा करनेसे अपने परिणामोंमें कषायका उदय होता है और वही दुःखका कारण होता है। जहाँ कषायकी परिणति है वहीं जीव दुखी होता है।

(२३ । २ । ४०)

३३ शान्तिसे जीवन व्यतीत करो। वर्वर प्रकृतिको त्यागो। किसीके भी साथ अनुचित व्यवहार मत करो। जो तुम्हें कष्टप्रद ज्ञात होता है वह व्यवहार दूसरोंके प्रति मत करो। ससारमें ऐसी कोई भी पद्धति नहीं है जिससे प्रत्येकको प्रसन्न किया जा सके। केवल अपनी आत्मामें उत्पन्न विकारोंको शान्त करनेकी चेष्टा करो यही एक पद्धति सुख प्राप्तिकी है। परको आनन्दित करनेकी चेष्टा स्वात्मानन्दकी वाधिका है। आनन्द नाम निराकुल आत्माकी परिणतिका है, उसमें परको सुखी करनेकी इच्छा आने से उसके स्वरूपका घात ही है, क्योंकि आकुलता ही तो आत्माकी निराकुलतारूप आनन्द परिणामोंका घात करनेवाली व्याधि है।

(३, ४, । ५ । ४०)

३४ ससारकी दशा अति शोचनीय है। जो आज राजा है वह कल दरिद्र हो जाता है, जो दरिद्र था वह कुवेर जैसा धनिक देखा जाता है। यह भी हमारे मोहकी लहर है। राजा होकर न तो यह आत्मा सुखी हो सकता है और न रक वनकर दुःखी हो सकता है। यह सब हमारी कल्पनाओंकी महिमा है कि जिसके पास धन होता है उसे हम सुखी कह देते हैं और जिसके पास धन नहीं होता उसे हम दुःखी कह देते हैं। परन्तु सुख और दुःखका सम्बन्ध वस्तुतः धनसे नहीं अपितु उसका सम्बन्ध आत्मपरिणामोंसे है। जिसके पास धन है फिर भी उसके

बढ़ानेकी तीव्र इच्छा है तब वह दुःखी है। और उसके घटनेसे यदि अपनेको निर्धन समझता है तब भी दुःखी है और उसके होते हुए भी यदि उसकी रक्षाकी चिन्ता है तब भी दुःखी है। अतः यह निष्कर्ष निकला कि धनादिक बाह्य वस्तु सुखके कारण नहीं अपितु अन्तरंगकी मूर्च्छाका अभाव ही सुखका कारण है।

(३१। १। ५)

३५ बहुत विकल्प बहुत दुःखकर होते हैं। दुःख किसीको इष्ट नहीं क्योंकि उसके होने पर शान्ति नहीं मिलती। शान्ति कोई भिन्न वस्तु नहीं, केवल जिसके होने पर अपने आत्माको किसी प्रकारका दुःख न हो वही शान्ति है। बेचैनीके अभावमें जो सुख स्वाधीन है उसका आस्वाद आ जाता है और वह सुख अनिर्वचनीय है।

(१६। १। ५)

३६ परपदार्थके अस्तित्वमें स्वामीपनेकी कल्पना कर सुख मानना अज्ञानी जीवकी चेष्टा है। यही कारण है कि ज्ञानी जीव तो पर पदार्थोंके सम्बन्ध होने पर अपनेको मुनीम मानता है और अज्ञानी जीव उनका स्वामी बनता है। यह महती अज्ञानता ही तो है।

(२०। १। ५)

३७ निमित्त कारण न तो दुःखदायी हैं, न सुखदायी। हमारी कल्पनाके अनुसार वे सुख और दुःखरूप हो जाते हैं। इसलिये वही चन्द्रोदय संयोगी पुरुष-स्त्रीको सुखदायी और वियोगी पुरुष-स्त्रियोंको दुःखदायी प्रतीत होता है। वह तो जैसा है वैसा ही है। अथवा वही कुमुदका विकासक और कमलका मुद्रित करनेवाला होता है।

(२४। ७। ५)

३८. आजन्मसे अब तक कितनी अवस्थाएँ हुईं इसका हमें प्रतिभास भी नहीं। केवल उन अवस्थाओंका जो हमारे ज्ञानमें आईं यदि निरूपण किया जावे तब एक पुराण बन जावे। उनमे अच्छी भी मिलेंगी। अच्छीसे तात्पर्य केवल दया आदिके परिणाम जिनमे होते हैं। परन्तु जिससे आत्मामे शान्तिका उदय होता है उसका मिलना कठिन ही होगा। उपाय अनेक शास्त्रोंमे निर्दिष्ट हं परन्तु उस रूप परिणतिका होना प्राय कठिनसा प्रतीत होता है। कह देना और बात है, उस रूप हो जाना अन्य बात है। ज्ञान और चारित्रमे अन्तर है। चारित्रका उदय चारित्रमोहके क्षयोपशमादिसे होता है और ज्ञानका उदय ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमादिसे होता है। यह अवश्य है कि ज्ञानमे सम्यकूपना सम्यग्दर्शनके होते ही होता है। अत सम्यग्दर्शनके अर्थ ही प्रयास सुखकर है।

(२७ । ७ । ४०)

३६ सुखकी जननी निष्पृहता है, लालचका रग अतिबुरा है। इसका रग जिसके चढ़ जाता है वह कदापि सुखी नहीं हो सकता। सुखका मूल कारण पर पदार्थकी लालसाका अभाव है यह जब तक बनी रहती है तब तक सुख होना असम्भव है।

(२७ । १० । ४०)

४० ससारमें वही मनुष्य सुखी होता है जो अपने परायेका ज्ञान कर सब पदार्थोंसे ममता छोड़ देता है। ममता ही ससारकी जननी है। इसका सद्भाव ही आत्माको दु:खका बीज है।

(३ । ३ । ४४)

४१ दु:खका कारण अज्ञान और मोह है। अत जब तुम्हारे मनमें हेय और उपादेयका ज्ञान है तब जो दु:खके

निमित्त हैं उनसे पृथक् रहो और जो सुखके कारण हैं उन्हें संग्रह करो। व्यर्थकी कल्पनाएँ कर दुःखके पात्र मत बनो।

(२५।५।४४)

४२ सब विकल्पोंका त्यागो, यही आत्मसुखका मूल उपाय है। व्यर्थके विवादमें आत्मगुणका घात होता है। संसारका वैभव असार है परन्तु जो साररूप हो सकते हैं उनके स्वामी कषायके आवेगमें अपनी प्रभुता चाहते हैं।

(२८।५।४४)

४३ संसार यातनाओंके नाशका उपाय आशाको रोकना है। आशाको रोकनेका उपाय अनात्मीय पदार्थोंमें आत्मीयता-का त्याग है।

(१।६।४४)

४४ संसारमें सभी सुख चाहते हैं और उसके लिये प्रयास भी करते हैं फिर भी सुख नहीं पाते। इसका कारण यह है कि सुखके विरुद्ध जो दुःख है उसीकी सामग्रीकी हम योजना करते हैं।

(१।१।४४)

शान्ति सदन

१ सभी लोग ससारमे शान्ति चाहते हैं परन्तु भला जब ससारका स्वरूप ही अशान्तिका पुञ्ज है तब उसमें शान्तिका अन्वेषण करना कदली स्तम्भ (केलेके वृक्ष) मे सार अन्वेषण करनेके सदृश है। शान्ति ससारके अभावमे है। लौकिक मनुष्य स्थान विशेषको ससार और विशेष स्थानको मोक्ष समझते हैं परन्तु ऐसा नहीं है। सत्य यह है कि ससार असंसार आत्माकी परिणति विशेष है।

(२० । ५ । ४९)

२ आत्माकी निर्मलता ही सुखका कारण है। सुख ही शान्तिका उपाय है। उपाय क्या सुख ही शान्ति है।

(२ । ६ ४६)

३ शान्तिका लाभ तो मिथ्याभिप्रायको त्यागनेसे होगा। परन्तु उस ओर किसीकी दृष्टि नहीं। दृष्टिको शुद्ध बनाना ही कल्याणका मार्ग है। परन्तु हमारी भूलसे हम ससारमें परिभ्रमण कर रहे हैं।

(११ । ६ । ४९)

४ अन्तर्गत रागद्वेषका त्याग करना ही आत्मशान्तिका साधक है। अन्तर्गत रागादिक आत्माके शत्रु हैं, उनसे आत्मामें अशान्ति पैदा होती है और अशान्ति आकुलताकी जननी है। आकुलता ही दुःख है, दुःख किसीको इष्ट नहीं। सब ससार दुःखसे भयभीत है।

(६ । ७ । ४९)

५ मनके विकल्प छोड़ो और शान्ति तत्त्वकी ओर दृष्टिपात करो। अन्यथा यह जन्म तो जावेगा ही, पर जन्म भी निरर्थकसा हो जायगा। और यदि यही व्यवस्था रही तब वही दशा होगी जो अवतक्ताकी होती है। तत्त्वज्ञ होनेका फल तो यह है कि आत्माको इन पर पदार्थोंके सम्पर्कसे होनेवाले अनेक विकल्पोंसे जिनमें कुछ सार नहीं दूर करनेकी चेष्टा की जाय। अथवा यह भावना ही त्यागो।

(२ । ७ ४९)

६ शान्तिका कारण अभ्यन्तरम है, बाह्य तो निमित्तमात्र है। निमित्त कारण बलात्कार नहीं करता किन्तु यदि तुम कार्य करना चाहो तब यह सहकारी कारण हो जाता है।

(२१ । ७ । ४९)

७ आत्माकी शान्तिका उपाय परसे सम्बन्ध छोड़ो। अपनी परिणति पर विचार करो। विचारका मूल कारण सम्यग्ज्ञानकी उत्पत्ति आप्त कथित आगम ज्ञानके अनुकूल विचार विमर्शसे होती है। आप्त रागद्वेष रहित है। अतः रागादि दोषोंको जानो। उनकी पारमार्थिक दशासे परिचय करो। उसका त्याग ही संसार बन्धनसे मुक्तिका उपाय है। रागादिकोंका यथार्थ स्वरूप जान लेना ही उनसे विरक्त होने एवं शान्ति प्राप्त करनेका मूल कारण है।

(३ । ९ । ४८)

८ शान्तिका कारण वीतराग भाव है और वीतराग भावका उदय जिन दर्शनसे होता है। यद्यपि वीतरागता वीतरागका धर्म है। वीतराग आत्मा मोहके अभावमें होता है किन्तु जिस आत्मामें वीतरागताका उदय होता है उसका मुद्रा बाह्यमें शान्त रूप हो जाती है। शरीरके अवयव स्वभावसे ही सौम्य हो जाते

हैं। यह असम्भव बात नहीं। जिस समय आत्मा क्रोध करता है उस समय क्रोधीके नेत्र लाल और मुखाकृति भयकर हो जाती है, शरीरमे कम्प होने लगता है, दूसरा मनुष्य देखकर भयभीत हो जाता है। इसी तरह इस प्राणीके जब शृगार रसका उदय आता है तब उसके शरीरको अवलोकन कर रागी जीवोंके रागका उदय आ जाता है। जैसे कालीकी मूर्तिसे भय झलकता है, वेश्याके अवलोकनसे रागादिकोंकी उत्पत्ति होती है। एव वीतरागके दर्शनसे जीवोंके वीतराग भावोंका उदय होता है। वीतरागता कुछ बाह्यसे नहीं आती जहाँ राग परिणतिका अभाव होता है वहीं वीतरागताका उदय होता है।

२६। २। ५१)

९ वस्तुत शान्ति सभी चाहते हैं परन्तु शान्तिके जो बाधक कारण हैं उन्हें पृथक् करनेकी चेष्टा नहीं करते। प्रत्युत उनके द्वारा ही उसे चाहते हैं। विचार करनेसे यही निष्कर्ष निकलता है कि पूर्वका जानेवाला यदि पश्चिमको चले तब कभी भी अपने गन्तव्य स्थान पर नहीं पहुच सकता। इससे सिद्ध हुआ कि शान्तिके बाधक कारण जो मिथ्याभाव है उन्हें तो त्याग नहीं करना चाहता और जिन पदार्थोंमें विपरीत अभिप्रायसे निजत्वका अभिप्राय हो रहा है उन पदार्थोंको त्यागना चाहता है। वे तो भिन्न हैं—पृथक् हैं।

(८। ३। ५१ ।

१० शान्तिका मूल धीरता है। उसके लिये—सद्य किसी पर क्रोध मत करो, धर्मका लक्षण क्षमा समझो, भोजनके समय अति शान्त परिणामोसे भोजन करो, उदयके अनुकूल जो भोजन मिले उसीमें सन्तोष करो, कर्मोदयकी विचित्रता देखकर हर्ष विषाद मत करो। ससार नाशके उपाय उपवास, एकान्तवास, गृहत्याग

आदि बताये हैं उनका अभ्यास करो। उन प्रश्नों पर अधिक ध्यान दो जिनसे आत्मसंशोधन होता है। ऐसे किसी भी कार्यको कठिन मत समझो जो आत्महित साधक है।

(४।१।२९)

११ शान्तिका उदय निराकुल दशामें होता है। जहाँ व्यग्रता है वहाँ निराकुलता रूप शान्तिकी उत्पत्ति नहीं।

(११।९।२९)

१२ परको देख दुःख विषाद मत करो। झूठी प्रशंसा कर दूसरोको प्रसन्न करनेका तात्पर्य केवल स्वात्म प्रशंसा है। हमारा व्रत तप ज्ञान दान सभीका प्रयोजन केवल स्वात्म प्रशंसाकी ओर रहता है। यही अशान्तिका कारण है।

(१३।१।२९)

१३ आकुलताका आश्रय हमारा आत्मा बन रहा है, जिस समय आकुलताकी निवृत्ति हमसे हो गई उसी समय शान्तिका उदय हो जायगा। आकुलता और शान्ति यह दोनों परस्पर विरोधिनी पर्याय हैं शीत और उष्णकी तरह एक साथ कभी नहीं रह सकतीं।

(१९।१।२९)

१४ कथनीसे आत्महित बहुत दूर है। चित्तको सन्ताप करना अन्य बात है, अभ्यन्तर शान्तिका रसास्वादन करना अन्य बात है। अन्तःकरणमें जब तक आकुलताके अभावका अनुभव नहीं तबतक शान्तिका आभास भी नहीं। अतः बाह्य आलम्बनोंको छोड़ स्वावलम्बन कर रागादिकोंकी उपक्षीणता करनेका उपाय करो।

(२१।१।२९)

१५ चित्तवृत्ति शान्त रखनेके लिये पर पदार्थसे सम्पर्क

त्यागो। इसका तात्पर्य परमे इष्टानिष्ट कल्पनाका त्याग करना है।
(२९ । १ । ३९)

१६ आजकल द्रव्योपार्जनकी जो पद्धति है उसके अभ्यन्तर मे अति कलुपता है और उसका ही यह परिणाम है कि धार्मिक कार्योमे अधिकाश बाधाएँ आती हैं। उपार्जनमे कलुपता और व्ययमे दुरभिमान इस तरह जहाँ कपाय ही का साम्राज्य है वहाँ शान्ति कैसे मिल सकती है?
(७ । २ । ३९)

१७ शान्तिकी परिभाषा यह है कि चित्तमे क्षोभ न हो, कलुपताका अनुभव न हो।
(१६ । २ । ३९)

ससारकी चिन्ता करनेसे केवल अनर्थ ही होता है। आत्म-चिन्तन करनेसे आत्मगत जो दोप हो उन्हे पृथक् करना और जिन गुणोका विकाश हुआ हो उनकी वृद्धि करना।
(१८ । २ । ३९)

१८ बहुत प्रयास करने पर भी आत्मामे शान्तिका आस्वाद नही आता, अत यही ज्ञात होता है कि हम अभी शान्तिके यथार्थ पथसे बहुत दूर है या अभी काललब्धि अति दूर है, या लोगोको दिखानेके लिये हमारा यह प्रयास है। इनमेंसे काल लब्धि तो सर्वज्ञ ज्ञानगम्य है, उसका हमे क्या प्रत्यय हो सकता है? हम अपनी प्रवृत्तिको स्वय स्वच्छ बना सकते हैं। स्वच्छता वही है जो अपनेमें परके प्रति निर्ममताका भाव हो। यही शान्ति पथ है।

८ । ४ । ३९

१९. जगत्मे शान्ति नहीं, इसका कारण यह है कि जगत् रागादिक द्वारा ही निर्मित है और रागादिक स्वय अशुचि और

आकुलताका आकर है। उसमें शान्तिकी खोजना मरुभूमिमें कमल खोजनेके तुल्य है।

(१।०।१९)

२ शान्तिका आविर्भाव आत्मामें ही होता है और आत्मा ही से होता है। आत्माकी शक्ति द्वारा आत्मा ही उस आत्मभावको अपने द्वारा अपने ही लिये अपनेमें अनुभव करता है। यह शान्ति पुद्गलोंकी पर्यायमें नहीं है। लोक निरन्तर परात्म बुद्धि हैं अतः उसे परसे ही अन्वेषण करनेका उद्यम करते हैं।

(०।३।४)

२१ हमें सौम्य बननेका प्रयत्न करना चाहिये। सोम नाम चन्द्रका है। चन्द्रकी ज्योत्स्ना शीतल और प्रकाशक है, उसके सद्भावमें प्राणियोंकी दाह वेदना शान्त होती है। अर्थात् चन्द्रकी ज्योत्स्ना शारीरिक दाहकी उपशान्तिका कारण है, यह भी तभी जब कि अन्तरङ्गमें किसी प्रकारकी शल्य न हो। शल्य अन्तरङ्गकी दाहक है, उसे यह शान्त नहीं कर सकता।

(११।३।४)

२२ हम स्थानोंमें पर्वतोंमें, नदियोंमें मूर्तियोंमें शास्त्रोंमें साधु समागम और दुर्जनोंसे दूर रहनेमें शान्तिकी कामना करते हैं। यही करते करते आयु पूर्ण हुई जाती है परन्तु शान्ति आकाश कुसुम ही बनी है। सच तो यह है कि शान्ति इन सबमें नहीं है, शान्ति तो अपने पास ही है। अज्ञानको हटाकर, विभाव परिणतियोंको छोड़कर शुद्ध आत्माको पहिचाननेभरकी आवश्यकता है।

(१४।३।४)

२ शान्तिका अनुभव होना कोई कठिन नहीं, किन्तु जीवा

ने अपने अस्तित्वको जानकर पर पदार्थोंमे आसक्ति छोड दी, शान्ति उनके पास ही है।

(१८ । ४ । ४०)

२४ यदि शान्तिकी अभिलाषा है तव इस अशान्ति मूलक अभिलाषाको त्यागो। श्री गुरुओंने तो मोक्षाभिलाषा तकका निषेध किया है। अभिलाषा वस्तु ही परजन्य होती है और इसकी प्रकृति निरन्तर ऐसी है कि आत्मा पर पदार्थको ग्रहण करनेकी चेष्टा करना है। लोकमे पर पदार्थको ग्रहण करनेवाला चोर कहलाता है।

(२४ । ४ । ४०)

२५ परमार्थसे कोई क्रिया न तो शान्तिकी साधिका है न वाधिका। शान्तिके बाधक रागादिक भाव हैं और उनका अभाव ही साधक है।

(३० । १० । ४०)

२६. चित्त शान्त रखनेके लिये विशेष विकल्प त्यागो, किसीसे मोह मत करो। जो ज्ञान प्राप्त है उसका सदुपयोग करो। प्राप्तका सदुपयोग न कर अप्राप्तकी आशा करना अशान्तिका कारण है।

(१० । ८ । ४४)

२७. शान्तिका मूल कारण आत्मामे रागादिकी निवृत्ति होना है।

(१६ । ९ । ४४)

निराकुलता

आकुलताकी उत्पत्तिमें मूर्च्छा ही कारण है अतः जिन्हें आकुलता इष्ट नहीं वे मूर्च्छाका त्याग करें। पर वस्तुमें आत्मीयत्व की कल्पना ही मूर्च्छा है।

(१६ । ३ । २९)

जिस वस्तुके होनेमें आकुलता हो चैन न पड़े वही दुःख है। अतः यह जो वैषयिक सुख है वह भी दुःख रूप ही है, क्योंकि जबतक यह नहीं होते तबतक उनके समागमकी आकुलता रहती है होने पर भोगनेकी आकुलता रहती है। यह आकुलता ही जीवको नहीं सुहाती अतः वही दुःखस्वरूपा है। भोग विषयिणी आकुलता दुःखात्मक है इसमें तो किसीका विवाद नहीं परन्तु शुभोपयोगसे सम्बन्ध रखनेवाली जो आकुलता है वह भी दुःखात्मक है। यदि ऐसा न होता तो उसके दूर करनेका प्रयत्न ही व्यर्थ हो जाता। यहाँतक कि शुद्धोपयोगको प्राप्त करनेकी जो अभिलाषा है वह भी आकुलताकी जननी है। अतः जो भाव आकुलताके उत्पादक हैं वे सभी हेय हैं। परन्तु संसारमें अधिकतर भाव तो ऐसे ही हैं और उन्हींके पात्र प्रायः सभी मनुष्य हैं।

(१२ । ८ । २९)

आत्मामें जो इच्छा उत्पन्न होती है वही आकुलताका कारण है। इसीसे आचार्योंने इच्छादि विकारोंके अभावमें शान्ति मानी है। गृहस्थसे परिव्राजक क्यों सुखी है? इसलिये कि सम्पूर्ण परिग्रहोंका त्याग कर उसने निराकुल एवं निरीह वृत्तिका अवलम्बन किया है।

(६ । ९ । २९

केवल आकुलताके अभावमें सुख होता है। अन्य कोई कारण सुखका नहीं। अब ऐसी प्रवृत्ति करो जो निवृत्ति मार्गमें सहायक हो। जबतक पर पदार्थोंमें अनुराग है प्रवृत्ति दूषित ही रहेगी।

(२३ । ३ । ४०)

ससारमें नानाप्रकारकी आकुलताएँ हैं और ससारी जीव इनके चक्रमें फँसे हुए अपने दिन व्यतीत कर रहे हैं। किसीको भी चैन नहीं, क्योंकि परपदार्थोंके सम्बन्ध कोई राग उत्पादक हैं और कोई द्वेषके उत्पादक हैं। इस तरह ससारका चक्र आकुलता द्वारा ही परिचालित है।

(१९ । ४ । ४०)

निराकुलता शान्तिका सरल उपाय है। परन्तु हम दूसरे चक्रमे आ जाते हैं। और आजन्म उन पदार्थोंमे ही अपनी आयु पूर्ण कर पुनश्च ससारके पात्र बनते हैं।

(२६ । ४ । ४०)

जब कोई मनुष्य किसी प्रकारका कार्य करता है उसके पहिले उसके मनमे जो कार्य करना चाहता है उस कार्यके करनेकी इच्छा रहती है और वही इच्छा उसकी आकुलताकी उत्पादक होती है और जो आकुलता है वही दुःख है। अत निराकुल होनेका जो प्रयास है वही सुख कारक होगा।

(२५ । ११ । ४०)

त्याग

१ त्याग वह वस्तु है जो स्वत्व पदार्थके अभावमें अन्य वस्तुकी इच्छा न हो। जमकका त्याग मधुर (मिठाई) की इच्छाके बिना ही सुन्दर है।

(२ । १ । ३९)

२. यदि वास्तवमें धार्मिक बुद्धि है तब उस त्यागीको गृहस्थके मध्यमें नहीं ठहरना चाहिये। गृहस्थोंके सम्पर्कसे बुद्धिमें विकार हो जाता है और विकार ही आत्माको पतित करता है अतः जिन्हें आत्महित करना है वे इन उपद्रवोंसे सुरक्षित रहते हैं।

(२१ । १ । ४९)

३ भोजनकी प्रक्रियाको सरल बनाओ। सेवकके मुहताज मत बनो अपने कार्यके लिये पर निर्भर मत रहो। त्यागका अर्थ यह नहीं कि समाजके लिये भारभूत बनो। तत्त्वार्थसूत्रमें गृद्धपिच्छने कहा है—'परस्परोपग्रहो जीवानाम्' (जीव परस्पर उपकार करते हैं) अतः जैसे भोजनादि द्वारा समाज तुम्हारा उपकार करता है उसी तरह तुमको भी उचित है कि यथायोग्य ज्ञानादि दान द्वारा उसका उपकार करो। यदि तुम त्यागी न होते तब निर्वाहके अर्थ कुछ व्यापारादि करते उसमें तुम्हारा समय जाता अतः तुम्हारा जो भोजनादि द्वारा उपकार करे उसका ज्ञानादि द्वारा तुम्हें भी प्रत्युपकार कर उऋण होना चाहिये।

(१ । १ । ५१)

४ सम्पूर्ण व्रत और त्यागका यह तात्पर्य है कि रागादिक दूर हो। यदि वे पृथक् नहीं होते तब उस व्रत और त्यागकी

कोई महिमा नहीं। प्रत्युत वह दम्भ है और अपनी आत्माको अनन्त ससारका पात्र बनानेका प्रयास है।

५ वर्तमान समयमे लोग ज्ञानादिककी वृद्धि तो करते नहीं केवल व्यर्थके त्यागमें अपनी आत्माको फॅसाकर निरन्तर आर्त-ध्यानके पात्र होते हैं। त्यागके मूल भूत उद्देश्यकी उन्हें कोई खबर ही नहीं।

(२४, २६। २। ३६)

६ त्याग व्रतकी उत्पत्ति कपायसे होती है और उसका प्रयोजन कपायको क्षीण करना है। अत जो वस्तु आत्माको क्लेश कर हो उसे त्यागना ही उत्तम है।

(२७। २। ३९)

७ सग्रहमे दु ख और त्यागमे सुख है। सुखका घातक पर वस्तुका ममत्व है। जबतक वह नहीं जाता तबतक आत्मा ससार के दु खोसे नहीं छूटता।

(१७। ५। ३९)

८. अन्तरङ्गकी वृत्तिमे जबतक परिवर्तन न होगा, बाह्य त्याग दम्भ है।

(२७। ५। ३६)

९ त्याग या चारित्र गुणका विकाश विपयी जीवोंके कभी नही होता।

(३०। ५। ३९

१० मनुष्य अपनी प्रशसाके लिये सब कुछ त्याग देता है परन्तु इसके माने त्याग नही। कपाय पीडासे लाचार होकर द्रव्य-को यो ही खो देता है।

(३०। ५। ३९)

११ त्यागमे कुछ स्वाद नहीं, स्वाद तो रागादिक विभावोके

अभावमें है। बाह्य त्याग केवल बाह्य प्रशंसाका जनक है। अन्तरङ्गके स्पर्श करनेमें इसकी सामर्थ्य नहीं।

(११।२।४)

१२. त्याग कर्तव्य है त्यागके बिना कल्याण नहीं परन्तु उसमें दम्भ नहीं होना चाहिये।

(९।४।४)

१३ त्यागकी निर्बलता दूर किये बिना केवल शास्त्रका अध्ययन कर मूर्च्छाको मिटाना मनुष्यों द्वारा पुरुषार्थ किये बिना ही केवल आरासे काष्ठ छेदनेके तुल्य है।

(२९।५।४)

१४ वास्तवमें त्यागमें कारण अन्तरङ्गकी निर्मलता है। ज्ञानसे तो केवल पदार्थका परिचय होता है। वह रागका भी साधक है और वीतरागताका भी साधक है। तत्त्व दृष्टिसे न रागका कारण है। संसारसे विरक्तताका भाव किसी भाग्यशाली जीवके होता है किन्तु भाव होनेपर जो विलम्ब करते हैं वह फिर उसी स्थानपर पहुँच जाते हैं जहाँ कि पहले थे।

(१।१ ।४)

१५ संसारमें गृहत्याग दो तरहका होता है। एक मनुष्यके तो यह भाव होते हैं कि निर्वाहके योग्य परिग्रह रखकर धर्म साधन करना और एक मनुष्यके यह भाव होते हैं कि इस परिग्रह पिशाचको छोड़ो इससे कभी भी कल्याणकी सम्भावना नहीं। एकदम पूज्य वह महात्मा है जो सर्वथा दिगम्बर पदको आलम्बनकर व स्वाधीन वीरचर्याको अङ्गीकार कर धर्म साधन करता है। मार्ग दोनों ही आदर्श हैं—एक साक्षान्मोक्षमार्गका पात्र है और दूसरा परम्परासे।

(१,२।१ ।४)

१६ त्यागी वही प्रशंसाका पात्र है जो जितेन्द्रिय हो।

(२९ । २ । ४४)

१७. वास्तवमें त्यागके महत्त्वको गृहस्थ लोग जानते हैं। इसीसे वह बड़े प्रेमसे अपने घर त्यागियोंको भोजन कराके घरको पवित्र मानते हैं। हम लोग जो त्यागी हैं वे उस महत्त्वका उपयोग नहीं करते। वास्तवमें त्यागसे आत्महित करना चाहिये। अन्तरङ्गमें जो उद्योग होता है वही क्रोधादि कषायकी शान्तिका कार्य है। हमें उचित है कि उसे दूर करें। केवल नमक, मिर्च, हल्दी छोड़नेकी चेष्टामें आत्मशक्तिका दुरुपयोग न करें। अन्तरङ्ग शत्रुओंको पराजित करनेकी चेष्टा करें।

(२, ३ । ७ । ४४)

१८ त्यागी लोग संयमकी ओर लक्ष्य रखें तो यह दुरवस्था ही क्यों हो?

(१६ । ७ । ४४)

१९ त्यागीगण विवेकसे कार्य नहीं लेते, परस्परमें ईर्षा रखते हैं, यह सब कलि का विलास है, अन्यथा गृह त्यागनेपर भी शान्ति क्यों नहीं आती? गृहत्यागका तात्पर्य यही है कि परपदार्थमें जो मूर्च्छा है उसे त्यागो। घर छोड़ा और अन्तरङ्गकी मूर्च्छा न छोडी तब गृहत्याग व्यर्थ है।

(१९ । ९ । ४४)

२० जहाँपर त्यागियोंका समागम होता है वहाँपर अनेक विसवाद उपस्थित होते हैं। लोगोंमें न तो ज्ञानार्जन करनेकी इच्छा है और न त्यागकी चेष्टा है। केवल गृहस्थोंके यहाँ अनेक वाह्य त्याग दिखाकर उन्हें झंझटमें डाल देना है। त्यागके नामपर यह अशोभन कार्य है।

(२६ । ६ । ४४)

———

दान

१ मनुष्य जिस वस्तुका दान करता है उसे अपनी समझता है। इसीसे अहबुद्धि होती है। यही ससार भ्रमणका कारण है। अत: दान करनेसे धनका मन गया और संसारके पात्र हुए। इसलिये दान करनेका अभिप्राय है कि धन वस्तु पुद्गल द्रव्य है, उससे हमारा कोई सम्बन्ध नहीं। केवल मोहसे अपनी मानते थे। आज हमारा उससे ममत्वभाव छूटगया इसीका नाम दान है। दूसरा अर्थ—

"स्वपरोपकाराय द्रव्यायिसर्जन दानम्।"

स्वपरोपकारके लिये द्रव्यका त्याग करना दान है।

(११ । २ । ४९)

२ आजकल लोग अभ्यन्तरसे मान कषायके अभिलाषी हैं यही कारण है कि उसी जगह दान करना चाहते हैं जहाँ अधिकसे अधिक व्यक्ति उनकी प्रशंसा करें। जरासा काम करेंगे परन्तु पत्थरके पाटियेपर नाम अवश्य लिखा देंगे। मन्दिर आदिमें भी सजावट ऐसी ही वस्तुओंसे करेंगे जिनके लिये अर्थ किये गये पैसे भले ही मांसाहारी जीवोंके यहाँही क्या न जावें?

(२९ । ३ । १ । ५१)

३ संसारमें जो मनुष्य नामके लोभसे दान देते हैं मेरी समझमें तो उनके पुण्यबन्ध भी नहीं होता क्योंकि तीव्र कषायमें पापका ही संचय होता है। परन्तु क्या किया जाय पहिले लोभ कषायसे ग्रहण किया था अब मान कषायसे त्याग

रहे हैं। कषायसे पिण्ड न छूटा पर हाँ इतना हुआ कि दानी कहलाने लगे।

(८ । ११ । ३६)

४ वस्तु दानके समय उच्च नीच जनोंका विचारकर सङ्कीर्णहृदय मत होओ। पर वस्तुके देनेमें सङ्कोच करना तथा लघु-गौरव भावकी मनमें कल्पना करना अपनी आत्माको लघु बनानेका प्रयत्न है।

(२३ । ११ । ४०)

५ लोक केवल दान देनेमें महान् पुण्य समझते हैं, ठीक भी है परन्तु उसके साथही दृष्टि भी आत्मीय गुणोंके विकाशमें जाना चाहिये। दानसे जो लोभ कषायका त्याग होता है उस ओर हमारी दृष्टि नहीं।

(१३ । ५ । ४४)

६ शहरोंमें जो दानकी पद्धति है वह अपनी प्रसिद्धिके लिये है। 'ससारमें हमारी ख्याति हो' जहाँ यह भावना है वहाँ लोभके सिवा कुछ नहीं। दानके लोभसे यद्वा तद्वा धन व्यय करते हैं।

(१९ । ५ । ४४)

७ परोपकारके लिये अपने धनका जो त्याग है उसीका नाम दान है।

(२० । ५ । ४४)

८ मेरा तो विश्वास है कि वर्तमानमें पात्रोंकी अपेक्षा दान देनेवालोंके अधिक विशुद्धि रहती है। उनका अभिप्राय अति-कोमल और भक्तिरससे भींगा रहता है।

(११ । ९ । ४४)

धैर्य

१ अधीरता दुःखोंकी माता है। जो भी कर्म उदयमें आवें धीरताके साथ सहर्ष भोगना ही सुखका उपाय है।

(१८। ७। ३९)

२ किसी कार्यको असम्भव समझ हताश न होओ उद्यमशील रहो अनायास मार्ग मिल जावेगा। मार्ग अन्यत्र नहीं अपने पास है, भ्रमको दूरकर प्रयत्न करो तो उसका पता अवश्य ही लग जावेगा।

(७। २। ४)

३ मनुष्योंके भाव अनेक प्रकारके होते हैं उन्हें देखकर हर्ष-विषाद करनेकी आवश्यकता नहीं। कषायोंके उदयमें अनेक प्रकारके भाव होना दुर्निवार है। वही जीव संसारमें उत्कृष्ट और पूज्य है जो निमित्त आपत्तियोंके उदय होनेपर अपने स्वरूपसे विचलित नहीं होता।

(१८। ८। ४)

४ 'भवितव्य दुर्निवार है' इस वाक्यका प्रयोग धैर्यशील पुरुष कभी नहीं करते। वह सदा साहसके साथ उद्योग ही करते हैं और कार्य सिद्धिके पूर्व कभी भी उसे नहीं त्यागते।

(१८। ३। ४)

५ जो मनुष्य किसी कार्यमें धैर्यपूर्वक अन्तरङ्गसे प्रवृत्ति करता है उसे कोई भी कार्य दुष्कर नहीं। किन्तु जो केवल कार्य-कल्पनाकी चित्रमय गङ्गामें ही गोता लगाता रहता है वह कोई भी कार्य नहीं कर सकता। केवल मनोरथके रथपर बैठनेवाले गन्तव्य

स्थानपर नहीं पहुच सकते किन्तु मार्गपर चलनेवाले ही पहुच सकते हैं।

(२५ । ५ । ४०)

६ जिस कार्यके लिये जो समय नियत है उसे उसी समय करो। ऐसा करनेसे चित्तमें धीरता और स्फूर्ति आवेगी।

(२९ । ८ । ४०)

७ विपत्ति आनेपर अच्छे अच्छे मनुष्य धैर्य छोड़ देते हैं।

(११ । १० । ४४)

ध्यान

"एकाग्रचिन्ता निरोधो ध्यानम्"

१ अन्य क्षेयासे चिन्ताको रोककर एक ज्ञेयमें लगा देना ध्यान कहलाता है। आत्माका उपयोग पदार्थोंको जानता है और फिर एक पदार्थसे पदार्थान्तर जाननेकी जो चेष्टा होती है वह सब कषायके निमित्तसे होती है। हम एक पुस्तक पढ़ जाते हैं फिर भी जो दूसरी पुस्तक पढ़नेकी इच्छा होती है उसमें मूल कारण कषाय ही तो है, अन्य कुछ नहीं। यदि कषायका उदय न हो तब यह सब चेष्टाएँ रुक जावें। शुक्ल ध्यानमें ही जो भेद आचार्योंने किये हैं उनमें प्रथम शुक्ल ध्यान तो कषायोंके सम्बन्धसे होता है, दूसरे शुक्लध्यानमें कषायोंके अभाव होनेसे न तो योगका पलटन होता है और न ध्येयसे ध्येयान्तर होता है। इसको ध्यान कहनेका तात्पर्य यह है कि यह क्षयोपशमभावमें होता है। और क्षयोपशमभाव अन्तर्मुहूर्तमें नाश होनेवाला है। अतः इसे ध्यान कह देते हैं। वस्तुवृत्त्या उपचारसेही ध्यान कहना सम्भव है।

(२२।११।४)

२ ध्यानको तपके अभ्यन्तर भेदमें भी आचार्यने कहा है और उसका लक्षण—"इच्छा निरोधस्तपः" इच्छाका निरोध तप है। इच्छा कषायोंका परिणमन विशेष है और उसका क्षयचारित्र गुणमें ही होता है अर्थात् चारित्र गुणका विकार ही इच्छा है। तब उसका जो अभाव होगा वह चारित्रही का परिणमन तो होगा अतः चारित्र गुणकी स्थिर परिणतिका नाम ही ध्यान है।

(२४।१।४)

उपवास

१ उपवासका प्रयोजन कषाय, विषय और आहारका त्याग है। कहा भी है—

"कषायविषयाहारत्यागो यत्र विधीयते।
"उपवासः स तु विज्ञेयः शेषं लङ्घनकं विदुः॥"

जिसमे कषाय, विषय और आहारका त्याग हो उसे उपवास कहते है। जिसमें यह नहीं है वह तो केवल लङ्घन ही है। अत यदि अन्तरङ्गकी कषाय शान्त नहीं हुई तब उपवास करनेसे क्या लाभ?

२ उपवासके दिन यदि धर्म ध्यानमें काल न विताकर व्यापार आदि गृहकार्यमें काल वीतता है तब उपवासका कोई महत्त्व नहीं। सयमकी रक्षापूर्वक सुख शान्तिके साथ स्वाध्यायमें समय व्यतीत हो तब तो उपवास उचित ही है, अन्यथा रूढ़ि ही है, उससे कोई लाभ नहीं।

३ जो व्यक्ति उपवास करता है वह स्वय अपनी आत्म-निर्मलताका अनुभव करे। यदि उसे अपनेमे विशुद्धिका आभास न हो तब पुन आत्मसशोधन करे कि भूल कहाँ हुई है?

४ धर्म प्रेमी वह हो सकता है जो रागद्वेष जैसे शत्रुओपर विजय करनेकी चेष्टा करे। केवल उपवास करनेसे यदि रोग वृद्धि हो जावे तब ऐसे उपवास सयमके साधक नहीं, प्रत्युत घातक हैं।

(२३, २४ । २ । ३९)

मौनव्रत

१ मौनव्रतका प्रयाजन सांसारिक चिन्ताओंसे मनकी वृत्तिका निरोधकर रागादिकको कृश करना है। यदि इस ओर दृष्टि नहीं गई तब मौन रखनेसे कोई विशेष लाभ नहीं। यदि बाह्य वचनकी प्रवृत्ति नहीं भी हुई किन्तु अन्तरङ्ग रागादिकोंकी शृङ्खला पूर्ववत् वृद्धिरूपा ही होती गई तब इस मौनसे केवल लोगोंकी वञ्चनाकर स्वकीय मान कषायकी वृद्धि करना ही है। जिसका फल नीच गोत्रके बन्धके सिवा और कुछ नहीं है। अत: अन्तरङ्गमें रागादिकोंको स्थान मत दो। जबतक तुम्हारी भावना मराग न होगी कदापि रागादि नहीं हो सकते।

(२०।११।१९)

२ मौनका अर्थ यह है कि उस दिन अपना अभिप्राय काय द्वारा व्यक्त न करना तथा लिखकर भी प्रगट न करना। यदि कषाय नहीं घटी तब आसनमें क्या हानि? सबसे उत्तम मौन तो वह है कि उस दिन अपनी वृत्तिको स्वाधीन रखा जाय। यदि यह नहीं कर सकते तब लोगोंकी वञ्चनाके लिये तथा अपनी प्रतिष्ठाके लिये इस व्रतका सदुपयोग नहीं प्रत्युत अन्तरङ्गमें कषायका प्रचुरता होनेसे वह व्रत नहीं व्रताभास है, और उसका फल अधोगति है।

(१४।१।१९)

३ जहाँ बोलनेकी इच्छा होगी वहींपर प्राणियोंसे संसर्गकी लालसा होगी। जो कि मूर्च्छा है। इससे बचनेके लिये मौनव्रत सबसे अच्छा है।

(२८।१।१९)

४ मौनव्रत तो वही कहलाता है जिसमे मनमे बोलनेकी कषाय न हो। केवल ऊपरसे न बोलना मौनव्रत नहीं। यदि नहीं बोलनेसे मौनव्रत होजावे तो एकेन्द्रिय पञ्चस्थावर जीव पृथिवी, जल, अग्नि, हवा और पेड़ पौधोंके भी मौनव्रत हो जायगा। जैसे केवल परिग्रहके न होनेसे अपरिग्रही नहीं किन्तु मूर्च्छाके अभावसे अपरिग्रही होता है वैसे ही केवल मुँहसे न बोलनेसे मौनव्रती नहीं किन्तु बोलनेकी कषायके अभावसे मौनव्रती होता है।

(१४।५।४०)

सन्तोष

१ सन्तोषका अर्थ यह है कि अनुचित कषायोंके वशसे अपने परिणामको पृथक् करो। पञ्चेन्द्रियके विषयमें न्यूनता करो, अन्तरङ्गमें जो अभिलाषा है उसे रोको। सन्तोषका यह अर्थ नहीं कि हमारे पास जो कुछ ज्ञान और चारित्र है वही बहुत है अब उसके लिये त्याग और प्रयत्न करनेकी आवश्यकता ही नहीं। हाँ यह विचारधारा उसदिन प्रशंसनीय होगी जिसदिन विषय कषायसे चित्तवृत्तिमें विकार न होगा। अतः जबतक विषय कषायकी अभिलाषाका त्याग नहीं तबतक और ज्ञानार्जनका सन्तोष हितकर नहीं।

(२५।१।४)

२ संसारमें सुखका मूल कारण सन्तोष है। सन्तोषका अर्थ है कर्मोदयसे जो कुछ लाभ हो उससे अधिकके लिये लालच न करना। प्रथम तो जो वस्तु लाभ हो उसे भी आपत्तिरूप मानना। सन्तोषके लिये ऐसी भावना होना चाहिये कि—"कब मैं इन परपदार्थोंमें भोक्तापनकी बुद्धिसे बच जाऊँ? अनन्तर आत्मा आत्मा रह जावे।

(६।१ १४४)

महावीर सन्देश

महावीर सन्देश

१ जिस व्यक्तिकी आत्मामे सशय और भय है वह कभी अपने आपको उन्नत नही बना सकता अत निशङ्क और निर्भय बनो ।

२ धर्म सासारिक सुख देनेके लिये नही है, और न उससे इन छोटी वस्तुओंकी कामना करना चाहिये । वह तो मोक्षसुख देनेवाली शक्ति है परन्तु वह प्राप्त तभी होगी जब कि व्यक्ति निष्काम रहे ।

३ जैसा काल बदलता है, वैसी ही ससारकी समस्त वस्तुएँ बदलती रहती हैं । यह कोई बात नही कि जो आज बुरा है वह कल अच्छा न हो, और जो आज अच्छा है वह कल बुरा न हो । इसलिये ससारके किसी भी पदार्थसे राग और द्वेष नहीं करना चाहिये । ससारके समस्त चराचर पदार्थोंमें हेयोपादेयका ज्ञान रखते हुए समभाव ही रखना चाहिये ।

४ ससार एक अगाध समुद्र है तो श्रद्धा एक नौका भी तो है । परन्तु स्मरण रहे कि सज्ज्ञान और सदाचार अर्थात्, विवेक एव विशुद्धताके दो पतवार उसके लिये अवश्य आवश्यक हैं ।

५ सद्गुण देखना है तो दूसरोंमे देखो, दोष देखना है तो अपनेमे देखो । अपनी प्रशसा और पराई निन्दा दोनो अपने आपको ले गिरनेवाले कुवाँ और खाई हैं ।

६ कुमार्गपर जानेवाले प्राणियोंको सुमार्गपर लगाना परम पुण्य है । समयके अनुसार उसे हित मित प्रियवचनोसे समझाकर,

आवश्यक सेवा कर और द्रव्यकी उचित सहायता देकर उनका स्थितीकरण करो यही समीचीन धर्म है।

७ संसारके समस्त प्राणीमात्रके प्रति दया और मित्रताका व्यवहार रक्खो। दया और मित्रता यह दोनों गुण सुखी जीवनके खजानेकी अक्षय पूंजी है।

८ सूर्य और चन्द्रसे कुछ सीखना है तो एक बात सीखो कि तुम्हारा व्यवहार इतना प्रसन्नताका हो कि तुम्हें देखतेही दूसरोंके हृदय कमल प्रफुल्लित हो उठें, कषायसे आतप्त हों तो भी शान्त हो जावें।

९. राजा-रङ्क, धनी-गरीब स्वामी-सेवक, मित्र-शत्रु, ब्राह्मण या भङ्गी कोई भी क्यों न हो पेड़ अपनी छायामें सभीको बैठने देते हैं, फूल अपनी सुगन्धि सभीको देते हैं, सूर्य अपना प्रकाश और चन्द्र अपनी चांदनी सभीको देते हैं तब तुम्हें भी आवश्यक है कि अपने धर्मका सभीको दो। बिना किसी वर्णभेदके बिना किसी वर्णभेदके, और बिना किसी जातिभेदके यदि तुमने यह काम करलिया तो समझो कि तुमने अपने धर्मका सच्चा स्वरूप समझ लिया है।

१ ज्ञानका सञ्चय करो परन्तु वह सच्चा ज्ञान होना चाहिये। यदि वह ज्ञान सच्चा (श्रद्धासहित) नहीं है तो न होनेके बराबर ही है। इसलिये यदि विश्वके पदार्थोंका ज्ञान न हो सके तो कमसे कम आत्मज्ञान प्राप्त करनेका प्रयत्न तो करनाही चाहिये।

११ चींटी हो या हाथी हिरण हो या सिंह छोटे-बड़े-सपक्ष-निपक्ष सभी प्राणियोंमें आत्मा एक बराबर है। दुखकी कारण सामग्री मिलनेपर सभीको दुख होता है अत कभी किसीको न सताओ न प्राण हरण करो। ऐसा करना हिंसा है, हिंसा सबसे बड़ा पाप है।

१२ सदा सत्य बोलो। हितमित प्रिय और सत्य वचन बोलनेसेही मनुष्यका सन्तरण हो सकता है।

१३ हिसा जैसा ही पाप चोरी करनेका लगता है। यह एक निन्द्यकृत्य है। जहॉ आवश्यकताऍ बढती हैं लालसा बढती है वही चोरीकी भावना होती है। जो न्यायपूर्वक अर्जन करो उसेही सन्तोपपूर्वक व्यय करो।

१४ ब्रह्मचर्य एक रत्न है, मानव जीवन एक खजाना है। रत्नको खो दियातो खजाना किस कामका ? खजाना खाली होनेपर फिर भर सकते हैं परन्तु इस खजानेको भरना असम्भव है। धार्मिक शारीरिक और आर्थिक उन्नतिका एक केन्द्र है तो वह है ब्रह्मचर्य। पूर्ण ब्रह्मचर्य पालन करो। न कर सको तो परस्त्रीका त्याग और स्वदार सन्तोषव्रतकी प्रतिज्ञा करो। पर्वके दिनोंमें स्वस्त्रीके साथ भी ब्रह्मचर्य रखो। स्मरण रहे कुलटाऍ और वेश्याऍ जीवनका जीवित अभिशाप हैं।

१५ ससारकी कोई भी वस्तु तुम्हारी नही। इसलिये उनसे स्नेह छोडो, ममत्व छोडो, त्याग करनेका प्रयत्न करो। आवश्यकतासे अधिक कोई भी वस्तु मत रखो। आवश्यकतासे अधिक परिग्रह रखना दूसरोंका हिस्सा छीनना है, उन्हे दु खी करना है।

१६ क्षमा, विनय, सरलता, सन्तोप, सत्य, सयम, तप त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य ये दस मोक्ष महलकी सीढियॉं जितनी कुशलतासे चढोगे उतनेही ऊपर पहुचोगे।

१७ सद्देवकी भक्ति, सत्शास्त्रका अध्ययन और सद्गुरुकी सेवा ये उन्नतिके तीन मार्ग हैं।

मुक्ति मन्दिर

१ कल्याणका पथ तो केवल आत्मामें है। जहाँ अन्यकी अणुमात्र भी मूर्च्छा है वहाँ श्रेयोमार्ग नहीं है। अन्यावस्था ही संसारकी जननी है। अन्यकी कथा छोड़ो। परमात्मामें अनुराग भी परमात्मपदका घातक है। सबमें मूर्च्छा रखकर अपनेको वीतरागी मानना क्या शोभा देता है? अनादि कालसे इसी मूर्च्छाने आत्माको संसारका पात्र बना दिया है। आत्माकी परिणति दो प्रकारकी है, एक विकृत परिणति और दूसरी अविकृत परिणति। विकृत परिणतिही संसार है। विकृत परिणतिमेंही यह आत्मा परको निज मानता है। विकृत परिणतिके अभावमें परको पर आपको आप मानने लग जाता है। इसीको स्वसमय कहते हैं। जिस समय आत्मा अपनेको परसे भिन्न मानता है उसी समय दर्शन ज्ञानमय आत्माका परपदार्थोंसे निजत्वका अभिप्राय चला जाता है किन्तु चारित्रमोहके सद्भावमें अभी उसमसे रागादिका संस्कार नहीं जाता किन्तु रागादि भावोंका कर्तृत्व नहीं रहता। यही श्रीअमृतचन्द्र सूरिने कहा है—

"कर्तृत्वं न स्वभावोऽस्य चितो वेदयितृत्ववत्।
अज्ञानादेव कर्तायं तदभावादकारकः ॥"

आत्माका स्वभाव कर्तापना नहीं है, जैसे भोक्तृत्व नहीं। अज्ञानसे आत्मा कर्ता बनता है और अज्ञानके अभावमें नहीं। चेतना आत्माका निजगुण है, उसका परिणमन शुद्ध और अशुद्ध दो तरहका होता है। अशुद्ध अवस्थामें यह आत्मा पर पदार्थका

कर्ता और भोक्ता बनता है। और अज्ञानके अभावमें अपने ज्ञानपने का ही कर्ता होता है। कहा भी है—

ज्ञानसे अतिरिक्तका अपनेको कर्ता मानना यही कर्मचेतना है, और ज्ञानसे अतिरिक्तका भोक्ता अपनेको मानना यही कर्मफल चेतना है।

ऐसा सिद्धान्त है—

"यः परिणमति स कर्ता यः परिणामो भवेत् तत्कर्म।
या परिणतिः क्रिया सा त्रयमपि भिन्नं न वस्तुतया॥"

जो परिणाम आत्मा स्वतन्त्र करता है, वह परिणाम तो कर्म है और आत्मा उसका कर्ता होता है, तथा जो परिणति होती है वही क्रिया है। ये तीनों परमार्थसे भिन्न नहीं। जिन्होंने आत्म-तत्त्वकी ओर दृष्टि दी उन्होंने परसयोगसे होनेवाले भावोंको नही अपनाया। यही बूटी ससार रोगका नाश करनेवाली है। वन्धा-वस्था दो पदार्थोंके सयोगसे होती है। इस अवस्थामें होनेवाला भाव सयोगज हैं। वे पदार्थ चाहे पुद्गल हों, चाहे जीव और पुद्गल हो। जहाँ सजातीय दो पुद्गल होते हैं वहाँपर एक तरहका भी परिणमन होता है और मिश्र भी होता है। जैसे दाल और चावल के सम्बन्धसे खिचडी होती है उसका स्वाद न चावलका है, न दालका है। एव हल्दी चूनामें दोनोंका एक तृतीय रङ्ग हो जाता है। यद्यपि चूना हल्दी पृथक् पृथक् हैं परन्तु दोनोंका रङ्ग लाल है।

(२१, २२, । २३ । १ । ११)

२. जिस पदार्थमें चाहे वह चेतन हो, चाहे अचेतन हो, जो गुण और पर्याय रहते हैं, वे गुण और पर्याय उसीमें तन्मय होकर रहते है। इतना अन्तर है कि गुण तो अन्वयरूपसे बराबर

सामान्यरूपसे निरन्तर द्रव्यमें तादात्म्य सम्बन्धसे रहता है और पर्याय क्रमवर्ती होती है। व व्यतिरेकरूपसे रहती हैं। अन्तमें उस कालमें द्रव्यके साथ तादात्म्य रहता है। स्वामीकुन्द कुन्द महाराजने कहा है—

"परिणमति जेण दव्वं तक्काल तम्मय होदि।"

जैसे आत्माके चेतन गुण है, और मति श्रुति, अवधि, मन:पर्यय यह उसकी पर्यायें है। चेतन तो अन्वयी है और ये पर्यायें क्रमवर्ती है। पर्याय क्षणभगुर है, और गुण नित्य है। यदि पर्यायोंसे भिन्न गुण न माना जाय तब एक पर्यायका भङ्ग होनेपर जो दूसरी पर्याय देखी जाती है वह बिना उपादानके कहाँसे उत्पन्न होगी? अत: मानना पड़ेगा कि पर्यायका कोई आधार है। जो आधार है उसीका नाम गुण है और उसका जो विकार है वही पर्याय है। जैसे आम प्रारम्भमें हरा होता है काल पाकर वही पीला हो जाता है तब यह देखा जाता है कि आमका रूप जो आगमव्यवस्थामें हरित पर्यायका आश्रय था वही काल पाकर पीत होगया। इससे यह सिद्ध हुआ कि जो आमका रूप हरित अवस्थासे पीत अवस्थामें परिवर्तित हुआ इसीका नाम उत्पाद और व्यय है।

(४।११।४९)

२ धर्म वह वस्तु है जो आत्माको संसार बन्धनसे मुक्त करदेता है। उसके बाधक पाप और पुण्य हैं। सबसे महान् पाप मिथ्यात्व है, इसके उदयमें जीव अपनेको नहीं जानता। परपदार्थोंमें आत्मीयताकी कल्पना करता है। कल्पना ही नहीं उसके स्वरूपमें अपना स्वत्व मानता है। शरीर पुद्गल परमाणु-पुञ्जका एक पुतला है। उसको आत्मा मान बैठता है और अहर्निश उसकी रक्षामें व्यग्र रहता है। यदि कोई कहे—"भाई! शरीर

तो अनित्य है, इसके अर्थ इतने व्यग्र क्यों रहते हैं? कुछ परलोककी भी चिन्ता करो।" तब तत्काल उत्तर मिलता है— "न तो शरीरातिरिक्त कोई आत्मा है और न परलोक है, यह तो लोगोंको ठगनेके लिये ऋषि, आचार्य और पण्डितजनोंने एक मूक जाल बना रक्खा है। सच यह है जो चार्वाकलोग कहते हैं—

"यावज्जीवं सुखं जीवेत् ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः॥
न जन्मनः प्राङ् न च पश्चतापा,
परो विभिन्नोऽवयवे न चान्तः।
विशन्नतिर्यङ् न च दृश्यतेऽस्मात्,
भिन्नो न देहादिह कश्चिदात्मा॥

जबतक जीवन है सुखसे जिओ, ऋण भी क्यों न लेना पड़े परन्तु घी अवश्य पिओ! मर जानेके बाद खाक हुआ शरीर फिर नहीं लौटता। पृथिवी जलादिका समुदाय ही एक आत्मा है। जैसे गेहूँ आदि सड़कर एक मादक शक्तिको उत्पन्न कर देते हैं वैसे ही एक जीव हो जाता है। शरीरसे अतिरिक्त जीव कोई पदार्थ न तो जन्मसे पहिले और मरणके पश्चात् किसीने कभी देखा है और न सुना है।

यह है चार्वाकका वह शरीर पोषक सिद्धान्त जिसमें आत्माके पोषणके लिये कोई सुविधा आवश्यक नहीं समझी गई है। सोचिये तो सही जब कि इस नश्वर शरीरकी रक्षाके लिये यह भौतिक भोजन प्राप्त करनेके लिये न्याय अन्याय सभी करनेको तत्पर रहते हैं, तब अविनाशी आत्माकी रक्षाके लिये ज्ञान दर्शनका

भाजन प्राप्त करनेके हेतु हमें न्यायपूर्ण सभी प्रयत्न करनेमें अपना सर्वस्व क्या नहीं लगा देना चाहिये ?

(१८। १। ५१)

४ आत्मकल्याणके लिये जो व्यक्ति तत्पर होना चाहते हैं उनसे तो यही कहना है कि जो काम करो उससे ममता त्याग कर ही कार्य प्रारम्भ करो। निजमें अहङ्कार न आने दो। संसारमें वही मनुष्य अविनश्वर दुःखका भाजन होता है जो किसी काम का कर्ता बनता है। जो कर्ता बनता है वह भोक्ता नियमसे होता है क्योंकि कर्तृत्व और भोक्तृत्व यह दोनों अविनाभावी धर्म हैं। कर्ता बनना ही अज्ञानमूलक है। जिस समय जो कार्य होता है वह उपादान और निमित्तसे होता है। उपादान और निमित्त दोनों ही कार्य उत्पत्तिमें सहकारी हैं। उपादान तो एक होता है, और सहकारी अनेक होते हैं। पूर्व पर्याय सहित द्रव्य तो उपादान कारण होता और उत्तर पर्याय संयुक्त द्रव्य कार्य होता है। न केवल द्रव्य कारण है, न केवल पर्याय कारण है। अपितु पूर्व पर्याय सहित द्रव्य ही कारण है। पूर्व पर्यायका जब अभाव होता है उसी समय उत्तर पर्यायका उत्पाद होता है। द्रव्य अन्वयी रूपसे जो पहिले था वही उत्तर कालमें है। यदि पर्यायकी विवक्षाकी जावे तब असत्पर्यायका ही तो उत्पाद होता है। द्रव्य दृष्टिसे विचार किया जावे तो न तो उत्पाद है और न विनाश है। सामान्य रूपसे न तो कोईका उत्पाद है, और न विनाश है, पर्याय दृष्टिसे उत्पाद विनाश दोनों ही होते हैं।

(१७ । १। ५१)

५. यह आत्मा यदि रागादि दोषोंसे मुक्त हो जावे तब परमात्मा सदृश ही सकता है। जैनमतका सिद्धान्त है कि सादृश्य अस्तित्व एक होने पर भी स्वरूपसे पदार्थोंका अस्तित्व भिन्न-भिन्न

होता है। सभी मनुष्य सामान्यतया एक सदृश होने पर भी स्वरूप अस्तित्वसे भिन्न भिन्न हैं। ऐसा सिद्धान्त अनेक विवादों-की शान्तिका साधक होता है।

(२९ । १ । ५१)

६—"आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्"

अपनी आत्माके प्रतिकूल पडनेवाले कोई भी कार्य दूसरोंके प्रति मत करो, अथवा ऐसी प्रवृत्ति करो जो अन्यको इष्ट है, तुम्हें भी इष्ट है, जीवमात्रको वही इष्ट है। चेतना स्वभाव सभीमें विद्यमान है, उसके द्वारा ही यह जीव आत्म और परको जानता है उसका स्वभाव ही जानना देखना है। जो स्व को जानता है उसे दर्शन कहते हैं और जो परको जानता है उसको ज्ञान कहते हैं। आत्मामे एक चेतन गुण है उसमे दीपकके सदृश स्वपराव-भासकत्व है। इससे अतिरिक्त जितने गुण हैं वे सब निर्विकल्प हैं। ज्ञान ही ऐसा गुण है जो विकल्पवान् है। विकल्पका अर्थ है अर्थको अवभास करे। यह गुण ही आत्मा और परको अवभास करता है। चैतन्यका चमत्कार ही आत्माका अस्तित्व बनाये है। इसकी महिमासे इस जगत्‌की व्यवस्था वन रही है। इसीसे कहा है—

"नमस्तस्यै सरस्वत्यै विमलज्ञानमूर्त्तये।
विचित्रता लोकयात्रेयं यत्प्रसादात् प्रवर्तते॥"

उस विमल ज्ञानकी मूर्त्ति सरस्वतीके लिये नमस्कार हो जिसके प्रसादसे ससारकी यह विचित्र यात्रा सानन्द समाप्त होती है। इसीसे गुरुको नमस्कार किया है क्योकि गुरु ही अज्ञानान्ध-कारका नाशकर ज्ञानका विकाश कराते हैं।

३० । १ । ५१)

७ आत्ममार्गकी सरल पद्धति है, उसका इतना दुरूह बना दिया है कि प्रत्येक प्राणी सुनकर भयभीत हो जाता है। धर्म जब आत्माकी परणति है तब उसको इतना कठिन दिखाना क्या शुभ है ?

(१ । ३ । ४९)

८ मात्र आत्माकी केवल परिणतिको कहते हैं। उसके अर्थ जितने प्रयत्न हैं यदि उनका लाभ न हुआ तब सब व्यर्थ है।

(१३ । ४ । ४९)

९ परीषह सहन करना तप है। आत्माकी अचिन्त्य सामर्थ्य है, अचिन्त्य सामर्थ्यका अर्थ यह है कि यदि इसका अभिप्राय निर्मल हो तब अनायास ही यह आत्मा संसारके बन्धनसे मुक्त हो सकता है।

(२७ । ६ । ४९)

१ आत्मासे कुछ भी याचना न करो बल्कि आत्माको शुद्ध रहने दो। द्रव्यसे तो शुद्ध है ही पर्यायकी शुद्धता बिना संसार बन्धन छूटना कठिन है। पर्यायकी शुद्धिका मूल कारण रागद्वेषका परित्याग ही है। रागद्वेषकी उत्पत्तिमें परज्ञेय कारण पड़ते हैं अत: पर पदार्थोंका सम्पर्क त्यागो। यद्यपि पर पदार्थ बन्धके जनक नहीं फिर भी बन्ध कारणमें विषय पड़ते हैं।

(२ । ८ । ४९)

११ उचित यह है कि संसारके प्राणी मात्र पर दया करो। हमलोग आवेशमें आकर संसारके प्राणियोंको नानाप्रकारसे निग्रह करते हैं। जो अपने प्रतिकूल हुआ उसे अपना शत्रु और जो अनुकूल हुआ उसे अपना मित्र मान लेते है। "वास्तवमें न तो कोई मित्र है, न शत्रु" यदि यह भावना निरन्तर रहे तो क्षणान्तरमें मुक्ति हो जाय।

(१ । ९ । ४९)

१२. यह सब चाहते हैं कि येनकेन उपायेन ससार वन्धन-से छूटें। इसके अर्थ महान् प्रयास करते हैं। मर्यादासे अधिक त्य गियों और पण्डितोंकी सुश्रूषा करते हैं। यही समझते हैं कि त्यागी और पण्डितोंके पास धर्मकी दुकान है। उनका जितना अ दर सत्कार करेंगे उतना ही हमको धर्म लाभ होगा। किन्तु होगा क्या ? सो कौन कहे। 'फुट्टी देवी ऊँट पुजारी' वाली बात है।

(१२ । ११ । ४६)

१३ जिनके विचारोंमें मलिनता है उनके कोई भी व्यापार लाभप्रद नहीं। सभी चेष्टाएँ ससार वन्धनसे मुक्त होनेके लिये हैं परन्तु मनुष्योंके व्यापार ससारसे फँसनेके ही लिये हैं। व्याप र का प्रयोजन पञ्चेन्द्रियोंके विपयसे है।

(२१ । ११ । ४६)

१४. करणानुयागके सिद्धान्त अटल हैं, उनका तात्पर्य यही है कि पर पदार्थोंसे ममता हटाओ। हमलोग उन पदार्थोंको त्यागकर प्रसन्न हो जाते हैं कि हमने बहुत ही उत्तम कार्य किया। परमार्थसे विचार करो—"जो पदार्थ हमने त्यागे वे क्या हमारे थे ?" तव आप यही कहेंगे वे हमसे भिन्न थे तव आप जो उनको आत्मीय समझ रहे थे, यही महती अज्ञानता थी। यावत् आपको भेद ज्ञान न था उन्हें निज मान रहे थे यही अनन्त ससारके वन्धन-का भाव था। भेद ज्ञान होनेसे आपकी अज्ञानता चली गई फिर यदि आप उस पदार्थको दानकर फल चाहते हैं तव दूसरेको अज्ञान वनानेका ही प्रयास है और तुम स्वय आत्मीय भेद ज्ञान को मिटानेका प्रयत्न कर रहे हो अत यह जो दानकी पद्धति है अल्पज्ञानियोंके लिये है भेद ज्ञानवाले तो इससे तटस्थ ही रहते हैं अत दान लेने-देनेका व्यवहार छोडो, 'वस्तुका विचार करा,

आत्माका ज्ञाता दृष्टा स्वभाव है, उसमें विकार न आने दो। विकारका अर्थ यह कि ज्ञानदर्शनका कार्य जानना देखना है, उसे मोह रागद्वेष से कलङ्कित मत करो। इसीका नाम मोक्ष है। जहाँ राग-द्वेष-मोह है वहीं संसार है। जहाँ संसार है वहीं बन्धन है, जहाँ बन्धन है वहीं पराधीनता है।

(५।११।५१)

१५. हम निरन्तर इस प्रकारकी चेष्टा करते हैं कि रागकी सत्तापर विजय प्राप्त कर लेवें परन्तु हम आजतक उसपर विजय प्राप्त न कर सके। इसका मूल कारण यही ध्यानमें आता है कि हमने अभीतक परमें निजत्व कल्पनाको नहीं त्यागा है। अभीतक हम परसे अपनी प्रतिष्ठा और अप्रतिष्ठा मान रहे हैं। जहाँ किसी व्यक्तिने कुछ प्रशंसा सूचक शब्दोंका प्रयोग किया हम एकदम प्रसन्न हो जाते हैं, निन्दा सूचक शब्दोंका प्रयोग किया तो अप्रसन्न हो जाते हैं। इसका मुख्य हेतु अभी हमने यही समझा है कि पर हमारा बुरा-भला कर सकते हैं। संसारमें अधिकांश मनुष्य ईश्वरको ही कर्ता-धर्ता मानते हैं, 'स्वतन्त्र हम कुछ नहीं कर सकते' इसपर भी पूर्ण अमल नहीं। यदि कोई काम अच्छा बन गया तब अपनेको कर्ता मान लिया। यदि नहीं बना तब 'भगवानको यही करना था कुछ फिकर विचार नहीं। यदि इस विचारसे छूट तब 'शुभाशुभ परिणामोंसे उपार्जित कर्मोंका प्रभाव है हम क्या करें? ऐसा ही होना था' ऐसा विश्वास अनेकोंका है। यदि उन भले मानवोंसे पूछिये वह कर्म कहाँसे आये? तब उसका यही उत्तर है कि 'वह प्राक्तन कर्तव्यका फल है' इस प्रकार यह संसारकी प्रणाली चल रही है और चली आवेगी मोक्षका होना अ त कठिन है।

(१३।११।५१)

१६ कर्तव्य पथपर चलने वाले ही ससारसे पार होते हैं।
१५।११५१)

१७ किसीसे मेल करनेके लिये राग और वियोग करनेके लिये द्वेपकी आवश्यकता है परन्तु मोक्ष एक ऐसा पदार्थ है जिसके लिये न राग आवश्यक है न द्वेप किन्तु उपेक्षा आवश्यक है। इसके लिये ससारके व्यवहारोंसे दूर रहना आवश्यक है।
(३०।१।३९)

१८ पर पदार्थोंकी परिणति बुरी-भली मानना ही मोक्ष-मार्गसे परे जाना है। मोक्षमार्ग सरल है, उसके लिये बडे-बड़े शास्त्र और बडे-बड़े विद्वानोंके समागमकी अपेक्षा नहीं, केवल अन्तरङ्ग कलुपताके अभावकी अपेक्षा है।
(१८।२।३९)

१९ सभी व्रतोंका तात्पर्य कपाय ह्रास करना है तथा कपायकी न्यूनता ही मोक्षमार्ग है।
(१८।३।३९)

२० कोई पदार्थ जब इष्ट-अनिष्ट न भासे, स्वकीय रागादि परिणाम ही को सुख और दु खका कारण समझे। जब ऐसी सुमति आने लगे तब समझे कि अब ससारका अन्त होनेका सुअवसर आ गया।
(६।७।३६)

२१ परिग्रह कदापि मोक्षमार्गका साधक नहीं। परिग्रहका त्याग किये बिना बाह्यमें नाना प्रकारकी तीर्थ यात्राएँ आदि करनेसे कल्याणका भागी नहीं हो सकता। जैसे राजाकी आज्ञा है कि हिंसादिक पाच पापोंका करनेवाला दण्डका भागी होगा। अत कोई मनुष्य इन पाच पापोंसे विरक्त हुए विना राजाकी सेवा सुश्रुषाकर दण्डसे नहीं बच सकता। इसी तरह ससार नाशके जो

आत्माका ज्ञाता द्रष्टा स्वभाव है, उसमें विकार न आने दो। विकारका अर्थ यह कि ज्ञानदर्शनका कार्य जानना देखना है, उसे मोह रागद्वेष से कलुषित मत करो। इसीका नाम मोक्ष है। जहां राग-द्वेष-मोह है वहीं संसार है। जहां संसार है वहीं बन्धन है, जहां बन्धन है वहीं पराधीनता है।

(५।१।५१)

१४. हम निरन्तर इस प्रकारकी चेष्टा करते हैं कि रागकी सत्तापर विजय प्राप्त कर लेवें परन्तु हम आजतक उसपर विजय प्राप्त न कर सके। इसका मूल कारण यही ध्यानमें आता है कि हमने अभीतक परमें निजत्व कल्पनाको नहीं त्यागा है। अभीतक हम परसे अपनी प्रतिष्ठा और अप्रतिष्ठा मान रहे हैं। जहां किसी व्यक्तिने कुछ प्रशंसा सूचक शब्दोंका प्रयोग किया हम एकदम प्रसन्न हो जाते हैं, निन्दा सूचक शब्दोंका प्रयोग किया तो अप्रसन्न हो जाते हैं। इसका मुख्य हेतु अभी हमने यही समझा है कि पर हमारा बुरा-भला कर सकते हैं। संसारमें अधिकांश मनुष्य ईश्वरको ही कर्ता-धर्ता मानते हैं, 'स्वतन्त्र हम कुछ नहीं कर सकते' इसपर भी पूर्ण अमल नहीं। यदि कोई काम अच्छा बन गया तब अपनेको कर्ता मान लिया। यदि नहीं बना तब 'भगवानको यही करना था कुछ स्थिर विचार नहीं। यदि इस विचारसे छूटे तब 'शुभाशुभ परिणामोंसे उपार्जित कर्मोंका प्रभाव है हम क्या करें? ऐसा ही होना था' ऐसा विश्वास अनेकोंका है। यदि उन भले मानवोंसे पूछिये यह कर्म कहांसे आये? तब उसका यही उत्तर है कि 'यह प्राक्तन कृतकर्मका फल है' इस प्रकार यह संसारकी प्रणाली चल रही है और चली जावेगी मोक्षका होना अति कठिन है।

(११।१।५२)

१६ कर्तव्य पथपर चलने वाले ही ससारसे पार होते हैं।
१५।१।५१)

१७ किसीसे मेल करनेके लिये राग और वियोग करनेके लिये द्वेषकी आवश्यकता है परन्तु मोक्ष एक ऐसा पदार्थ है जिसके लिये न राग आवश्यक है न द्वेष किन्तु उपेक्षा आवश्यक है। इसके लिये ससारके व्यवहारोंसे दूर रहना आवश्यक है।
(३०।१।३९)

१८ पर पदार्थोंकी परिणति बुरी-भली मानना ही मोक्ष-मार्गसे परे जाना है। मोक्षमार्ग सरल है, उसके लिये वड़े-वडे शास्त्र और वडे-वडे विद्वानोंके समागमकी अपेक्षा नहीं, केवल अन्तरङ्ग कलुषताके अभावकी अपेक्षा है।
(१८।२।३९)

१९ सभी व्रतोंका तात्पर्य कषाय ह्रास करना है तथा कषायकी न्यूनता ही मोक्षमार्ग है।
(१८।३।३९)

२० कोई पदार्थ जव इष्ट-अनिष्ट न भासे, स्वकीय रागादि परिणाम ही को सुख और दु खका कारण समझे। जव ऐसी सुमति आने लगे तव समझे कि अव ससारका अन्त होनेका सुअवसर आ गया।
(६।७।३६)

२१ परिग्रह कदापि मोक्षमार्गका साधक नहीं। परिग्रहका त्याग किये विना वाह्यमें नाना प्रकारकी तीर्थ यात्राएँ आदि करने से कल्याणका भागी नहीं हो सकता। जैसे राजाकी आज्ञा है कि हिंसादिक पाच पापोंका करनेवाला दण्डका भागी होगा। अत कोई मनुष्य इन पाच पापोंसे विरक्त हुए विना राजाकी सेवा सुश्रुषाकर दण्डसे नहीं वच सकता। इसी तरह ससार नाशके जो

उपाय बतलाये गये हैं उनको उपयोगमें लाये बिना निरन्तर पर मात्माके स्मरण मात्रसे कोई भी व्यक्ति संसार-बन्धनसे मुक्त नहीं हो सकता।

(७।८।१९)

२२. अधिकांश मनुष्य केवल मनोरथ मात्रसे संसार बन्धन से मुक्त होना चाहते हैं परन्तु पानीका स्पर्श किये बिना तैरना सीखने जैसी उनकी यह क्रिया हास्यास्पद ही है। संसार बन्धनसे मुक्त होनेका उपाय तो यह है कि आगामी विषयोंसे प्रेम मत करो।

(०५।५।[illegible])

२३ संसारमें इस लोकेषणाने ही हमको आत्मिक उठनेसे रोका। क्या मोक्षमार्ग कोई अमूल्य और दुर्लभ वस्तु थी? हमारी ही अज्ञानता उसे आकाश-कुसुम बनाये है। तिलकी ओट पहाड़ है।

(१।७।४)

२४ जो अव्यवस्थित है वह मोक्षमार्गका अधिकारी नहीं। ऐसे मनुष्योंके साथ सम्पर्क रखना आत्माको गर्तमें डालनेके समान है।

(१९।६।७४)

सच्ची श्रद्धा

१. विशेषता तो इसका नाम है कि ससारको असार जान उससे विरक्त हो परन्तु विरक्तता तो दूर रही हमारे वन्धुवर्ग श्रद्धानसे भी वञ्चित रहते हैं। श्रद्धान गुण वह वस्तु है जिसके होनेसे यह जीव आपसे आप ससारके पदार्थोंसे उदासीन हो जाता है।

(२६।५।४६)

२ श्रद्धा आत्माका अपूर्व गुण है, इसके होनेसे सभी गुण सम्यक् हो जाते हैं। इसकी महिमा अचिन्त्य है। इसके होनेपर ज्ञान सम्यक् और मिथ्या चारित्र अविरत शब्दसे व्यवहार होने लगता है।

(२८।५।४९)

३ शान्तिका मूल उपाय श्रद्धा है। यथार्थ श्रद्धाके विना शान्तिकी आकाक्षा करना पानीसे घी निकालनेके सदृश है।

(३।१।३९)

४ श्रद्धाका यथार्थ होना ही ससार सागरसे पार उतारनेका कारण है। ससार कोई वस्तु नहीं केवल अपनी श्रद्धाकी विपर्यता है।

(१७।१२।३९)

५ जिनके सत्य श्रद्धा है, तथा सम्यग्ज्ञान है वह काल पाकर मोक्षके भागी हो सकते हैं किन्तु जिन जीवोंने सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान नहीं किया, केवल आचरणके ऊपर दृष्टि है वे

जीव दिग्भ्रम वालेके सदृश आत्म-कल्याणके भागी नहीं हो सकते ।

(१२।४।४७)

६ जो भी कार्य श्रद्धापूर्वक किया जाता है उसीका समीचीन फल लगता है । अश्रद्धाके द्वारा जो काम किया जावेगा उसका भी फल होगा परन्तु तात्पर्य यह है कि जैसी भावना अभिप्रायमें होगी फल उसीका होगा । अतः जिनकी भावना सत् श्रद्धासे सुवासित है वही संसारके बन्धनोंसे मुक्त होंगे । असद्भावना संसार बन्धनका कारण है ।

(२०।११।४७)

७ सभी धर्मोंकी मूल जननी श्रद्धा है । यदि श्रद्धा नहीं तब उत्तर कालमें ज्ञान और चारित्र नहीं और ज्ञान और चारित्रके अभावमें प्राय कुछ भी नहीं । अतः जिन महानुभावोंको अपना सुधार करना हो उन्हें श्रद्धापूर्वक ज्ञान और चारित्रकी रक्षा करना चाहिये ।

(२४।११।४७)

ज्ञान गुण राशि

१ ज्ञानकी महिमा अपार है, उसका जिसको स्वाद आ गया वह इन बाह्य पदार्थोंकी अपेक्षा नहीं करता। क्योंकि ज्ञान-पदार्थ केवल जाननेवाला है। उसमे पदार्थ प्रतिभासित होता है अर्थात् पदार्थका परिणमन तो पदार्थमे है, ज्ञानमे पदार्थ नहीं आता, ज्ञानकी परिणति ही ज्ञानमें आती है।

(१८।४।४६)

२ निश्छल, निष्कषाय, निर्भीक, निरीह और नम्र विद्वानोसे समाजकी महती शोभा है। यदि समाज इनकी प्रतिष्ठा करे तव अनायास ही धर्मका विकाश हो सकता है। क्योंकि ऐसे विद्वान् लोग धर्मके स्तम्भ हैं इनसे ही धर्म मन्दिर सुरक्षित रह सकता है।

(१९।४।४९)

३ ज्ञानके विना न तो हम सम्यग्दर्शनकी वन्दना कर सकते हैं और न चारित्र गुणकी ही।

(१९।४।४९)

४ समाजमे विद्वान् और व्याख्याता वहुत हैं, उत्तम भी हैं, किन्तु वे स्वय अपने ज्ञानका आदर नहीं करते। यदि वे आज ज्ञानका आदर स्वय करें, ससार स्वय मार्गपर आ जावे। अथवा न भी आवे तो स्वय का कल्याण होनेमें तो कोई सन्देह ही नहीं है।

(१६।६।४९)

५. क्षयोपशम ज्ञानका होना कठिन नहीं, किन्तु सम्यक् ज्ञान होना अति दुर्लभ है। इसका मूल कारण यह है कि हम

अन त्मीय पदार्थोंमें आत्मीय बुद्धि मान रहे हैं। आजतक न कोई किसीका है और न था न होगा फिर भी हम अन्यथा माननेमें नहीं चूकते। फल उसका अन्यथा हो है।

(२२। ७। ४९)

६ आगमाभ्यास भी उतना ही सुखद है जितना आत्मा धारण कर सके। बहुत अभ्यास यदि धारण शक्तिसे परे है तब जैसे जठराग्निके बिना गरिष्ठ भोजन लाभदायक नहीं वैसे ही यह अभ्यास भी लाभदायक नहीं प्रत्युत हानिकारक है।

(२६। ९। ४९)

७ शिक्षाके बिना उपदेशका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। अत सबसे पहिले हमको अपने बालकोंको शिक्षा देना चाहिये। बिना शिक्षाके हम अविवेकी रहते हैं। जो चाहे हमको ठग लेता है, हमारा चारित्र-निर्माण नहीं हो पाता। हम अज्ञानावस्थाके कारण पशु कहलाते हैं। यद्यपि हम चाहते हैं कि संसारमें सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करें परन्तु ज्ञानके अभावमें कुछ नहीं जानते और सदा परके दास बने रहते हैं। ज्ञान आत्माका गुण है परन्तु कोई ऐसा आवरण है जिससे हमारा विकास रुका रहता है। शिक्षा-गुरु उस विकासमें साधक बनते हैं। विकासका जहाँ उदय होता है वह शिष्यका गुण है। परमार्थसे विचारा तब शिष्यके विचारों से शिष्य सुबोध होता है। गुरु तो शब्दोंका उच्चारण करता है, उनका अर्थ तो शिष्य ही विचारता है। मेरी धारणा यह है कि श्री तीर्थङ्कर भगवानके दिव्योपदेशका मर्म श्रोतागण समझते हैं, उसमें उपादान कारण श्रोतागण हो हैं।

(४। ३। ५१)

८ ज्ञानी ज्ञानकी मर्यादा मार्गोंकी इच्छा है परन्तु परिश्रम से डरता है। परिश्रम से डरना और तत्त्वज्ञानका उपासक बनना

यह कितनी विरुद्ध कल्पना है? ऐसी ही जैसे कि तैरना आ जावे और पानीका स्पर्श न हो।

(२५ । २ । ३९)

९. जैसे सूर्यका उदय पदार्थोंका प्रकाशक है, चाहे वह पदार्थ सुखद या दुखद कुछ भी हों, यह प्राणियोंकी रुचिपर निर्भर है। इसी तरह ज्ञान पदार्थोंका प्रकाशक है, अच्छा बुरा स्वकीय कल्पना है।

(३० । ३ । ३९)

१० ज्ञान वह वस्तु है जिसमें 'स्व' और 'पर' दोनों भासमान हों। किन्तु जब ज्ञानके साथ मोहका सम्बन्ध रहता है तब उस ज्ञानमें इष्टानिष्ट कल्पना होती है। यह कल्पना ही ज्ञानकी निर्मलताको ढकनेवाली है। जब इस कल्पनाका आवरण हट जाता है तब ससारके समस्त पदार्थ दर्पणकी तरह ज्ञानमें प्रतिभासित होने लगते हैं।

१०, ११ । ४ । ३९)

११ ज्ञान आत्माका निजधर्म है। यही एक ऐसा गुण है जो अपनी और परायी व्यवस्थाको बनाए है। जबतक यह गुण अपने पुरुषार्थसे च्युत है तभी तक ससार है। अर्थात् पर पदार्थ में जबतक इस जीवकी इष्टानिष्ट कल्पना होती है तभी तक ससार बन्धन है। उस कल्पनाका उत्पादक यह गुण नहीं, उसकी जो कल्पना होती है उसका मूल तो मिथ्यादर्शन है। मिथ्यादर्शनकी इतनी प्रबल महिमा है कि अपनेको अपना नहीं मानने देता।

(२५ । २ । ४०)

१२ लौकिक प्रतिष्ठाके लिये यदि तुम ज्ञानादिकका अर्जन करते हो तो अर्जन करना न करनेके ही बराबर है। ज्ञान आत्मा-

का निज स्वभाव है, उसके लिये आवश्यकता इस बातकी है कि जो रागादिक ज्ञान गुणके घातक हैं उनको दूर करनेका यत्न करो। ज्ञान गुणमें पदार्थ प्रतिभासमान होते हैं यह उसकी स्वाभाविक स्वच्छता है। उसमें जो इष्टानिष्ट कल्पना है वही उसके स्वरूपके घातक हैं और वही दुःखके कारण हैं। जप तप संयम दान पूजा और परोपकार आदि जितनी क्रियाएँ हैं वह सब इसीकी निर्मलताकी साधिका है।

(४ । ११ । ४)

१३ अज्ञानसे उपार्जित कर्मोंका नाश ज्ञानसे होता है। जैसे किसी मनुष्यको रस्सीमें साँपका भ्रम हो गया परन्तु जैसे ही वह इस अज्ञानके विपरीत 'यह सर्प नहीं है' ऐसा ज्ञान प्राप्त करता है तुरन्त रस्सीमें साँपके भ्रमसे उत्पन्न होनेवाले भयसे मुक्त हो जाता है।

(१० । ४ । ४)

१४ इस लोक में ज्ञानके सदृश और कोई भी पदार्थ पवित्र नहीं है। परन्तु ऐसा पवित्र ज्ञान प्राप्त करनेके लिये श्रद्धालु और संयमी होना परमावश्यक है।

(१८ । ४ । ४)

१५ ज्ञानका लक्षण स्वपर व्यवसायी है, यह सिद्धान्त है। पर पदार्थको जाननेमें चाहे किसीको जाने न जाने परन्तु अपने को नियमसे जाने। जैसे दीपक दो दो दूरके पदार्थ प्रकाशित करता है परन्तु अपना प्रकाश तो कर ही देता है। अतः परका जानना तो एक तरहसे उपचार ही है क्योंकि ज्ञानमें ज्ञेय जाता नहीं केवल वह ज्ञान उस पदार्थके निमित्तसे जो अपनेमें परिणमन हुआ उसे जानता है। इसी तरहसे मिथ्या दृष्टिका भी ज्ञान है। जैसे कामला रोगी शंखको जानता है और उसे पीला दिखता है

तो क्या उसका ज्ञान स्वप्रकाशक नहीं। यह नहीं कह सकते, केवल वह ज्ञान मिथ्या है इससे वह कहता है कि मेरे ज्ञानमें वह शंख पीला दीखता है, यदि वह ज्ञानको न जाने तब ऐसा कहना कि मेरे ज्ञानमें पीला शंख आया, नहीं बने और ज्ञानको जाना तब आपको भी जाना। जैसे क्या यह ज्ञान मिथ्यादृष्टिको नहीं होता कि मैं सुखी हूँ। सुखी वस्तु ही तो आत्मा है। इसीसे मेरी यह श्रद्धा है कि वह भी आत्माको जानता है और वह क्षयोपशम सबको होना चाहिये। अन्यथा आत्मा जड़ हो जावेगा।

(३०।१२।४०)

१६. सुधारका मूलकारण ज्ञान है परन्तु उसके अर्जनका साधन नहीं।

(१५।३।४४)

१७ आत्मज्ञानकी जिसने अवहेलना की वह मनुष्य होकर भी नर नहीं। नरका अर्थ है संसार बन्धनसे छूटनेकी जो चेष्टा करे। और जिनके आत्मज्ञान नहीं वे संसार बन्धनसे नहीं छूट सकते। संसार बन्धनके दूर होनेका उपाय चारित्र है और चारित्र की सिद्धि सम्यग्ज्ञानाधीन है।

(१७।१२।४४)

१८ ज्ञान बिलकुल स्वच्छ दर्पणवत् है। जैसे दर्पणमें स्वभावसे ही घटपटादि प्रकाशित होते है वैसे ही ज्ञानमे सहज ही सम्पूर्ण ज्ञेय झलकते हैं। अब दर्पणमे घटपटादि प्रतिबिम्बित होते अवश्य है तो क्या घटपटादि उसमे प्रवेश कर जाते है? नहीं, घटपटादि अपनी जगह पर है, दर्पण अपने स्वरूपमें है। केवल दर्पणका परिणमन उनके आकार हो गया है। तुमने दर्पणमे अपना मुंह देखा तो क्या तुम दर्पणमे चले गए? यदि दर्पणमे चले गए तो यहाँ सूरत पर जो कालिमा लगी है, उसको वहाँ दर्पणमे क्यों

-नहीं मिटाते ? अपनी सूरत पर ही कालिमाको मिटाते हो। इससे सिद्ध हुआ कि दर्पण अपनी जगह पर है, हम अपनी जगह पर हैं। कोई भी पदार्थ किसी भी पदार्थमें प्रवेश नहीं करता। यह सिद्धांत है।

१९. ज्ञानका सहज स्वभाव ही स्व-पर-प्रकाशक है। जैसे दीपक अपनको तथा परको दोनोको जानता है। स्वभावमें तर्क नहीं चला करता। ज्ञान आत्माका एक विशेष गुण है जैसे अग्नि और उष्ण दोनोका अभेदपना है। एक आम है उसमें रूप, रस, गंध और स्पर्श ही है। कहा भी है 'स्पर्शरसगंधवर्णवन्तः पुद्गलाः' इन चारोंका समुदाय ही तो आम है। अब किसी महान् वैज्ञानिकको ले आइए और उससे कहो कि हमें इसमेंसे रूप रसको निकाल दो क्या वह निकाल सकता है? परन्तु ज्ञानमें वह शक्ति है कि इन्द्रियोद्वारा पृथक्करण करके रूपको जाने रसको जाने और स्पर्श को जाने।

२० ज्ञानमें अचिन्त्य शक्ति है। और वास्तवमें देखा तो ज्ञानके सिवाय कुछ है भी नहीं। मिश्री मीठी होती है, यह किसने जाना? केवल ज्ञानने पदार्थका बतला दिया कि मिश्री मीठी होती है। अब देखो ज्ञान हीका तो परिणमन हुआ। पर हम लोग ज्ञानको तो देखते नहीं और पदार्थो म सुख मानते हैं। हम मिश्रित ज्ञानका अनुभव करते हैं। कोई कहता है कि कढ़ी रोटी खानेमें अच्छी नहीं लगती। कैसे अच्छी लगे? अरे मूढ़ अनादि कालसे मिश्रित पदार्थोंका स्वाद लेता आ रहा है। अच्छी लगे तो कैसे लगे? दालमें नमक भी है मिर्चा भी है, खटाई भी है और घी भी डला हुआ है। पर मूढ़ प्राणी तीनोंका मिश्रित स्वाद ले रहा है और कहता है बड़ी बढ़िया बनी है। अब तुम्हारा नमक अपना स्वाद बतला रहा है, मिर्चा अपना स्वाद बतला

रही है और इसी प्रकार घी अपना स्वाद बतला रहा है और जिसके द्वारा यह जान रहा है उस ज्ञानका अनुभव नहीं करता। ज्ञेयानुभूतिमें ही सुख मानता है। यही अनादि कालसे अज्ञानकी भूल पड़ी है। ज्ञेयानुभूतिमें ही मगन हो रहा है, ज्ञानानुभूतिका कुछ भी पता नहीं। पर सम्यग्ज्ञानी ज्ञान और ज्ञेयका पृथक्-करण करके ज्ञानको जो स्वाश्रित है उसे अपना समझ कर ज्ञेय जो पराश्रित है उसका त्याग कर देता है। वैसे देखो तो ज्ञेय ज्ञानमें कुछ घुस नहीं जाता। ऊपर ही ऊपर लौटता रहता है पर मोही जीव उसे अपना मान बैठते हैं। पर सम्यग्ज्ञानी अपनी भेद-विज्ञानकी शक्तिसे निरन्तर शुद्ध ज्ञानका आस्वादन ही करता रहता है। वह ज्ञानमें किसी पर पदार्थका लेश मात्र भी प्रवेश नहीं चाहता। ज्ञानी जानता है मेरी आत्मामें ज्ञान लबालब भरा है। इस प्रकार वह ज्ञानमें ही उपादेय बुद्धि रखता है। पर बाबाजी स्वाश्रित और पराश्रित ज्ञानमें बड़ा अन्तर है। हमारा ज्ञान कौन काम का? अभी आँखें बन्द करलो बताओ क्या दीखता है? अच्छा, आँखे भी खुली हैं पर सूर्य अस्त हो जाय तब अन्धकारमें क्या दिखाए? बताओ।

अत इन्द्रियजन्य ज्ञान किसी कामका नहीं। ज्ञान तो स्वाश्रित केवलज्ञान है जिसकी अखण्ड ज्योति निरन्तर प्रज्वलित होती रहती है। हम ऐसी नित्यानन्दमयी ज्ञान-आत्माको विस्मरण कर परपदार्थोंके विषयोंमें सुख मानते हैं। उन्हीं सुखोंकी प्राप्तिमें सारी शक्ति लगा देते हैं। पर उनमें सुख है कहाँ? परपदार्थके आश्रित जितने भी सुख हैं वे सब आकुलतामय हैं। मनमें भोगों-की आकुलता हुई तो विषयोंमें प्रवर्तन करने लग गए। रूपको देखनेकी आकुलता मची तो सिनेमा चले गये। कानसे रेडियोके गाने सुन लिए। रसनासे व्यञ्जनादिके स्वाद ले लिए। यह रूप

रस गंध और स्पर्श के सिवाय और विषय हैं क्या चीज ? हम पुनः पुनः वही स्वाद ले लिया करते हैं जैसे कोल्हूका बैल जहाँ देखो सो वही। और देखो इन इन्द्रियजन्य विषयोंका कितनी देरका सुख है ? ओसकी बूंदके समान। अतः इन्द्रियाधीन सुख वास्तविक सुख नहीं। पर होते हैं बाबाजी बड़े प्रबल। इनका जीतना कोई सामान्य बात नहीं है।

(सागरमें किये गये प्रवचनके आधारसे)

स्वाध्याय

१. 'स्वाध्याय समान तप नहीं' इसका अर्थ यह है कि आत्मा जब वस्तुविचार करता है तब चित्तवृत्ति सब तरहसे रुक जाती है, केवल तत्त्व विचारमें लीन हो जाती है। उस समय अन्य चिन्ताओंके अभावमें स्वयमेव शान्तभावको प्राप्त हो जाती है।

(१६ । २ । ३६)

२ पञ्चेन्द्रियोंके विषयकी तृष्णा अशान्ति जनक है। रसादिककी प्रवृत्ति तृष्णा विशेषसे होती है। तृष्णाका निरोध स्वाधीन है, कषायोंका निग्रह भी स्वाधीन है, अन्यथा शास्त्र पढ़नेसे कोई पारमार्थिक लाभ नहीं। ज्ञान होना और बातहै, कषाय कृश करना अन्य है।

(५ । ३ । ४०)

३ अध्यात्म शास्त्र वह महती दिव्य ज्योति है जिसके द्वारा अन्तस्तम निवृत्ति होकर स्वात्मतत्त्वके आलोकमें आत्माका प्रवेश होता है। कल्याणका निष्कण्टक मार्ग दिखाई देता है।

(२६ । ५ । ४०)

४ शास्त्र पढ़ने का फल उसे अनुभवारूढ़ करना तथा जो आत्मा साक्षी दे उसमें प्रवृत्त हो जाना है।

(३ । ८ । ४०)

५. स्वाध्याय ही मुख्यतासे ज्ञानका वर्धक और वीतराग-

भावकी उत्पत्तिका कारण है। जबतक स्वपरका ज्ञान न हुआ तबतक परको त्यागना अति कठिन है।

(१।९।४)

६ आगम बड़े-बड़े महापुरुषोंके पवित्र हृदयोंके उद्गार हैं और उनके अनुभवसे जो कुछ निकला उसे हम माननेको बाध्य करते हैं। ठीक है, परन्तु अपने अनुभवमें उसके यथार्थपनको तो आना चाहिये। नहीं तो यह मानना केवल ऊपर दृष्टिसे रहा अन्तरङ्ग की साक्षीभूतसे न हुआ। मिश्री मीठी होती है अथवा, खानेवालेसे सुनकर मीठा माननेवालोंको शाब्दिक बोध होता है वास्तविक जो मिश्रीका स्वाद है वह नहीं आता। अतः इसकी चेष्टा करना चाहिये कि मिश्रीका जिह्वा इन्द्रियसे स्वयं आस्वाद लिया जाय तब उसकी मधुरता पर विश्वास किया जाय।

(२।११।४)

७ जो बात स्वाध्यायसे होनी चाहिये वह नहीं होती। उसका मूलकारण आत्मामें धीरता नहीं। इसका कारण मोहका प्राबल्य और अनादि कालका मिथ्यासंस्कार ही है।

(१।२।४४)

८. स्वाध्यायका जो फल है वह तो अज्ञान निवृत्ति है। पुस्तक बांच लेना अन्य बात है। उसके अनुकूल आत्मामें उसी रूपसे अज्ञानका हट जाना अन्य बात है।

(१०।८।४४

९ ज्ञानवृद्धिमें मुख्य हेतु स्वाध्याय है। यह पांच प्रकारका है। उनमें अनुप्रेक्षा स्वाध्याय बहुत ही महत्त्वका है। यही अनुप्रेक्षा परम्परासे मोक्षका कारण है, क्योंकि अनुप्रेक्षामें अभ्यास होनेसे

ध्यान होता है, ध्यान ही वस्तुका रागादिकोकी कृशतामे कारण है।

(७।१२।४४)

१०. स्वाध्याय करना परम तप है। स्वाधायसे आत्मोन्नति होती है, स्वपर भेदज्ञान होता है। भेदज्ञान ही ससारका मूलोच्छेद करनेवाला है क्योंकि ससारकी जड़ परमे निजत्व-कल्पना है। यद्यपि पर निज नहीं होता परन्तु ऐसी कल्पना न होना कठिन है। यद्यपि शङ्ख धवल होता है परन्तु जिनको कमला रोग हुआ है वे शङ्खको पीलाही देखते हैं।

एक मनुष्यकी स्त्री कृष्णवर्ण थी दैवयोगसे वह वाहर धनार्जन करने चला गया। विदेशमें जलवायुकी प्रतिकूलताके कारण कामला रोगग्रस्त होगया, अत. विदेशसे घर आया तव स्त्रीको देखकर विह्वल हो पृथिवीपर गिर पड़ा और जो पडोसी थे उनसे कहने लगा—"भाइयो! यह स्त्री कौन है जो मेरे गृहकी स्वामिनी बनी है?

पड़ोसी ने कहा—"यह आपकी ही पत्नी है।"

कामला रोगी—"यह आपको विदित ही है कि मेरी स्त्री कृष्णवर्ण थी। यह तो केशर रङ्गवाली पीतवर्णा है। ऐसी सुन्दर स्त्री मेरे जैसे हतभाग्यकी नहीं हो सकती अत मैं आप लोगोसे नम्र-निवेदन करता हूँ कि मुझे इस जालसे वचाइये।

पडोसी ने कहा—"भूलते हो मेरे भाई! यह स्त्री पीतवर्णा नहीं है, तुमको रोग होगया है इसीसे यह भ्रान्ति होरही है। चिन्ता न कीजिये। रोगनिवृत्तिके पश्चात् आप इसे अवश्य पहिचान लेंगे। यह तो अव भी काली है परन्तु कामला रोगके कारण आपको सत्य प्रत्यय नहीं होरहा है।"

इसी तरह आत्मा ज्ञान दर्शनादि गुणोंका पिण्ड है परन्तु संसारी आत्माओंके मोह कर्मका आवरण है अत उन्मत्तकी तरह यह अपने स्वरूपको न जानकर शरीरको ही निज मानता है और निरन्तर इसी चिन्तामें काल यापन करता हुआ अनन्तकालसे निरवधि आपदाओंका आलय बन रहा है। और यह तभी मिट सकेगा जबकि अनवरत स्वाध्याय हो स्वाध्यायसे भेदज्ञान हो।

(मेर डायरी ५ द २ ०)

आधुनिक शिक्षा

१ आधुनिक शिक्षामे प्राय चार्वाक मतकी ही पुष्टि होती है। आजकल शिक्षाका प्रयोजन केवल अर्थोपार्जन तथा काम सेवन मुख्य रहगया है। जहाँ से शिक्षाका श्रीगणेश होता है पहला पाठ यही होता है कि आजीविका किस प्रकार होगी? तथा ऐसा कौनसा उपाय है जिससे ससारकी सम्पत्तिका स्वामी मैं बन जाऊँ? ससार चाहे किसी भी आपत्तिमे रहे।

(१८। ३। ४९)

२. लोगोंके आचरण प्राय देश कालादिके अनुरूप बदल रहे हैं। लड़कोको स्कूलमें जाना पड़ता है, वहाँपर धार्मिक शिक्षाका प्राय अभाव है। नागरिक बननेका कोई साधन नहीं, ऊपरी चमक दमकमें सर्वस्व खो दिया। आवश्यकताएँ इतनी विपुल होगई हैं कि मनुष्य उनके पूर्ण करनेके लिये नाना अनर्थ करते हैं।

(२३। ८। ४९)

३ देहातोंमें शिक्षाकी बहुत कमी है, ४ कक्षातक हिन्दीकी पढाई होती है। अधिकाश व्यक्ति धनाभावके कारण अपने बालकोंको बड़े नगरोमे नहीं भेज सकते हैं। कई छात्र बाहर जाकर अध्ययन करते हैं किन्तु वहाँ धार्मिक शिक्षा नहीं मिलती इससे नैतिक और धार्मिक शिक्षाकी कमी रह जाती है। फलत सदाचरण—ऐहिक और पारलौकिक जीवनको सुधारनेवाली क्रियाओंका ज्ञान नहीं हो पाता, उनका परिपालन भी नहीं हो पाता। केवल विद्यालयसे काम रहता है। धनार्जनमात्रको पुरुषार्थ समझ उसीमे आयु व्यतीत कर देते हैं। धर्म पुरुषार्थको कल्पित, धोखेबाज पण्डितोकी बिना पूँजीकी दुकान आदि तक

कर रहे हैं। आवश्यकता इस बातकी है कि उन्हें धर्मकी शिक्षा दी जाय। ऐसी शिक्षा जिसमें पाखण्ड न हो, दम्भ न हो, धूर्तता न हो, पोंगापन्थ या धर्मके नामपर रूढ़िवादिता न हो।
(१ । १ । ५१)

४ धर्मके पिपासु जितने ग्रामीण जन होते हैं उतने नागरिक मनुष्य नहीं होते। देहातमें भोजन स्वच्छ तथा दूध भी शुद्ध मिलता है। शाक बहुत स्वादिष्ट तथा जलवायु भी उत्तम मिलती है किन्तु शिक्षाकी कमीसे अपने भावोंको अभिव्यक्त नहीं कर पाते। यदि एक दृष्टिसे देखा जाय तो उनमें आधुनिक शिक्षाका प्रचार न होनेसे प्राचीन आर्यधर्ममें उनकी श्रद्धा है। तथा स्त्री समाजमें भी इस स्कूली और कालेजी शिक्षाके न होनेसे कार्य करनेकी कुशलता है। हाथसे पीसना रोटी बनाना और अतिथिको दान देना आवश्यक समझती हैं। फिर भी शिक्षाकी आवश्यकता है। वह शिक्षा ऐसी हो जिससे मानवमें मानवता विकसित हो। यदि केवल धनोपार्जनकीही शिक्षा भारतमें रही तो अन्य देशोंकी तरह भारत भी परको हड़पनेके प्रयत्नमें रहेगा। और जिन विषयोंसे मुक्त होना चाहता है उन्हींका पात्र हो जावेगा।

अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥

भारतमें विश्व बन्धुत्वकी भावनापूर्ण जो यह सिद्धान्त था वह बालकोंके हृदयमें शिक्षाद्वारा अङ्कित किया जाता था परन्तु अब तो जिनके बालक होते हैं उनके माँ बाप पहिले ही गुरुजीसे यह निवेदन कर देते हैं कि हमारे बालकको वह शिक्षा देना जिससे वह आनन्दसे रोटी खा सके। जिस देशमें बालकोंके पिता ऐसे विचारवाले हो वहाँ बालक विद्योपार्जनकर परोपकार निष्णात होगा असम्भव है।

संयम

१ मनुष्य पर्यायमे मोक्षमार्गका साधक सयम होता है। यदि इस शुभावसरसे चूक जाओ तब सागरोतक उस सयमकी योग्यता नहीं। संयम बिना ससारके नाशका उपाय नहीं अत' सयमकी रक्षापूर्वक ही अपने मनुष्य जीवनको यापन करो। अन्य मनुष्योंकी प्रवृत्ति देखकर तद्रूप न होजाओ। अपने परिणामोकी शक्ति देखकर ही उसका उपयोग करो।

(३०।८।४४)

२ सयमका पालन करो। अज्ञानावस्थामे जो भूल हो उसका प्रायश्चित्त करो। फिर आगे कभी वह भूल मत करो। सयमका पालना ही आत्महित है। सयमकी रक्षा करना कठिन है। भूख और प्यासका सहन करना कठिन नहीं। यदि अन्तरङ्गमे शान्ति है तब तृषा और क्षुधा कोई बाधक नहीं। और यदि अशान्ति है तब प्रथम तो सहना कठिन है साथ ही सयम और सयमीकी प्रतिष्ठा भी नहीं है।

(१७।५।४४)

३ मनुष्य जन्मकी सार्थकता इसीमे है कि स्त्री पुरुष सयमका पालन करें। [सयमके पालन करनेवाले इस लोक और परलोकमें आनन्दके पात्र होते है।

(५।७।४४)

४ मनुष्य जन्ममे सयमकी महती आवश्यकता है। सयम कोई ऐसी वस्तु नहीं जिसे हम प्राप्त न कर सके। इन्द्रियोंके द्वारा

विपर्योका अवबोध होता है तो होने दो परन्तु विषयोंमें रागबुद्धि न हो यही संयम धारण करनेका मुख्य उपाय है।

(१८।८।४४)

५ नारकी और देवोंमें तो संयमही नहीं, तिर्यञ्चोंमें संयम नहीं केवल देशसंयम है परन्तु जितनी योग्यता मनुष्योंमें है वह अन्यत्र दुर्लभ है। ऐसे नरतनको पाकर संयमको न पालना समुद्रसे निकले मोतियाको फिर उसीमें फेंकदेना है।

(६।११।४४)

६ मानव जीवनकी सार्थकता संयम पालनेमें है। केवल बाह्य आचरणसे कुछ विशेष लाभ नहीं। लाभ तो आत्मामें शान्ति होनेसे है।

(१।११।४४)

संसार के कारण

विषयोंका अभाव होता है तो होने दो परन्तु विषयोंमें रागबुद्धि न हो यही संयम धारण करनेका मुख्य उपाय है।

(१८ । ८ । ४४)

५. नारकी और देवोंमें तो संयमही नहीं, तिर्यञ्चोंमें संयम नहीं केवल देशसंयम है परन्तु जितनी योग्यता मनुष्योंमें है यह अन्यत्र दुर्लभ है। ऐसे नररत्नको पाकर संयमको न पालना समुद्रसे निकले मोतियोंको फिर उसीमें फेंकदेना है।

(६ । ११ । ४४)

६. मानव जीवनकी सार्थकता संयम पालनेमें है। केवल बाह्य आचरणोंसे कुछ विशेष लाभ नहीं। लाभ तो आत्मामें शान्ति होनेसे है।

(३ । ११ । ४४)

संसार के कारण

१ अनादि कालसे आत्मा वास्तविक आत्माको नहीं जानता। इसीसे परको आत्मा मान अनन्त ससारका पात्र बन रहा है। इसी परिभ्रमण परम्परासे चतुर्गति ससारमें नाना जन्म मरण सम्बन्धी दु खोका भोक्ता होरहा है। विपर्यय ज्ञानसे किसीको सुख नहीं हो सकता, क्योंकि जबतक मिथ्या कल्पना है तबतक सुख काहे का ?

२ जिन जीवोंने सङ्कोचमे आकर आत्मतत्त्वकी अवहेलना की वे जीव ससारके ही पात्र हैं। आत्मतत्त्व निर्विकल्प है, परपदार्थके निमित्तसे उसमें अनेकता आती है, वह अनेकता ही ससारकी जननी है। अनेकताहीमे परको अपनानेकी चेष्टा है। इस चेष्टासे हाथ कुछ भी नहीं आता, चन्द्रमाके प्रतिविम्बको पकड़ने की चेष्टासे चन्द्रमा नहीं पकड़ा जाता।

(१०।३।३९)

३ जगतमे सर्वदा वैभाविक परिणाम रहेगा। जिसका वैभाविक परिणाम मिट गया उसका जगत मिट गया।

(१६।६।३९)

४ 'ससारमे दु ख सिवाय सुख नहीं' यह कहना सामान्य मनुष्योंको मार्गपर लगानेके लिये है। दु खका मूलकारण मिथ्या-भाव है। उसके ससर्गसे ज्ञान मिथ्याज्ञान और चारित्र मिथ्या चारित्र कहलाता है। और यही ससारका कारण है।

(५।७।३९)

ससारका नाम अति कष्टदायक है जिसके श्रवणसे अच्छे अच्छे पण्डित, साहसी और पराक्रमी भी कम्पायमान होजाते हैं। परमार्थसे ससार है क्या ? यही तो कि वह केवल आत्माकी विभाव परिणति है, उसे हम रखनेकी चेष्टा करते हैं, इसीसे दु:खके पात्र होते हैं।

(६ । ५ । ४०)

१० यह एक मानी हुई बात है कि जितने विकल्प आत्मामे होते हैं वे सब अनात्मीय हैं। अनात्मीय वस्तुको अपना मानना मिथ्याज्ञान है, मिथ्याज्ञानका फल अनन्त ससार है। जबतक इस मिथ्याज्ञानका उदय रहता है तबतक आत्मा अपने स्वरूपको नहीं समझता। और अपने स्वरूपको समझे बिना पर सम्बन्धी ममता नहीं छूटती और परकी ममतामे चोरोकी तरह ससार कारागारका पात्र होता है।

(१७ । ६ । ४०)

११ सब कोई अपनेको ससार बन्धनसे छुड़ाना चाहते हैं। और उनका विपुल प्रयास भी इस विषयमे रहता है परन्तु प्रयास अन्यथा रहता है। कहाँतक लिखा जावे जो कारण ससार बन्धनके हैं उन्हींको मोक्षमार्गका साधन मान रहे है।

(२७ । १२ । ४०)

---

५ परकी कथा सुनना रागद्वेषकी जननी है। अनुकूलमें हर्ष प्रतिकूलमें विषाद, तथा इसी प्रकारकी धारणा होकर कालान्तरमें उसीकी उत्पादक होती है। जो मनुष्य वर्तमानमें जैसी परिणति करेगा कालान्तरमें उसीके अनुसार उत्पन्न होकर संसारका पात्र होगा।

(२ । ० । ३८)

६ आत्माकी शुद्धावस्थाका जो विकास नहीं होने देता उसीका नाम संसार है। संसार नाम पुद्गल द्रव्यका नहीं क्योंकि वह तो जड़ है। जड़में नाना दुखोंकी उत्पत्ति नहीं होती।

(। १ । ३८)

७ मङ्गलमय आत्माको अमङ्गलकारी बनाकर हम संसार यातनाके पात्र बन रहे हैं! अमङ्गल क्या वस्तु है? जो आत्मामें रागादि परिणामोंके निमित्तसे अनेक तथा बहुविध आकुलताएँ उत्पन्न होती हैं वही तो अमङ्गल है। अनादि कालसे हमारी इतनी कुवासनाएँ बन गई हैं कि रातदिन परपदार्थोंके विचारमें नाना प्रकारके इष्टानिष्ट कल्पना आकरके अपने आपको रेशम कीटककी तरह फँसा लेते हैं जिससे कि अन्तमें वही मरणके पात्र बनते हैं।

(१ । १ । ४)

८ सबको प्रसन्न करनेका अभिप्राय संसारका कारण है। संसारका मूलकारण आप और आपही मोक्षका कारण हैं। निर्विकार स्वरूपकी प्राप्तिके बिनाही यह संसार है।

(१५ । ३ । ४)

९. पराई वस्तुकी चाह करनेके सदृश अन्य पाप नहीं। अपराध नहीं। इसी पाप और अपराधसे आत्मा अनन्त संसारका पात्र होता है।

(११ । ५ । ४)

ससारका नाम अति कष्टदायक है जिसके श्रवणसे अच्छे अच्छे पण्डित, साहसी और पराक्रमी भी कम्पायमान होजाते हैं। परमार्थसे ससार है क्या ? यही तो कि वह केवल आत्माकी विभाव परिणति है, उसे हम रखनेकी चेष्टा करते हैं, इसीसे दु खके पात्र होते हैं।

(६ । ५ । ४०)

१० यह एक मानी हुई बात है कि जितने विकल्प आत्मामे होते हैं वे सब अनात्मीय हैं। अनात्मीय वस्तुको अपना मानना मिथ्याज्ञान है, मिथ्याज्ञानका फल अनन्त ससार है। जबतक इस मिथ्याज्ञानका उदय रहता है तबतक आत्मा अपने स्वरूपको नहीं समझता। और अपने स्वरूपको समझे विना पर सम्बन्धी ममता नहीं छूटती और परकी ममतामे चोरोंकी तरह ससार कारागारका पात्र होता है।

(१७ । ६ । ४०)

११ सब कोई अपनेको ससार बन्धनसे छुड़ाना चाहते हैं। और उनका विपुल प्रयास भी इस विषयमे रहता है परन्तु प्रयास अन्यथा रहता है। कहाँतक लिखा जावे जो कारण ससार बन्धनके हैं उन्हींको मोक्षमार्गका साधन मान रहे हैं।

(२७ । १२ । ४०)

कषाय

१ वह पुण्य भी नहीं जहाँ कषायोंकी तीव्रता रहती है। जिस कार्यके करनेसे अन्तमें कलुषताका उदय हो वह संसारमें ही सुखका उत्पादक नहीं, मोक्ष सुखको कैसे दे सकेगा ? अर्थात् *जिस तीव्र कषायके द्वारा पुण्यहीकी प्राप्ति दुर्लभ है* उस तीव्र कषाय द्वारा मोक्षमार्ग हो यह अत्यन्त असम्भव है। तीव्र कषायी जीवका मनुष्य भी जब आदर नहीं करते तब उसका देव क्या आदर करेंगे ?

(१८ । १ । ५१)

२ परके अनिष्ट करनेका भाव क्रोध है। यह आत्माकी विरुद्ध परिणति है। इसीके निमित्तसे आत्मा संसारमें दुःखी होता है। यदि जीव आपको आप समझे, *तथा 'कोई भी शक्ति संसारमें* ऐसी नहीं जो हमारा बिगाड़ कर सके' ऐसी श्रद्धा होजावे तब अनायास परके प्रति क्रोध न हो।

(१९ । १ । ५१)

३ जबतक यह कषाय अन्तरङ्गमें रहेगी तबतक बाह्य प्रवृत्ति मोक्षमार्गकी साधक नहीं प्रत्युत दम्भपोषक ही है। कषायोंके छिपानेके लिये जो प्रयास है वह माया कषाय है। और वह मोक्षमार्गका प्रबल शत्रु है।

१८ । १ । ५१)

४ इतनी कलुषता आत्माके अन्दर अनादि कालसे अभद्र रूप होरही है और नाना प्रकारके स्वाँग बना रही है। इन स्वाँगोंमें कई स्वाँग तो इतने भयानक हैं कि आपको दुःखरूप तथा अन्यको

भी दु:खरूप ही हैं। जैसे जब आत्मा क्रोधरूप होता है तब आपको तो दु:खदायी है ही किन्तु परको भी पीड़ाका निमित्त होता है।

(१९।३।३९)

५ कषायके कारण जब अन्तरङ्गमे और बाह्य प्रवृत्तिमे कुछ और ही व्यवहार होता है तब उसे अभद्र तथा अपवित्र व्यवहार कहा जाता है। इसे ही दम्भाचार या मायाचार भी कहा जाता है। ऐसे आचरणवाला व्यक्ति मोक्षमार्गका पथिक नहीं होसकता।

२५।५।३९)

६ कषाय आत्माकी विकृतावस्था और चारित्र गुणका विकार है। इसके परिणमन चार तरहके हैं—क्रोध, मान, माया और लोभ।

जब हमे क्रोध होता है तब हम अन्य पदार्थोंको जो हमे अनिष्टकर प्रतीत होते है नाश करनेकी चेष्टा करते हैं। चाहे वे नाश हो, न भी हो परन्तु हमारे भाव उनका अभाव करनेके हो ही जाते है।

मान कषायके उदयमे जगतके जीव तुच्छ दीखते हं। 'हम ही सर्वश्रेष्ठ हैं।' ऐसा मान होता है। इस भावनासे दूसरोको तुच्छ समझ उन्हें झुकाना चाहते हैं, भले ही वे झुकें, न झुकें परन्तु उन्हे नीचा दिखानेके भाव होते हैं।

माया कषायके उदयमें हृदयकी गति वक्र होजाती है। स्वाभाविक सरलताको छोड़ दुनियाँको अपने छल कपटसे ठगनेकी भावना होती है। भले ही वह ठगाई जाय, न ठगाई जाय परन्तु उसकी आँखोंमे धूल झोकनेकी चेष्टा की जाती है।

लोभ कषायके उदयमें सञ्चित सुख साधनोको भी उपयोगमे लानेके भाव नहीं होते। उदारता जब अपने प्रति भी नहीं होती

सब परके प्रति तो रागी ही कैसे ? संसारकी सम्पत्तिको अपनी बनानेका प्रयास होता है चाहे वह न्याय अन्यायसे कैसे भी हो।
(१५।८।२९)

७ क्रोधादि कषायोंके उद्वेगमें नाना अनर्थ होते हैं और उनका फल भी अत्यन्त भयावह एवं दुःखकर होता है। उनके सहवाससे आत्मामें निरन्तर अनेक प्रकारकी आधि व्याधि बनी रहती है जिनके कारण इसे स्वप्नमें भी चैन नहीं मिलता। उनको यह दूर करनेकी चेष्टा करे यह भाव दूर हो सकते हैं परन्तु यहाँ तो ऐसा भाव आत्मामें बैठा हुआ है कि यदि मैं इन विभावोंको दूर कर दूँगा तो मेरी मानमर्यादा सब चली जायगी। यह अज्ञान अवस्थामें असाध्य रोग है। हम इसकी जो भी चिकित्सा करते हैं वह सब इसके विरुद्ध है। हम जिन बाह्य-पदार्थोंके निमित्तसे क्रोधादि कषायरूप परिणमते हैं उन्हें दूर करनेकी चेष्टा करते हैं। जैसे हम घरके माता, पिता पुत्र कलत्र, बन्धु बान्धव आदि जो भी राग होनेमें निमित्त हो सकते हैं उनको त्यागकर शान्ति चाहते हैं परन्तु होता है इसके विपरीत ही। अर्थात् परिमित आदमियोंको छोड़कर अपरिमित आदमियोंके बन्धनमें फँस जाते हैं। घर तो परिचित व्यक्ति थे, उन्होंकी प्रकृतिके अनुकूल प्रवृत्ति करनेसे कभी शान्तिका भी आस्वाद आ जाता था। परन्तु यहाँ तो अहर्निश अपरिचितोंके अनुकूल प्रवृत्ति करते करते जन्म जाता है। घरके त्यागसे त्याग नहीं होता त्याग होता है इन विषय कषायोंके त्यागसे अभ्यन्तरकी मूर्च्छाके त्यागसे। परन्तु इस ओर हमारा लक्ष्य नहीं।
(७।८।५१ ।८।४)

८ आजकल मनुष्य अपनेको उत्तम और अन्यको अधम माननेकी चेष्टा करते हैं। इसमें उनकी प्रतिष्ठा नहीं प्रत्युत

हानि ही है, परन्तु कषायके आवेगमें यही होता है। आत्माका अकल्याण इसी कषायसे होता है। जिसने उसपर विजय प्राप्त की वही नर है।

(२२। ९। ४४)

९ यह मूढ़ जीव बाह्य प्रशंसामें आत्मगौरवको खो बैठता है। आत्मा न तो गौरवशाली है न लाघवशाली है, जैसा है वैसा ही है। यह गौरव लाघव विचार कषायके सद्भाव असद्भावसे होता है।

(२८। ९। ४४)

१०. मनुष्यके सबसे प्रबल मन है। उसकी वशतामें न रहो, प्रत्युत उसको अपने वश करो। उसके वश करनेका उपाय कषायोंकी कृशता करो, कषायोंको कृश किये बिना आत्मनिर्मलता का लाभ असम्भव है। जिन्होंने कषायोंको नहीं जीता उनका ज्ञान और तप निरर्थक है। जिनके लिये हम अपनी सारी शक्ति व्यय करते हैं यदि वही न हुआ तब इन बाह्य कारणोंसे कुछ भी लाभ नहीं।

(६। ११। ४४)

आग के अङ्गारे—अहंकार

१ यदि क्षयोपशम ज्ञानको पाया है तब उसे पराधीन जान अभिमान त्यागो। 'परका हमने उपकार किया है' यह अहंकार छोड़ो। न कोई किसीको देनेवाला है न कोई किसीका कुछ हरण करनेवाला ही। सभी कार्य साधक सामग्रीके संयोगसे होते हैं। केवल दैव या पुरुषार्थ भी कार्य साधक नहीं। और न तुम उस सामग्रीके उत्पादक या संयोजक ही हो अतः 'किसीका कार्य हमने सिद्ध कर दिया' यह अहंकार छोड़ो।

(१५।५।४९)

२. पर पदार्थ यदि अनुकूल परिणम गया तब केवल मान कषायकी पुष्टि हुई तथा साथ ही अहं बुद्धिकी पुष्टि हुई। इस पापसे जो बचा वही उत्तम है।

(३१।११।४)

३ प्रत्येक मनुष्यमें कुछ न कुछ विलक्षणता होती है। सहसा किसीको मूर्ख मत कहो क्योंकि आत्माका वास्तविक विकाश मोहके अभाव होनेपर केवलज्ञानावरणके अभावमें होता है। क्षयोपशम ज्ञान सर्वथा निर्मल नहीं। जिस पदार्थको ज्ञान-को मसार सत्य मान रहा है वह स्व गुणकी अपेक्षासे सत्य है। परिणामकी अपेक्षा मिथ्या है। अतः इस अल्प ज्ञानको पाकर अहंकार मत करो।

(१६।२।४)

४ कैसी मूर्खता है कि लोग अपने अहंकारकी रक्षाके

निमित्त द्रव्य भी व्यय करते हैं और शारीरिक कष्ट भी उठाते हैं फिर भी तात्त्विक लाभसे वञ्चित रहते हैं।

(२९।३।४०)

५ किसीके साथ अनुचित व्यवहार मत करो। असातोदय-की प्रबलतामें बडे-बड़े महापुरुष कष्टभाजन हो जाते हैं। यह सब कर्मकृत लीला है। यदि किसी कारणसे सामग्री मिली है तब उसका अभिमान मत करो।

(११।१०।४४

माया

१ माया सत्य व्रतकी घातिका है। इसकी कलुषतासे आत्मा निरन्तर मलिन भावका पात्र रहता है। जहाँ मलिनता है वहाँ व्रत रूपी स्वच्छताका उदय नहीं होता।

(११।२।१९)

२ संसारमें माया रहित व्यवहार बिना कोई भी कार्य नहीं हो सकता। यह अज्ञोंकी परम्परा है। इसके चक्रमें पड़कर व्यक्ति वैसे ही दुखी होता है जैसे काचके भीतर अपनी परछाईं देखकर भौंकनेवाला और माथा टकरानेवाला कुत्ता दुखी होता है।

(४।१।२)

३ मायाचारसे आत्मा मलीनताका पात्र हो जाता है और जहाँ मलीनता है वहाँ यथार्थ वस्तुकी प्रतीति नहीं होती। पदार्थ उत्कृष्ट होनेपर भी मलिन दर्पणमें जिस तरह उसका प्रतिबिम्ब स्वच्छ नहीं पड़ता ठीक उसी तरह पदार्थ साङ्गोपाङ्ग सर्वोत्कृष्ट होने पर भी मलिन आत्मामें उसका वैसा प्रतिभासक ज्ञान नहीं होता।

(२८।३।४)

४ मायाके द्वारा जिनका चित्त हरा गया है वे मनुष्य आसुरभावको प्राप्त होते हैं।

(९।१।७)

५. सरल परिणामोंका उपयोग वही कर सकता है जो

निष्कपट होगा। जिनके अन्तरङ्गमे माया है वह यथार्थ व्यवहार करनेके योग्य नही।

(२१ । ९ । ४०)

६ ससारकी परिणति अति वक्र हो रही है और वक्रता ही ससारकी मूल है। वक्रताका कारण दुर्वासना है। जबतक वासनाकी निर्मलता न हो तबतक ससारका अन्त न होगा।

(११।११।४०)

७ जो जीव ससारमे रहना चाहते हैं उन्हे ही मायाचारी कथा रुचती है। वे जीव स्वय मायावी होते हैं। मायावियोकी ही ससारमें प्रतिष्ठा होती है।

(४ । ७ । ४४)

८ जगत एक मायाका जाल है। जो जीव रागी हैं वही आकर इसमे फँसते हैं और मायाके निर्मम कटाक्षोके वेधनेसे आत्मज्ञान पराङ्मुख होकर अनन्त ससारकी यातनाओंके पात्र होते हैं।

(११ । ८ । ४४)

पापका बाप—लोभ

१ लोभ पापका बाप कहा जाता है। बहुतसे मनुष्य लोभके वशीभूत होकर नाना अनर्थ करते हैं। आज संसार दुखी है, लोभ ही उसका मूल हेतु है। हजारों मनुष्योंके प्राण लोभके वशीभूत होकर चले गये। आज संसारमें संग्राम हो रहा है, उसका कारण राज्यकी लिप्सा है। आज जितने घातक यन्त्रोंका आविष्कार हो रहा है, उसका कारण लोभ है। इन यन्त्रोंसे असंख्य प्राणियोंका जो घात हो रहा है उसको सुनते देखते हृदय काँप उठता है।

(१२।५।७९)

२ वही मनुष्य सन्तोष करेगा जिसे लोभ या भय होगा। इस कषायके वशीभूत होकर आत्मा नाना अनर्थ करता है। जिन्हें भय है वे मोक्षमार्गसे वञ्चित रहते हैं, जिन्हें लोभ है वे अपना पराया घात करनेमें संकोच नहीं करते। लोभके वशीभूत हो माता पुत्रवध तक करनेमें संकोच नहीं करती।

१२।१।१४)

३ लोभके अधीन यह आत्मा यथाख्यात चारित्रसे वञ्चित रहता है।

(१२।१।१४)

४ हमारे जो लोभ कषाय होती है तन्मूलक ही हिंसादि पाप होते हैं। लोभके वशीभूत होकर ही क्रोधादि कषायोंकी प्रवृत्ति होती है। देखा गया है कि बाह्य परिग्रह लोभमें पिताने पुत्रका और पुत्रने पिताका घात कर लिया।

(८।९।४४)

राजरोग—राग

१ विशेष मनुष्योंके साथ सम्पर्क न करो। सम्पर्क ही राग-का कारण है। रागके विषयको त्यागनेसे भी रागकी निवृत्ति होती है। निर्विषय राग कहातक रहेगा? सर्वथा ऐसा सिद्धान्त नहीं कि पहले राग छोडो पश्चात् विषय त्यागो।

(२४।५।४९)

२ आत्माको निर्मल बनानेके लिये हमें राग-द्वेष-मोहका त्याग करना चाहिये। जिन वस्तुओंके निमित्तसे राग होता है उनका भी त्याग करना चाहिये।

(१२।७।४९

३ "जो जो देखा वीतराग ने, सो सो होसी वीरा रे।" इस वाक्यसे सन्तोष कर लेना अन्य बात है और पुरुषार्थ कर रागद्वेषका निपात करना अन्य बात है। रागद्वेष ऐसे कोई वज्र नहीं है जो भेदे न जा सकें। अपनी भूलसे यह होते हैं और अपनी बुद्धिमत्तासे विलय हो सकते हैं। कायरतासे इनकी सत्ता नहीं जाती। ये वैभाविक भाव हैं, आत्माको क्लेश कारक हैं। इनके सद्भावमें आत्माको बेचैनी रहती है। उसके अर्थ ये नाना प्रकार-के उपाय करता है। उससे बेचैनीका ह्रास नहीं होता प्रत्युत वृद्धि होती है।

(१७।९।४८)

४ प्रत्येक पदार्थ जबतक विकृत नहीं होता तभीतक उसकी प्रतिष्ठा है। जहा विकृत हुआ उसे छूनेका भी उत्साह नहीं होता। जब आम्रका रस बिगड़ जाता है तब उसे खानेकी इच्छा नहीं

जाती। इसी तरह जब आत्मा रागादि पापोंसे कलङ्कित हो जाता है उस समय उसे पापी चाण्डाल, नीच आदि अनेक क्षुद्र शब्दों से व्यवहृत करने लगते हैं।

(७।३।४१)

५ अन्तरङ्ग रागद्वेषका जीतनेमें केवल कथा और शास्त्र स्वाध्याय ही कारण नहीं है अपितु पर पदार्थोंमें जो इष्टानिष्ट कल्पना होती है उसे न होने देनेका पुरुषार्थ करना भी आवश्यक कारण है। पर को पर जानना ही इसका मुख्य उपाय है। अपने-को ज्ञान दर्शन गुणका आधार जान परसे ममत्व हटानेका प्रयत्न ही इसके लिये मुख्य प्रयत्न है।

(२३।११४९)

६ चाहे पुरुष हो चाहे स्त्री हो चाहे बालक हो सभीके साथ राग रखना अनिष्टकारी है। यहाँतक कि जड़ पदार्थोंके साथ भी राग सुखकर नहीं।

(१५।६।४९)

७ रागादिक परिणामोंसे आत्मा वर्तमान में तन्मय हो रहा है और इन्हींको स्वकीय सर्वस्व समझ रहा है। यही कारण है कि महापुरुषों द्वारा दिये गये उपदेशोंका श्रवण करके भी शान्तिके स्वादसे वञ्चित रहता है। बाह्य पदार्थोंकी अवस्थाके अनुकूल और प्रतिकूल भावोंकी उत्पत्ति कर दुखी होता है।

(२९।७।४९)

८ आत्माका जो परिणमन आकुलताकी उत्पत्ति करे वही संसारका मूल्य है। संसार नाम रागादिरूप आत्माकी परिणतिका है। संसारमें मनुष्य मात्रके प्रायः कहीं राग और कहीं द्वेष रूप परिणाम होते हैं। जो पदार्थ अपने अनुकूल है, उसमें रुचिरूप परिणामका होना ही राग है और जो पदार्थ अनुकूल नहीं उसमें

अरुचिरूप परिणाम होना ही द्वेप है। इन्हीं दोनोका फल यह ससार है।

(१९ । १० । ३९)

९ पर पदार्थ हमे इसके लिये बाध्य नहीं करते कि हममे निजत्वकी कल्पना करो, किन्तु हम स्वय अपने रागद्वेपके आवेशमे आकर उनमे निजत्व और परत्वकी कल्पना करते हैं। वह भी नियमित रूपसे नहीं। देखा यह गया है कि जिसे निज मान रहे हैं, वही जहाँ हमारे अभिप्रायके विरुद्ध हुआ, हम उसे पर जान त्याग करनेकी इच्छा करते हैं और जो पर है यदि वह हमारे अनुकूल होगया तो शीघ्र ही उसे ग्रहण करनेकी चेष्टा करते हैं।

(२२ । ५ । ४०)

१०. "ससारमें सभी पदार्थोंको समान देखो" इसका यह अर्थ नहीं कि गधा-घोड़ा, स्वर्ण-लोहा, सभीको समान समझो किन्तु यह अर्थ है कि किसी पदार्थमें राग द्वेष न करो।

(२१ । ५ । ४०)

११. "आत्मवृत्तिको सङ्कुचित करो" इसका यह तात्पर्य नहीं कि पदार्थोंके जाननेका प्रयत्न ही न करो, अपितु इसका यह तात्पर्य है कि पदार्थोंको जानो और उनके गुण पर्यायोका अच्छी तरह मनन करो, किन्तु उनमे राग द्वेप न करो, क्योंकि ससार वल्लरीका कारण यह राग द्वेष ही है, जानना नहीं।

(२ । ६ । ४०)

१२ एक स्थानपर रहनेसे मनुष्य समाजमें स्नेह होजाता है और वही स्नेह बन्धका कारण है। आजतक जिनका अध पतन हुआ इसी स्नेहके द्वारा हुआ है। यदि इसको न त्यागा तब जन्म पाना ही विफल है।

(३ । ११ । ४४)

होती। इसी तरह जब आत्मा रागादि पापोंसे कलङ्कित हो जाता है उस समय उसे पापी, चाण्डाल, नीच आदि अनेक क्षुद्र शब्दों से व्यवहृत करने लगते हैं।

(५।२।५१)

५ अन्तरङ्ग रागद्वेषका जीतनमें केवल कथा और शास्त्र स्वाध्याय ही कारण नहीं है अपितु पर पदार्थोंमें जो इष्टानिष्ट कल्पना होती है उसे न होने देनेका पुरुषार्थ करना भी आवश्यक कारण है। पर को पर जानना ही इसका मुख्य उपाय है। अपने-का ज्ञान दर्शन गुणका आधार जान परसे ममत्व हटानेका प्रयत्न ही इसके लिये मुख्य प्रयत्न है।

(२३।११।४९)

६ चाहे पुरुष हो चाहे स्त्री हो चाहे बालक हो सभीके साथ राग रखना अनिष्टकारी है। यहाँतक कि जड़ पदार्थोंके साथ भी राग सुखकर नहीं।

(१५।६।४९)

७ रागादिक परिणामोंसे आत्मा वर्तमान में तन्मय हो रहा है और इन्हींको स्वकीय सर्वस्व समझ रहा है। यही कारण है कि महापुरुषों द्वारा किये गये उपदेशोंको श्रवण करके भी शान्तिके स्वादसे वञ्चित रहता है। बाह्य पदार्थोंकी अवस्थाके अनुकूल और प्रतिकूल भावोंकी उत्पत्ति कर दुःखी होता है।

(१९।१०।४९)

८ आत्माका जो परिणमन आकुलताकी उत्पत्ति करे वही संसारका मूल्य है। संसार नाम रागादिरूप आत्माकी परिणतिका है। संसारमें मनुष्य मात्रके प्राय कहीं राग और कहीं द्वेष रूप परिणाम होते हैं। जो पदार्थ अपने अनुकूल है, उसमें रुचिरूप परिणामका होना ही राग है और जो पदार्थ अनुकूल नहीं उसमें

मोह महाभट

१. जिस दिन मोहका अभाव होगा यह सब प्रक्रिया मिट जावेगी। मोहकी मन्दता और तीव्रतामें शुभ अशुभ मार्गकी सत्ता है। जिस समय मोहका अभाव होता है ज्ञानावरणादि तीन घातिया कर्म अन्तर्मुहूर्त में स्वयमेव लय होजाते हैं, उनके नाशके लिये किसी प्रयत्नकी आवश्यकता नहीं।

(२१। ४। ४९)

२ राग द्वेष मोह संसारके मूल हैं। इन तीनोंमें मोह प्रधान है। इसके बिना राग द्वेष पूर्ण कार्यकारी नहीं।

(२९। ४। ४९)

३ अभ्यन्तर मोहकी परिणति इतनी प्रबल है कि इसके प्रभावमें आकर जरा भी रागांशको त्यागना कठिन है। अधिकसे अधिक त्याग केवल वाह्य रूपादि विषयोंका प्रत्येक मनुष्य कर सकता है किन्तु आन्तरिक त्याग करना अति कठिन है।

(२। ७। ४९)

४. मानव समुदाय एक मिनिट भी आनन्दसे रहने देनेमें असमर्थ है। मेरा यह विश्वास है कि मोही जीवको कहीं सुख नहीं।

(२२। ८। ४९)

५ मदिराके नशासे भी मोहका नशा भयङ्कर है। इस नशेके वेगमें बड़े बड़े भयङ्कर कार्य होते हैं, भयङ्कर तथा श्रेयस्कर कार्य भी होते हैं।

(२०। १०। ४९)

१२ जब वस्तुका यथार्थ बोध हो जाता है उसके बाद ही रागादि कम होनेका अवसर आता है। रागादिकोंकी उत्पत्तिमें मुख्यतया तो दर्शन मोह ही कारण है। यद्यपि चारित्रमोहकी परिणति रागद्वेष है परन्तु हम अनादिकालसे अनात्मीय पदार्थोंको आत्मीय समझते हैं और जिसको हम आत्मीय समझते हैं उसमें स्वयमेव निजत्वकी कल्पनाकर रागसे उसकी ओर झुकते हैं।

(० ८ । ११ । ४४)

मोह महाभट

१. जिस दिन मोहका अभाव होगा यह सब प्रक्रिया मिट जावेगी। मोहकी मन्दता और तीव्रतामें शुभ अशुभ मार्गको सत्ता है। जिस समय मोहका अभाव होता है ज्ञानावरणादि तीन घातिया कर्म अन्तर्मुहूर्त में स्वयमेव लय होजाते हैं, उनके नाशके लिये किसी प्रयत्नकी आवश्यकता नहीं।

(२१।४।४९)

२ राग द्वेष मोह संसारके मूल हैं। इन तीनोंमें मोह प्रधान है। इसके बिना राग द्वेष पूर्ण कार्यकारी नहीं।

(२६।४।४५)

३. अभ्यन्तर मोहकी परिणति इतनी प्रबल है कि इसके प्रभावमें आकर जरा भी रागांशको त्यागना कठिन है। अधिकसे अधिक त्याग केवल बाह्य रूपादि विषयोंका प्रत्येक मनुष्य कर सकता है किन्तु आन्तरिक त्याग करना अति कठिन है।

(२।७।४९)

४ मानव समुदाय एक मिनिट भी आनन्दसे रहने देनेमें असमर्थ है। मेरा यह विश्वास है कि मोही जीवको कहीं सुख नहीं।

(२२।८।४९)

५ मदिराके नशासे भी मोहका नशा भयङ्कर है। इस नशेके वेगमें बड़े बड़े भयङ्कर कार्य होते हैं, भयङ्कर तथा श्रेयस्कर कार्य भी होते हैं।

(२०।१०।४२)

६ हृदयकी दुर्बलता बहुत ही कष्टदायक है। मोहके कारण यह दुर्बलता है। इसका जीतना महान् कठिन है।

(१४।११।४९)

७ इच्छा करना यथार्थ न कहना, किसीके प्रभावमें आ जाना यह सब मोहके ही परिणाम हैं।

(१।५।५१)

८ अशान्तिका मूल स्वयं है और जहाँतक अपनी निर्मलता रहेगी तबतक अशान्ति नहीं जा सकती क्योंकि अशान्तिका उत्पादक यह बहुरूपिया मोह है।

(५।११।४)

९. घातिया कर्मोंमें मोहनीय कर्म ही एक ऐसा कर्म है जो अपनी सत्ता रखता है और शेष जो ज्ञानावरण दर्शनावरण और अन्तराय कर्म हैं उनकी भी सत्ता रखता है; क्योंकि स्थिति और अनुभागबन्धका कारण कषाय भाव है और कषायकी उत्पत्तिमें कारण मोहोदय है। आचार्योंने मोहकर्मके दो भेद किये हैं—एक दर्शनमोह दूसरा चारित्रमोह। इस आत्मामें अनादि कालसे इन कर्मोंका सम्बन्ध है इनके उदयमें आत्माका यथार्थ ज्ञान नहीं होता। जैसे मदिरा पान करनेवाला पागल होजाता है, उसे स्वपर विवेक नहीं रहता ठीक यही दशा मोहकर्मकी है। उसके विपाककालमें स्वपरका भेदज्ञान नहीं रहता। स्वपरका विवेक न रहनेसे परपदार्थको अपनानेकी चेष्टा करता है जो कि सर्वथा असम्भव है। जब वह अपने अनुकूल परिणमन नहीं करते तब दुखी होता है।

(१२।१ ४)

१० हम लोग मोही हैं। एक घर छोडकर ससारको अपना घर बनानेकी चेष्टा करते हैं। व्रत त्यागीके लेते हैं परन्तु त्यागके महत्त्वको नहीं समझते। यही कारण है कि दर दर के स्नेही हैं और यही स्नेह नरकका कारण होगा।

(१०।७।४४)

११ बहुतसे मनुष्य पहिले प्रतिज्ञा ले लेते हैं परन्तु निर्वाहके समय भङ्ग करनेमे सङ्कोच नहीं करते। यह सब लीला मोहकी है। मोहका विलास बहुत ही प्रभाव रखता है। यह जो ससारका दृश्य है उसीका परिवार है।

(१५।८।४४)

१२ ससारमे आनेका मोह और जानेका मोह दोनो ही दु खप्रद हैं। किन्तु आनेमे हर्ष और जानेमें विषाद दोनों ही मोह पोषक हैं। पर वस्तुको उपादेय मानना यह भी मिथ्या और वियोगमें विषाद यह भी मिथ्या परिणति है।

(२०।१०।४४)

---

६ इस धर्मकी दुरवस्था बहुत ही कार्यबाधक है। मोहके कारण यह दुरवस्था है। इसका जीतना महान् कठिन है।

(१२।११।४९)

७ लज्जा करना, यथार्थ न कहना, किसीके प्रभावमें आ जाना यह सब मोहके ही परिणाम हैं।

(२।५।४९)

८. अशान्तिका मूल स्वयं है और जहाँतक अपनी निर्बलता रहेगी तबतक अशान्ति नहीं जा सकती क्योंकि अशान्तिका उत्पादक यह बहुरूपिया मोह है।

(५।१।४)

९. घातिया कर्मोंमें मोहनीय कर्म ही एक ऐसा कर्म है जो अपनी सत्ता रखता है और शेष जो ज्ञानावरण दर्शनावरण और अन्तराय कर्म हैं उनकी भी सत्ता रखता है, क्योंकि स्थिति और अनुभागबन्धका कारण कषाय भाव है और कषायकी उत्पत्तिमें कारण मोहोदय है। आचार्योंने मोहकर्मके दो भेद किये हैं—एक दर्शनमोह दूसरा चारित्रमोह। इस आत्मामें अनादि कालसे इन कर्मोंका सम्बन्ध है इनके उदयमें आत्माका यथार्थ ज्ञान नहीं होता। जैसे मदिरा पान करनेवाला पागल हो जाता है, उसे स्वपर विवेक नहीं रहता ठीक यही दशा मोहकर्मकी है। इसके विपाककालमें स्वपरका भेदज्ञान नहीं रहता। स्वपरका विवेक न रहनेसे परपदार्थको अपनानेकी चेष्टा करता है जो कि सर्वथा असम्भव है। जब वह अपने अनुकूल परिणमन नहीं करते तब दुःखी होता है।

(१२।३।४)

१०. हम लोग मोही हैं। एक घर छोड़कर ससारको अपना घर बनानेकी चेष्टा करते हैं। व्रत त्यागीके लेते हैं परन्तु त्यागके महत्त्वको नहीं समझते। यही कारण है कि दर दर के स्नेही हैं और यही स्नेह नरकका कारण होगा।

(१० । ७ । ४४)

११ बहुतसे मनुष्य पहिले प्रतिज्ञा ले लेते हैं परन्तु निर्वाहके समय भङ्ग करनेमें सङ्कोच नहीं करते। यह सब लीला मोहकी है। मोहका विलास बहुत ही प्रभाव रखता है। यह जो ससारका दृश्य है उसीका परिवार है।

(१५ । ८ । ४४)

१२ ससारमें आनेका मोह और जानेका मोह दोनो ही दु खप्रद है। किन्तु आनेमे हर्ष और जानेमे विषाद दोनों ही मोह पोषक हैं। पर वस्तुको उपादेय मानना यह भी मिथ्या और वियोगमें विषाद यह भी मिथ्या परिणति है।

(२० । १० । ४४)

पिशाच परिग्रह

१ संसारमें दुःखोंका कारण परिग्रह पिशाच है। यह जहाँ आया अच्छे अच्छे महापुरुषोंकी मति भ्रष्ट कर देता है। परिग्रहकी मूर्च्छा इतनी प्रबल है कि आत्माको आत्मीय ज्ञानसे वंचित कर देती है। जबतक इसका सद्भाव है आत्मा यथाख्यात चारित्रसे वंचित रहता है। अविरत अवस्थासे पार होना कठिन है।

(१।१।४२)

२ दानके माने द्रव्यसे ममत्व त्याग देना है। दान देकर उससे ममता रखनी दानके परिणामोंका विघात है। मनुष्य आवेगमें आकर दान तो कर बैठता है और लोगोंसे धन्यवाद भी ले लेता है। पश्चात् जब अन्तरङ्गसे विचार करता है कि मैंने बड़ी गलती की जो यों ही रुपया दे आया। रुपयेसे संसारमें मेरी प्रतिष्ठा है। इसके प्रसादसे बड़े बड़े महान पुरुष मेरे द्वारपर चक्कर लगाते हैं। कहाँतक कहूँ बड़े बड़े विद्वान् भी इसकी प्रतिष्ठा करते हैं। प्राचीन राजाओंकी प्रशंसाके जो काव्य बने हैं इसी द्रव्यके लालचमें पड़कर उन्होंने यह कार्य किया है।

(१३।६।४९)

३ जब परिग्रह नहीं तब कलुषित होनेका कोई कारण ही नहीं। किन्तु वास्तवमें देखा जावे तब हमने परिग्रह त्यागा ही नहीं। जिसको त्यागा वह तो परिग्रह ही नहीं। वह तो पर पदार्थ है, उसका त्यागना ही भूल है। उनका तो आत्मासे कोई सम्बन्ध ही नहीं। आत्मा तो दर्शन ज्ञान चारित्रका पिण्ड है। जब मोहके

विपाकसे कलुषता आती है। वह चारित्र गुणकी विपरिणति है। उसे त्यागना चाहिये। उसका त्याग यही है परन्तु उसका खेद मत करो। उसमें निजत्व कल्पना भी मत करो।

(२४ । ९ । ४९)

४ गृद्धपिच्छ स्वामीने **'मूर्च्छा परिग्रहः'** मूर्च्छाहीको परिग्रह कहा है। **'ममेदं बुद्धिलक्षणं मूर्च्छा'** अर्थात् जहाँ प्रमादसे पर वस्तुमें 'यह मेरी है' ऐसी भावना होती है वही मूर्च्छा है। मूर्च्छा कहो परिग्रह कहो एक ही बात है। इसके त्यागका उपाय अति कठिन है। मेरी समझमें जब मोहका अभाव हो तभी यह जाती है।

(१५ । ३ । ३९)

५ परिग्रहके सञ्चयसे मूर्च्छा तो होती है किन्तु अधिकतर मनुष्य शत्रु और मित्र बनते हैं। इसका मूल कारण यह है कि परिग्रह प्राणीमात्रको अपने जालमें फँसाए है। कहाँतक कहें इसका दुष्प्रभाव निगोदसे लेकर सर्वार्थसिद्धितक है। परमात्मासे मोक्षकी चाह करना भी परिग्रह है।

(२१ । ७ । ३९)

६ जिसके जितनी बाह्य सामग्री होगी वह कषायोदयसे उत्पन्न वेदनाका उतना ही प्रतिकार करेगा। कल्पना कीजिये कि देवदत्त राजा है, यज्ञदत्त उसका अङ्ग रक्षक है। दोनोंको एक साथ बहुत ही भयानक फोड़े होगये। राजाके फोड़ेकी चिकित्साके लिये अच्छे अच्छे वैद्य और बहुमूल्य वस्तुएँ लाई गईं, और अङ्गरक्षकके फोड़ेकी चिकित्साके लिये जङ्गलसे एक साधारण जड़ी लाई गई। दोनोंके फोड़े एकसे थे, एक साथ ही आराम हुआ, परन्तु चिकित्सामें अन्तर था। ऐसा ही अन्तर बहु परिग्रही

पिशाच परिग्रह

१ संसारमें दुःखादिका कारण परिग्रह पिशाच है। यह जहाँ आया अच्छे अच्छे महापुरुषोंकी मति भ्रष्ट कर देता है। परिग्रहकी मूर्च्छा इतनी प्रबल है कि आत्माको आत्मीय ज्ञानसे वञ्चित कर देती है। जबतक इसका सद्भाव है आत्मा यथाख्यात चारित्रसे वञ्चित रहता है। अविरत अवस्थासे पार होना कठिन है।

(१।१।४९)

२ दानके मानी द्रव्यसे ममत्व त्याग देना है। दान देकर उससे ममता रखनी दानके परिणामोंका विघात है। मनुष्य आवेगमें आकर दान तो कर बैठता है और लोगोंसे धन्यवाद भी ले लेता है। पश्चात् जब अन्तरङ्गसे विचार करता है कि मैंने बड़ी गलती की जो योंही रुपया दे आया। रुपयेसे संसारमें मेरी प्रतिष्ठा है। इसके प्रसादसे बड़े बड़े महान पुरुष मेरे द्वारपर चक्कर लगाते हैं। कहाँतक कहूँ बड़े बड़े विद्वान् भी इसकी प्रतिष्ठा करते हैं। प्राचीन राजाओंकी प्रशंसाके जो काव्य बने हैं इसी द्रव्यके आश्रयमें पड़कर उन्होंने यह कार्य किया है।

(१२।१।४९)

३ अब परिग्रह नहीं तब कलुषित होनेका कोई कारण ही नहीं। किन्तु वास्तवमें देखा जावे तब हमने परिग्रह त्यागा ही नहीं। जिसको त्यागा वह तो परिग्रह ही नहीं। वह तो पर पदार्थ है, उसका त्यागना ही भूल है। उनका तो आत्मासे कोई सम्बन्ध ही नहीं। आत्मा तो दर्शन ज्ञान चारित्रका पिण्ड है। उस मोहके

जिसमें ममभाव होता है उसे बाह्यपरिग्रह कहते हैं जैसे असिको हिंसक कह देना।

(२८।४।४०)

११ अन्तरङ्गसे मूर्च्छा नहीं जाती इसका कारण आत्म-दुर्बलता है। अभी उन पर पदार्थोंको हम अपना साधक और बाधक समझ रहे हैं। यही साधक बाधकभाव मूर्च्छाके साधक हैं। साधकभाव एक तो पुण्यके कारण हैं और एक पापके कारण हैं।

(५।६।४०)

१२ वास्तवमें गृहभार अन्य कुछ नहीं अपनी ही मूर्च्छाने यह रूप दे रखा है कि उसे हेय जानता हुआ भी यह जीव उसे त्याग नहीं सकता। मूर्च्छाके अभावमें चक्रवर्तीकी विभूति भी भार नहीं और मूर्च्छाके सद्भावमें एक फूटी कानी कौडी भी भार है।

(३०।६।४०)

१३ परिग्रहसे मूर्च्छा होती है चाहे खाओ चाहे न खाओ। आज इसी परिग्रहके कारण यूरोपमें हाहाकार मच रहा है।

(३१।१२।४०)

१४ परिग्रह सबसे बुरी बला है। इससे अपनी रक्षा करना कठिन है। सब पापोंका मूल परिग्रह है। अन्य पाप इसके ही परिवार हैं।

(७, ८।६।४०)

१५ चेतन परिग्रहके भोगनेमें पर द्रव्यको भोगकर हम अपना ही घात नहीं करते किन्तु उसको भी रागी बनाकर उसका भी घात करते हैं। अचेतन परिग्रहके भोगनेमें हम उतने अपराधी नहीं।

(२४।९।४४)

और अल्प परिग्रहीकी लालसा जन्य वेदनाके शमन करनेवाले कारणोंमें होता है।

(१०।८।१९)

७ 'परिग्रह दुःखदायी है' केवल यह जानकर यदि परिग्रहका त्याग करे तब क्या वह परिग्राजक कहला सकता है? कभी नहीं। राजा जनकको जो 'विदेह' शब्दसे व्यपदेश किया गया है उसका यही कारण है कि उनकी परिग्रहमें आसक्ति न थी। फिर भी परिग्रह मूर्च्छाका निमित्त कारण ही है यदि ऐसा न होता तब सन्यासमार्गकी आवश्यकता ही न थी। अत यह परिग्रह मूर्च्छाके निमित्त हैं इनका त्याग ही श्रेयस्कर है।

(७।९।१९)

८ परिग्रहका अर्थ है सम्यक् प्रकारसे पर वस्तुको अपना मानना। तब जिसको त्यागकर लोग दानी बनते हैं वह वस्तु तो आत्मासे भिन्न है, उसको अपना मानना ही अन्याय है। वह तो पर है, पर वस्तुको जो ग्रहण करते हैं वे चोर हैं।

(११।१।५१)

९ संसारमें परिग्रह त्यागना उत्कृष्ट है परन्तु त्यागकर संग्रह करना तो अति निन्द्य है। सम्पूर्ण परिग्रहके त्यागी दिगम्बर मुद्रा धारणकर एकान्तवास या साधुसमागम द्वारा आत्म कल्याण करते हैं परन्तु त्यागी या साधु होकर भी जो इसके विपरीत ही आचरण करते हैं वे संसार समुद्रमें ऐसे डूबते हैं कि किनारे लगनेका कोई ठिकाना ही नहीं पाते।

(१२।३।४)

१० परिग्रह एक पिशाच है। इसके वशीभूत होकर मनुष्य नाना प्रकारके अनर्थोंको उपार्जन करते हैं। यह संसार ही परिग्रह मूलक है। अन्तरङ्ग और बहिरङ्गके भेदसे यह दो प्रकारका है। अन्तरङ्ग परिग्रहका सम्बन्ध आत्मासे है और यही पदार्थ

जिसमें ममभाव होता है उसे बाह्यपरिग्रह कहते हैं जैसे अग्निको हिंसक कह देना।

(२८ । ४ । ४०)

११. अन्तरङ्गसे मूर्च्छा नहीं जाती इसका कारण आत्म-दुर्बलता है। अभी उन पर पदार्थोंको हम अपना साधक और बाधक समझ रहे हैं। यही साधक बाधकभाव मूर्च्छाके साधक हैं। साधकभाव एक तो पुण्यके कारण हैं और एक पापके कारण हैं।

(५ । ६ । ४०)

१२. वास्तवमें गृहभार अन्य कुछ नहीं अपनी ही मूर्च्छाने यह रूप दे रखा है कि उसे हेय जानता हुआ भी यह जीव उसे त्याग नहीं सकता। मूर्च्छाके अभावमें चक्रवर्तीकी विभूति भी भार नहीं और मूर्च्छाके सद्भावमें एक फूटी कानी कौडी भी भार है।

(३० । ६ । ४०)

१३. परिग्रहसे मूर्च्छा होती है चाहे खाओ चाहे न खाओ। आज इसी परिग्रहके कारण यूरोपमें हाहाकार मच रहा है।

(३१ । १२ । ४०)

१४ परिग्रह सबसे बुरी बला है। इससे अपनी रक्षा करना कठिन है। सब पापोंका मूल परिग्रह है। अन्य पाप इसके ही परिवार हैं।

(७, ८ । ६ । ४०)

१५ चेतन परिग्रहके भोगनेमें पर द्रव्यको भोगकर हम अपना ही घात नहीं करते किन्तु उसको भी रागी बनाकर उसका भी घात करते हैं। अचेतन परिग्रहके भोगनेमें हम उतने अपराधी नहीं।

(२४ । ९ । ४४)

और भस्म परिग्रहीकी लालसा जन्य वेदनाके शमन करनेवाले कारणोंमें होता है।

(२० ८।१९)

७ 'परिग्रह दुखदायी है' केवल यह जानकर यदि परिग्रहका त्याग करे तब क्या वह परिव्राजक कहला सकता है? कभी नहीं। राजा जनकको जो 'विदेह' शब्दसे व्यपदेश किया गया है उसका यही कारण है कि उनकी परिग्रहमें आसक्ति न थी। फिर भी परिग्रह मूर्च्छाका निमित्त कारण ही है यदि ऐसा न होता तब सन्यासमार्गकी आवश्यकता ही न थी। अतः यह परिग्रह मूर्च्छाके निमित्त हैं इनका त्याग ही श्रेयस्कर है।

(७।९।२९)

८ परिग्रहका अर्थ है सम्यक् प्रकारसे पर वस्तुको अपना मानना। तब जिसका त्यागकर लोग दानी बनते हैं यह वस्तु तो आत्मासे भिन्न है, उसको अपना मानना ही अन्याय है। यह तो पर है, पर वस्तुका जो ग्रहण करते हैं वे चोर हैं।

(३१।१ ।५१)

९ ससारमें परिग्रह छोड़ना उत्कृष्ट है परन्तु छोड़कर सग्रह करना तो अति निन्द्य है। सम्पूर्ण परिग्रहके त्यागी दिगम्बर मुद्रा धारणकर एकान्तवास या साधुसमागम द्वारा आत्म कल्याण करते हैं परन्तु त्यागी या साधु होकर भी जो इसके विपरीत ही आचरण करते हैं वे ससार समुद्रमें ऐसे डूबते हैं कि किनारे लगनेका कोई ठिकाना ही नहीं पाते।

(१२।३।७)

१ परिग्रह एक पिशाच है। इसके वशीभूत होकर मनुष्य नाना प्रकारके अनर्थोंको उपार्जन करते हैं। यह ससार ही परिग्रह मूलक है। अन्तरङ्ग और बहिरङ्गके भेदसे यह दो प्रकारका है। अन्तरङ्ग परिग्रहका सम्बन्ध आत्मासे है और वही पदार्थ

श्वाससे आत्मा मलिन होता है और मलि-
नेवाली है ।

(११ । १ । ४०)

यह जीव पर वस्तुओको अपनाता है और उन्हें
परिणमानेकी चेष्टा करता है तबतक अनन्त
कल्पनातीत दुःखोंका पात्र होता है ।

(३१ । १ । ४०)

संसर्गसे जितना राग होता है वह एकाकी रहनेसे
पानके चर्वण करनेपर ही मुँह लाल होता है, पृथक्
लिमा नहीं लाता ।

(२७ । ७ । ४४)

परपदार्थके संसर्गसे जिन्होंने आत्मपरिणतिको मलिन-
उन्होंने मनुष्य जन्मका मूल नहीं समझा ।

(१२ । ८ । ४४)

———

पर संसर्ग

१ तम्बाकूका संसर्ग जबतक अधरके साथ नहीं होता तबतक मुखमें लाली नहीं आती। इसी तरह जबतक कषायके अनुकूल विषयका संसर्ग नहीं होता तबतक उस कषायके अनुकूल कार्य नहीं होता। अच्छा यही है कि इन विषय कषायोंके कारण पर संसर्गसे दूर ही रहा जाय।

(७ । १ । ३९)

२ पर संसर्ग ही संसारमें अति प्रबल मोहका कारण है। इसके निमित्तसे जीवको नाना दुर्गतिके दुःखोंका पात्र बनना पड़ता है।

(१६ । १ । ३९)

३ जहाँ अपना शरीर ही सुखकर नहीं वहाँ अन्य पदार्थों या अन्य व्यक्तियोंका संसर्ग सुखकर मानना मूर्खताके सिवा और क्या है?

(२ । १ । ३९)

४ जितना अधिक सम्पर्क मनुष्योंके साथ करोगे उतने ही कलुषित परिणाम होंगे। यही वर्तमानमें आत्मबोधसे च्युत होनेका निमित्त भी होगा।

(२ । २ । ३९)

५ परके साथ सम्पर्क त्यागनेके लिये लज्जा त्यागो भय त्यागो हास्यादि त्यागो। केवल कथोपकथन करना समय (आत्मा) का दुरुपयोग है।

(१२ । २ । ३९)

६. परके सहवाससे आत्मा मलिन होता है और मलिनता ही पतन करनेवाली है।

(११ । १ । ४०)

७ जबतक यह जीव पर वस्तुओंको अपनाता है और उन्हें अपने अनुकूल परिणमानेकी चेष्टा करता है तबतक अनन्त ससारके अनन्त कल्पनातीत दु खोंका पात्र होता है।

(३१ । १ । ४०)

८ पर ससर्गसे जितना राग होता है वह एकाकी रहनेसे नहीं होता। पानके चर्वण करनेपर ही मुँह लाल होता है, पृथक् रहनेपर लालिमा नहीं लाता।

(२७ । ७ । ४४)

९ परपदार्थके ससर्गसे जिन्होंने आत्मपरिणतिको मलिन-कर दिया उन्होंने मनुष्य जन्मका मूल नहीं समझा।

(१२ । ८ । ४४)

पर ससर्ग

१ ताम्बूलका ससर्ग जबतक अधरके साथ नहीं होता तबतक मुखमें लाली नहीं आती। इसी तरह जबतक कषायके अनुकूल विषयका संसर्ग नहीं होता तबतक उस कषायके अनुकूल कार्य नहीं होता। अच्छा यही है कि इन विषय कषायोंके कारण पर संसर्गसे दूर ही रहा जाय।

(७ । १ । ४९)

२. पर ससर्ग ही ससारमें अति प्रबल मोहका कारण है। इसके निमित्तसे जीवको नाना दुर्गतियोंके दुःखोंका पात्र बनना पड़ता है।

(१६ । १ । ४९)

३ जहाँ अपना शरीर ही सुखकर नहीं वहाँ अन्य पदार्थों या अन्य व्यक्तियोंका ससर्ग सुखकर मानना मूर्खताके सिवा और क्या है ?

(२ । १ । ४९)

४ जितना अधिक सम्पर्क मनुष्योंके साथ करोगे उतने ही कलुषित परिणाम होंगे। यही वर्तमानमें आत्मबोधसे च्युत होनेका निमित्त भी होगा।

(२ । २ । ४९)

५ परके साथ सम्पर्क त्यागनेके लिये लज्जा त्यागो भय त्यागो हास्यादि त्यागो। व्यर्थ कथोपकथन करना समय (आत्मा) का दुरुपयोग है।

(१२ । २ । ४९)

६. परके सहवाससे आत्मा मलिन होता है और मलि-नता ही पतन करनेवाली है।

(११।१।४०)

७ जबतक यह जीव पर वस्तुओंको अपनाता है और उन्हें अपने अनुकूल परिणमानेकी चेष्टा करता है तबतक अनन्त संसारके अनन्त कल्पनातीत दुःखोंका पात्र होता है।

(३१।१।४०)

८. पर संसर्गसे जितना राग होता है वह एकाकी रहनेसे नहीं होता। पानके चर्वण करनेपर ही मुँह लाल होता है, पृथक् रहनेपर लालिमा नहीं लाता।

(२७।७।४४)

९. परपदार्थके संसर्गसे जिन्होंने आत्मपरिणतिको मलिन-कर दिया उन्होंने मनुष्य जन्मका मूल नहीं समझा।

(१२।८।४४)

कल्पना

१ कल्पनाके द्वारा यह आत्मा इस जगतका निर्माण करता है। कोई कहते हैं कि कल्पना मिथ्या है, उसका यह तात्पर्य है कि जिसे कल्पनामें विषय करता है वह ज्ञेय बाह्यमें नहीं। अतः उस बाह्य प्रमेयकी अपेक्षा उसे मिथ्या कहो परन्तु कल्पना तो आत्माका विभाव परिणाम है वह असत् नहीं। जैसे सीपमें चाँदीका ज्ञान होजाता है और इस ज्ञानको मिथ्या कहते हैं। मिथ्या ज्ञान विषयकी अपेक्षासे मिथ्या है स्वरूपसे तो सत् है अतः जितने विकल्प हैं वे स्वरूपसे सत् हैं।

(१ । ७ । ४)

२ चित्त क्या है? आत्माके ज्ञान गुणका परिणमन ही तो है। परन्तु इतना चञ्चल क्यों? चञ्चलताका अर्थ बदलता रहना है। परिवर्तन होनेसे क्या हानि है, सिद्धस्वरूप भी निरन्तर परिवर्तनशील है, आकाशादि पदार्थ भी निरन्तर परिवर्तनशील हैं। कोई भी वस्तु संसारमें ऐसी नहीं जो परिवर्तनशील न हो अन्यथा उत्पाद व्यय ध्रौव्यका अभाव ही होजावे क्योंकि एतत् क्रियात्मक ही वस्तु है। अतः विचारना चाहिये कि मनकी चञ्चलतामें कौनसा दुःखकर पदार्थ मिला है, जो हमें निरन्तर दुःखी रखता है। विचारनेसे इसका पता लगता है कि मन तो एक जाननेका साधन है, उस जाननेमें जो इष्टानिष्ट कल्पनायें होती हैं वही हमें निरन्तर दुःखी बनाए हैं। यदि यह कल्पनायें विलीन होजावें तो हम अनायास ही सुखके पात्र हो जावेंगे।

(२ । ९ । ७)

३. कल्पनाएँ क्यों होती हैं ? इसका कारण हम अनादि-कालसे परपदार्थोंको अपनाते हैं और उनमें जिसको अपनाते है उसी रूपमें वह रहे तब तो हम सुखी होजाते हैं परन्तु यदि अन्यथा रूप हुआ तो हम दुःखी होजाते हैं।

(३ । ० । ४०)

—— ——

सङ्कल्प विकल्प

१ विकल्प जाल इतना भीषण कार्य करता है कि बिना शस्त्रादिकके मर्मभेदन करता है। कौन ऐसा व्यक्ति है जो इसके प्रहारसे रक्षित हो ? वही हो सकता है जिसकी आत्मासे मोहका अस्तित्व चला गया है। परन्तु उसका पता तभी लगता है जब कि तुम्हारे हृदयमें पवित्र भावोंका आंशिक भी उदय हुआ हो।

(१७।५।४)

२ मोहके उदयमें नाना प्रकारके विकल्प होते हैं और प्रायः इनके शमन करनेका उपाय केवल एक ओर दृष्टिकी तत्परता ही है। इसीका नाम ध्यान है। ध्यानकी सिद्धि उसीके होगी जिसके पञ्चेन्द्रियोंके विषयमें इच्छा घट जावेगी। बिना इच्छाके विषय सेवन नहीं होता और विषय सेवनके अभावमें तृष्णा नहीं होती। तृष्णाके अभावमें आपसे आप निरीहवृत्तिकी वृद्धि होने लगती है। निरीहवृत्तिके सतत उपयोग होनेसे आत्मा शान्तिका पात्र होता है। यही सुख है। केवल परपदार्थोंसे मोहजन्य ममत्व त्यागनेकी आवश्यकता है।

(१४ १३।९।४)

३ जितने विकल्प होते हैं वह सब मोहके परिणाम हैं। उनके अभ्यन्तरमें एक प्रकारकी ऐसी आकुलता रहती है जो अन्तरङ्गमें क्षोभदायिनी होती है। परपदार्थोंमें जो यह भाव होता है कि "यह हमारे कल्याणमें सहायक हैं" यह क्या है? केवल मोहकी विकृति ही तो है।

४ जितने प्रकारके मनुष्य मिलते है उतने ही प्रकारके विकल्प होते हैं और उतने ही प्रकारके नवीन नवीन कषायोंके भाव आत्मामें होजाते हैं। अत वह कार्य करो जिससे आत्मामे न तो ऐसे विकल्प ही हो और न वैसे सक्लेश परिणाम ही हों। सक्लेशता कहींसे आती नहीं, हम उसे स्वय उत्पन्न कर लेते हैं।

(१५। ५। ४४)

५ जो भी कार्य हो उसे निश्चिन्तता और दृढ विचारसे करो। सङ्कल्प विकल्पके जालसे सर्वदा पृथक रहो। इसके जालसे फिर निकलना कठिन है।

(२१। ५। ४४)

६ हमने अपनेको तो सुधारा नही अन्यके सुधारनेका भूत लगा बैठे। वही नाना प्रकारकी वेदनाएँ उत्पन्न करता है। यदि कुछ दिन शान्तिकी इच्छा है तब सभी सङ्कल्प विकल्पोंकी होली जलाकर आत्मज्योति प्रज्वलित करो। कल्याणका सरोवर आपहीमें है, उसमें अवगाहनकर भवातप मेटनेका प्रयत्न करो।

(९। ८। ४४)

इच्छा

१ जब हमारी आत्मामें किसी विषयकी इच्छा होजाती है उस समय हम अत्यन्त क्षुब्ध और दुखी होजाते हैं। ऐसा क्यों? इसलिये कि इच्छा एक वैकारिक भाव है और उसके होते ही आत्मस्थित चारित्रशक्ति विकृत होजाती है। उस कालमें उसका वास्तविक स्वरूप तिरोहित होजाता है। जब जैसे कामला रोगवालेको समस्त शुक्ल पदार्थ पीले दिखाई देते हैं वैसे ही मिथ्यात्व सहकृत चारित्रावरण यह जीव शरीरादि पर द्रव्योंको स्वात्महितका कारण मानकर दुखी होजाता है।

(१३।७।४९)

२ इच्छित बात न हुई न होगी। अतः इच्छाको त्यागकर कार्य करनेकी चेष्टा करो। भोजनको विष मिश्रित बनाकर खानेसे आत्मघात ही होता है। अतः जो मानव चाहकर (इच्छाकर) कार्य करनेको तयार होते हैं उनकी दशा भी विषमिश्रित भोजन करनेवालेके सदृश होती है।

(१६।११।४९)

३ जहाँ अपनी इच्छाका निरोध हो जावेगा स्वयमेव संसारकी समस्त समस्याएँ सुलझ जावेंगी। इच्छा या अभिलाषाके शान्त हुए बिना ऊपरी त्यागकी कोई महिमा नहीं।

(१।१।५०)

४ दुःखका मूलकारण अपनी इच्छा है, जो चाहती है कि

ससारके समस्त पदार्थ मेरे ही अनुकूल परिणमे। अत जबतक इच्छाका अभाव न होगा तबतक शान्तिका होना असम्भव है।

(२२ । ३ । ४०)

५ इच्छाका अर्थ परिग्रह है और इच्छा अज्ञानमय भाव है। ज्ञानी जीवके अज्ञानमय भावका अभाव है अत इच्छाजन्य आकुलताके दु खका वह पात्र नहीं होता।

(२७ । ४ । ४०)

६ सम्पूर्ण विषयोकी अभिलाषा त्यागो, क्योंकि जिस वस्तुके जाननेमें पहिले ही अशान्तिका उदय होता है उसको जाननेकी अपेक्षा न जानना ही अच्छा है।

(१६ । ५ । ४४)

७ मिथ्या सन्तोष मत करो। सत्य सन्तोष वह पदार्थ है कि जिससे अन्तरङ्गमें परवस्तु की इच्छा ही नही होती। अन्तरङ्गमे यदि इच्छाकी प्रचुरता है और ऊपरसे लोक प्रतिष्ठाके लिये त्यागी बनते हैं तो वह त्याग त्याग नहीं, दम्भ है। दम्भ ही नही, आलस्यका पोषण, दूसरोको धोखा और आत्मवञ्चना है। जहाँ यह तीनो पाप हैं वहाँ आत्मोत्थानकी आशा ही व्यर्थ है।

(१८ । ५ । ४४)

८ लोलुपताका कारण रसना इन्द्रिय नहीं। उसका कार्य तो रसपरिज्ञान करा देना है। लोलुपताका जनक हमारी इच्छा है। हम जिसको चाहते हैं वही ग्रास तो मुखमें डालते हैं। यदि उस रसात्मक चटकीले पदार्थमें प्रेम न हो तब उसको उठानेमें हाथका प्रयोग ही न हो।

(२६ । १२ । ४४)

समालोचना

१ परोक्षमें किसीके दोषोंकी समालोचना मत करो। जब-
क तुम्हारी आत्मा मलीन है तबतक उसे ही पर समझ उसीकी
ालोचना करो। जो त्रुटियाँ अपनेमें देखो उन्हें दूर करो। ऐसा
रनेसे दूसरोंकी बुराईमें तुम्हारा जो समय लगता था वह
म्हारे आत्मसुधारमें काम आवेगा।

(८।१।२९)

२ बहुत मत बोलो बहुत मत सुनो। जहाँपर पराई निन्दा
ौर अपनी प्रशंसा होती हो वहाँ बहरे बनके रहो।

(२।१।२५)

३ परकी आलोचनासे सिवा कलुषताके कुछ हाथ नहीं
ाता। परन्तु अपने सत्कर्मको व्यक्त करनेकी जो अभिलाषा है
ह दूसरोंकी आलोचना किये बिना पूर्ण नहीं होती। उसे पूर्ण
रनेके लिये मनुष्य जब परकी आलोचना करता है तब उसके
ी कलुषित परिणाम उसके सुगुण घातक बन बैठते हैं।

(८।२।२५)

४ परकी समालोचनामें अपने अभिप्रायको लगाना अपनी
ी कमजोरीका परिचायक है। जो मनुष्य अपनी पवित्रतामें
ाना युक्तियाँ देता है वह पवित्र नहीं।

———

भोजन

१. परके घर अतिथि बनकर भोजन करना अपरिग्रही जीवोंको ही अच्छा लगता है। जैसे पराया माल किसे बुरा लगता है? परन्तु इस तरह भोजनभट्ट बनकर पराये मालसे देह पोषण करना पामरोंका ही काम है।

२ पराये घर भोजनका उसीको अधिकार है जो मोक्षमार्गका प्रचारक है। जिसने अपनी कषायोंका दमन कर दिया है, पापारम्भका त्याग किया है, व्रतोंमें अतिथि संविभागव्रत धारक है। सर्वोत्तम अतिथि मुनि हैं, मध्यम अतिथि श्रावक हैं, दशवीं, एकादशवीं प्रतिमाधारी श्रावक मध्यम अतिथियोंमें उत्तम हैं।

(१३ । १ । ४०)

३ भोजनमें शाहीपना रोगका मूल है।

(२० । १ । ४०)

४ भोजनमें लोग आडम्बरमें राजी हैं। खानेवाले भी इसीमें आनन्द मानते हैं। चाहे पीछे भले ही लालच बढ़ जावे, दुर्दशा होजावे, बीमारीका सामना भी करना पड़े।

(३ । ४ । ४४)

५ भोजन भी क्या बला है कि इसके बिना शरीरकी स्थिति नही। तथा ऐसी वस्तु है कि मनुष्यके पतनका भी यही कारण है। लोभी मनुष्य लोभमें आकर आत्मगुणसे च्युत होजाते हैं।

(८ । ५ । ४४)

६ भोजन करनेवालोंमें प्रायः सादगी नहीं। त्यागका केवल बहाना है। अभ्यन्तर त्यागकी ओर लक्ष्य नहीं। केवल बाह्य त्यागसे लोगोंकी दृष्टिमें चमत्कार है। अभ्यन्तर त्यागसे अभी हम लोग बहुत दूर हैं।

(६।५।४८)

७ भोजन ऐसा होना चाहिये जिससे कि पात्रके ध्यान अध्ययनमें बाधा न हो। यदि उसमें बाधा पहुँची तब भोजनका भोजन दुःखका भोजन है।

(८ ।५।४८)

८ भोजन वही हितकर होता है जो सादा हो। जिस भोजनमें आडम्बर है वह भोजन नहीं केवल स्वादकी विडम्बना है।

(२१।६।४८)

भोजनमें लिप्साका त्याग करना उत्तम पुरुषोंका कर्तव्य है।

(२६।७।४८)

६ भोजन करना सरल है परन्तु भोजन करके उसके प्रति कुछ उपकार करना चाहिये। बिना प्रत्युपकार किये भोजन करना एक तरहका समाजके ऊपर भार है।

(३ ।७।४८)

१ खेद इस बातका है कि आजकल लोग जान बूझकर त्यागीको संयमसे च्युत करनेवाला भोजन कराते हैं। पूड़ी पपड़िया खाजे आदि बनाना तो इनके बाएँ हाथका खेल है।

११ भोजन सात्त्विक होना चाहिये। सात्त्विक भोजनसे शरीर निरोग रहता है। मोक्षका मार्ग सरल होता है। सात्त्विक भोजन सहज पचता है उसमें विकृतता नहीं होती।

१२ राजस भोजन दर्पकर होता है। प्रमादका जनक है। लम्पटताका कारण है। अधिक व्यय साध्य और अस्वास्थ्यकर है।

(१४ । ८ । ४४)

१३ गरिष्ठ भोजन रोगका कारण है। राग रोग भी वर्तमान है। उत्तरकालमें इसका फल ससार है और वर्तमानमे जो रोग न करे सो अल्प है। इन्द्रियोंमें रसना, कर्मोंमें मोहनीय, व्रतोमे ब्रह्मचर्य और गुप्तिमे मनोगुप्ति कठिन है।

(१६ । १२ । ४४)

१४ त्यागी पुरुष भी लालचके वशीभूत होकर यद्वा तद्वा भोजन कर लेते हैं और अपनी त्यागवृत्तिको कलुषितकर ससारके पात्र ही होजाते हैं।

(२३ । १२ । ४४)

दूषित दृष्टि

१ लोग ऊपरी आडम्बरमें प्रसन्न रहते हैं, अन्तरङ्ग दृष्टिपर ध्यान नहीं देते। केवल गल्पवादमें समय व्यय करना जानते हैं।

(१ । १ । ४९)

गुरुकुल संस्था उत्तम है, परन्तु लोगोंकी दृष्टि उस ओर नहीं। जिनकी दृष्टि है उनके पास द्रव्य नहीं जिनके पास द्रव्य है उनके परिणाम नहीं।

(१४ । १ । ४८)

२. अधिकांश लोगोंकी अन्तरङ्ग दृष्टि निर्मल नहीं। तत्त्वज्ञानकी रुचि जैसी चाहिये वह नहीं। खेद इस बातका है कि स्वयं तो क्या दूसरों द्वारा सावधान किये जानेपर भी आत्म परिणामोंके परिणमनपर ध्यान नहीं देते। स्वकीय आत्मद्रव्यका कल्याण करना पुण्य है परन्तु उस ओर लक्ष्य नहीं।

(१५ । १ । ४९)

३ मनुष्योंकी दृष्टि और प्रवृत्ति प्रायः इस समय अति कलुषित रहती है। यदि तीर्थस्थानसे शान्तभावको लेकर आवें तब तो यात्रा करनेका फल है अन्यथा अन्यथा ही है। संसार बन्धनके नाशका यदि यहाँ आकर भी कुछ प्रयास नहीं हुआ तब तीर्थयात्रा जैसे शुभ निमित्त कारणका क्या उपयोग हुआ?

(६ । ६ । ४९)

४ लोगोंकी दृष्टि पत्रके प्रवचनसे लाभ उठानेकी नहीं रही। अब संयमके स्थानमें अष्टमूल गुण पालनका उपदेश रह

गया है। बहुतसे बहुत बलका प्रभाव पड़ा तब बाजारकी जलेबी खानेका त्याग तक आजके सयमकी सीमा पहुच गई है।

(९ । ३ । ४९)

५ लोगोंमें परस्परमे अविश्वास है यही कारण है कि इनके कार्य सफल नहीं होते। स्कीम बड़ी बड़ी प्रारम्भ कर देते हैं परन्तु पूर्ति एककी भी नहीं करते।

(१४ । ३ । ४९)

६ अज्ञानी जीवको अपना दोष नहीं दीखता, परमे ही नाना कल्पना करता है।

(१९ । ३ । ४९)

७ केवल मनुष्योका अनुरञ्जन करना तात्त्विक मार्ग नहीं, तात्त्विकमार्ग तो वह है जिससे आत्माको शान्ति मिले।

(३१ । ३ । ४९)

८ जनताके अनुकूल प्रवचन होना कठिन है, जनता गल्प-वादकी रसिक है। लोग वास्तविक तत्त्वका मर्म नहीं समझते केवल बाह्याडम्बरमें निज धर्मकी प्रभावना चाहते हैं। प्रभावनाका मूलकारण ज्ञान है उसकी ओर दृष्टि नहीं। ज्ञानके समान अन्य कोई हितकारी नहीं, क्योंकि ज्ञान ही आत्माका मूल असाधारण गुण है, उसकी ही महिमा है जो यह व्यवस्था बन रही है।

(१ । ४ । ४९)

९ यथार्थ वस्तुका स्वरूप प्रथम तो जानना कठिन है। अन्यको निरूपण करना कठिन है। वस्तु स्वरूपका परिचय होना ही कल्याणका मार्ग है, उसके लिये लोगोका प्रयास नहीं, प्रयास केवल बाह्य आडम्बरके अर्थ है।

(२ । ४ । ४९)

१० आजकल मनुष्योंके यह भाव होगये हैं कि अन्य सिद्धान्तवाले हमारा सिद्धान्त स्वीकार कर लेवें। संसारमें प्रत्येक मनुष्य यही चाहता है कि हम उत्कर्षशील हों, उन्नत हों परन्तु इसके लिये जो मार्ग है उसपर न चलना पड़े। यही विपरीतभाव हमारे उत्कर्षका बाधक है।

(०।१।९)

११ वाह वाहमें संसार लुट रहा है, आप स्वय निज स्वरूपसे च्युत है और संसारको उस स्वरूपमें लगाना चाहता है। यह सर्वथा अनुचित है कि मनुष्य जगतके कल्याणकी चेष्टा करते हैं परन्तु आत्मकल्याणकी ओर जरा भी लक्ष्य नहीं देते। उनका प्रयत्न अन्धेके हाथमें लालटेन सदृश है। संसारकी विडम्बनाका चित्रण करना संसारीका काम है। जिसको नाना विकल्प उत्पन्न होते हैं वह पदार्थको नानारूपसे देखता है। वास्तवमें पदार्थ तो अभिन्न है, असण्डित है, यह इसे क्षयोपशम ज्ञानसे नानारूपमें देखता है।

(१०।५।४९)

१२ बहुतसे मनुष्य ऐसे होते हैं जिन्हें कलह ही प्रिय होता है। जनता उनके पक्षमें आ जाती है। शास्त्रका अभ्यास करनेवाले सद्विवेकी जीव जब इस विषयसे मुक्त नहीं है तब अज्ञानी मनुष्य तो अज्ञानी ही हैं।

(४।१।४९)

१३ मनुष्य बाजारकी चाट चाटनेके आदी हैं। निरन्तर ऊपरी चमक दमकमें मस्त रहते हैं भक्ष्य अभक्ष्यका विवेक नहीं। केवल शरीरके पोषणमें अपने ज्ञान धनका उपयोगकर

अपनी पर्यायको सफल बनानेका प्रयत्न है। इनकी दृष्टि अपनी ओर नहीं। यही महती त्रुटि ससारके बन्धनसे छूटनेमें बाधक है।

(१६ । ७ । ४९)

१४ आजकल मनुष्यको नेत्रका विषय बहुत प्रिय लगने लगा है। वह इसमें इतने आसक्त हैं कि निज पत्नीको वस्त्रकी आवश्यकतामे चाहे सौ रुपये व्यय होजावें, कुछ गम नहीं, वस्त्रसे उसका सर्वाङ्ग दीखे, इसीमे वह अपनी प्रतिष्ठा मानती है और यह उससे प्रसन्न होता है।

(३ । ८ । ४९)

१५ वर्तमानकालमें मनुष्योंमें परस्पर सौमनस्य नहीं। अत इनके जितने भी कार्य हैं कोई पूर्ण नहीं हो सकता। यहाँपर सब अपनेको अहमिन्द्र मानते हैं, इनकी दृष्टि अहकर्ताकी है परन्तु कुछ कर नहीं सकते केवल कल्पना है। और कल्पनाका कार्य जैसा होता है वह किसीसे छिपा नहीं है। अर्थात् कल्पना जालमें मिलता जुलता कुछ नहीं केवल कल्मष सश्रय होता है।

(२० । ८ । ४९)

१६. प्रत्येक मनुष्यके यह भाव होते हैं कि लोकमें मेरी प्रतिष्ठा हो। यद्यपि इससे कोई लाभ नहीं फिर न जाने लोकेषणा क्यों होती है? सभी विद्वान् निरन्तर यही घोषणा करते हैं— "ससार असार है, इसमें एक दिन मृत्युका पात्र होना पड़ेगा।" इनके 'असार' का कुछ भी अर्थ समझमें नहीं आता। 'मृत्यु होगी' इसमे भी क्या विशेपता है? इससे वीतराग तत्त्वको क्या सहायता मिलती है? कुछ समझमें नहीं आता।

(२५ । ९ । ४९)

१७. आजकल ही नहीं, प्राय सभी कालमे हठवादका यथार्थ उत्तर होना कठिन है। सब यही चाहते हैं हमारी बात गई, तब

कुछ भी न रहा, अतः जैसे बने वैसे अपनी हठकी रक्षा करना चाहिये तत्त्व कहीं जावे। यदि मनुष्यमें हठ न होती तो ३६३ पाखण्ड मत प्रचलित न होते। आत्माके अभिप्राय अनन्त हैं अतः उतने मत हो सकते हैं, संक्षेपसे ३६३ बता दिये हैं।

(१०।१२।४९)

१८ मनुष्य केवल निमित्त उपादानकी चर्चामें अपना समय बिताते हैं। पढ़े लिखे हैं नहीं परिभाषा जानते नहीं, केवल अनाप सनाप कहकर समय खो देते हैं।

(१८।१२।४९)

१९ संसारमें अनेक मनुष्य उपकार करनेके योग्य हैं परन्तु जिनके पास धन है वे उसका उपाय स्वेच्छाचारसे करते हैं। तथा यह कर्मभूमि है सभी मनुष्य एक सदृश नहीं हो सकते अतः इसमें खेद न करना चाहिये। किन्तु अपने पास जैसी शक्ति है उसके अनुरूप परका उपकार करना चाहिये।

(२।१।५१)

आत्म प्रशंसा

१. जहाँ लौकिक मनुष्योंमे प्रशसा हुई, यह जीव अपनेको धन्य मानने लगता है। और जहाॅ आत्म प्रशसा एव पर निन्दा हुई वहाँ भी हर्ष मानरूप कषायोकी प्रवृत्ति होते हुये भी हर्ष मानता है। यही भाव वासना अनन्त ससारका कारण है।

(१९ । ३ । ३६)

२ अन्य प्राणीकी प्रशसात्मक कथासे आत्माका हित भी होता है और अहित भी होता है। किन्तु जहाँपर केवल अपनी प्रशसाके अर्थ परकी कथाकी जाती है वहाँ केवल पाप सञ्चय करानेवाला भाव ही होता है। अभिप्रायमें जो अपनी प्रशसाकी इच्छा है वास्तवमें वह मान कषायकी परिचायिका ही है।

(२० । ३ । ३९)

३. लौकिक निन्दा और आत्म प्रशसामे दिन व्यतीत करने से कोई लाभ नहीं, लाभ परिणामोके यथार्थ पालन करनेमें है।

(२ । ७ । ३९)

४ प्रशसा सुनकर हर्षित होना मोही जीवोंकी प्रकृति है। सम्बन्धियोंकी प्रशसा करना अपनी मूर्खताका परिचय देना है।

(२१ । ७ । ३६)

५ अपनी गलतियोंको छिपानेके अभिप्रायसे ही मनुष्य आत्म प्रशसा और पर निन्दा कर दुर्गतिके पात्र वनते हैं।

(२८ । ५ । २९)

६ जो कुछ प्राप्त हुआ है उसीसे सानन्द जीवन व्यतीत करो। जगतका वैभव देखकर लालच मत करो। कर्मज वस्तु अथवा भाव अनात्मीय जान उन्हे त्यागो। कभी भी अनात्मीय पदार्थोंके सग्रहका यत्न करोगे भी तो आखिर वह सव निमि-

स्वाधीन ही तो है अतः निमित्तके अभावमें उनका अभाव भी निश्चित ही है।

(११ । ३ । ४)

७ परकी निन्दा श्रवणकर दुःख मानना तथा अपनी प्रशंसा श्रवणकर हर्ष मानना क्षुद्र जीवोंका काम है। आत्मा वास्तवमें न हर्षरूप है न विषादरूप है यह दोनों विकारज भाव हैं। हर्ष विषाद दोनों मोह जन्य हैं। मोह जन्य जो भाव हैं व अनात्मीय हैं। इसका यह अर्थ नहीं कि ये आत्माके हैं ही नहीं किन्तु मोहज होनेसे विकारी हैं अथवा उसके अभावमें स्वयमेव विलय जाते हैं। अथ च आत्माको आकुलता जनक हैं अतः अनात्मीय हैं।

(२५ । ७ । ४)

८ सब जीवोंको सुख सिद्धिमें बाधक कारण आत्मश्लाघा है। प्राय सभी जीव यह चाहते हैं कि मैं ही श्लाघ्य हूँ। वह जीव पुण्यकर्मको ही उपादेय समझते हैं, अतः ऐसे जीव अपने सुखके अपने आप घातक हैं।

(२६ । ११ । ४)

९. परसे अपनी प्रशंसाकी चाह करना ही संसार गर्तमें पतनका कारण है। संसारका मूलकारण यही विजातीय परिणति है।

(१५ । ८ । ४७)

१० लौकिक प्रतिष्ठा पतनका कारण है। जिन्हें इसके द्वारा हर्ष होता है वह तत्त्वज्ञानसे पराङ्मुख हैं। ये दोनों अनात्मधर्म हैं।

(३ । १ । ४४)

११ निन्दामें विषादका होना और प्रशंसामें हर्षका होना तो प्रायः बहुत मनुष्योंको होता है परन्तु हमको तो निन्दा ही अच्छी नहीं लगती। और प्रशंसामें भी खेद होता है। वास्तवमें ये अनात्मीय धर्म हैं। इनमें रागद्वेष करना सर्वथा वर्जनीय है।

(स्मृति १९४४)

मंगल ज्योति

मङ्गल ज्योति

(विद्वान, संस्थाएं, मन्दिर और समाजका संगठन)

१ विद्वानोंमें एकता—

हम (विद्वान) लोगोंमें जो परस्पर मनोमालिन्य है उसे दूर कीजिये। वह केवल गल्पवादमें नहीं, अर्थ रूपमें होना चाहिये। मुझे विश्वास है कि विद्वान् लोग सरल होते हैं सहजहीमें मनोमालिन्यको मिटा देंगे। आप लोग वक्ता हैं, अन्यको श्रेयोमार्गका उपदेश देते हैं तब उसका प्रभाव आपपर भी तो होना चाहिये। आजतक संसारकी जो व्यवस्था चल रही है वह ज्ञान ही का वैभव है। तब आप ही इसका सूक्ष्मरीतिसे अवलोकन करें। जो ज्ञान संसारकी व्यवस्था करनेमें समर्थ हो और अपनी व्यवस्था न कर सके यह बात तो कुछ समझमें नहीं आती। ये लोग समाज सुधारके लिये तो प्राणपनसे परिश्रम करते हैं और अपनी सुजनताकी ओर उदासीन रहें, यह नहीं हो सकता। अत मैं तो इसीमें प्रसन्न हूँ कि आपलोग आपसमें एक होजावें, इसके लिये पाण्डवोंका दृष्टान्त पर्याप्त है। मुझे आपलोगोंके उत्कर्ष ही में आनन्द है। आपलोगोंके भाग्योदयसे अब समाजका वनिकवर्ग पण्डितोंका पूर्णरूपसे आदर करनेमें अपनी प्रतिष्ठा मानता है। यह बात नवीन नहीं पहिले समयमें भी समाजमें विद्वानोंका आदर होता था। हाँ हम ही यदि परस्परमें एक दूसरेकी अवहेलना करने लगें तो समाजका इसमें कौनसा अपराध है ?

वर्तमानमें समाजमें कई विद्वान् उत्तमसे उत्तम हैं। जिनकी गणना भारतवर्षके उत्तम विद्वानोंमें की जाती है। ऐसे ऐसे विद्वान

समाजमें हैं जो सिद्धान्त, न्याय व्याकरण, दर्शन एवं साहित्य शास्त्रोंके विषयको बड़े से बड़े विद्वानोंके समक्ष रखनेमें सङ्कोच नहीं करते। अनेक विद्वान् तो अब व्रती भी होगये हैं। शुद्ध भोजन करनेवाले तो प्राय बहुत मिलेंगे। अपवादको छोड़कर जो कोई विद्वानोंके मत्थे दोष मढ़ता है यह अविरतको नहीं समझता। श्रद्धा और वस्तु है, त्याग और वस्तु है। सबसे महान् त्याग तो श्रद्धाके उदय होनेपर होजाता है। आप जानते हैं कि श्रद्धा होते ही अनात्म पदार्थमें जो आत्मबुद्धि थी वह तो एकदम पलाय मान होजाती है। अर्थात् एक करोड़ रुपयेका कर्जदार यदि ९९,९९,९९९॥।≡) अदा कर देवे तब एक आना जो शेष रहा उसका देना कौनसा कठिन है। ऐसा ही मैं सम्यग्दृष्टिको मानता हूँ। अतः ज्ञानीजीवोंमें अल्प अविरतिकी त्रुटि देख महान् उलाना सभ्यताके विरुद्ध है। विद्वानो! यदि आपलोग शीघ्र ही धर्मका उत्थान चाहते हैं तो परस्पर ३६ से ६३ हो जाइये। मैं आपको शिक्षा नहीं देता परन्तु आपने जो मेरा आदर किया (विद्वत्-सम्मेलनके तृतीय अधिवेशनका सभापति बनाया) उसका मैं यही बदला चुका सकता हूँ। आपके अभ्यन्तरमें जो औदयिकी कलुपता आगई उससे आपकी पारमार्थिक हानि है और उसके दानसे आपका उत्कर्ष है वह आप मुझे भिक्षारूपमें देकर निर्मल बनिये।

मैं क्या करूँ गा? इसकी चिन्ता छोड़िये। मैंने बाल्यावस्थासे त्याग सीखा है इसको त्यागनेमें एक मिनट न लगेगा क्योंकि मुझे कई बार ऐसे अवसर आये हैं कि जो वस्तु मिली तुरन्त दूसरेको दे दी। अभी आपकी इस कलुषताके ग्राहक बहुत हैं क्योंकि यह पञ्चमकाल है। इसमें परिग्रहकी सञ्चय करनेवाले बहुत हैं उन्हें देकर यह बला टाल दूँगा। यदि इस अवसरको आप टाल देंगे तो पश्चात्तापके पात्र होंगे। जिसमें

आपकी कीर्ति निर्मल हो और आप उसे न चाहे तब आपलोग पण्डित कैसे ?

२ छात्रोंको सुबोध बनाना—

एक मुख्य कार्य विद्वानोको यह करना चाहिये कि पठनक्रम समयके अनुकूल हो। आजसे ४० वर्ष पहिले जो बुद्धिबल था उसका अब बहुत अशमें ह्रास है। अत पठनक्रमको हलका करना चाहिये। छात्रोंको सुबोध बनानेकी चेष्टा करनी चाहिये। स्नातक होनेके अनन्तर छात्रको सबसे पहिले अनुभवी विद्वानोके समागममे रहना चाहिये। इसका व्यय जिस विद्यालयमे छात्रने अध्ययन किया है उससे दिया जावे।

३ संस्थाओंका एकीकरण—

जितनी शिक्षा सस्थाएँ हैं वे परस्पर एक सूत्रमें बँध जावें। मुख्य केन्द्र स्थान बनारस हो। और शेष विद्यालय प्रथम, मध्यम, और शास्त्री कक्षाओंतक ही शिक्षा दें। आचार्य परीक्षाके लिये बनारसके विद्यालयमें रहे। एक छात्र दो परीक्षाओंमें ही बैठे। एक गवर्नमेण्ट सस्कृत कालेज परीक्षा बनारस और दूसरी अपनी समाजके प्रतिष्ठित परीक्षालयकी परीक्षा देवे। इसके बाद पुस्तक सम्पादनका कार्य भी यदि परस्पर सम्मतिसे हो तब बहुत ही उत्तम होगा।

सस्थाओके एकीकरणकी आप लोग चेष्टा कीजिये। चेष्टा करनेमें जितनी परिणामोंकी निर्मलता है उसे कदापि न त्यागिये। उसमें मानापमानकी वासना भी न हो। मैं भी भगवान्से यही प्रार्थना करता हू कि हे प्रभो, लोगोंको ऐसी सुमतिका सहारा दो, जो इनका उद्धार हो। इस समय इनकी दशा दयनीय है। यदि इस समय आपने सहारा न दिया तब इनका उद्धार होना अशक्य

है। हम लोगोंका आपसे कहनेका पूर्ण अधिकार है, क्योंकि हमारा भारत ही इस विपत्तिकालमें भी आपके साङ्गोपाङ्ग विभवका प्रायः प्रतिवर्ष दिखा रहा है। यद्यपि निष्काम भक्तिकी विशेष महिमा है, परन्तु यह कामना भी तो आपके ही विम्य-ज्ञानकी प्रभावनाके लिये है।

अब संस्थाओंके सञ्चालकोंसे भी मेरा नम्र कहना है कि अन्तरङ्ग परिमितिका निर्मलकर व्यर्थ जो समाजके धनका दुरुप योग हारहा है, उसकी रक्षाके लिये इन संस्थाओंको एक सूत्रमें सङ्गठनकर यथायोग्य कार्य चलानेका प्रयास करिये। केवल शिक्षा-संस्थाओंके ही एकीकरणकी आवश्यकता नहीं जो दशा मन्दिरोंका है उसकी भी व्यवस्थाकी आवश्यकता है।

४ मन्दिरोंकी सुव्यवस्था—

मन्दिरका द्रव्य धर्मार्थ आया हुआ द्रव्य है परन्तु आज जो मनुष्य मन्दिरके द्रव्यका स्वामी बन जाता है वह सेपको दुःख समझने लगता है और जो मन्दिरका द्रव्य उसके हाथमें रहता है उसको अपना समझने लगता है। किन्तु समय पाकर वह दरिद्र बन जाता है। अन्तमें जनताकी दृष्टिमें उसका आदर नहीं रहता। अतः मनुष्यताकी रक्षा करनेवालेको उचित है कि मन्दिरका द्रव्य अपने उपयोगमें न लगावे। द्रव्य वह वस्तु है जिसके वशीभूत होकर मनुष्य न्याय मार्गसे च्युत होनेकी चेष्टा करने लगता है। न्याय मार्ग तो यह है कि आजीविकाका अर्जन इस रीतिसे करे जिसमें अन्यके परिणाम पीड़ित न हों। जहाँ आत्म परिणाम सङ्क्लेशित हुए वहाँ विशुद्ध परिणामोंका अभाव हो जाता है। जहाँ विशुद्ध परिणामोंका अभाव होता है वहाँ शुद्धो पयोगको अवकाश नहीं।

५ समाजका सङ्गठन—

विद्वानोंमे एकता, सामाजिक संस्थाओंका एकीकरण एव पाठ्यक्रम व्यवस्थाके साथ मन्दिरोंकी सुव्यवस्थाकी भी आवश्यकता है। और उसके भी साथ हमे समाजके एकीकरणकी आवश्यकता है। यदि वह एकीकरण नही कर सके, तब सब स्वाग ही है। परन्तु साहूकारका स्वाग दुर्लभ है। अत उस स्वागके विना आपके दोनो एकीकरण अल्पकालमे शिथिल हो जायेंगे। अत सबसे पहिले समाजका एकीकरण करनेका प्रयास, जिसके सद्भावमे क्षीणमोह होनेपर केवलज्ञानकी उत्पत्ति जैसे क्षुद्र है, उसी प्रकार यह कार्य अनायास होनेकी सम्भावना है।

(त्रि० प०के तृ० अ०के अध्यक्ष पदमे दिये गये भाषण और एक पत्रसे)

सङ्गठन

१ आजका समाज अनेक कारणोंसे फूटका शिकार बना हुआ है। यत्र तत्र बिखरा हुआ है। वर्णगत जातिगत, पक्षगत व्यक्तिगत ऐसे ऐसे अनेक कारण एकत्र हुए हैं जिनके कारण सङ्गठनकी नींव बहुत कच्ची हो चुकी है। ऐसे समाजमें एकता करना महापुरुषोंका काम है। जिस समाजमें कलहकारी मनुष्य उत्पन्न हो जाते हैं वह समाज नियमसे पतनके सन्मुख हो जाता है। अत: समाजकी उन्नति चाहनेवालोंको यही उचित है कि इन समाज कण्टकोंसे समाजको सुरक्षित रखें अन्यथा एक दिन यह समाजको अकिञ्चित्कर बना देंगे।

(१।८।४)

२. विशेषकर पर्वके दिनोंमें सभीके परिणाम विषय कषायोंसे सुरक्षित एवं पवित्र रहते हैं। यदि इन पर्वोंमें पारस्परिक मनोमालिन्यको मिटानेका प्रयत्न किया जाय तो अति सुन्दर कार्य हो। परन्तु उसकी ओर लक्ष्य नहीं। केवल बाह्य त्यागकी ओर दृष्टि देकर अपने जन्मको सार्थक मानकर कृतकृत्य हो जाते हैं। आवश्यकता इस बातकी है कि हृदयकी ग्रन्थिको भेदकर क्षमा गुणको धारण करें परस्परके विद्वेषभावको निर्मूलकर सङ्गठनका बीज वपन करें। इससे समाज सुधारका बहुत काम हो सकता है।

(११।८।४)

३ आजकल सभी मनुष्य उन्नतिका राग अलापते हैं परन्तु जबतक परस्पर मनोमालिन्य है एक दूसरेमें विश्वास नहीं

तवतक उन्नति होना असम्भव है। जवतक लोग एक दूसरेके विरोधी रहते हैं, जनता एक दूसरेका विरोध देख सशयालु वन जाती है अत जैसे वने पारस्परिक प्रेमभाव वढ़ाकर विद्वेषको हटाओ तभी सङ्गठनका सुख प्राप्त हो सकेगा।

(१९। ११। ४०)

४ लोगोको जो काम प्रेमसे करना चाहिये उसे अप्रेमसे करनेका प्रयत्न करते हैं यही भूल परस्परमे भेद, मनोमालिन्य, विद्वेष और कलहका कारण वन जानी है।

(२१। १२। ४४)

५ भारतमें नाना प्रकारकी आपत्तियाँ आरही हैं। और इस देशमें जवतक परस्परमे सहानुभूति और सङ्गठन नहीं रहेगा तवतक उद्धार नहीं हो सकता। इसके उद्धारका यही उपाय है कि कोई स्वच्छ हृदय प्राणपनसे चेष्टा करे।

(स्मृति १९४४)

धर्म प्रचारकी चार वर्षीय योजना

अच्छा यह होता कि एक ऐसा शुभअवसर आता कि ५ निष्पक्ष विद्वान् एक निरापद स्थानमें निवासकर धर्मके मार्मिक सिद्धान्तको निर्भीकताके साथ जनताके समक्ष रखते। तथा यह कहते कि आप लोग इसका निर्णय कीजिए। यदि आप लोगोंकी दृष्टिमें यह सत्य अभ्रान्त ठहरे तो उसका प्रचार कीजिये। यदि किसी प्रकारकी शङ्का रह जाय तो निर्णय करनेका प्रयास कीजिये। तथा जो सिद्धान्त जिसमें जावें वहाँपर अन्यने किस रीतिसे उसे माना है यह भी दिग्दर्शन कराइये। सबसे मुख्य तत्त्व आत्माका अस्तित्व है। इसके बाद अनात्मीय पदार्थपर विचार किया जाय। जैसे व्याख्यानों द्वारा सिद्धान्त दिखानेका प्रयास किया जाता है उससे अधिक लेखबद्ध प्रणालीसे भी दिखाया जावे। इन कार्योंके लिये २५ ०) वार्षिक व्ययकी आवश्यकता है। चार वर्ष यह कार्य कराया जावे।

जो विद्वान् इस कार्यको करें उन्हें २०) नगद और भोजन व्यय दिया जावे। इनमें जो मुख्य विद्वान् हो उन्हें २५) और भोजन व्यय दिया जावे। इस तरह चार विद्वानोंको ८०) और मुख्य विद्वानको ७५) और कुल भोजन व्यय २५०) के लगभग होनेसे कुल १२) मासिक हुआ। इसके साथ अंग्रेजी साहित्यका भी एक विद्वान् रखे जाय ४ ०) मासिक वेतन १) मासिक भोजन व्यय उन्हें दिया जावे। २ ०) मासिक भत्ता (सेवक नौकरी) को दिया जावे। इस तरह २ ०) दो हजार मासिक

यह हुआ। एक वर्षमे २४०००) हुआ। १०००) वार्षिक डाक व्यय होगा।

इस तरह कुल २५०००) वार्षिक रुपयोंसे शान्तिपूर्वक काम चला तो बहुत कुछ प्रश्न सरल रीतिसे निर्णीत हो जावेंगे। अगर एक आदमी यह समझ लेवे कि एक गजरथ यही सही तो चार वर्षमें केवल एक लाख ही रुपया तो व्यय होगा परन्तु इससे बहुत कालके लिये धर्म अस्तित्वकी जो स्थायी सामग्री एकत्र होगी उसका मूल्य एक लाख नहीं, वह तो अमूल्य ही होगी।

(इटावा, अषाढ़ वदी २ शुक्रवार सं० २००७)

आदर्शमन्दिर

मेरी निजी सम्मति तो यह है कि एक ऐसा मन्दिर बनवाना चाहिये कि जिसमें सब मतवालोंकी सुन्दरसे सुन्दर मूर्तियां और उनके ऊपर संगमर्मरमें उनका इतिहास लिखा रहे। जैसे कि दुर्गाकी मूर्तिके साथ दुर्गा सप्तशती। इसी प्रकार प्रत्येक देवताकी मूर्तिके साथमें संगमर्मरके विशाल पटियेपर उसका इतिहास रहे। इन सबके अन्तमें श्री आदिनाथ स्वामीकी मूर्ति अपने इतिहासके साथमें रहे और अन्तमें एक सिद्ध भगवान्की मूर्ति रहे। यह तो देव मन्दिरकी व्यवस्था रही। इसके बाद साधु वर्गकी व्यवस्था रहना चाहिये। सर्वमतके साधुओंकी मूर्तियां तथा उनका इतिहास और अन्तमें साधु उपाध्याय आचार्यकी मूर्तियाँ एवं उनका इतिहास रहे। मन्दिरके साथमें एक बड़ा भारी पुस्तकालय हो जिसमें सर्व आगमोंका समूह हो प्रत्येक मतवालोंको उसमें पढ़नेका सुभीता रहे। हर एक विभागमें निष्णात विद्वान् रहें जो कि अपने मतकी मार्मिक स्थिति सामने रख सकें। यह ठीक है कि यह कार्य सामान्य मनुष्योंके द्वारा नहीं हो सकता पर असम्भव भी नहीं है। एक करोड़ तो मन्दिर और सरस्वती भवनमें लग जावेगा और एक करोड़के ब्याजसे इसकी व्यवस्था चल सकती है। इसके लिये सर्वोत्तम स्थान बनारस है। हमारी तो कल्पना है कि जैनियोंमें अब भी ऐसे व्यक्ति हैं कि जो अकेले ही इस महान् कार्यको कर सकते हैं। धर्मके विकासके लिये तो हमारे पूर्वज लोगोंने बड़े बड़े राज्यादि त्याग दिये—जैसे माताके उदरसे जन्मे वैसे ही चले गये। ऐसे

ऐसे उपाख्यान आगमोंमें मिलते हैं कि राजाके विरक्त होनेपर सहस्रों विरक्त हो गये। जिनके भोजनके लिये देवोंके द्वारा सामग्री भेजी जाती थी वे दिगम्बर पदका आलम्बनकर भिक्षावृत्ति अङ्गीकार करते हैं। जिनके चलनेके लिये नाना प्रकारके वाहन सदा तैयार रहते थे वे युग प्रमाण भूमिको निरखते हुए नङ्गे पैर गमन करते हुए कर्म बन्धनको नष्ट करते हैं।

आगममें यहाँ तक लिखा है कि आदि प्रभुको ६ मास पर्यन्त अन्तरायके कारण चर्याकी विधि न मिली फिर भी उनके चित्तमें उद्वेग नहीं हुआ। ऐसे ही विशाल महानुभाव जगत्का कल्याण कर सकते हैं अत जिनके पास वर्तमानमे पुष्कल द्रव्य है उन्हे धर्मके विकासमें व्ययकर एकवार प्रभावनाका स्वरूप ससारको दिखा देना चाहिये।

पर वास्तवमें बात यही है कि लिखनेवाले बहुत हैं और करनेवाले विरले हैं। जब कि लिखनेवालेको यह निश्चय हो गया कि इस प्रकार धर्मकी प्रभावना होती है तब स्वय उसे उस रूप बन जाना चाहिये। पर देखा यह जाता है कि लेखक स्वय वैसा बननेकी चेष्टा नहीं करते। केवल मोहके विकल्पोमे जो कुछ मनमें आया वह लेखबद्ध कर देते हैं या वक्ता बनकर मनुष्योंके बीच उसका उपदेश सुना देते हैं तथा लोगों द्वारा 'धन्य हो, धन्य हो' यह कहलाकर अपनेको कृत्यकृत्य समझ लेते हैं। क्या इसे वास्तविक प्रभावना कहा जाय? वास्तविक प्रभावना यही है कि आत्मामें सम्यग्दर्शनादि गुणोंका विकास किया जाय। इस प्रभावनाका प्रारम्भ सातिशय मिथ्यादृष्टिसे शुरू होता है और पूर्णता चतुर्दशगुणस्थानके चरम समयमें होती है।

(मेरी जीवन गाथा)

एक ऐसा मन्दिर नहीं देखा गया जो प्राणी मात्र को लाभका कारण होता। मूर्ति निरावरण स्थानमें होना चाहिये जिसका

दर्शन प्रत्येक कर सके। खेदकी बात है जैसे इन लोगोंने बाह्य वस्तुको परिग्रह माना है अर्थात् जैसे मन्दिर आदिको अपना परिग्रह मानते हैं वैसे मन्दिरमें स्थापित भगवान्के बिम्बको भी परिग्रह माननेमें सकोच नहीं करते। यह तो दूर रहो धर्मको भी अपना परिग्रह मान रखा है। ऐसा न होना चाहिये। जैन-धर्म कोई जाति विशेषका नहीं। यदि जाति विशेषका प्रभुत्व उसपर होता तब आम जनतामें उसका प्रचार व्याख्यानादि द्वारा करना उचित नहीं। धर्मका लक्षण व्यापक होना चाहिये जो बाधित न हो। जो परिणाम आत्माको ससार दुःखसे मुक्त करे और निज सुखमें स्थापित करे वही धर्म है। यह परिणाम जिसमें उदित हो जावे वही आत्मा मुक्त कहलाता है। यहांपर जो विरोध परस्परमें है वह अभिप्रायकी विभिन्नताका है। अभिप्रायकी यथार्थ निर्मलता ही मोक्षमार्गका कारण है। इसका उचित तो यह है कि अपना मार्ग निर्मल करें। वही अभीष्ट स्थानपर हमें निराबाध पहुंचावेगा उस मार्गपर चलनेका सभीको समान अधिकार है।

अपनी भूल

विचारकी बात है कि शूद्र अर्हदादि पञ्चपरमेष्ठीका तो ध्यान कर सके, अन्तरङ्ग धर्म का पात्र हो सके अनन्त ससारके कारण मिथ्यात्वका नाश कर सके किन्तु ईंट चूनेके मन्दिरमें न आसके! श्री चन्द्रप्रभ आदि तीर्थङ्कर का स्मरण कर सके परन्तु उनकी जिसमें स्थापना है उस मूर्तिको न देख सके, यदि देखें तो बाहरसे देखें। बुद्धिमें नहीं आता पांच पापको त्याग सके, अणुव्रती हो सके अणुव्रतके उपदेष्टाओंके दर्शन न कर सके, बलिहारी इस बुद्धि की!

(वैशाख सुदी ११ स २ ०)

धर्मकी उदारता

आत्माकी प्रबल प्रेरणा सदा यही रहती है कि "जो मनमें हो वही वचनोंसे कहो, यदि नहीं कह सकते तब तुमने अबतक धर्मका मर्म ही नहीं समझा।" माया, छल, कपट, वाक्-प्रपञ्च आदि वञ्चकताके इन्हीं रूपान्तरोंके त्यागपूर्वक जो वृत्ति होगी वही धार्मिकता भी कहलायगी। यही कारण है कि इस विषयमें कुछ लिखना आवश्यक प्रतीत हुआ।

हरिजन और उनका उद्धार—

अनन्तानन्त आत्मायें हैं परन्तु लक्षण सबके नाना नहीं, एक ही हैं। भगवान गृद्धपिच्छने जीवका लक्षण उपयोग कहा है। भेद अवस्थाकृत है, अवस्था परिवर्तनशील है। एक दिन जो बालक थे अवस्था परिवर्तन होते होते वृद्धावस्थाको प्राप्त होगये, यह तो शरीर परिवर्तन हुआ, आत्मामें भी परिवर्तन हुआ। एक दिन ऐसा था, जो दिनमें दस बार पानी पाँच बार भोजन करते भी सङ्कोच न करते थे वे आज एक बार ही भोजन और जल लेकर सन्तोष करते हैं। कहनेका तात्पर्य यह है कि सामग्रीके अनुकूल प्रतिकूल मिलनेपर पदार्थोंमें तदनुसार परिणमन होते रहते हैं। आज जिनको हम नीच पतित या घृणित जातिके नामसे पुकारते हैं। उनकी पूर्वावस्था (वर्ण व्यवस्था आरम्भ होनेके समय) को सोचिये और आजकी अवस्थासे तुलनात्मक अध्ययन कीजिए। उस अवस्थासे इस अवस्था तक पहुंचनेके

कारणोंका यदि विश्लेषण किया जाय तो यही सिद्ध होगा कि बहुसंख्यक वर्गकी तुलनामें उन्हें उनके उत्थान-साधक अनुकूल कारण नहीं मिले, प्रतिकूल परिस्थितियोंने उन्हें बाध्य किया। फलतः ६० प्रतिशत हिन्दू जनताके २०-२५ प्रतिशत इस जातिको विवश यह दुर्दिन देखनेका दुर्भाग्य प्राप्त हुआ। उनकी सामाजिक राजनैतिक आर्थिक एवं धार्मिक सभी समस्यायें जटिल होती गई, उनकी दयनीय दशापर कुछ सुधारकोंको तरस आया, गांधीजीने उनके उद्धारकी सफल योजना सक्रिय की, क्योंकि उनकी समझमें यह अच्छी तरह आ चुका था कि यदि उनको सहारा न दिया गया तो कितना ही सुधार हो कितना ही धर्म-प्रचार हो राष्ट्रीयताका यह कार्य कभी पूरा न हो सकेगा, वे सदाके लिये हरिजन (जिनके लिए हरिका ही सहारा हो और सब सहाराके लिए असहाय हो) ही रह जावेंगे, यही कारण था कि हरिजनोंके उद्धारके लिए गांधीजीने अपनी सत्य साधुताका उपयोग किया, जिसके साधु सन्तोंसे जोरदार शब्दोंमें आग्रह किया कि 'धर्म किसीकी पैतृक सम्पत्ति नहीं' यह स्पष्ट करते हुए उन्होंने हरिजन उद्धारके लिए सब कुछ त्याग किया, सब कुछ कार्य किया, दूसरोंको भी ऐसा करनेका उपदेश दिया। हमारे आगममें पृथ्वी पक्षीको व्रती लिखा है, मृत्यु पाकर स्वर्गवासी देव होना भी लिखा है यही नहीं भी रामचन्द्रजीका मृत भ्रातृमोह दूर करनेमें उसका निमित्त होना भी लिखा है।

आधुनिक युगमें हरिजनोंका उद्धार एक लिपीकरण कहा जा सकता है, धर्म भी हमारा पतित पावन है; यदि हरिजन पतित ही हैं तो हमारा विश्वास है कि जिस जैन धर्मके प्रबल प्रतापसे यमपाल चाण्डाल जैसे सद्गतिके पात्र होगये हैं उससे इन हरिजनोंका उद्धार हो जाना कोई कठिन कार्य नहीं है।

ब्राह्मणादि कौन ?

आगम मे लिखा है कि जो अस्पृश्य शूद्र से स्पर्श हो जावे तब स्नान करना चाहिये। अस्पृश्य क्या अस्पृश्य जाति में पैदा होने से ही होजाता है? तब तीन वर्णों मे (ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य) पैदा होनेसे सभी को उत्तम हो जाना चाहिये। परन्तु देखा यह जाता है कि यदि उत्तम जातिवाला निन्द्य काम करता है तब चाण्डाल गिना जाता है, उससे लोग घृणा करते हैं। घृणा की बात तो ठीक ही है, लोग उसे पंक्ति-भोजन और सामाजिक कार्यमें सम्मिलित नहीं करते। जो मनुष्य नीच जातिमें उत्पन्न होते हैं परन्तु यदि वह धर्मको अगीकार कर लेता है तो उसे सम्मानकी दृष्टिसे देखा जाता है, उसे प्रमाणित व्यक्ति माना जाता है। यह तो यहाँ के मनुष्य की बात है किन्तु जहा न कोई उपदेष्टा है और न मनुष्यो का सद्भाव है, ऐसे स्वयभूरमणद्वीप और समुद्रमें असख्यात तिर्यञ्च मछली, मगर तथा अन्य स्थलचर जीव व्रती होकर स्वर्गके पात्र होजाते हैं, तब कर्मभूमिके मनुष्य व्रती होकर यदि जैनधर्म पालें तब आप क्या रोक सकते हैं ? आप हिन्दू न बनिये, यह कौन कहता है, परन्तु हिन्दू-जो उच्च कुलवाले हैं वे यदि मुनि बन जावें तो आपको क्या अपत्ति है ?

'हिन्दू' शब्दका अर्थ मेरी समझमें धर्मसे सम्बन्ध नहीं रखता। जैसे भारतका रहनेवाला भारतीय कहलाता है इसी तरह देश विदेशकी अपेक्षा यह नाम पड़ा प्रतीत होता है। जन्मसे मनुष्य एक सदृश उत्पन्न होते हैं किन्तु जिनको जैसा सम्बन्ध मिला उसी तरह उनका परिणमन होजाता है। भगवान आदिनाथके समय तीन वर्ण थे। भरतने ब्राह्मणवर्णकी स्थापना की, यह

आदिपुराणसे विदित है, इससे सिद्ध है कि इन तीन वर्णोंमेंसे ही ब्राह्मण हुए। मूलमें तीन वर्ण कहांसे आये, विशेष ऊहापोहसे न तो आप ही अपनेको ब्राह्मणादि सिद्ध कर सकते हैं और न शूद्र कौन थे यह निर्णय भी आप दे सकते हैं।

शूद्रोंके प्रति कृतघ्न बनिए

लोगोंका जो उपकार शूद्रोंसे होता है अन्यसे नहीं होता। यदि वे एक दिनको भी मार्ग कूड़ाघर, सौच गृह आदि स्वच्छ करना बन्द करदें तब पता लग जावेगा। परन्तु उनके साथ आप जो व्यवहार करते हैं यदि उसका वर्णन किया जाय तो प्रवाह चल पड़े। वे तो आपका उपकार करते हैं परन्तु आप पंक्ति भोजन जब होता है तब अच्छा अच्छा माल अपने उदरमें स्वाहा कर लेते हैं और उच्छिष्ट पानी से सिंचित पत्तलोंको उनके हवाले कर देते हैं ! जिसमें लाखों कीटाणुओंकी उत्पत्ति होजाती है वह उच्छिष्ट भोजन जिसे हम करवावें वह क्यों न पतित होजावेगा। अच्छे अच्छे फल तो आप खागये और सड़े गले या आने जाने पकवा दंड हैं उन विचारोंको ! इसपर भी कहते हो हम आर्य पद्धतिकी रक्षा करते हैं, बलिहारी इस दयाकी धर्मधुरन्धरता-की !!! मेरा तो दृढ़तम विश्वास है कि पशु जो हैं उन्हें भी दूषित भोजन न देना चाहिये।

शूद्र भी धर्म धारणकर व्रती हो सकता है

यह तो सभी मानते हैं कि धर्म किसीकी पैत्रिक सम्पत्ति नहीं। चतुर्गतिके जीव जो सम्यक्त्व उपार्जनकी योग्यता रखते हैं, भव्यादि विशेषण-सम्पन्न होना चाहिये। धर्म वस्तु स्वतः सिद्ध है और प्रत्येक जीवमें है विरोधी कारण पृथक होनेपर

उसका स्वयम् विकास होता है और उसका न कोई हरता है और न दाता ही है। तथापि इस पञ्चम कालमे उसका पूर्ण विकास नहीं होता चाहे गृहस्थ हो, चाहे मुनि हो। गृहस्थमें सभी मनुष्यो-मे व्यवहार धर्मका उदय होसकता है, यह नियम नहीं कि ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य ही उसे धारण करें, शूद्र उससे वञ्चित रहें।

गिद्ध पक्षी मुनिके चरणोमे लेट गया। उसके पूर्व भव मुनिने वर्णन किये, सीताने रामचन्द्रजीको उसकी रक्षाका भार सुपुर्द किया। जहाँ गिद्ध पक्षी व्रती होजावे, वहाँ शूद्र शुद्ध नहीं हो-सकते, बुद्धिमे नहीं आता। यदि शूद्र इन कार्योंको त्याग देवे और मद्यादि पीना छोड़ देवें तब वह व्रती होसकता है। मदिर आने-की स्वीकृति देना न देना आपकी इच्छापर है। परन्तु इस धार्मिक कृत्यके लिए जैसे आप उनका बहिष्कार करते हैं वैसेही कल्पना करो, यदि वे कार्मिक कृत्यके लिए आपका बहिष्कार कर दें, असहयोग कर दें तब आप क्या करेंगे? सुनार गहना न बनादे, लुहार लोहेका काम न करे, बढ़ई हल न बनावे, लोधी कुरमी आदि खेती न करे, धोबी वस्त्र प्रक्षालन छोड़ देवे, चर्मकार मृत पशु न हटाये, बसौरिन सौरीका काम न करे, भगिन शौच-गृह शुद्ध न करे तब ससारमे हाहाकार मच जावेगा, हैजा प्लेग चेचक और क्षय जैसे भयकर रोगोका आक्रमण हो जावेगा। अत बुद्धिसे काम लेना चाहिये। उनके साथ मानवताका व्यवहार करना चाहिये जिससे वह भी सुमार्गपर आ जावें। उनके बालक भी अध्ययन करें तब आपके बालकोंके सदृस वे भी बी. ए, एम ए. वैरिस्टर हो सकते हैं, सस्कृत पढ़ें तब आचार्य हो-सकते हैं। फिर जिस तरह आप पच पाप त्यागकर व्रती बनते हैं यदि वे भी पच पाप त्याग दें तब उन्हें व्रती होनेसे कौन रोक सकता है? मुरारमें एक भगी प्रतिदिन शास्त्र श्रवण करने आता

था, संसारसे भयभीत भी होता था मांसादिका त्यागी था, शास्त्र सुननेमें कभी भूल करना उसे सह्य न था।

धर्म सबका है

आप लोगोंने यह समझ रखा है कि हम जो व्यवस्था करें वही धर्म है। धर्मका सम्बन्ध आत्मद्रव्य से है, न कि शरीरसे। हां यह अवश्य है जब तक आत्मा असञ्ज्ञी रहता है, तब तक वह सम्यग्दर्शनका पात्र नहीं होता। सञ्ज्ञी होते ही धर्मका पात्र हो जाता है। आर्ष वाक्य है कि चारों गतिवाला सञ्ज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव इस अनंत संसारके नाशक सम्यग्दर्शनका पात्र होसकता है। वहांपर यह नहीं लिखा कि अस्पृश्य शूद्र या हिंसक सिंह या व्यन्तरादि या नरकके नारकी इसके पात्र नहीं होते। जनताको भ्रममें डालकर हरएकको वाक्छल और अपनेको बुद्धिमान कह देना बुद्धिमानी नहीं। आप जानते हैं कि संसारमें जितने प्राणी हैं सभी सुख चाहते हैं और सुखका कारण धर्म है, उसका अन्तरङ्ग साधन तो निजमें है, फिर भी उसके विकासके लिए बाह्य साधनोंकी आवश्यकता है।

जैसे पटोत्पत्ति मृत्तिका से ही होती है, फिर भी कुम्भारादि बाह्य साधनोंकी आवश्यकता अपेक्षित है, एवं अन्तरंग साधन तो आत्मामें ही है फिर भी बाह्य साधनोंकी अपेक्षा रखता है। बाह्य साधन देव गुरु शास्त्र हैं। आप लोगोंने यहां तक प्रतिबन्ध लगा रक्खा है, कि अस्पृश्य शूद्रोंको मंदिर आनेका भी अधिकार नहीं है। उनके आनेसे मंदिरमें अनेक प्रकार विघ्न होनेकी सम्भावना है। यदि शांत भावसे विचार करो तब पता लगेगा कि

उनके मंदिर आनसे मंदिर में अनेक प्रकार विघ्न होनेकी सम्भावना है। यदि शांत भावसे विचार करो तब पता लगेगा कि

उनके मंदिर आनेसे किसी प्रकार की हानि नहीं अपितु लाभ ही होगा। प्रथम तो जो हिंसा आदि महापाप संसारमें होते हैं यदि वे अस्पृश्य शूद्र जैन धर्मको अङ्गीकार करेंगे तब वह पाप अनायास ही कम हो जायेंगे। आपके वशमें ऐसा भले ही न हो परन्तु यदि दैवात् हो जाये तब आप क्या करेंगे? चाण्डालको भी राजाका पुत्र चमर ढुलाते देखा गया ऐसी जो कथा प्रसिद्ध है। क्या वह असत्य है, अथवा कथा छोड़ो, श्रीसमन्तभद्र स्वामी ने रत्नकरण्ड श्रावकाचार में लिखा है—

सम्यग्दर्शनसम्पन्नमपि मातंगदेहजम्।
देवा देवं विदुर्भस्मगूढांगारान्तरौजसम्॥

आत्मामें अचिन्त्य शक्ति है। जैसे आत्मा अनन्त संसारके कारण मिथ्यात्व करनेमें समर्थ है उसी तरह अनन्त संसारके बन्धन काटनेमे भी समर्थ है।

मेरा हृदय यह साक्षी देता है कि मनुष्य पर्यायवाला जो भी चाहे वह कोई भी जाति हो कल्याण मार्गका पथिक हो सकता है। शूद्र भी सदाचारका पात्र है, हाँ यह अन्य बात है कि आप लोगों द्वारा जो मंदिर निर्माण किये गये हैं, उनमें उन्हें मत-आने दो और शासक वर्ग भी आपके अनुकूल ऐसा कानून बनादे परन्तु जो सिद्धक्षेत्र हैं, कोई अधिकार आपको नहीं जो उन्हें वहा जानेसे आप रोक सकें। मन्दिरके शास्त्र भले ही आप अपने समझकर उन्हें न पढ़ने दें परन्तु सार्वजनिक शास्त्रागार, पुस्तकालय, वाचनालयोंमें तो आप उन्हें शास्त्र, पुस्तक, समाचारपत्रादि पढ़नेसे मना नहीं कर सकते। यदि वह पंच पाप छोड़ देवे और रागादि रहित आत्माको पूज्य मानें, भगवान अरहन्तका स्मरण करें तब क्या आप उन्हें ऐसा करनेसे रोक सकते हैं?

मेरे हृदयमें दृढ़ विश्वास है कि अस्पृश्य शूद्र सम्यग्दर्शन और व्रतोंका पात्र है। यदि अस्पृश्यका सम्बन्ध शरीरसे है तब रहे, इसमें आत्माकी क्या हानि है? और यदि अस्पृश्यका सम्बन्ध आत्मासे है तब जिसने सम्यग्दर्शन प्राप्त कर लिया वह अस्पृश्य कहाँ रहा? मेरा तो यह विश्वास है कि गुणस्थानोंकी परिपाटीमें जो मिथ्या गुणस्थानवर्ती है वह पापी है। तब चाहे वह उत्तम वर्णका क्यों न हो यदि मिथ्यादृष्टि है तब परमार्थसे पापी ही है। यदि सम्यक्त्वी है तब उत्तम आत्मा है।

यह विषय शूद्रादि चारों वर्णोंपर लागू है। परन्तु व्यवहारमें मिथ्यादर्शन सम्यग्दर्शनका निर्णय बाह्य आचरणोंसे है, अत जिसके आचरण शुभ हैं वही उत्तम कहलाते हैं, जिनके आचरण मलिन हैं वे जघन्य हैं। तब एक उत्तम कुलवाला यदि अभक्ष्य भक्षण करता है वेश्यागमनादि पाप करता है उसे भी पापी जीव मानो। और उसे मन्दिर मत आने दो, क्योंकि शुभाचरणसे पतित अस्पृश्य और असदाचारी है। शूद्र यदि सदाचारी है तब वह आपके मतसे भगवानके दर्शनका अधिकारी भले ही न हो परन्तु पञ्चम गुणस्थानवाला अवश्य है। पाप त्याग ही की महिमा है। केवल उत्तम कुलमे जन्म लेनेसे ही व्यक्ति उत्तम हो जाता है ऐसा कहना दुराग्रह ही है। उत्तम कुलकी महिमा सदाचारसे ही है कदाचारसे नहीं। नीच कुल भी मलिनाचारसे कलङ्कित है। वे माँस खाते हैं, मृत पशुओंको ले जाते हैं, आपके शौच-गृह साफ करते हैं, इसीसे आप उन्हें अस्पृश्य कहते हैं।

सच पूछा जाये तो आपको स्वयं स्वीकार करना पड़ेगा कि उन्हें अस्पृश्य बनानेवाले आप ही हैं। इन कार्योंसे यदि वह परे हो जाते तो क्या आप उन्हें तब भी अस्पृश्य मानते जायेंगे? बुद्धिमें नहीं आता कि आज भङ्गी यदि ईसाई हो जाता है और

वह पढ़ लिखकर डाक्टर हो जाता है तब आप उसकी दवा गट-गट पीते हैं या नहीं ? फिर क्यो उससे स्पर्श कराते है ? आपसे तात्पर्य वहुभाग जनतासे है। आज जो व्यक्ति पाप कर्ममे रत हैं वे यदि किसी आचार्य महाराजके सानिध्यको पाकर पापोका त्यागकर देवें तव क्या वे धर्मात्मा नहीं हो सकते ? प्रथमानुयोगमे ऐसे वहुत दृष्टान्त हैं। व्याघ्रने सुकोशल स्वामीके उदरको विदीरण किया और वही श्री कीर्तिधर मुनिके उपदेशसे विरक्त हो समाधि मरणकर स्वर्ग-लक्ष्मीकी भोक्ता हुई। अत किसीको भी धर्म सेवनसे वञ्चित रखनेके उपाय रचकर पापके भागी मत वनो।

जैन दर्शनकी महिमा तो वही आत्मा जानता है जो अपनी आत्माको कषाय भावोंसे रक्षित रखता है। यदि कषायवृत्ति न गई तव वह मुनि, आचार्य कुछ भी वननेका प्रयत्न करे सव एक नाटकीय स्वाग धारण करना ही है। वे दूसरोका तो दूर रहे अपना भी उद्धार करनेके लिये पत्थरकी नौका सदृश हैं।

अस्पृश्यता--

शूद्रोंमें भी कई मनुष्य उत्तम प्रकृतिके होते हैं परन्तु अधिकाशका चारित्र घृणित होनेसे उन्हें अस्पृश्योंकी श्रेणीमें गिना दिया जाता है। परमार्थ दृष्टिसे विचार किया जावे तव पाप करनेसे आत्मा पापी और अस्पृश्य कहलाता है। जाति या कुलमे उत्पन्न होने मात्रसे आत्मा पापी और अस्पृश्य नहीं होता। यद्यपि शास्त्रोंमें दो गोत्र माने हैं और उनका इस तरहसे विभाग किया है कि जो ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य कुलमे उत्पन्न हो उसे उच्च गोत्री कहते हैं और इनसे अतिरिक्त शूद्रोंमें जन्म ले उसे नीच गोत्री कहते हैं पर इसका यह अर्थ नहीं कि उच्च कहलानेवाले

कुलमें जन्म लेनेवालेका आचरण उच्च ही होता है और शूद्र कुल वालोंका पतित ही होता है, क्योंकि इसमें विरोध देखा जाता है। उत्तम कुलवाले ऐसे ऐसे पाप करते हैं जो श्रवण सुननेको असमर्थ हैं।

जिनको हम नीच मानते हैं उनमें यदि कोई विशेष अवगुण है तो यह मदिरापान करना है। यदि वे आज मदिरापान छोड़ देवें तब यह कुछ अनायास उत्तम गणनाम आ सकता है। भारत सरकारको इस ओर प्रयत्न करना चाहिये। मद्यपान निषेध होवे ही हरिजनोंका कोटि कोटि रुपया बच जावेगा। उनका वह रुपया स्वच्छताम लगाया जावे। उनके बालकोंको यथायोग्य शिक्षा दी जाव तो अल्पकालमें ही लोग उन्हें अपनाने लगेंगे। ससारम ऊपरी सफाईकी बहुत मान्यता है।

हरिजनोंको हम लोगाने केवल सफाइके लिये अछूत बना रखा है। इतनी दया नहीं जो कभी उन्हे मानव धर्मका उपदेश देवे। यदि वह कभी मार्गमें सफाई करते मिलते हैं तब हमारा शब्द निकलता है—"दूर हटो! हम आते हैं!!!" यह नहीं समझते कि हमारी स्वच्छताके लिये ही तो इन्हें यह करना पड़ता है। यदि कभी उनपर दयाका भाव हुआ तब उन्हें जीर्ण शीर्ण वस्त्र देकर अपने कृतकृत्य होनेका दावा करते हैं।

हरिजनके विषयमें जो धारणा है वह उस रूपसे है जैसी परम्परासे चली आई है। यद्यपि उनके संस्कार इतने मलिन हो चुके हैं जो शताब्दियोंमें बदलेंगे किन्तु जब कोई सुमार्गपर लानेकी चेष्टा करेगा तब तो सुधरेंगे। चाण्डालका पुत्र चाण्डाल ही हो यह हमारी श्रद्धा नहीं है। यदि कोई प्रयास करे तब उसके संस्कार उत्तम हो सकते हैं।

हम लोगाने पशुओंतकसे तो प्रेम किया, कुत्ते अपनाये, बिल्ली

अपनायी। किन्तु इन मनुष्योंसे इतनी घृणा की जिसका वर्णन करना हृदयमें अन्तर्व्यथा उत्पन्न करता है। अत यदि भङ्गियोंको सुधारना चाहते हो तो उन्हे अपनाओ।

प्रथम तो भारत सरकारका कर्तव्य है कि मदिरापानका निषेध करे। इसका प्रचार शूद्रोंमे ही नहीं उच्चवर्गमे भी होगया है। एकदम उसका निराकरण करे। मद्य यह उपलक्षण है। भाँग, गाँजा, चरस, अफीम, चण्डू जितने मादक द्रव्य हैं सभीका निषेध करे। परन्तु सरकार रुपयेकी आय देखती है। "यदि इन मादक द्रव्योंको वेचना छुड़वा देवे तब करोड़ोकी आय न होगी" यह जितना विचारणीय है उससे कहीं अधिक उनके जागृत जीवनका उद्धार कैसे हो यह अधिक विचारणीय है।

उत्पत्तिके समय मनुष्य नग्न ही होता है, और मरणके समय भी नग्न रहता है। जब मनुष्य पैदा होता है, जिस देशमें पैदा होता है उसी देशकी भाषाको जानता है। तथा जिसके यहाँ जन्म लेता है उन लोगोंका जो आचारणादि होता है वही उस बालकका हो जाता है। जन्मान्तरसे न तो भाषा लाता है और न आचारादि क्रियाओंको लाता है। जिस कालमें जो जन्म लेता है उसीके अनुकूल उसका आचरण हो जाता है। अत "सर्वथा जन्मान्तर संस्कार ही वर्तमान आचरणका कारण है" यह नियम नहीं, वर्तमानमें भी कारण कूटके मिलनेसे जीवोंके संस्कार उत्तम हो जाते हैं। अन्यकी कथा छोड़ो मनुष्योंके सहवाससे पशुओंके भी नाना प्रकारकी चेष्टाएँ देखनेमें आती हैं। और उन बालकोंसे जो ऐसे कुलोंमें उत्पन्न हुए जहाँ किसी प्रकारके ज्ञानादिके साधन न थे वे ही उत्तम मनुष्योंके समागममें उत्तम विद्वान् और सदाचारी देखे गये। इसलिये अस्पृश्य सदा अस्पृश्य ही बने रहेंगे ऐसी श्रद्धा करना उचित नहीं है।

क्या अस्पृश्यका भय यह है कि उनके स्पर्शसे हम स्नान करना पड़ता है? या वे मद्यादि पान करते हैं इससे अस्पृश्य हैं या वे हम लोगोंके द्वारा की गई गन्दगी स्वच्छ करते हैं इससे अस्पृश्य हैं, या शरीरसे मलिन रहते हैं इससे अस्पृश्य हैं, या परम्परासे हम उन्हें अस्पृश्य मान रहे हैं इससे अस्पृश्य हैं? यदि मद्य मांस सेवनसे अस्पृश्य हैं तब जो लोकमें उत्तम कुलके हैं और मांस सेवन करते हैं वे अस्पृश्य होना चाहिये यदि गन्दगीके साफ करनेसे अस्पृश्य हैं तब प्रत्येक मनुष्य गन्दगी साफ करता है। वह भी अस्पृश्य हो जावेगा। शरीर मलिनता भी अस्पृश्यताका कारण नहीं है। बहुतसे उत्तम कुलवाले शरीर मलिनतासे अस्पृश्य हो जावेंगे। तब यह हो सकता है कि जो उनमें मलिनाचारकी बहुलता है वह अस्पृश्यताका साधक है। यह बहुत उत्तमकुलमें भी पाई जाती है। इससे सिद्ध होता है कि जो यहां पर पापाचारमय प्रवृत्ति है वही अस्पृश्यताका कारण कल्याणके मार्गसे दूर रखनेवाली है।

मेरा विश्वास

मेरा यह दृढ़तम विश्वास है कि मनुष्य जातिमें जन्मे जीवको यदि काललब्धि आदि कारण कूट मिल जाय तब वह सम्यग्दृष्टि हो सकता है और अप्रत्याख्यानका क्षयोपशम हो जावे तब देश व्रती भी हो सकता है। मेरी तो यहां तक श्रद्धा है कि चाण्डाल कुलमें जन्मा भी जीव योग्य सामग्रीके मिलनेपर उसी पर्यायसे व्रती हो सकता है। मन्दिर आने दो न आने दो यह और बात है। यदि यह श्रद्धा होनेके कारण लोग हमारी निन्दा करते हैं। तो करें। हमें उसका कोई भय नहीं। हम उसे आगमानुकूल मानते हैं। तथा शूद्र कुलवाला वज्रवृषभनाराच संहननका धारी हो सकता

है, क्षयोपशम सम्यक्त्वी भी हो सकता है, उसे यदि श्रुतकेवली या केवलीके पादमूलका सम्बन्ध मिले तब क्षायिक सम्यग्दृष्टि भी हो सकता है।

मेरे विचारसे चाण्डालके भी इतने निर्मल परिणाम हो सकते हैं कि वह अनन्त ससारका कारण मिथ्यात्वका अभाव कर सकता है। जो आत्मा सबसे बड़े पापको नाशकर सकता है फिर भी चाण्डाल बना रहे ? यह समझमें नहीं आता। चाण्डालका सम्बन्ध यदि शरीरसे है तब तो हमे कोई विवाद नहीं। जिसे विवाद हो रहे। परन्तु आत्माको जब सम्यग्दर्शन हो जाता है तब वह पुण्य जीवोंकी गणनामें आ जाता है। आगममें मिथ्यादृष्टि जीवोंको पापी जीव कहा है चाहे वह कोई वर्णका हो। परन्तु हम लोग इतने स्वार्थी होगये कि विरले तो यहाँतक कह देते हैं कि यदि इन लोगोंका सुधार हो जावेगा तो हमारा कार्य कौन करेगा ? लोकमें अव्यवस्था हो जावेगी अतः इनको उच्चधर्मका उपदेश ही नहीं देना चाहिये। इतना स्वार्थ जगतमें फैल गया है कि जिनके द्वारा हमारा सब व्यवहार बन रहा है उसीसे हम घृणा करते हैं।

किन्तु ससारमें ऐसा कौन होगा जो आत्मीय हितकी अवहेलना करे ? आप जानते हैं धर्म कोई पौद्गलिक पर्याय नहीं और न पुद्गलका गुण है, और न पुद्गल ही है। धर्म वह आत्माकी पर्याय है जो मोह और क्षोभसे रहित हो। वही कहा है—

"चारित्तं खलु धम्मो धम्मो जो समो त्ति णिद्दिट्ठो।
मोहक्खोहविहीणो परिणामो अप्पणो हि समो॥"

निश्चयकर चारित्र ही धर्म है, और आत्माका जो सम परिणाम है वही धर्म है। दर्शन मोहके उदयसे आत्मामें जो परि-

णाम है और चारित्र मोहके उदयसे जो क्षोभ परिणाम होता है इन दोनों परिणामोंसे रहित आत्माका जो निर्मल परिणाम होता है उसीका नाम साम्यभाव है। वही परिणाम धर्म है, और उसीका नाम चारित्र है। यही मोक्षमार्ग है।

हरिजनों का कर्तव्य

१ आज हमारे हरिजन धर्म काम करते हुए भी मद्यपान आदि अवगुणोंको छोड़ देवें और जो रुपया बचे उसका स्व मन्दिर बनवा लेवें, उसमें प्रतिदिन धर्म कथा करें, सिनेमा जाना छोड़ देवें।

२. अपने मकानको स्वच्छ रखें झाड़नेकी झाड़ू टोकनी मकानसे पृथक रखें बल्कि म्युनिसपिलटीसे प्रार्थना कर एक पृथक गृह इन सफाईके साधनों (झाड़ू टोकनी आदि) को रखनेके लिये रहे।

३ बाजारकी सड़ी गली वस्तुएं खाना छोड़ देवें।

४ जब कुएपर पानी भरने जावें तब स्वच्छ बर्तन लेकर जावें।

५ निरन्तर अपनी सन्तानको स्वच्छ रखें।

६ जो कोई कुछ देवें स्वच्छ हो तभी लें यदि गन्दा हो या झीम ही लेनेसे इन्कार कर दें। यह कहें। हम भी मानव हैं, आपको लज्जित होना चाहिये ऐसा निन्द्य व्यवहार करते हो। उचित तो यह है कि उतना ही भोजन परसाओ जितना खा सको। दृष्णा पापकी जड़ है, उसे छोड़ो। बहुत दिन आपका आचरण हिन्दू समुदायके विरुद्ध रहा। इसीसे आजतक विदेशी शासकोंके दास रहे। अब स्वराज्य पाकर भी यदि इन निन्द्य कृत्योंसे अपनी रक्षा न कर सके तब यही दशा होगी।"

(सन् १९४९,५१ की डायरियों रजिस्टर और स्फुट पुस्तिकासे)

परोपकार

क्षेत्रकी विपमता—

हमारा जिस क्षेत्रमें जन्म हुआ, वह कर्मभूमिसे प्रसिद्ध है। यहाँपर मनुष्य समाज एक सदृश नहीं है। कोई वैभवशाली है कोईके तनपर वस्त्र भी नहीं है। कोई आमोद प्रमोदमें अपना समय यापन कर रहा है, तब कोई हाहाकारके शब्दों द्वारा आ-क्रन्दन कर रहा है। कोई अपने स्त्री-पुत्र-भ्राता आदिके साथ तीर्थ यात्राकर पुण्यका पात्र हो रहा है, तब कोई उसी समय अपने अनुकूल प्राणियोंको देख वेश्यादि-व्यसन सेवनकर पाप-पुञ्जका उपार्जन कर रहा है। कहनेका तात्पर्य यह है कि कर्म भूमिमें अनेक प्रकारकी विपमता देखी जाती है। यही विपमता "परस्परोपग्रहो जीवानाम्" इस सूत्रकी यथार्थता दिखा रही है।

साधुजनोंके क्षेत्रमें—

जो ससारसे विरक्त हो गए हैं और जिन्होने अपनी क्रोधादि विभाव परिणतियोंपर विजय प्राप्त कर ली है उनका यही उप-कार है, जो प्रजाको सुमार्गपर लगावे। हम लोगोंको उनके निर्दिष्ट मार्गपर चलकर, उनकी इच्छाकी पूर्ति करनी चाहिए। तथा उनकी वैयावृत्य करना उचित है। तथा वह आहारको जावे, तब उन्हें यथागम रीतिसे आहार दान देकर, उन्हे निराकुल करनेका यत्न करना चाहिए।

विद्वज्जनोके क्षेत्रमें—

जो विद्वान् हैं, उन्हें उचित है कि ज्ञानके द्वारा ससारका

अज्ञान दूर करें। और हम अज्ञानी जनोंका उचित है जो उनके परवारादिके पोषणके लिये भरपूर द्रव्य देवें।

द्रव्यका उपयोग—

तथा हमारे यदि धनकी विपुलता है तब उसे यथोचित कार्योंमें प्रदानकर जगतका उपकार करना चाहिए। जगतका यह काम है, जो हमारे प्रति सहानुभूति रक्खे। यदि सञ्चित धनका उपयोग न किया जावेगा तब या तो उसे दायादगण अपनावेगा-या राष्ट्र ले लेगा।

शरणार्थी सहायता—

जब ऐसी संसारकी व्यवस्था है, तब वर्तमानमें, जब बंगाल और पजाबमें लाखों मनुष्य गृहविहीन हो रहे हैं, तब जिनके पास पुष्कल द्रव्य है, वे उसे उनकी रक्षामें लगा देवें। तथा जिनके पास पुष्कल भूमि है, उसमें गृहविहीन मनुष्योंको बसावें तथा कृषि करनेको देवें। जिनके पास मर्यादा से अधिक वस्त्रादि हैं, उन्हें उन लोगोंमें अपने योग्य रखकर वितरण कर देवें। तथा जो भोजन मर्यादासे अधिक खाया जाता है, उसे परिमित कर शर णार्थियोंकी रक्षामें लगाया जावे। यदि इस पद्धतिको अपनाया जावेगा तब जनता कम्यूनिस्ट न होगी। अन्यथा यह समय अल्प समयमें आनेवाला है, जब भारतवर्ष अपनी पुरानी धार्मिक परम्परासे बहुत दूर चला जायगा। अत उसके पहले अपनी परिणतिको सुधारो और यथेष्ट दान देकर परलोककी रक्षा करो।

इस समय भारतवर्षमें अनेक आपत्तियाँ आ रही हैं। जिधर दृष्टि उधरसे रुपयोंकी आवश्यकता है। मेरी तो यह सम्मति है, कि प्रत्येक कुटुम्ब, उसके यहाँ जो दैनिक व्यय भोजन-वस्त्रादिमें होता हो उसमेंसे १) रु० में एक पैसा इस परोपकार[illegible] कर,

तब अनायास यह समस्या हल हो सकती है। अन्यकी बात मैं नहीं कहता, यदि हमारे जैनी भाई प्रत्येक मनुष्यके पीछे ½ आधा पैसा निकालें तब अनायास ही ७,००,००० सात लाख पैसे आ सकते हैं। इस तरह कुल—

एक दिनमें—१०९३७॥)
एक माहमें—३,२८,१२५)
एक वर्षमें—३९,३७,५००)

इतना रुपया आसानीसे परोपकारमें लग सकता है।

(इटावा, अक्षय तृतीया, स० २००७)

स्त्रियों की समस्याएँ

दुःखकी बात यह है कि स्त्रियोंकी समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, और जब समस्याएँ बढ़ती हैं तब स्वभावतः उलझनें भी जाती हैं। ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं जिसमें समस्या न हो।

बाल जीवनकी समस्याएँ

कन्याका जन्म सुनते ही लोग अप्रसन्नता व्यक्त करते हैं—'हाय! हम सोचते थे लड़का होगा पर लड़की हुई! भाग्यमें जो होता है, वही मिलता है" आदि ऐसे वचन सुनके लोग कहते हैं जिनसे अपमान प्रतीत होता है। ऐसी प्रथा हो चल पड़ी है कि जो उत्सव लड़केके जन्ममें मनाया जाता है वह लड़कीके जन्ममें नहीं मनाया जाता। एक दिन तो ऐसा भी रहा है कि कन्याके साथ इतना पक्षपात किया गया कि उसका होते ही मरजाना अच्छा समझा गया। अस्तु, उसे प्रेम किया भी जाता है तो वैसा नहीं जैसा लड़केसे किया जाता है? लालन पालन यहाँ तक कि शिक्षाके विषयमें भी उसे वह सौभाग्य प्राप्त नहीं होता जो लड़केको होता है।

युवा जीवनकी समस्याएँ

कन्या जैसे बड़ी हुई विवाहकी समस्या सामने आती है। कन्यावालोंपर वज्र पड़ता है। इसका विवरण सुनो तो घिन् शब्दोंका प्रयोग होने लगेगा। लड़का कहता है लड़की दिखाओ! दिखलानेसे रूपमें उत्तीर्ण होगई तब पूछता है मैं जुपट है? तब

योगसे उसमे भी उत्तीर्ण होगई तव प्रश्न आता है कि गाना वजाना जानती है ? नृत्य जानती है ? इत्यादि विपयोंमे उत्तीर्ण होना तो लडकीकी परीक्षा हुई। अव पिताकी परीक्षाका समय आया। फिर क्या प्रश्न होता है—कहिये कितना दोगे ? सौदा तो तभी पटेगा, एक मोटर, एक रेडियो, २०,०००) वीस हजार रुपये नगद। यदि इसमे अनुत्तीर्ण हुआ सौदा नहीं पटा ! सौदा पटा और अगर उसमें कुछ कमी रहगई तो ससुरालमें जन्मभर कटु शब्दोंका प्रयोग उसके प्रति होता है, अपमान होता है।

पति यदि विवेकशील न हुआ तव आहार विहारमें यहाँतक कि सन्ततिके सरक्षणमें भी अनेक कष्ट सहन करने पड़ते हैं।

मनुष्य प्राय गर्भमे वालक रहनेपर स्त्री सभोग करते हैं। उस समय गर्भस्थ बालकके कष्टको कौन देखनेवाला है ? जैसे-जैसे नव मास पूर्णकर गर्भसे निष्कासन हुआ, तव वालकके उत्पन्न होनेसे यथाशक्ति अपव्यय किया। जैसे-तैसे देवी-देवता पूजते इकतालीस दिनके हुए तव माँ के धार्मिक कार्योंके करनेका समय आया। यह तो वात छोड़िए, अब मुख्य वातपर आइए। हमको क्षुधाने सताया हमारे पास अन्य साधन तो कुछ हैं ही नहीं। "वालाना रोदन वलम्"। क्षुधाके अर्थ रोने लगे, माँ ने थोडी सी अफीम, अपने स्तनसे दुग्ध निकालकर पिलादी। चाहिए था दुग्ध, मिला विप। नशेमें मग्न होगए, माँ ने समझा सो गया। जब दो या तीन घण्टेमें होश हुआ फिर रोने लगे तव मनमें माँ के आया, अरे ! वालक भूखा है, दुग्ध पिलादो। यह दशा भोजनकी है, इसीसे सोने आदिका विचार करलो।—

किसी दिन यदि क्षुधादिके वैपम्यसे कुछ शरीरमें विकृति हुई तव फिर क्या गोदीमें लेकर भगिनके घर पहुँची। आज वेटा को कुदृष्टि लग गई इसे झाड़ूसे झाड दो। उसने अट्ट-पट्ट कर

म्याड दिया। अथवा यह नहीं किया तब जहाँ मुसलमान नमाज पढ़ते हैं, वह नमाज पढ़कर जब अपने गृहको जाते हैं, मनक स्त्रियाँ गोदमें बच्चे लिए खड़ी रहती हैं। उनके बालकोंके मुखपर श्वासकी सभी फूँक लगाते हैं उस समय मुल्लाके कफांश भी बालक के मुखकमल पर पड़ते हैं। अथवा यदि बालक हुआ तब स्त्री के नेत्रोंमें शृंगित भावका प्रवेश कराके जो जो दुर्दशा उस स्त्री की होती है, वह जानती है। जो भारत अपने पवित्र भावोंके द्वारा जगतमें श्रेष्ठ था आज जो उसकी अवनत दशा हो रही है सो उसका वर्णन करना हृदयको धक्का देना है।

बाल्यावस्थामें बालककी शिक्षा माताके ऊपर निर्भर है, माँ अपनी वेष-भूषासे ही अवकाश नहीं पाती। यह भी बोध नहीं, बालकोंके समक्ष पुरुषसे हास्यादि नहीं करना चाहिए, परन्तु क्या लिखें? बालक माता-पितासे प्राय: विषय सेवनकी प्रणाली सीख जाते हैं। जहाँपर बाल्यावस्थामें ऐसे कुत्सित संस्कारोंकी शिक्षा मिल जाती है। वहाँ उत्तर कालमें कहाँतक सुमार्गकी शिक्षा मिलेगी? इसीसे अनुमान करलो।

जब पाँच वर्षका हुआ स्कूल जाने लगा फिर गधाका 'ग' घोड़ाका 'घ' बिल्लीका 'ब' कुत्ताका 'क' आदि एक वर्षतक पढ़नेमें आया। परमात्मा के स्मरणकी कथा छोड़ो। किसी तरहसे चार क्लास पास हुए, अंग्रेजी पढ़नेमें लग गए। अब रहने-सहनेमें भी परिवर्तन होगया। जिस तिस प्रकारसे एन्ट्रेंस पास किया पश्चात् कालेजका शरण लिया। यहाँ पर रंगको छोड़कर अंग्रेज बन गए। जो लोग अंग्रेजी भाषाको नहीं जाननेवाले हैं, उनसे हमपूर्ण कहनेमें संकोच छूट गया। किसी प्रकार बी० ए० एम० ए० एल एल बी डिग्रियाँ प्राप्त करलीं।

विवाहकी बात होने लगी लड़की बी० ए० पास है, रंग गोरा

है, गाना बजाना जानती है। १००००) २००००) रुपये देंगे, पहले लडकी देख लेवेंगे। विशेष क्या लिखे, जैसे-तैसे विवाह सम्पन्न होगया। अब दम्पति होगए, पिताजी कहते हैं, अपने यहाँ कौलिक रीतिसे व्यापार चला आरहा है, उससे आजीविका करो, नहीं पढ़नेका फल यह नहीं। गवर्नमेंट सर्विस करेंगे, किसी भाग्योदयसे उत्तम सर्विस मिल गई तब तो महाशय और गृहिणी का व मुश्किल निर्वाह होने लगा। यदि उत्तम सर्विस न मिली तब जो दशा होती है, वह सर्व साधारणको विदित है। इस तरह सारी समस्याएँ उसके सामने आती हैं। अपने पतिकी पत्नी, पुत्रकी माता, और बहूकी सास—इन तीनोंकी समस्याओंका भार लेकर उसे दुर्गम जीवन पथपर चलना होता है। वह भी उस बुढापेकी अवस्थातक जिसमे समस्याओंका अन्त नहीं होता। अस्तु।

भोजनकी समस्या--

जिस भोजनकी आवश्यकता शरीर स्थितिके लिये आवश्यक है वह भी उलझी हुई है। स्त्रियोंका भोजन तब होता है जब पुरुष कर चुकते हैं। उनके बाद जब भोजन ठंडा हो जाता है तब स्त्रियाँ करतीं हैं। एक तो उनसे खाया ही नहीं जाता, यद्वा-तद्वा खा भी लिया तो वह सुपक्व नहीं होता।

रहन-सहन और धार्मिक समस्याएँ—

सबसे अधिक कष्ट स्त्रियोंको गर्मीका होता है, क्योंकि मनुष्य तो कटिभागसे ऊपरी भागको निरावरण रखते हैं। स्त्रियाँ तो हाथकी अँगुलीको भी निरावरण करनेमें आत्मीय अपमान समझती हैं। मुखको निरावरण करनेमे सकोच करती है। पुरुषोंने भी ऐसे प्रतिबन्ध लगा रक्खे हैं। कहाँतक कहा जावे, मंदिरमें जब वे श्रीदेवाधिदेवका दर्शन करती हैं, वहाँपर पूर्णरूपसे दर्शन-

का लाभ नहीं ले सकतीं। यद्या-तद्या दर्शन करनेके अनन्तर यदि शास्त्र-प्रवचनमें पहुँच गई वहाँपर भी वक्ताके वचनोंका पूर्णरूपसे कर्णोंतक पहुँचना कठिन है। प्रथम तो कर्णोंपर वस्त्रका आवरण रहता है। तथा पुरुषोंसे दूरवर्ती उनका क्षेत्र रहता है। दैवयोगसे किसीके गोदमें बालक हुआ और उसने क्षुधातुर हो रुदन प्रारम्भ कर दिया तब क्या कहें? सुनना तो एक ओर रहा वक्ता प्रभृति मनुष्योंके वाग्-बाण प्रहार होने लगते हैं। "बालकवाली बाहर चली जावे हमारे विघ्न मत करो"। इसे श्रवणकर शास्त्र श्रवणकी जो जिज्ञासा स्त्री-समाजमें थी वह विलीन हो जाती है। अतः पुरुष वर्गको उचित है, जो जिससे जन्मा वह स्त्री ही तो है। उसके प्रति इतनी कृतघ्नता न करनी चाहिए। प्रत्युत सबसे उत्तम स्थान उन्हें शास्त्र-प्रवचनमें सुरक्षित रखना चाहिए।

महिला महत्त्व—

यदि स्त्री-वर्ग शिक्षित होकर सदाचारिणी हो जावे तब आज भारत क्या जितना जगत् मनुष्योंके गम्य है, सभ्य हो सकता है। आज जो समस्या उत्तमसे उत्तम मस्तिष्क वाले नहीं हल कर सके, अनायास हल हो जावेगी। इस समय सबसे कठिन समस्या "जन-संख्याकी वृद्धि किस उपायसे रोकी जावे" यह है? अनायास शिक्षित स्त्री-वर्ग उसे भी कार्यमें परिणत कर सकता है। जिस कार्यके करनेमें राजसत्ता भी हार मानकर परास्त हो गई उसे सदाचारिणी स्त्री अपने पतियोंको यह उपदेश देकर राह सुमार्गपर ला सकती है— 'जब बालक गर्भमें आ जाय तब आप और हमारा कर्तव्य है कि जबतक वह बालक उत्पन्न होकर पाँच वर्षका न हो जावे तबतक विषय-वासनाका त्याग करें।" ऐसा ही प्रत्येक स्त्री सभ्य व्यवहार करे, इस प्रकारकी प्रणालीसे सुधार

वृद्धि रुक जावेगी। इसके होनेसे जो लाखों रुपये डाक्टर, वैद्य, दुकानदार, शिक्षित वर्ग, विदेशी खिलौने आदिमे जाते हैं, वह बच जावेगे। तथा जो टी० बी० के चिकित्सागृह हैं, वह सुतरां अनावश्यक हो जावेगे। अन्नकी जो कमी है, वह भी न होगी। दुग्ध खूब मिलने लगेगा। मदिरामें द्रव्यका व्यय न होगा, गृहवासकी पुष्कलता हो जावेगी। इस विषयका यदि पूर्णरूपसे वर्णन किया जावे तो एक महाभारत बन जावेगा। अत आवश्यकता है—स्त्री-समाजको सभ्य बनानेकी। यदि वह समाज चाहे तब आज बडे-बड़े मिलवालोंको चक्रमें डाल सकती है। उत्तमसे उत्तम धोती जिन मिलोंमें निकलती है, वह स्त्री-समाज पहनना बन्द कर देवे, तब मिलवालोंकी क्या दशा होगी? सो उन्हें पता लग जावेगा, करोडोका माल यों ही बरबाद हो जावेगा। यह कथा छोडो, आज स्त्री समाज काच की चूडी पहनना बन्द कर देवे और उसके स्थानपर चाँदी-सुवर्णकी चूडीका व्यवहार करने लगे तब चूडीवालोंकी क्या दशा होगी? रोनेको मजदूर न मिलेगा। आज स्त्री-समाज चटक-मटकके आभूषणोंको पहनना छोड देवे तब सहस्रों सुनारोंकी दशा कौन कह सकता है? इसी तरह यह पाउडर लगाना छोड देवे, तब विलायतकी पाउडर कम्पनियाँ समुद्रमे पाउडर फेक देगी। अत स्त्री-समाजके शिक्षित सदाचारसे ससारके अनेक व्यापार बन्द हो सकते हैं। यही कारण है जो मनुष्य इन्हें सदाचारकी शिक्षा नहीं देते। दूसरे यदि इन्हें शिक्षा सदाचारकी दी जावे तो पञ्चम कालमे चतुर्थ कालका दृश्य आ सकता है। चतुर्थ कालमे यही तो था कि बहुल भावसे प्राणी सुमार्गमें प्रवृत्ति करता था। इसका यह अर्थ नहीं कि सामान्य मनुष्य पापमे लिप्त नहीं होते थे, पापकी प्रवृत्ति थी परन्तु सुमार्गका प्रचार होनेसे उनकी ओर जनताका लक्ष्य

नहीं रहता था। यही कारण है कि स्त्रियोंमें अधिकांश प्रवृत्ति मात्र रूप रहती है। अत उनमें अनेक गुणशालिनी होनेपर भी बहुभाग समीचीन मार्गसे विमुख होनेके कारण उनकी गणना उत्तम स्त्रीयोंमें नहीं की जाती।

हमारा कर्तव्य—

अब शिक्षाका प्रचार अधिक हो गया है। स्त्रियाँ भी पुरुषों जैसा उच्च शिक्षा प्राप्त करनेमें आगे बढ़ रही हैं। समझदारी उनमें आ गई है। हमारा कर्तव्य है कि स्त्रियोंकी उलझी हुई समस्याओंके सुलझानेमें योग दें। जिससे वे अपने सदाचार और स्वाभिमानको सुरक्षित रखती हुई आदर्श बन सकें। सीता, मैना-सुन्दरी, कौशिल्या और त्रिशला स्त्रियाँ ही तो थीं, उनके आदर्शोंसे आज विश्वमें भारतका मस्तक उन्नत है। अपनी बहू-बेटियों, बहिनों और माताओंके सामने ऐसे ही आदर्श रखिए तब अपने घरको स्वर्ग देखनेकी कामना कीजिये।

(आषाढ़ वदी ७ सं० २०० ७)

———

विश्व-बन्धुत्व

विश्वके साथ बन्धुता स्थापित करना परम पुण्यका कार्य है। इसके लिये नितान्त पवित्र परिणामोंकी आवश्यकता है। पवित्र परिणाम रखनेका उपाय यह है कि स्पष्ट वचनका व्यवहार करो। जो मनमें हो उसे व्यवहारमें लाओ। यदि किसीके प्रति तुम्हारे हृदयमें असद्भाव उत्पन्न हुए हैं तब उन्हें रोकनेका प्रयत्न करो। यदि उनको नहीं रोक सकते तो उस प्राणीसे कह दो—"प्रिय-बन्धु! मुझे खेद है कि मेरे परिणाम आपसे महानुभावके प्रति अनिष्ट करनेके हुए। इनसे आपका कुछ भी अनिष्ट होनेका नहीं क्योंकि आपकी आत्मा विपरीत भावसे रहित है, आपको तो जितने नोकर्म हैं उनके प्रति रागद्वेष नहीं, क्योंकि अभिप्रायसे आप निर्मल हो गये हैं। आपकी अज्ञानता चेतना चली गई है अत आप न तो कर्म-चेतनाके कर्ता हैं और न कर्मफलके भोक्ता ही हैं। हमारी अज्ञानता हमसे नाना कल्पनाएँ करा रही है, और उसीके आवेशमें आकर आप जैसे भद्रोंके प्रति हमारे द्वारा अभद्रता हो रही है। आप हमारे प्रति साम्यभाव ही रखते हैं। यह आपकी सौम्य परिणतिका प्रभाव है परन्तु इससे हमारा लाभ नहीं। कुछ परोपकारकी दृष्टि और धर्मानुरागसे या अनुकम्पासे हम जैसे अज्ञानियोंके प्रति कुछ ऐसा वस्तु स्वरूप प्रतिपादन करनेकी चेष्टा कीजिये जिससे हमारी आत्मामें भी निर्मलता आवे। आखिर हम भी तो आपके बन्धु हैं। कर्मकी बलवत्तासे इन अनात्मीय भावोंके जालमें आ गये। यदि आपसे प्रबलतम आत्माओंके समक्ष हमारी यह पराधीनता न छूटी तब आपसे

महापुरुषोंके सम्पर्कसे क्या लाभ ? अतः अब विलम्ब न कीजिये झटिति शुद्ध मार्गका उपदेशकर इस बन्धनसे मुक्त कीजिये।"

इतनी अभ्यर्थना सुननेके पश्चात् एक तो वह व्यक्ति नम्र हो जायगा यदि उसके हृदयमें कषाय उत्पन्न भी हुई होगी तो वह निर्मूल हो जायगी। साथ ही इतनी विनय करनेका प्रभाव तुमपर स्वयं पड़े बिना न रहेगा तुम्हारी आत्मा भी निष्कषाय हो जावेगी जहाँ दोनोंके हृदय निष्कषाय और नम्र हो गये वहाँ बन्धु-स्नेह उमड़ पड़ेगा। तुम्हारे इस व्यवहारको देखकर न जाने कितने लोग इस पथपर चलकर आत्म कल्याण कर लेंगे ?

(अगहन वदी ९ सं० २ ० स्मृति पुस्तिकासे)

वर्णी लेखाञ्जलि

आत्महित

कर्त्ताकर्म अधिकारमें बताया है कि आत्मा अपने परिणामों का कर्त्ता है और पुद्गल अपने परिणामोंका। आत्मा पुद्गलका कर्त्ता नहीं है और न पुद्गल आत्माका। सब द्रव्य अपने अपने स्वरूपके कर्त्ता तथा भोक्ता हैं। पुद्गल और आत्माका एक क्षेत्रावगाह सम्बन्ध होते हुए भी पुद्गलका एक अंश आत्मामें नहीं आता और न आत्माका एक अंश पुद्गलमें जाता है। स्वर्ण और चाँदीका परस्पर सम्बन्ध है फिर भी स्वर्णका एक अंश न चाँदीमें गया और न चाँदीका एक अंश स्वर्णमें आया, दोनों अपने अपने स्वरूपसे हैं। आत्मा पुद्गलका कर्त्ता नहीं है। यदि आत्मा पुद्गल कर्मको करे और अपने परिणामोंको भी करे तो वह दो क्रियाओंसे अभिन्न ठहरे परन्तु ऐसा मानना ठीक नहीं है। पुद्गल अपने स्वरूप द्वारा परिणमता है और आत्मा अपने भावों द्वारा परिणत होता है। आत्माके राग, द्वेष, मोहका निमित्त पा करके पुद्गल ज्ञानावरणादि रूप परिणमन कर जाता है और पुद्गल कर्मका विपाक होनेपर आत्मा राग, द्वेषादिक रूप परिणमन कर जाता है, यही निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध है।

यदि आत्माके परिणामोंका निमित्त पाकर पुद्गल कर्मपने रूप परिणित होगया तो जो ज्ञानावरणादि क्रिया हुई वह किसमें हुई? पुद्गलमें ही हुई। जैसे समुद्रमें जो उत्तरङ्ग और निस्तरङ्ग अवस्था होती है, वह किसमें होती है? समुद्रमें ही होती है। समुद्रका ही जल उत्तरङ्ग और निस्तरङ्ग रूप होता है। क्योंकि ऐसा सिद्धान्त है—

"यः परिणमति स कर्ता, यः परिणामो भवेत्तत्कर्म ।"

जो परिणमन करता है वह कर्ता होता है और जो उसका परिणाम हुआ वह उसका कर्म कहलाता है। आत्माके राग द्वेष मोहादिरूप परिणाम कर्म हुए और आत्मा उनका कर्त्ता हुआ। अब देखिए, कपड़ेसे जो कोई भी चीज बनेगी वह कपड़े की ही तो कहलाई जायगी। पटसे घट इत्यादिक तो नहीं बन सकता? इसी तरह पुद्गल ही ज्ञानावरणादि रूप परिणमता है और आत्मा अपने भावों रूप परिणत होता है, उसके निमित्त नैमित्तिक भावोंको देखकर लोग कहते हैं कि आत्मा ही पुद्गल कर्मोंको करता है तथा भोगता है ऐसा अनादि अज्ञानसे व्यवहार होता है।

देखिये—कुम्हार घटको बनाता है। अब हम आपसे पूछते हैं कि कुम्हारने घटमें क्या कर दिया? घटकी क्रिया घटमें हुई और कुम्हारकी क्रिया कुम्हारमें। मिट्टी घट पर्याय रूप हुई, कुम्हारने अपने हस्तादिकका व्यापार किया। परन्तु घट रूप जो पर्याय हुई उसमें कुम्हारका कौनसा अंश चला गया? दोनों अपने अपने रूप परिणमन कर गये। यदि कुम्हार घटको करे तो वह घटका कर्ता ठहरे, परन्तु निश्चयसे ऐसा कभी नहीं होता। यह घटादिकका कर्ता कर्ता हो जाय तो इससे बालूमें से क्यों न बना दे? घट घटादिक अपने स्वरूपसे परिणमन करते हैं और कुम्हार अपने स्वरूपसे। कुम्हारने अपने योग और उपयोगका व्यापार किया इसलिये उसका कर्ता हुआ परन्तु परद्रव्योंका कर्ता तो त्रिकालमें कभी नहीं होता।

यह बात प्रत्यक्ष दर्शनमें आती है। स्त्रीने या आटा गूंदा उस आटेको चकलेपर बेल दिया और उसकी रोटी बना दी।

लोग कहते हैं कि स्त्रीने रोटी बनाई पर विचार करो क्या स्त्रीने रोटी बनाई। रोटीकी क्रिया रोटीमें हुई और स्त्रीकी क्रिया स्त्रीमें परन्तु व्यवहारसे ऐसा कहते हैं कि स्त्रीने रोटी बनाई। अब देखो गाली तुम देते हो और इनको क्रोध आ जाता है वहाँ तुमने क्या कर दिया। इन्होंने मान ही तो लिया कि यह गाली मुझे दी गई। वह क्रोध कषाय सत्तामें बैठी थी उसका निमित्त पा करके वह उदयमें आगई। इसी तरह शान्ति है। शान्ति रूप परिणाम होगये शान्ति मिल गई, वह कहीं बाहरसे नहीं आई। वह तुम्हारे अन्दरसे ही पैदा होगई। अब लोग कहते हैं कि हम स्त्रीको भोगते है। अरे तुम क्या तुम्हारे दादा नहीं भोग सकते। तुम स्त्रीको क्या भोगोगे? अपने परिणामोंके ही भोक्ता हो जाओ पर द्रव्योंके क्या भोक्ता बनोगे। झाँसीमें एक स्त्री थी। उसके पेटमें बच्चा था। जब वह अस्पतालमें आई तब उसके पेटसे बच्चा मरा हुआ निकला। वह स्त्री बडी मुश्किलोंसे बची। उसने उसी समय अपने पतिको बुलाया और उससे कहने लगी—देखो अब मैं मरती हूँ तुम्हें जो दान धर्म इत्यादि करना है वह करलो। वह पति रोने लगा। उसने कहा—तुम रोते क्यों हो? रोनेसे क्या हाथ लग जायगा? तुम्हें जो प्रतिज्ञा लेनी है सो लो? उसी समय वह हाथ जोडने लगा। देखिये! जो उस स्त्रीको भोगता था सब कर्म करता था। वह उसके हाथ जोडने लगा तो उसके परिणामोंमें ही निर्मलता आ गई। तब वह बोली, यह गहने वगैरह हैं, इनको बेचकर जो दान धर्म करना है सो कर देना और तुम प्रतिज्ञा लो कि हम अन्य किसी स्त्रीसे व्यवहार न करेंगे। उसने अपनी स्वीकृति दे दी। अन्तमें बोली—अच्छा हमें समाधिमरण पाठ सुनाओ। उसी समय उसने हाथपर हाथ धरकर अपने प्राण छोड दिये। अब बताओ उसे इतनी शिक्षा

बन कौन गया था ? यह परिणामोंकी निर्मलताका ही तो फल है। अतः अन्तरङ्गमें निर्मल परिणाम बनाओ और दुनियाके व्यवहार पर कौन नियंत्रण करता है ? निर्मल परिणाम ही मोक्ष-मार्गमें साधक है। निर्मल परणतिके लिये यह ध्यान रहे कि—

१—आत्मकल्याणके लिये स्वाध्याय, ब्रह्मचर्य और शुद्ध भोजन करना अति आवश्यक है।

—आत्मविश्वासके बिना मोक्षमार्गकी प्राप्ति सुलभ है।

३—परपदार्थोंको पर जाननेके साथ साथ उनमें रागद्वेष और मोह मत करो।

४—जो उदयमें आवे उसे ऋणके सदृश जान हर्ष विषाद मत करो।

५—किसीके उपकारकी इच्छा मत करो।

६—जो उपकार करो उसे भूल जाओ।

७—जो अपकार करो उसे भी भूल जाओ।

८—अपने गुणों व अवगुणोंका यथार्थ चिन्तन करो।

९—रागादिक ही निश्चय हिंसा है और यही संसारकी जननी है।

१०—इच्छाओंका अभाव ही शान्तिका मार्ग है।

११—पूर्ण निराकुलता ही परमात्मपद व मोक्ष है।

(इटावामें वर्णी जयन्तीपर दिया गया भाषण)

श्रावण वदी ४ वी स २९ १

आत्मा

आत्माका ज्ञान स्वभाव—

'ज्ञान स्वभाव' आत्माका लक्षण है। लक्षण वही जो लक्ष्यमें पाया जावे। आत्माका लक्षण ज्ञान ही है जिससे लक्ष्य आत्माकी सिद्धि होती है। वैसे तो आत्मामें अनत गुण हैं जैसे दर्शन, चारित्र, वीर्य, सुख इत्यादि पर इन सब गुणोको बतलानेवाला कौन है? एक ज्ञान ही है। धनी, निर्धन, रक, राव, मनुष्य, स्त्री इनको कौन जानता है? केवल एक ज्ञान। ज्ञान ही आत्माका असाधारण लक्षण है। दोनो (आत्मा और ज्ञान) के प्रदेशोमें अभेदपना है। ज्ञानीजन ज्ञानमें ही लीन रहते और परमानन्दका अनुभव करते हैं। वह अन्यत्र नहीं भटकते। और परमार्थसे विचारो तो केवल ज्ञानके सिवाय अपना है क्या? हम पदार्थोंका भोग करते हैं, व्यजनादिके स्वाद लेते हैं, उसमें ज्ञानका ही तो परिणमन होता है। यदि ज्ञानोपयोग हमारा दूसरी ओर हो जाय तो सुन्दरसे सुन्दर विषय सामग्री भी हमको नहीं सुहावे। उस ज्ञानकी अद्भुत महिमा है। वह कैसा है? दर्पणवत् निर्मल है। जैसे दर्पणमें पदार्थ प्रतिविम्बित होते हैं? वैसे ही ज्ञानमें ज्ञेय स्वयमेव झलकते हैं। तो भी ज्ञानमें उन ज्ञेयोका प्रवेश नहीं होता। अब देखो, दर्पणके सामने शेर गुजार करता है तो क्या शेर दर्पणमें चला जाता है? नहीं। केवल दर्पणमें शेरके आकार रूप परिणमन अवश्य हो जाता है। दर्पण अपनी जगहपर है, शेर अपने स्थानपर है। उसी तरह ज्ञानमें ज्ञेय झलकते हैं तो झलको उसका स्वभाव ही देखना और जानना है, इसको कोई क्या करे?

हाँ रागादिक करना यही बन्धका जनक है। हम इनको देखते हैं उनको देखते हैं और सबको देखते हैं, तो देखा पर अमुकसे रुचि हुई उससे राग और अमुकसे अरुचि हुई उससे द्वेष कर लिया यह कहाँका न्याय है ? बताओ। अरे उस ज्ञानका काम केवल देखना और जानना मात्र था सो देख लिया और जान लिया। चलो छुट्टी पाई। ज्ञानको ज्ञान रहने देनेका ही उपदेश है, उसमें कोई प्रकारकी इष्टानिष्ट कल्पना करनेका नहीं कहा। पर हम लोग ज्ञानको ज्ञान कहाँ रहने देते हैं ? कठिनता तो यही है।

भगवान्को देखो और जानो। यदि उनसे राग कर लिया तो स्वर्गमें जाओ और द्वेष कर लिया तो नरकमें पड़ो। इससे मध्यस्थ रहो। उन्हें देखो और जानो। जैसे प्रदर्शनीमें वस्तुएँ केवल देखने और जाननेके लिए होती हैं वैसे ही संसारके पदार्थ भी केवल देखने और जाननेके लिए हैं। प्रदर्शनीमें यदि एक भी वस्तुकी चोरी करो तो बंधना पड़ता है उसी प्रकार संसारके पदार्थोंके ग्रहण करनेकी अभिलाषा करो तो बन्धन है, अन्यथा देखो और जानो। अभी स्त्री बीमार पड़ी है तो उसके मोहमें व्याकुल हो गए। दवाई लानेकी चिन्ता हो गई क्योंकि उसे अपनी मान लिया नहीं तो देखो और जानो। निजत्वकी कल्पना करना ही दुःखका कारण है।

समयसार में एक शिष्यने आचार्यसे प्रश्न किया—महाराज ! यदि आत्मा ज्ञानी है तो उपदेश देनेकी आवश्यकता नहीं और अज्ञानी है तो उसे उपदेशकी आवश्यकता नहीं। आचार्यने कहा कि जबतक कर्म और नोकर्मको अपनाते रहोगे अर्थात् पराश्रित बुद्धि रहेगी तबतक तुम अज्ञानी हो और जब स्वाश्रित बुद्धि हो जायगी तभी तुम ज्ञानी बनोगे।

एक मनुष्यके यहाँ दामाद और उसका लड़का आता है।

लडका तो स्वेच्छासे इधर-उधर पर्यटन करता है। परन्तु दामाद-का यद्यपि अत्यधिक आदर होता है तब भी वह सिकुड़ा-सिकुडा-सा घूमता है। अतएव स्वाश्रित बुद्धि ही कल्याणप्रद है। आचार्य ने यही एक शुद्धज्ञान-स्वरूपमे लीन रहनेका उपदेश दिया है। जैसा कि नाटक समयसारमे लिखा है —

'पूर्णैकाच्युतशुद्धबोधमहिमा बोद्धा न बोध्यादयं।
यायात्कामपि विक्रियां तत इतो दीपः प्रकाश्यादिव॥
तद्वस्तुस्थितिबोधबन्धधिषणा एते किमज्ञानिनो।
रागद्वेषमया भवन्ति सहजां मुञ्चन्त्युदासीनताम्॥ २९॥'

यह ज्ञानी पूर्ण एक अच्युत शुद्ध (विकारसे रहित) ऐसे ज्ञानस्वरूप जिसकी महिमा है ऐसा है। ऐसा ज्ञानी ज्ञेय पदार्थोंसे कुछ भी विकारको नहीं प्राप्त होता। जैसे दीपक प्रकाशने योग्य घटपटादि पदार्थोंसे विकारको प्राप्त नहो होता उस तरह। ऐसी वस्तुकी मर्यादाके ज्ञानसे रहित जिनकी बुद्धि है ऐसे अज्ञानी जीव अपनी स्वाभाविक उदासीनताको क्यो छोड़ते हैं और राग-द्वेषमय क्यो होते हैं ?

कुछ लोग ज्ञानावरण कर्मके उदयको अपना घातक मान दुखी होते हैं। तो कहते हैं कि कर्मके उदयमें दुखी होनेकी आवश्यकता नहीं है। अरे जितना क्षयोपशम है उसीमें आनद मानो। पर हम मानते कहाँ है ? सर्वज्ञता लानेका प्रयास जो करते हैं। अब हम आपसे पूछते हैं, सर्वज्ञतामे क्या है ? हमने इतना देख लिया और जान लिया तो हमे कौन-सा सुख हो गया ? तो देखने और जाननेमे सुख नहीं हैं। सुखका कारण उनमे रागादिक न होने देना है। सर्वज्ञ भी देखो अनत पदार्थोंको देखते और जानते हैंपर रागादिक नहीं करते, इसलिये पूर्ण सुखी हैं। अत देखने

और जाननेकी महिमा नहीं है। महिमा तो रागादिकके अभावमें ही है।

लेकिन हम चाहते हैं कि रागादिक भावना न पड़े और उस सुखका अनुभव भी हो जावे सो यह कैसे बने? मूली खाओ और कपूरका स्वाद भी आ जाय यह कैसे हो सकता है? रागादिक तो दुखके ही कारण हैं, उनमें यदि सुख चाहो तो कैसे मिल सकता है? राग तो सर्वथा हेय ही है। अनादि कालसे हमने आत्माके उस स्वाभाविक सुखका स्वाद नहीं जाना इसलिए रागके द्वारा उत्पन्न किञ्चित् सुखको ही वास्तविक सुख समझ लिया। आचार्य कहते हैं कि अरे उस सुखका कुछ तो अनुभव करो। अब देखो कडुवी दवाको माँ कहती है कि 'बेटा इसे आँख मींचकर पी जाओ। अरे, आँख मीचनेसे कहीं कडुवापन तो नहीं मिट जायगा? पर कहती है कि बेटा पी जाओ। वैसे ही उस सुखका किञ्चित् भी तो अनुभव करो। पर हम चाहते हैं कि कषायसे मोह भावना न पड़े और उस सुखका अनुभव भी हो जाय।

'हल्दी लगे न फिटकरी रङ्ग चोखा आ जाय।'

अच्छा कषायसे मोह मत छोड़ो तो उस स्वात्मीक सुखकी तो बात मत करो। पर क्या है? उधर दृष्टि नहीं देते इसीलिए दुखके पात्र हैं।

ऐसी बात नहीं है कि किसीके रागादिक घटते न हों। अभी संसारमें ऐसे प्राणी हैं जो रागादिक छोड़नेका शक्तिभर प्रयास करते हैं। पर सिद्धान्त यही कहता है कि रागादिक छोड़ना ही सर्वस्व है। जिसने इन्हें दुःखदायी समझकर त्याग दिया वही हम तो कहते हैं 'धन्य है। कहने सुननेसे क्या होता है? इतने जनोंने शास्त्र श्रवण किया तो क्या सबके रागादिककी निवृत्ति

होगई ? अब देखो आल्हा ऊदलकी कथा बाँचते हैं तो वहाँ कहते हैं 'यों मारा, यों काटा' पर यहाँ किसीके एक तमाचा तक नहीं लगा। तो केवल कहनेसे कुछ नहीं होता। जिसने रागादिक त्याग दिए बस उसीको मजा है। जैसे हलवाई मिठाई तो बनाता है पर उनके स्वादको नहीं जानता। वैसे ही शास्त्र बाँचना तो मिठाई बनाना है पर जिसने चख लिया बस उसीको ही मजा है।

आत्माका आवृत स्वरूप—

आत्मामें अनन्तशक्ति तिरोभूत है। जैसे सूर्यका प्रकाश मेघ-पटलोंसे आच्छादित होनेपर अप्रकट रहता है वैसे ही कर्मोंके आवरणसे आत्माकी अनन्त शक्तियाँ प्रकट नहीं होतीं। जिस समय आवरण हट जाते हैं उसी समय वे शक्तियाँ पूर्णरूपेण विकसित हो जाती हैं। देखो, निगोदसे लेकर मनुष्य पर्याय धारणकर मुक्तिके पात्र बने, इससे आत्माकी अचिन्त्य शक्ति ही तो विदित होती है। अत हमें उस (आत्मा) को जाननेका अवश्यमेव प्रयत्न करना चाहिये। जैसे बालक मिट्टीके खिलौने बनाते फिर बिगाड देते है वैसे ही हम ही ने ससार बनाया और हम ही यदि चाहें तो ससारसे मुक्त हो सकते है।

हम नाना प्रकारके मनोरथ करते हैं। उनमें एक मनोरथ मुक्तिका भी सही। वास्तवमें हमारे सब मनोरथ बालूकी भीतिकी भाति ढह जाते हैं, यह सब मोहोदयकी विचित्रता है। जहाँ मोह गला वहाँ कोई मनोरथ नहीं रह जाता। हम रात्रि दिन पापाचार करते हैं और भगवानसे प्रार्थना करते हैं कि भगवान हमारे पाप क्षमा करना। अरे, भगवान तुम्हारे पाप क्षमा करें। पाप करो तुम भगवान क्षमा करें—यह भी कहींका न्याय है ? कोई पाप करे और कोई क्षमा करे। उसका फल उसही को भुगतना पड़ेगा। भगवान तुम्हें कोई मुक्ति नही पहुचा देंगे। मुक्ति पाओगे तुम

अपने पुरुषार्थ द्वारा। यदि विचार किया जाय तो मनुष्य स्वयं ही कल्याण कर सकता है।

एक पुरुष था। उसकी स्त्रीका अकस्मात् देहान्त होगया। वह बड़ा दुखी हुआ। एक आदमीने उससे कहा अरे, 'बहुतोंकी स्त्रियाँ मरती हैं, तू इतना बचैन क्यों होता है? वह बोला तुम समझते नहीं हो। उसमें मेरी मम बुद्धि लगी है इसलिए मैं दुखी हूँ। दुनियाँकी स्त्रियाँ मरती हैं तो उनसे मेरा ममत्व नहीं—इसमें मेरा ममत्व था। उसी समय दूसरा बोला 'अरे, तुममें जब अहं बुद्धि है तभी तो मम बुद्धि करता है। यदि तेरेमें अहंबुद्धि न हो तो ममबुद्धि किससे करे? तो अहंबुद्धि और ममबुद्धिको मिटाओ, पर अहंबुद्धि और ममबुद्धि जिससे होती है, उस तो जानो। दुनिया लोकमें वह मनुष्य मूर्ख माना जाता है जो अपना नाम अपने गाँवका नाम अपने व्यवसायका नाम न जानता हो उसी तरह परमार्थसे वह मनुष्य मूर्ख है जो अपने आपको न जानता हो। इसलिए अपनेको जानो। तुम हो तभी तो सारा संसार है। आँख मीचलो तो कुछ नहीं। एक आदमी मर जाता है तो केवल शरीर ही तो पड़ा रह जाता है और फिर पञ्चेन्द्रियाँ अपने अपने विषयोंमें क्या नहीं प्रवर्तती? इससे मालूम पड़ता है कि उस आत्मामें एक चेतनाका ही चमत्कार है। उस चेतनाके जाने बिना तुम्हारे सारे कार्य व्यर्थ हैं।

मोहमें ही इन सबको हम अपना मानते हैं। एक मनुष्यने अपनी स्त्रीसे कहा कि अच्छा बढ़िया भोजन बनाओ हम अभी खानेको आते हैं। जरा बाजार हो आएँ। अब मार्गमें चले तो वहाँ मुनिराजका समागम होगया। उपदेश पाते ही वह भी मुनि होगया। और वही मुनि बनकर आहारके लिये वहाँ आगए। तो देखो उस समय कैसा अभिप्राय था अब कैसे भाव होगए।

चक्रवर्तीको ही देखो। वह छः खण्डको मोहमें ही तो पकडे है।' जब वैराग्य उदय होता है तो सारी विभूतिको छोड वनवासी बन जाता है। तो देखो उस इच्छाको ही तो मिटा देता है कि 'इदम् मम' यह मेरी है। वह इच्छा मिट गई अब छः खण्डको बताओ कौन सभाले ? जब ममत्व ही न रहा तब उसका क्या करे ? इच्छाको घटाना ही सर्वस्व है। दान भी यदि इच्छा करके दिया तो बेवकूफी है। समझो यह हमारी चीज ही नहीं है। तुम कदाचित् यह जानते हो कि यदि हम दान न देवें तो उसे कौन दे ? अरे उसे मिलना होगा तो दूसरा दान दे देगा फिर ममत्व बुद्धि रखके क्यों दान देता है ? वास्तवमें तो कोई किसीकी चीज नहीं है। व्यर्थ ही अभिमान करता है। अभिमानको मिटा करके अपनी चीज मानना महाबुद्धिमत्ता है। कौन बुद्धिमान् दूसरेकी चीजको अपनी मानकर कबतक सुखी रह सकता है ? जो चीज तुम्हारी है उसीमें सुख मानो।

महादेवजीके कार्तिकेय और गणेश नामक दो पुत्र थे। एक दिन महादेवजीने उनसे कहा, 'जाओ, वसुन्धराकी परिक्रमा कर आओ'। तब कार्तिकेय और गणेश दोनों हाथ पकड़ कर दौडे। गणेशजी तो पीछे रह गए और कार्तिकेय बहुत आगे चले गए। गणेशजीने वहींपर महादेवजीकी ही परिक्रमा कर ली। जब कार्तिकेय लौटे और महादेवजीने गणेशजीकी ओर संकेतकर कहा 'यह पहिले आए' तो कार्तिकेयने पूछा 'यह पहिले कैसे आए ? बताइए।' उसी समय उन्होंने अपना मुँह फाड़ दिया जिसमें तीनों लोक दिखने लगे। महादेवजी बोले 'देखो इन्होंने तीनों लोकोंकी परिक्रमा कर ली।' तो उस केवलज्ञानकी इतनी बड़ी महिमा है कि जिसमें तीनों लोकोंकी चराचर वस्तुएँ भासमान होने लगती हैं। हाथीके पैरमें बताओ किसका पैर नहीं समाता—

ऊँटका घोड़ेका सबोंका पैर समा जाता है। अतः इस ज्ञानमें बड़ी शक्ति है। और वह ज्ञान तभी पैदा होता है जब हम अपनेको जानें। पर पदार्थोंसे अपनी चित्तवृत्तिको हटाकर अपनेमें संयोजित करें। देखो समुद्रसे मानसून उठते हैं और बादल बनकर पानीके रूपमें बरस पड़ते हैं। तो पानीका यह स्वभाव होता है कि वह नीचेकी ओर ढलता है। पानी जब बरसा तो देखो सभी चिनाव मेलम सतलज होता हुआ फिर उसी समुद्रमें जा गिरता है। इसी प्रकार आत्मा मोहमें जो यत्र तत्र चतुर्दिक भ्रमण कर रहा था क्योंकि वह मोह मिटा तो वही आत्मा अपनेमें सिकुड़कर अपनेमें ही समा जाता है। यों ही केवलज्ञान होता है। ज्ञानको सब पर पदार्थोंसे हटाकर अपनेमें ही संयोजित कर दिया—बस केवलज्ञान हो गया। और क्या है?

हम पर पदार्थोंमें सुख मानते हैं। पर उसमें रंचमात्र सुख नहीं है। महावराकी बात है। वहाँसे ललितपुर ३६ मीलकी दूरीपर पड़ता है। वहाँ सर्दी बहुत पड़ती है। एक समय कुछ यात्री आ रहे थे। जब बीचमें उन्हें अधिक सर्दी मालूम हुई तो उन लोगोंने जंगलसे घास फूस इकट्ठा किया और उसमें दियासलाई लगा आँचसे तापने लगे। ऊपर वृक्षोंपर बन्दर बैठे हुए यह कौतुक देख रहे थे। जब वे यात्री लोग चले गए तो बन्दर ऊपरसे उतरे और उन्होंने वैसा ही घास फूस इकट्ठा कर लिया। अब कुछ घिसनेको चाहिए तो दियासलाईकी जगह वे जुगनूको पकड़कर लाए और घिसकर डाल दी पर आँच नहीं सुलगी। बार बार वे उन्हें पकड़कर लाए और घिस घिसकर डाल दें पर आँच सुलगे तो कैसे सुलगे। इसी तरह पर पदार्थोंमें सुख मिले तो कैसे मिले? वहाँ तो आकुलता ही मिलेगी और आकुलतामें सुख कहाँ? सुबह आकुलता हुई कि चलो मन्दिरमें पूजा करें और फिर

शास्त्र श्रवण करें। तो जबतक तुम पूजा करके शास्त्र नहीं सुन लोगे तबतक तुम्हें सुख नहीं हैं, क्योंकि आकुलता लगी है। उसी आकुलताको मिटानेके लिए तुम्हारा सारा परिश्रम है। तुम्हें दुकान खोलनेकी आकुलता हुई। दुकान खोल ली चलो आकुलता मिट गई। तुम्हारे जितने भी कार्य हैं सब आकुलताको मेटनेके लिये है। तो आकुलतामें सुख नहीं। आत्माका सुख निराकुल है वह कहीं नहीं है, अपनी आत्मामें ही विद्यमान है, एक क्षण पर पदार्थोंसे राग द्वेष हटाकर देखो तो तुम्हे आत्मामें निराकुल सुख प्रकट होगा। यह नहीं, अब कार्य करे और फल बादको मिले। जिस क्षण तुम्हारे वीतराग भाव होंगे तत्क्षण तुम्हे सुखकी प्राप्ति होगी। आत्माकी विलक्षण महिमा है। कहना तो सरल है पर जिसने प्राप्त कर लिया वही धन्य है। और जितना पढ़ना लिखना है उसी आत्माको पहिचाननेके अर्थ है। कहीं किताबोंसे भी ज्ञान प्राप्त होता है। ज्ञान तुम्हारी आत्मामें है। पुस्तकोंका निमित्त पाकर वह विकसित हो जाता है। वैराग्य कहीं नहीं धरा ? तुम्हारी आत्मामें ही विद्यमान है। अत जैसे बने वैसे उस आत्माको पहिचानो।

एक कोरी था। उसे कहींसे एक पाजामा मिल गया। उसने पाजामा कभी पहिना तो था नहीं। वह कभी सिरसे उसे पहिनता तो ठीक नहीं बैठता। कभी कमरसे लपेट लेता तो भी ठीक नहीं बैठता। एक दिन उसने ज्योंही एक पैर एक पाजामेमें और दूसरा पैर दूसरेमें डाला तो ठीक बैठ गया। बड़ा खुशी हुआ। इसी तरह हम भी इतस्तत भ्रमण कर दुखी हो रहे हैं। पर जिस काल हमें अपने स्वरूपका ज्ञान होता है तभी हमें सच्चे सुखकी प्राप्ति होती है। इसलिए उसकी प्राप्तिका निरन्तर प्रयास करना चाहिए।

('सुखकी झलकसे')

आत्म-भावना

आत्माका स्वभाव—

आत्माका स्वभाव सहज शुद्धज्ञान आनन्दस्वरूप निर्विकल्प और उदासीन है। उसका अनुभव ध्यान और प्राप्ति किस प्रकार होती है ? उसी भावनाको कहते हैं—

अस्तिरूपसे—

'निज निरञ्जन शुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूपनिश्चयरत्नत्रयात्मकनिर्विकल्पसमाधिसञ्जातवीतरागसहजानन्दरूपसुखानुभूतिमात्रलक्षणेन स्वसंवेदनज्ञानेन स्वसंवेद्यो गम्यः प्राप्यो भरितावस्थोऽहम् ।'

अर्थात् मैं निज निरञ्जन शुद्ध आत्माके सम्यक् श्रद्धान ज्ञान अनुष्ठान रूप निश्चय रत्नत्रयात्मक निर्विकल्प समाधिसे उत्पन्न वीतराग सहजानन्द रूप सुखकी अनुभूतिमात्र जिसका लक्षण स्वरूप है ऐसे स्वसंवेदन ज्ञानके द्वारा स्वसंवेद्य गम्य भरितावस्थ हूँ। ऐसे आत्माकी भावना करनी चाहिये। इस प्रकार पहिले स्वभावसे भरा हुआ परिपूर्ण हूँ ऐसा 'अस्ति' से कहा।

नास्तिरूपसे—

अब मेरा स्वभाव सब विभावोंसे रहित शून्य है ऐसा 'नास्ति' से कथन करते हैं—

'रागद्वेष-मोह-क्रोध-मान-माया-लोभ-पञ्चेन्द्रियविषयव्यापारमनोवचनकायव्यापार-भावकर्मद्रव्यकर्मनोकर्म-ख्या

ति-पूजा-लाभदृष्टश्रुतानुभूतभोगकांक्षारूपनिदानमाया-मि-थ्याशल्यत्रयादिसर्वविभावपरिणामरहितशून्योऽहम्।'

अर्थात् मैं सर्व विभावपरिणामोंसे रहित-शून्य हूँ ऐसी अपने आत्माकी भावना करनी चाहिए।

शुद्ध निश्चनयसे—

'जगतत्रये कालत्रयेऽपि मनोवचनकायैः कृतकारितानुमतैश्च शुद्धनिश्चयनयेन तथा सर्वेऽपि जीवा इति निरन्तरं भावना कर्तव्येति।'

अर्थात् तीन लोक और तीन कालमें शुद्धनिश्चयनयसे ऐसा (स्वभावसे पूर्ण और विभावसे रहित) हूँ तथा समस्त जीव ऐसे ही हैं। ऐसी मन, वचन, कायसे तथा कृत कारित अनुमोदनासे निरन्तर भावना करना योग्य है।

स्याद्वादी दृष्टिसे —

आगे सांख्यमतका निरूपण करते हुए बतलाते हैं कि उनका कहना कहाँतक उचित है? वे कहते हैं कि—"कर्म ही सब कुछ करता है—कर्म ही ज्ञानको ढकता है, क्योंकि ज्ञानावरणकर्मके उदयसे ज्ञान प्रकट नहीं होता, कर्म ही ज्ञानको बढाता है, क्योंकि ज्ञानावरणके क्षयोपशमसे ज्ञानका विकास होता है। कर्म ही मिथ्यात्वोदयसे पदार्थको विपरीत दिखलाता है जैसे कामला रोग वालेको शङ्ख पीला दिखता है इत्यादि कर्म सब कुछ करता है, आत्मा अकर्ता है।"

ऐसे सिद्धान्त माननेवालेको कहते हैं कि आत्मा बिलकुल अकर्ता नहीं है। यदि अकर्ता होजाय तो फिर राग द्वेष मोह ये किसके भाव हों? यदि पुद्गलके कहो तो वह तो जड स्वभाववाला

है। जड़में रागद्वेष क्रिया होती नहीं। अब इस जीवके अज्ञानसे मिथ्यात्वादि भाव परिणाम हैं वे चेतन ही हैं जड़ नहीं हैं। इसलिए कथञ्चित् आत्मा कर्त्ता है और कथञ्चित् अकर्त्ता है। अज्ञानसे जब यह जीव रागद्वेषादिक भाव करता है तब वह कर्त्ता होता है और जब ज्ञानी होकर भेदज्ञानको प्राप्त हो जाता है तब साक्षात् अकर्त्ता होता है। इसलिए चेतन कर्मका कर्त्ता चेतन हो होना परमार्थ है। वहाँ अभेददृष्टिमें तो शुद्ध चेतनमात्र जीव है परन्तु कर्मके निमित्तसे जब परिणमता है तब उन परिणामोंसे युक्त होता है। उस समय परिणाम परिणामीकी भेददृष्टिमें अपने अज्ञानभाव परिणामोंका कर्त्ता जीव ही है और अभेददृष्टिमें तो कर्त्ता कर्मभाव ही नहीं है शुद्ध चेतनमात्र जीव वस्तु है। इसलिए चेतन कर्मका कर्त्ता चेतन ही है, अन्य नहीं। श्री समन्तभद्राचार्य देवागममें लिखते हैं कि—

'न सामान्यात्मनोदेति न व्येति व्यक्तमन्वयात्।
व्येत्युदेति विशेषात्ते सहैकत्रोदयादि सत् ॥५७॥'

पदार्थ सामान्यविशेषात्मक है। यदि पदार्थको सामान्यापेक्षा देखा जाय तो वह एक रूप ही दिखाई देगा और विशेषकी अपेक्षासे उसमें नानापना दिखलाई देंगे। जैसे एक मनुष्य है। वह क्रमसे पहले बालक था बालकसे युवा हुआ और युवासे वृद्ध हुआ। यदि सामान्यसे विचारो तो एक चेतनमात्र जीव ही है परन्तु विशेष दृष्टिसे देखो तो वह बालक है, युवा है और वही वृद्ध भी है ऐसा व्यवहार होता है। इसी तरह ज्ञायक स्वभावकी अपेक्षा तो आत्मा अकर्त्ता है परन्तु जबतक भेद-ज्ञान न हो तब तक मिथ्यात्वादि भाव कर्मोंका कर्त्ता ही मानना उचित है। इस तरह एक ही आत्मामें कर्त्ता अकर्त्ता दोनों भाव विवक्षाके

वशसे सिद्ध होते है। यह स्याद्वाद मत है तथा वस्तुस्वभाव भी ऐसा ही है, कल्पना नही हैं।

द्रव्यदृष्टि और व्यवहारदृष्टिसे—

'द्रव्यदृष्टिसे विचारो तो सब आत्माएँ शुद्ध मिलेंगी पर नय विवक्षासे देखो, तो नाना प्रकारके भेद दिखेंगे। ये नय पर्याय-दृष्टिकर देखे जावें तो भूतार्थ ही हैं। अत उनको उन्हीं रूपसे जानना सत्यार्थ भी है। सामान्यरूपसे जीव एक है परन्तु पर्याय-दृष्टिसे उसमे नानापना असत्य नही, तात्त्विक ही है तथा जीवके गुणोमे जो विकार होता है उसके जानेसे गुणकी शुद्ध अवस्था रह जाती है, अभाव नहीं होता है। जैसे जलमें पङ्कका सन्बन्ध होनेसे मलिनता आजाती है। इसी तरह आत्मामें मोहादि कर्मके विपाकसे विकृतावस्था होजाती है। उस विकृतावस्थामें उनमें नानापना दीखता है, उसका यदि इस अवस्थामें विचार किया जावे तो नानापना सत्यार्थ है, किन्तु वह औपाधिक है, अत मिथ्या है, न कि स्वरूप उसका मिथ्या है। यदि स्वरूप मिथ्या होता तब ससार नाशकी आवश्यकता न थी। अत नय विवक्षासे पदार्थोंको जानना ही ससारसे मुक्तिका कारण है।

अपनी भूलको सुधारिये—

इस मनुष्यको अनादिकालसे जीव और पुद्गलका एकत्व अभ्यास होरहा है। अनात्मीय पदार्थोंमे आत्मीय बुद्धि मान रहा है। कभी इसने शुद्ध ज्ञानका स्वाद नहीं लिया। ज्ञेय मिश्रित ज्ञानका ही अनुभवन किया। केवल ककडीके खानेमें स्वाद नहीं आता पर नमक मिर्चके साथ खानेमे आनन्द मानता है, क्योकि इसको वही मिश्रित पदार्थोंके खानेकी आदत पडी हुई है। अब खानेमें केवल ज्ञानका ही परिणमन होता है पर उस ज्ञानको छोड़

यह परपदार्थमें सुख मान लेता है,—यही अज्ञानकी भूल पड़ी है। आचार्योंने इसीलिए रस-परित्याग तप बतलाया है कि इस जीवको केवल एक शुद्ध पदार्थके स्वादका अभ्यास पड़े। ऐसी ज्ञानमयी आत्माको छोड़ यह जीव अनन्त संसारका पात्र बन रहा है। पुद्गलमें जीवत्वका आरोप कर रहा है। अन्धकारमें रज्जुमें सर्प मान रहा है। गिर रहा पड़ रहा और नाना प्रकारके दुःख भी उठा रहा है पर फिर भी अपनी अज्ञानताको नहीं छोड़ता है। शरीरसे भिन्न अपनी आत्माको नहीं पहचानता है। यदि एक भी बार उस ज्ञानमयी आत्माका अनुभव हो जाय तो फिर कल्याण होनेमें कोई विलम्ब न लग। केवल अपनी भूलको सुधारना है।

एक स्त्री थी। जब उसका पति परदेश जाने लगा तो उसने उसको एक बटैया दी। इस विचारसे कि कहीं वह स्लाट आचार भ्रष्ट न पड़ जाय उसने कहा कि इसको पहिले अपने सामने रखकर कोई भी पाप कार्य न करनेकी प्रतिज्ञा करना तत्पश्चात् इसकी पूजाकर फिर भोजन करना। वह आदमी उस बटैयाको लेकर चल दिया। मार्गमें एक स्थान पर विश्राम किया और जब भोजन-का समय हुआ तो उसने उस बटैयाको निकाल कर अपने सामने रक्खा और पूजा करके वैसा ही जैसा कि उसकी स्त्रीने कहा था पाप न करनेका संकल्प किया। जब वह पूजा पूर्णकर भोग लगा रहा था उसी समय एक चूहा आया और उस भोगको खाने लगा। उसने सोचा-अरे इस बटैयासे तो चूहा ही बड़ा है, झट उस चूहेको पकड़ लिया और एक पिंजरेमें बन्द कर उसकी पूजा करना शुरू कर दिया। एक दिन अकस्मात् बिल्ली आई। चूहा उस बिल्लीको देखकर दुबक गया। उसने सोचा अरे, इस चूहेसे तो बिल्ली ही बड़ी है, उसको पकड़कर बाँध लिया और उसकी पूजा करने लगा। एक दिन कुत्ता आया कुत्तेको देखकर

वह बिल्ली दबक गई। उसने फिर सोचा अरे, इस बिल्लीसे तो कुत्ता बड़ा है। उसने कुत्तेको पकड़कर बाध लिया और उसकी पूजा प्रारम्भ कर दी। अब वह परदेशसे कुत्तेको साथ लेकर अपने घर लौट आया। एक दिन उसकी स्त्री रोटी बना रही थी, वह कुत्ता लपककर चौकेमें घुस गया। स्त्रीने उसको एक डडा मारा और वह भो भो करके भाग गया। उसने सोचा-अरे कुत्तेसे तो यह स्त्री ही बड़ी है। अब वह उस स्त्रीको पूजने लगा--उसकी धोती धोना, उसका साज शृगारादिक करना। एक दिन उसकी स्त्री खाना बनाते समय शाकमे नमक डालना भूल गई। जब वह आदमी खानेको बैठा तो उसने कहा 'आज शाकमे नमक क्यों नहीं डाला?' वह बोली 'मैं भूल गई।' उसने कहा—'क्यों भूल गई' और एक थप्पड़ मारा। वह स्त्री रोने लगी। उसने सोचा अरे, मै ही तो बडा हूँ, यह स्त्री तो मुझसे भी दबक गई। आखिर उसे अपनी भूलका ज्ञान होगया और उसने उसे सुधार लिया।

अपनेको पहचानिये—

वास्तवमें जिसने अपनेको पहिचान लिया, उसके लिए क्रोध, मान, माया, लोभ क्या चीज है? हम दूसरोंको वड़ा बनाते हैं कि अमुक वडे हैं, तमुक वडे हैं, पर अपनी ओर दृष्टिपात नहीं करते। सोचो तो आत्मा स्वय कहेगी—अरे तुझसे तो बड़ा कोई नहीं है परन्तु बडा बननेके लिये वड़े कार्य कर। वास्तवमें अपनेको लघु मानना तो महती अज्ञानता है। "हम क्या हैं? किस खेतकी मूली हैं?" यह सोचना तो पवित्र आत्माको पतित बनाना है, उसके साथ अन्याय करना है। अरे, तुझमें तो अनत-ज्ञानकी शक्ति तिरोभूत है। अपनेको मान तो सही कि "मुझमे परमात्मा होनेकी शक्ति विद्यमान है।"

आत्माको निर्मल कीजिये—

"आत्मा निर्मल होनेसे मोक्षमार्गकी साधक है और आत्मा ही मलिन होनेसे संसारकी साधक है।" अतः सर्वोत्कृष्ट बन आत्मा-की मलिनताको दूर करनेका प्रयास करना हमारा कर्तव्य है।

'पंकापाये जलस्य निर्मलतावत्।' जलके ऊपर काई आ जानेसे जल मलिन दिखता था और जब काई दूर हो गई तो जल स्वच्छका स्वच्छ हो गया। उसकी स्वच्छता कहीं और जगह नहीं थी केवल काई लग जानेसे उसमें मलिनता थी सो जब वह दूर हुई तो जल स्वतः स्वच्छ हो गया। इसी तरह रागादि दूर हुए कि आत्मा स्वच्छ हो गया।

राग-द्वेष दूर कीजिये—

देखिये यह कपड़ा है इसपर यह चिकनाई लगी हुई है। इस चिकनाईके कारण उसमें धूलके कण लग गए जिससे वह मलिन हो गया। पर जब सोडा साबुन लगाकर उसे साफ कर दिया गया तो वह वस्त्र स्वच्छ हो गया। तो उस वस्त्रमें स्वच्छता थी तभी तो वह ऐसा हुआ नहीं तो कैसे होता? हाँ उस वस्त्रमें केवल बाह्य मलिनता अवश्य आ गई थी उसके धुल जानेसे वह जैसा था वैसा हो गया। इसी तरह आत्मा भी रागद्वेषादिकके संयोगसे विकारको प्राप्त हो रहा था उस विकारताके मिट जानेसे वह जैसा था वैसा हो गया। अब देखो उस वस्त्रमें जो चिकनाई लग रही है, यदि वह नहीं मिटे और ऊपरसे चाहे जितना उसे धो डालो तो क्या होता है? क्योंकि उस चिकनाईकी वजहसे वह फिर मलिनका मलिन हो जायगा। इसी तरह आत्माके जो रागद्वेषादिक हैं यदि वे नहीं मिटे और ऊपर शरीरको खूब सुखाने लगें तपश्चरण करने लगें तो क्या होता है? दुग्धमासक्षिप्त

ज्ञान हुआ नहीं, और उस तुपको ही पीटने लग गए तो बताओ क्या होता है? अन्तरगकी रागद्वेप परिणति नहीं मिटी तो पुन वही देह धारण है। पर्यायको मिटानेका प्रयत्न नहीं है पर जिन कारणोंसे पर्याय उत्पन्न हुई उन्हे मिटानेकी आवश्यकता है। उसका ज्ञान अनिवार्य है। जैसे मिश्री है। यदि उसे नहीं चखो तो कैसे उसका स्वाद आए कि यह मीठी होती है। उसी तरह रागका भी यदि अनुभव न हो तो उसे मिटानेका प्रयत्न भी कैसे हो? 'प्रीतिरूपपरिणामो रागः' प्रीतिरूप परिणामका होना राग है और अप्रीतिरूप परिणामका होना द्वेप है। ससारका मूल कारण यही रागद्वेप है। जिसने इसपर विजय प्राप्त कर ली उसके लिये शेप क्या रह गया?

('सुखकी झलक' स)

सभाएँ और समितियाँ

आजकी सभाओं और समितियोंका यह रूप है कि रूपरेखाएँ और उद्देश्य बहुत बड़े लम्बे पैमानेपर बनते हैं, नियमावली या सरकारी विधान जैसा रखते हैं, पदाधिकारियोंकी भरमार रहती है, अधिकांश वे ही पदाधिकारी होते हैं जो पैसावाले होते हैं, भले ही वे सभाकी सभ्यता और नियमों, वर्तमान परिस्थिति और वातावरणोंसे पूर्णतया अनभिज्ञ ही क्यों न हों! यही कारण है कि आज जो सभाएँ और समितियाँ जिसके लिए बनती हैं वे उलटा जनताके सिर भार हो जाती हैं! अच्छा तो यह होता कि उद्देश्य छोटा होता कार्य बड़े होते। नियमावली संक्षिप्त होती, कर्तव्य विस्तृत होता। पदाधिकारी थोड़े और निर्धन होवें परन्तु विज्ञ योग्य सदाचारी और सभ्य होवें।

सभाके सदस्य यदि कर्तव्य निबाहकर स्वपरोपकार करना चाहते हैं तो उनसे हमारा कहना यह है कि—

१—आवेगमें आकर कोई ऐसा काम न करो जिसका प्रभाव क्षणिक हो।

२—सबसे पहिले सदाचारी बनो—

(क) आजन्म पर स्त्रीका त्याग करो।

(ख) अष्टमी चतुर्दशी दश लक्षण पर्व और आष्टाह्निका पर्वमें ब्रह्मचर्यसे रहो।

(ग) स्त्रीके गर्भ रहनेके ३ वर्षतक ब्रह्मचर्यसे रहो।

(घ) अपनी माँ बहिन और गृहिणीको सम्मति दो कि सादगीसे रहें।

(ङ) बीड़ी, पान, सिगरेट जैसी विलासिता वर्धक स्वास्थ्य-नाशक वस्तुओंका उपयोग कम करते-करते छोड़ दो।

३—आयसे व्यय कम करो।

४—किसी जीवकी हिंसा मत करो, किसीको दुःख मत दो।

५—तुम्हारे घरमें भोजन वस्त्रमें जो व्यय हो उसमेंसे एक पैसा प्रति रुपया निर्धन छात्रोंके उपकारमें लगाओ। विवाहमें जो व्यय हो उसमें भी एक पैसा प्रति रुपया निकालो।

६—देशका उद्धार चाहते हो तो—

(क) राष्ट्रीय सरकारको सहयोग दो।

(ख) देशके दुश्मनों द्वारा होनेवाले भ्रष्टाचारका उन्मूलन करो।

(ग) घूस लेना छोड़ो, घूस देना छोड़ो।

(घ) राष्ट्रीय नेताओंके आदर्शोंका प्रचार करो, राष्ट्रीय पर्व दिनोंमें जनताको सादगी, सदाचार, स्वच्छताका सन्देश देते हुए उन्हें सच्चा नागरिक बनानेके लिये गाँव गाँवमें सभाएँ करो। सीधी, सरस, सरल और सार-गर्भित भाषामें बात करो।

(ङ) रात्रि पाठशालाएँ स्थापित करो। जिनमें साधारण पढ़ाईके साथ औद्योगिक कलाकी शिक्षा दो। जिससे ग्रामोद्योगको प्रोत्साहन मिले, जनता आत्म निर्भर हो। साथ ही सगठनके लिए एक निष्पक्ष समिति बनाओ। स्वास्थ्य सुधारके लिये औषधालय स्थापित करो। सरल भाषामें कृषि विज्ञानकी बात समझाओ।

७—स्वास्थ्य रक्षाके लिये—

(क) रात्रि भोजन मत करो।

(ख) पानी छानकर पिओ।

(ग) होटलोंमें गन्दा भोजन और बाजारके सड़े गले पदार्थ मत खाओ।

(घ) जितना हजम हो उतना ही भोजन करो।

(ङ) यदि देव पूजामें एक रुपया व्यय करते हो तो उसमेंसे चार आने शिक्षा प्रचारमें आत्म ज्ञानके लिये शास्त्र पुस्तक खरीदनेमें व्यय करो। दूसरोंकी सेवा करो।

८—यदि सफलतापूर्वक समाज सेवा करना चाहते हो तो—

(क) रूढ़ियोंका बहिष्कार करो।

(ख) कन्याविक्रय वृद्धविवाह, अनमेलविवाह, दहेज मरण भोज धार्मिक और सामाजिक कार्योंमें अपव्यय विवाहोंमें गन्दे गीत और अश्लील हँसी मजाक बन्द करो।

(ग) जो कार्य प्रारम्भ किया है उसे पूर्ण करो।

(घ) पराधीनताको त्यागो।

(ङ) किसीको पराजित करनेके भावसे कोई कार्य मत करो। जो कुछ करना चाहते हो उसे अपने जीवनमें चरितार्थ, पालनकर आदर्श उपस्थित करो। जो नये सदस्य हों वे सदाचारी हों असफल होनेपर अपनी भूल देखो कार्यके प्रारम्भमें जो उत्साह है वही अन्ततक रखो। इतना कर सको तो सफलता सदा तुम्हारे साथ है।

(इटावाके प्रवचन और जबलपुरके पत्रोंसे)

दुःख का कारण परिग्रह

यद्यपि द्रव्य अर्थात् पर पदार्थके त्यागनेका जो उपदेश देता है वह परमोपकारी है। द्रव्यमें जो लोभ है वह मूर्छा है, जो मूर्छा है वह परिग्रह है और परिग्रह ही सब पापोंकी जड़ है, क्योंकि वाह्य परिग्रह ही अन्तरङ्ग मूर्छाका जनक है। और अन्तरङ्ग परिग्रह ही ससारका कारण है, क्योंकि अन्तरङ्ग मूर्छाके विना वाह्य पदार्थो का ग्रहण नहीं होता। यही कारण है, कि भगवानने मिथ्यात्व वेद त्रय हास्यादिषट् और चार कषाय इन्हें ही परिग्रह माना है। जबतक इनका सद्भाव है, तबतक ही यह जीव पर वस्तु को ग्रहण करता है, इसमे सबसे प्रबल परिग्रह मिथ्यात्व है इसके सद्भावमे ही शेप परिग्रह बलिष्ठ रहते हैं। जैसे कि मालिकके सद्भावमें कूकर बलशाली रहता है, इतना बलशाली कि सिंह पर भी टूट पडता है। परन्तु मालिकके अभावमें एक लाठीसे पलायमान हो जाता है अत जिन्हे आत्मकल्याणकी अभिलाषा है उन्हे द्रव्य त्यागका उपदेश देनेवालेको अपना मित्र समझना चाहिये।

ससारमें परिग्रह ही दुःखकी जड़ है। इस दुष्टने जहाँ पदार्पण किया वहीं कलह विसवाद मचवा दिया। देख लो इसकी वदौलत कोई भी प्राणी ससारमें सुखी नहीं है। एक गुरु और एक चेला थे। वे दोनो सिंहलद्वीप पहुचे। वहाँ गुरुने दो सानेकी ईंट लीं और चेलाको सुपुर्द कर कहा कि 'इन्हें सिर पर धरकर ले चल।' वह ईंटे कुछ भारी थीं। अत चेलाने मनमें सोचा 'देखो, गुरुजी

यह चालाक है। आप तो स्वयं खाली चल रहे हैं और मुझे यह भार लाद दिया है। दोनों चले जाते हैं।

गुरु कहता है—'चेला चले आओ। बड़ा भय है।'

चेला बोलता है–'हाँ महाराज चला आता हूँ।' आगे आगमें एक कुआ मिला। चेलाने उन ईंटोंको उठाकर कुएमें पटक दिया।

गुरुने कहा—'चेला चले आओ आगे बड़ा भय है।'

चेला बोला—'हाँ महाराज! भय मत करो। अब आगे कुछ भय नहीं है।

सो परिग्रह ही बोझ है। इससे जितना-जितना ममत्व हटाओगे उतना-उतना सुख प्रकट होगा। जितना-जितना अपनाओगे उतना ही दुःख मिलेगा।

एक जगह चार लुटेरे थे। वे पचीस (१०००) रु० लूटकर लाए। चारोंने ढाई-ढाई सौ रुपये आपसमें बाँट लिये। एकने कहा अरे, जरा बाजारसे मिठाई लाओ, सब मिलकर परस्पर बैठकर खावेंगे। उनमेसे दो लुटेरे मिठाई लेने चल दिये। इन्होंने आपसमें सोचा यदि जहरके लड्डू बनवाकर ले चलें तो बड़ा अच्छा हो। ये दोनों ही मरजावेंगे और इस तरह वे ५) रुपये भी अपने हाथ लग जावेंगे। इधर उन्होंने भी यही विचार किया कि यदि वे ५) रुपये अपने पास आ जाएँ तो बड़ा अच्छा हो और उन दोनोंको मारनेके लिये उन्होंने भी धनुष बाण रख लिये। अब वे दोनों लड्डू लेकर आये तो इन्होंने धनुष बाणसे उनका काम तमाम किया और जब उन्होंने लड्डू खाए तो वे भी दुनियाँ से चल बसे।

अतः संसारमें परिग्रह ही पंच पापोंके उत्पन्न होनेमें निमित्त होता है। जहाँ परिग्रह है, वहाँ राग है, और जहाँ राग है वहीं आत्माके आकुलता है और जहाँ आकुलता है, वहीं दुःख है एवं

जहाँ दु ख है वहाँ ही सुख गुणका घात है और सुख गुणके घात हीका नाम हिंसा है। संसारमे जितने पाप हैं उनकी जड़ परिग्रह है। परिग्रहके त्यागे बिना अहिंसा तत्त्वका पालन करना असम्भव है।

एक थका हुआ मनुष्य कुए पर जाकर सो गया। वह स्वप्नमें देखता है कि उसने किसी दुकान पर नौकरी की, वहाँसे कुछ धन मिला तो एक जायदाद मोल ली। फिर वह देखता है कि उसकी शादी हो गई और एक बच्चा भी उत्पन्न हो गया। फिर वह देखता है कि बगलमें बच्चा सोया हुआ है और उसके बगलमें स्त्री पड़ी हुई है। अब उसकी स्त्री उससे कहती है कि जरा तनिक सरक जाओ, बच्चेको तकलीफ होती है। वह थोडा सरक जाता है। उसकी स्त्री फिर कहती है कि तनिक और सरक जाओ, तनिक और सरक जाओ। अन्ततोगत्वा वह थोड़ा सरकते-सरकते धडाम से कुएमें गिर पडा। जब उसकी नींद खुली तो कुआमे पड़ा हुआ पाया। बडा पछताने लगा। उधरसे एक मनुष्य उसी कुए पर पानी भरने आया। इसने नीचेसे आवाज दी—भाई मुझे कुएमें से निकाल लो। उसने रस्सी डालकर उसको येनकेन प्रकारेण कुएमे से बाहर निकाला।

जब वह निकल आया तो दूसरा मनुष्य पूछता है 'भाई—तुम कौन हो ?'

उसने कहा—'तुम बताओ, तुम कौन हो ?'

वह बोला—'मैं एक गृहस्थ हूँ।'

उसने जवाब दिया—'जब एक मुझ गृहस्थकी यह दशा हुई तब दूसरा तू कैसे जिन्दा चला आया ?'

गृहस्थीके इस जजालको देखते हुए भ्रमजालके कारण इस परिग्रहसे मुक्त होनेका उपदेश देना चाहिये। नीतिका वाक्य

है, कि 'तन्मित्रं यन्निवर्तयति पापात्' अर्थात् मित्र वही है जो पापसे निवृत्त करे। विचार कर देखा जावे तो लोभ ही पापका पिता है। उससे जिसने मुक्ति दिलायी उससे उत्तम हितैषी संसारमें अन्य कौन हो सकता है? परन्तु यहाँ तो लोभको गुरु मानकर हमलोग उसका आदर करते हैं। जो लोभ त्यागका उपदेश देता है उससे भावना भी पाप समझते हैं तथा उसका अनादर करनेमें भी संकोच नहीं करते। जो हो यह संसार है, इसमें नाना प्रकारके जीवोंका निवास है। कषायोदयमें नाना प्रकारकी चेष्टाएं होती हैं। जिन महानुभावोंके उन कषायोंका अभाव हो जाता है, वे संसार समुद्रसे पार हो जाते हैं। हम तो कषायोंके सद्भावमें यही ऊहापोह करते रहते हैं और यही करते करते एक दिन सभीकी आयुका अवसान हो जाता है। अनन्तर जिस पर्यायमें जाते हैं उसीके अनुकूल परिणाम हो जाते हैं—गंगामें गंगादास जमुनामें जमुनादास की कहावत चरितार्थ करते हुए अनन्त संसारकी यातनाओंके पात्र होकर परिभ्रमण करते रहते हैं। इसी परिभ्रमणका मूल कारण हमारी ही अज्ञानता है। हम निमित्त कारणको संसार परिभ्रमणका कारण मानकर साँपकी लकीर पीटते हैं। अतः जिन जीवोंको स्वात्महित करना इष्ट है, उन्हें आत्मनिहित अज्ञानताको पृथक् करनेका सर्वप्रथम प्रयास करना चाहिये। उन्हें यही श्रेयामार्गकी प्राप्तिका उपाय है।

परमार्थसे वीर प्रभुका यही उपदेश था कि यदि संसारके दुःखोंसे मुक्त होनेकी अभिलाषा है तो जिस प्रकार मैंने परिग्रहसे ममता त्यागी ब्रह्मचर्य व्रतको ही अपना सर्वस्व समझा राज्यादि बाह्य सामग्रीका तिलाञ्जलि दी माता-पिता आदि कुटुम्बसे स्नेह त्यागा दैगम्बरी दीक्षाका अवलम्बन लिया बारह वर्ष तक अनवरत द्वादश प्रकारका तप तपा दश धर्म धारण किये, क्षमादि

परीषहो पर विजय प्राप्त की, क्षपकश्रेणीका आरोहण कर मोहका नाश किया। और अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त क्षीणकषाय गुणस्थानमें रहकर इसीके द्विचरम समयमें चौदह प्रकृतियोंका नाश किया एवं केवलज्ञान प्राप्त किया, इसी प्रकार सबको करना चाहिये। यदि मैं केवल सिद्ध परमेष्ठीका ही स्मरण करता रहता तो यह अवस्था न होती, वह स्मरण तो प्रमत्तगुणस्थानकी ही चर्या थी। मैंने परिणामोंकी उत्तरोत्तर निर्मलतासे ही अर्हन्त पद पाया है अतः जिन्हें इस पदकी इच्छा हो वे भी इसी उपायका अवलम्बन करें। यदि दैगम्बरी दीक्षाकी योग्यता न हो तो श्रद्धा तो रक्खो जिस किसी तरह बने इस परिग्रह पापसे अवश्य ही आत्माको सुरक्षित रक्खो। परिग्रह सबसे महान पाप है।

('सुखकी झलक' और 'मेरी जीवनगाथा' से)

त्याग

मूर्छाका त्याग करना त्याग कहलाता है। जो चीज आपकी नहीं है, उसे आप क्या छोड़ोगे? वह तो छूटी ही है। रुपया पैसा धन-दौलत सब आपसे जुदे हैं। इनका त्याग तो है ही। आप इनमें मूर्छा छोड़ दो, लोभ छोड़ दो; क्योंकि मूर्छा और लोभ तो आपका है—आपकी आत्माका विभाव है। धनका त्याग लोभ कषायके अभावमें होता है। लोभका अभाव होनेसे आत्मा-में निर्मलता आती है। यदि कोई लोभका त्यागकर मान करने लग जाय—दान करके अहंकार करने लग जाय तो वह मान कषायका दास हो गया। 'चूल्हेसे निकले भाड़में गिरे' जैसी कहावत हो गई। सो यदि एक कषायसे बचते हो तो उससे प्रबल दूसरी कषाय मत करो। आपके त्यागसे हमारा लाभ नहीं—आपका लाभ है। आपकी समाजका लाभ है, आपके राष्ट्रका लाभ है। हमारा क्या है? हमें तो दिनमें दो रोटियाँ चाहिये सो आप न दोगे, दूसरे गाँववाले दे देंगे। आज परिग्रहके कारण सबकी आत्मा थर थर काँप रही है। रात-दिन चिन्तित हैं—कोई न ले जाय। काँपनेमें क्या रखा है? रक्षाके लिये तैयार रहो। शक्ति सञ्चित करो। दूसरेका मुँह क्या ताकते हो? यह अटूट श्रद्धा रक्खो कि जिस कालमें जो बात जैसी होनेवाली है वह उस कालमें वैसी होकर रहेगी।

'यद्भावि न तद्भावि भावि चेन्न तदन्यथा।
नग्नत्वं नीलकण्ठस्य महाहिशयनं हरेः॥'

यह नीति बच्चोंको हितोपदेशमें पढाई जाती है। जो काम होनेवाला नहीं वह नहीं होगा और जो होनेवाला है वह अन्यथा किसी प्रकार नहीं होगा। महादेवजी तो दुनियाँ के स्वामी थे पर उन्हें एक वस्त्र भी नहीं मिला। और हरि ससारके रक्षक थे उन्हे सोनेके लिये मखमल आदि कुछ नहीं मिला। क्या मिला ? सर्प।

'जो जो देखी वीतराग ने सो सो होसी वीरा रे।
अनहोनी कबहुँ नही होसी काहे होत अधीरा रे ॥'

होगा तो वही जो वीतरागने देखा है, जो वात अनहोनी है वह कभी नहीं होगी। दिल्लीकी बात है। वहाँ लाला हरजसराय रहते थे। करोडपति आदमी थे। वड़े धर्मात्मा थे। जिन पूजनका नियम था। जब गदर पड़ी तव सब लोग इधर-उधर भाग गये। इनके लड़कोंने कहा—पिताजी ! समय खराब है, इसलिये स्थान छोड़ देना चाहिये। हरजसरायने कहा—तुम लोग जाओ मैं वृद्ध आदमी हूँ। मुझे धनकी आवश्यकता नहीं। हमारे जिनेन्द्रकी पूजा कौन करेगा ? यदि आदमी रखा जायगा तो वह भी इस विपत्तिके समय यहाँ स्थिर रह सकेगा, यह सम्भव नहीं। पिताके आग्रहसे लड़के चले गये। एक घण्टे बाद चोर आये। हरजस-रायने अपने हाथसे स्वय तिजोरियाँ खोल दीं। चोरोंने सब सामान इकट्ठा किया। ले जानेको तैयार हुए, इतनेमें एकाएक उनके विचारमे आया कि कितना भला आदमी है ? इसने एक शब्द भी नहीं कहा। लूटनेके लिये सारी दिल्ली पड़ी है, कौन यही एक है, इस धर्मात्माको सताना अच्छा नहीं। हरजसरायने बहुत कहा, चोर एक कणिका भी नहीं ले गये। और दूसरे चोर आकर इसे तङ्ग न करें, इस ख्यालसे उसके दरवाजेपर ५ डाकुओं-

का पहरा बैठा गये भय मेरा तो अब भी विश्वास है कि जो इतना दृढ़ श्रद्धानी होगा उसका कोई बाल बाँका नहीं कर सकता।

"बाल न बाँका करि सके, जो जग ही रिपु होय"

जिसके धर्मपर अटल विश्वास है सारा संसार उसके विरुद्ध हो जावे तो भी उसका बाल बाँका नहीं हो सकता। भय है ही किस बातका? वह अपने आपको जब अजर अमर अविनाशी पर पदार्थसे भिन्न श्रद्धा करता है। उसे जब इस बातका विश्वास है कि पर पदार्थ मेरा नहीं है, मैं अनाद्यनन्त नित्योद्योत विशद ज्ञान-ज्योतिःस्वरूप हूँ। मैं एक हूँ। पर पदार्थसे मेरा क्या सम्बन्ध अणुमात्र भी परद्रव्य मेरा नहीं है। हमारे ज्ञानमें ज्ञेय आता है पर वह भी मुझसे भिन्न है। मैं उसको जानता हूँ पर वह पदार्थ मेरे नहीं हो जाते। भगवान कुन्दकुन्द स्वामीने लिखा है—

'अहमिक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइयो सदाऽरूवी।
ण वि अत्थि मज्झ किंचि वि अण्णं परमाणुमित्तं पि॥'

मैं एक हूँ शुद्ध हूँ दर्शन ज्ञानमय हूँ अरूपी हूँ। अधिककी बात जाने दो परमाणु मात्र भी पर द्रव्य मेरा नहीं है।

पर बात यह है कि हम आगाने सिस्रीका तेल खाया है, घी नहीं। इसलिये उसे ही सब कुछ समझ रहे हैं। कहा है —

'तिलतैलमेव मिष्टं येन न दृष्टं घृतं क्वापि।
अविदितपरमानन्दो जनो वदति विषय एव रमणीयः॥'

जिसने वास्तविक सुखका अनुभव नहीं किया वह विषय सुखको ही रमणीय कहता है। इस जीवकी हालत उस मनुष्यके समान हो रही है जो सुवर्ण रत्न तो अपनी मुट्ठीमें है पर खोजता फिरता है अन्यत्र। अन्यत्र कहाँ धरा? आत्माकी चीज आत्मामें ही मिल सकती है।

एक भद्र प्राणी था। उसे धर्मकी इच्छा हुई। मुनिराजके पास पहुँचा, मुझे धर्म चाहिये। मुनिराजने कहा भैया? मुझे और बहुत-सा काम करना है। अत अवसर नहीं। इस पासकी नदीमें चले जाओ उसमें एक नाकू रहता है। मैं उसे अभी-अभी धर्म दिया है वह तुम्हें दे देगा। भद्र प्राणी नाकूके पास जाकर कहता है कि मुनिराजने धर्मके अर्थ मुझे आपके पास भेजा है धर्म दीजिये। नाकू बोला—अभी लो एक मिनिटमें, पर पहले एक काम मेरा कर दो। मैं बड़ा प्यासा हूँ, यह सामने किनारेपर एक कुँआ है उससे लोटा भर पानी लाकर मुझे पिला दो, फिर मै आपको धर्म देता हूँ। भद्र प्राणी कहता है—तू बड़ा मूर्ख मालूम होता है, चौबीस घण्टे तो पानीमे बैठे हो और कहते हो कि मैं प्यासा हूँ। नाकूने कहा—महाशय! जरा अपनी ओर भी तो देखो। तुम भी चौबीसों घण्टे धर्ममें बैठे हो, इधर-उधर धर्मकी खोजमें क्यों फिर रहे हो? धर्म तो तुम्हारी आत्माका स्वभाव है, वह अन्यत्र कहाँ मिलेगा?

सम्यग्दृष्टि सोचता है जिस कालमें जो बात होनेवाली होती है उसे कौन टाल सकता है? भगवान् आदिनाथको ६ माह आहार नहीं मिला। पाडवोको अन्तर्मुहुर्तमे केवल ज्ञान होनेवाला था, ज्ञान कल्याणकका उत्सव करनेके लिये देवलोग आनेवाले थे। पर इधर उन्हें तप्त लोहेके जिरहवख्तर पहिनाये जाते हैं। देव कुछ समय पहिले और आ जाते? आ कैसे जाते होना तो वही था जो हुआ था। यही सोचकर सम्यग्दृष्टि न इस लोकसे डरता है, न परलोकसे। न उसे इस बातका भय होता है कि मेरी रक्षा करनेवाले गढ कोट आदि कुछ भी नहीं है। मैं कैसे रहूँगा? न उसे आकस्मिक भय होता है और सबसे बड़ा मरणका भय होता है सो सम्यग्दृष्टिको वह भी नही होता। वह अपनेको

सदा अनाद्यनन्त नित्योद्योत विशद ज्ञानज्योति-स्वरूप मानता है। सम्यग्दृष्टि जीव संसारसे उदासीन होकर रहता है। तुलसी-दासने एक दोहेमें कहा है—

'जग तै रहु छत्तीस ह्वै रामचरण छह तीन।'

संसारसे छत्तीस ३६ के समान विमुख रहो और रामचन्द्रजी के चरणोंमें ६३ के समान सम्मुख।

वास्तवमें वस्तु तत्त्व यही है कि सम्यग्दृष्टिकी आत्मा बड़ी पवित्र हो जाती है, उसका श्रद्धान गुण बड़ा प्रबल हो जाता है। यदि श्रद्धान न होता तो यह भीसा उपवास करनेवाले क्या ऐसा करते? यदि धर्मका श्रद्धान न होता तो इतना क्लेश कौन सहता? पाप करके लक्ष्मीका संचय जिनके लिये करना चाहते हो वे उसके फल भोगनेमें शामिल न होंगे। वाल्मीकिका किस्सा है, वाल्मीकि जो एक बड़ा ऋषि माना जाता है, चोरी डकैती करके अपने परिवारका पालन करता था। उसके रास्ते जो कोई निकलता उसे वह लूट लेता था। एक बार एक साधु निकले। उनके हाथमें कमण्डलु था। वाल्मीकिने कहा रख दो यहीं कमण्डलु। साधुने कहा बच्चे यह तो डकैती है, इसमें पाप होगा। वाल्मीकिने कहा—मैं पाप पुण्य कुछ नहीं जानता, कमंडलु रख दो। साधुने कहा—अच्छा मैं यहीं खड़ा रहूँगा तुम अपने घरके लोगोंसे पूछ आओ कि मैं एक डकैती कर रहा हूँ उसका जो फल होगा उसमें तुम शामिल हो कि नहीं? लोगोंने टका-सा जवाब दे दिया तुम चाहे डकैती करके लाओ चाहे साहूकारीसे। हम लोग तो खाने भरके शामिल हैं। वाल्मीकिको बात जम गई और वापिस आकर साधुसे बोला—बाबा मैंने डकैती छोड़ दी। आप मुझे अपना चेला बना लीजिये।

वास्तविक बात यही है। आपलोग पुण्य-पापके द्वारा जिनके लिये सम्पत्ति इकट्ठी कर रहे हो वे कोई साथ देनेवाले नहीं हैं। अत समय रहते सचेत हो जाओ। देखें, आप लोगोंमेंसे कोई हमारा साथ देता है या नहीं।

('सुखकी झलक' से)

जीवोका अपने कर्मके उदयसे होता है और वह कर्म अपने-अपने परिणामोंसे उत्पन्न होता है। इस कारण एक दूसरेको सुख दुख कैसे दे सकता है? मैनासुन्दरीको ही देखो। अपने पितासे स्पष्ट कह दिया कि मैं अपने पुरुषार्थसे खाती हूँ। उसके पिताने कोढ़ी श्रीपालसे उसका विवाह कर दिया। पर मैनाने सिद्धचक्रका विधान रचकर उसका कोढ़ भी दूर कर दिया। पर विचार करो क्या उसने पतिका कोढ़ दूर कर दिया? अरे उसके पुण्यका उदय होना था कोढ़ दूर हो गया। उसका मिलना था सो निमित्त मिल गया। पर क्या वह ऐसा नहीं जानती थी? अतः सब अपने भाग्यसे सुखी और दुखी हैं।

समयसारमें लिखा है —

'सर्वं सदैव नियतं भवति स्वकीय-
कर्मोदयान्मरणजीवितदुःख-सौख्यं ॥
अज्ञानमेतदिह यत्तु परः परस्य ।
कुर्यात् पुमान् मरणजीवितदुःखसौख्यम् ॥'

इस लोकमें जीवोंके जो मरण जीवन दुःख और सुख होते हैं वे सब स्वकीय कर्मोंके उदयसे होते हैं, ऐसा होने पर भी जो ऐसा मानते हैं कि परके द्वारा परके जीवन मरण दुःख और सुख होते—यह भ्रम न है।

कोई किसीको नहीं बाँधता छोड़ता—

कोई कहे कि मैं इसको मोचन करता हूँ और इसको बाँधता हूँ तो यह भी मिथ्या है। तुमने अपना अभिप्राय तो ऐसा कर लिया कि 'एनं' 'मोचयामि' मैं इसको मोचन करता हूँ, और 'एनं बन्धयामि' मैं इसको बाँधता हूँ। पर जिससे ऐसा कहा

कि **'एनं मोचयामि'** मैं इसको मोचन करता हूं और उसने सराग परिणाम कर लिया तो कहाँ वह मुक्त हुआ ? और जिससे ऐसा कहा कि **'एनं बन्धयामि'** मैं इसको बाँधता हूं उसने वीतराग परिणाम कर लिये तो वह मुक्त हो गया। और तुमने कुछ भी अभिप्राय नहीं किया। एकने सराग परिणाम कर लिये और दूसरे ने वीतराग भाव कर लिये, तो पहिला बन्ध गया और दूसरा मुक्त हो गया। इसलिये यह बन्धन क्रिया और मोचन क्रिया तुम्हारे हाथकी बात नहीं है। तुम अपने पदार्थके स्वामी हो और पर पदार्थ अपनेका है। तुम दूसरे पदार्थको अपनी इच्छानुकूल परिणमाना चाहो तो वह त्रिकालमे नहीं हो सकता। अत. **'एनं मोचयामि'** मैं इसको मोचन करता हूं और **'एनं बन्धयामि'** इसको बाँधता हूं ऐसा अभिमान करना व्यर्थ है और उससे उल्टा कर्मका बन्धन होता है। हाँ तुम अपना अभिप्राय निर्मल रक्खो। दूसरा चाहे कुछ भी अभिप्राय रक्खे।

निर्मल अभिप्राय—

निर्मल अभिप्राय ही मोक्षमार्ग है। तुम पाठ पूजन खूब करो पर अभिप्राय निर्मल नहीं तो कुछ नहीं। अब देखो तुम कहते हो न **'प्रभु पतित पावन'**। अरे, प्रभु थोड़े ही पतित पावन है। तुमने उतने अशमें अपने अभिप्राय निर्मल कर लिये तुम ही पतितसे पावन हो गये। प्रभु क्या पावन करेंगे। तुमने प्रभुको कारण बना लिया, पर कार्य हुआ तुमसे। इसीलिये कविवर प० दौलतराम जी अपनी स्तुतिमें लिखते हैं कि—

मुझ कारज के कारण सु आप।
सो करो हरो मम मोह ताप॥

बन्ध

अध्यवसाय भाव ही बन्धका कारण है। बाहिरी क्रिया कोई बन्धका कारण नहीं है परन्तु अन्तरंगमें जो विकारी भाव होते हैं वही बन्धके कारण हैं।

जैसे किसीने किसीको मार डाला, तो मारनेसे बन्ध नहीं हुआ पर अन्तरंगमें जो उसके मारनेके भाव हुए उससे बन्ध हुआ। कोई पूछे कि बाह्य वस्तु जब बन्धका कारण नहीं है तो उसका निषेध किसलिये किया जाता है कि बाह्य वस्तुका प्रसङ्ग मत करो त्याग करो। इसका समाधान यह है कि बन्धका कारण निश्चय नयसे अध्यवसान ही है और बाह्य वस्तुएँ अध्यवसानका आलम्बन हैं उनकी सहायतासे अध्यवसान उत्पन्न होता है इसलिये अध्यवसान कारण कहा जाता है। बिना बाह्य वस्तुके अवलम्बनके निराश्रय अध्यवसान भाव नहीं उपजता। इसीसे बाह्य वस्तुका त्याग कराया गया है।

सच्चा त्याग—

हम पर पदार्थोंका त्याग करना ही सच्चा त्याग समझ लेते हैं। परन्तु वास्तवमें पर पदार्थ हमारा है कहाँ? जिसका हम त्याग करनेके हकदार कहलाते हैं, वह तो जुदा है। अतः पर पदार्थका त्याग त्याग नहीं। सच्चा त्याग तो अन्तरंगकी मूर्छासे होता है। हमने उस पदार्थसे अपनी मूर्छा हटा ली तो उसका स्वतः त्याग हो गया। अतः प्रवृत्तिकी ओर मत जाओ, निवृत्ति पर ध्यान दो। कोई कहता है कि हमने १००) रुपयेका दान कर दिया। अरे

मूरख, १००) रुपये तुम्हारे हैं कहाँ, जो तुमने दान कर दिये। वे तो जुदे ही थे। तिजोड़ीसे निकालकर दानशालामें धर दिये। तो रुपयोंका त्याग करना दान देना नहीं हुआ, पर अन्तरगमें जो तुम्हारी मूर्छा उन रुपयोंके प्रति लग रही थी वह दूर हो गई। अत मूर्छाका त्याग करना वास्तविक त्याग कहलाया। कोई कहता है कि हमने इतने परिग्रहका त्याग कर दिया, अमुक परिग्रहका प्रमाण कर लिया तो क्या वह परिग्रहका प्रमाण हो गया? नहीं। परिग्रह प्रमाण व्रत नहीं हुआ। परिग्रहप्रमाणव्रत तब हुआ जब तुम्हारी इच्छा उतनी कम हो गई। तुम्हारा मन जो दौड धूप कर रहा था अब उस पर कन्ट्रोल हो गया, उस पर विजय पाली अत इच्छा जितनी कम हुई उतना प्रमाण हुआ इसलिये त्याग कहलाया।

कोई किसीको नहीं मारता जिलाता—

यह कहना कि मैं इसको जिलाता हू और इसको मारता हू, मिथ्या अभिप्राय है। कोई किसीको मारता और जिलाता नहीं है सब अपनी-अपनी आयुसे जीवित रहते हैं और आयुके निषेक पूरे होनेसे मरणको प्राप्त होते हैं। आचार्य कहते हैं अरे, क्या तेरे हाथमे आयु है जो तू दूसरेको जिलाता तथा मारता है? निश्चयनय करके जीवके मरण है वह अपने आयु कर्मके क्षयसे होता है। और अपना आयु कर्म अन्य कर हरा नहीं जा सकता। इसलिये अन्य अन्यका मरण कैसे कर सकता है? इसी तरह जीवोंका जीवन भी अपने आयु कर्मके उदयसे ही है।

कोई किसीको सुखी दुखी नहीं करता—

मैं पर जीवको सुखी दुखी करता हूँ और मुझे पर जीव सुखी दुखी करते हैं, यह भी मानना अज्ञान है, क्योंकि सुख दुख सब

जीवात्मा अपने कर्मके उदयसे होता है और वह कर्म अपने-अपने परिणामोंसे उत्पन्न होता है। इस कारण एक दूसरेको सुख दुख कैसे दे सकता है? मैनासुन्दरीको ही देखो। अपने पितासे स्पष्ट कह दिया कि मैं अपने पुरुषार्थसे राजी हूँ। उसके पिताने कोढ़ी श्रीपालसे उसका विवाह कर दिया। पर मैनाने सिद्ध चक्रका विधान रचकर उसका कोढ़ भी दूर कर दिया। पर विचार करो क्या उसने पतिका कोढ़ दूर कर दिया? अरे उसके पुण्यका उदय होना था कोढ़ दूर हो गया। उसका मिलना था सो निमित्त मिल गया। पर क्या वह ऐसा नहीं जानती थी? अतः सब अपने भाग्यसे सुखी और दुखी हैं।

समयसारमें लिखा है —

> 'सर्वं सदैव नियतं भवति स्वकीय-
> कर्मोदयान्मरणजीवितदुःख-सौख्यं ॥
> अज्ञानमेतदिह यत्तु परः परस्य।
> कुर्यात् पुमान् मरणजीवितदुःखसौख्यम् ॥'

इस श्लोकमें जीवोंके जो मरण जीवन दुःख और सुख होते हैं वे सब स्वकीय कर्मोंके उदयसे होते हैं, ऐसा होने पर भी जो ऐसा मानते हैं कि परके द्वारा परके जीवन मरण दुःख और सुख होते—यह अज्ञान है।

कोई किसीको नहीं बाँधता छोड़ता—

कोई कहे कि मैं इसको मोचन करता हूँ और इसको बाँधता हूँ तो यह भी मिथ्या है। तुमने अपना अभिप्राय तो ऐसा कर लिया कि 'एनं' 'मोचयामि' मैं इसको मोचन करता हूँ, और 'एनं बन्धयामि' मैं इसको बाँधता हूँ। पर जिससे ऐसा कहा

कि **'एनं मोचयामि'** मैं इसको मोचन करता हूँ और उसने सराग परिणाम कर लिया तो कहाँ वह मुक्त हुआ ? और जिससे ऐसा कहा कि **'एनं बन्धयामि'** मैं इसको बाँधता हूँ उसने वीतराग परिणाम कर लिये तो वह मुक्त हो गया। और तुमने कुछ भी अभिप्राय नहीं किया। एकने सराग परिणाम कर लिये और दूसरे ने वीतराग भाव कर लिये, तो पहिला बन्ध गया और दूसरा मुक्त हो गया। इसलिये यह बन्धन क्रिया और मोचन क्रिया तुम्हारे हाथकी बात नहीं है। तुम अपने पदार्थके स्वामी हो और पर पदार्थ अपनेका है। तुम दूसरे पदार्थको अपनी इच्छानुकूल परिणमाना चाहो तो वह त्रिकालमे नहीं हो सकता। अत. **'एनं मोचयामि'** मैं इसको मोचन करता हूँ और **'एनं बन्धयामि'** इसको बाँधता हूँ ऐसा अभिमान करना व्यर्थ है और उससे उल्टा कर्मका बन्धन होता है। हाँ तुम अपना अभिप्राय निर्मल रक्खो। दूसरा चाहे कुछ भी अभिप्राय रक्खे।

निर्मल अभिप्राय—

निर्मल अभिप्राय ही मोक्षमार्ग है। तुम पाठ पूजन खूब करो पर अभिप्राय निर्मल नहीं तो कुछ नहीं। अब देखो तुम कहते हो न **'प्रभु पतित पावन'**। अरे, प्रभु थोड़े ही पतित पावन है। तुमने उतने अशमें अपने अभिप्राय निर्मल कर लिये तुम ही पतितसे पावन हो गये। प्रभु क्या पावन करेंगे। तुमने प्रभुको कारण बना लिया, पर कार्य हुआ तुममे। इसीलिये कविवर प० दौलतराम जी अपनी स्तुतिमें लिखते हैं कि—

मुझ कारज के कारण सु आप।
सो करो हरो मम मोह ताप॥

और भगवानकी महिमाको कौन जान सकता है। भगवान की महिमा भगवान ही जाने। हम मोही जीव उनकी महिमाको क्या जान सकते हैं तो प्रयोजनीय बात इतनी ही है कि पर पदार्थ हमारी श्रद्धामें आ जाय कि ये हमारी चीज नहीं है। तो फिर संसार बन्धनसे छूटनेमें कोई बड़ी बात नहीं है। समझ लो रागद्वेषादिक परकृत विकार हैं, मेरे शुद्ध स्वभावको घातनेवाले हैं इसलिये छोड़नेका प्रयत्न करो। सम्यक्त्वीके यही श्रद्धान तो दृढ़ हो जाता है। वह जानता है कि मेरा आत्मा तो स्वच्छ स्फटिक समान है। ये जितने भी औपाधिक भाव होते हैं, वे मोहके निमित्तसे होते है। अतः उन्हें छोड़नेका पूर्ण प्रयत्न करता है। हमलोग बाह्य चारित्रके पालनमें आतुर हो जाते हैं।

निर्मल श्रद्धा—

चारित्रमें क्या है सबसे बड़ी श्रद्धा है। भगवान् आदिनाथने ८३ लाख पूर्व गृहस्थीमें व्यतीत कर दिये। एक पुत्रको इस बगल में बिठालते रहे और दूसरेको दूसरी बगलमें। नाना प्रकारकी व्याधिप और गपिषविषा भी बतलाते रहे। यह सब क्या परन्तु उन्हुओ चारित्रमोहकी मन्दता हुई तो घर छोड़नेमें देर न लगी। तो हमें चारित्रमें इतना यत्न न करना चाहिये। चारित्र तो कालान्तर पाके हो ही जायगा। चारित्र पालनेमें उतनी बड़ाई नहीं है जितनी श्रद्धा लानेमें। श्रद्धामें अमोघ शक्ति है। यथार्थ श्रद्धा ही मोक्षमार्ग है। सम्यक्त्वीके श्रद्धाकी ही तो महिमा होती है। वह पर पदार्थोंका भोग नहीं करता सो बात नहीं है। पर श्रद्धामें जान जाता है कि 'मेरे यह तो पराई है।' जब दमिनिय लड़की जब पैदा होती है तब माँ अन्तरंगमें जान ही तो जाती है कि यह पराई है। वह उसका पालन-पोषण नहीं करती सो बात

नहीं है वह पालती है, उसे बड़ा करती है, उसका विवाह भी रचाती है और जब पर घर जानेको होती है तब रोती भी है चिल्लाती है और थोड़ी दूर तक साथ भी जाती है, पर कब तक ? यही हाल उसका होता है। वह भोग भोगता है, युद्ध करता है, अदालतमें मुकदमा भी लड़ता है पर कब तक ? और हम आपसे पूछते हैं, उसके काहेके भोग हैं ? बिल्ली चूहेको पकड लेती है और लाठी मारने पर भी नहीं छोडती, भोग तो वह कहलाते हैं। हरिण मुखमें तृण लिये हुए है पर यों ताली फटकारी चौकडी भरकर भाग खडा हुआ तो वह काहेका भोग ? भोग तो वही है जिसमें आशक्ति हो, उसमें उपादेय बुद्धि हो। अब मुनिको ही देखो। क्या उनके स्त्री परीषह नहीं होती ? होती है, पर जैसी हमको होती है वैसी उनको नहीं है। क्या उनको क्षुधाका वेदन नहीं होता ? यदि वेदन नहीं होता तो आहार लेनेके वास्ते जाते ही क्यों हैं ? क्षुधाका वेदन होता है पर वह उस चालका नहीं है। निरन्तराय भोजन मिला तो कर लिया नहीं तो वापिस लौट आते हैं। किसी कविने कहा है —

अपराधिनि चेत्क्रोधः क्रोधे कथं न हि।
धर्मार्थकाममोक्षाणां चतुर्णां परिपन्थिनि ॥

यदि अपराधी व्यक्ति पर क्रोध करते हो तो सबसे बड़ा अपराधी क्रोध है उसी पर क्रोध करना चाहिये, क्योंकि वह धर्म, अर्थ, काम और मोक्षका शत्रु है। अच्छा बतलाओ किस पर तोप-रोप करे। हम जितने भी पदार्थ ससारमे देखते हैं, सब अचेतन ही तो हैं और चेतन हैं सो दिखता नहीं है। जैसे हमने तुम पर क्रोध किया, तो क्रोध जिस पर किया वह अचेतन है

और जिस पर करना चाहता हो यह दिखता नहीं अमूर्तिक है। अतः हमारा सम्पूर्ण तो रागद्वेषादिक करना सब व्यर्थ है।

अपनी आत्माका उद्धार करो—

अपना कल्याण कर दुनियाँको न देख। जो दुनियाँको तो शिक्षा करे और अपनी ओर न देखे तो उससे क्या लाभ ? अरे अनादि कालसे हमने परको बनानेकी कोशिश की है और फिर भी परको बनानेमें अपनेको चतुर समझते हैं तो उस चतुराईको धिक्कार है जो दूसरोंको उपदेश करे, व अपने आत्माके हितका नाश करे। उस आँखसे क्या लाभ जिसके होते हुए भी गड्ढेमें गिर पड़े। उस ज्ञानसे भी क्या जो ज्ञानी होकर विषयोंके भीतर पड़ जाय। इसलिये केवल अपनेको बनाओ। जिसने अपनेको नहीं बनाया वह दूसरोंको भी क्या बना सकता है ? अपनेको बनाना ही संसार बन्धनसे छूटनेका प्रयास है। यही मोक्षकी कुञ्जी है।

एक धुनियाँ था। वह कहीं कामसे चला आ रहा था। मार्गमें उसने रुइसे भरे जहाजोंको आते हुए देख लिया। उसने सोचा हाय ! यह तो मुझे धुननी पड़ेगी। ऐसा सोचते ही घरमें आकर वह बीमार पड़ गया। उसके लड़कने पूछा पिताजी ! क्या बात हो गई ? वह बोला— कुछ नहीं ! वैसे ही तबियत खराब हो गई है। लड़केने बहुत डाक्टरों और वैद्योंका इलाज करवाया पर वह अच्छा नहीं हुआ। अन्तमें एक आदमीको मालूम हुआ और उसने लड़केसे पूछा—तेरे पिताजी की कैसी तबियत है ? वह बोला—कुछ नहीं उन्होंने कहीं रुईसे भरे हुए जहाजोंको देख लिया है इस कारण बीमार पड़ गये हैं। उस आदमीने सोचा कि अरे यह धुनिया तो है ही शायद उसने समझा होगा कि यह

रूई कहीं मुझे ही न धुननी पडे। वह बोला—देखो, हम तुम्हारे पिताजी को अच्छा कर देंगे लेकिन १००) रुपये लेंगे। लड़केने मजूर कर लिया।

उस आदमीने उसी समय उसके घर जाकर एक गिलास पानी लिया और कुछ मन्त्र पढ़कर कुछ राख डालकर धुनियासे बोला इस गिलासका पानी पी जाओ। उस धुनियेने वैसा ही किया और वह पानी पी लिया। तब वह आदमी बोला—'देखो' उन रूईसे भरे हुए जहाजोंमें आग लग गई। इतना कहना था कि वह झट बोल उठा—क्या सचमुच उन जहाजोंमें आग लग गई। उसने कहा—हाँ। तुरन्त ही वह भला चगा हो गया। इसी प्रकार हम भी पर पदार्थोंको लक्ष्य कर यह सोच रहे हैं कि हमें यह करना है, वह करना है। इसी कारण रोगी बने हुए है और जब अपने स्वरूप पर दृष्टिपात करते हैं तब प्रतीत होता है कि हमें कुछ नहीं करना है। केवल अपने पदको पहिचानना है।

('सुखकी झलक' से)

बन्ध मुक्ति

आत्माके केवल एक राग ही बन्धका कारण है। जैसे तेल मर्दनयुक्त पुरुष धूलवाली भूमिमें धूलिसे लिप्त हो जाता है वैसे ही रागादिककी चिक्कणता जीवका बन्ध करानेवाली है।

निश्चयसे केवल अन्तरंगका अध्यवसान ही बंधका कारण होता है चाहे वह शुभ हो अथवा अशुभ। बाह्य वस्तुओंसे बन्ध नहीं होता वह तो अध्यवसानका कारण है। इसीलिए चरणानुयोगकी पद्धतिसे बाह्य वस्तुओंका निषेध किया जाता है, क्योंकि जहाँ कारण होता है वहीं कार्यकी सिद्धि है। अतः आचार्योंने पराश्रित व्यवहार सभी छुड़ाया है केवल शुद्ध आनन्द-स्वरूप अपनी आत्माका ही अवलम्ब ग्रहण कराया है। अब इसलिए सम्यग्दृष्टिके चारित्रको कुचारित्र नहीं कहा और द्रव्यलिंगी मुनि जो एकादश अंगके पाठी हैं फिर भी उनके चारित्रको कुचारित्र बतला दिया। तो केवल पढ़नेसे कुछ नहीं होता जिस पठन-पाठनके फलस्वरूप जहाँ आत्माको बोधका लाभ होना चाहिए था वह नहीं हुआ तो कुछ भी नहीं किया।

शरीरकी अपेक्षा हृदयको सजाइये—

हम नित्य पुस्तकोंको ढोलते हैं, उसपर सुन्दर सुन्दर गत्तेके आवरण भी चढ़ाते हैं पर अन्तरंगका कुछ भी स्याल नहीं करते तो क्या होता है? अतः सब अन्तरंगसे ही बन्धकी क्रिया होती है। यदि त्यागी भी बन गए और दिगम्बर भी हो गए पर अन्तरंगकी राग द्वेषमयी परिणतिका त्याग नहीं हुआ तो कुछ भी त्याग नहीं किया। साँपने केंचुलीका तो त्याग कर

दिया पर अन्तरगका जो विप है उसका त्याग नहीं किया तो क्या फायदा ? जबतक आभ्यन्तर परिग्रहका त्याग नहीं होता तबतक किञ्चित् भी त्याग नहीं कहलाता। अब देखिए, कुत्तेको लाठी मारी जाती है तो वह तो लाठी पकड़ता है, परन्तु सिहका यह कायदा है कि वह लाठीको न पकड़ मनुष्यको ही पकड़ता है। उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि अन्तरग परिग्रह जो रागादिक हैं उन्हें हटानेका यत्न करता है पर मिथ्यात्वी ऊपरी टीपटापमें ही धर्म मान बैठता है। एक प्रात कालकी ललामी है तो एक सायकाल-की ललामी। प्रात.कालकी ललामी तो उत्तर कालमे प्रकाशका कारण है और सायकालकी ललामी उत्तर कालमे अन्धकारका कारण है दोनों हैं ललामी ही। अत यह सब अन्तरगके परि-णामोंकी जाति है। सुदर्शन सेठको रानीने कितना फुसलाया पर वह अपने सम्यक् परिणामोंपर दृढ़ बने रहे। तो बाह्यसे कुछ भी क्रिया करो, क्या होता है ?

अन्तः कलुषताके कारण त्यागिये—

हम बाह्य निमित्तोंको हटानेका प्रयत्न करते हैं, इन निमित्तों-को हटानेसे क्या होगा ? हम आपसे पूछते है। किस किसको बाह्य निमित्त बनाकर हटाओगे ? तीनों लोकोंमें निमित्त भरा पडा है। अत वह अन्तरका निमित्त हटाओ जिसकी वजहसे अन्य निमित्तोंको हटानेका प्रयत्न किया जाता है। अन्तरगसे वह कलुषता हटानेकी आवश्यकता है जिससे बन्ध होता है। तुम चाहे कुछ भी कार्य करो पर अन्तरगमें जैसे तुम्हारे अध्यवसान है उसीके अनुसार बन्ध होगा। एक मनुष्यने दूसरे-को तलवारसे मारा तो तलवारको कोई फाँसी नहीं देता। मनुष्य ही फाँसीपर लटकता है। तो बाह्य वस्तुओंको त्यागनेकी आव-

श्यकता नहीं, आवश्यकता है अन्तरंग रागादिक त्यागकी। सम्यक्त्वी क्रोध भी करता है पर अन्तरंगसे जानता है कि ये मेरे निज स्वभावकी चीज नहीं है। औदयिक परिणाम है मिटनेवाली चीज है। अतः त्यागनेका प्रयत्न करता है। वह त्यागको ही सर्वस्व मानता है। पंचम गुणस्थान पर्यन्त अप्रत्याख्यानका त्याग किया अप्रमत्तमें प्रमादका त्याग किया और आगे चला तो सूक्ष्मसाम्परायमें लोभका त्याग किया और क्षीणमोहमें मोहका त्यागकर एक निज शुद्ध स्वरूपमें ही रह गया। इससे धर्मका उपलक्षण त्याग प्रधान है। हम लोग बाह्य वस्तुओंका त्यागकर अशान्तिका बड़ा लेते हैं। अरे, त्यागका यह मतलब थोड़े ही था। त्यागसे तो सुख और शान्तिका उद्गम होना चाहिए था परन्तु यह नहीं हुआ तो त्यागसे क्या लाभ हुआ? त्यागका अर्थ ही आकुलताका अभाव है। बाह्य त्यागकी वहाँतक मर्यादा है जहाँतक वह आत्मपरिणामोंमें निर्मलताका साधक हो। तो आभ्यन्तर परिग्रहका त्याग परमावश्यक है परन्तु परिग्रहका त्याग बहुत कठिन है, कोई सामान्य बात नहीं है। परिग्रहसे ही देखो सारे झगड़े हैं। यदि तुम्हारे पॉकेटमें दाम रखे हुए हैं तो उनके लुट जानेका भय है। मुनि हैं नंग हैं तो उन्हें काहेका भय बताओ। तो परिग्रह त्यागमें ही सुख है। शुभ परिग्रहको मत त्यागो पर उसके दोष तो मानो यह तो मानो कि संसार बढ़ानेवाली है। भोजन खानेका निषेध नहीं है, परन्तु उसमें जो दोष हो उसे तो मानो समझो कि वस्तुतः उसमें स्वामी आस्वाद नहीं है। भगवानका पूजन भी करो परन्तु यह तो मानो कि साक्षात् मोक्षमार्ग नहीं है। अतः अन्तरङ्गमें एक केवल शुद्धात्मा का ही अनुभव करो।

मोहके चक्रसे बचिये—

"हम तुम एक है" यह मोहकी महिमा तो देखो। हम और तुम अलग अलग कहता ही जा रहा है और एक बतला रहा है कि "हम तुम एक हैं।" अब तुम देखो मुनिके पास जाओ तो क्या कहेंगे? यही कि हम सरीखे हो जाओ। और क्या? घर छोड़ो, बाल बच्चे छोडो और नग धडग हो जाओ तो क्या करें उनके उसी जातिका मोह है। जैनी कहते हैं कि सब ससार जैनी हो जाए। मुसलमान सबको मुसलमान हो जानेको कहते हैं और ईसाई सबको ईसाई बनाना चाहते हैं। तो सब अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग अलापते हैं, क्योंकि उनके पास उसी प्रकारका मोह है। अत मोहकी विलक्षण महिमा है। मुनि तो चाहते है कि सब ससार मुनि हो जाए पर होय कैसे? ससारका चक्र ही ऐसा चला आया है।

कोई कहे कि हमारी आत्मा तो भोजन करती ही नहीं इसलिए हम भोजन क्यों करें? मत करो। कौन कहता है कि तुम भोजन करो। पर दो ही दिन बाद क्षुधाकी वेदना सताने लगेगी, क्योंकि मोहकी सत्ता विद्यमान है। उसके होते हुए भोजन कैसे नहीं करोगे? हाँ, मोह जिनके नष्ट हो गया है उनको कोई क्षुधाकी वेदना नहीं है। औदारिक शरीर होते हुए भी उसकी वेदना उनको नहीं सताती। अत मोहमे ही क्षुधा लगती है।

शक्तिके अनुसार ही त्याग कीजिये—

कार्य धीरे-धीरे होता है। देखिये कि वृक्ष भी समय पर ही फूलता फलता है। एक मनुष्य था। वह मार्गमे चला जा रहा था। उसने एक बुढ़ियाको जाडेमे ठिठुरते हुए देखा। उसपर उसे दया आ गई और अपना कम्बल उसे दे दिया। पर जाड़ा बहुत

पड़ रहा था। उसे ठंड सहन नहीं हुई तो आप किसी मकानमें घुस गया और वहाँ छप्पड़ खींचने लग गया।

'कौन है' मकानवालेने पूछा।

वह बोला—'मैं हूँ धर्मात्माका बाबा।'

वह तुरन्त आया और उससे छप्पर खींचनेका कारण पूछा। उसने कहा—'मेरे पास एक कम्बल था सो मार्गमें मैंने एक बुढ़ियाको दे दिया। पर मुझे ठंड बहुत लग रही थी सो मैं यहाँ चला आया।'

मकानवालेने कहा—'अरे जब तुम्हपर ठंड सहन नहीं हुई तो अपना कम्बल उस बुढ़ियाको ही क्या दिया ?'

वह चुप रहा और चोरसे निकलकर अपना मार्ग आ नापा। सो तात्पर्य यही कि अपनी जितनी शक्ति हो उसीके अनुसार कार्य करना चाहिए। मान बड़ाईमें आकर शक्तिसे परे आचरण करना तो उल्टी अपनी पूंजी खोना है।

वास्तवमें यदि विचार किया जाय तो कल्याण करनेमें कुछ नहीं है। केवल उस तरफ हमारा लक्ष्य नहीं है। जब नकुल शूकर और वानर आदि तिर्यञ्चोंने अपना कल्याण कर लिया तो हम तो मनुष्य हैं सञ्ज्ञी पञ्चेन्द्रिय हैं। क्या हम अपना कल्याण नहीं कर सकते ? अवश्य कर सकते हैं।

मनुष्यको देवसे बड़ा समझिये—

मनुष्य यदि चाहे तो देवोंसे भी बड़ा बन सकता है। अभी त्याग-मार्गको अपना ले तो आज वह देवोंसे बड़ा बन जाय। मनुष्य वास्तवमें क्या नहीं कर सकता ? वह तप यम संयम सब कुछ पाल सकता है जो देवोंको परम दुर्लभ है। वे देव यदि तप करना चाहें अथवा संयम पालना चाहें तो नहीं पाल सकते।

ऊपरसे हजारों वर्ष तक नहीं खावे पर अन्तरगमें तो उनकी चाह खानेकी नहीं मिटती। मनुष्य पर्याय क्यों उत्तम बतलाई है, इसीसे कि उसमे बाह्याभ्यन्तर त्याग करनेकी शक्ति है। अरे देव ज्यादासे ज्यादा नदीश्वर द्वीप चले गये, पञ्च कल्याणकके उत्सव देख लिए और क्या है? चौथे गुणस्थानसे तो आगे नहीं बढ़ सकते। पर मनुष्य यदि चाहे तो चौदह गुणस्थान पार कर सकता है—यहाँ तक कि वह सर्वार्थसिद्धिके देवों द्वारा पूजनीक हो सकता है। और तुम चाहो तो कुछ बन जाओ। चाहे पाप करके नरक चले जाओ। चाहे पुण्योपार्जन करके स्वर्गमें, और पाप पुण्यको नाश कर चाहे मोक्ष चले जाओ। २५ गत्यागति है, चाहे किसीमे भी चले जाओ। यह तुम्हारे हाथकी बात है।

अपने पदको पहिचानिये—

माघनन्दि आचार्यको ही देखो। दूसरे आचार्यने शिष्यसे कहा उस माघनन्दि आचार्यके पास, जाओ वही प्रश्नका उत्तर देंगे। तो क्या उनको उस प्रश्नका उत्तर नहीं आता था? पर क्या करें? उनको किसी तरह जो अपना पद बतलाना था। अत अपने पदको पहिचानो। यही एक अद्वैत है। उसीका केवल अनुभव करो। और देखो, यदि अनुभवमें आवे तो उसे मानो अन्यथा कोई बाध्य नहीं करता। कुन्दकुन्दाचार्यने यही कहा कि अनुभवमें आवे तो मानो नहीं तो मत मानो। बाध्य होकर मानना कोई मानना नहीं हुआ करता। कोई कहे आत्मा तो अमूर्तिक है, वह दिखती ही नहीं तो उसे देखनेकी क्या चेष्टा करें? तो कहते है कि वह दिखनेकी चीज ही नहीं है, अनुभवगोचर है। लोकमे भी देखो जिसको वातरोग हो जाता है उसका दुःख वही जानता है। बाह्यमें वह रोग प्रकट नहीं दिखता पर जिसके दर्द

है वैसे ही अनुभव होता है। इसी तरह आत्मा एक अनुभवकी चीज है। आचार्योंने स्पष्ट लिख दिया—

> 'मोक्षमार्गस्य नेतारं भेत्तारं कर्मभूभृताम्।
> ज्ञातारं विश्वतत्त्वानां वन्दे तद्गुणलब्धये ॥'

यह देवका स्वरूप है। निरारम्भी गुरु है। दयामयी धर्म है। अथवा जिस वस्तु का जो स्वभाव है उसका वही धर्म है। यदि यह अनुभवमें आवे तो मानो नहीं तो मत मानो। अतः जिस तरह आत्मा अनुभवमें आवे वही उपाय श्रेयस्कर है।

अपनेको पर द्रव्यका कर्ता मत मानिये—

सब द्रव्योंके परिणाम जुदे-जुदे हैं। अपने-अपने परिणामोंके सब कर्ता हैं। जीव अपने परिणामोंका कर्ता है और अजीव अपने परिणामोंका यह निश्चय नयका सिद्धान्त है। पर मनुष्यको जब तक भेद-ज्ञान प्रकट नहीं होता तब तक वह अपनेको पर द्रव्योंका कर्ता अनुभव करता है। लेकिन पर द्रव्यका कर्ता त्रिकालमें नहीं होता। जैसे तन्तुवायने ताना बाना करके वस्त्र तैयार किया पर तन्तुवायका क्या एक अंश भी वस्त्रमें गया? वस्त्रका परिणमन वस्त्रमें हुआ और तन्तुवायका परिणमन तन्तुवाय में। पर तन्तुवायने वस्त्र बनाया ऐसा सब कोई व्यवहारसे कहता है पर निश्चयसे ऐसा नहीं है। वस्त्रकी क्रिया वस्त्रमें ही हुई है। अतः यह वस्त्रका कर्ता नहीं है। ज्ञानी केवल अपने ज्ञानका कर्ता है। वह दूसरे ज्ञेयोंको जानता है। यदि पूर्वोपार्जित कर्मोंका उदय भी आता है तो उस कर्मफलको वह जानता ही है अतः समतासे भोग लेता है।

पर द्रव्यको अपना मत समझिये—

हम पर द्रव्यको अपनी मान लेते हैं तभी दुखी होते हैं। कोई इष्ट वस्तुका वियोग हुआ तो दुखी होकर चिल्लाने लगे। क्यो ? उसे अपनी मान लिया। कोई अनिष्ट वस्तुका संयोग होगया तो आर्तध्यान करने लगे। यह सब पराई वस्तुको अपना माननेका कारण है। परको आपा मानना मिथ्या है। यदि पुत्र उत्पन्न हुआ समझो हमारा नहीं है। स्त्री भी घरमे आई तो समझो पराई है। ऐसा समझने पर उनका वियोग भी हो जायगा तो तुम्हें दु'ख नहीं होगा। अब देखो, मुनि जब विरक्त हो जाते हैं तो स्त्रीसे ममत्व बुद्धि ही तो हटा लेते हैं। और जब वह स्त्री मुनिको पडगाह लेती है तो क्या आहार नहीं लेते ? और उनके हाथमे भोजन भी रखती है तो क्या आँख मीच लेते हैं ? नहीं। उसे देखते हैं, आहारको भी शोधकर खाते हैं पर उससे मूर्छा हटा लेते हैं। दुनियाँ भरके कार्य करो कौन निषेध करता है ? पुत्रको पालो, कुटुम्बको खिलाओ पर अपनेसे जुदा समझो। इसी तरह पुद्गलको खिलाओ पिलाओ पर समझो हमारा नहीं है। यदि इसे खिला-ओगे नहीं तो बताओ काम कैसे देगा ? अरे, हाड मास चाम बने रहो इससे हमारा क्या बिगडता है ? बने रहो, पर इसे खिलाओ नहीं यह कहाँका न्याय है ? इसे खिलाओ पिलाओ पर इससे काम भी पूरा लो। नौकरको मत खिलाओ तो देखें कैसे काम करेगा ? मुनि क्या शरीरको खिलाते नहीं हैं ? इसे खिलाते तो हैं पर उससे पूरा-पूरा काम भी लेते हैं। पुद्गलको खिलाओ पिलाओ पर उसे अपना मत मानो। माननेमें ही केवल दोष है। रस्सीको सर्प मान लिया तो गिर रहे हैं, पड रहे हैं, चोट भी खा रहे हैं। तो यह क्यों ? केवल ज्ञानमे ही तो रस्सीकी कल्पना कर ली। और रस्सी कभी सर्प होती नहीं इसी तरह पुद्गल कभी

आत्मा होता नहीं। पर अज्ञानसे मान लेते हैं। बस यही केवल भूल है। उस भूलको मिटाकर भेद-ज्ञान करो। समझो आत्मा और पुद्गल जुदा द्रव्य हैं। परन्तु उस तरफ हमारा लक्ष्य नहीं है। लक्ष्य करें तो संसार क्या है?

इस लकड़हारेसे शिक्षा लीजिये—

एक लकड़हारा था वह रोज एक मन लकड़ीका गट्ठा लाता और बाजारमें बेच देता था। एक दिन उसने एक पण्डितजीसे व्याख्यान सुना। उसमें उन्होंने कहा कि यह पुद्गल जुदा और आत्मा जुदा है—यह सम्यग्ज्ञान है। और फिर पंच पापोंका स्वरूप बतलाया। उसने सोचा मैं हिंसा तो करता ही नहीं हूं। और यह एक मन लकड़ीका गट्ठा लाता हूँ तो इसे आठ आनेमें बेच दिया करूँगा। मेरे यही एक भाव होगा। इस तरह झूठ भी नहीं बोलूँगा। मैं किसीकी चोरी तो करता ही नहीं हूँ अतः चोरीका भी सहजमें त्याग हो जायगा। मेरे एक अकेली स्त्री है इसलिए पर स्त्रीका भी त्याग कर दूँगा। और पाँचवां परिग्रह प्रमाण है। सो मुझे लकड़ी बेचनेमें आठ आने मिलेंगे ही। उसमें तीन आने तो खानेमें खर्च करूँगा दो आने बचाऊँगा एक आना दान करूँगा और दो आने कपड़े आदिमें खर्च करूँगा। इस तरह परिग्रह प्रमाण भी कर लूंगा। ऐसा सोचकर उसने उसी समय पंच पापोंका त्याग कर दिया। अब प्रतिदिन वह लकड़ी लाता और बाजारमें बेचनेको रख देता।

उसके पास ग्राहक आते और पूछते—'क्या लकड़ी बेचेगा?'
वह बोलता—'बेचनेके लिए ही तो लाया हूं।
ग्राहक कहते—'क्या दाम लेगा ?'
वह बोलता—'आठ आने।

वे कहते—'कुछ कम करेगा।'

वह कहता 'नहीं महाराज! मेरी एक मन लकड़ियाँ हैं, इसे तौलकर देख लो यदि ज्यादा हो तो दाम देना, नहीं मत देना'?

जब उन्होंने तोलकर देखा तो ठीक एक मन निकलीं। उसे उन्होंने आठ आने दे दिये। इस तरह रोज उसकी लकड़ी बिक जाया करती।

एक दिन जब वह लकड़ी ले जा रहा था तो रास्तेमें एक नौकरने आवाज दी 'अरे, क्या लकड़ी बेचेगा?

उसने कहा 'हाँ।'

'क्या दाम लेगा' नौकरने पूछा।

उसने कहा 'आठ आने'।

'सात आने लेगा' नौकर बोला।

उसने कहा 'नहीं।'

फिर उसने बुलाया और कहा 'अच्छा, साढ़े सात आने लेगा'।

वह बोला 'अरे, तू किस बेवकूफका नौकर है। एक बार कह दिया नहीं लूँगा।'

ऊपरसे उसका सेठ सुन रहा था। वह एक दम गरम होके नीचे आया और बोला 'अबे, क्या बकता है?'

उसने कहा 'ठीक कहता हूँ। यदि तुम सत्य बोलते तो क्या तुम्हारा असर इस नौकर पर नहीं पड़ता।'

सेठ और भी क्रोधित हुआ। उसने फिर कहा 'यदि तुम क्रोधित होओगे तो मैं तुम्हारी पोल खोल दूँगा। तुम महाबदमाश परस्त्रीलम्पटी हो। इतने दिनों तक शास्त्रश्रवण किया पर कुछ भी असर नहीं हुआ। मैंने एक बार ही सुनकर पच-पापोंका त्याग कर दिया।' सेठ उसके ऐसे वचन सुनकर, एकदम सहम गया। तात्पर्य यह है कि उसने भी उसी समय पच पापोंका त्याग कर

दिया। तो देखा, उस पर धक्का का असर नहीं पड़ा और उस लकड़हारेका उपदेश लग गया। इसका कारण यह कि लकड़हारेने स्वयं सुमार्ग पर चलकर उसे सुमार्ग सुझाया।

स्वय सुमार्गपर चलिये—

जब हम स्वयं सुमार्गपर चलते हैं तब दूसरोंपर असर पड़ता है। हम रोते हैं कि हमारे बच्चे कहना नहीं मानते। अरे, मानें कैसे? तुम तो सुमार्गपर चलते नहीं हो वे कैसे तुम्हारा कहना मानें। बताओ। तुम तो स्वय शुद्ध भोजन करते नहीं फिर कहते हो कि बीमार पड़ गए। ये जितनी भी बीमारियाँ होती हैं सब अशुद्ध भोजन खानेसे होती हैं। तुम तो बाजारसे चाट खाओ और घर आकर अपनी स्त्रीसे कहो कि बाजारका मत खाओ। और कदाचित् खा भी ले तो फिर कहते हो हमारी स्त्री बीबी बन गई। अरे बीबी नहीं वह तो बाबा हो जायगी। आप स्वय शुद्ध भोजन करनेका नियम ले लो वह दूसरे दिन स्वयं शुद्ध बनाने लगेगी। यदि तुम्हें फिर भी शुद्ध भोजन न मिले तो चक्की लेकर बैठ जाओ। दूसरे दिन वह स्वयं अपने आप पीसना शुरू कर देगी। तुम तो पर स्त्री लंपटी बनो और स्त्रीको ब्रह्मचर्य-का उपदेश करो। आप तो रावण बनो और स्त्रीसे सती सीता बननेकी आशा करो। कैसा अन्याय है? ध्यान दो—यदि स्त्रीको सीता रूपम देखना चाहते हो तो तुम स्वयं राम बनो, राम जैसे कार्य करो। तभी तुम्हारी कामनाएँ सफल होंगी।

पर वस्तुको त्यागिये—

तुम कहते हो कि जितने भी त्यागी आते हैं वह यही उपदेश करते हैं कि यह त्यागो वह त्यागो। तो वह तो तुम्हारे हितका ही उपदेश करते हैं। अरे, तुम पर वस्तुओंको अपना माने हुए हो

तभी तो वह त्यागनेका उपदेश करते हैं। और चोरटापन क्या है ? पराई वस्तुको अपनी मानना यही तो चोरटापन है। तो वह तुम्हारा यह चोरटापन छुडवाना चाहते हैं और वह तुम्हें बुरा लगता है। हाँ, यदि तुम्हारे निजकी चीज छुडवाएँ तो तुम कह सकते हो। ज्ञान दर्शन तुम्हारी चीज है। उसे अपनाओ। लेकिन पर द्रव्योंको क्यों अपनाते हो ? यह कहाँका न्याय है ? अत वह तुम्हारे हितका ही उपदेश करते हैं।

इस जीवके अनादिसे चार सज्ञाएँ लग रही हैं। अब बताओ आहार करना कौन सिखलाता है ? इसी तरह पुद्गलमें भी इसकी आत्मीय बुद्धि लग रही है। अब देखो यह लाल कपड़ा हम पहिने हुए हैं। तो इस लाल कपडेको पहिननेसे क्या यह शरीर लाल हो जाता है ? यह कपड़ा इतना लम्बा चौड़ा है, इतना मोटा पतला है तो क्या यह शरीर इतना लम्बा चौड़ा दुबला पतला हो जाता है ? नहीं। इसी तरह यह शरीर कभी आत्मा होता नहीं। इस शरीरमें जो पूरण गलन स्वभाव है वह कभी आत्मा-का नहीं होता। इससे सिद्ध होता है कि जो पुद्गलकी क्रिया है वह त्रिकालमें आत्माकी क्रिया नहीं है। अपनी वस्तुको अपना मानना ही बुद्धिमानोंका कार्य है।

श्रद्धाको दृढ़ कीजिये—

यह कोई बड़ी बात नहीं है। उस तरफ केवल हमारा लक्ष्य ही नहीं है। पर कमसे कम इतना तो जरूर हो जावे कि इस पुद्गलसे यह अभिप्राय हटा ले कि 'इदम् मम' यह मेरा है। श्रद्धामे यह तो बिलकुल जम जावे। हम तो कहते हैं कि चारित्रको पालो या मत पालो कोई हर्ज नहीं। गृहस्थीके त्यागकी भी आवश्यकता नहीं पर यह श्रद्धान तो दृढ़ हो जाना चाहिए। अरे, चारित्र तो

कालान्तर पाकर हो ही जायगा। अब यह ज्ञान किया कि य
मेरी चीज नहीं है तो उसे छोड़नेमें कोई बड़ी भारी बात नहीं
अब दीपकराका ही देखिए। जबतक आयु पूर्ण न होय तब दे
मान कैसे चले जाँय। सो आत्मामें यह निश्चय बैठ जाना चाहि
कि न मैं पुद्गलका हूँ और न पुद्गल मेरा है। इसके बिना करा
जप तप करो कुछ फलदायी नहीं। अतः सिद्ध हुआ कि श्रद्धा
अमोघ शक्ति है।

([illegible] से

हिंसा और अहिंसा

हिंसा—

लोक व्यवहारमें भी हिंसा उसे कहते हैं जिसने पर जीवका घात किया हो। आचार्योंने **'प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसा'** इस सूत्रको रच दिया। इसका मतलब यही कि प्रमादके निमित्तसे प्राणोंका वियोग करना हिंसा है। अत प्रमादसे किसी भी कार्यको करना हिंसा है। तुमने प्रमादके वशसे कोई भी कार्य किया, चाहे उसमें हिंसा हुई हो अथवा नहीं, लेकिन उसमें हिंसाका दूषण लग गया। अत प्रत्येक व्यक्तिको प्रमाद या शिथिलाचारकी उन अवस्थाओंसे सदा सतर्क रहना चाहिये जिनमें कि क्षणमात्रकी असावधानीसे हिंसाके कारण अनन्त संसारका बन्ध होता है। प्रत्येक जीव अपनी आयुसे जीवित रहता है और आयुके निषेक पूरे होनेसे मरण प्राप्त करता है। कोई किसीकी आयुको न देता है न हरता है। छत्रसालका नाम प्रसिद्ध है। उनके विषयमें यह जनश्रुति है कि जब उनके पिताके नगरपर मुगलोंने आक्रमण किया तो उनकी सारी सेना हार गई। कोई चारा न देखकर आप अपनी स्त्री समेत भागनेको एक घोड़ेपर सवार हुए। स्त्रीके उदरमें था गर्भ। ज्योंही वे भागनेको तैयार हुए उसी समय बच्चा पैदा हो गया। अब वे दोनो असमजसमें पड़ गये कि अब क्या करना चाहिये? इधर तो बच्चेका जन्म है और उधरसे सेनाका आक्रमण। तो उन्होंने अपने प्राण बचानेके लिये बच्चेको एक तरफ

फेंका सो वह मकोड़ोंके झाड़में जा पड़ा। उसके ठीक ऊपर था एक मधुका छत्ता। उसमेंसे एक एक शहदकी बूद निकले और उस बच्चेके मुखमें आ पड़े। इस तरह सात दिन व्यतीत हो गये। जब वे दोनो वापिस लौटे और बच्चेको वहाँ देखा तो हँसता खेलता हुआ पाया। उन्होने उसे उठा लिया और नगरमें आकर फिर बड़ी खुशियाँ मनाई। वही पुत्र वीर छत्रसाल नामसे प्रसिद्ध हुआ जिसने आगे चलकर मुगलोके दाँत खट्टे किये। सो कहनेका तात्पर्य यही कि जब मनुष्यकी आयु होती है तब उसको प्राय ऐसे निमित्त मिल जाते हैं जिनसे उसकी रक्षा हो जाती है। अतः व्यक्तिको चाहिये कि हिंसाका व्यर्थ यत्नकर पापका भागी न बने।

अहिंसा—

अहिंसा तत्त्व ही इतना व्यापक है कि इसके अन्दरमें सभी धर्म आ जाते हैं। जैसे हिंसा पापमें सभी पाप गर्भित हो जाते हैं। यहाँ सभीसे तात्पर्य चोरी मिथ्या अब्रह्म और परिग्रहसे है, क्रोध मान माया लोभ ये सब आत्मगुणके घातक हैं अतः ये सब पाप ही हैं। इन्हीं कषायोंके द्वारा आत्मा पापोंमें प्रवृत्ति करता है तथा जिनको लोकमें पुण्य कहते हैं वह भी कषायोंके सद्भावमें होते हैं। कषाय आत्माके गुणोंकी घातक है अतः यहाँ भी आत्माके चारित्र गुणका घात है वहाँ हिंसा हो है। अतः जहाँपर आत्माकी परिणति कषायोंसे मलीन नहीं होती वहीं पर आत्माका अहिंसा परिणाम विकास रूप होता है उसीका नाम यथाख्यात चारित्र है। जहाँपर रागादिक परिणामोंका अंश भी नहीं रहता उसी तत्त्वको आचार्योंने अहिंसा कहा है—

'अहिंसा परमो धर्मः यतो धर्मस्ततो जयः'

श्रीअमृतचन्द्र स्वामीने उसका लक्षण यों कहा है :—

'अप्रादुर्भावः खलु रागादीनां भवत्यहिंसेति।
तेषामेवोत्पत्तिः हिंसेति जिनागमस्य संक्षेपः॥'

'निश्चयकर जहाँपर रागादिक परिणामोंकी उत्पत्ति नहीं होती वहीं अहिंसाकी उत्पत्ति है और जहाँ रागादिक परिणामोंकी उत्पत्ति होती है वहीं हिंसा होती है। ऐसा जिनागमका सक्षेपसे कथन जानना। यहाँपर रागादिकोंसे तात्पर्य आत्माकी परिणति विशेषसे है। पर पदार्थमें प्रीतिरूप परिणामका होना राग तथा अप्रीतिरूप परिणामका नाम द्वेष, और तत्त्वकी अश्रद्धा रूप परिणामका होना मोह अर्थात् राग, द्वेष, मोह ये तीन आत्माके विकार भाव हैं। ये जहाँपर होते हैं वहीं आत्मा कलिलका सचय करता है, दुखी होता है, नाना प्रकार पापादि कार्योंमें प्रवृत्ति करता है। कभी मन्द राग हुआ तब परोपकारादि कार्योंमें व्यग्र रहता है तीव्र राग द्वेष हुआ तब विषयोंमे प्रवृत्ति करता या हिंसादि पापोंमें मग्न हो जाता है। कहीं भी इसे शान्ति नहीं मिलती। यह सब अनुभूत विषय है। और जब रागादि परिणाम नहीं होते तब शान्तिसे अपना जो ज्ञाता दृष्टा स्वरूप है उसीमे लीन रहता है। जैसे जलमें पकके सबधसे मलिनता रहती है, यदि पकका सबध उससे पृथक हो जावे तब जल स्वय निर्मल हो जाता है। तदुक्त—'पंकापाये जलस्य निर्मलतावत्।' निर्मलताके लिये हमे पकको पृथक करनेकी आवश्यकता है अथवा जैसे जलका स्वभाव शीत है, अग्निके सबधसे, जलमें उष्ण पर्याय हो जाती है, उस समय जल देखा जावे तो उष्ण ही है। यदि कोई मनुष्य जलको शीत स्वभाव मानकर पान कर जावे तब वह नियमसे दाह भावको प्राप्त हो जावेगा। अतएव जलको शीत करनेके

वास्तवमें आवश्यकता इस बातकी है कि उसको किसी दूसरे वर्तनमें डालकर उसकी उष्णता पृथक कर दी जाय, इसी प्रकार आत्मामें मोहोदयसे जो रागादि परिणाम होते हैं वे विकृत भाव हैं। उनके न होनेका यही उपाय है जो वर्तमानमें रागादिक हों उनमें उपादेयताका भाव त्यागे यही आगामी न होनेमें मुख्य उपाय है। जिनके यह अभ्यास हो जाता है उनकी परिणति सन्तोषमयी हो जाती है। उनका जीवन शान्तिमय बीतता है, उनके एक बार ही पर पदार्थोंसे निजत्वकी कल्पना मिट जाती है तब सुतरां रागद्वेष नहीं होते। जहाँ आत्मामें रागद्वेष नहीं होते वहीं पूर्ण अहिंसा का उदय होता है। अहिंसा ही मोक्षमार्ग है। यह आत्मा फिर आगामी अनन्त कालतक जिस रूपसे परिणम गया उसी रूप रहता है। जिन भगवानने यही अहिंसाका तत्त्व बताया है—अर्थात् जो आत्माएँ रागद्वेष मोहके सद्भावसे मुक्त हो चुकी हैं उन्हींका नाम जिन है। वह कौन हैं? जिसके यह भाव हो गये वही जिन है। उसने जो कुछ पदार्थका स्वरूप दर्शाया उस अर्थके प्रतिपादक जो शब्द हैं उसे जिनागम कहते हैं। परमार्थसे देखा जाय तो जो आत्मा पूर्ण अहिंसक हो जाता है उसके अभिप्राय में न तो परके उपकारके भाव रहते हैं और न अनुपकारके भाव रहते हैं अतः न उनके द्वारा किसीके हितकी चेष्टा होती है और न अहितकी चेष्टा होती है किन्तु जो पूर्वोपार्जित कर्म है वह उदयमें आकर अपना रस देता है। उस कालमें उनके शरीरसे जो शब्द वर्गणा निकलती हैं उनसे क्षयोपशम ज्ञानी वस्तु स्वरूपके जाननेके अर्थ आगम रचना करते हैं।

आज बहुतसे भाई जनोंके नामसे यह समझते हैं कि एक जाति विशेष है। यह समझना अतात्विक तथ्य है, पाठकगण जानें। वास्तवमें जिसने आत्माके विभाव भावोंपर विजय पा ली वही

जैन है। यदि नामका जैनी है और उसने मोहादि कलंकोंको नहीं जीता तब वह नाम **'नामका नैन सुख ऑखोंका अन्धा'** की तरह है। अत मोह विकल्पोंको छोड़ो और वास्तविक अहिंसक बनो।

वास्तवमें तो बात यह है कि पदार्थ अनिर्वचनीय है कोई कह नहीं सकता। आप जब मिसरी खाते हो तब कहते हो मिसरी मीठी होती है—जिस पात्रमें रक्खी है वह नहीं कहता, क्योंकि जड़ है। ज्ञान चेतन है वह जानता है मिसरी मीठी होती है। परन्तु यह भी कथन नहीं बनता, क्योंकि यह सिद्धान्त है कि ज्ञान ज्ञेयमें नहीं जाता और ज्ञेय ज्ञानमें नहीं जाता। फिर जब मिसरी ज्ञानमे गई नहीं तब मिसरी मीठी होती है, यह कैसे शब्द कहा जा सकता है? अथवा जब ज्ञानमे ही पदार्थ नहीं आता तब शब्दसे उसका व्यवहार करना कहाँतक न्याय सगत है। इससे यह तात्पर्य निकला कि मोह परिणामोंसे यह व्यवहार है अर्थात् जबतक मोह है तबतक ज्ञानमें यह कल्पना है। मोहके अभावसे यह सर्व कल्पना विलीन हो जाती है यह असगत नहीं। जबतक प्राणीके मोह है तबतक ही यह कल्पना है जो ये मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूँ और ये मेरी भार्या है मैं इसका पति हूँ। मोहके फन्देमें रहता है तब नाना कल्पनाओंकी पुष्टि करता है, किसीको हेय और उपादेय मानकर अपनी प्रवृत्ति बनाकर इतस्तत भ्रमण करता है। मोहके अभावमे आपसे आप शान्त हो जाता है। विशेप क्या कहूँ, इसका मर्म वे ही जानें जो निर्मोही हैं, अथवा वे ही क्या जानें, उन्हें विकल्प ही नहीं।

अहिंसाके आदर्श श्रीमहावीर स्वामी—

श्रीमहावीर स्वामीका जन्म ससारमें अद्वितीय ही था अर्थात् इस कलिकालके उद्धारके लिये वे ही अन्तिम महापुरुष हुए। वही

अहिंसा धर्मके सच्चे उपदेष्टा थे। उनके दिखलाये हुए मार्गका अवलम्बन करनेसे ही हम उनके अनुयायी हो सकते हैं। हजारों रुपयोंका व्यय करनेपर भी हम श्रीवीर प्रभुका अपना प्रभाव दिखानेमें समर्थ नहीं हो सकते जितना कि उनके द्वारा प्रतिपादित अहिंसाका पालन करनेसे दिखा सकते हैं। यदि हम सच्चे अन्तरंगसे श्रीवीरके उपासक हैं तो हमें आजसे यह नियम हृदयङ्गम करना चाहिये कि हम अपनी आत्माको हिंसा पापसे लिप्त न होने देंगे तथा आजके दिनसे किसी भी प्राणीके प्रति मन वचन कायसे दुःख न होने देनेका प्रयत्न करेंगे एवं कमसे कम एक दिनको न्याय परोपकारमें लगायेंगे। साथ ही इस दिन मन वचन कायसे सब पापोंका त्याग करेंगे और उस त्यागमें ब्रह्मचर्य व्रतकी पूर्ण रक्षा करेंगे। इस दिनका ऐसा निर्मल आचार होगा कि जिसे देख अन्यके परिणाम दयापरक हो जावेंगे। अहिंसाकी परिभाषा करनेमें ही चतुरता दिखलानेकी चेष्टा न होगी किन्तु उसके पालनमें अनुराग होगा। यदि हम अन्तरङ्गसे अहिंसाके उपासक हो गये तो अनायास ही हमारी पातनाएँ पलायमान हो जायेंगी। हम यह चेष्टा करते हैं कि संसारमें अहिंसा धर्मका प्रचार हो जाई इसमें उसकी गन्ध भी न हो। सर्वोत्तम मार्ग तो यह है कि हम अपनी प्रवृत्तिको अति निर्मल बनानेका प्रयत्न करें। श्रीमहावीर स्वामीके जीवन चरित्रसे यही शिक्षा लेनी चाहिये कि हम पञ्चेन्द्रियोंके विषयोंसे अपनेको सुरक्षित रखें। आत्मामें अनन्त शक्ति है, प्रत्येक आत्मामें वह है परन्तु हम तो इतने कायर हो गये हैं कि अपनी परिणतिको तुषके समान ऊपर चढ़नेकी कोशिश ही नहीं करते।

एक सजीव उदाहरण—

बरुवासागरमें एक बात विलक्षण हुई जो इस प्रकार है—हम

लोग स्टेशन पर मूलचन्द्रजीके मकानमें रहते थे पासमें कहार लोगोंका मोहल्ला था। एक दिन रात्रिको ओलोंकी वर्षा हुई। इतनी विकट कि मकानोंके छप्पर फूट गये। हमलोग रजाई आदिको ओढ़कर किसी तरह ओलोंके कष्टसे बचे। पड़ोसमें जो कहार थे वे सब राम राम कहकर अपनी प्रार्थना कर रहे थे। वे कह रहे थे कि—

'हे भगवन्! इस कष्टसे रक्षा कीजिये, आपत्ति कालमें आपके सिवाय ऐसी कोई शक्ति नहीं जो हमें कष्टसे बचा सके।' उनमें एक दस वर्षकी लड़की भी थी, वह अपने माता पितासे कहती है कि 'तुम लोग व्यर्थ ही राम राम रट रहे हो। यदि कोई राम होता तो इस आपत्ति कालमें हमारी रक्षा न करता। दिन भर मेहनत करते हैं तब कहीं जाकर शामको अन्न मिलता है वह भी पेट भर नहीं मिलता। पिताजी! आपने राम राम जपते अपना जन्म तो बिता दिया पर रामने एक भी दिन सकट में सहायता न दी, यदि कोई राम होते तो क्या सहायता न करते। बगलमें देखो सर्राफजी का मकान है उनके हजारों मन गल्ला है, अनेक प्रकारके वस्त्रादि हैं, नाना प्रकारके भूषण हैं, दूध आदिकी कमी नहीं है, पास हीमें उनका बाग है जिसमें आम, अमरूद केला आदिके पुष्कल वृक्ष हैं। यहाँ तो हमारे घरमें अन्नका दाना नहीं, दूधकी बात छोड़ो छाछ भी मांगेसे नहीं मिलती, यदि मिले भी तो लोग उसके एवजमें घास माँग लेते है। इस विपत्तिमय जीवन की कहानी कहाँ तक कहूँ? अतः पिताजी! न कोई राम है और न रहीम है यदि कोई राम-रहीम होता तो उसके दया होती और वह ऐसे अवसरमें हमारी रक्षा करता। यह कहाँका न्याय है कि पड़ोसवालेको लाखोंकी सम्पत्ति और हम लोगोंको उदर भर भोजनके भी लाले। अपनी इस विपत्तिसे इतना जानती हूँ कि

जो नीम बोवेगा उसके नीमका ही पेड़ होगा और जब वह फलेगा तब उसमें निवारी ही होगी जो आमका बीज बोवेगा उसके आम होंगे फल लगेगा। पिताजी! आपने जन्मान्तरमें कोई अच्छा कार्य नहीं किया जिससे कि तुम्हें सुखकी सामग्री मिलती और न मेरी माताने कोई सुकृत किया अन्यथा ऐसे दरिद्रके घर इनका विवाह नहीं होता। मैं भी अभागिनी हूँ जिससे कि आपके यहाँ जन्मी। न तो मुझे पेट भर खाना मिलता है और न तन ढकनेको वस्त्र ही।

यदि तुम इन सब आपत्तियोंसे बचना चाहते हो तो एक काम करो देखो तुम प्रतिदिन सैकड़ों मछलियोंको मारकर अपनी आजीविका करते हो। जैसी हमारी जान है वैसी ही अन्यकी भी है। यदि तुम्हें कोई सुई चुभा देता है तो कितना दुःख होता है। जब तुम मछलीकी जान लेते हो तब उसे जो दुःख होता है उसे वही जानती होगी। अतः मैं यही भिक्षा माँगती हूँ कि चाहे भिक्षा माँगकर पेट भर खा परन्तु मछली मारकर पेट मत भरो। संसारमें करोड़ों मनुष्य हैं क्या सब हिंसा करके ही अपना पालन पोषण करते हैं?

लड़कीकी ज्ञानभरी बातें सुनकर पिता एकदम चुप रह गया और कुछ देर बाद उससे पूछता है कि बेटी तुझे इतना ज्ञान कहाँसे आया? वह बोली कि मैं पढ़ी-लिखी तो हूँ नहीं परन्तु बाईजीके पास जो पण्डितजी हैं वे प्रतिदिन शास्त्र बाँचते हैं एक दिन बाँचते समय उन्होंने बहुत-सी बातें कहीं जो मेरी समझमें नहीं आईं पर एक बात मैं अच्छी तरह समझ गई। वह यह कि इस अनादि निधन संसारका कोई न तो कर्ता है न धर्ता है और न विनाश कर्ता है। अपने अपने पुण्य पापके आधीन सब प्राणी

हैं। यह बात आज मुझे और भी अधिक जँच गई कि यदि कोई बचानेवाला होता तो इस आपत्तिसे न बचाता ?

इसके सिवाय एक दिन बाईजीने भी कहा था कि परको सताना हिंसा है और हिंसासे पाप होता है। फिर आप तो हजारों मछलियोंकी हिंसा करते हैं अत सबसे बड़े पापी हुए। कसाईके तो गिनती रहती है पर तुम्हारे वह भी नहीं।

पिताने पुत्रीकी बातोंका बहुत आदर किया और कहा कि 'बेटी! हम तुमसे बहुत प्रसन्न हैं और जो यह मछलियोंके पकडनेका जाल है उसे अभी तुम्हारे ही सामने ध्वस्त करता हूं।'

इतना कहकर उसने आग जलाई और उस पर वह जाल रखने लगा। इतनेमें उसकी स्त्री बोली कि 'व्यर्थ ही क्यों जलाते हो, इसको बेचनेसे दो रुपये आजावेंगे और उनमे एक धोती जोडा लिया जा सकेगा।' पुरुष बोला कि 'यह हिंसाका आयतन है, जहाँ जावेगा वहीं हिंसामे सहकारी होगा अत नगा रहना अच्छा परन्तु इस जालको बचाना अच्छा नहीं।' इस तरह उसने बातचीतके बाद उस जालको जला दिया और स्त्री पुरुषने प्रतिज्ञा की कि अब आजन्म हिंसा न करेंगे।

यह कथा हम और बाईजी सुन रहे थे बहुत ही प्रसन्नता हुई और मनमें विचार आया कि देखो समय पाकर दुष्टसे दुष्ट भी सुमार्ग पर आ जाते है। जातिके कहार अपने आप अहिंसक हो गये। बालिका यद्यपि अबोध थी पर उसने किस प्रकार समझाया कि अच्छेसे अच्छे पडित भी सहसा न समझा सकते।

इसके अनन्तर ओला पडना बन्द हुआ। प्रात'काल नित्य क्रियासे निवृत्त होकर जब हम मन्दिरजी पहुचे तब ८ बजे वे तीनों जीव आये और उत्साहसे कहने लगे कि हम आजसे हिंसा न करेंगे। मैंने प्रश्न किया—क्यों ? उत्तरमें उनने रात्रिकी राम-

चढ़ानी आनुपूर्वी सुना दी। जिसे सुनकर चित्तमें अत्यन्त हर्ष हुआ और श्री समन्तभद्र स्वामीका यह श्लोक स्मरण द्वारा सामने आ गया—

'सम्यग्दर्शनसम्पन्नमपि मातङ्गदेहजम् ।
देवा देव विदुर्भस्मगूढाङ्गारान्तरौजसम् ।।'

हम लोगोंकी यह महती अज्ञानता है कि किसीको सर्वथा तुच्छ नीच या अधम मान बैठते हैं। न जाने कब किसके काल लब्धि आजावे ? जातिके कहार महाहिंसक, कौन इन्हें उपदेश दे गया कि आप लोग हिंसा छोड़ दो ? जिस लड़कीके उपदेशसे माता पिता एकदम सरल परिणामी होगये उस लड़कीने कौन-सी पाठशालामें शिक्षा पाई थी ? इस वर्षकी अबोध बालिकामें इतनी विज्ञता कहाँसे आ गई ? इतनी छोटी उमरमें तो कपड़ा पहिरना ही नहीं आता परन्तु पिछला संस्कार था जो समय पाकर काम करने लगा अतः हमें उचित है कि अपने संस्कारोंको अति निर्मल बनानेका सतत प्रयत्न करें। इस अभिमानका त्याग देवें कि हम तो उत्तम जाति हैं सहज ही कल्याणके पात्र हो जावेंगे। यह कोई नियम नहीं कि उत्तम कुलमें जन्ममात्रसे ही मनुष्य उत्तम गतिका पात्र हो और अधम्य कुलमें जन्म लेनेसे अधम गतिका पात्र हो। यह सब तो परिणामोंकी निर्मलता और कलुषता पर निर्भर है। 'इस प्रकार हम बाईजी और मूलचन्द्र जी परस्पर कथा करने लगे इतनेमें वह लड़की बोली—'वर्णीजी ' हम तीनोंको क्या आज्ञा है ?'

मैंने कहा—'बेटी ! तुमको धन्यवाद देता हूँ आज तूने वह उत्कृष्ट कार्य किया जो महापुरुषों द्वारा साध्य होता है। तुम्हारे माता पिताने जो हिंसाका त्याग किया है श्लाघनीय है, तुमसे

सर्राफ बहुत प्रसन्न हैं और तुम लोगोंको जिसकी आवश्यकता पडे सर्राफसे ले सकते हो।'

उस लडकीका पिता बोला—'मैंने हिंसाका त्याग किया है उसका यह तात्पर्य नहीं कि आप लोगोंसे कुछ याचना करनेके लिये आया हूँ। मैं तो केवल आप लोगोंको अहिंसक जानकर आपके सामने उस पापको छोडनेके लिये आया हूँ। आपसे क्या माँगू? हमारा निमित्त ही ऐसा है कि मजदूरी करना और जो मिले सन्तोषसे खाना। आजतक मछलियाँ मारकर उदर भरते थे। अब मजदूरी करके उदर पोषण करेंगे। अभी तो हमने केवल हिंसा करना ही छोड़ा था पर अब यह भी नियम करते हैं कि आजसे मास भी नहीं खावेंगे तथा हमारे यहाँ जो देवीका बलिदान होता था वह भी नहीं करेंगे। कोई कोई वैष्णव लोग बकराके स्थानमे भूरा कुम्हडा चढ़ाते हैं हम वह भी नहीं चढ़ावेंगे केवल नारियल चढ़ावेंगे। बस, अब हमलोग जाते हैं क्योंकि खेत नींदना है '

इतना कहकर वे तीनों चले गये और हमलोग भी उन्हींकी चर्चा करते हुए अपने स्थान पर चले आये। इतनेमें बाईजी बोलीं—'बेटा! तुम भूल गये ऐसे भद्र जीवोंको मदिरा और मधु भी छुडा देना था।'

मैंने कहा—'अभी क्या बिगडा है? उन्हें बुलाता हूँ, पास ही तो उनका घर है?'

मैंने उन्हें पुकारा, वे तीनो आगये, मैंने उनसे कहा—'भाई! हम एक बात भूल गये, वह यह कि आपने मास खाना तो छोड़ दिया पर शहद और मदिरा नहीं छोडी अत इन्हें भी छोड़ दीजिये।' लडकी बोली—'हाँ पिताजी! वही शहद न? जो दवाईमे कभी-कभी काम आती है वह तो बड़ी बुरी चीज है,

हजारों मक्खियाँ मारकर निचोड़ी जाती हैं, छोड़ दीजिये और मदिरा तो हम दवा में पीती ही नहीं हैं तुम्हीं कभी कभी पीते हो और उस समय तुम पागलसे हो जाते हो, तुम्हारा मुँह बसाने लगता है। बाप बोला—'बेटी! ठीक है, जब मांस ही जिससे कि पेट भरता था छोड़ दिया तब अब न मदिरा पीवेंगे और न मधु ही खावेंगे। हम जो प्रतिज्ञा करते हैं उसका निर्वाह भी करेंगे।'

हम वर्णीजी और बाईजीकी बात तो नहीं कहते क्योंकि वह साधु लोग हैं परन्तु बड़े बड़े जैनी व ब्राह्मण लोग अस्पतालकी दवा खाते हैं जहाँ भंगी और मुसलमानोंके द्वारा दवा दी जाती है। उस दवामें मांस मदिरा और शहदका संयोग अवश्य रहता है। बड़े आदमियोंकी बात क्या तो यह लोग न जाने हमलोगोंकी क्या दशा करेंगे? अतः इनकी बात न करना ही अच्छा है। अपनेको क्या करना है? 'जो करेगा सो भोगेगा।' परन्तु बात तो यह है कि जो बड़े पुरुष आचरण करते हैं वही नीच श्रेणीके करने लग जाते हैं। जो भी हो हमको क्या करना है? वह फिर कहने लगा कि 'वर्णीजी! कुछ चिन्ता न करना, हमने जो व्रत लिया है मरण पर्यन्त कष्ट सह लेने पर भी उसका भंग न करेंगे। अच्छा अब जाते हैं' यह कहकर वे चले गये और हमलोग आनन्द सागरमें निमग्न होगये। मुझे ऐसा लगा कि धर्मका कोई ठेकेदार नहीं है।

('मुक्ति [illegible] और 'मेरी जीवनगाथा' से)

मद्य-मांस-मधु

मदिरा त्याग—

गृहस्थका मद्य, मास और मधुका त्याग करना धर्मका मूल सिद्धात है। यह बात प्रत्यक्ष देखनेमें आती है कि मदिरा पान करनेवाले उन्मत्त हो जाते हैं और उन्मत्त होकर जो जो अनर्थ करते हैं सब जानते हैं। मदिरा पान करनेवालोकी तो यहाँतक प्रवृत्ति देखी गई कि वे अगम्यागमन भी कर बैठते हैं, मदिराके नशामें मस्त हो नालियोमें पड़ जाते हैं, कुत्ता मुखमे पेशाब कर रहा है फिर भी मधुर-मधुर कहकर पान करते जाते हैं, बड़े बड़े कुलीन मनुष्य इसके नशेमें अपना सर्वस्व खो बैठते हैं, उन्हें धर्म कथा नहीं रुचती, केवल वेश्यादि व्यसनोमें लीन रहकर इहलोक और पर-लोक दोनोकी अवहेलना करते रहते हैं। इसीको श्रीअमृतचन्द्र स्वामीने पुरुषार्थ सिद्ध्युपायमे अच्छी तरह दर्शाया है। वे लिखते हैं—

'मद्यं मोहयति मनो मोहितचित्तस्तु विस्मरति धर्मम्।
विस्मृतधर्मो जीवो हिंसा निःशङ्कमाचरति ॥'

'मदिरा मनको मोहित करती है। जिसका चित्त मोहित हो जाता है वह धर्मको भूल जाता है और जो मनुष्य धर्मको भूल जाता है वह निःशङ्क होकर हिंसाका आचरण करता है।'

मांस त्याग—

धर्मका दूसरा सिद्धान्त यह है कि मास भक्षण नहीं करना चाहिये। मासकी उत्पत्ति जीव घातके विना नहीं होती। जरा

विचारो तो सही कि जिस प्रकार हम अपने प्राण प्यारे हैं उसी प्रकार अन्य प्राणियोंको क्या उनके प्राण प्यारे न होंगे? जब जरा सी सुई चुभ जाने अथवा काँटा लग जानेसे हमें महती वेदना होती है तब तलवारसे गला काटनेपर अन्य प्राणियोंको कितनी वेदना न होती होगी? परन्तु हिंसक जीवोंको इतना विवेक कहाँ? हिंसक जीवोंको देखनसे ही भयका संचार होने लगता है। हाथी इतना बड़ा होता है कि यदि सिंहपर एक पैर रख दे तो उसका प्राणान्त हो जावे परन्तु वह सिंहसे भयभीत हो जाता है। क्रूर सिंह छलांग मारकर हाथीके मस्तकपर धावा बोल देता है। इसीसे उसका 'गजारि' कहते हैं। मांस खानेवाले अत्यन्त क्रूर हो जाते हैं। उनसे संसारका उपकार न हुआ है न होगा। भारतवर्ष क्या प्रधान देश था। इसने संसारके प्राणीमात्रको धर्मका उपदेश सुनाया है। यहाँ ऐसे-ऐसे ऋषि उत्पन्न हुए कि जिनके अवलोकन मात्र से क्रूर जीव भी शान्त हो जाते थे। जैसा कि एक जगह कहा है—

'सारङ्गी सिंहशावं स्पृशति सुतधिया नन्दिनी व्याघ्रपोतं
मार्जारी हंसबालं प्रणयपरवशा केकिकान्ता भुजङ्गम्।
वैराण्याजन्मजातान्यपि गलितमदा जन्तवोऽन्ये त्यजन्ति
श्रित्वा साम्यैकरूढं प्रशमितकलुषं योगिनं क्षीणमोहम्॥'

'जिनका मोह नष्ट हो चुका है कलुषता शान्त हो चुकी और जो समभावमें आरूढ हैं ऐसे योगीश्वरोंका आश्रय पाकर हिरणी सिंहके बालकको अपना पुत्र समझकर स्पर्श करने लगती है, गाय व्याघ्रके बालकको अपना पुत्र समझने लगती है, बिल्ली हंसके बालकको और मयूरी प्रेमके परवश हुए सर्पको स्पर्श करने लगती है इस प्रकार विरोधी जन्तु मद रहित होकर आजन्म

जात वैर भावको छोड़ देते हैं—सबमें परस्पर मैत्रीभाव हो जाता है।' कहनेका तात्पर्य यह है कि जिनकी आत्मा राग द्वेष मोहसे रहित हो जाती है उनके सान्निध्यमें क्रूरसे क्रूर जीव भी शान्त-भावको प्राप्त हो जाते हैं इसमें आश्चर्यकी क्या बात है, क्योंकि आत्माका स्वभाव अशान्त नहीं है। जिसप्रकार जलका स्वभाव शीतल है परन्तु अग्निका निमित्त पाकर गर्म हो जाता है और अग्निका निमित्त दूर होते ही पुनः शीतल हो जाता है उसी प्रकार आत्मा स्वभावसे शान्त है परन्तु कर्मकलङ्कका निमित्त पाकर अशान्त हो रहा है। ज्यों ही कर्मकलङ्कका निमित्त दूर हुआ त्यों ही पुन शान्त हो जाता है। कहनेका अभिप्राय यह है कि यद्यपि सिंहादिक क्रूर जन्तु हैं तो भी उनका आत्मा शान्त स्वभाववाला है इसीलिये योगीश्वरोंके पादमूलका निमित्त पाकर अशान्ति दूर हो जाती है। योगियोंके पादमूलका आश्रय पाकर उनकी उपादान शक्तिका विकाश हो जाता है अत. मोही जीवोंको उत्तम निमित्त मिलानेकी आवश्यकता है।

योगी होना कुछ कठिन वात नहीं परन्तु हम राग, द्वेष और मोहके वशीभूत होकर निरन्तर अपने पराये गुण दोष देखते रहते हैं ' वीतराग परिणतिका जो कि आत्माका स्वभाव है अमल नहीं करते। यही कारण है कि आजन्म दु खके पात्र रहते हैं। जिन्होंने राग, द्वेष, मोहको जीत लिया उनकी दशा लौकिक मानवोंसे भिन्न हो जाती है। जैसा कि कहा है—

'एकः पूजां रचयति नरः पारिजातप्रसूनैः
क्रुद्धः कण्ठे क्षिपति भुजगं हन्तुकामस्ततोऽन्यः।
तुल्या वृत्तिर्भवति च तयोर्यस्य नित्यं स योगी
साम्यारामं विशति परमज्ञानदत्तावकाशम् ॥"

'जिस महानुभाव योगीकी ऐसी वृत्ति हो गई है कि कोई तो विनय पूर्वक पारिजातके पुष्पोंसे पूजा कर रहा है और कोई क्रुद्ध होकर मारनेकी इच्छासे कण्ठमें सर्प डाल रहा है परन्तु उन दोनोंमें ही जिसकी सदा एकसी वृत्ति रहती है वही योगीश्वर समभाव रूपी आराममें प्रवेश करता है। ऐसे सम भाव रूपी क्रीडावनमें ही केवल ज्ञानके प्रकाश होनेका अवकाश है।

कहनेका तात्पर्य यह है कि जहाँ आत्मामें निर्मलता आजाती है वहाँ शत्रु मित्र भावकी कल्पना नहीं होती। इसका यह तात्पर्य नहीं कि वे शत्रु मित्रके स्वरूपको नहीं समझते हैं, क्योंकि वह तो ज्ञानका विषय है परन्तु मोहका अभाव होनेसे उनके शत्रु मित्रकी कल्पना नहीं होती। इस समय ऐसे महापुरुषोंकी विरलता ही क्या अभाव ही है इसीलिये संसारमें अशान्तिका साम्राज्य है।

जिसके मुखसे सुनो 'परोपकार करना चाहिये' यही बात निकलती है परन्तु अपनेको आदर्श बनाकर परोपकार करनेकी प्रवृत्ति नहीं देखी जाती। जब तक मनुष्य स्वयं आदर्श नहीं बनता तब तक उसका संसारमें कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ सकता। यही कारण है कि अनेक प्रयत्न होने पर भी समाजकी उन्नति नहीं देखी जाती।

मधु त्याग—

धर्मका तीसरा सिद्धान्त मधु त्याग करना है। मधु क्या है? अनन्त सम्मूर्च्छन जीवोंका निलय है, मक्खियोंका उच्छिष्ट है परन्तु क्या कहें जिह्वालम्पटी पुरुषोंकी बात? उन्हें तो रसास्वादसे मतलब चाहे उसकी एक बूँदमें अनन्त जीवोंका संहार

क्यों न हो जाय। जिनमें मनुष्यत्वका कुछ अश है, जिनके हृदयमें दयाका कुछ संचार है उनकी प्रवृत्ति तो इस ओर स्वप्नमे भी नहीं होनी चाहिये। यह कालका प्रभाव ही समझना चाहिये कि मनुष्य दिन प्रतिदिन इन्द्रिय लम्पटी होकर धार्मिक व्यवस्था को भङ्ग करते जाते हैं। जिसके कारण समाज अवनत होती जा रही है। राजाओंके द्वारा समाजका बहुत अशामें उत्थान होता था परन्तु इस समयकी बलिहारी। उनका आचरण जैसा हो रहा है वह आप प्रजाके आचरणसे अनुमान कर सकते हैं।

('मेरी जीवनगाथामे')

सम्यक्त्व

जैन दर्शनमें श्रद्धाको सर्व प्रथम स्थान प्राप्त है। इसी का नाम सम्यग्दर्शन है। यदि यह नहीं हुआ तो ज्ञान लेना नीवके बिना महल बनानेके सदृश है। इसके होने ही सब व्रतोंकी शोभा है। सम्यग्दर्शन आत्माका वह गुण है जिसका विकास होने ही अनन्त संसारका बन्धन छूट जाता है। आठों कर्मोंसे सबकी रक्षा करनेवाला यही है। यह ऐसा शूर है कि अपनी रक्षा करता है और शेष गुणोंकी भी।

सम्यग्दर्शनका लक्षण आचार्योंने 'तत्त्वार्थश्रद्धान' लिखा है। जैसा कि दशाध्याय तत्त्वार्थसूत्रके प्रथम अध्यायमें आचार्य गृद्धपिच्छने लिखा है—

'तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्'

श्री नेमिचन्द्र स्वामीने द्रव्यसंग्रहमें लिखा है—

'जीवादीसद्दहणं सम्मत्तं'

यही समयसारमें लिखा है तथा ऐसा ही लक्षण प्रत्येक ग्रन्थ में मिलता है, परन्तु पञ्चाध्यायीकर्त्ताने एक विलक्षण बात लिखी है। वे लिखते हैं कि यह सब तो ज्ञानकी पर्याय है। सम्यग्दर्शन आत्माका अनिर्वचनीय गुण है, जिसके होने पर जीवादि तत्त्वार्थका परिज्ञान अपने आप हो जाता है वह आत्माका परिणाम सम्यग्दर्शन कहलाता है।

ज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम आत्मामें सदा विद्यमान रहता है, सभी जीवके और भी विशिष्ट क्षयोपशम रहता है। सम्यग्दर्शन

के होते ही वही ज्ञान सम्यग्व्यपदेशको पा जाता है। पुरुषार्थ सिद्धयुपायमे श्री अमृतचन्द्राचार्यने भी लिखा है—

'जीवाजीवादीनां तत्त्वार्थानां सदैव कर्तव्यम्।
श्रद्धानं विपरीताभिनिवेशविविक्तमात्मरूपं तत्॥'

अर्थात् जीवाजीवादि सप्त पदार्थोंका विपरीत अभिप्रायसे रहित सदैव श्रद्धान करना चाहिये। इसीका नाम सम्यग्दर्शन है, यह सम्यग्दर्शन ही आत्माका पारमार्थिक रूप है। इसका तात्पर्य यह है कि इसके बिना आत्मा अनन्त ससारका पात्र रहता है।

वह गुण अतिसूक्ष्म है। केवल उसके कार्यसे ही हम उसका अनुमान करते हैं। जैसे अग्निकी दाहकत्व शक्तिका हमे प्रत्यक्ष नहीं होता केवल उसके ज्वलन कार्यसे ही उसका अनुमान करते हैं। अथवा जैसे मदिरा पान करनेवाला उन्मत्त होकर नाना कुचेष्टाएँ करता है पर जब मदिराका नशा उतर जाता है तब उसकी दशा शान्त हो जाती है। उसकी वह दशा उसीके अनुभवगम्य होती है। दर्शक केवल अनुमानसे जान सकते हैं कि इसका नशा उतर गया। मदिरामें उन्मत्त करनेकी शक्ति है पर हमें उसका प्रत्यक्ष नहीं होता, वह अपने कार्यसे ही अनुमित होती है। अथवा जिस प्रकार सूर्योदय होनेपर सब दिशाएँ निर्मल हो जाती हैं उसी प्रकार सम्यग्दर्शनके होनेपर आत्माका अभिप्राय सब प्रकारसे निर्मल हो जाता है। उस गुणका प्रत्यक्ष मति-श्रुत तथा देशावधिज्ञानियोके नहीं होता किन्तु परमावधि, सर्वावधि मन पर्ययज्ञान और केवलज्ञानसे युक्त जीवोंके ही होता है। उनकी कथा करना ही हमें आता है, क्योंकि उनकी महिमाका

यथार्थ आभास होना कठिन है। वास्तव में हम अपने ज्ञानकी करते हैं। यही ज्ञान हमें कल्याणके मार्गमें ले जाता है।

वस्तुतः आत्मामें अचिन्त्य शक्ति है और उसका पता हमें स्वयमेव होता है। सम्यग्दर्शन गुणका प्रत्यक्ष हमें न हो परन्तु उसके होते ही हमारी आत्मामें जो विशदताका उदय होता है वह तो हमारे प्रत्यक्षका विषय है। यह सम्यग्दर्शनकी ही अद्भुत महिमा है कि हमलोग बिना किसी शिक्षक व उपदेशकके उदासीन हो जाते हैं। जिन विषयोंमें इतने अधिक तल्लीन थे कि जिनके बिना हमें चैन ही नहीं पड़ता था सम्यग्दर्शनके होनेपर उनकी एकदम उपेक्षा कर देते हैं।

इस सम्यग्दर्शनके होते ही हमारी प्रवृत्ति एकदम पूरबसे पश्चिम हो जाती है। प्रशम संवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्यका आविर्भाव हो जाता है। श्री पञ्चाध्यायीकारने प्रशम गुणका यह लक्षण माना है—

> 'प्रशमो विषयेषूच्चैर्भावक्रोधादिकेषु च ।
> लोकासंख्यातमात्रेषु स्वरूपाच्छिथिलं मनः ॥'

अर्थात् असंख्यात लोकप्रमाण जो कषाय और विषय हैं उनमें स्वभावसे ही मनका शिथिल हो जाना प्रशम है। इसका यह तात्पर्य है कि आत्मा अनादि कालसे अज्ञानके वशीभूत हो रहा है और अज्ञानमें आत्मा तथा परका भेदज्ञान न होनेसे पर्यायमें ही आपा मान रहा है, अतः जिस पर्यायको पाता है उसीमें निजत्वकी कल्पना कर उसीकी रक्षाके प्रयत्नमें सदा तल्लीन रहता है। पर उसकी रक्षाका कुछ भी अन्य उपाय इसके ज्ञानमें नहीं आता केवल पञ्चेन्द्रियोंके द्वारा स्पर्श रस गन्ध वर्ण एवं शब्दको ग्रहण करना ही इसे सूझता है। प्राणीमात्र

ही इसी उपायका अवलम्बन कर जगत्में अपनी आयु पूर्ण कर रहे हैं।

जब बच्चा पैदा होता है तब माँ के स्तनको चूसने लगता है। इसका मूल कारण यह है कि अनादि कालसे इस जीवके चार सञ्ज्ञाएँ लग रही हैं उनमे एक आहार सञ्ज्ञा भी है, उसके बिना इसका जीवन रहना असम्भव है। केवल विग्रहगतिके ३ समय छोडकर सर्वदा आहार वर्गणाके परमाणुओंको ग्रहण करता रहता है। अन्य कथा कहाँ तक कहें ? इस आहारकी पीड़ा जब असह्य हो उठती है तब सर्पिणी अपने बच्चोंको आप ही खा जाती है। पशुओंकी कथा छोड़िये जब दुर्भिक्ष पडता है तब माता अपने बालकों को बेचकर खा जाती है। यहाँ तक देखा गया है कि कूड़ा घरमें पड़ा हुआ दाना चुन चुन कर मनुष्य खा जाते हैं, जूठी पत्तलके दाने भी बीन बीनकर खा जाते हैं। यह एक ऐसी सञ्ज्ञा है कि जिससे प्रेरित होकर मनुष्य अनर्थसे अनर्थ कार्य करनेको प्रवृत्त हो जाता है। इस क्षुधाके समान अन्य दोष ससारमे नहीं। कहा भी है—

'सब दोषन मांही या सम नाहीं—'

इसकी पूर्तिके लिये लाखों मनुष्य सैनिक हो जाते हैं। जो भी पाप हो इस आहारके लिये मनुष्य कर लेता है। इसका मूल कारण अज्ञान ही है। शरीरमे निजत्व बुद्धि ही इन उपद्रवोंकी जड है। जब शरीरको निज मान लिया तब उसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य हो जाता है और जब तक यह अज्ञान है तभी तक हम ससारके पात्र हैं ?

यह अज्ञान कब तक रहेगा इस पर श्रीकुन्दकुन्द महाराजने अच्छा प्रकाश डाला है—

'कम्मे णोकम्मम्हि य अहमिदि अहकं च कम्मं णोकम्मं।
जा एसा खलु बुद्धी अप्पडिबुद्धो हवदि ताव ॥'

भावार्थ—जब तक ज्ञानावरणादि कर्मों और औदारिकादि शरीरमें आत्माकी बुद्धि होती है और आत्मामें ज्ञानावरणादिक कर्म तथा शरीरकी बुद्धि होती है अर्थात् जब तक जीव ऐसा मानता है कि ज्ञानावरणादिक कर्म और शरीर मेरे हैं तथा मैं इनका स्वामी हूँ तब तक यह जीव अज्ञानी है और तभी तक अप्रतिबुद्ध है। यदि शरीरमें अहम्बुद्धि मिट जावे तो आहारकी आवश्यकता न रहे। जब शरीरकी शक्ति निर्बल होती है तभी आत्मामें आहार ग्रहण करनेकी इच्छा होती है। यद्यपि शरीर पुद्गलपिण्ड है तथापि उसका आत्माके साथ सम्पर्क है और इसी लिये उसकी उत्पत्ति दो विजातीय द्रव्योंके सम्पर्कसे होती है। पर यह निश्चय है कि शरीरका उपादान कारण पुद्गल द्रव्य ही है आत्मा नहीं। दोनोंका यह सम्बन्ध अनादि कालसे चला आता है इसीसे अज्ञानी जीव दोनोंको एक मान बैठता है। शरीरको निज मानने लगता है।

उस शरीरको स्थिर रखनेके लिये जीवके आहार ग्रहणकी इच्छा होती है और उससे आहार ग्रहण करनेके लिये रसना इन्द्रियके द्वारा रसको ग्रहण करता है। ग्रहण करनेमें प्रदेश प्रकम्पन होता है उससे हस्तके द्वारा ग्रास ग्रहण करता है। जब ग्रासके रसका रसना इन्द्रियके साथ सम्बन्ध होता है तब उसे स्वाद आता है। यदि अनुकूल हुआ तो प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण करता जाता है। ग्रहणका अर्थ यह है कि रसना इन्द्रियके द्वारा रसका ज्ञान होता है, इसका यह अर्थ नहीं कि ज्ञान रसमय हो जाता है। यदि रस रूप हो जाता तो आत्मा जड़ ही बन जाता।

इस विषयक ज्ञान होते ही जो रसग्रहणकी इच्छा उठी थी वह शान्त हो जाती है और इच्छाके शान्त होनेसे आत्मा सुखी हो जाता है। सुखका वाधक है दु ख, और दु ख है आकुलता-मय। आकुलताकी जननी इच्छा है, अत जब इच्छाके अनुकूल विषयकी पूर्ति हो जाती है तब इच्छा स्वयमेव शान्त हो जाती है। इसी प्रकार सब व्यवस्था जानना चाहिये। जब जब शरीर नि शक्त होता है, तब तब आहारादिकी इच्छा उत्पन्न होती है। इच्छाके उदयमें आहार ग्रहण करता है और आहार ग्रहण करनेके अनन्तर आकुलता शान्त हो जाती है । इस प्रकार यह चक्र बराबर चला जाता है और तब तक शान्त नहीं होता जब तक कि भेदज्ञानके द्वारा निजका परिचय नहीं हो जाता।

इसी प्रकार इसके भय होता है। यथार्थमें आत्मा तो अजर अमर है, ज्ञान गुणका धारी है, और इस शरीरसे भिन्न है फिर भयका क्या कारण है? यहाँ भी वही बात है अर्थात् मिथ्यात्वके उदयसे यह जीव शरीरको अपना मानता है अतएव इसके विनाशके जहाँ कारणकूट इकट्ठे हुए वहीं भयभीत हो जाता है। यदि शरीरमें अभेदबुद्धि न होती तो भयके लिये स्थान ही न मिलता। यही कारण है कि शरीर नाशके कारणोंका समागम होने पर यह जीव निरन्तर दु खी रहता है।

वह भय सात प्रकारका है—१ इहलोक भय, २ परलोक भय, ३ वेदना भय, ४ असुरक्षा भय, ५ अगुप्ति भय, ६ आकस्मिक भय और ७ मरण भय। इनका संक्षिप्त स्वरूप यह है—

इस लोकका भय तो सर्वानुभवगम्य है, अत उसके कहनेकी आवश्यकता नहीं। पर लोकका भय यह है कि जब यह पर्याय छूटती है तब यही कल्पना होती है कि स्वर्गलोकमें जन्म हो तो भद्र—भला है, दुर्गतिमें जन्म न हो, अन्यथा नाना दु खोंका

पात्र होना पड़ेगा। इसी प्रकार मेरा कोई त्राता नहीं। असाताके उदयमें नाना प्रकारकी वेदनाएँ होती हैं यह वेदना भय है। कोई त्राता नहीं किसकी शरणमें जाऊँ? यह अशरण-अगुप्तिका भय है। कोई गोप्ता नहीं यही अगुप्ति भय है। आकस्मिक वज्र पाषाणादिक न हो जावे यह आकस्मिक भय है और मरण न हो जावे यह मृत्युका भय है। इन सप्तभयोंसे यह जीव निरन्तर दुखी रहता है। भयके होने पर उससे बचनेकी इच्छा होती है और उससे जीव निरन्तर आकुलित रहता है। इस तरह यह भय सदा अनादि कालसे जीवोंके साथ चली आ रही है।

संसारमें जो मिथ्या प्रचार फैल रहा है उसमें मूल कारण राग द्वेषकी मलिनतासे जो कुछ लिखा गया वह साहित्य है। वही पुस्तकें कालान्तरमें धर्मशास्त्रके रूपमें मानी जाने लगीं। लोग तो अनादिकालसे मिथ्यात्वके उदयमें शरीरको ही आत्मा मानते हैं। जिनको अपना ही बोध नहीं वे परको क्या जानें? जब अपना पराया ज्ञान नहीं तब कैसा सम्यग्दृष्टि? यही श्री समयसारमें लिखा है—

> परमाणुमित्तय पि रागादीण तु विज्जद जस्स।
> ण वि सो जाणदि अप्पाण यदु सव्वागमधरो वि ॥'

जो सवागमको जाननेवाला है उसके रागादिकोंका अंशमात्र भी यदि विद्यमान है तो वह आत्माको नहीं जानता है। जो आत्माको नहीं जानता है वह जीव और अजीवको नहीं जानता। जो जीव-अजीवको नहीं जानता वह सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकता है? इसके कहनेका तात्पर्य यह कि आगमाभ्यास ही जीवादिकोंके जाननेमें मुख्य कारण है और आगमाभासका अभ्यास ही जीवादिकोंके अन्यथा जाननेमें कारण है। जिनको आत्म

कल्याणकी लालसा है वे आप्तकथित आगमका अभ्यास करें। क्षेत्रोपर ज्ञानके साधन कुछ नहीं, केवल रुपये इकट्ठे करनेके साधन हैं। कल्पना करो यह धन यदि एकत्रित होता रहे और व्यय न हो तो अन्तमें नहोंके तुल्य हुआ। अस्तु, इस कथासे क्या लाभ ?

('मेरी जीवनगाथासे')

मिथ्यात्व

पर पदार्थको आत्मीय मानना ही मिथ्यात्व है। यद्यपि पर पदार्थ आत्मा नहीं हो जाता तथापि मिथ्यात्वके प्रभावसे हमारी कल्पनामें आत्मा ही दीखता है। जैसे जो मनुष्य रज्जुमें सर्प-भ्रान्ति हो जानेके कारण भयसे पलायमान होने लगता है परन्तु रज्जु रज्जु ही है और सर्प सर्प ही है। ज्ञानमें जो सर्प आ रहा है वह ज्ञानका रूप है ज्ञेयका नहीं इसीको अन्तर्ज्ञेय कहते हैं, इस अन्तर्ज्ञेयकी अपेक्षा वह ज्ञान अप्रमाण नहीं क्योंकि यदि अन्तर्ज्ञेय सर्प न होता तो वह पलायमान नहीं होता। उस ज्ञानको जो मिथ्या कहते हैं वह बाह्य प्रमेयकी अपेक्षा ही कहते हैं। इसीलिये श्रीसमन्तभद्र स्वामीने देवागमस्तोत्रमें लिखा है—

'भावप्रमेयापेक्षायां प्रमाणाभासनिन्हवः।
बहिःप्रमेयापेक्षायां प्रमाणं तन्निभञ्च ते ॥'

अर्थात् यदि अन्तर्ज्ञेयकी अपेक्षा वस्तु स्वरूपका विचार किया जाय तो कोई भी ज्ञान अप्रमाण नहीं क्योंकि जिस ज्ञानमें प्रतिभासित विषयका व्यभिचार न हो वही ज्ञान प्रमाण है। जब हम मिथ्याज्ञानके ऊपर विचार करते हैं तब उसमें जो अन्तर्ज्ञेय भासमान हो रहा है वह तो ज्ञानमें है ही। यदि ज्ञानमें सर्प न होता तो पलायमान होनेकी क्या आवश्यकता थी? फिर उस ज्ञानको जो मिथ्या कहते हैं वह केवल बाह्य प्रमेयकी अपेक्षा ही कहते हैं [illegible] ज्ञानमें सर्प [illegible] रज्जु है। अतएव स्वामीने यही सि[illegible] किया [illegible] अपेक्षा ही ज्ञानमें

प्रमाण और प्रमाणाभासकी व्यवस्था है। अन्तरङ्ग प्रमेयकी अपेक्षा सब ज्ञान प्रमाण ही हैं।

यही कारण है कि जब हम ज्ञानमें शरीरको आत्मा देखते हैं तब उसीमें निजत्वकी कल्पना करने लगते हैं। उस समय हमे कितने ही प्रकारसे समझानेका प्रयत्न क्यों न किया जावे सब विफल होता है, क्योंकि अन्तरङ्गमे मिथ्यादर्शनकी पुट विद्यमान रहती है। जैसे कामला रोगीको शङ्ख पीला ही दीखता है। उसे कितना ही क्यो न समझाया जावे कि शङ्ख तो शुक्ल ही होता है, आप बलात्कार पीत क्यो कह रहे हैं ? पर वह यही उत्तर देता है कि आपकी दृष्टि विभ्रमात्मक है जिससे पीले शङ्खको शुक्ल कहते हो।

इससे यह सिद्ध हुआ कि जबतक मिथ्यादर्शनका सद्भाव है तबतक पर पदार्थसे आत्मीय बुद्धि नहीं जा सकती। जिन्हें सम्यग्ज्ञान अभीष्ट है इन्हें सबसे पहले अभिप्रायको निर्मल करनेका प्रयत्न करना चाहिये। जिनका अभिप्राय मलिन है वे सम्यग्ज्ञानके पात्र नहीं, अत सब परिग्रहोमे महान् पाप मिथ्यात्व परिग्रह है। जबतक इसका अभाव नहीं तबतक आप कितने ही व्रत तप सयमादि ग्रहण क्यो न करे मोक्षमार्गके साधक नहीं। इस मिथ्यात्वके सद्भावमें ग्यारह अङ्ग और नौ पूर्वका तथा बाह्यमें मुनि धर्मका पालन करनेवाला भी नव ग्रैवेयकसे ऊपर नहीं जा सकता। अनन्तवार मुनि लिङ्ग धारण करके भी इसी ससार में रुलता रहता है।

मिथ्यात्वका निर्वचन भी सम्यक्त्वकी तरह ही दुर्लभ है, क्योंकि ज्ञानगुणके विना जितने अन्य गुण हैं वे सब निर्विकल्पक हैं। ज्ञान ही आत्मामें एक ऐसी शक्ति है कि जो सबकी व्यवस्था बनाये है—यही एक ऐसा गुण है जो परकी भी व्यवस्था

करता है और अपनी भी। मिथ्यात्वके कार्य जो मतश्रुतअवधिज्ञानादिक हैं वे सब ज्ञानकी पर्याय हैं। वास्तवमें मिथ्यात्व क्या है? यह मति श्रुत ज्ञानके गम्य नहीं। इसके कार्यसे ही उसका अनुमान किया जाता है। जैसे वातरोगसे शरीरकी सन्धि-सन्धिमें वेदना होती है। उस वेदनासे हम अनुमान करते हैं कि हमारे वातरोग है। वातरोगका प्रत्यक्ष अनुभव नहीं होता। ऐसे ही कुगुरु कुदेव और कुधर्मके माननेका जो हमारा परिणाम होता है उससे मिथ्यात्वका अनुमान होता है। वास्तवमें उसका प्रत्यक्ष नहीं होता। अथवा शरीरमें जो अहम्बुद्धि होती है यह मिथ्यात्वके उदयमें होती है अतः उस अहम्बुद्धिसे मिथ्यात्वका अनुमव होता है। वस्तुतः उसका प्रत्यक्ष नहीं होता क्योंकि वह गुण निर्विकल्पक है। इस तरह यह परिग्रह आत्माके सम्पूर्ण परिग्रहोंका मूल है। जबतक इसका त्याग नहीं तबतक आत्मा संसारका ही पात्र रहता है। इसके जानेसे ही आत्मा मोक्षमार्गके पथपर चलनेका अधिकारी हो सकता है। जबतक सम्यग्दर्शन न हो तबतक यह जीव न तो गृहस्थ धर्मका अधिकारी हो सकता है और न मुनिधर्मका। ऊपरसे चाहे गृहस्थ रहे, चाहे मुनिवेष धारण कर ले, कौन रोक सकता है?

जन्मसे शरीर नग्न ही होता है अनन्तर जिस वातावरणमें इसका पालन होता है तद्रूप इसका परिणमन हो जाता है। देखा गया है कि राजाओंके यहाँ जो बालक होते हैं उनको घाम और शीतसे बचानेके लिये बड़े-बड़े उपाय किये जाते हैं। उनके भोजनादिकी व्यवस्थाके लिये हजारों रुपये व्यय किये जाते हैं। उनको जरा-सी शीत बाधा हो जानेपर बड़े-बड़े वैद्य व डाक्टरों की आपत्ति आ जाती है। वही बालक यदि गरीबके गृहमें जन्म लेता है तो दिन-दिन भर सरदी और गरमीमें पड़ा

रहता है फिर भी राजबालककी अपेक्षा कहीं अधिक हृष्ट पुष्ट रहता है। प्राकृतिक शीत और उष्ण उसके शरीरकी वृद्धिमें सहायक होते हैं। यदि कभी उसे जूडी-सरदी सताती है तो लौंग घिसकर पिला देना ही उसकी नीरोगताका साधक हो जाता है। जो जो वस्तुजात धनाढ्योंके बालकोंको अपकारक समझे जाते हैं। वही वस्तुजात निर्धनोंके बालकोंके सहायक देखे जाते हैं। जगत्‌की रीति ऐसी विलक्षण है कि जिसके पास कुछ पैसा हुआ लोग उसे पुण्यशाली पुरुष कहने लगते हैं, क्योंकि उनके द्वारा सामान्य मनुष्योंको कुछ सहायता मिलती है और वह इसलिये मिलती है कि सामान्य मनुष्य उन धनाढ्योंकी असत् प्रशसा करें। यह लोग जो कि धनाढ्यो द्वारा द्रव्यादि पाकर पुष्ट होते हैं चारण लोगोंका कार्य करते हैं। यदि यह न हो तो उनकी पोल खुल जावे। बड़े-बडे प्रतिभाशाली कविराज जरा-सी द्रव्य पानेके लिये ऐसे ऐसे वर्णन करते हैं कि साधारणसे साधारण धनाढ्यको इन्द्र, धनकुवेर तथा दानवीर, कर्ण आदि कहनेमें भी नहीं चूकते। यद्यपि वह धनाढ्य लोग उन्हें धन नहीं देना चाहते तथापि अपने ऐबों-दोषोंको छिपानेके लिये लाखों रुपये दे डालते हैं। उत्तम तो यह था कि कवियोंकी प्रतिभाका सदुपयोग कर स्वात्माकी परिणतिको निर्म्मल बनानेकी चेष्टा करते परन्तु चन्द चादीके टुकड़ोंके लोभसे लालायित होकर अपनी अलौकिक प्रतिभा विक्रय कर देते हैं। ज्ञान प्राप्तिका फल तो यह होना उचित था कि ससारके कार्योंसे विरक्त होते पर वह तो दूर रहा, केवल लोभके वशीभूत होकर आत्माको बाह्य पदार्थों-का अनुरागी बना लेते हैं। अस्तु,

मिथ्यात्व परिग्रहका अभाव हो जानेपर भी यद्यपि परिग्रह-का सद्भाव रहता है तथापि उसमें इसकी निजत्व कल्पना मिट

जाती है, अतः सब परिग्रहोंका मूल मिथ्यात्व ही है। जिन्हें संसार बन्धनसे छूटनेकी अभिलाषा है उन्हें सब प्रथम इसीका त्याग करना चाहिए, क्योंकि इसका त्याग करनेसे सब पदार्थोंका त्याग सुलभ हो जाता है।

('मेरी जीवन गाथा'से)

— —

प्रभावना

जिस ग्राममे मन्दिर और मूर्तियोकी प्रचुरता है यदि वहाँ पर मन्दिर न वनवाया जाय, तथा गजरथ न चलाया जावे तो कोई हानि नहीं। वही द्रव्य दरिद्र लोगोके स्थितीकरणमें लगाया जावे, वालकोको शिक्षित वनाया जावे, धर्मका यथार्थ स्वरूप समझाकर लोगोंकी धर्ममे यथार्थ प्रवृत्ति करायी जावे, प्राचीन शास्त्रोकी रक्षाकी जावे, प्राचीन मन्दिरोका जीर्णोद्धार कराया जावे या सव विकल्प छोड यथायोग्य विभागके द्वारा साधर्मी भाइयोंको धर्म साधनमे लगाया जावे तो क्या धर्म नहीं हो सकता ?

जहाँ तक वने सन्मार्गका उपदेश देकर सन्मार्गकी प्रभावना करना महान् धर्म है परन्तु हमारी दृष्टि उस ओर नहीं जाती। धर्मका स्वरूप तो दया है वे भी तो हमारे भाई है जो कि उपदेशके अभावमे कुमार्गगामी हो गये हैं। यदि हमारा लक्ष्य होता तो उनका कुमार्गसे सुमार्गपर आना क्या दुर्लभ था ? वे सज्ञी हैं, मनुष्य हैं, साक्षर हैं, बुद्धिमान् हैं फिर भी सदुपदेशके अभावमे आज उनकी यह दुर्दशा हो रही है। यदि उन्हें सदुपदेशका लाभ हो तो उनका सुधारना कठिन वात नहीं परन्तु उस ओर हमारी दृष्टि जाती ही नहीं।

जिस समय श्रीशान्तिसागर महाराजका शिखरजी शुभागमन हुआ था उस समय वहाँ एक लाखसे भी अधिक जनताका जमाव हुआ था। भारतवर्ष भरके धनाढ्य, विद्वान् तथा साधारण मनुष्य उस समारोहमें थे। पण्डितोके मार्मिक तत्त्वों पर वड़े-वड़े

व्याख्यान हुए थे। महासभा, तीर्थक्षेत्र कमेटी आदिके अधिवेशन हुए थे कोठियामें भरपूर आमदनी हुई लाखों रुपये रेलवे कम्पनीने कमाये और लाखों ही रुपये मोटरकार तथा बैल गाड़ियोंमें गये परन्तु सबवालोंके लिये कोई स्थायी कार्य नहीं हुआ! क्या उस समय दस लाखकी पूँजीसे एक ऐसी संस्थाका खोला जाना दुर्लभ था जिसमें कि उस प्रान्तके भीलोंके हजारों बालक जैनधर्मकी शिक्षा पाते हजारों गरीबोंके लिये औषधिका प्रबन्ध होता और हजारों मनुष्य आजीविकाके साधन प्राप्त करते? परन्तु यह तो स्वप्नकी वार्ता है, क्योंकि हमारी दृष्टि इन कार्योंको व्यर्थ समझ रही है। यह कलिकालका माहात्म्य है कि हम द्रव्य व्यय करके भी उसके यथेष्ट लाभसे वञ्चित रहते हैं।

आजकल प्रायः धर्मोंमें दवाका विशेष प्रचार हो गया है। इसका मूल कारण यह है कि ऐसे औषधालय नहीं रहे जिनमें शुद्ध औषधि तैयार मिल सके। यद्यपि इसमें लाखों रुपयोंका काम है पर समुदाय क्या नहीं कर सकता? उत्तमसे उत्तम वैद्योंकी नियुक्ति की जावे, शुद्ध औषधिकी सुलभता हो इत्यादि के सब साधन उपलब्ध हों तो लोग अनुपसेव्य औषधका सेवन क्यों करेंगे?

जब लोग धर्मका ज्ञान लेंगे तब अनायास उस पर चलेंगे। आत्मा स्वयं परीक्षक है, परन्तु क्या करे? उसके पास साधन नहीं यदि धर्म प्रचारक यथार्थ साधन मिलें तो बिना किसी प्रयत्नके धर्म प्रसार हो जावे। धर्म वस्तु कोई बाह्य पदार्थ नहीं आत्माकी निर्मल परिणतिका नाम ही तो धर्म है। जितने जीव हैं सबमें उसकी योग्यता है परन्तु उस योग्यताका विकास संज्ञी जीवके ही होता है। जो असंज्ञी हैं अर्थात् जिनके मन नहीं उनके तो उसके विकासका कारण ही नहीं है। संज्ञी जीवोंमें एक मनुष्य

ही ऐसा प्राणी है जिसके उसका पूर्ण विकास हो सकता है। यही कारण है कि मनुष्य पर्याय सब पर्यायोंमें उत्तम पर्याय मानी गई है। इस पर्यायसे हम संयम धारण कर सकते हैं। अन्य पर्यायोंमें संयमकी योग्यता नहीं। पञ्चेन्द्रियोंके विषयसे चित्तवृत्तिको हटा लेना तथा जीवोंकी रक्षा करना ही तो संयम है। यदि इस ओर हमारा लक्ष्य हो जावे तो आज ही हमारा कल्याण हो जावे। हमारा ही क्या समाज भरका कल्याण हो जावे।

आगममें लिखा है कि आदिनाथ भगवान जब अपने पूर्व-भवमें राजा वज्रजङ्घ थे और वज्रदन्त चक्रवर्तीके विरक्त होनेके बाद उनकी राज्य व्यवस्थाके लिये जा रहे थे तब बीचमें एक सरोवरके तट पर ठहरे थे। वहाँ उन्होंने चारण ऋद्धिधारी मुनियोंके लिये आहार दान दिया। जिस समय वे आहार दान दे रहे थे उस समय शूकर, सिंह, नकुल और वानर ये चार जीव भी शान्त भावसे बैठे थे और आहारदान देखकर मन ही मन प्रसन्न हो रहे थे। भोजनानन्तर राजा वज्रजङ्घने चारण मुनियोंसे प्रश्न किया कि हे मुनिराज! यह जो चार जीव शान्त बैठे हुए हैं इसका कारण क्या है? उस समय मुनिराजने उनके पूर्व जन्मका वर्णन किया जिसे सुनकर वे इतने प्रभावित हुए कि उनका अवशिष्ट जीवन धर्ममय होगया और आयुका अवसान होने पर जहाँ राजा वज्रजङ्घ और उनकी रानी श्रीमतीका जन्म हुआ वहीं पर इनका भी जन्म हुआ तथा राजाके मन्त्री, पुरोहित, सेनापति और श्रेष्ठी ये चारों जीव भी वहीं उत्पन्न हुए। पश्चात् वज्रजङ्घका जीव जब कई भवोंके बाद श्री आदिनाथ तीर्थङ्कर हुआ तब वे जीव भी उन्हीं प्रभुके बाहुबलि आदि पुत्र हुए। कहनेका तात्पर्य यह है कि धर्म किसी जाति विशेषका पैतृक विभव नहीं अपि तु प्राणीमात्रका स्वभाव धर्म है। कर्मकी प्रबलता-

से उसका अभाव-सा हो रहा है अतः जिन्हें धर्मकी प्रभावना इष्ट है उन्हें उचित है कि प्राणीमात्रके ऊपर दया करें अहम्बुद्धिको तिलाञ्जलि देवें, तभी धर्मकी प्रभावना हो सकती है।

बाह्य उपकरणोंका प्राचुर्य धर्मका उतना साधक नहीं जितना कि आत्मपरिणतिका निर्मल होना साधक है। भूखे मनुष्यको आभूषण देना उतना तृप्तिजनक नहीं जितना कि दो रोटियाँ देना है। इस पञ्चम कालमें प्रायः दुःखी प्राणी बहुत हैं अतः अपनी सामर्थ्यके अनुकूल उनके दुःख दूर करनेमें प्रयास करो वे आपसे आप धर्मसे प्रेम करने लगेंगे। प्रतिदिन व्यापार करते हो टोटा भी पड़ता है और नफा भी होता है। क्या जब टोटा पड़ता है तब व्यापार त्याग देते हो? नहीं तब धर्ममें इतनी निराशताका उपयोग क्या? धर्मके लिये यथाशक्ति द्रव्यका सदुपयोग करो यही सच्ची प्रभावना है।

बहुतसे ऐसे महानुभाव हैं कि जिनके सजातीय बन्धु तो आजीविका विहीन होकर इतस्ततः भ्रमण कर रहे हैं पर वे हजारों रुपये प्रतिष्ठा आदिमें व्यय कर रहे हैं और खूबीकी बात यह कि सजातीय बन्धुओंकी अवस्थाके सुधारमें एक पैसा देनेमें भी उदारताका परिचय नहीं देते। क्या यह प्रभावना है?

ऐसा देखा गया है कि मनुष्य जिनसे हजारों रुपये अर्जन कर इस लोकमें प्रतिष्ठाको प्राप्त हुए हैं और जिनके द्रव्यसे धनकर सिंघई सेठ या श्रीमन्त बननेके पात्र हुए हैं उन्हींके नन्हे-नन्हे बालकों पर जो कि अन्नके लिये तरस रहे हैं दया न करके मनो नीत कार्योंमें द्रव्य व्ययकर धर्मात्मा बननेका प्रयत्न करते हैं। यह क्या उचित है, यह क्या धर्मका स्वरूप है?

इसका मूल कारण अभ्यन्तरमें अभिप्रायकी मलिनता है। जिनका अभिप्राय निर्मल है वे जो भी काम करेंगे, यथायोग्य

ही करेंगे। गर्मीके दिनमे प्राणी तृषासे आतुर रहते हैं अत उन्हे पानीसे सन्तुष्ट करना उचित है।

आजकल ससारमे अधिकतर मनुष्य वेकार हो गये हैं। उन्हें यथायोग्य कार्यमें लगा देना ही उचित है। आगमकी तो यह आज्ञा है कि द्रव्य क्षेत्रादि निमित्तको देखकर द्रव्यादिकी व्यवस्था करनी चाहिये। वर्तमानमे अनेक मनुष्य अन्नके विना अपना धर्म छोड़कर अन्य धर्म अङ्गीकार कर लेते हैं। कोई उनकी रक्षा करनेवाला नही। द्रव्यका सदुपयोग यही है कि दु खी प्राणियोंकी रक्षामें लगाया जावे। प्रत्येक आत्मामे धर्म है परन्तु कर्मोदयकी बलवत्तासे उसका विकाश नहीं हो पाता। यदि भाग्योदयसे तुम्हारी आत्मामे उसके विकाशका अवसर आया है तो इस बाह्य द्रव्यसे ममता छोड़कर नैर्ग्रन्थपद धारण करो। यदि इतनी योग्यता नहीं ता जो बाह्य सामग्री तुम्हें उपलब्ध है उसे उसीके साधनोमे व्यय करो। जितना-जितना कषाय उपशम होता जावे उतना-उतना त्यागको वृद्धिरूप करते जाओ। सबसे पहिले गृहस्थावस्थामें अन्यायसे जो धनार्जन करते थे उसका सवर करो एव अन्यायके जो विषय थे उन्हें त्यागो। भोजन ऐसा करो जो अभक्ष्य न हो। दानशाला खोलो परन्तु उनमें शुद्ध भोजनादिकी व्यवस्था हो। औषधालय खोलो परन्तु शुद्ध औपधिकी व्यवस्था करो। विद्यालय खोलो परन्तु उनमें स्वपरभेद ज्ञानकी शिक्षाके मुख्य साधन जुटाओ। मन्दिर बनवाओ परन्तु उनमें ऐसी प्रतिमा पधराओ कि जिसे देखकर प्राणी मात्रको शान्ति आजावे।

('मेरी जीवनगाथ' से)

———

पुरुषार्थ

आत्माकी पहिचानना ही सबसे बड़ा पुरुषार्थ है। सच्चा पुरुषार्थ तो यह है कि उदयके अनुसार जो रागादिक होवें हमारे ज्ञानमें भी आवें उनकी प्रवृत्ति भी हममें हो किन्तु हम उन्हें कर्मज भाव समझकर इष्टानिष्ट कल्पनासे अपनी आत्माकी रक्षा कर सकें। लोग कहते हैं कि हमें शान्ति नहीं मिलती। अरे, तुम्हें शान्ति मिले तो कैसे मिले? एक बार रागादिकसे निवृत्त होकर शान्ति मुद्रासे बैठकर तो देखो कैसा शान्तिका समुद्र उमड़ता है? न कुछ करना ही आत्माका काम है। मन वचन कायके योग भी आत्माके नहीं है। वह तो एक निर्विकल्पभाव है। लोग कहते हैं कि आत्माकी महिमा अनंतशक्तिमें है परन्तु उस की महिमा केवल अनन्तशक्तिसे ही नहीं है क्योंकि पुद्गलमें भी अनन्तशक्ति है, केवल एक ज्ञानावरण कर्म ही आत्माके केवलज्ञानको रोक देता है। अतः आत्माकी महिमा उस शक्तिमें है जो सम्यग्दर्शन पैदा करके अन्तर्मुहूर्तमें कर्मोंका नाशकर आत्माको परमात्मा बना देता है। इससे सिद्ध है कि आत्माकी महिमा उसकी अचिन्त्यशक्तिमें नहीं क्योंकि उसका काम केवल देखना और जानना मात्र है। और देखना जानना भी क्या है? यह कि जो चीज जैसी है वैसी ही उसे जाने।

अकर्मण्यता छोड़ो—

लोग अपनेको कर्मोंपर छोड़ देते हैं। वे कहते हैं 'क्या करें हमारे कर्मोंमें ही ऐसा लिखा था।' कितनी अज्ञानता और काय-

रता है ? जैसा कि और लोग भी कहते हैं । "क्या करें भगवान-को ऐसा ही स्वीकार था ।" कर्मोंके मत्थे सारा दोष मढ़ते हैं, पुरु-पार्थपर किंचित् भी ध्यान नहीं देते । जिस आगममें पुरुषार्थका इतना विशद वर्णन हो उसको ये लोग भूल जाते हैं । जरा भी नहीं सोचते कि कर्मोंको दोष देनेसे क्या होगा ? जो जन्मार्जित कर्म हैं, उनका तो फल उदयमे आयगा ही । भगवानको ही देखो । मोह नष्ट हो चुका, अर्हत् पदमें विराजमान हैं । पर फिर भी दण्ड कपाट करो । दंडाकार हो कपाटरूप हो प्रतर करो और लोकपूर्ण करो । यह सब क्या है ? वही जन्मार्जित कर्म ही तो उदयमें आकर खिर रहे हैं, तो कर्मोंके सहारे रहना ठीक नहीं है । पुरुषार्थ भी कोई चीज नहीं है । जिस पुरुषार्थसे केवलज्ञानकी प्राप्ति हो उस पुरुषार्थकी ओर ध्यान न दो तो यह अज्ञानता ही है ।

मोहको जीतो—

परन्तु मोह ! तेरी महिमा अचिन्त्य है, अपार है जो ससार-मात्रको अपना बनाना चाहता है । नारकीकी तरह मिलनेको तो कण भी नहीं, परन्तु इच्छा ससार भरके अनाज खानेकी होती है ।

अब देखिये इस शरीरपर तुम यह कपड़ा पहिनते हो तो क्या यह कपड़ा तुम्हारे अन्दर प्रवेश करता है ? अरे, मोही जीव उसे अपना मान बैठते हैं । और चोट्टापन क्या है ? दूसरी चीज-को अपनी मान लेना यही तो चोट्टापन है । इस दुपट्टे को अपना मान लिया जभी तो चोर हो गया, नहीं तो समझते पराया है । पर मोह मदिरामें ऐसा ही होता है । तुमने उसकी-सी बात कही और उसने उसकी-सी इस तरह उस शुद्ध स्वरूप की ओर ध्यान

ही नहीं रखे। इसलिये यह पद्धति ग्रहण न की। इससे हम अपना काम भी निकाल रहे हैं। पर अन्तरङ्गसे यही समझते हैं कि अरे, यह तो पराई है। इसी तरह रागादिकोंसे यदि जरूरत पड़े तो काम भी निकाल लो पर अन्तरङ्गसे यही जानो कि अरे, यह तो पर हैं और जब तक भइया परको पर और अपनेको अपना नहीं समझा तबतक कल्याण भी कैसे होगा? यदि रागादिकोंको अपनाये रहोगे तो कैसे बन्धनसे छूटना होगा बतलाइये। अतः रागादिकोंको हटानेकी आवश्यकता है। कैसी आपत्ति आजाय समझो यह भी कर्मोंका कर्जा है। समभावसे उसे सहन करो। हाँ उसमें हर्ष विषाद मत करो। यह तुम्हारे हाथकी बात है। और भैया रागादिक नहीं हटे तो मनुष्य जन्म पानेका फल ही क्या हुआ? संसार और कोई नहीं रागादिक परिणति ही संसार है और उसका अभाव ही समयसार है।

अभिप्रायको निर्मल रखो—

मनुष्यको अभिप्राय निर्मल रखनेकी चेष्टा करनी चाहिये। उसीकी सारी महिमा है। श्रेणिक राजाको ही देखिये मुनिराजके गलेमें मरा हुआ सर्प डाल आये। रानीसे जाकर सब हाल कह दिया। रानीने कहा अरे तुमने यह क्या किया? राजा बोला वह तो गलेसे उतारकर फेंक देगा। रानीने कह दिया नहीं यदि वह सच्चे हमारे मुनि होंगे तो नहीं फेंक सकते नहीं फेंक सकते। यदि फेंक दिया होगा तो वह नग्न होते हुए भी हमारे मुनि नहीं। वहाँ दोनों जाकर पहुँचे तो देखा कि उनके गलेमें सर्पके कारण तमाम चीटियाँ चिपक गई हैं। दूरसे देखते ही राजाके हृदयमें वह साम्यभावकी मुद्रा अङ्कित होगई। उसने सोचा कि मुनि हैं तो सचमुच यही हैं। रानीने उसी समय मुनिके समीप पहुँचकर

खाँड़ द्वारा उन चीटियोंको दूर किया। तो मतलब यही कि महिमा तो उसकी तभी हुई जब उसके हृदयमें साम्यभाव जाग्रत हुआ। और शास्त्रोंमें भी क्या लिखा है ? मनुष्यके अभिप्रायोंको निर्मल बनानेकी चेष्टा ही तो है।

देव शास्त्र गुरुसे शिक्षा लो—

मनुष्य यदि चाहे तो संसारकी सन्ततिको निर्मल कर सकता है। कोई बड़ी बात नहीं। भगवानकी मूर्तिसे भी यही शिक्षा मिलती है कि अपनेको उसीके अनुसार बनाए। उन्होंने रागद्वेष हटाया, मध्यस्थ रहे, तुम भी वैसा ही करो। मध्यस्थ बननेका यत्न करो। एकने कहा रामायण तो सब गपोड़बाजी है। उसमें सब कपोल कल्पित कल्पनाएँ भर रही है। दूसरा बोला यदि उसमें कल्पनाएँ हैं, तो यह तो मानोगे कि रावणने खोटा काम किया तो लोक निन्दाका पात्र हुआ और रामने लोकप्रिय कार्य किया तो सुयशका अर्जन किया। वह बोला हाँ इसमें कोई आपत्ति नहीं। तो बाँचनेका फल ही यह हुआ कि अपनेको सुधारनेकी चेष्टा करे। गुरु और क्यों पूजे जाते हैं ? उन्होंने वही समताभाव धारण किया। अरि, मित्र, महल, मसान, कञ्चन, काँच, निन्दा, स्तुति, अपमान और पूजा सबको समान समझा। मनुष्यको परिणामोंमें समता धारण करना चाहिये। तुम्हारे दिलमें यदि प्रसन्नता हुई तो कह दिया कि भगवान आज तो प्रसन्न मुद्रामें हैं। वैसे देखा जाय तो भगवान न तो प्रसन्न हैं और न रुष्ट। अपने हृदयकी प्रसन्नताको तुमने भगवानपर आरोप कर दिया कि आज तो हमें मूर्ति प्रसन्नमना दिखाई देती है, पर देखो तो वह जैसेकी तैसी ही है। अत मनुष्य यदि अपने परिणामोंपर दृष्टिपात करे तो संसार बन्धनसे छूटना कोई बड़ी बात नहीं है।

अपनको ही शान्तिबाधक समझो—

हम ही लोग अपने शान्तिके बाधक हैं। संसारमें जितने पदार्थ हैं उनमेंसे एक भी पदार्थ शान्ति स्वभावका बाधक नहीं। वर्तमानमें रखी हुई मदिरा अथवा डिब्बेमें रखा हुआ पान पुरुष में विकृतिका कारण नहीं। पदार्थ हमें विकारी होनेको वाध्य नहीं करता हम स्वयं विकल्पासे उसमें इष्टानिष्ट कल्पना कर सुखी और दुखी होते हैं। कोई भी पदार्थ न सुख देता है न दुख देता है, इसलिये जहाँ तक बने आभ्यन्तर परिणामोंकी विशुद्धता पर सदैव ध्यान रखना चाहिये।

ब्रह्मचर्यका पालन करो—

ब्रह्मचर्य व्रत ही सब व्रतोंमें उत्तम है। इसके समान और कोई दूसरा व्रत नहीं है। जिसने इस व्रतको पाल लिया उसके अन्य व्रत अनायास ही सध जाते हैं। पर इस व्रतका पालन करना कोई सामान्य बात नहीं है। स्त्री विषयक रागको जीतना बड़ा कठिन है। पहिले पार्सी थियेटर चलाते थे। एक थियेटरमें पार्सी था उसकी स्त्री बड़ी खूबसूरत थी। वे दोनों रंगमंच पर अपना अभिनय प्रदर्शन करते थे। एक दिन वह स्त्री रंगमंच पर अभिनय कर रही थी। एक मनुष्यने एक कागज पर कुछ लिख कर रंगमंच पर फेंक दिया। उस स्त्रीने उस कागजको उठाकर पढ़ा। पढ़कर उस कागजको दियासलाईसे जलाकर अपने पैरोंसे कुचल दिया। इधर तो उसने कागजको कुचला और उधर उस मनुष्यने कटारसे अपना गला काट लिया। इससे स्पष्ट है कि स्त्री सम्बन्धी राग बड़ा दुरुदाई होता है। एक पुस्तकमें लिखा है— संसारमें शूरवीर कौन है? उत्तरमें बतलाया—जो तरुण स्त्रियोंके कटाक्ष बाणोंसे बींधा जाने पर भी विकार भावको प्राप्त नहीं

हुआ। वास्तवमें शूरवीर तो वही है। कितनी देरका सुख है। अन्तमें तो इससे वैराग्य होता ही है।

इस रागसे विरक्त होना अत्यन्त कष्ट साध्य है। और जिसको विरक्तता हो जाती है उसके लिये भोगोका छोड़ना कोई वड़ी वात भी नहीं होती। पडित ठाकुरप्रसादजी थे। वे दो विषयोंके आचार्य थे। उनकी दूसरी स्त्री बड़ी सुन्दर थी। उदारता और मदाचारकी तो वह मूर्ति थी। विशेषता यह कि प० जी उस पर पूर्ण आसक्त थे। परन्तु वह विरागकी ओर बढी जा रही थी। उसने एक दिन प० जी को बुलाकर कहा—देखो आज तक हमने आपके साथ इतने दिनो तक भोग भोगे पर हमे विषयोमे कुछ भी मजा नहीं आया। ये आपके वाल-वच्चे हैं, सॅभालिये। आजसे तुम हमारे भाई और हम तुम्हारी वहिन हुए। 'पण्डितजी ऐसे वचनोको सुनकर अवाक् रह गये। तुमने मुझे आज चेतावनी देकर सॅभाल लिया नही तो मैं भोगोमे आसक्त होकर न जाने कौन-सी दुर्गतिका पात्र होता। भोगोसे विरक्त रहने हीमे मनुष्यकी शोभा है। स्त्री सम्बन्धी रागका घटना ही सर्वस्व है। जब इस सम्बन्धी राग घट गया तब अन्य परिग्रहसे तो सुतरा अनुराग घट जाता है।

(सुखकी झलकसे)

सल्लेखना मरण

सल्लेखना—

काय और कषायके कृश करनेको ही सल्लेखना (समाधि) कहते है। उसमें भी कायकी कृशताकी कोई आवश्यकता नहीं यह पर वस्तु है। इसको न कृश ही करना और न पुष्ट ही करना अपने आधीन नहीं। हाँ यह स्वाधीन वस्तु है, जो अपनी कषायको कृश करना क्योंकि इसका उदय आत्मामें होता है। और उसीके कारण हम कृश हो जाते हैं। अर्थात् हमारे ज्ञान दर्शन घाते जाते हैं। और उसके घातसे ज्ञान दर्शनका जो देखना जानना कार्य है वह न होकर इष्टानिष्ट कल्पना सहित देखना जानना होता है। यही तो दुःखका मूल है। अतः आप त्यागकी मुख्यताकर शरीरकी कृशतामें श्रम न कीजिये। रही कषाय कृशकी कथा सो उसके अर्थ निरन्तर चिद्रूपमें तन्मयता ही उसका प्रयोजन है। औदयिक भावोंका रुकना तो हाथकी बात नहीं किन्तु औदयिक भावोंको अनात्मीय जान उनमें हर्ष-विषाद न करना ही पुरुषार्थ है। जहाँ अनुकूल साधन हो उन्हें त्यागकर प्रतिकूल साधन बनानेमें उपयोगका दुरुपयोग है। कल्याणका पथ आत्मा है न कि बाह्य क्षेत्र। यह बाह्य क्षेत्र तो अनात्मज्ञोंकी दृष्टिमें महत्त्व रखते हैं। चिरकालसे हमारे जैसे जीवोंकी प्रवृत्ति बाह्य साधनोंकी ओर ही मुख्य रही फल उसका यह हुआ जो अद्यावधि स्वात्म सुखसे वञ्चित रहे।

मरण—

आयुके निषेक पूर्ण होनेपर मनुष्य पर्यायका वियोग मरण है। तथा आयुके सद्भावमे पर्यायका सन्बन्ध सो ही जीवन है। जैसे जिस मन्दिरमें हम निवास करते हैं उसके सद्भाव असद्भावमें हमको किसी प्रकारका हानि लाभ नहीं। तब क्यो हर्ष-विषादकर अपने पवित्र भावोंको कलुषित किया जावे। जैसे कि कहा है—

'प्राणोच्छेदमुदाहरन्ति मरणं प्राणाः किलास्यात्मनो
ज्ञानं सत्स्वयमेव शाश्वततया नोच्छिद्यते जातुचित् ॥
अस्यातो मरणं न किञ्चिद् भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निःशङ्कः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति ॥'

अर्थ—प्राणोंके नाशको मरण कहते हैं। और प्राण इस आत्माका ज्ञान है। वह ज्ञान सत् रूप स्वय ही नित्य होनेके कारण कभी नहीं नष्ट होता है। अत इस आत्माका कुछ भी मरण नहीं है तो फिर ज्ञानीको मरणका भय कहाँसे हो सकता है। वह ज्ञानी स्वय नि शङ्क होकर निरन्तर स्वाभाविक ज्ञानको सदा प्राप्त करता है।

इस प्रकार आप सानन्द ऐसे मरणका प्रयास करना जो परम्परा मातास्तन्य पानसे वच जाओ। इतना सुन्दर अवसर हस्तगत हुवा है, अवश्य इससे लाभ लेना।

आत्मा कल्याणका मन्दिर है—

आत्मा ही कल्याणका मन्दिर है अत पदार्थोंकी किञ्चित मात्र भी आप अपेक्षा न करें। अब पुस्तक द्वारा ज्ञानाभ्यास करनेकी आवश्यकता नहीं। अब तो पर्यायमे घोर परिश्रमकर स्वरूपके अर्थ मोक्ष-मार्गका अभ्यास करना उचित है। अब उसी

ज्ञान समुद्रको रागद्वेष शत्रुओंके ऊपर निपात करनेकी आवश्यकता है। यह कार्य न तो उपदेष्टाका है और न सभाधिकारणमें सहायक पण्डितवर्गका है। अब तो अन्य कथाओंके श्रवण करनेमें समयको न देकर उस शत्रु सेनाके पराजय करनेमें सावधान होकर समरपर हो जाओ।

यद्यपि निमित्तको प्रधान माननेवाले तर्कद्वारा बहुतसी आपत्ति इस विषयमें आ सकते हैं। फिर भी कार्य करना अन्तमें तो आपहीका कर्तव्य होगा। अतः जबतक आपकी चेतना सावधान है, निरन्तर स्वात्मस्वरूप चिन्तवनमें लगा दो।

श्री परमेष्ठीका भी स्मरण करो किन्तु ज्ञायककी ओर ही लक्ष्य रखना क्योंकि मैं "ज्ञाता द्रष्टा" हूँ ज्ञेय भिन्न है, उसमें इष्टानिष्ट विकल्प न हो यही पुरुषार्थ करना और अन्तरङ्गमें मूर्छा न करना। तथा रागादिक भावोंको तथा उसके कारणोंको बुद्धिसे त्यागना। मुझे आनन्द इस बातका है कि आप निःशल्य हैं। यही आपके कल्याणकी परमौषधि है।

शरीर नश्वर है—

जहाँतक हो सके इस समय शारीरिक अवस्थाकी ओर दृष्टि न देकर निजात्माकी ओर लक्ष्य देकर उसीके स्वास्थ्य लाभकी औषधिका प्रयत्न करना। शरीर पर द्रव्य है, उसकी कोई भी अवस्था हो उसका ज्ञाता द्रष्टा ही रहना। सो ही समयसारमें कहा है—

'को णाम भणिज्ज बुहो परदव्वं मम इदं हवदि दव्वं।
अप्पाणमप्पणो परिग्गहं तु णियदं वियाणन्तो॥'

भावार्थ—यह परद्रव्य मेरा है ऐसा ज्ञानी पण्डित नहीं कह सकता क्योंकि ज्ञानी जीव तो आत्माको ही स्वकीय परिग्रह मानता या समझता है।

यद्यपि विजातीय दो द्रव्योंसे मनुष्य पर्यायकी उत्पत्ति हुई है किन्तु विजातीय दो द्रव्य मिलकर सुधाहरिद्रावत् एकरूप नहीं परिणमे हैं। वहाँ तो वर्ण गुण दोनोका एकरूप परिणमना कोई आपत्तिजनक नहीं है किन्तु यहाँपर एक चेतन और अन्य अचेतन द्रव्य हैं। इनका एकरूप परिणमना न्याय प्रतिकूल है। पुद्गलके निमित्तको प्राप्त होकर आत्मा रागादिकरूप परिणम जाता है। फिर भी रागादिक भाव औदयिक हैं। अत बन्धजनक हैं, आत्माको दु खजनक हैं, अत हेय है। परन्तु शरीरका परिणमन आत्मासे भिन्न है, अत' न वह हेय हैं और न वह उपादेय है। इसहीको समयसारमें श्री महर्पि कुन्दकुन्दाचार्यने निर्जराधिकारमे लिखा है—

छिज्जदु वा भिज्जदु वा णिज्जदु वा अह व जादु विप्पलयं।
जम्हा तम्हा गच्छदु तह वि हु ण परिग्गहो मज्झ॥

अर्थ—यह शरीर छिद जावो अथवा भिद जावो अथवा ले जावो अथवा नाश हो जावो, जैसे तैसे हो जावो तो भी यह मेरा परिग्रह नहीं है।

इसीसे सम्यग्दृष्टिके पर द्रव्यके नाना प्रकारके परिणमन होते हुए भी हर्ष-विषाद नहीं होता। अत आपको भी इस समय शरीरकी क्षीण अवस्था होते हुए कोई भी विकल्प न कर तटस्थ ही रहना हितकर है।

चरणानुयोगमे जो पर द्रव्योको शुभाशुभमे निमित्तत्वकी अपेक्षा हेयोपादेयकी व्यवस्था की है, वह अल्पप्रज्ञके अर्थ है। आप तो विज्ञ हैं। अध्यवसानको ही बन्धका जनक समझ उसीके त्यागकी भावना करना और निरन्तर ऐसा विचार करना कि-

ज्ञानदर्शनात्मक जो आत्मा है वही उपादेय है। शेष जो बाह्य पदार्थ हैं वे मेरे नहीं हैं।

आपके शरीरकी अवस्था प्रतिदिन क्षीण होरही है, इसका ह्रास होना स्वाभाविक है। इसके ह्रास और वृद्धिसे हमारा कोई घात नहीं ज्ञानाभ्यासी स्वयं जानते हैं। अथवा मान लीजिये कि शरीरके शैथिल्यसे तद् अवयवभूत इन्द्रियादिक भी शिथिल हो जाती हैं तथा द्रव्येन्द्रियके विकृत भावसे भावेन्द्रिय स्वकीय कार्य करनेमें समर्थ नहीं होती हैं किन्तु मोहनीय उपशमजन्य सम्यक्त्वकी इसमें क्या विराधना हुई। मनुष्य शयन करता है उस काल जाग्रत अवस्थाके सदृश ज्ञान नहीं रहता किन्तु जो सम्यग्दर्शन गुण संसारका अन्तक है उसका आंशिक भी घात नहीं होता। अतएव अपर्याप्त अवस्थामें भी सम्यग्दर्शन माना है जहाँ केवल तैजस कार्माण शरीर हैं। उत्तरकालीन शरीरकी पूर्णता भी नहीं। तथा आहारादि वर्गणाके अभावमें भी सम्यग्दर्शनका सद्भाव रहता है। अतः आप इस बातकी रञ्चमात्र आकुलता न करें कि हमारा शरीर क्षीण होरहा है, क्योंकि शरीर पर द्रव्य है, उसके सम्बन्धसे जो कोई कार्य होनेवाला है वह हो अथवा न हो परन्तु जो वस्तु आत्माहीसे समन्वित है उसकी क्षति करनेवाला कोई नहीं उसकी रक्षा है सो संसार तट समीप ही है। विशेष बात यह है कि चरणानुयोगकी पद्धतिसे समाधिके अर्थ बाह्य संयोग अच्छे होना विषय है किन्तु परमार्थ दृष्टिसे निज प्रबलतम भद्रान ही कार्यकर है। आप जानते हैं कि कितने ही प्रबल ज्ञानियोंका समागम रहे किन्तु समाधिकर्ताको उनके उपदेश श्रवणकर विचार तो स्वयं ही करना पड़ेगा। जो मैं एक हूँ, रागादिक शून्य हूँ यह जो सामग्री देख रहा हूँ पर जन्य है, हेय है, उपादेय निज ही है। परमात्माके गुणगानसे परमात्मा द्वारा

परमात्मपद्की प्राप्ति नहो किन्तु परमात्मा द्वारा निर्दिष्ट पथ पर चलनेसे ही उस पद्का लाभ निश्चित है अतः सर्व प्रकारके झझटोंको छोड़कर अव तो केवल वीतराग निर्दिष्ट पथ पर ही आभ्यन्तर परिणामसे आरूढ़ हो जाओ। बाह्य त्यागकी वहीं तक मर्यादा है जहाँतक निज भावमें बाधा न पहुचे। अपने परिणामों के परिणमनको देखकर ही त्याग करना क्योंकि जैन सिद्धान्तमे सत्य पथ मूर्छा त्यागवालेके ही होता है अत जो जन्मभर मोक्ष-मार्गका अध्ययन किया उसके फलका समय है इसे सावधानतया उपयोगमें लाना। यदि कोई महानुभाव अन्तमे दिगम्बर पद्की सम्मति देवे तब अपनी आभ्यन्तर विचारधारासे कार्य लेना। वास्तवमें अन्तरङ्ग बुद्धिपूर्वक मूर्छा न हो तभी उस पद्के पात्र बनना। इसका भी खेद न करना कि हम शक्तिहीन होगये अन्यथा अच्छी तरहसे यह कार्य सम्पन्न करते। हीन शक्ति शरीरकी दुर्वलता है। आभ्यन्तर श्रद्धामें दुर्वलता न हो। अत निरन्तर यही भावना रखना।

'एगो मे सासदो आदा णासदंसणलक्खणो।
सेसा मे वाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा॥'

अर्थ—एक मेरा शाश्वत आत्मा ज्ञान-दर्शनलक्षणमयी है शेप जो बाहिरी भाव हैं वे मेरे नहीं हैं, सर्व सयोगी भाव हैं॥

अत जहाँ तक बने स्वय आप समाधान पूर्वक अन्यको समाधिका उपदेश करना कि समाधिस्थ आत्मा अनन्त शक्ति-शाली है तब यह कौनसा विशिष्ट कार्य है। वह तो उन शत्रुओंको चर्णकर देता है जो अनन्त ससारके कारण हैं।

जिनागमकी नौका पर चढ़ चलिये—

इस संसार समुद्रमें गोते खानेवाले जीवोंको केवल जिना-

गम ही नौका है। इसका जिन भव्य प्राणियोंने आश्रय लिया है वे अवश्य एक दिन पार होंगे। परन्तु क्या करें निरन्तर इसी चिन्तामें रहते है कि कब ऐसा शुभ समय आवे जो वास्तवमें हम इसके पात्र हों। अभी हम इसके पात्र नहीं हुए, अन्यथा तुच्छ-सी तुच्छ बातोंमें नाना कल्पनायें करते हुए दुःखी न होते।

रागादिकको दूर कीजिये—

हमारा और आपका मुख्य कर्तव्य रागादिकके दूर करनेका ही निरन्तर रहना चाहिये क्योंकि आगमज्ञान और श्रद्धाके बिना संयतत्व भावके मोक्षमार्गकी सिद्धि नहीं अतः सब प्रयत्नका यही सार होना चाहिये जो रागादिक भावोंका अस्तित्व आत्मामें न रहे। ज्ञान वस्तुका परिचय करा देता है अर्थात् अज्ञान निवृत्ति ज्ञानका फल है किन्तु ज्ञानका फल उपेक्षा नहीं उपेक्षा फल चारित्र का है। ज्ञानमें आरोपसे वह फल कहा जाता है। जन्मभर मोक्ष-मार्ग विषयक ज्ञान सम्पादन किया अब एकबार उपयोगमें लाकर उसका आस्वाद लो। आजकल चरणानुयोगका अभिप्राय लोगोंने पर वस्तुके त्याग और ग्रहणमें ही समझ रखा है सो नहीं। चरणानुयोगका मुख्य प्रयोजन तो स्वकीय रागादिकके मेटनेका है परन्तु वह पर वस्तुके सम्बन्धसे होते हैं अर्थात् पर वस्तु उसका नोकर्म होती है, अतः उसको त्याग करते हैं। सबसे ममत्व हटाने की चेष्टा करो यही पार होनेकी नौका है। जब परमें ममत्व भाव घटेगा तब स्वयमेव निराश्रय अहंबुद्धि घट जावेगी क्योंकि ममत्व और अहंकारका अविनाभावी सम्बन्ध है, एकके बिना अन्य नहीं रहता। सर्व त्याग कर दिया परन्तु कुछ भी शान्तिका अंश न पाया। उपवासादिक करके शान्ति न मिली, परकी निन्दा और आत्मप्रशंसासे भी आनन्दका अङ्कुर न उगा भोजनादिकी

प्रक्रियासे भी लेश शान्तिको न पाया। अत. यही निश्चय किया कि रागादिक गये बिना शान्तिकी उद्भूति नहीं अत सर्व व्यापार उसीके निवारणमें लगा देना ही शान्तिका उपाय है। वाग्जालके लिखनेसे कुछ भी सार नहीं।

वास्तवमें आत्माके शत्रु तो राग, द्वेष और मोह हैं। जो इसे निरन्तर इस दु खमय ससारमे भ्रमण करा रहे हैं। अत' आवश्यकता इसकी है कि जो राग द्वेषके आधीन न होकर स्वात्मोत्थ परमानन्दकी ओर ही हमारा प्रयत्न सतत रहना ही श्रेयस्कर है।

औदयिक रागादि होवें इसका कुछ भी रंज नहीं करना चाहिये। रागादिकोंका होना रुचिकर नहीं होना चाहिये। बड़े बड़े ज्ञानी जनोंके राग होता है। परन्तु उस रागमें रजकताके अभावसे आगे उसकी परिपाटी रोधका आत्माको अनायास अवसर मिल जाता है। इस प्रकार औदयिक रागादिकोंकी सन्तानका अपचय होते होते एक दिन समूलतलसे उसका अभाव हो जाता है और तब आत्मा स्वच्छ स्वरूप होकर इन ससारकी वासनाओ का पात्र नहीं होता। मैं आपको क्या लिखूं? यही मेरी सम्मति है—जो अब विशेष विकल्पोंको त्यागकर जिस उपायसे राग द्वेषका आशयमें अभाव हो वही आपका व मेरा कर्तव्य है, क्योंकि पर्यायका अवसान है। यद्यपि पर्यायका अवसान तो होगा ही किन्तु फिर भी सम्बोधनके लिये कहा जाता है तथा मूढ़ोंको वास्तविक पदार्थका परिचय न होनेसे बड़ा आश्चर्य मालूम पड़ता है।

विचारसे देखिये तब आश्चर्यको स्थान नहीं। भौतिक पदार्थोंकी परिणति देखकर बहुतसे जन क्षुब्ध हो जाते हैं। भला जब पदार्थ मात्र अनन्त शक्तियोंके पुज है तब क्या पुद्गलमे वह बात न हो, यह कहाँका न्याय है। आजकल विज्ञानके प्रभावको

देख लोगोंकी भद्रा पुद्गल द्रव्यमें ही आगत हो गई है। भला यह तो विचारिये, उसका उपयोग किसने किया ? जिसने किया उसको न मानना यही तो अज्ञभाव है।

बिना रागादिकके कार्मण वर्गणा क्या कर्मादि रूप परिणमनको समर्थ हो सकती है ? सब यों कहिये। अपनी अनन्त शक्तिके विकासका बाधक आपही मोहकर्म द्वारा हो रहे हैं। फिर भी हम ऐसे अन्धे हैं जो मोहकी ही महिमा आलाप रहे हैं। मोहमें वशवर्ती देनेवाली शक्तिमान वस्तुकी ओर दृष्टि प्रसार कर देखो तो धन्य उस अचिन्त्य प्रभाववाले पदार्थको कि जिसकी वक्र दृष्टिसे यह जगत् अनादिसे बन रहा है। और जहाँ उसने वक्र दृष्टिको संकोचकर एक समय मात्र सुदृष्टिका अवलम्बन किया कि इस संसारका अस्तित्व ही नहीं रहता। सो ही समयसारमें कहा है—

> कषायकलिरेकतः शान्तिरस्त्येकतो।
> भवोपहतिरेकतः स्पृशति मुक्तिरप्येकतः॥
> जगत्त्रितयमेकतः स्फुरति चिच्चकास्त्येकतः।
> स्वभावमहिमाऽऽत्मनो विजयतेऽद्भुतादद्भुतः॥

अर्थ—एक तरफसे कषाय कालिमा स्पर्श करती है और एक तरफसे शान्ति स्पर्श करती है। एक तरफ संसारका आघात है और एक तरफ मुक्ति है। एक तरफ तीनों लोक प्रकाशमान हैं और एक तरफ चेतन आत्मा प्रकाश कर रहा है। यह बड़े आश्चर्यकी बात है कि आत्माकी स्वभाव महिमा अद्भुतसे अद्भुत विजयको प्राप्त होती है। इत्यादि अनेक पद्यमय भावोंसे यही अन्तिम करन प्रतिभाका विषय होता है जो आत्म द्रव्य ही क

विचित्र महिमा है। चाहे नाना दु खाकीर्ण जगतमें नाना वेष धारणकर नटरूप बहुरूपिया बने और चाहे स्वनिर्मित सम्पूर्ण लीला-को सम्वरण करके गगनवत् पारमार्थिक निर्मल स्वभावको धारण कर निश्चल तिष्ठे। यही कारण है। "सर्वं वै खल्विदं ब्रह्म" अर्थात् यह सम्पूर्ण जगत् ब्रह्मस्वरूप है। इसमें कोई सन्देह नहीं, यदि वेदान्ती एकान्त दुराग्रहको छोड़ देवें तब जो कुछ कथन है अक्षरश सत्य भासमान होने लगे। एकान्तदृष्टि ही अन्धदृष्टि है। आप भी अल्प परिश्रमसे कुछ इस ओर आइये। भला यह जो पच स्थावर और त्रसका समुदाय जगत् दृश्य हो रहा है, क्या है ? क्या ब्रह्मका विकार नहीं ? अथवा स्वमतकी ओर कुछ दृष्टिका प्रसार कीजिये। तब निमित्त कथनकी मुख्यतासे ये जो रागादिक परिणाम हो रहे हैं, क्या उन्हे पौद्गलिक नहीं कहा है ? अथवा इन्हें छोड़िये। जहाँ अवधिज्ञानका विषय निरूपण किया है, वहाँ क्षयोपशम भावको भी अवधिज्ञानका विषय कहा है। अर्थात्-पुद्गल द्रव्यके सम्वन्धसे जायमान होनेसे क्षायोपशिक भाव भी कथञ्चित् रूपी है। केवलज्ञान भाव अवधिज्ञानका विषय नहीं, क्योंकि उसमें रूपी द्रव्यका सम्बन्ध नहीं। अतएव यह सिद्ध हुआ औदयिक भाववत् क्षायोपशमिक भाव भी कथञ्चित् पुद्गलके सम्बधसे जायमान होनेसे मूर्तिमान है न कि रूप-रसादिमत्ता इनमें है। तद्वत् अशुद्धताके सम्बन्धसे जायमान होनेसे यह भौतिक जगत भी कथञ्चित् ब्रह्मका विकार है। कथञ्चित्का यह अर्थ है कि जीवके रागादिक भावोंके ही निमित्तको पाकर पुद्गल द्रव्य एकेन्द्रियादि रूप परिणमनको प्राप्त है। अत यह जो मनुष्यादि पर्याय हैं वे दो असमान जातीय द्रव्यके सम्बन्धसे निष्पन्न हैं। न केवल जीवकी है और न केवल पुद्गलकी है। किन्तु जीव और पुद्गलके सम्बन्धसे जायमान हैं। तथा यह जो रागादि परिणाम हैं

सो न तो केवल जीवके ही हैं और न केवल पुद्गलके हैं किन्तु उपादानकी अपेक्षा तो जीवके हैं और निमित्त कारणकी अपेक्षा पुद्गलके हैं। और द्रव्य दृष्टिकर दखें तो न पुद्गलके हैं और न जीवके हैं, शुद्ध द्रव्यके कथनमें पर्यायकी मुख्यता नहीं रहती। अतः यह गौण हाजाते है। जैसे पुत्र पर्याय स्त्री पुरुष दोनोंके द्वारा सम्पन्न होती है। अस्तु इससे यह निष्कर्ष निकला यह जो पर्याय है, वह केवल जीवकी नहीं किन्तु पौद्गलिक मोहके उदयसे आत्माके चारित्र गुणमें विकार होता है, अतः हमें यह न समझना चाहिये कि हमारी इसमें क्या क्षति है? क्षति तो यह हुई जो आत्माकी वास्तविक परिणति थी वह विकृत भावको प्राप्त हो गई। यही तो क्षति है। परमार्थसे प्रतिका यह आशय है कि आत्मामें रागादिक दोष हो जाते हैं वह न होवें। तब जो उन दोषोंके निमित्तसे यह जीव किसी पदार्थमें अनुकूलता और किसीमें प्रतिकूलताकी कल्पना करता था और उनके परिणमन द्वारा हर्ष विषादकर वास्तविक निराकुलता (सुख) के अभावमें आकुलित रहता था। शान्तिके आस्वादकी कणिकाको भी नहीं पाता था। अब उन रागादिक दोषोंके असद्भावमें आत्मगुण चारित्रकी स्थिति अकम्प और निर्मल हो जाती है। उसके निर्मल निमित्तको अवलम्बनकर आत्माका चेतना नामक गुण है वह स्वयमेव दृश्य और ज्ञेय पदार्थोंको तद्रूप हो दृष्टा और ज्ञाता शक्तिशाली होकर आगामी अनन्त काल स्वाभाविक परिणमनशाली आकाशादिवत् अकम्प रहता है। इसीका नाम भाव मुक्ति है। अब आत्मामें मोह निमित्तक जो कलुषता थी वह सर्वथा निर्मूल हो गई किन्तु अभी जो योग निमित्तक परिस्पन्दन है वह प्रदेश प्रकम्पनको करता ही रहता है। तथा तन्निमित्तक ईर्यापथास्रव भी साता वेदनीयका हुआ करता है। यद्यपि इससे आत्माके स्वाभाविक

भावकी क्षति नहीं। फिर भी निरपवर्त्य आयुके सद्भावमे यावत् आयुके निषेक है तावत् भव स्थितिको मेटनेको कोई भी क्षम नहीं। तब अन्तर्मुहूर्त आयुका अवसान रहता है। तथा शेष जो नामादिक कर्मकी स्थिति अधिक रहती है, उस कालमे तृतीय शुक्लध्यानके प्रसादसे दण्डकपाटादि द्वारा शेष कर्मोंकी स्थितिको आयु समकर चतुर्दश गुणस्थानका आरोहणकर अयोग नामको प्राप्त करता हुआ लघु पञ्चाक्षरके उच्चारणके काल समगुणस्थानका काल पूर्णकर चतुर्थ ध्यानके प्रसादसे शेष प्रकृतियोंका नाशकर परम यथाख्यात चारित्रका लाभ करता हुआ, एक समयमे द्रव्य मुक्ति व्यपदेशताको लाभकर, मुक्ति साम्राज्य लक्ष्मीका भोक्ता होता हुआ लोक शिखरमे विराजमान होकर तीर्थङ्कर प्रभुके ज्ञानका विषय होकर हमारे कल्याणमे सहायक होता है।

परपदार्थसे मूर्च्छा छोड़िये—

श्रेयोमार्गकी सन्निकटता जहाँ जहाँ होती है वह वस्तु पूज्य है, अत हम और आपको बाह्य वस्तुजातमे मूर्छाकी कृशता कर आत्मतत्त्वका उत्कर्ष करना चाहिये। ग्रन्थाभ्यासका प्रयोजन केवल ज्ञानार्जन तक ही नहीं है, साथहीमें पर पदार्थोंसे उपेक्षा होनी चाहिये। आगमज्ञानकी प्राप्ति और है किन्तु उसकी उपयोगिताका फल और है। मिश्रीकी प्राप्ति और स्वादमें महान् अन्तर है। यदि स्वादका अनुभव न हुआ तब मिश्री पदार्थका मिलना केवल अन्धेकी लालटेनके सदृश है, अत अब यावान् पुरुषार्थ है वह इसीमें कटिबद्ध होकर लगा देना ही श्रेयस्कर है। जो आगम ज्ञानके साथ २ उपेक्षा रूप स्वादका लाभ हो जावे।

विषाद इस बातका है जो वास्तविक आत्मतत्त्वका घातक है

उसकी उपक्षीणता नहीं होती। उसके अर्थ निरन्तर प्रयास है। बाह्य पदार्थका छोड़ना कोई कठिन नहीं। किन्तु यह नियम नहीं कि अध्यवसानके कारण छूटकर भी अध्यवसानकी उत्पत्ति अन्तस्तलमें नहीं होगी। उस वासनाके विरुद्ध शस्त्र चलाकर उसका निपात करना यद्यपि उपाय निर्दिष्ट किया है, परन्तु फिर भी वह क्या है? केवल शब्दोंकी सुन्दरताका छोड़कर गम्य नहीं। दृष्टान्त तो स्पष्ट है, अग्नि-जन्य उष्णता जो असम है उसकी भिन्नता तो दृष्टि विषय है। यहाँ तो क्रोधसे जो क्षमाकी अप्रादुर्भूति है वह यावत् क्रोध न जावे तब तक कैसे व्यक्त हो। ऊपरसे क्रोध न करना क्षमाका साधक नहीं। अन्तरंगमें वह न रहे यही तो कठिन बात है। रहा उपाय तत्त्वज्ञान सो तो हम आप सब जानते ही हैं किन्तु फिर भी कुछ गूढ़ रहस्य है जो महानुभावोंके समागमकी अपेक्षा रखता है, यदि यह न मिले तब आत्मा ही आत्मा है, उसकी सेवा करना ही उत्तम है। उसकी सेवा क्या है 'ज्ञाता दृष्टा' और जो कुछ अतिरिक्त है यह विकृत जानना।

परतन्त्रताके बन्धन तोड़िये—

वचन चतुरतासे किसीको मोहित कर लेना पाण्डित्यका परिचायक नहीं। श्रीकुन्दकुन्दाचार्यने कहा है—

'किं काहदि वणवासो कायकिलेसो विचित्तउववासो।
अज्झयणमौणपहुदी समदारहियस्स समणस्स॥'

अर्थ—समताके बिना वननिवास और कायक्लेश तथा नाना उपवास तथा अध्ययन मौन आदि कोई उपयोगी नहीं। अतः इन बाह्य साधनाका मोह व्यर्थ ही है। दानता और स्वकार्यमें

अतत्परता ही मोक्षमार्गका घातक है। जहाँ तक हो इस पराधीनताके भावोंका उच्छेद करना ही हमारा ध्येय होना चाहिये। हा आत्मन्! तूने यह मानव पर्यायको पाकर भी निजतत्त्वकी ओर लक्ष्य नहीं दिया। केवल इन बाह्य पञ्चेन्द्रिय विषयोंकी प्रवृत्तिमें ही सन्तोष मानकर अपने स्वरूपका अपहरण करके भी लज्जित न हुआ।

तद्विषयक अभिलाषाकी अनुत्पत्ति ही चारित्र है। मोक्षमार्गमें संवर तत्त्व ही मुख्य है। निर्जरा तत्त्वकी महिमा इसके बिना स्याद्वादशून्य आगम अथवा जीवनशून्य शरीर अथवा नेत्रहीन मुखकी तरह है। अतः जिन जीवोंको मोक्ष रुचता है उनका यही मुख्य ध्येय होना चाहिये कि जो अभिलाषाओंके उत्पादक चरणानुयोगोंकी पद्धति प्रतिपादित साधनोंकी ओर लक्ष्य स्थिर कर निरन्तर स्वात्मोत्थ सुखामृतके अभिलाषी होकर रागादि शत्रुओंकी प्रबल सेनाका विध्वंस करनेमें भगीरथ प्रयत्न कर जन्म सार्थक किया जावे किन्तु व्यर्थ न जावे इसमें यत्नपर होना चाहिये। कहाँ तक प्रयत्न करना उचित है? जहाँ तक पूर्ण ज्ञानकी प्राप्ति न हो।

'भावयेद् भेदविज्ञानमिदमच्छिन्नधारया।
यावत्तावत्पराच्च्युत्वा ज्ञानं ज्ञाने प्रतिष्ठितम्॥'

अर्थ—यह भेद विज्ञान अखण्डधारासे भावो जब तक कि पर द्रव्यसे रहित होकर ज्ञान ज्ञानमें (अपने स्वरूपमें) न ठहर जाय। क्योंकि सिद्धिका मूलमन्त्र भेद विज्ञान ही है। वही श्री आत्मतत्त्वरसास्वादी अमृतचन्द्र सूरिने कहा है—

'भेदविज्ञानतः सिद्धाः सिद्धा ये किल केचन।
तस्यैवाभावतो बद्धा बद्धा ये किल केचन॥'

अर्थ—जो कोई भी सिद्ध हुए हैं वे भेद विज्ञानसे ही सिद्ध हुए हैं और जो कोई बंधे हैं वे भेद विज्ञानके न होनेसे ही बन्धको प्राप्त हुए हैं।

रामवाण औषधिका सेवन कीजिये—

अत अब इन परनिमित्तक मयोमार्गकी प्राप्तिके प्रयत्नमय समयका उपयोग न करके स्वावलम्बनकी ओर दृष्टि ही इस जर्जरावस्थामें महती उपयोगिनी रामवाण तुल्य अचूक औषधि है। तदुक्तम्—

> 'इतो न किञ्चित् परतो न किञ्चित्,
> यतो यतो यामि ततो न किञ्चित्।
> विचार्य पश्यामि जगन्न किञ्चित्,
> स्वात्मावबोधादधिकं न किञ्चित्॥'

अर्थ—इस तरफ कुछ नहीं है और दूसरी तरफ भी कुछ नहीं है तथा जहाँ जहाँ मैं जाता हूँ वहाँ वहाँ भी कुछ नहीं है। विचार करके देखता हूँ तो यह ससार भी कुछ नही है। स्वकीय आत्मज्ञानसे बढ़कर कोई नहीं है।

इसका भाव विचार स्वावलम्बनका शरण ही संसार बन्धनके मोचनका मुख्य उपाय है। मेरी तो यह श्रद्धा है जो संवर ही सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रका मूल है।

मिथ्यात्वकी अनुत्पत्तिका नाम ही तो सम्यग्दर्शन है। और अज्ञानकी अनुत्पत्तिका नाम सम्यग्ज्ञान तथा रागादिककी अनुत्पत्ति यथाख्यात चारित्र और योगानुत्पत्ति ही परम यथाख्यात चारित्र है। अत संवर ही दर्शनज्ञानचारित्राराधनाके व्यपदेशको

प्राप्त करता है तथा इसीका नाम तप है, क्योंकि इच्छानिरोधका नाम ही तप है।

मेरा तो दृढ़ विश्वास है कि इच्छाका न होना ही तप है। अत तप आराधना भी यही है। इस प्रकार संवर ही चार आराधना है, अत जहाँ परसे श्रेयोमार्गकी आकाक्षाका त्याग है वहाँ श्रेयोमार्ग है।

प्रभु बननेका पुरुषार्थ कीजिये—

हमें आवश्यकता इस बातकी है कि प्रभुके उपदेशके अनुकूल प्रभुकी पूर्वावस्थावत् आचरण द्वारा प्रभु इव प्रभुताके पात्र हो जावे। यद्यपि अध्यवसानभाव परनिमित्तक हैं। यथा—

'न जातु रागादिनिमित्तभावमात्मात्मनो याति यथार्ककान्तः
तस्मिन् निमित्तं परसंग एव वस्तुस्वभावोऽयमुदेति तावत्॥'

अर्थ—आत्मा, आत्मा सम्बन्धी रागादिककी उत्पत्तिमे स्वय कदाचित् निमित्तताको प्राप्त नहीं होता है। अर्थात् आत्मा स्वकीय रागादिकके उत्पन्न होनेमे अपने आप निमित्त कारण नहीं है किन्तु उनके होनेमें पर वस्तु ही निमित्त है। जैसे अर्ककान्त मणि स्वय अग्निरूप नही परणमता है किन्तु सूर्य किरण उस परिणमनमें कारण है। तथापि परमार्थ तत्त्वकी गवेपणामें वे निमित्त क्या वलात्कार अध्यवसान भावके उत्पादक हो जाते हैं? नहीं, किन्तु हम स्वय अध्यवसान द्वारा उन्हें विषय करते हैं। जव ऐसी वस्तु मर्यादा है तव पुरुषार्थ कर उस ससार जनक भावोंके नाशका उद्यम करना ही हम लोगोंको इष्ट होना चाहिये। चरणानुयोगकी पद्धतिमे निमित्तकी मुख्यतासे व्याख्यान होता है। और अध्यात्म शास्त्रमें पुरुपार्थकी मुख्यता और उपादानकी

मुख्यतासे व्याख्यान पढ़ाते हैं। और प्राय हमें इसी परिपाटीका अनुसरण करना ही विशेष फलप्रद होगा। शरीरकी क्षीणता यद्यपि तत्त्वज्ञानमें बाह्य दृष्टिसे कुछ बाधक है तथापि सम्यग्ज्ञानियोंकी प्रवृत्तिमें उतना बाधक नहीं हो सकती। यदि वेदनाकी अनुभूतिमें विपरीतताकी कणिका न हो तब मेरी समझमें हमारी ज्ञान चेतनाकी कोई क्षति नहीं है।

कहने और लिखने और वाक् चातुर्यमें मोक्ष मार्ग नहीं। मोक्षमार्गका अंकुर तो अन्तःकरणसे निज पदार्थमें ही उदय होता है। उसे यह परजन्य मन वचन काय क्या जानें। यह तो पुद्गल द्रव्यके विलास हैं। यहाँ पर उन पुद्गलकी पर्यायोंने ही नाना प्रकारके नाटक दिखाकर उस ज्ञाता दृष्टाको इस संसार चक्रका पात्र बना रक्खा है। अतः अब दीपसे तमोराशिको भेद कर और चन्द्रसे परपदार्थ जन्य आतपको शमन कर सुधा समुद्रमें अवगाहन कर वास्तविक सच्चिदानन्द होनेकी योग्यताके पात्र बनिये। वह पात्रता आपमें है। केवल साहस करनेका विलम्ब है। अब इस अनादि संसार जननी कायरताको दग्ध करनेसे ही कार्य सिद्धि होगी। निरन्तर चिन्ता करनेसे क्या लाभ? लाभ तो आभ्यन्तर विशुद्धिसे है। विशुद्धिका प्रयोजन भेदज्ञान है।

शास्त्र-स्वाध्याय कीजिये—

भेदज्ञानका कारण निरन्तर अध्यात्म ग्रन्थोंकी चिन्तना है। अतः इस दशामें ग्रन्थाध्ययन उपयोगी होगा। उपयोग सरल रीतिसे इसमें संलग्न हो जाता है। उपक्षीण कायमें विशेष परिश्रम करना स्वास्थ्यका बाधक होता है, अतः आप सानन्द निराकुलता पूर्वक धर्मध्यानमें अपना समय यापन कीजिये। शरीरकी दशा

तो अब क्षीण सन्मुख हो रही है। जो दशा आपकी है वही प्राय. सबकी है। परन्तु कोई भीतरसे दु खी है तो कोई बाह्यसे दु खी है। आपको शारीरिक व्याधि है जो वास्तवमे अघाति कर्म असाताकर्मजन्य है वह आत्मगुण घातक नहीं। आभ्यन्तर व्याधि मोहजन्य होती है। जो कि आत्मगुण घातक है।

स्वाध्याय करिये। और विशेष त्यागके विकल्पमें न पड़िये। केवल क्षमादिक परिणामोंके द्वारा ही वास्तविक आत्माका हित होता है। काय कोई वस्तु नहीं। वह आप ही स्वय कृश हो रही है। उसका क्या विकल्प। भोजन स्वयमेव न्यून हो गया है। जो कारण बाधक है उसे आप बुद्धि पूर्वक स्वय त्याग रहे हैं। मेरी तो यही भावना है—"प्रभु पार्श्वनाथ स्वरूप परमात्माके ध्यानसे आपकी आत्माको इस बन्धनके तोड़नेमें अपूर्व सामर्थ्य मिले।"

कल्याणके मूल मन्त्रको मत भूलिये—

स्वतन्त्र भाव ही आत्म कल्याणका मूल मन्त्र है। क्योंकि आत्मा वास्तविक दृष्टिसे तो सदा शुद्ध ज्ञानानन्द स्वभाववाला है। कर्म कलङ्कसे ही मलीन हो रहा है। सो इसके पृथक् करनेकी जो विधि है उस पर आप आरूढ़ हैं। बाह्य क्रियाकी त्रुटि आत्म-परिणामकी बाधक नहीं और न मानना ही चाहिये। सम्यग्दृष्टि जो निन्दा तथा गर्हा करता है, वह अशुद्धोपयोगकी है न कि मन, वचन, कायके व्यापारकी।

देहकी दशा जैसी शास्त्रोमे प्रतिपादित है तदनुरूप ही है, परन्तु इसमें हमारा क्या घात हुआ ? यह हमारी बुद्धिगोचर नहीं हुआ। घटके घातसे दीपकका घात नहीं होता। पदार्थका परिचायक ज्ञान है। अत. ज्ञानमें ऐसी अवस्था शरीरकी प्रतिभासित होती है एतावत् क्या ज्ञान तद्रूप हो गया।

'पूर्णैकाच्युतशुद्धबोधमहिमा बोद्धा न बोध्यादयम् ।
यायात्कामपि विक्रियां तत इतो दीपः प्रकाश्यादपि ॥
तद्वस्तुस्थितिबोधवन्ध्यधिषणा एते किमज्ञानिनो ।
रागद्वेषमयी भवन्ति सहजां मुञ्चत्युदासीनताम् ॥'

अर्थ—पूर्ण अद्वितीय नहीं च्युत है शुद्ध बोधकी महिमा जिसकी ऐसा जो बोद्धा है वह कभी भी बोध्य पदार्थके निमित्तसे प्रकाश्य (घटादि पदार्थसे प्रदीपकी तरह किसी भी प्रकारकी विक्रियाको नहीं प्राप्त होता है। इस मर्यादा विषयक बोधसे जिसकी बुद्धि वन्ध्या है वे अज्ञानी हैं। वे ही रागद्वेषादिकके पात्र होते हैं और स्वाभाविक जो उदासीनता है उसे त्याग देते हैं। आप विज्ञ हैं, कभी भी इस असत्य भावको आलम्बन न दें।

मृत्युसे मत डरिये—

अनेकानेक मर चुके तथा मरते हैं और मरेंगे। इससे क्या आया। एक दिन हमारी भी पर्याय चली जावेगी। इसमें कौन सी आश्चर्यकी घटना है। इसको तो आपसे विज्ञ पुरुषोंको विचार कोटिसे पृथक् रखना ही श्रेयस्कर है।

वेदनासे भयभीत मत होइये—

जो वेदना असाताके उदय आदि कारण कूट होने पर उत्पन्न हुई और हमारे ज्ञानमें आयी वह क्या वस्तु है? परमार्थसे विचारा जाय तो यह एक तरहसे सुख गुणमें विकृति हुई वह हमारे ध्यानमें आयी। उसे हम नहीं चाहते। इसमें कौन-सी विपरीतता हुई? विपरीतता तो तब होती है जब हम उसे निज मान लेवें। विभावज परिणतिको पृथक् करना असमञ्जस नहीं

अप्रशस्तता तो यदि हम उसीका निरन्तर चिन्तवन करते रहे और निजत्वको विस्मरण हो जावे तब है।

अत जितनी भी अनिष्ट सामग्री मिले, मिलने दो। उसके प्रति आदर भावसे व्यवहार कर ऋण मोचन पुरुपकी तरह आनन्दसे साधुकी तरह प्रवृत्ति करना चाहिये। निदानको छोड कर आर्तत्रय पष्ठ गुणस्थान तक होते हैं। थोडे समय तक अर्जित कर्म आया, फल देकर चला गया। अच्छा हुआ, आकर हलका कर गया। रोगका निकलना ही अच्छा है। मेरी सम्मतिमे निकलना रहनेकी अपेक्षा प्रशस्त है। इसी प्रकार आपकी असाता यदि शरीरकी जीर्ण शीर्ण अवस्था द्वारा निकल रही है तव आपको वहुत ही आनन्द मानना चाहिये। अन्यथा यदि वह अभी न निकलती तव क्या स्वर्गमे निकलती ? मेरी दृष्टिमे केवल असाता ही नहीं निकल रही, साथ ही मोहकी अरति आदि प्रकृतियाँ भी निकल रही हैं। क्योंकि आप इस असाताको सुख पूर्वक भोग रहे हैं। शान्ति पूर्व कर्मोंके रसको भोगना आगामी दु.खकर नहीं।

जितने लिखनेवाले और कथन करनेवाले तथा कथन कर वाह्य चरणानुयोगके अनुकूल प्रवृत्ति करनेवाले तथा आर्ष वाक्यो पर श्रद्धालु व्यक्ति हुए हैं, अथवा हैं तथा होंगे, क्या सर्व ही मोक्षमार्गी हैं ? मेरी तो श्रद्धा नहीं। अन्यथा श्री कुन्दकुन्द स्वामीने लिखा है। हे प्रभो! **'हमारे शत्रुको भी द्रव्यलिंग न हो'** इस वाक्यकी चरितार्थता न होती तो काहेको लिखते। अत. परकी प्रवृत्ति देख रञ्चमात्र भी विकल्पको आश्रय न देना ही हमारे लिये हितकर है। आपके ऊपर कुछ भी आपत्ति नहीं, जो आत्महित करनेवाले हैं वह शिर पर आग लगाने पर तथा सर्वाङ्ग अग्निमय आभूषण धारण कराने पर तथा यन्त्रादि द्वारा उपद्रित

होनेपर मोक्षलक्ष्मीके पात्र होते हैं। मुझे तो आपकी असाता और श्रद्धा दोनोंका साथ देख कर इतनी प्रसन्नता होती है कि हे प्रभो! यह अवसर सबको दे। आपकी केवल श्रद्धा ही नहीं किन्तु आचरण भी अन्यथा नहीं। क्या मुनिको जब तीव्र व्याधिका उदय होता है, तब बाह्य चरणानुयोग आचरणके असद्भावमें क्या उनके छठवां गुणस्थान चला जाता है? यदि ऐसा है तब उसे समाधिमरणके समय हे मुने! इत्यादि सम्बोधन करके जो उपदेश दिया है यह किस प्रकार सगत होगा। पीड़ा आदिमें चित्त चंचल रहता है इसका क्या यह आशय है कि पीड़ाका बारम्बार स्मरण हो जाता है। हां आत्मा स्मरण ज्ञान है और जिसकी धारणा होती है उसका बाह्य निमित्त मिलने पर स्मरण होना अनिवार्य है। किन्तु साथमें यह भाव तो रहता है कि यह चंचलता सम्यक् नहीं। परन्तु मेरी समझमें इस पर भी गम्भीर दृष्टि दीजिये। चंचलता तो कुछ बाधक नहीं। साथमें उसके अरतिका उदय और असाताकी उदीरणासे दुःखानुभव हो जाता है। उसे पृथक् करनेकी भावना रहती है। इसीसे इसको महर्षियोंने आर्तध्यानकी कोटिमें गणना की है। क्या इस भावके होनेसे पंचम गुणस्थान मिट जाता है? यदि इस ध्यानके होने पर देशव्रतके विरुद्ध भावका उदय मध्यमें न हो तब मुझे तो दृढ़तम विश्वास है कि गुणस्थानकी कोई भी क्षति नहीं। तरतमता ही होती है वह भी उसी गुणस्थानमें। ये विचारे जिन्होंने कुछ नहीं जाना कहाँ जावेंगे क्या करें इत्यादि विकल्पोंके पात्र होते हैं—कहीं आत्मा इसे इसकी मीमांसासे क्या लाभ? इस विचारे इस भावसे कहाँ जावेंगे इस पर ही विचार करना चाहिये।

आपका सच्चिदानन्द जैसा आपकी निर्मल दृष्टिने निर्णीत किया है द्रव्यदृष्टिसे वैसा ही है। परन्तु द्रव्य तो भोग्य नहीं

भोग्य तो पर्याय है, अत. उसके तात्त्विक स्वरूपके जो बाधक हैं उन्हें पृथक् करनेकी चेष्टा करना ही हमारा पुरुषार्थ है।

चोरकी सजा देखकर साधुको भय होना मेरे ज्ञानमे नहीं आता। अत' मिथ्यात्वादि क्रिया सयुक्त प्राणियोंका पतन देख हमे भय होनेकी कोई भी बात नहीं। हमारे तो जब सम्यक् रत्नत्रयकी तलवार हाथमे आगई है और वह यद्यपि वर्तमानमे मौथरी धारवाली हैं परन्तु है तो असि। कर्मेन्धनको धीरे धीरे छेदेगी, परन्तु छेदेगी ही। वडे आनन्दसे जीवनोत्सर्ग करना। अशमात्र भी आकुलता श्रद्धामे न लाना। प्रभुने अच्छा ही देखा है। अन्यथा उसके मार्ग पर हम लोग न आते। समाधिमरणके योग्य द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव क्या पर निमित्त ही हैं? नहीं।

जहाँ अपने परिणामोमे शान्ति आई वही सभी सामग्री है। उपद्रवहारिणी कल्याण पथानुसारिणी जो आपकी दृढ़ श्रद्धा है वही कर्मशत्रुवाहिनी को जयनशीला तीक्ष्ण असिधारा है। उसे सभालिये समाधिमरण की महिमा अपने ही द्वारा होती है।

सत्य दान दीजिये—

मरण समय लोग दान करते हैं। वह दान तो ठीक ही है परन्तु सत्य दान तो लोभका त्याग है और उसको मैं चारित्र का अश मानता हूँ। मूर्छाकी निवृत्ति ही चारित्र है। हमको द्रव्य त्यागमे पुण्यबन्धकी ओर दृष्टि न देनी चाहिये किन्तु इस द्रव्यसे ममत्वनिवृत्ति द्वारा शुद्धोपयोगका वर्धक दान समझना चाहिये। वास्तविक तत्त्व ही निवृत्तिरूप है। जहाँ उभय पदार्थ-का बध है वही ससार है। और जहाँ दोनो वस्तु स्वकीय २ गुणपर्यायोमें परिणमन करते हैं वही निवृत्ति है यही सिद्धात है। कहा भी है—

'सिद्धांतोऽयमुदात्तचित्तचरितैर्मोक्षार्थिभिः सेव्यतां ।
शुद्ध चिन्मयमेकमेव परमज्योतिस्सदैवास्म्यहम् ॥
एते ये तु समुल्लसन्ति विविधा भावाः पृथग्लक्षणा-
स्तेऽहं नास्मि यतोऽत्र ते मम परद्रव्यं समग्रा अपि ॥'

अर्थ—यह सिद्धान्त उदारचित्त और उदार चरित्रवाले मोक्षार्थियोंको सेवन करना चाहिये कि मैं एक ही शुद्ध (कर्म रहित) चैतन्य स्वरूप परम ज्योतिवाला सदैव हूँ। तथा ये जो भिन्न लक्षणवाले नाना प्रकारके भाव प्रगट होते हैं, वे मैं नहीं हूँ क्योंकि वे सपूर्ण परद्रव्य हैं।

इस श्लोकका भाव इतना सुन्दर और रुचिकर है जो इसके मनन करते ही संसारका आताप कहाँ जाता है पता नहीं लगता। सल्लेखनाके ऊपर ही दृष्टि दीजिये—

आपके स्वास्थ्यमें आभ्यंतर तो क्षति है नहीं जो है सो बाह्य है। उसे आप प्रायः वेदन नहीं करते यही सराहनीय है। धन्य है आपको—जो इस रुग्णावस्थामें भी सावधान हैं। होना ही श्रेयस्कर है। शरीरकी अवस्था अपस्मार वेगवत् वर्धमान हीयमान होनेसे अध्रुव और शीतदाह ज्वरावेश द्वारा अनित्य है। ज्ञानी जनको ऐसा मानना ही मोक्षमार्गका साधक है। कब ऐसा समय आवेगा जो इसमें वेदनाका अवसर ही न आवे। आशा है एक दिन आवेगा। जब आप निरपेक्ष वृत्तिके पात्र होवेंगे। अब अन्य कार्योंसे गौण भाव धारणकर सल्लेखनाके ऊपर ही दृष्टि दीजिये।

अब यह जो शरीर पर है शायद इससे अल्प ही कालमें आपकी पवित्र भावनापूर्ण आत्माका सम्बन्ध छूटकर वैक्रियक शरीरसे सबंध हो जावे। मुझे यह दृढ़ श्रद्धान है कि आपकी

असावधानी शरीरमें होगी न कि आत्मचिंतवनमें। असातोदयमें यद्यपि मोहके सद्भावसे विकलताकी सम्भावना है। तथापि आंशिक भी प्रबल मोहके अभावमें वह आत्मचिंतनका बाधक नहीं हो सकती। मेरी तो दृढ़ श्रद्धा है कि आप अवश्य इसी पथ पर होंगे। और अन्ततक दृढ़तम परिणामों द्वारा इन क्षुद्र बाधा-ओंकी ओर ध्यान भी न देंगे। यही अवसर संसार लतिकाके घातका है।

देखिये जिस असातादि कर्मोंकी उदीरणाके अर्थ महर्षी लोग उग्रोग्रतप धारण करते करते शरीरको इतना कृश बना देते है, जो पूर्व लावण्यका अनुमान भी नहीं होता। परन्तु आत्म दिव्य शक्तिसे भूपित ही रहते हैं। आपका धन्य भाग्य है जो बिना ही निर्ग्रंथपद धारण किये कर्मोंका ऐसा लाघव हो रहा है जो स्वयमेव उदयमें आकर पृथक् हो रहे हैं।

आपके ऊपरसे भार पृथक् हो रहा है फिर आपके सुखकी अनुभूति तो आप ही जानें। शांतिका मूल कारण न साता है और न असाता, किन्तु साम्यभाव है। जो कि इस समय आपके हो रहे हैं। अब केवल स्वात्मानुभव ही रसायन परमौपधि है। कोई कोई तो क्रम क्रमसे अन्नादिका त्याग कर समाधिमरण-का यत्न करते हैं। आपके पुण्योदयसे स्वयमेव वह छूट गया। वही न छूटा साथ साथ असातोदय द्वारा दुःखजनक सामग्रीका भी अभाव हो रहा है।

अतः हे भाई! आप रंचमात्र क्लेश न करना, वस्तु पूर्व अर्जित है। यदि वह रस देकर स्वयमेव आत्माको लघु बना देती है तो इससे विशेष और आनन्दका क्या अवसर होगा?

(पूज्य बाबा भागीरथजी वर्णी, दीपचन्द्रजी वर्णी और ब्र० मौजीलालजी सागरको लिखे गये पत्रों से)

वर्णी प्रवचन

एक

ज्ञानार्णव—

ज्ञानार्णवके रचयिता शुभचन्द्राचार्यने प्रारम्भमें परमात्माको नमस्कार किया है। कहते हैं कि ज्ञानकी जो लक्ष्मी है उसके साथ आत्माका तादात्म्य सर्वथ है और आत्मा निराकुल ज्ञानमय प्रवृत्ति करता है। अनंत सुखके धारी परमात्माको नमस्कार है।

यह जीव विषय सेवन आदिमें आनन्दकी प्रतिच्छाया देखता है इसलिये उन्हें प्राप्त करनेका प्रयास करता है। ज्ञानकी प्राप्ति अज्ञानसे उत्पन्न दुखकी निवृत्तिके लिये है। महाव्रतका आचरण भी आनंदके लिये है। यदि आनंद प्राप्त करना चाहते हो तो दुखको दूर करनेका उपाय उसके मुख्य कारण राग और द्वेषको दूर करना है और इनका मूल कारण मोह है। उसे मिटानेसे आप ही आप सुख प्राप्त हो जाता है।

मोहरूपी अग्निको नाश करनेकी यदि इच्छा है तो साम्यभावका अवलम्बन करो। यदि संयम धारण करना चाहते हो तो मोहका त्याग कर दो आप ही आप संयम हो जायेगा। यदि संसारके दुखोंसे छूटने या मुक्ति पानेकी प्रबल इच्छा है तो पाँच इन्द्रियोंके विषयोंको जो विषके समान हैं उन्हें छोड़ो। राग रूपी वृक्षोंका जो बगीचा है उसे यदि छेदना चाहते हो तो साम्यभावका अवलम्बन करो। साम्यभावमें न राग होता है न द्वेष। सब पदार्थोंको समान मानो। धनी गरीब आदमीकी अपेक्षा मत करो। जैसे भिक्षाको निकले हुए मुनि गरीब व धनीके घर

की अपेक्षा नही करते इसी प्रकार साम्यभाववाला प्राणी न राग करता है और न द्वेष ही। राग द्वेषका अभाव ही साम्यभाव है।

भाव दो प्रकारके होते हैं (१) चैतन्य (जीव) (२) अचैतन्य (जड़)। वैसे तो पदार्थ एक ही रूप हैं पर हमने उसके दो टुकड़े कर दिये हैं। जो हमारे विचारोंके रुचिके अनुकूल पदार्थ हुए उन्हे हम इष्ट पदार्थ कहने लगते है और इसके प्रतिकूल पदार्थोंको अनिष्टके नामसे पुकारते हैं। वैसे तो पदार्थ न तो इष्ट है और अनिष्ट।

एक कथानक है कि एक गाँवमें दो भाई रहते थे। उनमें बड़ा घनिष्ट प्रेम था। वे एक दूसरेको अत्यन्त प्रेम करते थे। उनके एक एक लड़का था। एक दिन एक भाई बाजारसे दो सतरे लाया। एक बड़ा था और एक कुछ छोटा। जब वह घर आ रहा था तो रास्तेमें दोनों लडके मिले। दाहिनी तरफ उसका लड़का और बायीं तरफ भाईका लडका था परन्तु अपने लड़केकी तरफ वाले हाथमे छोटा सतरा था इसलिये उसने पलट करके बड़ा सतरा अपने लड़केको और छोटा सतरा भाईके लड़केको दिया। यह दृश्य उसका भाई देख रहा था। उसने आकर कहा—कि अब हमारा तुम्हारा नहीं चल सकता, तुम अलग रहने लगो।

इसके कहनेका यह मतलब है कि यदि उसके साम्यभाव होता तो यह नौबत न आती।

मुक्तिका स्वयवर हो रहा है। यदि तुम उसे वरण करना चाहते हो तो भवका दुख देनेवाले जो राग द्वेप हैं उन्हें साम्यभावसे छोड़कर स्वयवरमें चले आवो।

अगर परमात्माके स्वरूपको देखना चाहते हो तो समवशरण, तीर्थक्षेत्र, मदिर, चैत्यालय आदि कहीं भी जानेकी जरूरत नहीं परन्तु उसके स्वरूपको अपने ही आत्मामें देख सकते हो।

साम्यरूपी सूर्यकी किरणोंसे राग द्वेष रूपी अंधकारको दूर कर घर बैठे ही अपनेमें ही परमात्माको देख सकते हो।

क्षमा देखना चाहते हो तो घटों पूजन व्याख्यान शास्त्र आदिमें जो समय लगाते हो वह समय क्रोध का जीतनेमें लगाओ। यदि क्रोधको दूर नहीं कर सकते तो क्षमा नहीं मिल सकती। मैदा देखनेके लिये गहूँके ऊपरका ही छिलका निकाल कर देखना पड़ेगा वह न तो जंगलमें है और न पक्कीमें। किसीकी संपत्ति उसीके पास रहती है दूसरेके पास नहीं होती। न तो दिगम्बर भाई मन्दिरमें भगवान देख सकते हैं और न तारण भाइ शास्त्रमें। परमात्मा तो आत्मामें ही है। जरा इस ओर दृष्टि करनेकी जरूरत है।

मिली हुई चीजको दूर करनेका रास्ता जरूर होता है, आत्मा व कर्म मिले हुए हैं। इनको पृथक् पृथक् करनेका उपाय है। जहाँ तक साम्यभाव रहे वहाँ तक तो आत्माकी सीमा है, उसके आगे जहाँ साम्यभाव नहीं रहा और रागद्वेष आदि हुए वहीं समझो कि तुम्हारी आत्मा नहीं। जो चतुर स्त्रियाँ होती हैं वे दहीको मथकर घी निकाल लेती हैं। जब छाछ शेष रहती है और जिसमें फिर मक्खन निकलनेकी शक्ति नहीं रहती तब फेंक देती हैं। हरएक पदार्थमें यही शक्ति विद्यमान है। चतुर रसोइया पकनेको रखी हुई वस्तुके रूप रंग स्वाद व स्पर्शको देख कर ही उसके पूर्ण पकनेकी स्थितिको स्पष्ट बता सकते हैं। आत्मामें अचिन्त्य शक्ति मौजूद है।

कहनेका तात्पर्य यह है कि हृदयकी निर्मलता और साम्य भावमें भी बहुत शक्ति है। इसी साम्यभावसे जीव कर्मको अलग कर सकता है।

अन्य पदार्थ दूसरेका न तो कुछ विगाड़ कर सकता है और न वना सकता है। दीपक प्रकाशमान होकर घटकी स्थितिको वता देता है। घट दीपकके कार्यमे वाधक नही हो सकता है। जैसे चुम्बकसे दूरकी वस्तु खिची हुई चली आती है उसी प्रकार दीपक किसीके पास नही जाता पर प्रकाशसे वस्तुस्थितिका ज्ञान करा देता है। घटकी उपस्थिति व अनुपस्थितिमे दीपक-का कार्य होता है। दीपक घटमे कोई विकार उत्पन्न नहीं कर सकता, क्योंकि वस्तुका स्वभाव परसे उत्पन्न नहीं होता और न परको उत्पन्न ही करता है। इसी प्रकार आत्मामे ज्ञान स्वभाव है वह हमे दुख सुखका ज्ञान करा देता है। ज्ञानसे हम जान जाते हैं कि यह दुख है और यह लाभ है। सुधार और विगाड़ तो पदार्थमें कुछ हुआ नहीं। हम हैं जो ज्ञानसे जाने हुए सुख और दुखकी ओर दृष्टिपात करते हैं पर जिससे 'हम' यह बोध हुआ वह जो ज्ञान है उसकी तरफ हम दृष्टिपात नहीं करते। साम्यभावकी उत्पत्ति सव दु खोको नष्ट कर देती है। सुख देखना चाहते हो तो दुख के मूल कारणको अभी मिटा दो, अभी इसी समय तुम्हे सुखका अनुभव होगा। शुभोपयोग और अशुभो-पयोगसे जो कर्मका वध होता है वह तो पराधीन है जव उदयमे आवेगा तव फल देगा। दे या न दे, कभी कभी कर्मो की उदीरणा हो जाती है और वे फल नहीं दे पाते। पुण्यका लाभ स्वतत्र नहीं। पर साम्यभावका फल तो अभी इसी समय मिल जाता है। किसान बीज वोता है तो समय पर उसे फल मिलता है। यदि उपयुक्त साधन पूर्ण न हो पाये तो कहो फल भी न मिले। पर साम्यभावमें यह बात नहीं होती उसका फल नहीं मिट सकता।

साम्यरूपी वायुसे जिसने अपना आत्मा पवित्र कर लिया है तथा जिसने मोह मिटा दिया है तथा जिसके राग व द्वेष जीर्ण

हो गये हैं ऐसे प्राणीको संसार वन्दना करता है। संसार उसको पूज्य मानता है। विश्व उसकी पूजन करता है।

राग द्वेषरूपी वृक्षोंसे परिपूर्ण जो जंगल है उसकी रक्षा मोह करता है। महावीर मुनिने पवित्र साम्यरूपी अग्निसे इस जंगलको जला दिया है।

जिसके साम्यभाव हो जाते हैं उसकी आशायें नष्ट हो जाती हैं। अविद्या और चित्तरूपी सूर्य मर जाता है।

भैया! वारण्स्वासीका मार्ग भी बहुत ही सर्वोत्कृष्ट है लेकिन हम उस मार्ग पर चले नहीं नहीं तो हमारा कल्याण हो जाता। सागरमें दो विद्वान् रहें जो शास्त्र सुनायें और हमें धर्म मार्ग बतलावें। हम जिस समय यहांसे प्रस्थान करना पड़ेगा उस समय न तो हम मंदिर ले जा सकेंगे और न चैत्यालय। हमें यहां ही घर छोड़ना पड़ेगा। यदि हम पहले ही से नंगे हो जावें तो हमारा कल्याण हो जाय। हमें इस मार्गको प्रदर्शित करनेवाले शास्त्रकी शरण लेनी पड़ेगी। यहां एक पंडित रहे चाहे कोई सुने या न सुने वह शास्त्रवाचना करता रहे। अब तो सारा रुपया ज्ञानमें लगानेकी आवश्यकता है। मंदिरमें लगानेकी जरूरत नहीं। अब वृद्धावस्था हो जाती है तो हमें ऐसी वस्तु खाना चाहिये जो सरलतासे पच सके। अरे, भगवान का नाम लो इसे न तो खाना पड़ेगा और न पीना ही पड़ेगा। डरो मत इससे अपच भी नहीं होगा। तुम्हारा कल्याण इसीमें ही है।

हम स्त्रियोंसे ही तो पैदा हुए और उन्हींसे कहते हैं कि ये कमजोर हैं। ये कुछ करती नहीं। यदि जेवर कपड़ेके खर्चमें से एक पैसा रुपया और टैक्सके रुपयामेंसे एक पैसा रुपया ज्ञानदानमें खर्च करें तो हाइस्कूल कालेज चल सकता है और विद्यालय

महाविद्यालय हो सकता है। कौनसी कठिन बात है बताइये आप ? यहाके लडकोको न तो बनारस जाना पडे और न कहीं अन्यत्र भटकना पड़े। दृष्टिपात इस तरफ हो जावे तो हाईस्कूल बन जावे—इसमें क्या देर लगती है। जबतक हम यहा हैं यहाकी बात करेंगे। जिस समय यहासे चले जावेंगे तब यहाकी बात करना छोड देवेंगे। यहासे दूर जानेपर बुन्देलखण्डकी हम इज्जत रखते हैं। यहाके लिये दूसरेसे कभी भी पैसा नहीं मागते। यह रीति है कि पहले अपने आपका स्वार्थ पूर्ण करो।

भइया ! यहाँ एक कथानक याद आ गया है। अकबर थे न ? उन्होंने अपने दरबारमे एक एक करके सबसे पूछा कि यदि हमारी दाढ़ी और तुम्हारी दाढ़ीमे एक साथ ही आग लग जावे तो पहले किसकी दाढ़ी बुझाओगे। उत्तरमें सबने यही कहा कि हम तो पहले आपकी दाढीकी आग बुझावेंगे। परन्तु बीरबलने कहा कि पहले तो हम अपनी दाढीकी आगी बुझावेंगे। कहनेका तात्पर्य यह है कि जो अपना हित नहीं कर सकता वह दूसरेका हित क्या करेगा। इसलिये सागरवालोंको अपने कार्य अपने आप कर लेने चाहिये।

समयसार—

मोह, राग द्वेष इस प्रकार भाव तीन प्रकारके होते हैं। आत्मा तो शुद्ध है, एक प्रकारका है। देवदत्तका सिर्फ एक ही लड़का था तो वही लडका बड़ा हुआ और वही छोटा हुआ। चैतन्य मात्र आत्मा एक प्रकारका है। इसमें कर्म रूपी अजन लगा हुआ है। आत्मा बड़ा सरल एव सीधा है। इसमे जैसी जग लगी वैसे ही परिणाम हो जाते हैं। यह आत्मा कभी रागी कभी द्वेषी और कभी मोही हो जाता है तथा अज्ञानी हो करके ससार के चक्कर मे फसा हुआ है।

भइया ! जब हम पढ़ते थे तो ठाकुरदास जी को हम बहुत श्रद्धा की दृष्टिसे देखते थे। उनके सामने अधिक बातचीत नहीं किया करते थे। एक दिन हमारे साथी हजारी ने हमसे कहा कि भाग पियो। हमने पूछा कि भांगमें क्या रखा है। कहने लगा कि भाग पीनेसे साक्षात् महादेवके दर्शन होते हैं। तो मैंने पूछा कि क्या हमारे भगवान आदिनाथ भी हमें दिख सकते हैं ? उसने कहा—हाँ। तो हमने थोड़ी सी भांग पी ली। सोचा पहिली बार थोड़ी सी पीकर भगवान आदिनाथके थोड़से ही दर्शन करने को मिल जावेंगे। भइया ! उसका नशा चढ़ आया और पंडितजीके पास पढ़ने को गये। तो पुस्तकके अक्षर बहुत बड़े बड़े दिखाई देने लगे। तो मैंने पंडितजीसे कहा कि आज पढ़ने को जी नहीं चाहता। मेरी इच्छा है कि मैं आज साऊं। पंडितजीने कुछ कहा नहीं तो मैंने कहा कि सुनते नहीं जी ! मैंने कहा कि आज सोनेको जी चाहता है। पंडितजी समझ गये कि किसीने इसे भाग पिला दी है। उन्होने मुझे लिटा दिया और अपनी धर्मपत्नीसे कहा कि इसे दही और खटाई खिला दो ताकि इसका नशा उतर जावे। मैंने कहा कि रात को मैं नहीं खाता मेरा नियम है। तो पंडितजीने कहा कि जब भांग खाई थी तब नियम कहाँ चला गया था ! मैंने उत्तर दिया कि एक नियम टूट गया दूसरा क्यों तोड़ूँ ? तो भइया ! संस्कार भी बड़े प्रबल होते हैं। हमें अपने जैनधर्मके संस्कार नहीं मिटाना चाहिये। यदि संस्कार रहे आवें तो हमारा कल्याण हो जावे।

आत्मा तो मिथ्यादर्शन आदि भावोंसे दूसरे मार्ग पर आ जाता है। आत्मामें जैसा दाग लग जावेगा वैसा ही वह हो जावेगा। देखिये मंत्र को साधनेवाला व्यक्ति दूसरे मंत्रके द्वारा ही अपनी शक्तिको प्रदर्शित कर देता है। मिथ्यात्व पर आदिके

जहर शान्त हो जाते हैं। पानी पीनेसे तृषा शांत हो जाती है। व्याख्यानदाता हजारों आदमियोंको अपनी वाणी द्वारा मोहित कर लेता है। पदार्थोंमे अचिन्त्य शक्ति है। मिथ्यादर्शन आत्मा की शक्तिको विकृतिमे परिणत कर देता है। पुद्गल द्रव्यकी शक्ति आत्माकी शक्तिको चौपट कर रही है। पदार्थकी शक्ति विलक्षण है। साम्यभावमे वह शक्ति है कि वह ससारको काट देवे। हमे संसार सागरसे पार लगा देवे। मोहमे शक्ति अधिक है। चारित्रमोहसे मुनि भी अन्यकी प्रशस्तियोको मिटाकर अपनी प्रशस्ति लिखने लगता है।

हम पढते हैं कि जिस समय लव कुशके समक्ष नारद मुनि आये और उन्होने लव और कुशको राम लक्ष्मण सरीखे होनेका आशीर्वाद दिया तथा उनकी सारी कथा सुनायी तब दोनोने ही उनसे अपनी माताका बदला लेनेके लिये युद्धकी ठान ली। तो मोह ही सब कराता है। माताके मोहने लव-कुशको युद्धके लिये बाध्य कर दिया। मोहकी शल्यने यह उपद्रव करा दिया। मोहकी महिमा विचित्र है।

भइया! जिस समय राम व रावणका युद्ध हुआ तो रावणका चक्र लक्ष्मणके हाथमे आ गया तो रामने कहा—मुझे तुम्हारा चक्र नहीं चाहिये तुम तो मेरी सीता लौटा दो पर अभिमानी रावणने कुछ ध्यान नहीं दिया।

और जिस समय सीताको रावण उठा ले गया तो रामने मोहमे पागल हो करके वृक्षोसे सीताका पता पूछा। बताइये तो इतने बडे महापुरुष और मोहने उनकी कैसी विचित्र दशा की?

और फिर जब रामचन्द्रजीने मुनि अवस्थाको धारण किया तो सीताके जीवने नाना प्रकारके रूप धारण करके कई प्रकारके

उपद्रव किये। परन्तु अब राम मोहविजयी हो गये थे तो उन्हें कौन डिगा सकता था।

हो संसारमें जितने दुःख हैं वे सब मोहसे ही होते हैं इस लिये इसे ही जीतने का प्रयत्न हम करना चाहिये।

(सागर ३ ।३।५२)

दो

ज्ञानार्णव—

साम्यभाववाले योगीने एक क्षणमें जितने कर्मोंका काट किया है उतने कर्मोंको मिथ्यादृष्टि जीव कोटि वर्षोंमें नहीं काट सकता है।

आत्मा को छोड़कर शेष पर पदार्थोंकी पर्यायोंसे विलक्षण आत्माका निश्चय करना ही साम्यभाव है। अपनेसे पर तो पर हैं ही पर अपने में जो पर्याय उत्पन्न हो उस पर जरा विचार करो। जो यह शरीरका सुन्दरता है वह भी पर है। अच्छा इसको भी छोड़ो ज्ञानावरणीय आदि जो कर्म हैं उनको तो हम देख नहीं सकते पर कर्मोंके उदयसे होनेवाले फलको जानकर उसकी सत्ताका निश्चय करते हैं तो वह भी पर पदार्थ है।

कर्म दो प्रकारके होते हैं पहला घातिया कर्म दूसरा अघातिया कर्म। ज्ञानावरणीय कर्मके क्षयोपशमसे जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह भी स्वाधीन नहीं है। देखिये हम आँखसे ही तो देखते हैं, कानसे ही तो सुनते हैं पर जब आँख चली जाती है या कान चले जाते हैं तो हमारा देखना और सुनना बंद हो जाता है। तो बताइये यदि ये हमारे ही होते तो क्या चले जाते? इससे मालूम पड़ता है कि पर पदार्थोंका संबंध हमसे अवश्य है पर वह आत्मासे सर्वथा भिन्न है। कर्मोदयसे हुआ जो ज्ञान वह अपना

नहीं है। देखिये तो मोहनीय कर्मकी कैसी विलक्षणता है। ज्ञाना-वरणीय कर्म तो आत्माके ज्ञानको ढक ही लेता है सो कोई नुक-सानकी बात नहीं जब दूर होगा सो हो जावेगा पर यह मोहनीय कर्म तो विपरीत श्रद्धा करा देता है। आठों कर्मोंमें सबसे अधिक लुच्चा-कर्म मोहनीय कर्म ही है। इसके उदयसे होनेवाली पर्यायें अपनी नहीं हैं। क्षायिक पर्याय व पारिणामिक भाव ही अपने हैं। बाकी सब पर पदार्थ हैं। जब जीव साम्यभावी हो जाता है तो उसके सबधको पाकर दुष्टसे दुष्ट जीव भी शांति हो जाते हैं। जिस प्रकार जगल जल रहा है और पानीकी वृष्टि हो जावे तो जगलकी भयकर अग्नि भी शात हो जाती है। क्रूर परिणामी जीव भी साम्यभावी जीवके ससर्गसे अति प्रसन्न हो जाता है। जैसे वर्षातमें वर्षा होनेके सबबसे सारे जगह कीचड़ मच जाती है। वह जल कीचड़ कर देता है परन्तु जब अगस्त्य नक्षत्रका उदय हो जाता है तो पानी सूख जाता है तथा कीचड मिट जाती है। भइया! वर्त्तमानमें तो ऐसे परिणामवाले जीव हैं नहीं। नहीं तो उनकी शक्ति हम प्रत्यक्ष देख लेते। भइया! एक समय की बात है कि एक क्षुल्लक बहुत ही विद्वान थे। एव बड़े ही स्वाभिमानी थे। एक दिन वह मदिरमें प्रतिष्ठित थे, इतनेमे सगुनचन्दजी नामके व्यक्ति वहाँ आये। उनको देखकर क्षुल्लकजी खडे हो गये। और कहने लगे कि सगुनचदजी तू बड़ा निर्मल एव प्रतापी है। न व्यवहारसे और न शास्त्राज्ञासे उन्हे उठना चाहिये पर निर्मल आत्माकी शक्ति अपरम्पार है। उसे कौन रोक सकता है!

एक समयकी बात है कि मंदिरमें स्त्रियाँ ऐसे जेवरोंको धारण करके आती थीं कि जिनसे छम छम छम छम जैसी आवाज होती थी और सबका ध्यान उस ओर बट जाता था। सब मनु-

पंचोंने बैठकर निर्णय किया कि जिसकी स्त्री मन्दिरमें ऐसे जेवरको धारण करके आवे जिससे छम छम आवाज हो उसके २५) जुर्माना किये जावें। सगुनचंदजीने ही यह प्रस्ताव रक्खा था। दैवयोगसे जब यह निर्णय हुआ था उस समय सगुनचंदजीकी स्त्री मन्दिरजीसे चली आई थी। दूसरे दिन वह ही छम छम करती हुई मन्दिरमें आई। सगुनचंदजीने तुरन्त ही २५) मगाकर जुर्माना दिये। लोगोंने बहुत समझाया कि अज्ञानमें ऐसा अपराध हुआ है पर उन्होंने एक भी न सुनी। कहने का तात्पर्य यह है कि नियम पालनेवाला ही नियम चला सकता है।

शास्त्रोंको रचनेवाले तो बड़े-बड़े योगी पुरुष हुए हैं। उनके वचनोंको शिरोधार्य करके हम सब साम्यभावी हो सकते हैं। कोई कठिन बात नहीं है। योगीके संसर्गसे क्या नहीं हो सकता। योगीसे तो इन्द्र भी संतुष्ट हो जाते हैं। शेर और गाय अपने वैर को भूल जाते हैं। मनुष्योंकी बात तो जाने दीजिये पशु भी प्रभावित हो जाते हैं। जहाँ योगी पहुँच जाते हैं वहाँ वैर भय क्षोभ सब ही नष्ट हो जाते हैं। चन्द्रमाकी शीतल किरणें आतप को दूर कर देती हैं। सूर्य अन्धकारको नष्ट कर देता है।

जिस मुनिका मोह क्षीण हो गया है उसके प्रसादसे हिरिणी सिंहनीके बच्चेको दूध पिलाने लगती है। गाय व्याघ्रके बच्चेके साथ खेलने लगती है। बिल्ली हंसके बच्चोंके साथ क्रीड़ा करने लगती है। मयूर सर्पके बच्चोंको खिलाने लगती है। आजन्मसे जो वैरी होते हैं वे भी अपना वैर भूल जाते हैं।

जयपुरके राजाके यहाँ दीवान अमरचंदजी थे। एक समय राजा इन्हें शिकार खेलनेके लिये जंगल लिवा ले गये। जंगलमें हिरनोंका समूह जो राजाने देखा तो उन्होंने बन्दूकका निशाना उनकी ओर किया। तो अमरचन्द्रजीने उनकी बन्दूक पकड़ ली।

और कहा कि तुम तो इस राज्यके रक्षक हो इनको कैसे मार सकते हो ? तो उत्तरमें राजाने कहा—हमारा काम तो बन्दूक चलाना है। तो फिर अमरचदजीने पुकार कर हिरनोसे कहा—कि अय हिरनो खडे रहो ! तुम्हारा राजा ही तुम्हे मारने पर तुला हुआ है। जब रक्षक भक्षक हो गया तो तुम कैसे भाग-सकते हो ? तुम सब खड़े हो जावो मार लेने दो देखे, कितनोको मारते हैं। भइया, ऐसा असर हुआ उसका कि सारे हिरन खड़े हो गये। फिर राजाका साहस नहीं हुआ कि किसीको मार सके। सो निर्मल परिणामी जीव यदि हिरनोको रोक सके तो इसमे आश्चर्यकी क्या बात है !

एक समय इन्हीं अमरचदजीको अजायब घरका प्रबधक बना दिया गया। और जब इनके पास सिंहको मास खिलानेकी स्वीकृति मागी गई तो इन्होंने १०-५ सेर बरफी खिलानेकी स्वीकृति दी। परन्तु ८ दिन तक तो सिंहने खाया नहीं। इस पर इसकी रिपोट की गई, तो अमरचद्रजी स्वय ही सिंहके पिंजडेमें बरफी खिलानेको गये। उन्होंने सिंहसे कहा कि—बरफी खालो, यदि मास खाना है तो मुझे खा डालो। इस पर न मालूम क्या हुआ भइया ! शेरने बरफी खाली। सब आदमी बड़े ही आश्चर्यमे आये। सो इससे मालूम पड़ता है कि जिनके परिणाम निर्मल हो जाते हैं उनकी शक्ति अपरम्पार हो जाती है।

एक मनुष्य मुनिकी पुष्पोंसे पूजन करता है और एक मनुष्य उनके कण्ठमे सर्प डालता है तो भी मुनिकी दृष्टिमें दोनो एक ही है, न वे किसीसे राग करते हैं और न किसीसे द्वेष, ऐसा साधु साम्यके बगीचामे प्रवेश कर सकता है। तुम चाहो तो स्वय करके देख देकते हो—कौन बड़ी बात है।

भइया ! बाईजी के यहाँ एक चूहा रोज ही कुछ न कुछ

खराब कर देता था। कभी दूध खराब कर दे कभी दही खराब कर दे। तो बाईजीने एक दिन पूछसे कहा—कि तुम रोज कोई न कोई वस्तु खराब कर देते हो जिससे कभी मुझे और कभी मर लड़कको उस वस्तुसे वंचित रहना पड़ता है। इतने बड़े मागरम क्या तुम्हें हमारा ही घर मिला जो हमें ही नुकसान पहुँचाते हो? इस पर वह दूसरे दिनसे नहीं आया। क्या हो गया सो कर्मकांडके विद्वान जानें हम तो कुछ बता नहीं सकते।

तो करे क्या परिणामाकी शक्ति तो अपरम्पार है। वाहा सा चित्त ही इस तरफ देना है। साम्यभावी क्या मोक्ष नहीं जा सकता? क्या भगवानने ही मोक्ष जानेका ठेका ले लिया है? यह तो मोक्षमार्ग है। भगवान तो मोक्ष गये तथा हम सबको भी वहां जानेका रास्ता बता गये। साम्यभाववाला जो जीव होता है वह न तो किसीसे राग करता है और न किसी-से द्वेष करता है। वन हो या नगर हो शत्रु हो या मित्र हो। वह इन सबको जान करके भी किसीसे राग द्वेष नहीं करता। ज्ञान-से पदार्थोंको जान लेना थोड़ा ही अपराध है। ज्ञान तो अपना काम करेगा ही। ज्ञान तो वस्तु स्थितिको प्रदर्शित कर देता है। यह हमारी गलती है कि हम उसमें मोहके द्वारा राग द्वेष करने लगते हैं—यही हमारा अपराध है।

व्यवहारसे विचार करो तो ज्ञाता ज्ञान और ज्ञेय पृथक् पृथक हैं और निश्चयसे सब एक ही हैं। मोहकी कल्पना मिट जावे तो ससार मिट जावे।

अभिप्राय एक न होनेसे ही झगड़े होते हैं। यदि एक ही अभिप्राय हो जावे तो काम बनते कुछ देर न लगे। देखो यदि तुम लोग चाहो तो आश्रम और विद्यालय एक हो जावें। अभी दृष्टि उस तरफ गई नहीं है। जहां २०० विद्यार्थी पढ़ते हैं वहां ५

पढने लगें पर उस तरफ अभी हमने ध्यान नहीं दिया, नहो तो काम बननेमे देर न लगेगी।

मुनि तो तुम्हारी दो रोटी खा करके तुम्हारे लिये शास्त्र लिख गये। साम्यभावी मुनिको न तो श्मशानमे विरोध होता है और न महलमें राग। अगर पर्वत चलायमान हो तो हो पर मुनिका मन चलायमान नहीं होता।

हम सब पढ़ते हैं। सुकुमालका चरित्र तुमने पढ़ा ही है। जिस समय सुकुमालके साथ वहांके राजाने भोजन किये तो सुकुमालने कभी वैसे चावल खाये नही थे। वह तो कमलके पत्रोमें रातभर रखे हुए चावलोको बनवाकर खानेका अभ्यासी था। चूकि चावल कम थे इसलिये सेठानीजीने कुछ दूसरे चावल पकानेको डाल दिये। राजाने तो सब चावल खालिये परन्तु सुकुमालने चुन-चुन कर कमल पत्रवाले ही चावल खाये। उन्होंने सूर्यका प्रकाश देखा नहीं था इसलिये राजाके सामने दीपकके प्रकाशमे उनकी आखोंमें आसू आ गये। इसपर राजाने कहा कि तुम्हारा लडका वैसे तो ठीक है पर खाने में कमजोर है। तथा आँखें भी कमजोर हैं। पर सेठानीजीने कहा कि यह सब इसकी कोमलता है। कहा इतना सुकुमाल आदमी और कहा रातको अपने मामा मुनिके पाठको सुनकर उन्हें वैराग्य हो गया। सात खड ऊपरसे रातको ही रस्सीसे नीचे उतर आये। वह इतने कोमल थे कि उनके हाथों और पावोंसे खूनकी धाराऐं निकलने लगी। पर रातको ही जगलमें चले गये और तपस्या करके तथा शुक्लध्यान माड कर सर्वार्थसिद्धिमे गये। तपस्यामे उनके पूर्व जन्मकी वैरी स्यालिनी और उसके बच्चोंने उनके मासको खाया परन्तु सुकुमाल अपने ध्यानमे अडिग रहे और साम्यभावी

बने रहें। फल हुआ कि सर्वार्थसिद्धि गये और एक भवमें मोक्ष भी चले जायगे।

जो योगी होता है वह जगत्को उन्मत्तके रूप में देखता है। पागल तो उसे कहते हैं जो अन्यथा बोले। हम सब पराई चीजों को अपनी मान रहे हैं। अब बताइये हम पागल हुए या नहीं।

यदि इन्द्र व गुरु वाचस्पति भी आ जावें और साम्यभावके गुणोंका वर्णन करें तो हजारों सागरोंकी आयु बीत जाये तो भी उसके गुण समाप्त नहीं हों। तृष्णाके वशसे वस्तु तत्त्वका विकाश कर दिया है। यह प्रथा हरएक घरमें वर्तमान है। मोक्षमार्गमें लगनेवाले जीव बहुत कम हैं।

राग द्वेषको जीतकर व ममताभाव धारण कर जो सुख दुःख में सम आचरण करे वही सच्चा योगी है।

राग द्वेषको मिटानेकी कोशिश करो। एक तरफ चित्त लग जाय यदि सब तरफसे चित्त हट जावे तो।

समयसार

जीवकी पर्याय जीवमें हुआ करती है और पुद्गलकी पर्याय पुद्गलमें हुआ करती है। जीवका आश्रय पाकर पुद्गल द्रव्यमें व्याप्य व्यापकभावसे परिणमन होता रहता है। पुद्गल और जीव दोनों ही परिणमनशील हैं। यदि हम एकको भी परिणमनशील न मानें तो संसारका अभाव हो जावे।

जीव पुद्गलको कर्मरूपसे परिणमा देता है। यदि पुद्गलमें कर्मरूप होनेकी शक्ति नहीं होती तो उसे कौन कर्मरूप परिणमा सकता था। निमित्त पाकर जीव और पुद्गल दोनोंमें परिणमन होता रहता है। यह परिणमन जुदा जुदा रहता है। जीवमें रागादिक होनेका कारण पुद्गल विपाक है। शंका है कि

रागादिक दोनोंके होता है, एक जीवका होता है और पुद्गलका अलग होता है। परन्तु इसका समाधान यह है कि जैसे दर्जी ने अछार बनाया तो अछारकी क्रिया अछारमें ही हुई, दर्जीके हाथकी क्रिया हाथमें हुई। वह अछारमें नहीं गई। इस प्रकार रागादिक दोनोंमें नहीं होते वरन सिर्फ जीवमें ही राग-द्वेष हुआ करते हैं। परन्तु ये औपाधिक हैं यह बात जब जीव जान लेता है, छोड देता है। रागादिकका निमित्त पाकर पुद्गल कर्मरूप परिणत हो जाते हैं। व्यवहारसे देखो तो जीव और कर्ममें बन्ध पर्याय हो रही है, विभिन्नता नहीं हो सकती। परन्तु यदि निश्चयनय-की दृष्टिसे देखो तो जीव और पुद्गल पृथक् पृथक् हैं।

द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षासे विचार करो तो जीव अबद्ध है। और पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा देखो तो जीव बद्ध है। जो ऐसा जान लेता है वही मोक्षगामी होता है। भगवानने दो नय कहे हैं। व्यवहार नयकी अपेक्षा आत्मा रागी-द्वेषी है, मोही है और निश्चयनयकी दृष्टिसे देखो तो आत्मा अखण्ड है, अचल है, अभेद्य है, स्वसवेद्य है। विश्वको जाननेवाला केवलज्ञानी है। वह तीनों लोकोंके पदार्थोंको ज्ञानमें देख रहा है पर हम मतिज्ञान श्रुतज्ञान से थोडा बहुत इन्द्रियजन्य ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं, पर उसमें मोह न लाना ही बुद्धिमानी है। ज्ञान तो सतत होता ही रहेगा वह हटने-वाली वस्तु नहीं है। समयसारमें अखिल नयोंका पक्ष मिट जाता है। नय कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

विकल्प शात होनेका नाम ही समयसार है। इसकी प्राप्ति प्रथम तो श्रुतज्ञानसे व शास्त्रसे आत्माका ज्ञान करनेसे होती है। आत्मा ज्ञानस्वरूप है। इन्द्रिय या अनिन्द्रियसे मतिज्ञानके द्वारा पदार्थोंका निश्चय करना पडता है। वह बुद्धि हम पर पदार्थों

की ओर लगाये हुए है। वहाँसे दृष्टि हटावें और आत्माकी ओर लगावें तो हमारा कल्याण हो जाय।

भइया! एक लड़का था। वह सातवीं कक्षामें पढ़ता था। उसकी परीक्षा लेनेके लिये इन्सपेक्टर आया। वह लड़का बहुत चतुर था परन्तु उसने इन्सपेक्टरके प्रश्नोंके उत्तरमें कहा कि मैंने पढ़ा ही नहीं है, मैं क्या उत्तर दूँ। अध्यापक को रोष आगया और उसे एक थप्पड़ मार दिया तथा इन्स्पेक्टर भी क्रोधित हुआ। अन्तम लड़कने कहा कि हम तो कुछ पढ़े नहीं हैं छोटेमें इतना जरूर पढ़े थ कि क्रोध नहीं करना चाहिये पर आप तब यह भी नहीं पढ़।

यदि हमन शास्त्रोंका अध्ययन किया और क्रोध नहीं छोड़ा तो शास्त्र पढ़नेमें हमने निरर्थक समय बरबाद किया। अपनी आत्मासे जो बात करोगे वह सच होगी। झूठ बातके लिये आत्मा कभी गवाही दे ही नहीं सकता। दुनियाम जो बुद्धि लगा रहे हो वहाँ से हटाकर उसे अपनी ओर लगा दो। यदि हम मुतज्ञानको अपनी आत्माकी ओर लगावें तो कोई विकल्प पैदा हो ही नहीं सकता क्योंकि आत्मा तो एक है। जहाँ दो होवे हैं वहाँ ही विकल्प हो सकता है। प्रथम तो सम्यग्दर्शन उत्पन्न करो फिर दूसरोंका कल्याण करो। यदि दूसरोंकी भलाई पहले करना चाहोग तो न उनका ही कल्याण होगा और न तुम्हारा ही। केवलज्ञानी विश्वको बाहर मानता है और हम उसे अपने भीतर मानते हैं। केवलज्ञानीसे हमम यही अंतर है। यदि हम यह अंतर दूर कर दें और आत्माम जो पक है, मरल है विचरण करन लग तो हमारा संसार सीप कट जाय।

आत्माका ध्यान करो इसीम सार है। केवलज्ञान तो पढ़नेसे आता है नहीं वह तो मोहनीयके अभावसे आता है। हमन

ससारके पदार्थोंको अपनेमें चिपका लिया है। उनको छोड़ो तो कल्याण हो जावे। भइया ' हमारा काम तो कहनेका है, करो न करो तुम्हारी मर्जी—

(सागर ३१।२।५२)

तीन

ज्ञानार्णव

यदि तत्त्वका निश्चय नहीं हुआ और मदिर तीर्थ वगैरह भी किया तो सब व्यर्थ है। अन्न छोड़ दिया सो क्या किया, अन्न तो पर पदार्थ ही था। उसमें जो मोह है उसे छोडो, उसमे सार है, क्या बतावें ? काम और अर्थकी लालसाके वशीभूत हो हमने सब चौपट कर दिया।

मोहरूपी तिमिर हटनेसे ज्ञान सम्यग्ज्ञान हुआ तथा राग द्वेष दूर होनेसे ही सम्यक्चारित्र होता है। उपचारसे महाव्रत और देशव्रत करता है। इनका फल राग-द्वेषकी निवृत्ति ही है। जैसे गुरवेल तो कड़वी होती ही है पर यदि वह नीमके वृक्ष पर चढ़ जावे तो उसके कडवेपनका क्या कहना ! इसी प्रकार ससारमें कष्ट हो रहे हैं और आप सब अशुभ कर्मोंका बध करके उनकी और भी वृद्धि कर रहे हैं। हम पाखडकी ओर अग्रसर हो रहे हैं। थोड़ेसे थोडे सासारिक कार्यके लिये हम कुदेव और कुगुरुको पूजने लगते हैं। अब बताइये हमारा कल्याण कैसे हो सकता है।

हमने ही कर्मोंका उपार्जन किया और उसका फल भी हमे ही भुगतना पड़ेगा। भगवान तो कहते हैं कि यदि तुम मुक्ति चाहते हो तो ईश्वरकी भक्ति करना भी छोड दो। कुन्दकुन्द

स्वामी कहते हैं कि स्वर्ग लोक तो पचेन्द्रियके विषयोंका घर है। चक्रवर्तीको इतनी सम्पत्ति और ऐश्वर्य मिला पर इसमें आत्मज्ञानकी कौनसी वृद्धि हो गई सो बताइये ? साता वेदनीय कर्मों ने इस जीवको सुख ही तो दिया और इससे तीव्र कषाय ही बढ़ गई और बताइये क्या हो गया ! सो तत्त्वदृष्टिसे विचार करो तो ज्ञात होगा कि शुभ और अशुभ दोनों ही कर्म त्याज्य हैं।

हम राग करते हैं और दूसरोंसे कराते हैं। शास्त्र सुननेका फल तो एक ही है कि हम राग-द्वेष करना छोड़ें। हमको छद्म या कोई भी बड़ा बैठेगा या यह भगवान के पास भी चले जावो तो वह भी राग-द्वेष छोड़नेका उपदेश देंगे। तुम्हें विवेकरूपी माणिक्य मिला है लेकिन तब भी माणिक्यको छोड़कर तुम बिना विचार किये ही रमणीय विषयोंमें तल्लीन हो रहे हो।

स्वर्गकी प्राप्ति परिणामोंसे होती है न कि द्रव्यसे। एक गरीब आदमी है और वह मोटे चावल चढ़ाता है और उसके परिणाम एक चित्त होकर भगवानके स्वरूपमें तल्लीन हो रहे हैं। तथा एक धनिक आदमी हीरा माणिक्य ले भगवानकी पूजन कर रहा है पर उसके परिणाम घरकी ओर लग रहे हैं तो इसकी अपेक्षा उस गरीब आदमीको फल अच्छा मिलेगा। इससे मालूम पड़ता है कि भावकी कीमत होती है। मेंढक तो सिर्फ कमलका फूल मुंहमें दबाकर पूजनकी महत्ती वांछा लेकर आ रहा था और उसका रास्तेमें ही देहान्त हो गया तब भी शुभ परिणाम होनेसे उसे स्वर्गकी प्राप्ति हो गई—तो इसमें कौनसी आश्चर्यकी बात हो गई ? संसारमें ऐसे ऐसे काम प्रारम्भ हो गये हैं जिससे सब चौपट हो गया है। सुखकी प्राप्ति सम्यक्चारित्रसे होती है। सम्यक्चारित्र सम्यग्ज्ञानसे होता है तथा सम्यग्ज्ञान आगमसे होता है। आगम श्रुतिसे होता है। गणधर देव आगम बनाते

हैं। श्रुति आप्त भगवानसे होती है। आप्त भगवान राग द्वेष रहित होते हैं। ऐसे त्याज्य रागादिकको समझकर उन्हें छोड़ो। जिसको तुम पूजते हो सो क्या तुम उसके शरीरकी पूजन करते हो या उसके गुणोंमें अनुराग रखते हो। बताइये तो आप भगवानसे बच्चा मागते हो धन मागते हो। क्या उनके पास तुम्हे देनेको रखा है ?

वीतराग विज्ञान ही सच्ची बात कह सकता है। क्योंकि यह तो निर्विवाद है कि झूठ बोला जावेगा तो या तो अज्ञानताके कारण या राग-द्वेषके कारण, परन्तु आप्त भगवानमें दोनों चीजे वर्तमान नहीं हैं।

राग-द्वेष न होनेसे ज्ञान कर्मोंकी निर्जरा करा देता है। नेत्रने वस्तुओंका ज्ञान करा दिया, रागद्वेष नहीं होना चाहिये—चलो छुट्टी पाई। कषाय करना बुरा है। आचार्योंने वर्णन किया है कि ये पुत्र मित्र घर धन सम्पति हैं वे सब नरकको ले जानेवाले हैं और उन्होने वहीं नरकके दुखोंका वर्णन कर दिया। तो इनसे तो अनिष्ट बुद्धि करवा दी तथा स्वर्गोंके सुखोंका निरूपण किया सो उसमें लाभ बुद्धि उत्पन्न करा दी। भगवानने भी जीवको लोभ उत्पन्न करा दिया, व्यवहार है करें क्या।

बड़े बड़े आचार्य उपदेश देते हैं कि किसीसे बोलना नहीं चाहिये, क्योंकि जिससे हम बोलते हैं वह आत्मा नहीं और जो आत्मा है वह बोलता नहीं। परन्तु वे स्वयं ही बोलते हैं। सो क्या करें मोहका उदय आया उसे तो भुगतना ही पड़ेगा।

बोधरूपी जो रतन मिला है अगर उसे छोड दोगे तो जिस प्रकार समुद्रमें रत्न फेक देनेसे वह फिरसे प्राप्त नहीं हो सकता उसी प्रकार बोध भी फिरसे प्राप्त नहीं किया जा सकता।

अन्तमें निचोड करके दिखलाते हैं कि ससारमें सब वस्तुएँ

प्राप्त होना सुगम है। राज्य मिल जावे धन सम्पत्ति मिल जावे मनके अनुकूल स्त्री पुत्र मिल जावे। एक बोधि ही दुर्लभ है जो बार बार नहीं मिलता।

यदि ज्ञान न हो तो पण्डितसे सुन लो और अपना कल्याण कर लो अरे! यदि लड्डू बनाके नहीं जानते तो उसे खाके तो जानते हो? भेदज्ञान पैदा करलो—चलो छुट्टी पाई।

भिखमंगाम भी मागनकी कला होती है। व इस तरीकेसे मागते हैं कि हमारे मनमें गुदगुदी पैदा हो जाती है और हम उसे भिक्षा दिये बगैर चैन प्राप्त नहीं करते।

एक समयकी बात है कि हमारे घरके पाससे एक भिखारी आया करता था। वह भइया! इस तरीकेसे मांगे कि हम कुछ न कुछ देना ही पड़ता था। एक दिन वह मागनेको आया। मैंने कुछ उसे दिया। तथा उसे रोककर पूछा—'क्या भाई, तुम्हारा पेट तो भूखा दिखता नहीं और तुम इस तरहसे क्या गिड़गिड़ा रहे थे। वह कहने लगा कि 'यदि इस तरहसे न गिड़ गिड़ाय तो हमे कौन देगा? फिर मैंने उससे पूछा—'क्यों भाई! तुम्हारे पास कितना पैसा है। उसने कहा ४०) हैं। मैंने कहा 'ठीक बताओ। 'वह कहने लगा २०) हैं तो स्त्रियाँ हैं। आरामसे भाग बीस रहते हैं। आठ दिनका खाना रखा हुआ है। आनंद करते है। लेकिन एक बात है कि तुम लोगोंमें विवेक बिलकुल नहीं। मैंने पूछा—'क्या भाई! क्या बात है। हमने तो तुम्हें खानको दिया और हमसे ही ऐसा कहते हो? उसने उत्तरमें कहा—कि यदि तुम न देते तो हम दूसरी जगह मिल जाता। लेकिन कभी कभी जो लगड़ा इस तरफ मांगता है और उसे तुम कुछ न कुछ या बाईजी भी दे दिया करती हैं। परन्तु तुम्हें

क्या मालूम उसके पास २०००) रुपया नगद है। तुम्हें तो पात्र अपात्र कुछ विवेक नहीं है।'

भइया, सच्ची बात पूँछो तो हममे विवेक बिल्कुल नहीं है। अरे हमने कमाया और हम ही उसका उपभोग न कर सके—यह हमारी नादानी है। हम तो मागते हैं मोराजी पाठशालाके लिये, आश्रमके लिये। हमे तो कोई कुछ देता नहीं, तुम्हारा हम तो १) रुपया भी नहीं लेते। अब देना हो तो दो—नहीं देना हो तो तुम्हारी इच्छा।

समयसार

अब यहाँ पुण्य पापके अधिकारका वर्णन है। सच्ची बात पूछो तो भइया! पाप और पुण्य दोनो ही स्वाग हैं। आत्मा तो अखडपिंड है। कुंदकुंदस्वामी कहते हैं कि पुण्य और पाप दोनो ही बुरे स्वाग हैं। न शुभ अच्छा है और न अशुभ बुरा है। ये तो दोनो ही बेड़िया है। चाहे सोनेकी हो या लोहे की। परतत्रता तो दोनोमे है। स्वाधीनता किसीमें भी नहीं।

तब क्या करना चाहिये सो बताते हैं कि कुशीलका खोटा स्वभाव है उससे न तो राग करना चाहिये और न द्वेष ही करना चाहिये। यदि हमने उसमे राग वा द्वेप किया तो हमारी स्वाधीनता नष्ट हो जावेगी। लौकिक दृष्टान्त यह है कि यदि कोई स्त्री खोटी है तो उससे न तो राग ही करना चाहिये और न द्वेप ही करना चाहिये। कर्म प्रकृति जब तक है तब तक तो अपने उदय से चारों गतियोमे भ्रमण करावेगा ही। कर्म तो उपद्रव ही करते हैं। उनमे न तो हमें राग करना चाहिये और न द्वेप करना चाहिये। जहाँ हमने ऐसा किया वहींसे निर्जरा और सवर जो मोक्षके कारण हैं शुरू हो जाते हैं।

भइया मोह है बुरी चीज। रामचन्द्रजी ६ माह तक अपने भाइको गोदमें लेकर मोहमें यहाँ वहाँ पागलसे होकर फिरते रहे और जब उनका मोह गल गया तो सीताजीके जीवने कितने उपद्रव किये पर फिर क्या था ? अन्तमें केवलज्ञान हुआ और मोक्ष गये।

यहाँ इतने आदमी वृद्ध हैं फिर भी वे ससार की चिन्ता करते हैं मोह करते हैं। यह लड़का मेरा है यह पोता मेरा है—इसीमें अपना अमूल्य समय बरबाद करते रहते हैं। व ही बतावें इतने दिन तो रहे घरके जंजालमे। मिला क्या उनको सुख सो बतावें। आकुलतामें सुख तो मिल ही नहीं सकता। जरा वे इस ओर दृष्टि करें थोड़ा यह भी करके देख लेवें। इसमें सुख मिलता कि नहीं। यदि न करें तो बताइये हम क्या करें ? हमारा काम तो कहनेका है सो कह दिया। मानो या न मानो आपकी मर्जी। लेकिन इतनी बात जरूर है कि मनुष्य जन्म की सार्थकता धर्म को धारण करनेमें है।

(सागर ११।१।५२)

चार

समयसार

यहाँ संवरका वर्णन किया गया है। संवर याने कर्मोंके आने का रुक जाना है। कर्मोंका न आना ही संवर है।

"सत्त्वेषु मैत्रीं गुणिषु प्रमोदं"

इसम यह भावना की जाती है कि संसारमें किसीको दुःख ही न हो। इसी प्रकार कर्मोंका आना होवे ही नहीं। मोक्षका मार्ग

सवर ही है। निर्जरा तो हमेशा होती ही रहती है। पर सवर होना कठिन है। यदि सवर पूर्वक निर्जरा हो तो समझना चाहिये कि ससारका अत निकट ही है। सम्यग्ज्ञानरूपी ज्योति का जब उदय होता है तब ही सवर होता है। आत्माका ज्ञान पर द्रव्यसे भिन्न है ऐसा विश्वास कर सम्यग्ज्ञान करनेकी आवश्यकता है। इससे हमें सच्ची शाति और सच्चा सुख मिलेगा।

बनारसमें पुराने समयकी बात है। एक बड़ा भारी मल्ल आया, उसने बनारसके सारे मल्लोंको हरा दिया तो राजाको बड़ी निराशा हुई और वह लिखने लगा कि अमुक व्यक्तिने बनारसके सारे मल्लोंको पराजित कर दिया। वहाँ एक ६ वर्षीय बालक बैठा था। उसने कहा—'महाराज एक विनन्ती है कहो तो अर्जी करूँ'। राजाने कहनेके लिये कहा। उसने जवाब दिया कि 'आप ऐसा मत लिखिये कि उसने सारे मल्लोंको पराजित कर दिया। उसको यह लिख देना चाहिये कि उसने अमुक अमुक मल्लको पराजित कर दिया।' राजाने कहा—'ऐसा कौन है जो उसे हरा सके ?'

उत्तरमें उसने कहा -'महाराजजी। क्या इन्हीं मल्लोंने सारे मल्लोंका ठेका ले लिया है ? मैं चाहूँ तो उसे हरा दूँ।' पहले तो राजाने उसे नादान समझा लेकिन जब उसकी हठ देखी तो राजा ने स्वीकृति दे दी। ७ दिनके बाद कुश्ती हुई। १ घटे तक वह लडका यहाँ वहाँ कूदता रहा सो उतने समयमें उस मल्लको उसने खूब थका दिया। अन्तमे मल्लने उस लड़केको पकड़ लिया और कहा कि बताओ 'कहाँ पटकूँ ?' वह इस विचारमे ही था कि लडके ने उसे पटक दिया और उसपर विजय प्राप्त की। कहनेका तात्पर्य यह है कि सवर करनेका ठेका थोड़े ही किसीने लिखा

लिया है। जिस चाहेका हो जाये। चाहे वह गरीब हो, चाहे धनवान् हो। चाहे कमजोर हो चाहे बलवान् हो। चाहे किसी भी गतिका हो। जैनियों ने थोड़े ही जैन धर्मका ठेका ले लिया है? यह तो जीवमात्रका धर्म है।

सम्यग्दर्शन संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवके हो सकता है। मिथ्यात्व संसारका कारण है। जब सम्यग्दर्शन हो गया संसार रुक गया, चलो छुट्टी पायी।

क्रोधादि जो चार कषायें हैं उन्हें हम अपना मानते हैं। उनमें राग करते हैं, द्वेष करते हैं। कुंदकुंदस्वामीने आत्माका लक्षण उपयोग बतलाया है। चैतन्य आत्माका लक्षण है और वह हर अवस्थामें मौजूद रहता है। आत्माका लक्षण क्रोध नहीं हो सकता क्योंकि यदि क्रोध आत्माका लक्षण होता तो उसे हर अवस्थामें मौजूद रहना चाहिये पर वह रहता नहीं है। इससे मालूम पड़ता है कि क्रोध आत्माका लक्षण नहीं है। क्रोध पृथक् है, उपयोग पृथक् है। क्रोधमें क्रोध ही होता है उपयोग नहीं होता और जो उपयोग होता है उसमें क्रोध नहीं होता। दोनों एक दूसरेके प्रतिकूल हैं परन्तु उपयोग आत्माकी वस्तु है और क्रोध कर्मका औदयिक भाव है, जबतक कर्मोदय है उसकी सत्ता है। जब उसका उपशम क्षयोपशम या क्षय हो जावे तब क्रोध दूर हो जाता है। लेकिन उपयोग न तो कर्मके उदयसे होता है और न क्षय क्षयोपशमसे। वह तो आत्माका अभिन्न लक्षण है।

जब कर्म और कषाय तुम्हारी नहीं है तो फिर उन्हें अपना मानकर क्या उपद्रव कर रहे हो? यदि हमारी वस्तु हो तो मानना चाहिये अन्यथा काहेको पागल बने हुए हो। इसलिये दर्पणके सामने कोई वस्तु आती है तो वह उसमें क्योंकी त्यों प्रतिबिम्बित हो जाती है। यदि उस प्रतिबिम्बको दर्पणका प्रतिबिम्ब मान लो

वस्तुके हटाये जाने पर उस प्रतिविन्वको उस दर्पणमे रहना चाहिये, पर वह उसमे नहीं रहती इसलिये मालूम पड़ता है कि वह प्रतिविम्व दर्पणका नही है। इसी प्रकार क्रोधादि जो कपाय है वे भी कर्मके उदयसे होते हैं वे आत्माका लक्षण नहीं है। एक चीज दूसरे की नही हो सकती है। एककी सत्ता दूसरेकी सत्तामे नहीं हो सकती। ज्ञानमे क्रोधपना नहीं है। क्रोधमे ज्ञानपना नहीं है। इस वास्ते वे भिन्न हैं। भेदज्ञान हो जानेसे जब शुद्धात्माका अनुभव जीव करने लगता है तव रागद्वेपका सवर हो जाता है। हम पर पदार्थोंको अपनी चीज समझकर ससारमे रुल रहे हैं। आत्मामे अनत गुण हैं वे भी पृथक् पृथक् माने जाते हैं तब फिर दूसरी चीजे हमारी कैसे हो सकती है। सम्यग्दृष्टिको कैसी ही विपत्ति आ जावे तो भी वे आकुलताको प्राप्त नहीं करते। जब भेदज्ञान हो गया और मनमें यह निश्चय हो गया कि मै ज्ञानदर्शनका पिड हूँ। स्वर्णको कितनी ही तेज अग्निमे जला दो परन्तु वह अग्निमे भी सोना रहेगा उसी प्रकार प्रचड विपाक कर्मका उदय होने पर वह ज्ञानमें विकृति नही ला सकता। हजार कारण कलाप जुट जावें परन्तु स्वभाव कभी नहीं मिट सकता। यदि वस्तुका स्वभाव मिट जावे तो वस्तु ही मिट जावे। हजार विरुद्ध कारण जुटे तो भी हमे घवडाना नहीं चाहिये। समझना चाहिये कर्मका विपाक आया सो ऐसा देखना पड़ा और सहना पडा। देखिये जब मोहनीय कर्मका उदय उतने बडे महापुरुपको आया जो इसी भवसे मोक्ष जाननेवाला था, अपने भाईके प्रेममे पागल हो गया और ६ माहतक उसकी मृतकायाको लिये यहाँ वहाँ भटकता रहा।

काशी हिन्दु विश्वविद्यालय में हम पढते थे और बाईजी वहीं थी। एक दिन एक वगाली विद्वान् आया। उसने कहा कि बाईजो

क्या कर रही हो ? बाइजीने कहा—कि 'भइया ! रोटी बना रही हूँ । मेरा बच्चा पढ़नेको गया है उसे खिलाऊँगी और मैं खाऊँगी ।' यह इतना सुनकर चला गया । पासकी कोठरीमें वह अकेला ही ठहरा था, फिर भी वह कहने लगा कि 'तू भी रोटी बना अपने बच्चोंको खिला—देख ये भूखे हैं । बना जल्दी रोटी बना ।' बाइजीने सोचा कि इसके साथ तो कोई और है नहीं यह किससे रोटी बनानेके लिये कह रहा है । उन्होंने पूछा कि क्या जी ! किससे रोटी बनानेको कह रहे हो ?' उत्तरमें उसने कहा कि 'मैं अपनी स्त्रीकी फोटोसे कह रहा हूँ ।' बाइजीने कहा कि 'मूर्ख तू इतना भी नहीं जानता कि कभी अजीव भी रोटी बनाता है । 'सो तो मैं भी जानता हूँ'—उसने कहा ।

तो कहनेका तात्पर्य यह है कि हम समझते हैं कि ऐसा करना बुरा है तो भी हम उसे धकाये चले जाते हैं । यह कल्याणकारी बात नहीं ।

सम्यग्दृष्टि यह समझता है कि जितने ये पुत्र पौत्रिक हैं वे सब अन्य हैं । आत्मज्ञान नहीं होनेसे हम सब पागल होरहे हैं । प्रचण्ड कर्मोंका उदय हो तो हमें भुगतना पड़ेगा । सम्यग्दृष्टि जीव प्रचण्ड कर्मके उदय होनेपर न द्वेष करता है और न राग करता है ।

शुद्धात्माकी प्राप्ति होनेका कारण भेदज्ञान है । पद्माभिलाषजी बहुत बाली थ्रोड़ी भावसी थे पर ज्ञानवान थे सो उन्होंने अन्त में मुनि अवस्था प्राप्त करली थी । ज्ञान कभी न कभी काममें आ ही जाता है ।

काम तो सब करना ही पड़ता है पर अभिप्राय वही रहता है । निर्मल भावनाके ज्ञानमय भावसे ज्ञानमय भाव होता है । रागादिककी सत्ताका निरोध होजाता है और शुद्ध आत्माकी उपलब्धि हो जाती है ।

• योग दो प्रकारके होते हैं (१) शुभयोग (२) अशुभयोग। यदि दोनों ही मिट जावें तो मोक्ष हो जावे। योग जबतक है तबतक शुभ और अशुभ योगके मूल कारण रागद्वेष है। उसमे वर्तमान जो आत्मा है उसको दृढ़तर भेदविज्ञान है अत' उससे आत्माको आत्माके द्वारा आत्मासे रोके।

भइया! घोड़ेकी लगामको पकड़कर दूसरी दिशा बदलनेके लिये पहले लगाम खींचनी पड़ती है। उसे फिर दूसरी ओर मोडना पड़ता है। इसीप्रकार पर पदार्थोंकी तरफसे मनको रोककर फिर शुद्धज्ञान दर्शनकी ओर मुड़ना चाहिये। जो मनुष्य समस्त कषायोंसे विमुक्त होकर आत्मामें तल्लीन होते हैं उनके कर्मका बन्धन नहीं होता है।

कषाय रुक जावे तो योग अपने आप रुक जावे। कषाय नष्ट हो जाती है परन्तु योग वर्त्तमान रहता है तो भी उसमें कर्मा-भावकी शक्ति नहीं रहती। योग तो मिथ्यादृष्टिके रहता है और सम्यग्दृष्टिके भी रहता है। परन्तु कषाय सहित योग होनेसे मिथ्यादृष्टि कषाय रहित होकर केवलज्ञान भी प्राप्त कर लेते हैं। पर उसके रहनेसे जगके कल्याणार्थ उपदेश देते फिरते है।

आदिनाथ भगवानके दो स्त्रियाँ थीं और १०० लड़के थे। परन्तु जब तपस्याके हेतु घरसे वाहर निकल पडे और केवलज्ञान होगया तो इसके उपरान्त दुनिया भरका परिग्रह रचा गया। समवशरणकी रचना की गई पर मोह न होनेसे उतनी वस्तुऐं कुछ न विगाड़ सकीं।

कर्मके अभावसे युक्त यह आत्मा एक आत्मामें ही विचरण करता है। आत्मा पर पदार्थसे भिन्न है। चैतन्य चमत्कार युक्त आत्मा सव पर पदार्थोंको त्याग देता है तो वह शीघ्र ही कर्म नष्ट करके मोक्ष प्राप्त करता है।

२२

यदि मिथ्यात्व होगा तो कर्म होगा और इसके विपरीत यदि सम्यग्दर्शन होगा तो न कर्म होगा न राग होगा और न संसार ही होगा।

भेदविज्ञानकी तबतक भावना करो जबतक कि ज्ञान ज्ञानरूप न हो जावे। जो सिद्ध हुए हैं वे भेदविज्ञानके द्वारा ही और जो असिद्ध हैं वे भेदविज्ञानके अभावके कारण। शुद्ध आत्माकी उपलब्धि करके संवर होता है तथा भेदविज्ञानसे शुद्ध आत्माकी प्राप्ति होती है।

भेदविज्ञानसे राग-समुद्र शान्त हो जाता है यदि हे भव्य जीवो! तुम अपना कल्याण करना चाहते हो तो भेदविज्ञानको प्राप्त करनेका प्रयत्न करो।

भाइयो! कल्याणका जो मार्ग आचार्योंने बताया है, उस मार्गका आप अवलम्बन करते नहीं हो। विभूतिकी विडम्बनाको प्राप्त कर रहे हो। आप स्वयं तो समझते नहीं दूसरेको समझाते फिरते हो।

अगर आध्यात्मिक विद्या न पढ़ी जावे तो आत्माकी सच्ची शान्ति व सुख प्राप्त नहीं हो सकता। विद्यासे चमत्कार देख लो। साइन्सने ऐसे चमत्कार कर दिये जिन्हें हम मानते हैं, समझते हैं पर क्या जनता सुखके मार्गपर है? मुझे तो मालूम है कि जैसे परिग्रहकी वृद्धि होती है वैसे ही आकुलता बढ़ जाती है। और जहाँ आकुलता रहती है वहाँ सुख हो ही नहीं सकता। आत्माका कल्याण आध्यात्मिक विद्यासे ही हो सकता है। यदि हम आज अपनको देखने लगें तो हमें संसार दिखने लगे। अपना हित करो संसारका हित हो जावेगा। पर हम ऐसा करते नहीं हैं। हमारी तो ऐसी प्रकृति हो गयी है कि हमें बिना दूसरेकी

आलोचना किये चैन नहीं पड़ता। समस्त प्राणियोंमें समता भाव-धारण करो समताभाव सम्पूर्ण आचरणोंमें उत्कृष्ट आचरण है।

राज्य तो वह कहलाता है जिसमें धर्म अर्थ काम ये तीनों पुरुषार्थ अविरोध रूपसे चल रहें हो।

धर्म उसे कहते हैं जिससे स्वर्ग व मोक्षकी प्राप्ति हो। इसके विरुद्ध जो फल देवे वह अधर्म कहलाता है।

अरे हाय रे हाय! जैनोंकी बड़ी दुर्दशा है। क्या करें सब जातिवाले बड़ी बुरी निगाहसे देखते हैं—ऐसा हम कहते हैं परन्तु हम तो दावेके साथ कहते हैं कि यदि आज अपने धर्मकी आज्ञाका पालन करो। बुरी दृष्टिसे देखना तो दूर रहा सारा संसार तुम्हारे पैरोंपर गिरेगा तुम्हारी पूजा करेगा।

भाई! उसीका प्रभाव पड़ता है जो नियम कर लेता है। हमारा मोह तो क्षीण नहीं हुआ। हमारा आप पर कैसे प्रभाव पडे? और आप कैसे मोह छोड़ें।

यदि हम किसी भी नियमपर अमल करने लगें तो हम दूसरेको अमल करनेके लिये कह सकते हैं अन्यथा नहीं।

इसके बाद १२ भावनाओंका वर्णन इसमें है। कहते हैं कि हे भव्य! भावशुद्धिके लिये भावनाओंका चिन्तन करो। हम और आप रातदिन मोह कर रहे हैं। हम अपने बच्चोंको पढ़ाते हैं—

राजा राणा छत्रपति हाथिन के असवार।
मरना सबको एकदिन अपनी अपनी बार॥

६-६ वर्षके बच्चोंको तो पढाते हैं पर जो हमको पढ़ना चाहिये सो हम पढ़ते नहीं। हम ख्याल नहीं करते और अपनेसे बच्चोंको चिपटाये रहते हैं। द्वादशानुप्रेक्षा मुक्ति मन्दिरकी सीढ़ी है।

सबसे पहले अनित्य भावनाका वर्णन किया गया है। हम इन्द्रियोंके सुखोंमें लीन हैं। विचार किया जावे तो संसारमें जितने सम्बन्ध हैं वे सब विपत्तियाँ ही हैं और सबकी सब नीरस है इनमें कोई रस नहीं।

एक समय एक साधुके पास एक बच्चा पढ़ता था वह बहुत ही भक्ति किया करता था और रोज आया करता था। कुछ समयके उपरान्त उसकी सगाई हुई और वह २-४ रोज पढ़ने न आ पाया तथा जिस दिन वह वहाँ गया तो साधुने पूँछा क्यों भाई कहाँ गये थे?' उत्तर दिया—'महाराज आपकी सगाई थी।' साधुने कहा—'बेटा हमारेसे गया।'

कई दिनों बाद उसकी शादी हुई। सो १०-१५ दिन फिर साधुके यहाँ नहीं गया। जिसदिन वह साधुके पास पहुँचा सो साधुने पुनः पूँछा !—'क्यों कहो कहाँ गये थे।'

उसने कहा—'महाराज आपकी शादी थी।'

महाराजने कहा—अपने माता-पितासे गया।

कुछ दिनों बाद उसके बच्चा हुआ तो साधु ने कहा—'अब तू अपनेसे ही गया।

फिर अपने शरीरको छोड़कर अपने बच्चोंकी चिन्ता होने लगती है। अपना कल्याण करो। कहाँ के लड़के कहाँ के बच्चे?

शरीर रोगाका मंदिर है। जरा यौवनका घर है। जीवनका मरण होता ही है। जिसने जन्म लिया है वह अवश्य ही मौतको प्राप्त होगा। जो पदार्थ पुण्योदयसे आते हैं वे पाप होनेसे विद्यमान हो जाते हैं। एक मंटेम २५ ०) का लाभ हो जावे या घाटा पड़ जावे। तत्त्वदृष्टिसे विचार करो ये न पहले तुम्हारे थे और न अब भी तुम्हारे हैं। यदि ऐसा निश्चय हो जावे तो न दुख हो और न सुख।

जिस समय रावण मरने लगा तो रामचन्द्रजीने लक्ष्मणसे कहा—कि 'रावण सबसे बड़ा नीतिज्ञ है जावो कुछ शिक्षा ले आवो।' लक्ष्मण गये और रावणके सिरहाने बैठकर पूछने लगे परन्तु रावणने कुछ भी उत्तर नहीं दिया।

लक्ष्मण लौट आये। रामचन्द्रजीने फिरसे कहा कि जाकर उसके पैरोंके पास बैठकर पूँछना। लक्ष्मण गया और उसने पूछा तो रावणने उत्तरमें कहा—

'करले सो काम, भजले सो राम।'

स्पष्ट करते हुए उसने कहा कि मरनेके पूर्व मैंने विचार किया था कि मैं नरकसे लेकर स्वर्गतक सीढ़ी बना दूँगा तथा समुद्रके पानीको मीठा कर दूँगा। पर जो काम हो जावे सो ही काम है।

(सागर २।४।५२)

पांच

ज्ञानार्णव

ऋण चुकानेके दो रास्ते हैं। एक तो ऋण लेवे नहीं और प्राचीन कर्ज चुका देवे। इसी प्रकार सवर कर्मोंके आनेको रोक देता है। प्राचीन कर्म रहे सो खिर जावेंगे।

शीतकाल था। मै और मेरे कुछ अन्य सहपाठी रुई भरानेके लिये बाजारमें गये। बनारसकी वार्ता है यह। सो सबके लिये तो भरनेके लिये नौजवान मिल गये परन्तु मेरे हिस्सेमें एक बूढा आदमी पड़ा। मैंने कहा—'अरे तुम नहीं भर सकते बूढ़े आदमी हो। हमारे सब साथी चले जावेंगे। हम तो तुमसे नहीं भरवाते।'

उसने उत्तर दिया—'अरे घबड़ाते क्यों हो ? अब सबसे अच्छा और जल्दी तुम्हें दे देंगे तुम चिन्ता न करो। सबने तो एक बारमें सब रुई धुनकर डाली पर बूढ़ेने तो एक एक छटाक करके धुनकी। अन्तमें सबसे पहले उस बूढ़ेने वह रुई धुनकी और वह रुई सबसे अच्छी धुनकी गई। उसने मुझसे कहा—'तुम समझे कि नहीं या पूरे मूर्ख ही हो।' मैंने कहा—'मैं सब समझ गया 'तुम अपनी एक-एक छटाक धुनक करके काम करतेथे चिन्ता कम करते गये और उन्होंने पूरी ही धुनकी और फिरसे पूरी ही धुनकी। इससे उनको पूरेकी ही चिन्ता रही।'

इसी प्रकार अब हम कर्मोंका संवर कर लेते हैं तो एक चिन्तासे निर्वृत हो जाते हैं फिर हमें सिर्फ निजरा ही करना पड़ती है सो वह भी हम कर लेंगे।

रागादिकको रोककर जिसने ज्ञानकी धुरी धारण करके संवर कर दिया वह अब प्राचीन कर्मोंका नाश करनेके लिये निजरा करनेके लिए उद्यत होता है।

संवर कहाँसे होता है इसको बताते हैं। वीतरागी चेतन व अचेतन दोनोंका उपभोग नहीं करता है। उपभोगका अर्थ है—रुच जाना। जैसे तुमने किसी पदार्थको खाया तो तुम्हें जिह्वासे उस पदार्थका स्वाद आया। तुमको रुच गया तो तुम उसमें राग करने लगे। मुनिने भी उस पदार्थको खाया और जिह्वा इन्द्रियसे उसके रसास्वादनका ज्ञानोपार्जन किया परन्तु उन्होंने उसमें राग बुद्धि नहीं की। यह समझते हैं कि सिर्फ शरीरकी स्थितिके लिये उन्हें ऐसा करना पड़ा। क्योंकि कहा है—

"शरीर माद्यं खलु धर्मसाधनम्।"

मन्दिरमें हम भी जाते हैं, माली भी जाता है और मन्दिरमें

सबसे अधिक समय लगाता है लेकिन भक्त हम ही कहलाते हैं, माली नहीं। परिणामोंकी अपेक्षासे यह व्यवहार होता है। यदि हमें धर्म रुच गया तो समझना चाहिये कि हमारा कल्याण हो गया।

बन्धका कारण राग-द्वेषकी परिणति है। पदार्थके उपभोगमे दो बातें होती हैं। जब सातावेदनीयका उदय होता है तो पदार्थ रुचिकर प्रतीत होनेसे सुखानुभव होने लगता है। कभी-कभी वे ही पदार्थ असातावेदनीयके उदयसे अरुचिकर प्रतीत होनेसे दुखानुभव होने लगता है।

ज्ञानमें तो सुख दु ख दोनो ही आवेंगे। परन्तु चूँकि उपयोग बन्धका कारण नहीं, बन्धका कारण मोह है। जहाँ उपयोगके समय मोहका सहयोग मिला वहीं पर नवीन कर्मका बन्ध हो जाता है।

असातावेदनीयके उदयसे यदि किसीको दुख हुवा। यदि अब वह अपने सक्लेश परिणाम करेगा तो उसे नवीन कर्मबन्ध होगा और यदि समता धारण की तो उसे सवर होगा।

दीपचन्दजी सुनाया करते थे कि मारवाड़में एक बुढ़िया थी। उसके ७ लड़के थे। वे बहुत ही सुन्दर और आज्ञाकारी थे। आयुपूर्ण होनेसे बड़े लड़केका स्वर्गवास हो गया। उस बुढ़ियाने बहुत ही विलाप किया। दिन रात रोती रहती थी। लड़कोंने बहुत समझाया कि हम तुम्हारी सेवा करेंगे, और यदि तुमने विलाप करना नहीं छोडा तो अवश्य हम सब भी मर जावेंगे। दैवात् सब मर गये।

आचार्योंने तो यह निरूपण किया है कि कर्मके उदयसे होनेवाले पर पदार्थोंका उपभोग करलो, पर उनमें न तो विषाद ही लावो और न उनमे सुख ही मनाओ। वन्धका कारण कषाय

है। बन्धके जो अनुभाग और स्थितिभेद किये गये हैं कषाय पर निर्भर है। तीव्र कषायमें तीव्र अनुभाग एवं स्थिति कर्म बन्ध होगा।

अभी किसीको यदि कोई विषैला जीव जन्तु काट जावे तो मन्त्रमें ऐसी ताकत है कि वह उसे दूर कर देता है। उसी प्रकार ज्ञान भी एक ऐसा मन्त्र है जिससे मोह राग और द्वेषरूपी कर्म क्षणमें ही नष्ट कर दिया जाता है। कई वस्तुएँ ऐसी देखनेको हमें मिलती हैं या हमें सुगन्धना पड़ती हैं जिन्हें हम नहीं जानते लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि उपयोग करते समय आत्माका सम्मुखन ही खा दिया जावे।

धर्मका फल तो मीठा रहता है पर धर्मकी रक्षा करना बड़ा कठोर है। इसलिये तो आज सुबह खाया फिर अपना पेट खाली हो जाता है। क्या विचित्र लीला है? रोज रोज यहाँ आनेकी कोई आवश्यकता नहीं। अरे! एकदिन समझ ला और अपने कल्याणमें लग जाओ।

जो तुम ईश्वरको द्रष्टा मानते हो उसका छोड़ अपनेको ही द्रष्टा समझो। तू न तो शरीर है और न किसी आविकाका है। तू ही ज्ञाता है, तू ही द्रष्टा है। मूल छोड़ दो आज कल्याण हो जावे।

ज्ञान और वैराग्यकी ताकत ये दो चीजें ही तुम्हारा कल्याण कर देंगी। कोई मनुष्य मद्यपान कर लेता है और वह पागल हो जाता है। ऐसे समय यदि दवाई दवा दी जावे तो नशा दूर हो जावे चला छूटी पाई।

सम्यग्दृष्टिके तीव्र विरागी भाव होनेसे ज्ञानीको नवीन कर्म बन्ध नहीं होता। प्रमादी भी नहीं होना चाहिये। भीतर हृदयका अभिप्राय ठीक रखो। अध्यापक लड़केको मारता है तो

लड़का कहता है—'अच्छा मारा'। उसका सरक्षक कहता है—'अच्छा मारा' क्योंकि उस अध्यापकका अभिप्राय उस लड़केको पढ़ानेका है।

सम्यग्दृष्टिको भी सब भुगतना पड़ता है। मोहसे मुनि अपने पास पिछी रखते हैं। कहीं जीवोंका घात न हो जावे—यह मोह रहता है।

जब मोह नष्ट हो जाता है तो कोई बुराई पैदा नहीं होती। देखो तो हम नित्य प्रति पुद्गलकी पर्यायोंको बुरी अवस्थामे ला रहे हैं। सुन्दर २ पदार्थ मल मूत्र और अन्य पर्यायोंमे बदल रहे हैं। यह सब तुम्हारे ही दोषोंका परिणाम है। जब परिहारविशुद्धि हो जाती है तो शरीर ऐसा हो जाता है कि भोजन भी करते हैं तो भी मलमूत्रका परिणमन नहीं होता है। इससे ज्ञात होता है कि शरीरमें मोह न होनेसे ऐसी शक्ति पैदा हो जाती है।

सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनों ही विषय सेवन कर रहे हैं पर एकको फल प्राप्त नहीं होता और एकको होता है। ज्ञान वैभव एव विरागताका बल है। सेवन करते हुए भी असेवक है, क्योंकि वे उदासीन हैं तथा पदार्थके स्वरूपको जानते हैं।

अन्तरंग आसक्ति न होनेसे सम्यग्दृष्टिके बन्ध नहीं होता और मिथ्यादृष्टि न सेवन करते हुए भी बन्ध करता है। सम्यग्दृष्टिके नियमसे ज्ञान व चारित्र होता ही है। वह अपनी आत्मा में स्थित होता हुवा रागसे विरक्त होता है। सामान्य व विशेष प्रकारसे कर्मका उदय होता है और हमे सुख व दुख देनेवाली विविध प्रकारकी सामग्री प्राप्त होती है। पर सम्यग्दृष्टि यह समझता है कि मैं यह नहीं हूँ मैं तो ज्ञाता और द्रष्टा हूँ। किसी वस्तुके विछोहमें या भगवानकी मूर्तिके खण्डन होने पर हम दुखी होते हैं। तत्त्वदृष्टिसे विचार करो तो हमे वस्तुसे कोई भी दुख

प्राप्त नहीं होता वरन हम अपने मोहसे ही दुखी होते हैं। मोहका क्या चाहियात ठाट है। यदि मोह मिट जावे तो संसार मिट जावे आत्माका असली आनन्द प्राप्त होने लगे। हमारा ज्ञान है उसमें तो सब पदार्थ झलकेंगे इसमें मोह क्यों करते हो। मोहसे उस पदार्थको अपना मान लेते हो—यही तो गलती है। यदि यह गलती सुधर जावे तो कल्याण होनेमें कोई विलम्ब नहीं।

वर्तमान कालमें जल गर्म है पर उसका स्वभाव गर्म नहीं है वह तो स्वभावतः शीतल है। पर अग्निके संयोगसे गर्म हो गया है। गर्मीको मिटानेका प्रयत्न किया जावे और वह दूर हो जावे तो जलका जो स्वभाव शीतलता है वह प्रगट हो जावेगा।

आत्मामें जो औदयिक परिणाम हैं उनको सहते हुए राग-द्वेषको मिटानेकी कोशिश करो।

ये रागद्वेष तो ठीक हैं क्षायोपशमिक ज्ञान भी तुम्हारा रहनेवाला नहीं है।

भइया! यह बात तो जरूर है कि हम मोह वगैरह को दूर करनेका प्रयत्न करते हैं, क्योंकि ये बुरे हैं। इनसे आकुलता प्राप्त होती है। पर हम ज्ञान को मिटाने का प्रयत्न नहीं करते क्योंकि इससे हमें दुख नहीं होता। दुख देनेवाली असली चीज तो मोह है। ज्ञानमें जो चीज आवे सो आवे, उससे हमारा कोई बिगाड़ होनेवाला नहीं है पर उसमें रागद्वेष नहीं करना चाहिये।

सम्यग्दृष्टि राग-द्वेषका त्याग करता है। वह समझता है कि राग-द्वेष हमारा नहीं है वह तो कर्मोदयसे हुआ है। हम तो इससे बिल्कुल पृथक् हैं। यह तो मिटनेवाली चीज है इसे मिटाना ही चाहिये। सम्यग्दृष्टिके नियमसे सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्र होता ही है। वह अपनी आत्माको जानता हुआ औदयिकभाव को जानता है। मंदिरमें बैठकर भी हमने यदि अपना राग नहीं

छोड़ा तो सब व्यर्थ है। हम अरिहंतका नाम लेते हैं पर जरा उसके अर्थ पर तो विचार कीजिये।

'अ' का अर्थ होता है अरि याने मोहनीय कर्म। 'र' का अर्थ होता है रज याने अज्ञान, अदर्शन व अतराय। 'हत' का अर्थ मारनेवाला। जिसने मोहनीय ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अतराय इन ४ घातिया कर्मोंको नष्ट कर दिया है वे ही अरिहत कहलाते हैं। व्यावहारिक दृष्टिकोणसे हम उनका पूजन करते है लेकिन् उनके गुणोंको प्राप्त करनेका हम प्रयत्न नहीं करते – यही हमारी कमजोरी एव मूर्खता है।

मनुष्य जब राग, द्वेष, मोह छोड़ देता है तब वह सम्यग्दृष्टि होता है। उन्हें छोडनेकी आवश्यकता ही नहीं पडती, जब उनको वह पर पदार्थ समझने लगता है तब उनसे हेय बुद्धि तो हो ही जाती है।

राग, द्वेष, मोह और कषाय ये छोडने योग्य हैं। सामान्य व विशेष भावोंसे पृथक् होकर केवलज्ञान व वैराग्यको ही अपना स्वभाव मानना सम्यग्दृष्टिका कर्त्तव्य है।

सम्यग्दृष्टिको मकान तो मिल गया। अब तो उसके कूड़े कचड़ेको झाडकर साफ करनेकी आवश्यकता है।

जो मोहादि हैं वही तो कूड़ा कचड़ा है।

सम्यग्दृष्टिने, जो कर्म व कषाय उसे डुबो रहे थे, उन सबको चूर कर दिया है। जिस तेज अग्निसे वज्रको भस्म कर दिया वह तो शेष कूड़ा करकटको शीघ्र ही नष्ट कर देगा। इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि शीघ्र ही अज्ञान, राग, द्वेष और मोहको नष्टकर सकता है।

जो लेशमात्र भी राग-द्वेषको माने वह अपनी आत्माको नहीं जान सकता है। जो आत्माको नहीं जानता वह जीव अजीवको

नहीं जान सकता और जो जीव अजीवको नहीं जानता वह सम्य-ग्दर्शन कैसे प्राप्त कर सकता है ?

सबसे बड़ा संसार है हम हरएक पदार्थमें पागल हो जाते हैं और उसे अपना मान बैठे हैं। एक पर्यायमें आये तो दूसरी पर्यायको भूल जाते हैं। पदार्थमें ये अवस्थाएँ अस्थिर हैं अपनी नहीं हैं। ये तो पुद्गल परिणमन है। समयको कोई रोक नहीं सकता। हम तुम तो ठीक ही हैं तीर्थकर पद तक तो रुका नहीं। यदि तुम्हारा ही पद है तो रख लो उसे अपने पास सब जानें। लेकिन रहता नहीं। इससे मालूम पड़ता है कि ये शरीर धन ऐश्वर्य आदि हमारे नहीं हैं। हमारा तो जो स्थायी भाव ज्ञान है वही है।

भइया एक बुढ़िया थी उसके ३ लड़के थे सो एक दिन एक पड़ोसीने विचार किया कि किसीका निमंत्रण किया जावे। उसने बुढ़ियासे आकर कहा—कि आठ लड़केका नेवता किये जाता हूँ। बुढ़ियाने उत्तर दिया कि भाई किसी का भी नेवता कर जावो हमें कोई उज्र नहीं पर इतना अवश्य है कि तीनों ही ३-३ सेरका खानेवाले हैं। इसी प्रकार चाहे किसी भी भावनाका चिन्तन करो बात एक ही है।

भाव बहुतसे पैदा होते हैं। शांत परिणाम कभी होते हैं और कभी क्रोध रूप परिणाम हो जाते हैं। परन्तु ये स्थिर परिणाम नहीं हैं। इसमे यह आत्माका स्वभाव नहीं हो सकता। मोह, कषाय राग द्वेष आत्मामें होवें परन्तु ये हैं अस्थायी ही। ये हमेशा टिकनेवाले नहीं हैं। ज्ञानभाव ऐसा है जो आत्मामें नित्य है—अव्यभिचारी है।

ज्ञानमें कोई विपत्ति नहीं है, मोह नहीं हो तो कोई उपद्रव नहीं हो सकता। जहाँ वो वस्तुएं होती हैं वहाँ तो संकट पैदा

जाती है। यदि शुद्ध दाल ही बनाई जावे तो उसमें कोई उपद्रव नहीं और यदि उसमें नमक मसाला डाला जावे तो कभी रौना और कभी खारा ऐसी विशेषताएे हो जाती हैं।

चिन्ताका विकल्प सब बिगाड करते हैं। व्यवहारमें भी देखा जाता है कि जिस मनुष्यके जितनी कम चिन्ता होगी वह उतना ही सुखी होगा।

बुढियाका एक लड़का था। वह उसे खूब खिलाया करती थी। उस लड़केको कोई चिन्ता नहीं थी। वह आरामसे रहता था और खेला करता था। वह शरीरका काफी मजबूत था। उसके घरके सामनेसे राजाका हाथी निकला करता था। जब कभी वह लड़का हाथीकी साकल पर लात रख देता था, हाथीकी यह मजाल न थी कि वह आगे बढ सके। हाथीको चिन्ता हुई कि हमसे बलवान आदमी यहाँ मौजूद है और वह कमजोर होने लगा। यह देखकर राजाने उसके कमजोर होनेका कारण ज्ञात किया और उस लड़केको राजदरबारमें बुलाया।

उससे कहा—'हमारे यहाँ नौकरी करोगे ?'

उसने उत्तर दिया—'हमे क्या करना है नौकरीका, हम तो आरामसे रहते हैं। हमें तुम्हारी नौकरीकी आवश्यकता नहीं।'

राजाने कहा—'अच्छा इतना काम करना कि तुम्हारे घरके पास जो मदिर है उसमें एक दीपक रख देना। हम तुम्हें ५००) माहवार देंगे। ये लेते जाओ रुपये।'

लडकेने सोचा कि इतने रुपये मिल रहे हैं और थोड़ा-सा ही तो काम है। उसने रुपये ले लिये और बड़ी खुशीके साथ घर आया।

जब वह लडकोंके साथ खेल रहा था तो उसके मनमे यह चिन्ता पैदा हो गई कि दीपक जलाना है। दूसरे दिन जब उसने

हाथीकी जंजीर पर अपना पैर रक्खा तो हाथी उसे खींच ले गया।

कहनेका तात्पर्य यह है कि जब चिन्ता हो जाती है तो शरीर का बल अपने आप कम हो जाता है। यदि अपना कल्याण चाहते हो तो चिन्ताको छोड़कर आत्मामें लीन रहो। अपनी समालोचना करो तो कल्याण हो जावे। उसकी तरफ अभी अपनी दृष्टि नहीं गई। दुनियाका यदि भला चाहते हो तो पहले अपना भला करो।

मोक्षका साक्षात् उपाय ज्ञान है। जिस प्रकार बादलोंमें सूर्य छिपा रहता है तब प्रकाश नहीं रहता पर जैसे जैसे वह घनपटल से दूर होता है वैसे ही ज्ञानके उदयसे आत्माका अज्ञानांधकार नष्ट हो जाता है। कर्म पटलसे यह आत्मा आच्छादित है। जैसे जैसे कर्मपटल दूर होगा वैसे वैसे आत्माका विकास होगा। कर्म-पटल दूर करनेके लिये हमें ज्ञानको हासिल करना चाहिये।

अनन्त पर्यायोंको यदि नहीं जानते हो तो कोई नुकसान नहीं। भेदज्ञान हो जावे तो सन्तोष करो—इससे अधिक समझ-दारजमें क्या मिलेगा? हम अपने शरीरको कष्ट दें—तप करें, महातप करें और यदि ज्ञान नहीं हो तो हमारा कल्याण नहीं होगा। सतत ज्ञानका अभ्यास करो—इतना ही इसका तात्पर्य है।

समयसार—

संसार स्थिर नहीं है। न मालूम किसीका साथी होता है। जिसको सुबह राज्याभिषेक होना था क्या मालूम था कि उसे सुबह जंगलको जाना पड़ेगा।

एककी लड़कीकी शादी हुई। सो भाँवरके समय लड़की सो गई। उसकी माताने आकर उसे जगाया। जागकर उसने

अपनी मातासे कहा कि मैंने स्वप्नमे देखा है कि मैं विधवा हो गई हूँ। माताने उत्तर दिया कि इस अवसर पर ऐसे अशुभ विचार नहीं करना चाहिये। भॉवरको जब लड़का आया तब उस समय उसका सिरदर्द करने लगा, परन्तु समय चूक रहा था इसलिये लोगोने उसकी भॉवर पड़वा दी। सुबह उसका देहान्त हो गया। क्या होना था, क्या हो गया। जिस प्रकार समुद्रमें लहरें उठती हैं उसी प्रकार कर्मके उदयसे हमारी पर्यायें बदलती रहती हैं। इन पर्यायोंको हमे अपना नहीं समझना चाहिये।

आयुको कोई रोकनेवाला नहीं, जब किसीकी मौत आ जाती है फिर उसे बचानेमें कोई समर्थ नहीं। परन्तु हम इतना तो कर सकते हैं कि आयु ही न मिले।

यौवन और धन स्वप्नके सदृश है। जब नींद खुले तब ही सारा मजा किरकिरा हो जाता है। इसी प्रकार जबतक शुभ कर्मका उदय है तबतक यह सुख है। नहीं तो एक क्षणमें विलय जाता है।

द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा सब पदार्थ स्थिर हैं। और पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा सब पदार्थ अस्थिर हैं। इसलिये पर्यायमें जो चीज प्राप्त हुई है उसका अभिमान करना व्यर्थ है।

(सागर ३ । ४ । ५२)

छह

समयसार

यदि मोक्षकी इच्छा है तो ज्ञान गुण प्राप्त करो। यदि जीव ज्ञानसे रहित है और वह बहुत-सी क्रियाएँ भी करे तो भी उसे मोक्ष प्राप्त नहीं हो सकता। मोक्षमें जीव विषयसे विरक्त हो

हाथीकी जंजीर पर अपना पैर रखा तो हाथी उसे खींच ले गया।

कहनेका तात्पर्य यह है कि जब चिन्ता हो जाती है तो शरीर का बल अपने आप कम हो जाता है। यदि अपना कल्याण चाहते हो तो चिन्ताको छोड़कर आत्मामें लीन रहो। अपनी समालोचना करो तो कल्याण हो जावे। उसकी तरफ अभी अपनी दृष्टि नहीं गई। दुनियाका यदि भला चाहते हो तो पहले अपना भला करो।

मोक्षका साक्षात् उपाय ज्ञान है। जिस प्रकार बादलमें सूर्य छिपा रहता है तब प्रकाश नहीं रहता पर जैसे जैसे वह घनपटल से दूर होता है वैसे ही ज्ञानके उदयसे आत्माका महान्धकार नष्ट हो जाता है। कर्म पटलसे यह आत्मा आच्छादित है। जैसे जैसे कर्मपटल दूर होंगे वैसे वैसे आत्माका विकास होगा। कर्म पटल दूर करनेके लिये हमें ज्ञानको हासिल करना चाहिये।

अनन्त पर्यायोंको यदि नहीं जानते हो तो कोई नुकसान नहीं। भेदज्ञान हो जावे तो सन्तोष करो—इससे अधिक समवशरणमें क्या मिलेगा? हम अपने शरीरको कष्ट दें—तप करें, महातप करें और यदि ज्ञान नहीं हो तो हमारा कल्याण नहीं होगा। सतत ज्ञानका अभ्यास करो—इतना ही इसका तात्पर्य है।

समयसार—

संसार स्थिर नहीं है। न भाग्य किसीका साथी होता है। जिसको सुबह राज्याभिषेक होना था क्या मालूम था कि उसे सुबह जंगलको जाना पड़ेगा।

एकको लड़कीकी शादी हुई। सो भाँवरके समय लड़की सो गई। उसकी माताने आकर उसे जगाया। जागकर उसने

होगी। और उसकी अवहेलना देखकर अपने प्राणान्त कर लिये। संसारके दुखके कारण इन्ही विषयोंकी आकाक्षा है।

विषयमें जो रस है, वही संसार है। विरस ही मोक्ष है। यहीं देख लो, दूर जाने की आवश्यकता नही। अभो, इसी समय मोक्ष देखने को मिल जावे।

मनुष्य सब क्रियाओंको कर डाले, महातप भी सहन कर ले, लेकिन ज्ञान यदि न होवे तो तीन कालमें भी मोक्ष नही हो सकता है। सारे अन्धे मिल जावें और कितना ही प्रयत्न करें तो भी वे निर्दिष्ट स्थान पर नहीं पहुंच सकते हैं। सहज बोधकी कलासे मोक्ष सुलभ है। ज्ञानमें रत हो जावो, सन्तोष करो, आत्मा ज्ञानके बराबर है। ज्ञान ही आत्मा है। देखिये अग्निमे उष्णता रहती है, जिस समय उष्णता नहीं उस समय अग्नि ही नहीं रहती। इसी प्रकार आत्मा का स्वभाव ज्ञान है। आत्मामें सन्तोष करो। सागरमें कई प्रकार की लहरे आती रहती हैं। सारा विश्व ही ज्ञानमे आता है। तू दीनकी तरह उनके पीछे दौड़ता फिरता है। जिस दिन तू उसे छोड़ देगा तेरे पीछे वे दौड़ते फिरेंगे। इसलिये हमेशा आत्मामे रत रहो। इतना ही कल्याण मार्ग है, इसलिये ज्ञान मात्रमें सन्तोष करो। ऐसी कौनसी चीज है जो ज्ञानमे न आती हो? दुख भी ज्ञानमें आता है। सुख भी ज्ञानमे आता है। ज्ञान तो पीछा छोड़ता नहीं और तुम ज्ञान को जानते नही।

पानी गर्म हो गया। ज्ञानसे हम जान लेते हैं कि यह अग्निके सयोगसे इस पर्याय को प्राप्त हो गया है। यथार्थ में इसका स्वभाव शीतलपना है। यह क्रोध है—यह भी ज्ञान बताता है इसलिये ज्ञानमे संतोष करो और इसीका अनुभवन करो। उसीमें तृप्त रहो, उससे आगे कोई चीज नहीं। यदि तुम आत्मामें

आता है। यदि पाँचों इन्द्रियोंके विषयोंमें आनन्दका अनुभव हो तो समझना चाहिये कि संसार है और यदि आनन्द नहीं आवे तो मोक्ष है। बस इतना ही विज्ञान है। यदि मोक्ष-प्राप्तिकी आवश्यता है तो विज्ञान प्राप्त करो। ऐसा कौन मूढ़ है जो यह नहीं समझता कि ये पाँचो इन्द्रियोंके विषय हैं, इनसे विरक्त होना ही मोक्षका कारण है। हम इन विषयोंमें ऐसे फँसे हुए हैं कि न तो माता-पिताको समझते हैं और न धर्मका आचरण करते हैं। वे तो सब ठीक ही है, हम स्वयंको भी नहीं गिनते।

बनारसमें जब हम पढ़ते थे उस समय फारसके नाटक सब प्रिय थे। वहाँ 'हमीरे हिसर नाटक आया। हमारे शास्त्रीजी ने कहा—'नाटक देखने चलो अच्छा नाटक आया है।

हमने कहा—'शास्त्रीजी आपने तो पुस्तकोंके सिवाय कुछ देखा नहीं आपको क्योंकर इच्छा हुई? और फिर वहाँ हम ≈) ।) के टिकट पर जा नहीं सकते। वहाँ तो बीड़ी फीड़ी पीते हैं। हम यह धुआँ बहुत बुरा लगता है। हम तो २) रुपयाके टिकट पर चलेंगे पर हमारे पास तो पैसा है नहीं।

शास्त्रीजीने उत्तर दिया—'चलो, तुम्हें हम ऊंच टिकट पर ले चलेंगे और टिकटके पैसे हम दे देंगे।'

हम देखनेको गये। वहाँ हमारे पास एक आदमी बैठा हुआ था। उसने एक कागज पर कुछ लिखा और सामने जहाँ रानी अपना पार्ट कर रही थी उसके पास फेंक दिया। रानी का पार्ट एक स्त्री ही कर रही थी। उसने उस कागजको उठाया और उसे पढ़ा। फिर उस कागजके कई टुकड़े कर पैरोंसे मसल दिया।

जब मनुष्यने यह देखा तो उसने छुरा निकाला और अपनी आत्महत्या करली। उसने कुछ विषय संबन्धी ही बात लिखी

करना पड़ेगा। ज्ञानी विचार करता है जो जिसका 'स्व' है वही उसका धन है और उसका वह स्वामी है। आत्मा का परिग्रह आत्मा और ज्ञान का परिग्रह ज्ञान है। ज्ञान क्रोध नहीं हो सकता और क्रोध ज्ञान नहीं हो सकता। पर पदार्थ हमारे नहीं है—ऐसा समझकर वह पर पदार्थों को ग्रहण नहीं करता है। जैसा मैं हूँ वैसे ही भगवान् हैं। भगवानने पर पदार्थ छोड़ दिये हैं और हमने पर पदार्थ ग्रहण किये हैं, इसलिये हम सेवन करनेवाले कहलाते हैं और हम सेवक भी बने हुए हैं। मालिक बनना हो तो अभी बन जावो, जो भगवान्के चरणोंमें सिर रगड़ना पड़ता है वह छूट जावे, सिर्फ पर पदार्थोंका त्याग कर दो। हम क्यों हमेशा हलके बने रहें ?

यदि—पर पदार्थ को हम ग्रहण करें तो वह हमारा 'स्व' होगया, और हम इसके स्वामी हो गये तो हम अजीव हो जावेंगे। तो क्यों अपने आप अजीव बनते फिरते हो ? तुम तो एक टंकोत्कीर्ण ज्ञायक स्वभाव आत्मा हो, ज्ञान ही तुम्हारा है। तुम ज्ञानके स्वामी हो। अतएव तुम्हें पर द्रव्य को ग्रहण नहीं करना चाहिये।

एक समयका कथानक है कि क्षत्रिय और—वैश्य में लड़ाई हुई। क्षत्रियको वैश्यने हरा दिया और उसकी छातीपर आगया। उसी समय क्षत्रियने पूछा—'तुम कौन हो ?'

वैश्यने उत्तर दिया—'मैं तो वैश्य हूँ।'

क्षत्रियने ऐसा सुनते ही साहस पूर्वक उसे नीचे कर दिया। इसी प्रकार जब हमें मालूम पड़ जाय कि कर्म-कषाय तो पर पदार्थ हैं और वे हमें ससारमें नाना प्रकारके कष्ट दे रहे हैं तभी हम उन्हें पराजित कर सकते हैं। लेकिन यदि हम समझे ही नहीं तो हमारी गलती है। नेता जो होते हैं या तीर्थंकर जो होगये हैं, वे हममें से ही हुए हैं। उनके नाम लेनेसे कोई लाभ

रत हो जाओ उसीमें सन्तोष करो तथा उसीमें तल्लीन हो जाओ तो तुम्हें सुख मिलेगा। और वह सुख न तो किसीसे पूछना पड़ेगा और न कोई बता सकेगा। वह तो आत्मा की वस्तु है और आत्मामें ही अनुभवन की जाती है।

जब आँखमें मातियाबिन्दु पड़ जाता है तो आँखसे दिखना बन्द हो जाता है। परन्तु जब इसे निकाल कर फेंक दिया जाता है तो आँखसे अपने आप दिखाई देने लगता है। किसीसे पूछना नहीं पड़ता कि हमें दिखाइ देता है—या नहीं।

एक नवीन बहूके गर्भ रहा तो उसने अपनी सासुसे कहा—कि 'जब बच्चा पैदा होने लगे-तब हमें जगा देना।'

सासुने कहा—'तुम्हें जगानेकी जरूरत नहीं पड़ेगी तुम स्वयं जग जाओगी।

इसी प्रकार यदि तुम कषाय को छोड़ दो तो तुम्हें सुख या आनन्द होगा यह तुम्हें किसीसे पूछना न पड़ेगा।

ज्ञानी जीव परपदार्थ को ग्रहण नहीं करता। क्या करें समय ही ऐसा आगया है। लोग इसका ढोंग समझते हैं। प्राचीन कालमें हजारों मनुष्य घरसे विरक्त हो जाते थे वनमें निवास करते थे, वहीं पर लड़कोंको पढ़ाया करते थे। पर तु हम सब ही विषय भोग चाहते हैं, यदि दुखी न हों तो क्या हों? बीसा कमाएँ हम बिना मूल्य शिक्षाकी मिलती हैं, पर आजकल तो संस्कृत भाषा भी बिना रुपये खर्च किये नहीं मिलती! सची शिक्षा तो वह है जो दुख को दूर करे और सुखको उपजावे। यदि किसी को १०००) माहवार मिलते हैं तो उसे १ ०) खर्च करने चाहिये और १ ०) शिक्षादानमें देना चाहिये। वर्तमान समयमें तो शिक्षासे रोटी कमानेकी इच्छा की जाती है, कल्याण कैसे हो?

धनका तो दान हो सकता है पर कषाय का तो त्याग ही

करना पडेगा। ज्ञानी विचार करता है जो जिसका 'स्व' है वही उसका धन है और उसका वह स्वामी है। आत्मा का परिग्रह आत्मा और ज्ञान का परिग्रह ज्ञान है। ज्ञान क्रोध नहीं हो सकता और क्रोध ज्ञान नहीं हो सकता। पर पदार्थ हमारे नहीं है—ऐसा समझकर वह पर पदार्थों को ग्रहण नहीं करता है। जैसा मैं हूँ वैसे ही भगवान् हैं। भगवानने पर पदार्थ छोड दिये हैं और हमने पर पदार्थ ग्रहण किये हैं, इसलिये हम सेवन करनेवाले कहलाते हैं और हम सेवक भी बने हुए हैं। मालिक बनना हो तो अभी बन जावो, जो भगवान्के चरणोंमे सिर रगड़ना पडता है वह छूट जावे, सिर्फ पर पदार्थोंका त्याग कर दो। हम क्यो हमेशा हलके बने रहें ?

यदि–पर पदार्थ को हम ग्रहण करे तो वह हमारा 'स्व' होगया, और हम इसके स्वामी हो गये तो हम अजीव हो जावेंगे। तो क्यो अपने आप अजीव बनते फिरते हो ? तुम तो एक टकोत्कीर्ण ज्ञायक स्वभाव आत्मा हो, ज्ञान ही तुम्हारा है। तुम ज्ञानके स्वामी हो। अतएव तुम्हें पर द्रव्य को ग्रहण नहीं करना चाहिये।

एक समयका कथानक है कि क्षत्रिय और—वैश्य में लड़ाई हुई। क्षत्रियको वैश्यने हरा दिया और उसकी छातीपर आगया। उसी समय क्षत्रियने पूछा–'तुम कौन हो ?'

वैश्यने उत्तर दिया—'मैं तो वैश्य हूँ।'

क्षत्रियने ऐसा सुनते ही साहस पूर्वक उसे नीचे कर दिया। इसी प्रकार जब हमें मालूम पड जाय कि कर्म-कषाय तो पर पदार्थ हैं और वे हमें ससारमें नाना प्रकारके कष्ट दे रहे हैं तभी हम उन्हें पराजित कर सकते हैं। लेकिन यदि हम समझें ही नही तो हमारी गलती है। नेता जो होते हैं या तीर्थंकर जो होगये हैं, वे हममें से ही हुए हैं। उनके नाम लेनेसे कोई लाभ

रत हो जाओ उसीमें सन्तोष करो तथा उसीमें तल्लीन हो जाओ तो तुम्हें सुख मिलेगा। और यह सुख न तो किसीसे पूछना पड़ेगा और न कोई बता सकेगा। यह तो आत्मा की वस्तु है और आत्मामें ही अनुभवन की जाती है।

जब आँखमें मातियाबिन्दु पड़ जाता है तो आँखसे दिखना बन्द हो जाता है। परन्तु जब इसे निकाल कर फेंक दिया जाता है तो आँखसे अपने आप दिखाई देने लगता है। किसीसे पूछना नहीं पड़ता कि हमें दिखाई देता है—या नहीं।

एक नवीन बहूके गर्भ रहा तो उसने अपनी सासुसे कहा—कि 'जब बच्चा पैदा होने लगे-तब हमें जगा देना।'

सासुने कहा—'तुम्हें जगानेकी जरूरत नहीं पड़ेगी तुम स्वयं जग जावोगी।

इसी प्रकार यदि तुम कषाय को छोड़ दो तो तुम्हें सुख या आनन्द होगा यह तुम्हें किसीसे पूछना न पड़ेगा।

ज्ञानी जीव परपदार्थ को ग्रहण नहीं करता। क्या करें, समय ही ऐसा आगया है। लोग इसको ढोंग समझते हैं। प्राचीन कालमें हजारों मनुष्य घरसे विरक्त हो जाते थे वनमें निवास करते थे, वहां पर सबको पढ़ाया करते थे। पर तु हम सब ही भिक्ष मांग चाहते हैं, यदि दुरी न हों तो क्या हों ? जैसा कषाय हमें बिना मूल्य शिक्षा मिलती है, पर आजकल तो संस्कृत भाषा भी बिना रुपये खर्च किये नहीं मिलती ! सच्ची शिक्षा तो वह है जो दुख को दूर करे और सुखको उपजावे। यदि किसी को १०००) माहवार मिलते हैं तो उसे १००) खर्च करने चाहिये और ९००) शिक्षादानमें देना चाहिये। वर्तमान समयमें तो शिक्षासे रोटी कमानकी इच्छा की जाती है, कल्याण कैसे हो ?

धनका तो दान हो सकता है पर कषाय का तो त्याग ही

करना पडेगा। ज्ञानी विचार करता है जो जिसका 'स्व' है वही उसका धन है और उसका वह स्वामी है। आत्मा का परिग्रह आत्मा और ज्ञान का परिग्रह ज्ञान है। ज्ञान क्रोध नहीं हो सकता और क्रोध ज्ञान नहीं हो सकता। पर पदार्थ हमारे नहीं है—ऐसा समझकर वह पर पदार्थों को ग्रहण नहीं करता है। जैसा मैं हूं वैसे ही भगवान् हैं। भगवानने पर पदार्थ छोड दिये हैं और हमने पर पदार्थ ग्रहण किये हैं, इसलिये हम सेवन करनेवाले कहलाते हैं और हम सेवक भी बने हुए हैं। मालिक बनना हो तो अभी बन जावो, जो भगवान्के चरणोंमें सिर रगडना पडता है वह छूट जावे, सिर्फ पर पदार्थोंका त्याग कर दो। हम क्यों हमेशा हलके बने रहें ?

यदि—पर पदार्थ को हम ग्रहण करें तो वह हमारा 'स्व' होगया, और हम इसके स्वामी हो गये तो हम अजीव हो जावेंगे। तो क्यो अपने आप अजीव बनते फिरते हो ? तुम तो एक टकोत्कीर्ण ज्ञायक स्वभाव आत्मा हो, ज्ञान ही तुम्हारा है। तुम ज्ञानके स्वामी हो। अतएव तुम्हें पर द्रव्य को ग्रहण नहीं करना चाहिये।

एक समयका कथानक है कि क्षत्रिय और—वैश्य में लड़ाई हुई। क्षत्रियको वैश्यने हरा दिया और उसकी छातीपर आगया। उसी समय क्षत्रियने पूछा—'तुम कौन हो ?'

वैश्यने उत्तर दिया—'मैं तो वैश्य हूँ।'

क्षत्रियने ऐसा सुनते ही साहस पूर्वक उसे नीचे कर दिया। इसी प्रकार जब हमें मालूम पड जाय कि कर्म-कषाय तो पर पदार्थ हैं और वे हमें ससारमें नाना प्रकारके कष्ट दे रहे हैं तभी हम उन्हें पराजित कर सकते हैं। लेकिन यदि हम समझें ही नहीं तो हमारी गलती है। नेता जो होते हैं या तीर्थंकर जो होगये हैं, वे हममें से ही हुए हैं। उनके नाम लेनेसे कोई लाभ

नहीं, उन सरीखे काम हमें करने चाहिये। यदि हम ऐसा करें तो हम भी नेता या तीर्थकर बन सकते हैं। आज ही हमारा कल्याण हो जावे। हम आज ही बन जावें थोड़ी इस ओर दृष्टि करने की आवश्यकता है।

हमारा यह निश्चय हो जावे कि ये सारे पदार्थ हमारे नहीं हैं, चाहे कुछ भी हो जावे हमारा तो एकमात्र टङ्कोत्कीर्ण ज्ञान ही है। मनुष्य मोहके आधीन होकर विकल्प करते हैं कि अरे हम क्या करें—हमारे बच्चे हैं, यह गृहस्थी है सभी बिगड़ जावेगी। पर ये तो सब पर पदार्थ हैं। इनकी तुम्हें क्यों चिन्ता है? पर पदार्थ तो हमारे 'स्व' नहीं हो सकते, न हम उनके स्वामी ही हो सकते हैं।

धर्म-अधर्म ध्यान-ध्यान ये चार पदार्थ हैं। इनके सिवाय कोई पाँचवीं वस्तु नहीं। सम्यग्दृष्टि जीव न तो धर्म को चाहता है और न अधर्म को पसन्द करता है।

परिग्रह नाम बाह्य वस्तुओं का नहीं है, अपितु अन्तरङ्गमें 'यह मेरी है' ऐसा भाव रखना ही परिग्रह है। राग द्वेष और मोह परिग्रह ही हैं—इनका त्याग किये बिना पर का त्याग नहीं होता।

हम अपनी इच्छासे जो भोग भोगते हैं उनसे शरीरकी ही पुष्टि होती है। आत्मा पुष्ट नहीं होता।

धर्मसे हमें काम या अर्थकी सामग्री प्राप्त होती है। पर अर्थ तो अनर्थ की जड़ है और काम वैरी है अत: इनमें कारण धर्म भी त्यागने योग्य है।

ज्ञानी पुरुष जो है वह न तो धर्म को चाहेगा और न अधर्म को। इसी तरह उसके लिये ध्यान-ध्यान भी त्याज्य हैं पर कर्मोदय से उसे सब भुगतना पड़ता है।

अर्थसे कभी संतोष प्राप्त नहीं होता। चक्रवर्ति तो सारा

हजारों उपभोग्य वस्तुएँ होती हैं। लेकिन वे भी उन सबको छोड़कर दैगम्बरी दीक्षा धारण कर जगलकी ओर प्रस्थान कर जाते हैं। इससे ज्ञात होता है कि ये सब चीजें सुख देनेवाली नहीं हैं।

इन पर पदार्थों को ज्ञानी जीव ग्रहण नहीं करता इसलिये वह अपरिग्रही होता है। परिग्रह से शून्य होता हुवा और पर पदार्थों के विकल्पों को छोड़ता हुआ तथा अत्यन्त निरालम्ब होता हुआ ऐसा जो सम्यग्दृष्टि पुरुप है वह आत्माके सच्चे ज्ञान गुण को प्राप्त करता है।

फिर ज्ञानीके भोग क्यों होते हैं? पूव कर्मके उदयसे उसे भोगना पड़ता है। परन्तु वह इन्हें ऋण समझकर चुकाता है। इनमें न तो राग करता है, न द्वेष करता है।

टीकमगढ़में एक बडा भारी व्यापारी था। उसके व्यापारमें एक गरीब आदमी साझेदार था। एक समय दुर्भाग्यसे उसे व्यापारमें एक लाख रुपया का घाटा पड़ गया। गरीब आदमीने कहा कि हम तो ५० हजार चुकाने में असमर्थ है पर इतना जरूर कहते हैं कि तुम्हारा पूरा रुपया चुकादेंगे। उसने अपनी एक छोटीसी दुकान खोलली। साल भरमें उसे १२५) का लाभ हुआ। उसे वह उस सेठके पास जमा करने गया। सेठने कहा कि इस दुकानदारीमें कर्ज नहीं चुक सकता। एक बार और व्यापार करलो। उसने उत्तर दिया—'अरे हम नहीं करेंगे एक बार का ५० हजार तो पहले चुकालें फिर दूसरा व्यापार करेंगे'।

सेठने कहा—'अबकी बार ऐसा करो। यदि नुकसान हो तो हमारा और यदि लाभ हो तो आधा कर लेगें।' व्यापार किया सो उसमें ३ लाखका लाभ हो गया। उस आदमीने अपना हिस्सा लेकर कर्ज को व्याज समेत लौटा दिया। उसकी नियत साफ

थी, उसमें किसी प्रकार का मैल नहीं था। इससे सब काम बन गया।

इसीप्रकार जब भी कर्मका उदय आवे शान्तिपूर्वक उसे सहन करना चाहिये। किसी प्रकारकी विकलता मनमें पैदा नहीं करनी चाहिये।

ज्ञानार्णव—

कोई हमारी रक्षा करनेवाला नहीं है। ऐ प्राणी! संसारमें ऐसा कोई जीव है जो मरनेवाला न हो? नहीं सभी मरणको प्राप्त होते हैं। यम रूपी सिंहका पैर जहाँ पड़ जाता है फिर उसकी कोई रक्षा करनेवाला नहीं है। संसारमें कोई शरण नहीं है। सुर हो या असुर हो तन्त्र हो या मन्त्र हो मरनेवाले जीवको कोई भी नहीं बचा सकता।

मृत्युका नाश कोई कर नहीं सकता, लेकिन जन्मका नाश तो कर सकता है। जब जन्मका नाश हो जावेगा तो मृत्युका अपने आप नाश हो जावेगा। परन्तु सबसे बड़ा दुर्गुण हममें यह है कि हम अपनी कमजोरी बताते हैं। जो काम तीर्थङ्करने किया उस कामके करनेकी शक्ति हममें है। हम दिनरात आकुलता उत्पन्न करते रहते हैं कि अरे हमारा यह नष्ट हो गया, अरे! हमारा तो सर्वनाश हो गया। इस बातकी ओर कोई भी विचार नहीं करता कि 'इस संसार रूपी वनमें अनन्तानन्त पुरुष विलायमान हो गये हैं। दीपकर तो बचे नहीं फिर हमारी क्या शक्ति है?'

राजगृहीमें जहाँ भगवानने जन्म लिया वहाँ एक कुटिया भी नहीं दिखाई देती। हम प्रयत्न करते हैं कि हमारा स्मारक बन जाय। सूर्य तककी तो तीन दशायें होती हैं। हमारी क्या होगी—मा माप हो।

बडे बडे देवादिक हैं वे तक तो यमसे किसीको बचा नहीं सकते। न तो देखा है और न सुना है कि किसीने यमको जीत लिया, नहीं तो उसीकी जाकर सेवा करते, पर ऐसा होता नहीं है।

जङ्गलमे भयङ्कर आग लगी हुई है और एक मनुष्य उसी जङ्गलमे एक वृक्ष पर बैठा देख रहा है और चिल्ला रहा है कि वहाँ आग लगी, वहाँ आग लगी। पर वह यह नहीं सोचता कि थोडी देर बाद यहाँ भी आग लगनेवाली है।

इसी प्रकार हम ससारी जीव है। कहते है कि वह मर गया वह मर गया, पर यह नहीं सोचते कि एक दिन हमें भी मरना है। यमराज तो साम्यभाव रखता है वह न तो वृद्ध देखता है और न बालक ही देखता है।

जगमें दो ही शरण हैं—एक तो व्यवहारमे पंच परमेष्ठी और दूसरा शुभोपयोग। यथार्थमे देखा जावे तो हमारा कल्याण हमारे शुभोपयोगने ही किया। भगवानने क्या किया? बुद्धिका तारतम्य बड़ा होता है।

इस बुद्धिका ठेका तो किसीने ले नहीं लिया। स्त्री-पुरुष जो चाहे सो ज्ञानका आश्रय लेकर अपना कल्याण कर सकते हैं।

(सागर ४ । ४ । ५२)

सात

भैया! अफीमची अफीम छोडना चाहता है, पर वह आदत से मजबूर है, वह उसे छोड नहीं सकता। कर्मोदयसे प्राप्त प्रत्येक वस्तुका समागम जीवको करना पड़ता है। जिस वस्तुकी इच्छा हम करें वह प्राप्त नहीं हो सकती। सम्यग्दृष्टि अपने मनमे विचार

करता है कि इच्छित चीज मिले तो आकांक्षा करे पर मिले ही नहीं तो आकांक्षा काहे को करे ?

कर्मके उदय आनेपर सक्लेश परिणाम मत करो कर्म तो उपकारी है। विकारभाव तो द्रव्यके निमित्तसे होते हैं। शरीर पर है इसे हम अपना बनानेका प्रयत्न करते हैं। हम कहते हैं कि यदि यह तुम्हारी चीज है तो इसे रख लो पर ऐसा नहीं है यह सदा स्थिर नहीं रह सकता। आत्मामें जो खास चीज उत्पन्न होती है वह है रागद्वेष। ये विकार परिणाम हैं, ये आत्माके कोई बात नहीं। उन्हें निकल जाने दो। संक्लेश परिणाम मत करो। जहाँ आकुलता है वहाँ सुख नहीं हो सकता। अच्छे या बुरे काम की आकुलता दुख देती है, उसे छोड़ो।

तीर्थंकरकी कर्मोदयसे ६ घड़ी दिव्यध्वनि खिरती है तो उसको छोड़नेमें समर्थ नहीं तब हमारी क्या सामर्थ्य है ? कर्म खिर जाने पर विकल्प मनमें मत लाओ। ज्ञानी जीवके कर्म होता है पर वह परिग्रहको प्राप्त नहीं होता क्योंकि उसमें रागद्वेष नहीं है। अज्ञानावस्थामें आत्मा कर्ता हो जाता है। सम्यग्दृष्टि के कर्तृत्व नहीं रहता है पर कर्मके उदयसे काम करता है।

"हर्रा लगे न फिटकरी रंग चोखा हो जाय।"

सो कैसे होवे सम्यग्दृष्टिके राग होता है न द्वेष।

ज्ञानी जीव स्वभावसे राग रहित होनेसे कर्ममें पड़ता हुआ भी परिग्रह भावको प्राप्त नहीं होता। पर द्रव्यके प्रत्ययका भाव मिट गया इसीलिये परिग्रह प्राप्त नहीं होता। ज्ञानीके हृदयमें यह बात आ जाती है कि पर पदार्थ मेरे नहीं हैं।

कीचड़में पड़ा सोना कीचड़ युक्त हो जाता है। औदयिक को छोड़ सम्यग्दर्शनको प्राप्त करो इसी तत्त्वको ही ग्रहण करके मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है।

एक समय मच्छड़ भगवानके पास अपनी फरियाद लेकर गये कि महाराज! हमें बड़ा कष्ट है। हवा हमें यहाँ वहाँ उड़ा देती है। भगवानने दोनोको हाजिर होनेके लिये आदेश निकाला, मच्छड बहुत खुश थे। आज उनका निर्णय होनेवाला था, बड़ी प्रसन्नतासे वे भगवानके पास गये। थोड़ी देरमें हवा भी वहाँ आई सो मच्छड़ उड़ गये। अब निर्णय कैसे हो। मुकद्दमा खारिज कर दिया गया। इसी प्रकार क्रोध और क्षमाकी स्थिति है। लोग ऐसा कहते हैं कि क्रोध और क्षमा का वैर है पर वास्तविकता यह नहीं है। क्षमाके सद्भावमें क्रोधका अभाव सर्वमान्य है। जीव अचित्त सचित्त खाते हैं पर वे उस रूप परिणत नहीं हो जाते हैं। ज्ञान अज्ञान नहीं हो सकता। ज्ञानी जीव भोग भोगता है पर बधका कारण नहीं। बधका कारण तो भोगोंमें आसक्ति बताई गई है। अगर तुम आसक्ति-पूर्वक भोगोको भोगोगे तो बँध जाओगे।

दो बहरे थे। दोनो गाड़रें चरा रहे थे। एक आदमी अपनी गाडर दूसरेके जिम्मे करके खाना लेनेके लिये चला गया। वह लूली थी। वहाँसे वह वापिस आया सो उसने कहा हम खाना ले आये हैं आओ खालो। तो दूसरेने कहा—हमने तुम्हारो गाडर की टाग नहीं तोड़ी हम अच्छी नही दे सकते। दोनो एक दूसरे की बात समझनेसे असमर्थ थे इसलिये लड़ाई प्रारम्भ हो गई। इतनेमे वहाँ घोडावाला आया। दोनों ही उसके पास अपनी फरियाद लेकर दौडे और अपनी अपनी बात सुनाई परन्तु वह भी बहरा था। उसने समझा ये लोग कहते हैं, कि यह घोड़ा इनका है। उसने उत्तर दिया—यह तो हमारी घोडीका बच्चा है हमे क्या चोरी लगाते हो? अब वे जमीदार साहबके पास पहुचे। वह भी बहरा था। रातको उसकी और उसकी स्त्रीमें लड़ाई हुई थी। उसने

समझा कि ये हमारी लड़ाईके बारेमें कह रहे हैं, इससे उसने कहा—इसमें हमारी कोई गलती नहीं पटलनने ही मारपीट की है।

इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि बहरे हैं, वे एक दूसरे की बात समझनेमें असमर्थ हैं। इनका बिल्कुल बनता नहीं। सम्यग्दृष्टि बन जावे तो सब काम बन जावे। सम्यग्दृष्टि किसी कर्मकी अभिलाषा नहीं करता। जिनकी अज्ञान चेतना मिट गई वह कर्मकी इच्छा काहेको करेगा ?

(सागर ५।३।५२)

आठ

समयसार—

रागादिकसे बन्ध होता है। मुनिराजने विचार किया कि बन्धकी जड़ राग है। वे साम्यभाव करके राग छोड़ते हैं, ऐसे मुनिको नमस्कार है। जब कृतान्तवक्त्र सेनापति दिगम्बरी दीक्षा धारण करने लगा तो रामचन्द्रजीने कहा कि यह दीक्षा तो बहुत कठिन है तुम इसको कैसे सहन कर सकोगे ? उसने उत्तरमें कहा कि जब तुमसे जिसका गहरा मोह था उसका त्याग किया तो हमें यह कोई कठिन नहीं मालूम पड़ती।

रागको ज्ञान करके हम प्रमादी बन गये हैं और ऐसी बातें कीड़ा करते रहते हैं। परन्तु ज्ञानके उदयमें ये सब नष्ट हो जाते हैं, रातको नाटक करते समय भले ही कोई अच्छा आदमी अपने मुखमें पाउडर लगा ले और अंग्रेजोंका काम करे लेकिन जब सूर्यका प्रकाश दिनको होगा तब उसकी पोल खुल जावेगी।

ज्ञानीका भोजन आनन्द है, आकुलता नहीं। सहज अवस्था-को प्राप्त होता हुवा वह अनाकुल और निरापद हो जाता है।

धर्म सिद्धान्तके अनुसार ८ वर्षका बालक भी सम्यग्दर्शन प्राप्त कर सकता है और केवलज्ञानी हो सकता है।

अज्ञानताके कारण हरिण गर्मीके दिनोंमें चमकती हुई धूलमें जलकी कल्पना करता है और यहाँ-वहाँ दौड़ता फिरता है पर उसे जल नहीं मिलता। अज्ञानताके कारण रस्सीको हम साँप समझ लेते हैं सो कोई नुकसानकी बात नहीं। पर हम इष्टानिष्टकी कल्पना कर लेते हैं—यही नुकसानकी बात है।

एक मनुष्य था, उसके एक लड़का था। एक समय उसने हाथीके पैरसे दबता हुवा अपना लडका देखा। यथार्थमें वह उसका लड़का नहीं था, पर उसे ऐसा भान हुवा कि यह मेरा ही लडका है। ऐसा सोचकर वह मूर्छित हो गया। वहाँ उसका मित्र आया और सारी बात समझकर वह कुछ गुलाब जल लाया और साथमें उसके लडके को लिवा लाया और उसकी मूर्छा दूर की। तो अज्ञानसे उसे मूर्छा नहीं आई, पर मोह होनेसे ही उसे मूर्च्छा आ गई थी। यदि मोह न होता और उसका लड़का भी दब जाता तो भी मूर्च्छा होनेका कोई कारण न था। ससारमें सबको मोह ही सताता है। इसलिये इस मोह को ही छोड़ना चाहिये।

एक धनी पुरुष अपने माल सहित जहाजमें जा रहा था दुर्भाग्यसे उसका जहाज फट गया और सारा माल डूब गया। वह पुरुष एक लकडीके सहारे एक किनारे पर पहुचा। उसके पास खानेको तो कुछ नहीं था सो उसने सोचा कि चलो एक हुडी लिखे देता हूँ और उसे शहरमें सकार लेता हूँ, सौ रुपया मिल

जावेगा जिससे घर जानेका साधन बन जायगा। इसलिये उसने एक हुंडी लिखी और चूंकि कोई आदमी तो था नहीं इसलिये वह स्वयं ही हुंडी सिकारनेको गया पर उसे कोई पहचानता नहीं था, अतएव किसीने उसे पैसा नहीं दिया।

उसके नगरको एक वैलावाला अपने वैल लेकर जा रहा था सो उसने खाने पर उसके यहाँ नौकरी कर ली और बर्तन वगैरह मलने लगा। जिस समय वह बर्तन मलता था उस समय उसके मनमें यही कल्पना थी कि मैं तो सेठ हूँ, अब नगरमें पहुँच जाऊँगा तब उसी प्रकार आनन्द उठाऊँगा।

इसी तरह हमारा तो विश्वास है कि हमें भेदज्ञान हो जाय तो हम कितने ही उपद्रव आवें पर हम सोचते हैं कि हम तो मोक्ष जावेंगे। अरे और सब बातें छोड़ो सातवें नरकके महान् कष्टोंका भी सामना करता हुआ वह नारकी जिसके सम्यग्दर्शन हो गया है यही विचार करता है कि हमें तो मोक्ष जाना है।

कोई पुरुष था सो उसने अपने शरीरमें तेलको लगाया फिर धूलमें जाकर कई प्रकारकी अस्त्र-शस्त्रकी क्रीड़ायें की तो उसके शरीरमें धूल लग गई। पर धूल लगनेका कारण न तो उसकी शस्त्र क्रीड़ा है और न धूल ही। धूल लगनेका मुख्य कारण उसके शरीरमें जो तैल लगता है, वही है।

इसी प्रकार मोहसे लिपटा हुआ मनुष्य जो अचित्त सचित्तकी घात किया करता है उसे उससे ही बन्ध होता है। दूसरे सम्यग्दृष्टि मनुष्य जो रागद्वेष मोहसे रहित है उनके कर्म करने पर भी बन्ध नहीं होता। अतः सिद्ध है कि उपयोगमें जो राग-द्वेष मोह है वही बन्धका कारण है।

एक गाँवमें एक औरत रहती थी वह बहुत ही वृद्ध थी परन्तु उसका स्वभाव लड़ाकू था उसे बिना लड़े चैन नहीं पड़ता था

विवश हो मुहल्लावालोंने निश्चय किया कि यदि हम लोगोंकी पारी बाँध ली जावे तो इससे एक एक दिन लड लिया करेंगे।

एक दिन एक बुढ़ियाकी बारी लड़नेकी थी इसलिए वह जल्दी जल्दी काम करने लगी। उसके यहाँ एक नव-विवाहिता बहू आई थी। उसने जल्दी काम करनेका कारण पूँछा। बुढियाने कहा कि— उस लडकूको आज हमसे लड़ना है, वह आ रही होगी। उसने सासुसे कहा कि तुम घबड़ाओ मत उससे हम लड लेंगे। सासुने बहुत रोका पर वह नहीं मानी। इतनेमे वह लडकू आ गई। उसने आते ही कहा कि तैयार हो जाओ लड़नेको। बहूने जवाब दिया अरी तुझ भूखीसे क्या लड़ूँ, जा पहले अपना पेट भर आ। भूखे पेट नहीं लड़ा जाता है। कुछ उसका ऐसा रोब जमा कि वह भोजन करनेको लौट गई। वह फिरसे पहुँची। उस बहूने कहा कि दुमुँखे! बता तुझसे कौन-सी लडाई लड़ूँ? दो महिनेवाली कि चार महिनेवाली कि छ महिनेवाली या कि बारह महिने वाली या जिन्दगी भरकी, कौनसी लडाई लड़ूँ?

वह भौचक्की-सी रह गई। और उसने पूँछा कि यह कैसी लडाई है। अभी तक तो मैंने इस लड़ाईका नाम भी नही सुना। बहूने उत्तर दिया कि दो माहमें तो मका पैदा हो जाता है। चार माहमे धान पैदा हो जाती है। छह माहमे गेहूँ हो जाता है और साल भरमे अरहर पैदा होती है। यदि जिन्दगी भर लड़ना चाहती हो तो मेरी सौत बन जाओ सो जिन्दगी भर लड़ती रहना।

वह तो हार गई और हाथ जोड़कर वापिस घरको चली गई।

उपयोगमें जो रागादिक है वे ही बन्धके कारण है। जो मनुष्य तेलके निमित्तसे धूल रूपी बन्धको प्राप्त हुवा था। यदि वह अपने तेलको बिल्कुल साफ करले और फिरसे वे ही सब व्यापार करे

तो उसे धूल नहीं लगगी। इसी प्रकार यदि हमारे उपयोगमें से मोह निकल जाय तो हमारे लिये बन्ध न होगा।

सम्यग्दृष्टि मिथ्यादृष्टिके समान सब काम करता हुआ बन्धको प्राप्त नहीं होता। इसका मूल कारण उसके रागका न होना ही है।

आदिनाथ वर्तमान कालके २४ तीर्थंकरोंमें से प्रथम तीर्थंकर थे। उन्होंने अपने लड़कोंको गोदमें खिलाया। विषय सेवन किया। चार गुणस्थानके बाद उनको बन्ध नहीं हुआ तो हमने क्या गलती की जो हम होगा ?

कोरी अन्तमें कपड़ा बुनते समय छोरा छोड़ता है पर हम अपना सारा जीवन विषय भोगोंमें खर्च करना चाहें तो ?

सम्यग्दृष्टिके बन्ध नहीं होता पर यदि वह इच्छा करके काम करने लगे तो उसे भी बन्ध शुरू हो जायेगा। इसलिये मोह छोड़ना ही चाहिये।

'पर जीवको मैं मारता हूँ पर जीव मुझे मारते हैं। यह अध्यवसान भाव जिसके होता है वह ही कर्म बन्धको प्राप्त करता है।

आयुका क्षय हो जाता है तो मरण हो जाता है। न तुम किसीको मार सकते हो न किसीको जिला सकते हो। ये तो पर्यायें हैं जो नष्ट हो जाया करती हैं। यथार्थमें जीव तो मरता नहीं है।

अज्ञानी ही यह समझता है कि हमारी कृपासे ये प्राणी सुख पा रहे हैं, जी रहे हैं।

मैना सुन्दरीके पिताने जब पूछा कि तुम किसके भाग्यसे जीवित हो ? तो सबने तो यही उत्तर दिया कि आपके भाग्यसे लेकिन मैना सुन्दरीने कहा कि हम तो अपने भाग्यसे जीवित हैं। इसपर वे बहुत क्रोधित हुए और उसका एक कोढ़ीके साथ विवाह

कर दिया। मैना सुन्दरीका दृढ विश्वास था कि यह सब पापके उदयका निमित्त है। जब पुण्यका उदय होना होगा इष्टकारी वस्तुओंका समागम हो जायगा। सिद्ध चक्रविधान किया। पापोंका क्षय हो गया पुण्यका उदय आ गया, तथा सब इष्टकारी वस्तुएँ मिल गईं। श्रीपालका शरीर कचन सरीखा सुन्दर हो गया।

हमारे ही आँखो देखी एक बात है। खुर्जामे एक मुसलमान था उसके एक लड़की थी। उसका निकाह एक मुसलमानके साथ पढ़ाया गया। दुर्भाग्यसे उसे कोढ़ हो गया। लड़कीके पिताने लड़कीको दूसरा निकाह पढ़ानेको वहुत समझाया पर जब वह तैयार न हुई तब उसके पिताने उसे अपने घरसे बाहर निकाल दिया। वह लड़की अपने पतिके साथ गाँवके वाहर रहने लगी और उसने हिंसा करना और मास खाना छोड़ दिया। हिन्दुओंके यहाँसे वह भीख माँगकर लावे और अपने पतिकी सेवा करे। उसके अच्छे दिन आये जिससे उसका कोढ ठीक हो गया फिर कुछ चन्दा करके उसने दुकान की। आज वही ५० हजारका गृहस्थ है।

तो जब पापका उदय आता है तब दुख देनेवाली सामग्री अपने आप उत्पन्न हो जाती है हममें दूसरा कोई कर्तृत्व शक्ति नहीं रखता।

छ माह तक आदिनाथको आहार नहीं मिला, इसमें दु खी होने की क्या आवश्यकता ? ससारका यही तो ठाट है। आयुका उदय है सो जीता है और जब आयुकर्म समाप्त हो जावेगी सो कोई भी न बचा सकेगा।

धर्मानुरागके कारण मुनियोंने शास्त्रोंकी रचना की, मोह सब कुछ करवाता है और हम कहते हैं कि हम कर रहे हैं, यह ही हमारी भूल है।

एक समय हम यहाँसे बनारसको आ रहे थे। रास्ते में एक शिकारी मनुष्य मिला। कुछ चर्चा छिड़ गई तो मैंने उससे अहिंसाके बारेमें बातचीत छेड़ी पर वह उसे न रुची। मैंने उससे उस दिनके लिये शिकार छोड़नेके लिये कहा पर उसने उसे स्वीकार नहीं किया। और वह बाँकीपुर स्टेशन पर उतर गया। जब हम बनारससे एक वर्ष बाद लौटे तो कटनी स्टेशन पर वही आदमी फिरसे मिल गया। उसने कहा कि अहिंसाकी चर्चा छेड़ो। मैंने कहा - कि तुम सुनते ही नहीं, मानते हो नहीं, तुम्हें नहीं सुनाते।

अन्तमें उसने अपनी सारी कथा सुनाई कि उस दिन हम यहाँ से अलग गये पर हमें शिकार नहीं मिला सो घर जाकर अपनी बीबीसे कबूतर मारनेको कहा पर उसने अस्वीकार कर दिया। फिर उसने बावरचीसे कहा उसने भी मना कर दिया। फिर उसकी हिम्मत नहीं पड़ी कि वह अपने हाथ से कबूतरको मार दे। इस प्रकार आज एक वर्ष व्यतीत हो गया पर हमने शिकार नहीं किया। इसलिये आज शिकार न खेलनेकी प्रतिज्ञा लेता हूँ।

पाप छोड़ दें तो हमारा कल्याण हो जावे। पांच पाप छोड़ना चाहिये।

बाह्य वस्तु बंधका कारण नहीं, जीवका उपयोग ही बंधका कारण है।

यदि ऐसा है कि बाह्य वस्तुसे बंध नहीं होता तो बाह्य वस्तुओंको छोड़नेका उपदेश क्या देते हैं?

अध्यवसाय भाव बिना पर पदार्थों के नहीं हो सकता। बाह्य वस्तुका आश्रय तो लेना ही पड़ता है।

पंच समितिसे मुनि यदि चर्या करे तो उसे वंध नहीं होता भले ही उससे किसी जीवका हनन हो जावे।

ज्ञानार्णव

भव रूपी जो मरुस्थल है इसमे नाना प्रकारके दुख मौजूद हैं। आचार्योंका तात्पर्य यह है कि तुम अकेले ही हो, तुम्हारे कर्मोंके फलको तुम्हीं भुगतनेवाले हो।

दो आदमियोमे अधिक मित्रता थी। उन्होने यह निश्चय किया था कि हम साथ ही त्यागी होंगे। जब एक आदमीने दूसरेसे कहा कि चलो हम त्यागी होनेके लिये तैयार हैं, इस पर उसने कहा कि थोड़ी सी कसर रह गई। इस प्रकार वह हर समय कह देता था। वह त्यागी मर कर स्वर्ग गया। परन्तु वह फिरसे उसके पास आया और उसने त्यागव्रत धारण करनेके लिये अपने मित्रसे कहा। उसने फिरसे वही उत्तर दिया कि अभी थोड़ी-सी कसर रह गई है।

देवने कहा—हम तुम्हारी कसर थोड़ी-सी देरमे निकाल देते हैं, तुम थोड़ा-सा काम करो। बीमार बन जाओ एक दिनके लिये।

देवके कथनानुसार वह बीमार पड़ गया। घरमें बड़ा तहलका मच गया। डाक्टर और वैद्य बुलाये जाने लगे। देव वैद्यका रूप धारण करके वहाँ आ गया। उसने उस कमरसे सबको बाहर कर दिया और थोड़ासा दूध और एक सिगड़ीमे अग्नि मगाई। उस दूधको अग्नि पर तपानेको रख दिया।

इसके बाद उसने पूछा—तुम बताओ तुम्हारा सबसे प्रिय कौन उत्तर दिया कि हमारी माता हमें चाहती है।

तदनन्तर उसने माताको बुलाया। और कहा, माताजी

तुम्हारे लड़केकी तबायत अभी ठीक हो सकती है, यदि तुम यह दवाई सहित दूध पी जाओ। परन्तु इससे तुम्हारा स्वर्गवास अभी हो जावेगा।

माताने कहा—हमारे तो तीन लड़के और हैं यदि यह न रहेगा तो हमारी सेवा तो दूसरे कर लेंगे। इस प्रकार उसने पिता-पत्नी आदि जो भी उसके प्रिय थे सबको बुलाया परन्तु उसके पीछे मरनेको कोई तैयार नहीं हुआ।

अब उसे ख्याल आ गया। मनुष्यकी कसर तो कभी पूरी नहीं हो सकती और यदि आज दृढ़ निश्चय कर लें तो फिर कोई कठिन बात नहीं।

अपने स्वरूपको न जान करके और पर पदार्थको ग्रहण करके हम यह सब कष्ट भुगत रहे हैं। हमारा साथ देनेवाला कोई नहीं है।

जब हमने एकत्वपने को प्राप्त कर लिया तो हमने ही मोक्ष प्राप्त कर लिया। कोई भी हमारा भला बुरा करनेवाला नहीं है। हम अपनेको ही देखना चाहिये। एक आदमी स्वर्ग जाता है, और एक नरक में जाता है, एक अकेला शोकादि करके कर्मबंध करता है और एक ज्ञानी पुरुष कर्मको नाश करके केवलज्ञान प्राप्त करता है। जो जैसा काम करेगा वही उसके फलको भुग-तेगा। तुम्हारे हाथकी बात है जो इच्छा हो सो पर्याय धारण कर लो।

परमार्थसे विचार करो तो आत्मा एक है। वह कर्मके निमित्तसे ही बंधयुक्त हो रहा है, यह बंध मिटे तो मोक्ष हो जाय।

(आगरा। ३।३।५२)

नौ

समयसार

अध्यवसान भाव जो होगा सो वस्तुको प्रतीत करके होगा। संसारमें सिर्फ एक वस्तु है जिसे भोगा जा सकता है। वह है पुद्‌गल। पाँचों इन्द्रियोंके विषय पुद्‌गल ही हैं। मैं किसीको सुख पहुचाता हूँ दुख पहुचाता हूँ मारता हूँ जिलाता हूँ—ये सब आकाशके कुसुमके समान असत्य हैं। हम क्या करे हमारा भाई तो मानता नहीं, कुटुम्ब मानता नहीं, नहीं तो हम यह सब त्याग कर देते। अरे उन्हें मनानेसे कुछ न होगा। तुम स्वयं मान जाओ तो सब काम बन जावेगा। देखो तो हम कैसी २ इच्छाएं करते हैं, यदि वे इच्छाएँ पूरी हो जाती तो कोई बात नही थी पर वे इच्छाएँ तो पूरी होती नहीं हैं।

रागद्वेष मोह न होवे तो वध नहीं हो सकता। भले ही सब प्रकारके कर्म करना पड़ें। लोग कहते हैं कि हमारी सब बातें मानते हैं पर हम कहते हैं कि त्यागी हो जावो तो इस बातको कोई नहीं मानता। हमारी क्या बात है हम तो छद्मस्थ हैं। सर्वज्ञ भगवान की सब ही बात मानें—ऐसा तो कोई नियम नही है।

हम कहने लगते हैं कि यह कलियुग है इसमे तो इतनी शक्ति नहीं रहती कि सम्यग्दर्शन धारण कर सकें। क्या हो गया यदि हम शरीरके छोटे हो गये। कोई सबसे छोटा पुरुष होगा तो क्या उसे सम्यग्दर्शन नहीं होगा—ऐसा कोई नियम है? संज्ञी पञ्चेन्द्रिय होना चाहिये। सम्यग्दर्शन प्राप्त करनेकी शक्ति सबमें है। मनुष्योंको तो ठीक—हाथी—कुत्ता बन्दर सब ही सम्यग्दृष्टि हो सकते हैं।

कोई किसीका कुछ विगाड़ नहीं सकता। जैसा तुम चाहना

चाहो वैसा काम करो। तुम काम करो दूसरा और अपनी पर्चीम लेना चाहो, यह हो ही नहीं सकता।

मद्रासीकी बात है। एक १०–१२ वर्षका लड़का था। उस समय बहिष्कार आन्दोलन हो रहा था। सब आदमी जंगल कानून तोड़ने पर लगे हुए थे। यह लड़का भी एक कुल्हाड़ी लेकर जंगलकी ओर जा रहा था। रास्तेमें उसे एक कप्तान मिला—'उसने पूछा कि तुम कहाँ जा रहे हो ?'

उसने उत्तर दिया कि क्या तुमको दिखता नहीं। हम तो जंगल काटने जा रहे हैं। कुल्हाड़ी हाथमें है।

उसने फिरसे पूछा कि 'जंगल काटनेसे क्या मिलेगा ?'

उत्तरमें उस लड़केने कहा —'यह बात बड़े नेताओंसे पूछो,' हमसे क्या पूछते हो ? हम तो वैसा ही करेंगे जैसा वे सब करेंगे।

उस कप्तानको गुस्सा आ गया और उसने एक थप्पड़ जोरसे उसके गाल पर मार दिया। लड़केने कहा—'शान्ति शान्ति, शान्ति। इस प्रकार उसने ३–४ चांटे लगाये। उतने ही बार उसने शान्ति शान्ति शब्दोंका उच्चारण किया।

अफसरने कहा—'तू बड़ा नालायक है।'

लड़केने शान्ति पूर्वक उत्तर दिया—'तुम क्रोध करते हो और मैं शान्ति रखनेके लिये कह रहा हूँ और आप मानते नहीं। अब कौन जाने नालायक कौन है ?

अफसर उसके उत्तरोंसे बहुत ही सन्तुष्ट हुआ और उसने कहा—'अच्छा तुम्हें क्या चाहिये सो माँगो।' लड़का था उसने कहा—तुम कुछ दे नहीं सकते हो। नौकर हो। ४००–५०० रुपये मिलते होंगे। १००–२०० रुपया दे दोगे सो हमें चाहिये नहीं और हमें जो चाहिये है सो तुम नौकर होनेसे दे नहीं सकते। रहने दीजिये हमें कुछ नहीं चाहिये।

उस कप्तानने नौकरी छोड़ दी और विलायत चला गया। सो यदि आत्मा निर्मल हो तो असर अवश्य पड़ता है। छोटे वड़े का कोई प्रश्न नहीं।

यदि अग्नि राखके भीतर हो तो जो चाहे उसके ऊपर लात रखता हुवा चला जाता है। अगारे पर कोई लात नहीं रखता। हम ही हिंसक हैं हम ही चोर हैं और यदि हम चाहें तो अपरिग्रही होकर मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं।

हम लोगोंको उचित है कि अव हम अपनी ओर देखें। हम जयन्ती मनानेके लिये पर्याप्त खर्च करते हैं लेकिन अपनी ओर देखते नहीं। महावीरके रास्ते पर चलना था सो चलते नहीं।

लोग कहते फिरते हैं कि जैनोंके ऊपर सवकी बुरी निगाह है पर हम कहते हैं कि तुम्हारी खुदकी तुम्हारे ऊपर बुरी निगाह है। तुम शुभास्रव करो तो देव हो जावो सो वह आस्रव हमने अपने उपयोगसे ही किया, भगवानने क्या कर दिया? हमने ही तीव्र कषाय कर अपनी आत्माको पापी वना लिया। तुम्हीं धर्मका ज्ञान कर लो तुम्हीं अधर्मका ज्ञान लो। ज्ञानके ही कारण यह सव कार्य चल रहा है। बिना ज्ञानके तो कुछ हो ही नहीं सकता।

तुम संसारको जानते, हो ससारमें स्थित वस्तुओं को जानते हो, और तुम्हीं मोहको जाननेवाले हो, पर तुम सवसे भिन्न हो। हमारेमें मोह है यदि यह छूट जावे तो ससार छूट जावे। नग्न होनेसे कोई लाभ नहीं यदि अन्तरङ्गका मोह न छोड़ा। मोहसे ही ससारमें सुख दुखकी माया फैल रही है।

छटवे गुणस्थान तक व्यवहारमें सव उपदेश है, शास्त्र रचना है इसके बाद सातवें गुणस्थानसे लेकर १२वें गुणस्थान तक आत्मा और ज्ञानका ही मनन है। १३ वें गुणस्थानमें केवलज्ञान हो

जाता है पर वचनयोग इन्नेसे जगतके कल्याणके हेतु दिव्यध्वनि खिरती है।

मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति और कषाय जो हैं वे आत्माका बन्ध करनेवाले हैं। ये सब मिट जावें तो कल्याण हो जावे।

मैं इसकी हिंसा करता हूँ यह अध्यवसान भाव है। आत्माका न कोई मारनेवाला है और न कोई जिलानेवाला है, आत्माके अन्दर ज्ञान गुण मौजूद है वह हमेशा उसके साथ रहता है।

रागादि जो क्रियायें हैं वे आत्मासे भिन्न हैं। इनका विशेष ज्ञान नहीं हुआ इसलिये संसार है। पेड़में खोखा और छालका स्वाद अलग अलग है पर हम उसे एकरूप समझ रहे हैं।

जो बन्धके निमित्त हैं उन्हें जिन्होंने छोड़ दिया वे ही यति हैं। आनन्द आत्माकी वस्तु है यह तुम भी प्राप्त कर सकते हो। ज्ञानमें पर पदार्थ झलकते रहते हैं उसमें कोई आनन्द नहीं। आनन्दकी जड़ मोहका अभाव है। उसीको जानेका प्रयत्न करो।

जाननेमें क्या धरा है—हमने जान लिया। परन्तु उनमें राग द्वेष करना ही बिगाड़का कारण है।

आचार्योंने सब तैयार कर रखा है—आपको खाना ही है। जा दौलतरामजीने कह दिया उससे आगे भगवान क्या कहेंगे?

> 'आतम के अहित विषय कषाय—
> इनमें मेरी परिणति न जाय।'

तुम तो उससे मस्त नहीं होना चाहते कल्याण कैसे होवे? मन्दिरके बाहर जावे हो तो सब भूल जावे हो।

आत्मा तो निमित्त है, पराश्रित तो अध्यवसान है। अतः उस तरफ दृष्टि करो। यदि अभिप्राय निर्मल नहीं और तप सगाइ करें तो संसारसे नहीं छूट सकते। मोक्षकी श्रद्धा नहीं होती

वाह्यकी ही श्रद्धा होती है। इसीसे वह उस ओर लगनेसे असमर्थ रहता है। मन्दिर का फल शुभोपयोग नही होना चाहिये। दृष्टि रखो कि ससार कटे। तुम्हारी दृष्टिको तो मोक्ष प्राप्तिकी ओर लगना चाहिये। सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि दोनों ही पूजन करते हैं। राग दूसरी जगह न जावे इसलिये सम्यग्दृष्टि धर्मकार्यमे व्यतीत करता है। लौकिक पदार्थोंकी प्राप्तिके लिये धर्म कार्य नहीं हैं।

कर्मोंका वन्ध तो कषायसे होता है। मन दुष्ट है ऐसा लोग कहते हैं। मन कोई बुरी चीज नही, कषाय बुरी चीज है। इन्द्रियाँ क्या बुरी हैं, यदि हैं तो उन्हें जीतनेका प्रयत्न करो। तुम कहते हो कि पुद्गल मिट जावे तो हमारा कल्याण हो जावे—यह झूठ है। वस्तुओंके नष्ट हो जानेसे कषाय थोडे ही नष्ट हो जाता है?

कलका दिन बड़ा महत्त्वपूर्ण है, पवित्र है। महावीर स्वामीने अपना अन्धकार दूर कर दिया पर यह सब हम व्यवहारमे कहते हैं। यदि बड़े बनना चाहते हो तो अपना अन्धकार मिटा दो। दूसरोंके अन्धकार मिटानेसे महान् कभी नहीं बन सकते।

(सागर ७। ४। ५२)

दस

'यदीये चैतन्ये मुकुर इव भावाश्चिदचितः
समं भान्ति ध्रौव्यव्ययजनिलसन्तोऽन्तरहिताः।
जगत्साक्षी मार्गप्रकटनपरो भानुरिव यो
महावीरस्वामी नयनपथगामी भवतु मे ॥'

आज महावीर स्वामीका जन्म दिन है। प्रातःकालसे ही मेघ वर्षाके कारण सब प्राणियोंके हृदयमें शान्ति आ गई है। पढ़ित लोग ही तो पत्थरमें देव बनाते हैं, कहो तो मेघको पक्षा दें। मनुष्योंको यदि ये ऋषि बना दें तो कोई बड़ी बात नहीं। महावीर स्वामीके जन्म समय पर नारकी भी कुछेक क्षणके लिये प्रसन्न हो जाते हैं, यदि हम ऐसे अवसरको प्राप्त करके वासनाका त्याग न कर सके, भाई भाईको सुखी व प्रसन्न न कर सके—तो हमारे जीवनको धिक्कार है।

मनुष्यको इस संसारमें नानाप्रकारके दुखोंको भुगतना पड़ता है। दुख दूर करनेके लिये मनुष्य विषयोंकी तृप्तिमें लग रहते हैं। वर्णीजी तो कुछ नहीं भगवानकी वाणी ही सब कुछ है। विषयोंके सेवनसे शान्ति तो कुछ मिलती नहीं—यह तो सब जानते हैं। और इन्हींके सेवनसे हमें संसारकी व्याधि घेरे रहती है इस बातको भी सब जानते हैं पर सुनते नहीं। अब कार्य कैसे हो। अनादि अनन्त आत्माके स्वरूपको न सुना और न पाया इससे हम दुखी हो रहे हैं।

महावीर स्वामीने संसारसे छूट अपना कल्याण किया—हमारा क्या। यदि तुम अपना कल्याण चाहते हो तो मन्दकषायी अनुपता लाओ और फिर महावीर स्वामीकी पूजन करो। इन्हींके मस्तकको धारण करो तब ही कल्याण होगा।

सागरका संस्कृत विद्यालय महिलाश्रम और उदासीनाश्रम तीन संस्थाएं ४ जैन धन संस्थाओंके स्थानमें हैं। एक मकान लक्ष्मक न बना सके उसके बिना शहरकी शोभा क्या? सागरमें महावीर स्वामीके जन्म दिवसको मनानेके लिए ४० ० मनुष्य हैं। यदि एक एक आदमी सिर्फ आधी रोटीको बचावे तो सहजमें २५ रोटी हो जावें जिससे ५०० लड़के पढ़ सकते हैं। लेकिन

करें क्या उस ओर इनका ध्यान नहीं। ये तो अपने आपसके झगडोंमें पड़े रहते हैं। यदि हृदयके अन्दरकी कलुषता दूर न हुई तो फिर हमने किया ही क्या।

हमारी तो यह प्रार्थना है कि ये दोनों दूध पानीके समान मिल जाते। जब दूधमें से पानी जल जाता है तो देखिये कितना उफान दूधमें आता है। परन्तु जैसे ही उसमें पानीके छीटें दिये जाते हैं, वह अपने मित्रको पाकर शान्त हो जाता है। आप लोग भी भीतरकी कषाय निकालकर इसी तरह हो जावो।

महावीर स्वामीने तो ७२ वर्षकी अवस्थामें अपना कल्याण कर लिया था पर हम ८०-८० वर्षके बूढ़े हो गये तो भी आत्माके कल्याणकी ओर ध्यान ही नहीं देते।

हम तो यह कहते हैं कि अंग्रेजी पढ़नेमें उसका कोई दोष नहीं, मनुष्यका ही दोष है। यदि यह बात होती तो मास्टर टीका-राम क्यों ७५) में फूलमाला खरीदते।

ग्यारह

समयसार—

ज्ञानका जो पुञ्ज है वह स्फुरायमान है अर्थात् विकासको प्राप्त होता है। वह ज्ञान अचल, टङ्कोत्कीर्णके समान स्थिर है। आत्मामें वन्ध और मोक्षकी कल्पना सामान्यकी अपेक्षा नहीं की जाती परन्तु जब विशेषकी अपेक्षा पदार्थका निरूपण करना होता है उस समय वन्ध और मोक्ष दोनोंका समावेश करना पड़ता है।

जिस प्रकार स्वप्न झूठा होता है परन्तु उस झूठेपनसे यह निश्चय किया जाता है कि स्वप्नकी यह स्थिति है। इसी प्रकार जैनधर्मके सिद्धान्तके अनुसार जो मिथ्याज्ञान होता है उससे सिद्ध

होता है कि आत्माके साथ ज्ञानका तादात्म्य सम्बन्ध है जो मिथ्यारूप परिणत है। यदि वह पर्याय मिट जावे तो शुद्ध वस्तु स्वकीय ज्ञान प्रगट हो जावे। यदि ज्ञानके सद्भावका ही निषेध किया जावे तो मिथ्याका आरोप किस प्रकार सिद्ध किया जा सकेगा?

कर्तृत्व या भोक्तृत्व जितने भी भाव हैं वे ज्ञानसे रहित हैं। वे अज्ञानावस्थामें ही होते हैं। आत्माका कर्तापना स्वभाव नहीं है, उसका स्वभाव तो ज्ञायक भावसे युक्त है। यह ज्ञान न तो कर्तापनमें परिवर्तित हो सकता है और न कर्तापन ज्ञानमें परिवर्तित हो सकता है। ज्ञान ज्ञान रहेगा और पदार्थ पदार्थ रहेगा। द्रव्य कभी परिवर्तनशील नहीं है पर पर्याय उसकी बदलती रहती है। प्रत्येक पदार्थ उत्पाद व्यय ध्रौव्ययुक्त है। जिसमें ये तीन पर्याय न हो सकें वह पदार्थ ही नहीं कहा जा सकता।

चेतना ३ प्रकारकी है। ज्ञान चेतना, कर्मचेतना और कर्म फल चेतना। इसके सिवाय चौथा परिणमन कोई भी नहीं है।

अज्ञानचेतनामें आत्मामें कर्तापनका आभास होता है। रूप हो जाता है, पर यह आत्माकी चीज नहीं है क्योंकि यदि यह आत्माकी चीज होती तो यह आत्माके साथ रहती पर यह आत्माके साथ कभी रहती नहीं है। आत्माका ज्ञायकभाव है जो हमेशा उसके साथ रहता है।

तीन मनुष्य थे। वे बाजारको निकले। एक मनुष्य घट (सोने का) खरीदना चाहता था। दूसरा आदमी सोनेका मुकुट खरीदना चाहता था और तीसरे आदमीकी इच्छा सोने खरीदनेकी थी।

एक सुनारके पास सोनेका घड़ा था। वह अधिक दिनसे बिका नहीं था इसलिए वह उसे तोड़कर मुकुट बनानेका प्रयत्न

करने लगा। तीनों आदमी इसके पास अपनी २ इच्छित वस्तुएँ खरीदने आये। जो घटका अर्थी था उसे दुख हुआ। जो मुकुटका अर्थी था उसे हर्ष हुआ तथा जो स्वर्णका अर्थी था वह न सुखी हुआ और न दुखी हुआ।

पर्यायकी अपेक्षा वस्तु परिणमनशील है।

जीवके जितने परिणाम हैं वे जीवके ही होंगे। आत्मा न तो किसीसे उत्पन्न हुआ और न किसीको उत्पन्न करनेमें समर्थ है।

ससारी जीवकी जितनी पर्याय होती हैं वे कर्मोदयसे होती और जीव हमेशा ही रहता तथा उसका जो ज्ञानमय स्वभाव है वह भी उसके साथ हमेशा रहता। क्रोधी होना शान्त होना ये तो पर्यायें हैं आत्माके स्वभाव नहीं।

पुराने समयकी बात है कि एक स्त्री कुआमें जीवानी डालनेके लिये गई, तथा उसकी जीवानी गल्तीसे जमीन पर गिर गई। इस पर उसे काफी दुख हुआ और वह मुनिके पास प्रायश्चित्त लेनेके लिये गई। मुनिने कहा कि यदि तुम्हारे यहाँ असिधारा व्रतधारी युगल भोजन कर लेगा तो तुम्हारा पाप कट जावेगा। उस स्त्रीने मुनिसे पूछा कि हमें कैसे ज्ञात हो कि ये असिधारा व्रतधारी हैं, तो उन्होंने उत्तर दिया कि तुम अपने चौकेमें एक नीला चदोवा बाँध लो, जब वह सफेद हो जावे तब समझना कि हमारे यहा असिधारा व्रतधारीका भोजन हुआ है।

उस दिनसे वह भोजन कराने लगी। कई मुनियोंको और अन्य मनुष्योंको उसने खाना खिलाया पर उसका चदोवा नीलाका नीला ही रहा आया। एक समय एक स्त्री पुरुष उसके घर जीमने आये और उनके जीमते ही वह चदोवा सफेद हो गया। तब उस स्त्रीने उन लोगोंसे असिधारा व्रतधारीका मतलब पूछा। तो

पुरुषने उत्तर दिया कि जब हम दोनोंकी शादी नहीं हुई थी उस समय आर्यिकासे मेरी स्त्रीने कृष्णपक्षमें ब्रह्मचर्यसे रहनेकी प्रतिज्ञा ली थी तथा मैंने मुनिसे शुक्लपक्षमें ब्रह्मचर्यसे रहनेकी प्रतिज्ञा ले ली थी। अब हम दोनों निर्विकल्प होकर रहते हैं।

कहनेका तात्पर्य यह है कि परिणाम शुद्ध होनेमें किसी विशेष गुणकी आवश्यकता नहीं होती है। हममें से ही तो ये थे। तीर्थङ्कर भी हममें से ही हुए हैं। फिर हम अपनी कमजोरी क्यों बताते हैं?

जीवका जो तादात्म्य भाव ज्ञान है वह जीवके साथ हमेशा रहता है। पर्याय दृष्टिसे आत्मा कभी तिर्यञ्चमें कभी देवमें और कभी मनुष्यमें जन्म लेकर उसके प्रतिरूप शरीरको धारण करता रहता है।

पुद्गल और आत्मा एक क्षेत्रावगाह हो रहे हैं। आत्माका जो स्वरूप ज्ञायक भाव था वह कर्मोदयसे रागद्वेष मोह युक्त हो रहा है। राग द्वेष कर्मोंके कारण होते हैं। रागमें राग या द्वेष करनेसे फिर कर्म बन्ध होता है, कर्म बन्धसे चारों गतियोंमें परिभ्रमण करना पड़ता है। जीवके निमित्तसे पुद्गल कर्मरूप परिणमित हो जाते हैं। पुद्गलके निमित्तसे आत्मामें रागद्वेष आदि उत्पन्न होते रहते हैं—ये सब मिट जावें तो संसार मिट जावे।

गयामें अवस्थी नामके एक आदमी थे। उनकी २१०००) साक्षातकी आमदनी थी। परन्तु वे बिल्कुल भी दान नहीं करते थे। घर भरापूरा था। लड़का था बहू थी। कुछ लोगोंने कहा कि तुम्हें कुछ दान करना चाहिये। उसने पूछा कितना दान दूँ। उन्होंने उत्तर दिया ५ ०) दे दो। उसने ५००) दान किया। दुर्भाग्यसे उसका सारा घर उजड़ गया। घरमें अब सिर्फ उसकी विधवा बहू रह गयी। उसने सब पराशियोंको बुलाया

और कहा कि हम अपनी सम्पत्तिका दान करना चाहते हैं। उन्होंने उत्तर दिया हमे इसमे कोई भी एतराज नहीं। आप जो करना चाहें करें। उसने अपनी सम्पत्तिका वसीयत कर दिया। १२ हजार गरीब विद्यार्थियोंकी फीसको दिये। इस प्रकारसे सारा धन दानमें दिया। पर अपने लिये व बहूको एक लाख रुपया और जेवर वगैरह कुछ बचा लिये।

इस दानके उद्घाटनके लिये लाट साहब पधारे हुए थे। बहू उस सभामें आगयी। उसने कहा—'हमारा पति मर गया अब तो सारा परदा मिट गया। हमारे तो ब्रह्मचर्यका भाव है इसलिये मेरे तो सब भाई पिता हैं।' उस सभामे उसने लाट साहबसे कहा—'तुममें विवेक नहीं है। हम अब क्या जेवर पहनेंगे, हमे जेवरकी क्या आवश्यकता है और न हमें एक लाख रुपया ही चाहिये। ये साराका सारा दानमें देदो। हम और हमारे ससुर साहब भगवानका भजन करेंगे।'

कहनेका तात्पर्य है कि इतनी बुद्धि उस बहूको कहाँसे आगई जो परदेमें रहनेवाली वेखटके सभामें आ जावे एव विवेकपूर्ण भाषण दे। लोभ वगैरहका त्याग करे। आत्माका आनन्द आगया। लक्ष्य आकुलता मिटानेका होना चाहिये। सम्यग्दृष्टि विषयमें आनन्द ले लेवे और हम तपसे भी आनन्द न ले पावें। कषायकी मन्दता और तीव्रताका फल है।

(सागर ११।४।५२)

बारह

ससारकी परिस्थिति इस समय अत्यन्त भयङ्कर और दयनीय हो रही है। परिग्रह पिशाचके आवेगमें मानवने दानवका आश्रय

छे लिया है। लाखों निरपराध व्यक्तियोंकी निर्मम हत्या हो चुकी है। करोड़ोंकी सम्पत्ति अग्निदेवके द्वारा भस्म हो चुकी। हजारों मकानोंको श्मशान बना दिया! कहते क्या हैं? ऐसा स्वराज्य आजतक संसारमें किसीने नहीं पाया जो बिना लड़ाई किये ही मिल गया। ऐसा इतिहासमें कोई भी दृष्टान्त नहीं है। परन्तु यह भी तो दृष्टान्त इतिहासमें नहीं मिलता कि राज्य मिलनेपर इतनी हत्याएं निरपराधियोंकी हुई हों। इससे यही सिद्ध होता है कि आजकलके मनुष्योंके हृदयमें धार्मिक शिक्षाका बिलकुल अभाव है। यह आजके विज्ञानका फल है।

विज्ञानसत्तावालोंको लोग बड़ा विज्ञानी मानते हैं और इनकी बड़ी बड़ी कीर्तियाँ आलापा करते हैं। परन्तु इन्होंने एक अणुबमसे लाखों मनुष्य और करोड़ोंकी सम्पत्तिका स्वाहा कर दिया। जो जापान ५० वर्षमें सम्पन्न हुआ था वह एक दिनमें रसातल पहुंचा दिया गया। जापानकी लोग बड़ी प्रशंसा करते थे कि उसने थोड़े ही कालमें अपने देशको सम्पन्न बना लिया। परन्तु यदि उसकी अन्तरङ्ग व्यवस्था देखें तो पता चले। उसने ५ वर्षसे चीनको नाकों दम कर दिया लाखों मनुष्योंका स्वाहा कर दिया तथा जो देश काबूमें आया उसे भिखमङ्गा बना दिया।

मैं तो इतिहास भूगोल जानता नहीं पर इतना अवश्य जानता हूँ कि आजकलकी शिक्षा केवल अर्थोपार्जनकारी और काम विषयक है। इसलिये लोगोंके हृदयमें शिक्षित होनेपर भी वह राष्ट्रीयता नहीं आई जो भारतके स्वतन्त्र नागरिकको आवश्यक है। राष्ट्रीयता जबतक पूर्णरूपसे नहीं आयगी स्वदेश और स्वदेशी वस्तुओंसे प्रेम न होगा और न औद्योगिक धन्धोंको प्रोत्साहन मिलेगा। यन्त्रादि द्वारा हजारों मन कपास और हजारों थान कपड़ा मिलो द्वारा एक दिनमें बन जाता है। फल यह होता है

कि इने-गिने धनाढ्योंको उससे लाभ पहुंचता है या लाखो मजदूरों को मजदूरी मिलती है परन्तु करोड़ों मनुष्य और हजारों दुकान-दार आजीविकाके विना मारे मारे फिरते हैं। इसी प्रकार यन्त्रो द्वारा एक दिनमें हजारो मन तेल तैयार हो जाता है। फल इसका यह हुआ जो इने-गिने धनाढ्य और सहस्रों मजदूर मजदूरी पा जाते है परन्तु हजारो तेली हाथपर हाथ धरे रोते हैं। कोलुओं द्वारा जो तैल निकलता था वह स्वच्छ होता था तथा जो खली निकलती थी उसमें तैलका अश रहनेसे गाय भैंसोको खानेमें स्वाद आता था। वह पुष्टकर होता था। इसी प्रकार शक्कर आदिके मिलोंकी भी व्यवस्था समझिये। यह तो कुछ भी बात नहीं, यदि कपड़ेके मिलोंकी व्यवस्थाका जाननेवाला लिखता तो पता चलता कि उनमें हजारो मन चर्बी लगती है। यह चर्बी क्या वृक्षोंसे आती है? नहीं, कसाईखानोंको पहले आर्डर दिये जाते हैं कि इतने मन चर्बी हमको भेजो। चमड़ा कितना लगता है इसका पारावार नहीं। इतनेपर भारतवासी चाहते हैं जो गो वध बन्द हो जावे।

पाठकगण! जरा मनको शान्तकर विचारो तो सही हम स्वय इन बातोंसे घृणा नहीं करते! पतलेसे पतला जोड़ा चाहिये चाहे उसमें अण्डेका पालिश क्यों न हो। ग्रामोंमें चले जाइये पशुओंके चरनेको भूमि नहीं! मनुष्योंके आचरणके ऊपर दृष्टिपात कर यदि कोई लिखे तो पुराण बन जावे।

अच्छेसे अच्छे अपनेको माननेवाले होटलोंमें चायके प्याले चाटते देखे गये हैं। जिस प्यालासे मास भक्षी चाय पीते हैं उसीसे निरामिषभोजी चाय पी रहे हैं। कोई कहे क्या करते हो? तो उत्तर मिलता है अजी छोड़ो इसी छुआछूतने भारतको गारत कर दिया। इसका मूल कारण यदि देखा जावे तब

शिक्षामें धर्म-शिक्षा और सच्ची राष्ट्रीयताका अभाव ही इसका कारण है। अत: यदि देशका कल्याण करनेकी सत्य भावना है तब एक तो प्रारम्भसे धार्मिक शिक्षा अनिवार्य करो और दूसरे यह प्रतिज्ञा प्रत्येक व्यक्तिका करना चाहिये कि हम स्वदेशी वस्त्रादिका ही उपयोग करेंगे।

शिक्षाका महत्त्व इतना है जो आत्मा इस लोककी कथा छोड़ो परलोकमें भी सुखका पात्र हो जाता है। शिक्षा उसे कहते हैं जिससे प्राणियोंको सुख हो। सभी मनुष्य दुःखसे भयभीत रहते हैं और सुखको चाहते हैं अतः शिक्षा ऐसी हो जिसके द्वारा प्राणियोंको सुख हो। जिस शिक्षासे प्राणियोंका विनाश हो वह काहेकी शिक्षा? वह तो एक तरहका भ्रम है। केवल धनार्जन करना शिक्षाका काम नहीं, धनार्जन तो व्यापारसे होता है।

भारतमें ऐसे एसे कम क्षयोपशमियोंके हैं जो उनके मालिक साधारण पढ़ लिखे हैं यह ससार महान दुःखोंका भण्डार है इसमें शान्तिका लाभ बिना उत्तम शिक्षाके नहीं मिलता।

प्राचीन कालमें अपरिग्रही गुरु शिक्षा देते थे जिसके द्वारा ससारी मनुष्य सुमार्गमें प्रवृत्तिकर सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करते थे तथा अन्तिम वयमें गृहस्थीका भार बालकोंके ऊपर छोड़ आप ससारसे विरक्त होकर मुक्ति पथके पात्र हो जाते थे। आजकल उस शिक्षाके अभावमें केवल धन सञ्चय करने करते परलोक चल

जाते हैं और वही सस्कार अपने उत्तराधिकारीमे छोड जाते है। अतः यदि समाज और देशका उत्थान आप लोगोंको इष्ट है तब पहले शिक्षाकी व्यवस्था ठीक करो।

(जैनप्रभात, वर्ष १ अङ्क ३)

सूक्ति-सुधा

१ पुनीत कार्यके लिये पुनीत मनकी आवश्यकता है। आवश्यक कार्य करनेमें अप्रमादी होकर निरन्तर सावधान रहो, केवल गल्पसे आत्महित नहीं होता।

(१।१।५१)

२ सामायिक (ध्यान) मे चित्तवृत्तिकी स्थिरता अवश्य ही अपेक्षणीय है। इसका यह तात्पर्य है कि कषाय असंख्यात लोक प्रमाण है। उनकी प्रवृत्ति भी क्रोधादि रूपसे विभाजित है। अतः जिससे क्रोध निकल जाय वह चेष्टा हितकारी है। जिस समय क्रोध आ जावे उस समय किसी दूसरे कार्यकी चिन्तामें लग जाओ। यदि यह न बने तब स्नान करनेकी चेष्टा करो। और शुद्ध वस्त्र पहिनकर आत्म तत्त्वका पोषक जो शास्त्र है उसका मनन करो तथा क्रोधको पुष्ट करनेवाली जो सामग्री है उसे हटा दो, या आप उससे पृथक् हो जाओ। यदि यह कोई उपाय न बने तब पद्मासन बैठकर ध्यानमें तल्लीन हो जाओ। यही न बने तब १०० से १ तक उल्टी संख्या (गिनती) गिनो।

(७।१।५१)

३ शारीरिक शक्तिका विकास भी कथञ्चित् आत्मगुणके विकासका साधक है।

(१२।१।५१

४ व्यक्तिके नामके साथ 'श्रीयुत' शब्दका प्रयोग क्यों किया जाता है ? इसलिये कि यह प्रत्येक व्यक्तिका सुख जनक और इष्ट है। पत्र पत्रमें मृत व्यक्तिके साथ 'श्री' शब्दका प्रयोग

नहीं करते। 'श्री' शब्दका अर्थ लक्ष्मी है, लक्ष्मीको धन कहते हैं, जैसे यह लक्ष्मीपति है, अर्थात् धनपति है, अर्थात् धनवाला है परन्तु धन जीवसे भिन्न पदार्थ है, उसका जीवके साथ कोई विशेष सम्बन्ध नहीं, अत. श्रीमान्से धनी मानना प्राय: असङ्गत है।

(२५ । ३ । ३६)

५. वही जीव धन्य है जो आपत्ति-सम्पत्ति, दु:ख सुख, निन्दा-प्रशंसा, विषाद और हर्षमें सदा समभाव रहता है।

(१९ । ३ । ३९)

६ किसीकी मिथ्या प्रशंसा करना अपनेको वञ्चित करना है।

(३० । ५ । ३९)

७. बहुकथाकी अपेक्षा अल्प कार्य करना लाभदायक है।

८ ससारके हितकी चेष्टा करना आकाशमें पुष्पोंकी प्राप्तिकी तरह विफल प्रयत्न करना है।

९ अन्यको उपदेश देकर सुधारनेकी अपेक्षा अपनेको सुधारना अच्छा है।

१० ससारमे अति बेईमानी और डकैती है। जितने बड़े-बडे कार्य होते हैं उनमें मजदूरोंकी मजदूरी काटी जाती है। कम दी जाती है!! सभी प्रकारसे गरीबोंको दबाकर उनकी शक्तिका ह्रास कर उन्हें निर्बल बनानेकी चेष्टा की जाती है!!! इस ससारी आत्मामें एक ऐसी प्रबल इच्छा रहती है कि ससार भरके प्राणी हमारे अधीन रहें और ससारका सम्पूर्ण विभव हमारे यहाँ आ जावे। ऐसा होना असम्भव है परन्तु आकाक्षाकी शान्ति नहीं होती। इसीसे आकुलित होकर सम्पूर्ण जगत् दु:ख समुद्रमे निमग्न हो रहा है।

(११ । ७ । ३६)

११ अपने घरका दान देकर परायी आशा करना मूर्खोंमें श्रेष्ठ है। पराये सुन्दर सरस स्वादु भोजनकी अपेक्षा अपने घरका सादा नीरस निःस्वादु भोजन अच्छा है।

(२२। ।१९)

१२ केवल परमेश्वरके गुणगानसे कोई परमेश्वर नहीं होता भोजनकी कथासे कोई तृप्त नहीं होता।

(२ ।१।४)

१३ आजकल ऊपरी वेषकी महिमा है। इसीको देखकर लोग ठगाये जाते हैं। परन्तु किसी वेषको देखकर उसका अन्तरङ्ग जाने विना उससे ग्लानि करना भी मूर्खता है।

(२१।१।४)

१४ संसारके कार्य देखकर आश्चर्य करना अज्ञता है। अनन्त पदार्थ हैं, उनके अनन्त परिणमन हैं, अतः इसमें आश्चर्य ही क्या है? जिस पदार्थमें जो-जो शक्ति है कारण सामग्रीके सद्भाव तथा प्रतिबन्धकके अभावमें उसका कार्यरूप होना कोई आश्चर्यकी बात नहीं है।

(२२।१।४)

१५. आकुलताका मूल अज्ञान है, और अज्ञानका मूल मिथ्यादर्शन है। यह वह वस्तु है जो अनेक प्रकारसे अभिप्रायमें विकल्प उत्पन्न करता है। वास्तवमें यह पदार्थ अनिर्वचनीय है। इसके सद्भावमें जो जो अनर्थ होते हैं उन सबका मूल कारण यही है। इसकी महिमा अचिन्त्य है, संसारमें जितने मत हैं, इस ही का माहात्म्य है।

(१।१।४)

१६ कार्य करनेकी आन्तरिक इच्छा होनी चाहिये तभी वह उस ओर उद्योगशील हो सकता है। केवल लेख लिख देना,

भाषण दे डालने या विवाद प्रतियोगितामें भाग ले लेने मात्रसे कुछ नहीं होता।

(५ । २ । ४०)

१७ सार तो वहीं होता है जहाँ है परन्तु उस सारके लिये असार वस्तुका भी आश्रय लेना पडता है। दहीमें घी है परन्तु निकालनेके लिये पानीका आश्रय लेना पड़ता है। फिर भी आँच देनेका आवश्यकता रहती है अन्यथा अन्तर्मुहूर्तवाद अभक्ष्य हो जानेका भय है।

(१७ । २ ४०)

१८ सङ्कोचका त्याग करो, या त्यागका त्याग करो।

(२१ । २ ४०)

१९ आजकलका समय अर्थकी लोलुपताका है। उसके लिये अनेक अनर्थ करते हुए भी मनुष्योंकी प्रवृत्ति शुभकी ओर या उस अनर्थके त्याग करनेकी ओर नहीं होती। मिलोंमें अनेक प्रकारकी हिंसा होती है फिर भी हम उसका उपयोग करते हैं।

(२ । ३ । ४०)

२०. इस जगतमें जितने पाप होते हैं उन सबका मूल कारण मिथ्यादर्शन है। उसके उदयमे हम पर वस्तु और अपना विवेक नहीं कर सकते। और जब विवेक नहीं तब उसे ग्रहण करनेकी चेष्टा करते हैं। हिंसा भी परको ग्रहण करनेके लिये होती है, क्योंकि जो मासका भक्षण करता है वह जीव घात करता है विना जीव घातके मासकी उत्पत्ति नहीं होती।

(४ । ३ । ४०)

२१ चिन्ताज्वालाका आदि कारण सङ्कल्प है। सङ्कल्प मूलक ही विकल्प होता है। यह विकल्प ही अनुकूल पदार्थोंका सग्रह और प्रतिकूल पदार्थोंका प्रतिरोध करानेमे कारण है।

(२० । ४ । ४०)

२२. परसे ममत्व करना अपनेको कारागारमें डालनेके सदृश है। जो पर वस्तुसे ममत्व करता है वह चोर कहलाता है, उसे राजदण्ड दिया जाता है, वह निन्दाका पात्र होता है। इसी तरह जो परको अपनी मानकर मूर्च्छा करता है वह रागादिक परिणामों द्वारा ज्ञानावरणादिक कर्मोंके कारागारमें डाल दिया जाता है।
(३ । ११ । ४)

२३ संसारमें बाह्य व्यवहारसे ही मनुष्य उत्तम मध्यम और अधम श्रेणीका पात्र होता है। अन्तरङ्गकी निर्मलता बाह्य क्रियाओंसे अनुमापित करना प्रायः असम्भव है।
(२ । ५ । ४)

२४ 'परमेश्वरमें मन लगाओ' इसका तात्पर्य यह है कि परमेश्वर राग द्वेष आदि उपद्रवोंसे रहित जीव द्रव्यकी एक पर्याय है। उसको जाननेसे रागादिक कलङ्क होनेकी सम्भावना नहीं। परमेश्वरकी भक्ति करनेसे परमेश्वर शुद्ध आत्मामें प्रविष्ट नहीं हो जाता क्योंकि ज्ञेय और ज्ञायकका तादात्म्य सम्बन्ध नहीं। हाँ परमेश्वरकी उपासनासे यदि चित्तवृत्ति निर्मल हो जावे तब मोहके अभावसे आत्मा स्वयं परमेश्वर हो जाता है और उस समय 'सोऽहं' यह विकल्प भी मिट जाता है।
(१५ । ५ । ४)

२५ मार्गका मिलना कठिन नहीं। साधु समागम, विद्वद्गोष्ठी एवं शास्त्राध्ययन के द्वारा मार्गका ज्ञान होना सरल है परन्तु उसपर चलना ही अति कठिन है। भोजन कर लेना कोई कठिन बात नहीं जितना कि उसका पचाना कठिन है। प्रायः मनुष्य ऊपरी बातोंके बनानेमें चतुर रहते हैं और वे अपनेको सर्वोत्तम सिद्ध करना चाहते हैं। न जाने इस लोकैषणासे मनुष्योंने अपने असली स्वरूपका घात करना क्यों पसन्द किया है?
(८ । ३ । ४)

२६. व्रत करनेसे तात्पर्य चित्त शुद्धिका है। यदि वह न हुई तब कोई तत्त्व नहीं। जिस व्रतके लिये अन्नका सादा भोजन छोड़कर बहुमूल्य पदार्थ या फल सञ्चित किये जांय, ग्रहण किये जाय, वह व्रत नहीं, अव्रत है। धर्म नहीं, अधर्म है। जहां राग परिणाम है वहां धर्मकी गन्ध नहीं।

(१६ । ६ । ४०)

२७ जो काम जिस समय करना है उसे उसी समय करो। समयकी उपेक्षा आत्माके अकल्याणका मार्ग है। प्रात काल आत्माकी परिणति निर्मल रहती है, उसी समय जो कुछ आत्म-लाभ होनेके योग्य सुअवसर है उसे उपयोगमे लाओ।

(१२ । ७ । ४०)

२८. "स्त्री समाज मनुष्यके बन्धनकी वेड़ी है" यह कहना हमारी अज्ञानता है। बन्धनका मूल कारण अपनी आत्माकी विभाव परिणति है और उस विभाव परिणतिमे यह सब नोकर्म है। यह सर्वथा विभाव परिणामके उत्पादक नहीं।

(२८ । ७ । ४०)

२६ मनुष्योंके नाना प्रकारके परिणाम होते है। उनके होने में उपादान कारण आत्मा है और वाह्य कारण कषायोदय है।

(२९ । ७ । ४०)

३० आत्माका सुख इसीमें है कि निरन्तर ज्ञाता द्रष्टा वना रहे। ज्ञाता द्रष्टाका अर्थ है कि पदार्थोंको देखे जाने परन्तु उनमें न तो मोह करे और न रागद्वेष करे। यह कव हो जव कि पर पदार्थमे निजत्व वुद्धि मिटे। निजत्व वुद्धि मेटनेका कारण भेदज्ञान है, भेदज्ञानका कारण आगम ज्ञान है, आगम ज्ञानका कारण विद्योपार्जन है, विद्योपार्जनका कारण विनय और सदाचार

है, विनयका कारण निरभिमानता और सदाचारका कारण विषयोंमें लोलुपताका अभाव है।

(१ ११।०।४)

२१ परका वैभव देख ईर्षा मत करो। अपने आत्म द्रव्यमें अनन्त पदार्थोंके अवभासनकी जो शक्ति है उसका विकास करो। विकासका कारण अपने स्वरूपको देखनेका अभ्यास करो। अभ्याससे कठिनसे कठिन कार्य सरल हो जाते हैं किन्तु अभ्यास का यह क्रम सतत होना चाहिये। भङ्ग होना कार्यका बाधक है।

(१ ।८।४)

२२. मनुष्यको माया और कीर्ति कामिनीसे सदा बचते रहना चाहिये।

(१६।१ ।४

२३ अन्तरङ्गकी बातको व्यक्त करनेसे भी लाभ नहीं, क्योंकि उसमें यह भाव रहता है कि देखो हमारी परिणति इतनी सरल है कि अपनी भावनाको व्यक्त कर दिया। अतः उत्तम मार्ग तो यह है कि निरन्तर अपने भावोंको शुभ और अशुभके कलङ्कसे रक्षित रखें।

(१४।११।४)

२४ जो समय जाता है वह नहीं आता। मत आवे। पर्यायका जाना आना तो होता ही रहता है। हाँ यदि पूर्वकी पर्यायमें असन्मार्गकी उत्पादक थीं और चली गईं, अच्छा हुआ। उनका पश्चात्ताप करना निरर्थक है। वह काम करो जिससे इस चक्रमें ही न फसना पड़े।

(१ ।१२।४)

२५. निर्संकोच अपनी मवृत्ति करो। भय कषाय है और यही आत्माको पतित करनेमें सहायक है। किसीके प्रभावमें

आकर अपने पौरुषको भूल जाना स्यालवृत्ति है। सिंहवृत्ति बनो। सिंहका बच्चा गजराजसे भी नहीं डरता।

(२३ । १२ । ४०)

३६. 'कोई किसीका नहीं' यह केवल अज्ञानी जीवोंको समझानेकी प्रक्रिया है। वस्तु स्वरूपसे कोई किसीका नहीं परन्तु मोहके उदयमें सबके सब हैं। यदि परमार्थ दृष्टिसे यह मान लिया जाय और व्यवहारका लोप कर दिया जाय तो परस्परमें हमारा जो गुरु-शिष्य, पिता-पुत्र, आदि व्यवहार है सभीका लोप हो जायगा। और इसके न होनेसे ससार मोक्ष पदार्थोंका अपलाप हो जावेगा।

(२४ । १२ । ४०)

३७. केवल बोझेसे सिर दुखता है न कि बोझा। इसी तरह जीवमें ही सुख दुख है न कि बाहर।

३८ आकुलताके चले जानेसे विलक्षण सुख होता है वह सामान्य सुख तो सदासे है, चिर अश हमारेमें भी है।

३९ सूर्यसे प्रकाश हो या दीपकसे। इसी तरह सिद्धोंके सुख हो या अविरतिके। अविरतिके उस सुखका स्वाद आनेसे वनको चले जाते हैं। वहाँ विशेष सुख निराकुलता होना ही है।

४० बारहवें गुणस्थानमें मोहके अभावसे सुख तो होगया परन्तु अनन्त नहीं बताया। अनन्त वहाँ बताया जहाँ ज्ञान अनन्त होता है।

४१ ज्ञानने जता दिया कि राग द्वेष ये हैं। उनके लिए चारित्र ही धारण करना पड़ेगा। उससे ही मोक्ष है।

४२ आपमें रुचि होनेसे ही हमे मालूम होता है कि अब हमारा संसार तट निकट है।

४३. नियम बिना कार्य नहीं चलता। सूर्य वा दिया क्या

करेंगे। ज्ञाननेत्र प्रगट करना चाहिए वह इस पञ्चमकालमें भी हो सकता है।

४४ मोहके नाशसे भी मोक्ष है और मोहसे भी मोक्ष है।
(२१ । ८ । ५१)

४५ कषायके उदयमें कार्य होता है। महाव्रती भी महाव्रत नहीं करता, महाव्रत होते हैं। जैसे सम्यग्दृष्टि विषयभोग नहीं चाहता परन्तु वे होते हैं।

४६ सामान्य और विशेष वस्तुमें दोनों हैं। विशेषका परिणमन होता है सामान्यका नहीं।

४७ चीज कुछ नहीं केवल व्यामोह है। उसी व्यामोहको छेदनेवाली प्रज्ञा (ज्ञान) छेनी है।

४८. अब अनन्तकाल भटके अब शेष नहीं भटकना। सावधान होओ जो गई सो गई।

४९. ज्ञानको उपार्जनकर उसका फल नहीं लिया तो क्या

५ रागादिक मेटनेसे आत्मा नहीं मिटता बल्कि आत्मा शुद्ध हो जाता है। रागादिक जो औपाधिक हैं वे मिट जाते हैं ऐसा करनेमें कोई हानि नहीं है।

५१ भेद-विज्ञान तो एक दर्पणसे भी होता है। क्या दर्पणमें तुम घुस गए, नहीं कोई किसीमें नहीं जाता। समझनेके लिये केवल दृष्टिकोण बदलना है।

५२ शरीरके पीछे प्रतिज्ञा भङ्ग कर देना कोई अच्छा कार्य नहीं। जब अपनी चीज अपने काम नहीं आई तब दूसरा क्या आएगा ?

५३ सिद्धान्तका सेवन करना चाहिए। ज्ञानसे ही काम नहीं चलेगा। पापसे ही दीनता होती है बिना पाप कौन किसीकी सजा करेगा।

५४. कषाय ही निग्रह करने योग्य है, कषाय नाशमें ही सुख है।

५५. संसारके मार्गका निश्चय होनेसे मोक्षके मार्गका निश्चय हो जाता है।

५६. एक क्षमासे ही सब गुण सिद्ध हो जाते हैं। क्रोधका न होना ही क्षमा है।

५७ बिना पानी छुए जैसे तैरना नहीं आता वैसे ही बिना मोह राग-द्वेषके त्यागे अपना रूप प्रकट नहीं हो सकता।

(२७।८।४१)

५८. शुद्ध परिणामोंसे क्रियाव्रत व्रत होता है अन्यथा कष्ट है।

५९. जो हमारी थालीमें आगया वही अमृत है।

६० भेद विज्ञान होनेपर कष्ट कष्ट नहीं उसके अभावमे कष्ट है।

६१ प्रमाद हिंसाका मूल है, अभिलाषा विषयका मूल है।

६२ शल्य छूट जानेसे ही आनन्द है।

६३ परम शुक्लध्यान अपने ही भावसे होता है कोई मशीन नहीं कर देती।

६४. दूसरेकी कथा कहनेमें सार नहीं। अपने परिणामोंके अनुकूल कार्य करो यही सम्यग्ज्ञान है।

६५ जिस कार्यके उत्तर कालमें आकुलता न हो वही त्याग है। नहीं तो त्याग नहीं।

६६. धर्ममे मायाचारी मत करो, मायाचारी कभी सुखी नहीं। कुटिलता जानेसे मायाचारी गई, विश्वास होगया तो इसमे क्या चला गया?

६७. दान पूजन सरलभावसे सम्यग्दृष्टिके ही होते हैं।

(२८।८।४१)

६८ सम्यग्ज्ञानी बन्ध आदिको मानता है। कर्ता नहीं, नेत्रकी तरह।

६९ सुखका कारण मोहका अभाव है, धन नहीं।

७० दुखीको दान दिया इससे क्या किया अपना दुख दूर किया, न कि दूसरेका।

७१ सम्यग्ज्ञानी रागादिकका भोगी नहीं।

७२ हे भगवन्! हमने चौरासी लाख नाटक दिखाए, इसका फल दो यानी हमारे भव-भ्रमणको मेट दो, अगर हमारे यह नाटक अच्छे नहीं लगे तो इस नाटकको मेंट दो।

७३ पुद्गलसे पुद्गलका उपकार हुआ तुमने क्या किया? इसका अभिमान छोड़ो। अपने बच्चेको सिखानेमें भी इच्छा आती है इससे मालूम होता है कि परद्रव्य बुरा है।

७४ एक वस्तुका जब दूसरी वस्तुमें सम्बन्ध नहीं तब तुम कर्ता भोक्ता कैसे बन गए विचार करो।

७५ तो व्यवहारमें रागादिक भावकर्मोंका आत्मा कर्ता भोक्ता है।

७६ मिथ्यादृष्टिको मिटा देना कहांकी बात है; मिथ्यात्वको नाश करना चाहिए।

७७ सम्यग्दर्शनका फल संसार बन्धनका टूटना है।

७८ मिथ्यात्वके रहते धर्म कटुक लगता है। मिथ्यात्वमें अपने परिणाम बदलते हैं पदार्थ जैसेका तैसा है।

७९ भैया! जिस संसारके दुःखसे भगवान डर गए, तुम नहीं डरते? बड़े बलवान हो। जो सर्प घरमें बैठा है, उसे निकालो यही संवेग है।

८० जिन्हें संसारसे भय नहीं वे क्या करेंगे?

८१ अपनी आत्माकी दया करनी सच्ची दया है।

८२ मोहमें भलाई नहीं चौपट हो जाता है।

८३. सत्यसे बड़ी प्रतिष्ठा है। सत्यसे उपकार हो जाता है। लिखो तो सत्य, बोलो तो सत्य, सत्य धर्मसे सब दुख दूर हो जाते हैं।

८४. कर्मके उदयको कर्जा समझो। उनके देनेमें क्या दुख धन्नासेठ क्यों बनते हो ?

८५ जैनधर्मकी कोई भी क्रिया रागद्वेष निवृत्ति रूप है। चारित्र भी उसहीके लिए है बार बार चिन्तवन करनेसे मोहका अभाव हो जाता है। कायरता मत करो—पुरुषार्थी बनो।

८६. द्रव्य दृष्टिसे वही कर्ता वही भोक्ता है, पर्याय दृष्टिसे कर्ता भिन्न है, और भोक्ता भिन्न है।

(२९ । ८ । ४१)

८७ सूत्र रहित मोती हार नहीं कहलाते, इसी तरहसे क्षणिक आत्मा नहीं बनता, चैतन्यका सम्बन्ध चाहिए कर्तृत्व और कर्मत्व जुड़े नहीं हैं।

८८. चेष्टा और चेष्टा-फलका भोगनेवाला आत्मा है।

८९ मिट्टीके घड़ेमें मिट्टी मौजूद है कुम्हारका आत्मा नहीं घुस गया, गुरु शिष्यको अपना ज्ञान नहीं देता, आँखमें रोशनी सूर्य नहीं देता।

९०. रागद्वेष दूर करनेका भाव होगा तभी श्रावक-मुनि-धर्म रुचेगा।

९१. अपनेको बड़ा समझो, तुम्हारा ठाठ है।

९२. दूसरेमें दूसरी वस्तु नहीं जाती। १० दिनमें ही संयम करें। भुजुटकी तरह २५० दिनके लिए निश्चलता होनी चाहिए।

९३ ज्ञानमें चञ्चलता कषायसे होती है उसको छोड़ना चाहिए। इच्छाको दूर करो, मनकी शुद्धतामें सब शुद्धता है।

मत करना अच्छा नहीं। जिनके व्रत होता है, उनके रक्षाकी बात सूझती है।

९४ स्नान आदिसे शरीरकी पवित्रता है, आत्माकी नहीं, मछली और धीवर जलमें ही रहते हैं तब भी पवित्रता नहीं।
(१ । ८ । ५१)

९५. पदार्थ दुखी नहीं करता जीव स्वयं दुखी होता है, लोग बाह्य वस्तुमें मोह करते हैं और कहते हैं राग नहीं घटता क्या करें।

९६ संस्कारोंके कारण चारित्र नहीं होता तब शान्ति नहीं मिलती।

९७. सदाचारसे हिंसा होती है सदाचारको सत्ता नहीं।

९८. मैल निकालनेके लिए कपड़ेको गरम पानीमें देना पड़ेगा। इसी तरह विभाव हटानेको ज्ञानमें ज्ञेयका प्रवेश नहीं। शुद्ध स्वभावका ध्येय है।

९९. मोहकी कमी अवस्थामें उत्थान आता है, ज्ञान ज्ञान बन जानेपर फिर शुद्ध नहीं बनता। यह ज्ञानमय है तो भी ज्ञानकी उपासना नहीं करता है।

१०० आलस्य बड़ा भारी शत्रु है, व्रत उपवास आदिका यही फल है कि स्वाध्यायपूर्वक ज्ञान हो।

१०१ राग छोड़ो वस्तु छोड़नेकी आवश्यकता नहीं। वस्तु तो रागके अभावमें स्वयं छूट जायगी रोटी खानेसे पेट तो स्वयं भर जाएगा।

१०२. संयमके बिना इहलोक और परलोकमें काम नहीं चलता है। आत्मामें निर्मल परिणामोंसे ही कार्य बन मिलता है। अपने उपयोगको सम्हालो चित्तको वशमें करो। दया अनुकम्पा करो। परमार्थको विचारो। क्रम क्रमसे आगे आओ।

१०३. जैसे नेत्र बिना सुन्दर मुख और शरीरकी शोभा नहीं उसी तरह संयमके बिना मनुष्य जन्मकी शोभा नहीं।

१०४. सयमीसे दुनियाकी रक्षा होती है, माँ बाप सयम पाले तो लड़के भी सयम पालेंगे। जीवकी रक्षा करो एक घड़ी भी मत विसारो, यही सर्वश्रेष्ठ है।

(३१ । ८ । ४१)

१०५ प्रत्याख्यान, प्रतिक्रमण, आलोचना ही चारित्र है, अच्छी चीजके होते क्यों कायर बनो ?

१०६. सम्यग्दृष्टिको करना पड़ता है, कर्ता नहीं। उदयमें सबको करना पड़ता है।

१०७ जो दान देते हैं उसको अपने स्वाध्यायकी उन्नतिमें लगाते हैं।

१०८. शल्य मिटाना चाहिए, चौथा काल अभी हो जायगा।

१०९ सम्यग्दृष्टि फल भोगनेमें उदास है, वासना अच्छी बनाओ जिससे रागादिक घटे।

११०. अपनेको सम्यग्दृष्टि समझो तभी चारित्रकी सिद्धि होगी, नहीं तो टोटेमें रहोगे।

१११. किसीने श्रावक अवस्थामें दान देने को कहा और वह मुनि हो गया तो कौन माँगे और कौन दे ?

११२ पत्ता हरा रहता है तबतक रस खींचता है, पकनेपर गिर जाता है। सम्यग्दृष्टिका यही माहात्म्य है।

११३ बूरा बन गया, अब आँच देनेकी आवश्यकता नहीं। अज्ञान चेतनाको हटाओ, वही जीव निराकुल हो सकता है।

११४ शास्त्रका रूप रस, गन्ध, अध्यवसान आदि ज्ञान नहीं ज्ञानमें आते हैं।

११५ द्रव्य लिङ्ग ग्रहण मत करो आत्माको नग्न करो।

द्रव्य जिससे मोक्ष मानना मिथ्यात्व है। पाँच पापोंके त्यागसे और मिथ्यादर्शनके अभावमें व्रत होते हैं।

(१ । १ । ११)

११६ सामान्य-विशेषात्मक तत्त्व है, अभेदकी दृष्टिमें भेद मिथ्या है। अज्ञान निवृत्ति और आनन्द दोनों ही ज्ञानके फल हैं।

११७ वीतरागताका दर्शन मूर्तिसे होता है। पर मूर्तिमें वीतरागता है नहीं वह तो आत्माकी है। शब्दका पूज्य मानते हो मूर्तिको माननेमें क्या दोष है?

११८. धर्मोसे धर्मकी प्रतीति होती है। जब अपने मोहसे दुखी होता है। धर्म अपनेमें ही है, कहीं और नहीं।

११९. शरीरको क्षीण करना बड़ी भारी मिसदता है। क्या लाभ लिया? जिस अज्ञानसे मोहका ग्रहण किया उसे त्यागो। मोह छूट जायगा तो आत्मा भिन्न हो जायेगी।

१२० रागका त्याग असली त्याग है। धन आदिकके पीछे क्या पड़े हो गुणस्थानोंके त्यागे बिना सिद्ध पद नहीं मिलता।

१२१ औषधि दान दो रोगादिक दूर होंगे विद्या-बुद्धिका दान दो करुणा बुद्धि करो। त्याग गुण सीखना बड़ी भारी बात है। दान सबको करना चाहिए।

(२ । १ । ११)

१२२ विकल्प सहित वचन विकल्पमय हैं निश्चय और व्यवहारमें क्या भेद है? निश्चय अभेद रूप है दृष्टान्त रहित है, भगवान दोनों नयोंका स्वरूप जानते हैं, ज्ञाता दृष्टा हैं नयके पक्षपात रहित हैं। केवल व्यवहारका अनुभव करनेवाला मिथ्यादृष्टि है। वस्तु व्यवहार करनेके लिए व्यवहारकी आवश्यकता है। तीर्थकी स्थितिके लिए दोनोंकी जरूरत है। कायलेकी फल

की अग्नि यह व्यवहार नय है। अग्निको छूना निश्चय नय है। इन दोनों नयोंसे अतीत श्रद्धानुभूति है।

१२३. शुभ परिणामोंके लिए मूर्तिका आश्रय लो।

१२४. अत स्वपरका स्वरूप जानना चाहिए, करणानुयोग, चरणानुयोग सभीको जाननेकी जरूरत है।

१२५. ध्यानकी पूर्वावस्था भावना है। थिरता ध्यान है सो तप है, समितिका पालन प्रमादयोग हटानेके लिए है, महाव्रत रक्षाके निमित्त हैं, दोषोको दूर करना चाहिए।

१२६. शरीर तो पर है, विषयोमे रागादिक निवृत्ति इन्द्रिय सयम है, और प्राणियोंपर मैत्रीभाव इन्द्रिय सयम है। परिग्रहमें आकुलता होती है, मुनिको नहीं होती।

१२७. अरिहन्त पद आकिंचनतासे मिलता है।

१२८. विवेक उत्पन्न करो यही आकिंचन है।

१२९ यह विषय मेरे नहीं, मैं क्या सेवन करूँ। परमेष्ठीके आकिञ्चन धर्म है।

१३० तीर्थङ्कर मोक्षमार्गमे आकिञ्चनताके प्रसारसे लगे। यहाँ उपाय किया वहाँ मोक्ष मिला।

१३१ ऋषिगण सदा वन्दनीय हैं, पूज्य हैं, यह आकिञ्चन्यका प्रसार है। दुष्ट विकल्पोका त्याग करो।

(३।९।४१)

१३२ द्रव्य लिङ्गीसे सम्यग्दृष्टि श्रेष्ठ है।

१३३ नदियोंमें समुद्र नही, समुद्रमें नदियाँ हैं, प्रमाणमे दोना नय हैं नयमे प्रमाण नहीं। यही पदार्थोंके जाननेका रास्ता है। वह अपने अन्दर है, भगवानने दिखला दिया। भगवान बतानेवाले हैं, बनानेवाले नहीं, सूर्यकी तरह।

१३४ भगवानकी गृहस्थ अवस्थामे सुन्दरता कर्मसे थी,

केवलज्ञानकी सुन्दरता क्रमके क्षयसे है। यह स्वाभाविक होती है, यही अन्तर है।

१३५. सिद्ध भगवानके पूरा भार उतर गया, और सम्यग्दृष्टिके सरसों बराबर रह गया।

१३६ आत्माका कर्तव्य समझकर महाव्रतका पालन करो क्षत्रसालकी तरह।

१३७ आज यह दशधा धर्मका यथाशक्ति पढ़ा सुना सुनाया मनन किया क्या आनन्द आया? इसका अनुभव जिसको हुआ हो सो जाने। पूर्ण आनन्द तो इसका परम दिगम्बर सीमाके स्वामी श्री मुनिराज जाने। आंशिक स्वाद तो व्रतीके भी आता है, क्योंकि इस पवित्र दशधा धर्मका सम्बन्ध उन्हीं पवित्र आत्माओंसे है। व्यवहारज्ञ तो इसकी गन्धको भी तरसते हैं, क्योंकि व्यवहार करना अन्य बात है और उससे धर्म मानना अन्य बात है। व्यवहारकी उत्पत्ति मन वाणी काय और कषायसे होती है और धर्मकी उत्पत्तिका मूल कारण केवल आत्मपरिणति है।

(७ । ९ । ४१)

१३८ पञ्चेन्द्रियके विषयोंमें आयु बीत गई परन्तु तृप्तिका अंश भी नहीं पाया। केवल अन्तरङ्ग तृष्णा ही इनमें प्रवृत्ति कराती है। तृष्णाका मूल अभिलाषा है तथा हिंसादिकका मूल प्रमाद है।

(७ । ९ । ४१)

१३९. दयालु मनुष्य परोपकार कर सकता है परन्तु आजकल दयाके भाव नहीं।

(१४ । ३ । ४२)

१४ 'प्राणियोंका कल्याण हो' ऐसी चिन्ता करना भी महती अज्ञानता है। जब तुम्हें यह निश्चय है कि जो भगवानके

ज्ञानमें आया वही होगा तब क्या तुम उसको अन्यथा कर सकते हो ? नहीं, तब तुम केवल अपनी कषाय परिणतिसे संक्लेशताके पात्र क्यों होते हो ? सब पदार्थोंसे ममता त्यागो, केवल बननेका प्रयत्न करो ।

(२२ । ५ । ४४)

१४१. अनेक मनुष्य आत्मचिन्ता न कर, अन्यकी चिन्ता द्वारा, आत्म कल्याण करनेकी अभिलाषा करते हैं, यही भ्रम ससारका मूल कारण है ।

(२६ । ५ । ४४)

१४२. धन्यवाद देनेकी परिपाटी प्राय उत्तम भी है और दूषित भी है । बहुतसे मनुष्य जहाँ कार्य करनेको प्रोत्साहित होते हैं वहाँ बहुतसे लोभमें अपना सर्वस्व भी खो देते हैं ।

(३१ । ५ । ४४)

१४३ आजकल प्राय लोगोंकी रुचि ऊपरी ठाठमें रहती है । अभ्यन्तर धर्मके मर्मको अल्प मनुष्य ही जानते है ।

(२९ । ६ । ४४)

१४४ आजकल सभी मनुष्योंमें त्रुटि पाई जाती है । जो कोई व्रतादि धारण किये हैं वे कुछ न कुछ अशमें सदोष हैं । और जो मानादि कषाय कर व्रत पालन करते हैं उनका व्रत पालना चरणानुयोगके अनुसार शुद्ध होने पर भी अन्तरङ्ग मलीनताके कारण मोक्षमार्गका साधक नहीं । मोक्षमार्गमें अन्तरङ्ग सम्यग्दर्शन होना चाहिये । जिनके सम्यग्दर्शन है उनके बाह्यमे व्रत भी न हो तब भी वह जीव देवगतिको छोड़कर अन्य गतिका बन्ध नहीं करता ।

(११ । ६ । ४४)

१४५ व्रत धारण करना सहज है परन्तु उसका निर्वाह करना बहुत कठिन है। जिसने निर्वाह किया वही व्रती है।

(२२।९।४०)

१४६ समय व्यर्थ नहीं खोना यही मनुष्यकी मनुष्यता है। समय तो जाता ही है परन्तु उसे प्रमादसे नहीं जाने देना चाहिये। पुरुषार्थ करो और वह पुरुषार्थ करो जिससे आत्माको शान्ति मिले क्योंकि आत्माका लक्ष्य सुखकी ओर रहता है।

(१४।०।४४)

१४७ पराई चिन्तासे न कभी किसीका उद्धार हुआ और न होगा। स्वाधीन जीव ही मोक्षगामी होते हैं।

(२५।०।४४)

१४८ ऐसा वचन बोलो जिससे सुननेवालोंको किसी प्रकारका कष्ट न हो। शास्त्र प्रवचन इस तरह करो जिसमें सुनने-वालोंको शान्ति लाभ हो।

(२८।०।४४)

१४९ चित्त वृत्तिको वश रखना दुर्लभ काम है। क्यौंकर मनुष्य अपने ऊपर स्वाधीनता नहीं रख सकता। पर पदार्थोंमें ही दोष देखता है, निमित्त कारणोंमें ही कल्याण व अकल्याण देखता है।

(१२।९।४४)

१५० पर्वके दिनोंमें ब्रह्मचर्य पालन करना मनुष्य जन्म सफल बनानेकी औषधि है।

(८।१ ।४४)

१५१ सहोधम मनुष्य आत्मधर्मसे च्युत हो जाता है। आत्माको पवित्र करनेके लिये प्रथम तो दृढ़ श्रद्धानी होनेकी आवश्यकता है और फिर आत्मस्वरूपमें स्थिरताकी आवश्यता

है। चञ्चलतासे इष्ट सिद्धि नहीं, एकाग्रता नहीं अतएव ध्यान सिद्धि भी नहीं।

(९ । १० । ४४)

१५२. विवेक पूर्वक की गई भक्ति ही कल्याणकारिणी है। भक्ति उसकी उपयोगिनी है जिनके रागादि दोष व आवरणादि कर्म दूर हुए हों। उसे आप्त कहते हैं।

(१७ । ११ । ४४)

१५३ ससारमें सभी मनुष्य उत्कर्ष चाहते हैं, कुछ हानि नहीं परन्तु उसके अभ्यन्तरकी प्रभुताका अभाव है, यही आत्मोत्कर्षका बाधक है। यदि यह न हो तब कोई हानि नहीं। जगतका मूल कारण यही ईर्षा है।

(१४ । १२ । ४४)

१५४ किसी मनुष्यसे दैन्य व्यवहार न करना। मनुष्यकी तो बात छोड़ो परमात्मासे भी दैन्य शब्दों द्वारा प्रार्थना न करना। होगा वही जैसी परिणामोंकी निर्मलता रहेगी। कोई कुछ नहीं कर सकता, केवल हमारे विकल्प ही हमें दुखदायी हैं।

(१५।१२।४४)

१५५. यह पापी पेट है जिसके लिये मनुष्यको ससारके अनर्थ करना पड़ते हैं। इसका कार्य उदरपूर्ति-भोजन है। भोजन की इच्छाका नाम ही आहार है। इस आहार सज्ञाके कारण ससारमे महान् अनर्थ होते हैं। अनर्थकी जड़ भोजनकी गृध्नता है। अच्छे अच्छे महान् पुरुष इसके वशीभूत होकर जो जो क्रियाएँ करते हैं वह किसीसे गुप्त नहीं। भोजनकी लालसा अच्छे अच्छे पुरुषोंका तिरस्कार करानेमें कारण होती है।

(२१ । ५ । ४९)

१५६ पदार्थसे भिन्न आत्माका निश्चय कर जो पर पदार्थोंमे

राग-द्वेषका त्याग कर देता है वही पूर्ण ब्रह्मचर्यका पालन करने वाला होता है। लौकिक मनुष्य केवल जननेन्द्रिय द्वारा विषय सेवनको ही ब्रह्मचर्यका घात मानते हैं परन्तु परमार्थसे सभी इन्द्रियों द्वारा जो विषय सेवनकी इच्छा है वह सम्पूर्ण ब्रह्मचर्यकी घातक है।

(२९ । ५ । ५८)

१५७ अदत्त वस्तुके ग्रहण करनेका भावमात्र चोरी है। चाहे वस्तुका ग्रहण हो चाहे न हो। आत्मातिरिक्त जो भी वस्तु है पर है। आत्माका वास्तव रूप ज्ञान-दर्शन है। रागादिक औदयिक भाव हैं, अतएव वे औपाधिक हैं। उनको निज मानना चोरी है। पर वस्तु न ग्रहण हुई और न होती है उसे निज माननेका भाव ही चोरी है।

(३ । ५ । ५९)

दैनन्दिनी के पृष्ठ

दैनन्दिनी के पृष्ठ

वि० सं० १९९३-९४

ससारको सर्व सम्मत दु खका आलय अभिमत है परन्तु दृष्टिसे विचार किया जावे तव दु खका कारण केवल स्वोत्थ रागादि परिणाम हैं। आत्मकी विभाव परिणतिका नाम ही रागादिक हैं। अन्य ससार कुछ नहीं। जो वाह्यमें चतुर्गतिरूप है वह तो इसका कार्य है अत. रागादिककी निवृत्ति ही मोक्षका मार्ग है। इसके विरुद्ध रागादिकी प्रवृत्तिका नाम ही ससार है।

(प्रथमभाद्र वदी ९, वि० स०१९९३)

जहाँपर अधिकाश अहम्मन्य पुरुषोंका समागम हो वहाँपर रहना आत्माके संयमका घात है। विद्वानोंके समागममें अपमानित होकर भी रहनेमें हित होसकता है किन्तु मूर्ख मण्डलीके समादरभावसे आत्मा जघन्य प्रवृत्तिके सन्मुख हो जाता है।

पवित्रताका कारण स्वात्मभावना है। समयपर सब कार्य करो। समयका समागम कठिनतासे प्राप्त हुआ है अत इसका उपयोगकर ससारका अन्त करना ही अपना कर्तव्य समझो।

(प्रथम भाद्र वदी १०)

स्थायी शान्ति तभी आती है जब कार्यके करनेके पहिले अशान्तिसे चित्तकी व्यग्रता न हो।

(प्रथम भाद्र सुदी २)

केवल पराराधनमें काल जाता है यही ससारसे पार न होने--का मुख्य हेतु है।

(प्र० भाद्र सुदी ७)

यदि कल्याणकी अभिलाषा है तो अपनेसे जो उत्तम पुरुष हैं उनके सहवासमें काल यापन करो। मूर्खोंका सहस्र आदर उत्तम चरित्रवान् पुरुषोंके तिरस्कारके सामने तुच्छ है।

(द्वितीय भादों बदी ९)

लोक प्रसन्नताके निमित्त अपनी आत्माको गर्तमें पटकना बुद्धिमत्ता नहीं।

(द्वितीय भादों सुदी २)

केवल बातोंसे काम नहीं चलता। धर्ममें दृढ़ अध्यवसाय ही सुखका कारण है।

(कुवार सुदी १२)

विचार मार्गकी सुचारुता इसीमें है कि विकल्पोंकी परम्परा न आवे।

(कार्तिक बदी ११)

शान्तिके अर्थ बहुत प्रयास किया किन्तु यथार्थ पथ बिना शान्तिकी आशा आकाशकुसुम सदृश है।

(द्रोणगिरि कार्तिक बदी १२)

प्रतिदिन अनेक कल्पनाओंका साम्राज्य होता है और साथ ही नष्ट हो जाता है। कल्पनाओंमें कहीं सुख मिलता है ?

(कार्तिक सुदी ३)

बड़ागाँव (टीकमगढ़) में जैन पाठशालाके लिये प्रबन्ध हुआ कि प्रतिगृहसे प्रतिदिन एक सेर अनाज व्यय हो तो एक छटाँक पाठशालाको दिया जावे। सबने यह सहर्ष स्वीकार किया।

(बड़ागाँव कार्तिक सुदी ८)

जाति बहिष्कृत मनुष्योंको और उसके घरके अन्य व्यक्तियोंको जातिमें मिलाया।

(बड़ागाँव, कार्तिक सुदी ९)

संसारकी दशा अत्यन्त ही भयानक है, इससे जो उत्तीर्ण हो गया वही मनुष्य जन्म पाकर पवित्रताका पात्र है।

(पपौरा, अगहन वदी २)

श्री अतिशय क्षेत्र अहारजीमें श्रीशान्तिनाथ स्वामीकी अनुपम मूर्तिके दर्शन कर बहुत ही आनन्द हुआ। मूर्तिकी निर्मलता इतनी भव्य है कि एकदम वीतराग भावोंका स्मरण हो जाता है। और भी बहुतसी मूर्तियाँ यहाँपर हैं जो प्राय खण्डित हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह नगर किसी कालमें बहुत ही महान् होगा। ५२ गजकी वेदी भी यहींपर है। रात्रिको आस-पासके बहुतसे लोग आये, श्रीशान्तिनाथ पाठशालाके निमित्त धनकी याचनाकी गई। अगहन वदि ५ को प्रात:काल शान्तिनाथ स्वामीकी पूजाके पश्चात् पाठशालाका उद्घाटन हुआ। जातिच्युत शिवलालको १३) प्रायश्चित्त लेकर जातिमें मिलाया।

(अहार, अगहन वदी ४, ५)

केवल मुखरताके कारण ८ वर्षसे बहिस्कृत एक भाईको पञ्च महाशयोंने २५) गजरसाही लेकर जातिमें मिलाया।

(कारी, अगहन वदी ८)

निश्चयसे जब पर पदार्थ विषयक अध्यवसानभाव दु:खोत्पादक है तब अध्यवसानका विषयभूत पदार्थ अवश्य ही त्यागना समुचित है।

सर्वथा सङ्कोच मत करो, सङ्कोच ही ससारकी जड़ है। भय, लज्जा कषाय है। इनके रखनेसे कुछ हित नहीं। जो वस्तु संक्लेश उत्पादक है उसे त्यागो। आजतक यह जीव कषायके वशीभूत होकर ही ससार बन्धनमें पड़ा है, क्योंकि ससारकी जड़ कषाय है। इसके वशीभूत होना ही दु:खका मूल कारण है।

(अगहन वदी ३०)

यदि कल्याणकी अभिलाषा है तो अपनेसे जो उत्तम पुरुष हैं उनके सहवासमें काल यापन करो। मूर्खोंका सहस्र आदर उत्तम चरित्रवान् पुरुषोंके तिरस्कारके सामने तुच्छ है।

(द्वितीय भादों वदी ९)

लोक प्रसन्नताके निमित्त अपनी आत्माको गर्तमें पटकना बुद्धिमत्ता नहीं।

(द्वितीय भादों सुदी २)

केवल वार्तोंसे कार्य नहीं चलता। धर्ममें दृढ़ अध्यवसाय ही सुखका कारण है।

(कुंवार सुदी ११)

विचार धाराकी सुचारुता इसीमें है कि विकल्पोंकी परम्परा न आवे।

(कार्तिक वदी ११)

शान्तिके अर्थ बहुत प्रयास किया किन्तु यथार्थ पथ विना शान्तिकी आशा आकाशकुसुम सदृश है।

(द्रोणगिरि कार्तिक वदी १२)

प्रतिदिन अनेक कल्पनाओंका साम्राज्य होता है और साथ ही नष्ट हो जाता है। कल्पनाओंमें कहीं सुख मिलता है ?

(कार्तिक सुदी ३)

बड़ागाँव (टीकमगढ़) में जैन पाठशालाके लिये प्रबन्ध हुआ कि प्रतिगृहमें प्रतिदिन एक सेर अनाज व्यय हो तो एक छटांक पाठशालाको दिया जावे, सबने यह सहर्ष स्वीकार किया।

(बड़ागाँव, कार्तिक सुदी ५)

जाति बहिष्कृत अजुध्याको और उसके घरके अन्य व्यक्तियों-को जातिमें मिलाया।

(अजनौर, कार्तिक सुदी ८)

रात्रिको ७ बजे खजराहा पहुंचे। श्री शान्तिनाथ स्वामीके दर्शन किये। १० हाथकी अनुपम दर्शनीय मूर्ति है। अगल-बगलमें बहुत सुन्दर मूर्तियां हैं। लगभग २५ होंगी। सभी सुभग एवं प्राचीन हैं। सहस्रों मूर्तियाँ भग्नावस्थामें हैं जिन्हें देखकर संसारसे विरक्तता आती है। सहस्रकूट चैत्यालयका निर्माण बहुत ही कारीगिरीके साथ किया गया है। जिसका बीजक यह है—

श्री हाटपुत्र श्रीगाहलः

आचार्य श्रीदेवचन्द्रः शिष्यकुमुदचन्द्रः

सम्वत् १०११ समये निजकुलधवलोऽयं दिव्यमूर्तिः स्वशीलः शमदमगुणयुक्तः सर्वसत्त्वानुकम्पी स्वजनजनिततोषो धांगराजेन मान्यः प्रणमति जिननाथोऽयं भव्यपाहिलनामा १ पाहिल वाटिका चन्द्रवाटिका पञ्चाङ्गतलवाटिका २ शङ्करवाटिका ३ आम्रवाटिका ४ लघुचन्द्रवाटिका ५ खगवाड़ी—पाहिलवंशे तु क्षये क्षीणे अपरवंशे यः कोऽपि तिष्ठति तस्य दासस्य दासोऽयं मम दत्तिस्तु पालयेत्। गुरु महाराज श्रीवासवचन्द्रः।
वैशाख सुदि ७ सोमदिने

हाटपुत्रः श्रीदेवशर्मा जयतु—

*

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

वैष्णव सम्प्रदायके मन्दिर देखे। बहुत ही प्राचीन और सुन्दर

* इस बीजकके अङ्कोंको ऊपरसे नीचे या दाएं से बाएं किसी भी तरफसे जोड़िये, योगफल ३४ होता है। चौंतीसा यन्त्रके नामसे यह बहुत प्रसिद्ध है। बच्चोंको स्वस्थ रखनेके हेतु बुन्देलखण्डमें यह बच्चोंके गलेमें बाँधा जाता है।

वि० नरेन्द्र

आजके दिन यह बात सुननेमें आयी कि अष्टम एडवर्डने एक प्रेयसीके प्रेमसे विह्वल होकर इतने विपुल साम्राज्यको कि जिसके सदृश वर्तमानमें अन्य राज्य नहीं जीर्ण तृणवत् त्याग दिया! इससे प्रत्येक मानवीय सृष्टिको आजीवन यह शिक्षा लेना उचित है कि संसारमें सबसे प्रबल बन्धन प्रेमका है। उस बन्धनमें न तो रूपका आदर है और न बुद्धि आदि गुणोंका ही। केवल मनोव्यापारकी प्रबलता है।

यह भी सुननेमें आया कि एक महाराज्ञी जो कि पतिके स्वर्गवासके अनन्तर पुत्रके लालन-पालनमें तथा राज्यभारके संभालनेमें अपना समय स्वाधीनताके सुखमें बिताती थी आज एक नर पिशाचके स्नेह जालमें ऐसी जकड़ी गयी कि राज्याधिकारी पुत्रको सूपकार (रसोइयां) द्वारा विष दिलानेमें उद्यमशीला हुई! परन्तु पुत्रका पुण्य था कि रसोइयाने यह बात राजकुमारसे स्वयं कहदी कि महाराज! आजका भोजन न कीजिये, इसमें आपकी माताने अधम पिशाच व्यभिचारीके प्रेम जालमें फंसकर आपको मारनेके लिये विषका मिश्रण कराया है। यह भी सुननेमें आया कि वह नर पिशाच स्वयं मोटर द्वारा मरणासन्न हो चुका है। धिक् कामके इस वेगको जिसके द्वारा यह कृत्य हो रहे हैं।

(अगहन सुदि १)

कर्तव्य पथपर स्थिर रहना ही मोक्षमार्गका प्रथम सोपान है। जिसने प्रथम सोपानपर पग नहीं रखा वह पामर मोक्ष मन्दिरके दर्शका पात्र नहीं। पात्रताके लिये इस बातकी परमावश्यकता है कि स्वकीय द्रव्यगुणोंका जो विकृतभाव हो रहा है उसे परिमार्जन करनेमें निरन्तर प्रयत्न शीलताका अभ्यास होना योग्य है।

(अगहन सुदि २)

रात्रिको ७ बजे खजराहा पहुंचे। श्री शान्तिनाथ स्वामीके दर्शन किये। १० हाथकी अनुपम दर्शनीय मूर्ति है। अगल-बगलमें बहुत सुन्दर मूर्तियां हैं। लगभग २५ होंगी। सभी सुभग एवं प्राचीन हैं। सहस्रों मूर्तियाँ भग्नावस्थामें हैं जिन्हें देखकर संसारसे विरक्तता आती है। सहस्रकूट चैत्यालयका निर्माण बहुत ही कारीगिरीके साथ किया गया है। जिसका बीजक यह है—

श्री हाटपुत्र श्रीगाहलः

आचार्य श्रीदेवचन्द्रः शिष्यकुमुदचन्द्रः

सम्वत् १०११ समये निजकुलधवलोऽयं दिव्यमूर्तिः स्वशीलः शमदमगुणयुक्तः सर्वसत्त्वानुकम्पी स्वजनजनिततोषो धांगराजेन मान्यः प्रणमति जिननाथोऽयं भव्यपाहिलनामा १ पाहिल वाटिका चन्द्रवाटिका पञ्चाङ्गतलवाटिका २ शङ्करवाटिका ३ आम्रवाटिका ४ लघुचन्द्रवाटिका ५ खगवाड़ी—पाहिलवंशे तु क्षये क्षीणे अपरवंशे यः कोऽपि तिष्ठति तस्य दासस्य दासोऽयं मम दत्तिस्तु पालयेत्। गुरु महाराज श्रीवासवचन्द्रः।
वैशाख सुदि ७ सोमदिने

हाटपुत्रः श्रीदेवशर्मा जयतु—

❀

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

वैष्णव सम्प्रदायके मन्दिर देखे। बहुत ही प्राचीन और सुन्दर

❀ इस बीजकके अङ्कोंको ऊपरसे नीचे या दाएं से बाएं किसी भी तरफसे जोड़िये, योगफल ३४ होता है। चौतीसा यन्त्रके नामसे यह बहुत प्रसिद्ध है। बच्चोंको स्वस्थ रखनेके हेतु बुन्देलखण्डमें यह बच्चोंके गलेमें बाँधा जाता है।

वि० नरेन्द्र

हैं। करोड़ों रुपयोंकी लागतके हैं। यहाँपर महादेवजीकी इतनी मोटी मूर्ति है कि जिसका व्यास ३ फीटसे भी अधिक है। ऊंची ८ फीट होगी। एक वराहावतार ३ हाथ ऊंचा होगा। एक नन्दी बैठा हुआ २ हाथ ऊंचा होगा।

यज्ञेश्वरका मन्दिर अति सुन्दर और उन्नत है। यहाँपर कालीजीका मन्दिर भी अतिभव्य और रम्य है। किन्तु मूर्ति वैसी नहीं है जैसी कि जगदम्बा (संसारकी माता) कहनेकी कल्पनामें आती है। मांकी ममता और स्नेहको लोगोंने भयङ्करतासे ढक दिया है। मूर्ति दर्शनसे जो विरक्तता आना चाहिये वह नहीं आई तो मूर्ति दर्शनसे क्या लाभ ?

(खजराहा, पौष वदि ११-१२-१३)

लोकको प्रशंसासे जो अपनेको जालमें फँसा रहे हैं वे कदापि श्रेयोमार्गके पात्र नहीं। श्रेयोमार्गका पात्र वही जीव हो सकता है जो औदयिक भावोंमें मोह राग द्वेषसे शून्य है। राग द्वेष-मोहसे स्वात्माकी रक्षा करना बहुत ही कठिन काम है या कहिये कि बुद्धि पूर्वक असम्भव ही है। अतः अन्ततोगत्वा यही उचित है कि—

जं जस्स जम्हि देसे जेण विहाणेण जम्हि कालम्हि।
णादं जिणेण णियदं जम्मंवर अरु व मरणं वा॥
तं तस्स तम्हि देसे तेण विहाणेण तम्हि कालम्हि।
को सकइ चालेदुं इन्दो वा अह जिणिंदो वा॥

अतः जो तुमसे बने उत्तम विचार धारासे द्रावित रह शान्तिमार्ग प्राप्त करनेकी चेष्टा करो। यही मार्ग विद्वद्वर्योंने निर्णीत किया है। विशेष—

१—किसीकी क्रिया देखकर मत हंसो। कर्मज भाव असंख्यात हैं

२—समयसारकी भावनाको स्थान दो। वचनका व्यय व्यर्थ मत करो। यह योग बड़े पुण्यसे मिलता है।

(पन्ना, पौष सुदी ६)

संसारकी दशा अति शोचनीय है। इससे विरक्त होना सामान्य मनुष्योंके वशकी बात नहीं। जिनका संसार तट भगवानके ज्ञानमें अल्पस्थिति वाला देखा गया हो वही इस संसारसे विरक्त हो सकते हैं। इष्टानिष्ट कल्पनाकर किसीको अच्छा बुरा मानना नितान्त असङ्गत है। अपने-अपने कर्माधीन सभी प्राणी अपने-अपने कार्योंमें संलग्न रहते हैं। जब कर्म सिद्धान्त है तब केवल लौकिक पद्धति सभी बीजरूपसे चली जावे इसीके लिये चरणानुयोगका शासन है।

(पौष सुदी १०)

धर्म निरीहवृत्तिमें है। लोगोंने बाह्याडम्बरोंसे धर्मका स्वरूप आवृत कर रखा है। समझमें नहीं आता कि भविष्यमें क्या गति होगी ?

(रीवाँ, माघ वदी ७)

मनुष्य पर्यायकी सरलता संयममें है। बहुतसे मनुष्य ज्ञानार्जनकर अपनेको कृतकृत्य समझ लेते हैं। यह बड़ी भूल है। ज्ञानसे केवल अज्ञान दूर होता है किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं कि उसकी आत्मा शुद्ध होगई किन्तु बहुतसे मानव तो इतने नीच प्रकृतिके होते हैं जो ज्ञान अर्जनकर संसारकी वञ्चना करने ही में अपनी चतुरताका दुरुपयोग कर ज्ञान गुणकी अवहेलना कराते हैं। हम लोग केवल लोकेषणाके वशीभूत होकर नाना प्रकारके कष्ट सहन करते हैं, निज परणातिके ऊपर दृष्टि नहीं देते। शारीरिक, मानसिक, वाचनिक परिश्रम करते करते अपनी आयुको पूर्णकर फिर उसी चक्रमें आकर संसारसे पार होनेका मार्ग नहीं पाते।

माघ वदी ७)

हैं। करोड़ो रुपयोंकी लागतके हैं। यहाँपर महादेवजीकी इतनी मोटी मूर्ति है कि जिसका व्यास ३ फीटसे भी अधिक है। ऊंची ८ फीट होगी। एक वराहावतार ३ हाथ ऊंचा होगा। एक नन्दी बैठा हुआ २ हाथ ऊंचा होगा।

वङ्गेश्वरका मन्दिर अति सुन्दर और उन्नत है। यहाँपर कालीजीका मन्दिर भी अतिभव्य और रम्य है। किन्तु मूर्ति वैसी नहीं है जैसी कि जगदम्बा (संसारकी माता) कहनेकी कल्पनामें आती है। मांकी ममता और स्नेहको लोगोंने भयङ्करतासे ढक दिया है। मूर्ति दर्शनसे जो विरक्तता आना चाहिये वह नहीं आई तो मूर्ति दर्शनसे क्या लाभ ?

(गजराहा, पौष वदि ११-१२-१३)

लोकको प्रशंसासे जो अपनेको जालमें फँसा रहे हैं वे कदापि श्रेयोमार्गके पात्र नहीं। श्रेयोमार्गका पात्र वही जीव हो सकता है जो औदयिक भावोंमे मोह राग द्वेषसे शून्य है। राग द्वेष-मोहसे स्वात्माकी रक्षा करना बहुत ही कठिन काम है या कहिये कि बुद्धि पूर्वक असम्भव ही है। अतः अन्ततोगत्वा यही उचित है कि—

जं जस्स जम्हि देसे जेण विहाणेण जम्हि कालम्हि।
णादं जिणेण णियदं जम्मंवर अरु व मरणं वा॥
तं तस्स तम्हि देसे तेण विहाणेण तम्हि कालम्हि।
को सक्कइ चालेदुं इन्दो वा अह जिणिंदो वा॥

अतः जो तुमसे बने उत्तम विचार धारासे द्रावित रह शान्तिमार्ग प्राप्त करनेकी चेष्टा करो। यही मार्ग विद्वद्वर्योंने निर्णीत किया है। विशेष—

१—किसीकी क्रिया देखकर मत हंसो। कर्मज भाव असंख्यात हैं

कलुषताकी क्षीणता होना ही उचित है। हमारी वासना इतनी मलिन हो रही है कि हम केवल लोक प्रसन्नताके अर्थ ही दान स्वाध्याय ज्ञानादि अर्जन करनेमें संलग्न रहते हैं। न तो इन कृत्योंसे आत्म लाभ होता है और न परको ही लाभ हो सकता है। जिस परिणाममें कलुषताकी मात्रा है वह स्वयं आत्माको पीडक है, अन्यको कहाँतक सुखकर होगा ?

(वहरामगञ्ज, माघ वदी १३)

रात्रिको एक वीमार वटोही आया। रात्रिभर जागता रहा, बहुत प्यासा था, हमने बहुत विचार किया—"आज चतुर्दशीके दिन किस तरह पानी देवें ?" अन्तमें दयाके वशीभूत होकर पानी दे ही दिया।

(लालगञ्ज, माघ वदी १४)

सदाचार वह वस्तु है जिससे प्राणीं ससार बन्धनसे मुक्त हो जाता है।

(साहूपुरा, माघ सुदी ३)

बलहारी क्रोधकी, धिक् इस कषायको, जो जीव इनके वश होकर स्वकीय पर्यायकी हानि सहकर भी इस पिशाचके वशमें रहता है।

(वेगमसराय, माघ सुदी ४)

सब धर्मोंमें धर्म अहिंसा ही है। हमको धर्मकी आवश्यकता क्यों है ? और वह क्या वस्तु है ? 'दुःखनिवृत्तिरेव धर्मः' दुःख-की निवृत्ति ही धर्म है। 'जीवा दुखिनः सन्ति अतोऽवश्यमेव मह-त्यावश्यकता ऽस्य प्रत्येकप्राणिनः स्वाभाविकी निरारेका।' जीव दुःखी हैं, इसीलिये इसकी महती आवश्यकता प्रत्येक प्राणीको होना स्वाभाविक है।

(मिर्जासराय, माघ सुदी ५)

असाताके उदयमें दुःखका अनुभव मोह द्वारा होना उचित ही है। नियम पूर्वक चलकर पार्श्व प्रभुके पादतलमें जाकर इस संसार भीमारण्यसे अपनेको सुरक्षित करनेमें ही स्वकीय सर्व-शक्तिका सदुपयोगकर निर्मलताकी पात्रताका लाभ लेनेमें इस मनुष्य जन्मकी सार्थकता है। यों तो अनेक मनुष्य जन्म मृत्यु करते हैं किन्तु जन्म उन्हींका सार्थक है जिन्होंने इस संसारके मूलस्तम्भ रागादिकोंको समूल दग्ध कर दिया।

(माघ वदी ८)

प्रायः निर्लोभता ही मोक्षका मार्ग है यदि साथमें सम्यग्दर्शन हो।

(रायपुर थाना, माघ वदी ९)

भारतके विनाशका मूल कारण पक्षपात है। सत्यके अन्वेषक अल्प रह गये हैं। केवल जो वंश परम्परा चला आया है, चाहे उसमें तथ्यका अंश भी न हो, उसे ही लोगोंने धर्म मान लिया है। धर्म साधन निराकुलतामें है। जिनका संसर्ग अनेक व्यक्तियोंसे है वही निमित्त कारणापेक्षया अधिक दुःखके मार्गमें पड़ सकता है किन्तु जो बहुजन संघात होनेपर भी स्वात्म तत्त्वसे च्युत नहीं होता वह कभी भी पतनोन्मुख मार्गमें नहीं पड़ सकता।

(छहुरिया, माघ वदी १२)

इस रागने संसारको दुःख सागरमें डुबो रखा है। इसके उद्धारका कोई भी उपाय नहीं। उपाय तो केवल वीतराग सर्वज्ञ-प्रणीत धर्ममें है परन्तु संसारी उसका आदर नहीं करते। करें कैसे? जिनका संसार दूर है उन्हें वीतराग सर्वज्ञका मार्ग नहीं रुचता।

तत्त्वदृष्टिसे समयसारादि ग्रन्थोंका अवलोकन करना ही आत्माका हित है। ज्ञानार्जनका उद्देश्य एवं फल स्वात्म परणतिमें

पर पदार्थकी लिप्सा ही संसार नगरकी सोपान श्रेणी है। सदा संयत भाषाका उपयोग करो। किसीके प्रभावमें आकर अन्यथा मत कहो। संयमकी रक्षाका मूल हेतु प्रमादका टालना है यद्यपि पञ्च समिति मुनियोंके मूल गुण हैं परन्तु गृहस्थ धर्म भी इनके विना नहीं चल सकता। अतः आंशिकरूपेण श्रावकोंको भी पालना श्रेयस्कर है।

उत्तम ग्रन्थके अध्ययनका फल शान्ति लाभ होना निश्चित है। वह तो अनुभवमें नहीं आता केवल बाह्य पदार्थोंके संसर्ग जो बने हुए हैं वही दृष्टिगोचर होते हैं, अतः शान्ति लाभके लिये इन पुद्गल पर्यायोंको जो मिश्र रूपमें प्रत्यय हो रही हैं त्यागना चाहिये। वास्तव दृष्टिसे तो अभ्यन्तर अध्यवसान भाव ही त्याज्य है, बाह्य वस्तु अकिञ्चित्कर है क्योंकि बाह्य पदार्थ छोड़कर भी अध्यवसान भावका उदय होता है। अतः उनका त्याग मोक्ष-मार्गमें प्रशस्त नहीं है परन्तु चरणानुयोगमें यही उपदेश होता है कि इन्हें त्यागो।

श्रुतज्ञानकी उपेक्षा मतिज्ञानका विषय विशद है, क्योंकि श्रुतज्ञानसे जिस रीतिसे वस्तु बोध होता है वह व्यवहार मात्र है। वस्तुका जानपन मतिज्ञानसे जाने हुए पदार्थका ही होगा। जैसे किसीने कहा—"घट लाओ।" यदि वह नेत्र द्वारा घटको नहीं जानता है तब श्रुतज्ञानसे घट शब्द वाच्य जानकर भी उसे घटका भाव नहीं हो सकता। केवल कहे कि घट शब्दका वाच्यार्थ घट होता है परन्तु इससे अर्थ कुछ भी नहीं निकला। इसी तरह "आत्मा अस्ति (आत्मा है)" इस वाक्यके कितने ही सुन्दर व्याख्यानसे वह समझावे कि 'आत्मा ज्ञानादि गुणोंका आश्रय है' परन्तु जबतक उसे मानस प्रत्यक्ष न होगा तबतक इस वक्तव्यतासे कुछ भी लाभ नहीं। अब हमको भीतरसे यह निश्चय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय दर्शनीय स्थान है। यहाँ पर मुख्यता हिन्दू धर्मकी है, उसीका विशेष प्रचार है। यहाँपर एक जैन प्रोफेसर पं० सुखलालजी संघवी हैं, उनसे मिले। बहुत ही सहृदय विचारक विद्वान् व्यक्ति हैं।

(काशी, माघ सुदी ७)

तीन बजे सारनाथ जिसे सिंहपुरी भी कहते हैं, पहुँचे। यहाँ एक विशाल जैन मन्दिर है सो तो अनुपम है ही किन्तु एक बौद्ध मन्दिर जो अभी केवल पत्थरका बनाया गया है बहुत ही मनोहर है। उसकी भीतरी दीवालोंपर बुद्धदेवका चरित्रचित्रण जापानके कुशल शिल्पकारों द्वारा किया गया है, जो अति चित्ताकर्षक है। सामने राजा बल्देवदासजीने एक विशाल धर्मशाला ५००००) की लागतसे बनवा दी है। एक बड़ा भारी स्तूप है। एक अजायब घर है, जिसमें प्राचीन मूर्तियोंका संग्रह है। दो आने आदमी कर लगता है जो कि अनुचित है। सर्वोपयोगिनी वस्तुपर कर लगाना अति लोभ··· ······का परिचायक है। जैन धर्म शाला भी उत्तम है।

(सारनाथ, माघ सुदी ८)

समागम उत्तम हो तो अच्छा अन्यथा एकाकी रहना ही श्रेष्ठ है। कल्याणकी उत्पत्तिका मूल कारण स्वान्तकी स्वच्छता है। सद्विचारोंको आश्रय दो। कभी भी कुत्सित विकल्पोंसे अपनेको कुत्सित करनेकी चेष्टा मत करो। केवल कल्पनाओंकी परम्परासे अभ्यन्तरकी शोभा नहीं। कल्पनाओंकी निवृत्तिसे आत्माकी उच्चता है। श्रुतज्ञानमें जब आत्मा विकल्प रहित हो जाता है तभी शुद्ध ज्ञानका उदय होता है। श्रुतज्ञानके विकल्पोंका मूल कारण मोहका सद्भाव है।

(इसौली, माघसुदी १३)

पर पदार्थकी लिप्सा ही संसार नगरकी सोपान श्रेणी है। सदा संयत भाषाका उपयोग करो। किसीके प्रभावमें आकर अन्यथा मत कहो। संयमकी रक्षाका मूल हेतु प्रमादका टालना है यद्यपि पञ्च समिति मुनियोंके मूल गुण हैं परन्तु गृहस्थ धर्म भी इनके विना नहीं चल सकता। अतः आंशिकरूपेण श्रावकोंको भी पालना श्रेयस्कर है।

उत्तम ग्रन्थके अध्ययनका फल शान्ति लाभ होना निश्चित है। वह तो अनुभवमें नहीं आता केवल वाह्य पदार्थोंके संसर्ग जो बने हुए हैं वही दृष्टिगोचर होते हैं, अतः शान्ति लाभके लिये इन पुद्गल पर्यायोंको जो मिश्र रूपमें प्रत्यय हो रही हैं त्यागना चाहिये। वास्तव दृष्टिसे तो अभ्यन्तर अध्यवसान भाव ही त्याज्य है, वाह्य वस्तु अकिञ्चित्कर है क्योंकि वाह्य पदार्थ छोड़कर भी अध्यवसान भावका उदय होता है। अतः उनका त्याग मोक्ष-मार्गमें प्रशस्त नहीं है परन्तु चरणानुयोगमें यही उपदेश होता है कि इन्हें त्यागो।

श्रुतज्ञानकी उपेक्षा मतिज्ञानका विषय विशद है, क्योंकि श्रुतज्ञानसे जिस रीतिसे वस्तु बोध होता है वह व्यवहार मात्र है। वस्तुका जानपन मतिज्ञानसे जाने हुए पदार्थका ही होगा। जैसे किसीने कहा—"घट लाओ।" यदि वह नेत्र द्वारा घटको नहीं जानता है तब श्रुतज्ञानसे घट शब्द वाच्य जानकर भी उसे घटका भाव नहीं हो सकता। केवल कहे कि घट शब्दका वाच्यार्थ घट होता है परन्तु इससे अर्थ कुछ भी नहीं निकला। इसी तरह "आत्मा अस्ति (आत्मा है)" इस वाक्यके कितने ही सुन्दर व्याख्यानसे वह समझावे कि 'आत्मा ज्ञानादि गुणोंका आश्रय है' परन्तु जबतक उसे मानस प्रत्यक्ष न होगा तबतक इस वक्तव्यतासे कुछ भी लाभ नहीं। अब हमको भीतरसे यह निश्चय

करना परमावश्यक है कि केवल शास्त्रके वाच्यार्थको जाननेसे कल्याण नहीं होगा। कल्याणका पथ आत्माको रागादि दोषोंसे सुरक्षित रखना है। स्वामी समन्तभद्र महाराजने इस विषयमें बहुत ही उत्तम कहा है—

मोहतिमिरापहरणे दर्शनलाभादवाप्तसंज्ञानः।
रागद्वेषनिवृत्त्यै चरणं प्रतिपद्यते साधुः॥

(जहानाबाद, माघ सुदि १४)

एक सिद्धान्त स्थिर करो। पराश्रित मत बनो। परमात्माका आश्रय भी यदि रागादि सहित है तब किसी कामका नहीं। स्वात्मामें जिस कलंकसे आकुलता हो रही है उस कलङ्कके प्रक्षालनका उपाय केवल पराश्रितताका त्याग ही मुख्य है। भोजन सम्बन्धी गृध्नताका त्याग ही स्वास्थ्यवर्धक है। तथा चिन्ताकी व्यथासे रहित रहना भी स्वास्थ्य कर है।

(सासाराम, माघ सुदि १५)

उपवास निर्जराका कारण है परन्तु इच्छा निरोध होना मुख्य है। यदि वह नहीं है तब बाह्य भोजनका त्याग सुखकर नहीं, केवल शरीर शोषक ही है।

(मधुवन, फागुन सुदि ७)

शान्तिका कारण रागादि परिणामोंकी अनुत्पत्ति है सो तो दीखती नहीं। केवल बाह्य कारणोंके अभावमें शान्ति भावकी कल्पना कर ली जाती है परन्तु वस्तुतः होती नहीं है।

(मधुवन, फागुन सुदि ८)

स्वतन्त्र बननेकी चेष्टा करो, परापेक्षी मत होओ। लिखने मात्रसे आत्म-भावोंकी व्यक्ति नहीं। उसकी अभिव्यक्ति तो तभी होगी जब उस ओर लक्ष्य देनेकी चेष्टा करोगे।

(फागुन सुदि १०)

जिनको आगम ज्ञान नहीं उनसे दूर रहना। साधर्मियोंका सहवास मिले तब उनसे अपनी त्रुटियाँ व्यक्त कर निःशल्य होना उत्तम है।

(फागुन सुदि ११)

यदि सुखी बनना चाहते हो तो प्रत्येक प्राणीकी हाँमें हाँ न मिलाओ। बिना प्रयोजन किसीसे भाषण मत करो। अपने दृढ़ निश्चयको मत छोड़ो। जितना अभ्यास करो कमसे कम उसका शतांश भी पालन करो। बहुत बोलनेकी अपेक्षा अल्प कार्य करना उपादेय है। केवल लोकके अनुरञ्जनके लिये क्रिया न करो। आत्मा रागादि दोषोंसे बचे ऐसा उपाय करो।

(फागुन सुदि १२)

आकुलतासे न लौकिक कार्य होते हैं न परमार्थिक कार्य होते हैं। कोई भी कार्य हो उसके सम्पादनके लिये धीरता पूर्वक सम्यग्ज्ञानके विषयीभूत उपायोंका अवलम्बन ही कार्यकारी होता है। देखादेखी किसी कार्यमें पड़ना विज्ञानीका काम नहीं।

(फागुन सुदि १३)

कभी भी अपनी प्रतिज्ञासे च्युत मत होओ, क्योंकि जन-समुदाय तो अपने अपने प्रकृति परिणमन पर ही नाचेगा। यदि आप भी वैसे होगये तब आप और उनमें कौनसा अन्तर रह गया ? केवल शाब्दिक भेद रहा। किन्तु परिणमनसे जो वास्तविक वस्तुकी दशा है उस कालमें है उससे कोई अन्तर नहीं। चाहे लकड़ीकी अग्नि हो, चाहे तृणकी, दाहकता दोनोंमें है। अतः किसी भी तरहका समागम हो स्वकीय परिणतिसे च्युत नहीं होना चाहिये। भला विचारो तो सही अग्निसे तप्तायमान होकर क्या सुवर्ण सुवर्णत्वको त्याग सकता है, नहीं। तद्वत् ज्ञानी

जनोको अज्ञानी मनुष्योंके सदृश अपने निर्मल श्रद्धान को कलुषित नहीं करना चाहिये।

(ईसरी, चैत्रवदि ३)

अन्तरङ्गसे ज्ञानका समादर आत्मोन्नतिका परिचायक है।

(चैत्र वदि ४)

बहुत ही उत्तम हो कि दूसरोंकी अपेक्षा अपनी ही समालोचनाकी जावे। अन्यको भला बुरा कहनेका अर्थ यही है कि हम भी वैसे ही हैं।

कषायकी जातिको जान लेना ही कषायके दूर करनेका सबसे उत्तम उपाय है। अन्य उपाय चाहे असफल भी हों परन्तु यह उपाय निज लक्ष्यको भेदन करनेमें रामबाणकी तरह अचूक ही रहेगा।

(चैत्र वदि ५)

परिणामोकी सम्हाँल रखना बहुत कठिन बात है।

(चैत्र वदि ६)

किसी भी कार्यके लिये वचनोंसे कह देना उतना ही सरल है जितना कि कल्पनासे राजा बन जाना। परन्तु उद्यम और बाह्य कारणों द्वारा कार्यकी निष्पत्ति सम्पन्न हो, यह दुष्कर है।

(चैत्र वदि ८)

वास्तवमें आत्माकी वृत्ति शान्त है, केवल कलङ्कसे दूषित है। निमित्त तथा स्वीय उपादानके विकाश होने पर आत्मविकाशमे विलम्ब नहीं।

(चैत्र वदि ६)

निरन्तर वाचनकी अपेक्षा स्वात्म-चिन्तन अधिक हितकर है। परके साथ मानसिक शक्तिका दुरुपयोग अन्धेकी लालटेन सदृश है।

(चैत्र वदि १४)

अन्तरङ्गकी भावनाको तव प्रगट करना जव कि उसपर पूर्ण रूपसे अपना अधिकार हो जावे। केवल जन-समुदायको मोहित करनेके लिए सुन्दर भाषाका प्रयोग कर लोगोंको प्रसन्न कर अपनी महत्ताको आदर देना जघन्य मार्ग है। यह मार्ग कभी भी हित-मार्गका साधक नहीं हो सकता। मोक्षमार्गमें कपायोंकी वासनाओंको कदापि स्थान नहीं मिल सकता। जिन्होंने वर्तमानमें ही क्लेशसे अपने गुणोंकी रक्षा की है, लोक प्रभुताके मदमें मत्त नहीं हुए, परमार्थिक भावोंकी अवहेलना नहीं की है, उद्योगहीन पुरुषोंके सहवासमें जिन्होंने समयका दुरुपयोग नहीं किया, अध्यात्मके पोषक गुरुओंकी अभ्यन्तरसे उपासना की है तथा निवृत्तिमार्ग पर सर्वस्व त्याग दिया है वे ही महान् आत्मा शिखरजी जैसी पवित्र निर्वाणभूमिमें निवास करनेके पात्र हैं। वहाँ केवल रहनेको न रहे, किन्तु उन परिणामोंको उत्पन्न करे जो संसारवल्लीका अन्त कर देवें। परिस्थिति अपने अनुकूल बनानेकी चेष्टा करे, आप पास क्षेत्रकी परिस्थितिके अनुकूल न हो जावे। ऐसी प्रवृत्ति करे जिसे अनायास अन्य प्राणियोंमें भी इतनी निर्मलता आ जावे कि वे स्वयं मोक्षमार्गके पथिक हो जावें।

(चैत्र सुदि, ८)

यदि हितकी ओर लक्ष्य है तब इन बाह्य कारणोंसे पृथक् रहो। बाह्य कारणोंसे तात्पर्य यह नहीं है कि इन निमित्त कारणोंको हटाया जावे किन्तु जिन परिणामोंमें यह सहकारी कारण होते हैं वे परिणाम ही हेय हैं। उनकी पहिचानके बिना केवल बाह्य कारणोंको हेय विचारना व्यर्थ है।

(चैत्र सुदि ९)

जहाँ आत्मामें रागादि भावोंको आश्रय मिलेगा वहाँ सम्यक्

गुणका परिणमन असम्भव है। क्योंकि विरोधी दो परिणमन एकत्र अवस्थित नहीं रह सकते।

(चैत्र सुदि १०)

शास्त्राध्ययन करना बहुत ही उत्तम है परन्तु उसके प्रयोजन पर दृष्टि देना और अधिक लाभप्रद है। अनन्त जन्मार्जित ज्ञानकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त कालावधि भी कार्य पद्धतिको लक्ष्य कर तद्रूपानुकूल उद्यम करना श्रेयोमार्गकी प्राप्तिका साधन है। केवल आजन्म मरणावधि मोक्ष कथा का ही अभ्यास करनेसे मोक्षमार्गकी प्राप्ति जलविलोलन क्रियासे हस्तमें चिक्कणता लाने जैसी है। केवल क्रियाहीन कथा उपयोगिनी नहीं। पुरुपार्थका कथन और है पुरुपार्थके अर्थ तद्रूप होकर पुरुपाथकी प्राप्ति कर लेना अन्य बात है। बात कहनेमें जितनी सरल है, करनेमें उतनी ही कठिन है। "रागादि विषयोंको छोड़ो" यह कथा करना और बात है, रागादि को त्याग देना और बात है। क्या इसका नाम पुरुपार्थ है कि हमने रागादिकके विपयीभूत पदार्थोंको छोड़ दिया? इसके माने पुरुपार्थ नहीं। तब क्या करें? कोई ऐसा उपाय दृष्टिगोचर न तो बाह्य मे ही है और न अभ्यन्तर ही है। शास्त्रोंमें जो उपाय लिखे हैं वे उत्तम हैं पर केवल उनका जानना कदापि हितकर नहीं हो सकता। वही भाव सुन्दर और उत्तम है जो आत्माको इस अपावन कपायभूमिसे पृथक् कर पवित्र शुद्ध परिणामोंके जहाँ अङ्कुर समुदाय हों वहाँ ले जावे। परन्तु यह चेष्टा केवल कहनेकी नहीं। इस ओर कुछ प्रयत्न करनेकी चेष्टा करना स्वीय पुरुपार्थका कार्य है। केवल वाक् पटुता तो छल है। छलसे मृगतृष्णावत् कुछ नहीं मिलता।

(चैत्र वदि १३)

त्यागका मार्ग अभ्यान्तर कुशलतामें है। यदि अन्तरङ्गमें

पवित्रताका सञ्चार न हुआ तब यह बाह्य आचरण दम्भ है। अभ्यन्तर जनन शक्तिके विना बीजकी तरह अभ्यन्तर निर्मलता-शून्य बाह्य आचरणकी कोई प्रतिष्ठा नहीं। लौकिक प्रशंसाके वशीभूत होकर केवल कायकी कृशतासे यथार्थ लाभकी तो कथा ही दूर रही; केवल शारीरिक कष्ट ही सहन करना पड़ता तब भी कुछ हानि न थी किन्तु साथमें तीव्र बन्धकी भी स्थिति पड़ जाती है! अहह! मोहकी कैसी प्रभुता है जिसके शासनमें यह जीव मोक्षमार्गका तो पात्र ही नहीं साथमें उसके तीव्र विपाकमें शुभ परिणामोंसे भी वञ्चित रहता है।

(चैत्र वदि ३०)

परिमित भाषण हो, वह भी ऐसा कि दूसरोंको अहितकर न हो। जिसके समागममें दुःख हो उस समागमसे दूर रहो। चरणानुयोगका मूल तात्पर्य आत्माको रागादि परिणामोंसे रक्षित रखना अर्थात् नवीन रागादिकोंकी उत्पत्ति न होना ही चारित्रका तत्त्व है। यदि केवल काय कृशताकी मुख्यता है तब उसका क्रियाकाण्डके अन्तर्गत समावेश करना ही उचित है; क्योंकि जिस क्रियामें अन्तस्तत्वकी प्राप्तिका उद्योग नहीं उस क्रियाकी कोई विशद कीर्ति नहीं।

(चैत्र सुदि १ सं० १९९४)

चित्तकी चञ्चलताका कारण अन्तरङ्ग कषाय है। वैसे चित्ता ता चैतन्य आत्माके चेतना गुणका परिणमन है, किन्तु कषाय देवीकी इसके ऊपर इतनी अनुकम्पा है कि जागृत अवस्थाकी तो कथा दूर रहे, स्वप्नावस्थामें भी उसे प्रेमका प्याला पिलाकर बेहोश बनाये रहती है। और यह प्याला भी ऐसा है कि मद्यसे भी अधिक उन्मत्त करता है। मादक द्रव्यका पान करनेवाला तो उतना उन्मत्त नहीं होता, बाह्य शरीरकी चेष्टाएँ ही उसकी

अन्यथा दीखतीं है, घर जाना हो तो स्खलद्गमन करता हुआ घरके सम्मुख ही जाता है परन्तु यहाँ तो उसके विपरीत आत्मतत्त्वसे बाह्य शरीरमे ही स्वतत्त्वका अध्यवसाय करके अहर्निश उसीके पोषणमें पूर्ण शक्तियोंका उपयोग करके भी यह मोही जीव आनन्दका पात्र नहीं होता। बलिहारी इस मिथ्यादर्शनकी।

इस संसारमे प्रथम तो इस सिद्धान्तका निश्चित होना कठिन है कि हम कौन हैं, क्योंकि इसमे अनेक विप्रतिपत्ति है। उनका निराकरण करके स्वसिद्धान्तको स्थिर कर देना साधारण बुद्धिशाली मनुष्योंके वशकी बात नहीं। समय बहुत ही अल्प है। यदि कोई शास्त्र द्वारा इन बातोंका निराकरण करना चाहे तब वह बुद्धिमानोंका कार्य है। फिर भी यह निर्विवाद है कि जो 'अहम्' प्रत्ययका विषय होता है वही द्रव्य आत्मद्रव्य है, उसकी ज्योंकी त्यों अवस्थाका लाभ ही हमारा हित है। 'ज्योंका त्यों' इसका यह अर्थ है कि पर निमित्तसे आत्मा स्वीय परिणतिमें कर्मचेतना और कर्मफल चेतनाका कर्ता भोक्ता बनता है और इसका अभाव ही ज्ञानचेतनाका मूल कारण हो जाता है। अर्थात् जब यह प्राणी यह जान लेता है कि यह जो विविध रागादिक भाव मेरे आत्मामें ही रहे हैं, तात्त्विक दृष्टिसे मैं इन भावोंका कर्ता नहीं हूँ। अर्थात् वर्तमानमें तो मैं अवश्य इन भावोंके साथ तन्मय हो रहा हूँ क्योंकि यह सिद्धान्त है कि जो द्रव्य जिस काल व जिस क्षेत्रमें जिस रूप परिणमनको अङ्गीकार करता है, उस कालमें तन्मय हो जाता है। तब जब हम अपनी परिणतिको कषायसे लिप्त कर देंगे उस कालमें हम स्वयं तन्मय हो जावेंगे। आगामी कालमें परिणाम द्वारा अर्जित कर्मबन्धके विपाकमें जो दशा होगी वह तो भोगना ही होगी। यह तो दूर रहो, किन्तु वर्तमानकालमें हम स्वयं कषायाग्निसे सन्तापित रहेंगे और परिणामोंमें कलुषता-

की कालिमा ही स्वेष्ट सुखका घात कर आंशिक भी आकुलता परिणतिजन्य सुधारसका आस्वाद न पा सकेंगे। तब यह बात समझमें आती है कि कर्मचेतना ही कर्मफलचेतनामें साधक पड़ती है। अतः हमको उचित है कि कार्य करनेमें अहम् बुद्धि को आश्रय न दें।

(चैत्रसुदि ५)

विशेष रूपसे किसी लौकिक पदार्थकी विवेचनामें समयका दुरुपयोग करना ज्ञानी जीवोंको अकिञ्चित्कर है।

(चैत्रसुदि ५

चर्याकी स्थिरताका न होना ही संसारके सद्भावका सूचक है। केवल बातोंकी सुन्दरताने जगतको ठग लिया। जगत तो ठगाया ही जाता है, आप स्वयं ठगाया जा रहा है।

(चैत्रसुदि ६)

जिन्होंने संकट कालमें धैर्य्य अवलम्बन कर दृढ़ निश्चयसे अपने आत्माके पाटीसे उपयोगमें लाये जावें, बुद्धिमें नहीं आता।

(चैत्रसुदि ११)

आजके दिन संसार सागरमें निमग्न प्राणीगणके उद्धारार्थ प्रभु श्रीमहावीर स्वामीका जन्म हुआ, अतः मेरे निजमें मेरी आत्माने यह सम्मति दी कि आजसे मुझे उचित है कि जो कार्य हितकर है उसे हितकर प्राणियोंके चारित्रानुरूप बनानेका यत्न करो केवल परस्पर "अहोरूपमहोध्वनिः" के सम्भाषणकी तरह व्यर्थ प्रशंसाकी आशा कर लोगोंकी वञ्चना न कर। इससे अपनी ही वञ्चना है। परकी प्रशंसासे अपना आत्मोत्कर्ष नहीं होता।

(चैत्रसुदि १३)

पुस्तकावलोकन केवल चित्तकी चञ्चलताको स्थिर करनेके

लिये है। चित्तकी चञ्चलतासे आत्माकी हानि नहीं है, हानि तो कलुपता मिश्रित चञ्चलतासे है। चञ्चलता वह परिणति है जो झटिति झटिति हो। ऐसा परिणमन दुःखका जनक नहीं। जिस परिणमनमें रागादि भावोंका सम्मिश्रण है वही तो आकुलतोत्पादक होनेसे दुःखद है।

(चैत्रसुदि १४)

सभी ओरसे चिन्ताओंकी चिन्ता छोड़ना ही ध्यानकी सामग्री है।

(चैत्रसुदि १५)

निस्पृहताके लिये बाह्य परिग्रहकी न्यूनता ही कार्यकारिणी है। विना आभ्यन्तर मूर्च्छाके यह बाह्य वस्तुएँ बलात्कार द्वारा कौनसी निस्पृहतामें बाधक हैं? परमार्थसे तो स्वोत्थ मूर्च्छा ही इनमें स्वीय प्रयोजनत्वके सद्भावको कल्पना द्वारा इनका संग्रह करानेमें जीवको लालच उत्पन्न कराती है और तब जीव यद्वा-तद्वा बाह्य द्रव्य हिंसा चोरी आदिमें प्रवृत्ति करता है। यद्यपि औदारिक शरीरके लिये अन्नादिक बाह्य पदार्थोंकी आवश्यकता है इसको सभी विज्ञानी व मूर्ख स्वीकार करेंगे, किन्तु मर्यादासे अधिकका संग्रह विना तीव्र मूर्च्छाके नहीं होता। एकबार अन्तरङ्गकी निर्मलताको उत्तेजना देकर इनको त्याग कर स्वीय स्वरूपकी निर्मलताका उपाय तो करो। देखो, महामुनि भी असाताकी उदीरणामें क्षुधाजन्य वेदनाके प्रतीकारार्थ आहारके लिये ईर्या पथादि करते हुए उद्यम करते हैं। यदि निरन्तराय आहारकी प्राप्ति होगी तब ग्रहण करते हैं किन्तु अनुकूल भिक्षाका निमित्त न मिले तब खेदखिन्न न होकर सन्तोष पूर्वक स्वाध्याय आदि क्रियाओंको चरणानुयोगके अनुकूल करते हुए स्वकीय काल यापन करते हैं।

(वैशाखवदि ४)

मार्मिक आनन्दका आस्वादन राग-द्वेषके बिना नहीं आता।

(वैशाखवदि ५)

श्री १०८ दिगम्बर, अम्बरवत् निर्मल, कुन्दकुसुम सम धवल कीर्ति, ग्रैष्म मध्याह्न मार्तण्ड चण्ड तेज सम तपस्वी श्री कुन्दकुन्द स्वामीकी सेवाको त्याग कर जन्मान्तरकी समागमाभिलाषा इस बातकी अनुमापक है कि अभी हमारे श्रेयोमार्गकी प्राप्तिमें बहुत काल है। यदि ऐसा न होता तब हम एक महान् आचार्यकी प्रणालीको अभ्यन्तरसे ग्रहण करनमें संकोच न करते। परन्तु यहाँ तो ऐसा पक्का रंग कल्मषताका चढ़ा हुआ है कि और रंग सब ऊपर ही ऊपर रहते हैं, उस पक्के नील रंगकी आभामें तिरोहित हो जाते हैं।

(वैशाखवदि ७)

यदि मनोवृत्तिको चञ्चल न बनाया जावे तब अनायास विशेष शान्ति मिलती है। कल्याणका पथ आपमें है, परन्तु हम अज्ञानी जीव व्यामोहमें आकर उसका परमें अन्वेषण करते हैं। निमित्त कारणमें प्रायः प्राणियोंकी प्रवृत्ति उसके लिये रहती है। कोई तो उनमें शास्त्रार्थके पक्षपाती हैं जो बिना द्रव्यागमके भावागम नहीं होता अतः द्रव्यागममें अपनी सर्व शक्तिका व्यय करके भी पार नहीं पाते। कोई गुरुकी परिपाटी प्रणाली अनुकूल बनकर आत्महित करनेकी प्रबल चेष्टा करते हैं।

(वैशाखवदि ८)

यदि आत्मामें दयाका अङ्कुर है तब प्रमादको टालकर अहिंसक होनेका प्रयत्न करो। केवल पराधीन होकर भोजनकी ऊहापोह करना तथा भृत्यों पर रौब गाँठना, तथा भोजन सम्बन्धिनी अभ्यतर लालसाकी सन्तानमें मग्नता, निरन्तर स्वकीय अहम्मन्यता, पर निन्दा, आत्म प्रशंसा, एवं व्यर्थकी जल्पना

इत्यादि परिणामोंका होना अनन्त संसारका अनुमापक है। धर्म वाह्य बनावटसे नहीं होता, उसका परमार्थ रूप तो मन, वचन और कायके व्यापारसे परे है। उसकी प्रत्यक्षतामें इन्द्रिय मनकी सामर्थ्य नहीं। मेरा तो यह दृढ़तम विश्वास है कि वह वस्तु परमावधि, सर्वावधि तथा मनः पर्यय ज्ञानियोंके ज्ञानगम्य नहीं। मोहका अभाव होने पर जिसे क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती जीव वास्तविक निर्ग्रन्थ व्यपदेश को प्राप्त होकर भी उस आत्म द्रव्यमें अपूर्व अनन्त सुखका कारण विद्यमान होने पर भी उसके अनुभव करनेमें अक्षम है। उसकी महिमा ज्ञानावरण, दर्शनावरण, अन्तरायके नाश होने पर केवलज्ञानी ही जान सकते हैं।

(वैशाखवदि १०)

अब इस दृश्य जगत्में केवल हमारे ज्ञानमें अनुभूत दो तरह के ज्ञेय भासमान हो रहे हैं—एक तो पञ्चेन्द्रियके विषय रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द तथा यह जिनके आश्रय हैं वह पदार्थ, और एक वह वस्तु (पदार्थ) जिसमें यह विषय हो रहे हैं। मानना ही होगा कि दर्पणमें जो विम्ब भासित हो रहा है वह नैमित्तिक है किन्तु जिस निमित्तसे यह विम्ब प्रतिफलित हुआ है वह और जिसमें यह प्रतिबिम्बित हो रहा है वह दो पदार्थ हैं। इसी प्रकार यह मूर्त पदार्थ जिसको कि हम पुद्गल द्रव्यसे व्यवहार करते हैं और जिसमें यह भासता है वह दो पदार्थ हैं। शेष आकाशादि अमूर्त पदार्थ केवल आगम ज्ञानके द्वारा ही जाने जाते हैं। थोड़े समयको उनके विचारको गौण कर दो। हमारी इतनी प्रखर बुद्धि नहीं कि हम उनका विशेष विचार कर सकें। हमें उन पदार्थोंका विचार करना है जिनके विलक्षण सम्बन्धसे यह दुःखमय संसार हो रहा है। वे पदार्थ यही हैं जो पञ्चेन्द्रियोंके विषय होते हैं और जिन्हें स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण और शब्दसे

हम व्यवहार करते हैं। यद्यपि पुद्गल द्रव्य भी अखण्ड है किन्तु पञ्चेन्द्रिय द्वारा उसे हम पाँच प्रकारसे निरूपण करते हैं। अब एक स्पर्शको लीजिये। जब स्पर्शन इन्द्रिय द्वारा स्पर्शका ज्ञान होता है, तब उसे स्पर्शन प्रत्यक्ष कहते हैं। यहाँ पर होता क्या है? स्पर्शका ज्ञान हमें हो जाता है, ज्ञान स्पर्शमय नहीं होता। जब स्पर्श पृथक् रहा और ज्ञान पृथक् रहा फिर भी हमारी उस स्पर्शमें जो इष्टानिष्ट कल्पना होती है वह क्यों होती है? इसका कारण मेरी तुच्छ बुद्धिमें यह आता है कि हमारी अनादि कालसे ऐसी वासना है कि हम देहको ही आत्मा मान रहे हैं। अब जब शीत काल होता है तब शरीरमें शीत 'स्पर्शका सम्बन्ध होनेसे हमें शीत स्पर्शकी प्रतीति होती है। उसके लगनेसे शरीरमें कम्प होता है वह हमें सुहाता नहीं है अतः हम झटिति उस ज्ञेयमें अनिष्ट कल्पना कर लेते हैं, क्योंकि उस कालमें शीतके सम्पर्कसे पुद्गल शरीरमें कम्प होने लगता है। कम्पके दो कारण हैं— अभ्यन्तर मोह और शीतल वस्तुका सम्पर्क। अतः शीतका स्पर्श न हो, प्रायः लोग ऐसा ही यत्न करते हैं। इस यत्नसे यद्यपि तात्कालिक शान्ति देखी जाती है किन्तु नित्य शान्ति धारा वहे यह नहीं होता। उसका यत्न तो यह है कि आत्मामें वैभाविक परिणाम न हो। उसका कारण तत्त्व विचार है क्योंकि आत्मद्रव्य पृथक है और पुद्गल द्रव्य भिन्न है। इन दोनोंका अनादि कालसे एक ऐसा सम्बन्ध है कि दोनों ही स्व स्वरूपसे च्युत हैं। पुद्गलकी विभाव पर्याय रहो, उससे हमारी क्षति नहीं, क्षति तो हमारा जो ज्ञाता दृष्टा स्वभाव है उसके स्वस्वरूप न रहकर, इष्टानिष्ट कल्पना द्वारा विपरीत एवं आकुलित रहनेमें है।

(वैशाख वदि ११)

राग-द्वेषके विजयकी कथामें अनेक प्राणी सिद्धहस्त होते हैं,

किन्तु जब उन भावोंका उदय काल आता है उस समय आत्म-स्वरूपसे च्युत न होना श्रद्धावान् मनुष्योंके ही वशकी बात है।

(वैशाख वदि १२)

रागादिककी कथा करते करते कुछ आनन्द नहीं आया। यदि कोई शत्रुके गुण गणोंकी निरन्तर भूरिशः प्रशंसा करता रहे और उनसे निरन्तर पराभव पावे, शत्रुके निपातकी सामग्री भी पास न हो तब केवल उस कथोपकथन द्वारा दुःख ही होगा।

यदि स्वकीय पुरुषार्थमें रागादिकके विजय करनेकी शक्ति नहीं तब उसकी प्रशंसाकी कथा दुःखावहा ही है।

जो मनुष्य स्वायत्त एवं स्वजन्य शत्रुको विजित करनेमें अक्षम है वह क्या परका कल्याण करेगा ?

(वैशाख सुदि १)

प्रतिज्ञाका तात्पर्य यह है कि हमें करणानुयोगके द्वारा प्रतिपाद्य पदार्थके लिये चरणानुयोग द्वारा प्रतिपादित आचरणको द्रव्यानुयोगके अनुसार पालन करनेमें यत्नशील होना चाहिये। केवल चरणानुयोगमें है अतः हमें पालना चाहिये यह मान लेना समुचित नहीं। चरणानुयोग क्या वस्तु है सो अभ्यन्तसे विचारो। अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान कषायके क्षयोपशमकी तरतमता तथा प्रत्याख्यान और संज्वलन कषायके उदयकी तरतमतामें जीवका जो कुछ आचरण है उसीका नाम श्रावक धर्म और मुनिधर्म है। वह वस्तु बनानेसे नहीं बनती। घट विषयक ज्ञानके प्रयत्नसे घट ज्ञान उत्पन्न होता है या घट ज्ञानावरणके क्षयोपशमसे घट विषयक अज्ञानकी निवृत्ति होती है ? इसकी मीमांसा करो। मेरी तो यह श्रद्धा है कि अभ्यन्तर क्षयोपशमसे ही यह बात होती है। फिर भी उसमें क्वचित् बाह्य कारण होनेसे क्षयोपशमकी सत्ता बनी रहती है। किन्तु ज्ञानोपयोग नहीं होता। परन्तु यहाँकी कथा

इससे कुछ विसदृश है। यहाँ तो प्रतिपक्षी कपायके क्षयोपशममें चाहे बाह्य प्रवृत्ति न भी हो, फिर भी प्रतिपक्षी कषायके उदयमें जिन प्रवृत्तियोंका बन्ध होता था वह रुक जाता है। अभ्यन्तरमें शान्तिका उदय हो जाता है। यहाँ पर केवल क्षयोपशमसे तावत्काल बाह्य कारण द्रव्येन्द्रियादि न मिलने पर वह ज्ञान उपयोगमें नहीं आ सकता। और न तज्जन्य इष्टानिष्ट कल्पना भी होती है। ...... (रुकती है) इसमें कुछ विवेकसे कार्य लेनेकी आवश्यकता है। चरणानुयोगके अनुकूल चारित्र पालनेका ध्येय आत्म शान्ति है, वह कब है? जब राग द्वेष निवृत्तिके लिये वह क्रिया की जाती है। केवल बाह्य दृष्टिसे व्रत धारण करनेका फल बाह्य लोक प्रतिष्ठा अवश्य हो जाती है पर यह प्रतिष्ठा हमें गर्त पतनका परम्परा कारण हो जाती है, क्योंकि संसारमें उस प्रतिष्ठाके द्वारा हमें अभिमान कषायकी जाग्रत अवस्था होती है तथा प्रतिष्ठा कारक व्यक्तिमें रागका जनक होती है। एक ही कारणसे विरुद्ध कषायोंके हम पात्र हो जाते हैं। मान होनेसे द्वेष और प्रेम होनेसे राग कषाय तथा यही विपरीत अभिप्राय होनेसे मिथ्यादर्शन, तथा मिथ्यात्वके सहकारसे जो कुछ हमारा ज्ञान और आचरण है वह मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्रके व्यपदेशमें प्रयोजक होता है और इन तीनोंकी एकता ही संसार गर्तमें पतनका हेतु हो जाता है। अतः केवल बाह्य दृष्टिसे चरणानुयोग पालना श्रेयस्कर नहीं।

(वैशाख सुदि २)

अभ्यन्तर शान्तिके अभावमें कभी तो हम बाह्य कारणोंको दोष देते हैं, कभी अपनेको दोष देकर समाधान कर लेते हैं, कभी भगवान्‌ने ऐसा ही देखा है कहकर आत्मसम्बोधन कर लेते हैं। समझमें नहीं आता ऐसा निरुद्यम भाव कबतक रुलावेगा? उठो;

एकबार स्वात्माकी दिव्य शक्तिका सहारा लेकर इन कल्पित कल्पनाओंका निपातकर उस आनन्द समुद्रके तटकी सुखद समीर का संस्पर्श कर सावधान होकर साहस कर इस अनादि संलग्न दुराग्रहसे समर्जित संसार भ्रमणके मूल कारण मोहके पौरुषको कम्पायमान कर दो। एकबार भी यदि उसे नीचा दिखानेका प्रयत्न कर तुम सफल हुए तब फिर उसकी शक्ति आपके सम्मुख आनेकी न होगी परन्तु यहाँ तो हम मोह शत्रुके साथ लड़ाई करनेको उद्यम नहीं करते किन्तु इसकी जो सेना है और उस सेनाके उद्भव होनेमें जो बाह्य निमित्त हैं, उन्हें पृथक् करनेकी चेष्टा करते हैं। कोई शत्रुकी मियानको लेकर चूर्ण कर देता है, इस तरह यदि असि (तलवार) को रखनेका स्थान ही नष्ट हो जावे तब शत्रु अनायास असि फेंकनेका प्रयत्न करेगा। इसी तरह हमारा भी भगीरथ प्रयत्न स्त्री पुत्रादि बाह्य पदार्थोंके त्याग मे उपक्षीण हो जाता है। यदि बहुत लम्बा प्रयास किया तब पौद्गलिक शरीरके पोषक घृतादि रसके त्यागमें पर्यवसान हो जाता है। बहुत दूर गये तब शुभोपयोग साधक अरिहन्तादिको बन्धका कारण समझ केवल निरुद्यमी होकर अभ्यन्तर संक्लेश जालमें फँसकर न इधरके और न उधरके रह जाते हैं। चौबेजी छब्बे बनने जाते हैं पर दुबे बनकर रह जाते हैं। परमार्थ तत्त्व तो यह है कि जैसी कषायकी मन्दता हो, अथ च बाह्य द्रव्यादि सामग्रीकी अनुकूलता हो, उस समय त्यागका जो भाव हो, उसका निर्वाह आजन्म करे। तथा परिणाम विशुद्धताके अनुकूल पूर्व व्रतोंकी रक्षा करता हुआ उत्तर वृद्धि करे।

त्याग आत्मासे सम्बन्धित है और मन, वचन कायके व्यापारसे परे है। यह तो अभ्यन्तर शुद्धिके सहकारी कारण हैं, इनका व्यापार कुछ शुद्धिका प्रयोजक नहीं किन्तु न यह संसारके

कारण हैं और न उसके अभावके ही कारण है। जैसे यदि अभ्यन्तर प्रमाद है तव बाह्य शरीरादि द्वारा हिंसा हो या न हो, पर बन्ध अवश्यम्भावी है। और प्रमादके अभावमें बाह्य हिंसा भी हो जावे तव भी बन्ध नहीं। अतः बाह्य भोजनादि सामग्रीका परित्याग कर तपस्वी भी हो जावें किन्तु अन्तरङ्ग लालसाके सद्भाव में पारमार्थिक तपस्वी नहीं। तपस्विता तो दूर रहे, प्रत्युत मिथ्या चारित्री हैं। अतः अन्तरङ्ग भावके विना बाह्य आचरण दम्भ है। व्रत इस वास्ते नहीं कि लोग हमें व्रती कहें अपितु हम संसार दुःखसे बचें इसलिये है।

दुःखकी परिभाषा आकुलता है। उसकी विरोधिनी निराकुलता है। आकुलताका जनक रागादि जवतक जीवित है तबतक निराकुलताकी जनन शक्ति वीतरागता नहीं। जब वीतरागता ही नहीं तव निराकुलता कैसी? त्यागका तात्पर्य तद्विषयक रागादि न होना है। यहाँ तो एकको छोड़ अन्य द्वारा शान्ति करना प्रत्युत विषय उपाय कर आकुलताकी ही उत्पत्ति कर लेना है। अतः यह त्याग मेरी समझमें तो कालान्तरमें विशेष रागादिकका ही उत्पादक है।

(वैशाख सुदि ४)

पदार्थके परिणमन पृथक् पृथक् हैं। जैसे मयूरके जो नील पीतादि वर्ण हैं। वह जो स्वद्रव्य स्वभावेन परिणमते हैं वह मयूर ही है। तद्वत् जो पुद्गल द्रव्यात्मक मोह कर्मकी विपाकावस्था है उसका तादात्म्य उसी पुद्गल द्रव्यमोह कर्मसे है। किन्तु उसके निमित्तको पाकर जो आत्माकी स्वकीय चारित्रात्मक निश्चल परणति है वह रागादि रूप परिणमती है। अथ च आत्मामें ज्ञान गुण है जिसका स्वभाव पदार्थ प्रतिभासित होनेका है अतः वह परिणति उसमें प्रतिबिम्बित हो जाती है। उससे हमें यह प्रतीत

होने लगता है कि ज्ञान रागादि रूप हो गया। वस्तुतः ज्ञानमें रागादिक तो प्रतिभासित हुए पर ज्ञान रागादि रूप नहीं हुआ। जैसे मयूरके प्रतिबिम्बसे दर्पणकी स्वच्छता कुछ मयूररूप नहीं हुई। यदि नहीं हुई तो उसमें जो भासमान होता है वह मिथ्या हुआ और हमें जो उसका ज्ञान होता है वह भी मिथ्या हुआ सो भी नहीं। किन्तु दर्पणकी स्वच्छता मयूर सन्निकटवाले विकृत हो गई और वह विकृति रूप परिणमन दर्पणका ही है और वही हमें ज्ञात होता है। इसका अर्थ यह कि वैसे दर्पणको देखकर हमारे ज्ञानका परिणमन दर्पणवत् भासमान होने लगता है, न कि ज्ञान दर्पण हो जाता है। अब देखो परम्परा कहाँ तक जाती है? अब यहाँ पर यह विचारणीय है कि हमको इष्टानिष्ट कल्पना होती है उसमें क्या पर पदार्थ कारण है? नहीं, हमारे ज्ञान का ही परिणाम हमें इष्टानिष्ट कल्पना करा देता है; क्योंकि संज्ञी जीवमें रागद्वेषकी कल्पना प्रायः पदार्थके ज्ञानमें प्रतिभास होते ही अन्तर्मोहकी सत्ताके उदयमें बलात्कार हो जाती है। अतः जहाँतक बने बाह्य वस्तुकी संगति अभ्यन्तर अध्यवसानका निमित्त जान त्यागना किन्तु इसीके ऊपर अवलम्बित न रहना। अभ्यन्तर कलुषताकी ओर भी निरन्तर परामर्श करते रहना तथा उसका उपाय उसकी कथा ही न करना केवल उपयोगको शुद्ध चिद्रूपमें लगा देना. चिद्रूपमें न लगे तब यह विचार प्रणाली चिद्रूपके साधक जो तत्त्व हों उनमें रमा देना। ऐसी रमाना कि चिद्रूप बाधक कलङ्ककी कालिमा धोकर ही निकले। यदि चिद्रूप साधक तत्त्वमें परिणाम न जावे तब कुछ प्रयास न करना, चिद्रूप साधकके जो बाधक तत्त्व हैं उन्हींमें तल्लीन हो जाना, शुद्धोपयोगकी कथा तक भूल जाना किन्तु पर्यवसानमें इतना ही फल निकालना जो यही परिणति चिद्रूपकी बाधिका

है। यह सम्यग्ज्ञान यदि आपके विचारका अन्तिम निष्कर्ष हो जावे तभी आप चिद्रूपको पा सकेंगे। चिद्रूपकी प्राप्ति कोई दुर्लभ नहीं। दुर्लभ तो यों हो रही है जो हम उस ओर लक्ष्य नहीं देते। केवल जो पदार्थ सम्मुख आवे कूप मण्डूक के सदृश मान सरोवरकी कल्पना कर आत्मामें सन्तोष कर लेते हैं। अथवा मनमें जो कुछ कल्पना हुई उसीको यथार्थ मार्ग समझ आगे क्या है इसकी ओर लक्ष्य नहीं देते। विना पूर्व स्थान छोड़े उत्तरका मिलना जैसे असम्भव है तद्वत् शुभाशुभ परिणामोंके अभाव विना शुद्ध चिद्रूपकी प्राप्ति प्रायः दुर्लभ ही है।

(वैशाख सुदि ९)

क्षमाकी याचना करना अपराधी बनना है। यदि तुमने अभ्यन्तरसे अपराध ही नहीं किया है तब क्षमा माँगनेकी आवश्यकता ही क्या है? क्षमा भी कोई क्या करेगा, जिनसे क्षमा याचना कर रहे हो वे यदि भीतरके दयालु और व्रती हैं तब तो वह चरणानुयोगकी पद्धतिसे सहर्ष आपके परिणामोंमें विशुद्धताके निमित्त हो जावेंगे और यदि वक्राभिप्रायवाले हैं तब यही होगा कि जिससे क्षमा माँगो वह यही समझता है कि हमसे यह पराजित हो गये हैं, हार मान गये हैं, हमारी शरण आये हैं अतः क्षमा माँगनेकी चीज नहीं किन्तु अन्तरङ्गसे किसी बाह्य वस्तुके ऊपर स्वप्नमें भी अनिष्ट कल्पना न करो, यही परमार्थसे क्षमा है। यदि तुमने वास्तविक अभिप्रायसे अन्यके अनिष्ट होनेके भावावेशमें स्वात्माको कलङ्कित कर लिया है तब क्षमा माँगनेसे ही क्या लाभ? भविष्यमें कभी भी ऐसा भान न हो, यही क्षमा है। दिखावटी या बनावटी लौकिक शिष्टाचार क्षमा नहीं है, उससे आत्मशुद्धि सम्भव नहीं है। शुद्ध होनेका सरल उपाय तो यह है कि निरन्तर शुद्ध चिद्रूपका स्मरण करें।

आपत्ति यह है कि अशुद्ध चिद्रूपके सद्भावमें शुद्ध चिद्रूपकी उपासना कैसे हो, क्योंकि जैसे जब शरीर अशुचि होता है तब मनुष्य पूजन आदि पवित्र कार्योंका अधिकारी नहीं हो सकता है। आपका यह कहना तथ्य है पूजनादिका पात्र न हो परन्तु स्मरणका पात्र तो रहता ही है। अतएव—प्रतिदिन पूजामें पढ़ा भी जाता है—

'अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत् परमात्मानं सः बाह्याभ्यन्तरे शुचिः॥'

तद्वत् अशुद्ध चिद्रूपके सद्भावमें शुद्ध चिद्रूप परिणमन न हो सके किन्तु शुद्ध चिद्रूपके श्रद्धा ज्ञानमें क्या क्षति है?

(वैशाख सुदि १२)

शान्तिका उपाय संसारमें नहीं तो क्या मोक्षमें है? नहीं, शान्ति का उपाय मिथ्याभावोंके त्यागसे ही उदय होता है। जब यह जीव मिथ्याभावोंके मन्द होने पर तत्त्वज्ञानका अभ्यास करता है, उस समय अपनी भूल पर पश्चात्ताप करता है और फिर भ्रमात्मक बाधाओंको पृथक् कर स्वरूप साधक कारणोंके अर्जन करनेमें स्वकीय भावोंको निर्मल करनेमें प्रयत्नशील होता है तथा उन कार्योंके कारणोंको जो कि संसारके वर्धक थे तिलाञ्जलि दे देता है तब अनायास एक समय वह आता है कि अनायास घुणाक्षर न्यायेन स्वात्मोपलब्धिके भावोंको प्राप्त कर अतुल सुखामृतके भोक्तृत्वका पात्र हो जाता है।

(वैशाख सुदि १३)

'दुःख क्या है?' इस बात पर यदि विचार किया जाय तब स्पष्ट होगा कि आत्मामें सुख नामक जो एक शक्ति है, जिसे आह्लाद, आनन्द, तृप्ति, सन्तोष इत्यादि नामोंसे भी व्यवहृत करते हैं, जिसके लिये संसारके समस्त प्राणी प्रयत्न करते हैं, उसी

शक्तिमें या गुणमें रागादि विकृत भावके द्वारा आकुलता रूप जो परिणति हो जाती है उसीका नाम दुःख है।

(जेठ वदि ५)

केवल बाह्य वचन सुन्दरता स्वात्मतत्त्वमें उपयोगिनी नहीं। जहाँतक हो सके अब वचन पटुताको त्यागकर वह पटुता सम्पादन करो जिससे स्वात्मशान्ति मिले। शान्तिका एक उपाय यह है कि किसी ज्ञेयको राग-द्वेष पूर्वक न जानो, यदि सहजमें जानना हो जावे, तो हो जावे, जाननेके लिये व्यर्थ क्लेश क्यों करते हो? वस्तुका जो परिज्ञान हो उसका ही अभ्यास करो। पाण्डित्य सम्पादनकी ख्यातिकी कामना न करो।······वह बहुत ज्ञानी है, हम कुछ भी नहीं जानते, अथवा हम कैसे ज्ञानी हैं, यह विचारे मूर्ख लोग मार्मिक सिद्धान्त क्या समझें? ऐसा जो मोह जन्य भाव है वही दुःखप्रद है।

(जेठ वदि ७)

जो बात अन्तरंगसे होती है अर्थात् अन्तरङ्गमें उस विषयका राग नहीं होता स्वयमेव व्रत हो जाता है। चरणानुयोगमें जो उपदेश है वह कषायके मन्द उदयमें सम्यग्ज्ञानी जीवोंके बाह्य वचन कायकी चेष्टा होती है तद्रूप प्रत्ययमें आती है। अभ्यन्तर मनोव्यापारकी वही अनुमापिका होती है। अतः कहनेका यही तात्पर्य है कि जो कार्य करो बुद्धि पूर्वक करो। जगतके मनुष्य हमारी प्रवृत्तिको अच्छा कहें या बुरा कहें, इस पर कभी भी ध्यान न दो, क्योंकि यह तीव्र कपाय है इससे लाभ नहीं प्रत्युत हानिकी ही अधिक सम्भावना है। अतः यदि आत्म कल्याण करनेकी अभिलाषा है तब इन लौकिक आकाक्षाओंको त्याग कर अपने ध्येयकी ओर लक्ष्य देनेमें ही मनुष्य जन्मकी सार्थकता है। केवल वस्तु तो केवल ही है, उसमें इतरका

सम्पर्क बाधक ही है। बाधक ही नहीं उसके केवलत्वका घातक भी है। घातकसे तात्पर्य यह है कि पर पदार्थके संसर्गसे अभ्यन्तर परिणति कलुपित रहती है, इससे केवल परणति दुर्लभ ही है।

(जेठ वदि ८)

दुख की कथा करना भी दुख है, अतः उपयोगको केवल उपयोग रहने दो।

(जेठ वदि ९)

त्याग और ग्रहण की प्रणालीमें ही अगाध सुख समुद्रकी गम्भीरताकी अनुभूति नहीं। जिस त्याग और ग्रहणमें उस अगाध सुख समुद्रका स्पर्श न हो वह त्याग और ग्रहण गुड़ियोंका खेल है। जिस त्याग और ग्रहणमें आकुलताकी उत्पत्ति हो वह क्या त्याग है? जिस त्यागमें निराकुलताकी छटा प्रतिभासित होने लगे वही सच्चा त्याग है। जिन पर वस्तुओंके त्यागको हम त्याग मान रहे हैं वह तो मिथ्याज्ञानकी वासना है। जिन भावोंके द्वारा 'पर वस्तु समुदाय मेरा है' ऐसा भाव प्राणीका होता है वही भाव त्यागने योग्य है। अर्थात् पर वस्तुके त्याग होने पर यदि शान्तिका उदय हो तो समझो कि यही सत्य त्याग है और यदि हर्षके साथ शान्तिका उदय हो तो तब समझो अभी उसमें मन्द कपायका उदय मिल रहा है। उसमें जो हर्ष मिल रहा है उसे सम्यग्ज्ञानी स्वरूप घातक ही जानता है।

(जेठ वदि १०)

प्रायः प्रत्येक मनुष्य अपना पराभव नहीं चाहता या अन्य शब्दोंमें यों कहिए कि अपने उत्कर्षकी आकांक्षा अपने हृदयमें मुद्राङ्कित किये है और यही कारण है कि प्रायः हर एक प्राणी दुखी रहता है और निरन्तर असंख्य कल्पनाएँ करता

करता पर्यायको पूर्ण कर संसार चक्रका ही पात्र रहता है। जिस महापुरुषने इस क्षुद्र भाव पर विजय पाई वही इस विषम परिस्थितिसे उत्तीर्ण होनेकी नौकामें आरोहण करता है।

(जेठ वदि ३०)

बहुत ही गम्भीर बुद्धिसे देखा जाय तब यही निष्कर्ष निकला कि अन्धे प्राणियोंकी तरह लाठीसे चले जाओ और पूछते जाओ नानाप्रकारके आघात प्रत्याघात द्वारा यातनाओंको सहते जाओ अभी मोक्षमार्गकी रथ्या अतिदूर है। केवल कायरताने सब पुरुषार्थका विध्वंस कर रखा है। उस पर विजय पानेकी आपके इच्छा नहीं; क्योंकि कहनेको अवसर है कि—'पञ्चम काल है।' इस हीन पुरुषार्थसे आपकी पात्रता होना बहुत कठिन है। पञ्चम कालमें साक्षात् मोक्षमार्ग नहीं परन्तु बीचमें सुन्दर स्थानों पर नानाप्रकारके लौकिक चमत्कारोंको देखते हुए कोई न कोई स्थान पर पहुंच कर वहींसे साक्षात् मोक्षमार्गकी प्राप्ति हो सकती है। किसीको यदि उर्ध्व जाना पड़ा तब एक बार फिर स्वर्ग भूमिकी शोभाको देखकर कुछ समय विश्राम कर फिर इसी मध्य क्षेत्रमें आकर उसी अनुपम मार्गकी साक्षात् प्राप्ति हो सकती है। अतः कायरताको छोड़ो और पुरुपार्थ करो और जो आपके अधीन शत्रु (रागादि) आया है उसका निर्दयतापूर्वक निःपात करनेका प्रयत्न करो। प्रतिदिन अमली मनुष्योंकी कथाका अनुकरण मत करो, शूरवीर बनकर स्वदेशके हित प्राणपनसे सन्नद्ध होकर युद्ध करनेको उद्यमी हो जाओ, अवश्य ही तुष मास भिन्न मुनिकी तरह विजयी होगे।

(जेठ सुदि १)

परकी समालोचनामें आत्मपरणति क्षीण होती है और आत्महित दूर होता है।

(जेठ सुदि २)

निमित्त कारण कल्पित हैं। इनका नियम नहीं कि जो एकको शुभ उपयोगके साधक हो वह दूसरोंको भी हो, अतः निमित्तके ऊपर निर्भर रहना सर्वथा अनुचित है।

(जेठ सुदि ५)

ज्ञान उपासनाके विना चारित्रकी उपासना सर्वथा असम्भव है। ज्ञान वह वस्तु है जो आत्माको भेदज्ञान करानेमें समर्थ होकर शान्तिका पात्र बनाता है।

(जेठ सुदि ६)

संसारका जो स्वरूप है वही रहेगा; क्योंकि जिस वस्तुका जो स्वरूप है उसकी सत्ता कभी भी उससे पृथक् नहीं होती अतः जो महाशय दो वस्तुओंकी पर्यायोंको या उन वस्तुओंको एक करनेकी चेष्टा करते हैं वह वस्तु स्वरूपसे अनभिज्ञ हैं।

(जेठ सुदि ८)

प्रयास हीन प्राणीका जीवन निरर्थक है। जीवनका लक्ष्य आत्महित है। जिन प्राणियोंके मोक्षमार्ग विषयक प्रयास नहीं उनकी जीवन लीला क्रीड़ामात्र है।

(असाढ़ सुदि ६)

धीरता वही हितकर है जिसमें कलुषित परणति न हो।

(असाढ़ सुदि ९)

इस भव वनमें भटकते प्राणियोंको जो कष्ट होता है उसे वही जानता है। उसकी कथा करना एक कौतुहली प्रथा है। तत्त्व-दृष्टिसे अपने परिणाम परिपाटीको विचारो शान्तिके उत्पादनमें कौन वाधक कारण है।

(असाढ़ सुदि ११)

सङ्कोचकी जड़ पापमें है।

(श्रावण बदि २)

कल्याण पथकी प्राप्तिका सरल उपाय यह है कि अखिल विश्वको मध्यस्थ भावसे देखो। पर पदार्थमें परत्व और निज पदार्थमें निजत्व ही इस देखनेमें मूल है।

(श्रावण वदि ८)

जिन पर पदार्थोंके निमित्तसे कलुषता हो उनका दूरसे ही परिहार करना चाहिए। वही महापुरुष विजेता है जो निमित्तकी बलवत्तामें उपयोगको कलुषतासे रक्षित रक्खे। भार्य्याभावे (स्त्रीके अभावमें) तो सभी ब्रह्मचारी हैं। नेमि प्रभुके सदृश सुन्दरी राजुल जैसी नारीरत्न आदि प्रकर्ष कारणोंके सद्भावमें काम शत्रुको विजय कर स्वात्मलाभकी पात्रता प्राप्त करनेवाले ही सच्चे विजेता हैं।

(श्रावण वदि १२)

आत्माका स्वभाव सुख ओर शान्तिमय है। केवल उसके बाधक कारण हमने कल्पनारूढ़ कर रक्खे हैं। असल परमार्थ दृष्टिसे पर पदार्थ तो उसके बाधक ही नहीं चाहे वह चेतन हो, अचेतन हो, या मिश्र हो। केवल स्वयं आत्मा ही अपने सुखका बाधक और साधक है। जब यह आत्मा बाह्य दृष्टिके ऊपर ही स्वकीय परणितिको तन्मय बनाता है अर्थात् बाह्य पदार्थका अवलम्बनकर सङ्कल्प करता है तभी अज्ञान चेतनाको अवकाश मिल जाता है।

(कुवाँर वदि ९)

संसारमें शान्ति है परन्तु निरन्तर उसकी कथा करनेकी परणतिने उसे छिन्न भिन्न कर रक्खा है। जो कोई उसे उपार्जन करना चाहे उसे यह कथोपकथनकी परिपाटी छोड़नी होगी।

(कुवाँर सुदि ४)

उपयोगकी स्थिरता ही कार्यसिद्धिमें प्रयोजक है। जिनके

उपयोग स्थिर नहीं वह संशयालु कदापि भवसागरसे उत्तीर्ण नहीं हो सकते।

(कुवाँर सुदि ५)

भोजनकी गृध्नताका अभाव नीरोगताका कारण है।

(कुवाँर सुदि ६)

धर्मका मूल निरालस और ध्येयकी निश्चलता है।

(असाढ़ सुदि ११)

अभ्यन्तर शान्तिके विना ऊपरी शान्ति अशान्तिका रूपान्तर है।

([1] कार्तिक वदि २)

---

1. जहाँ तारीखके साथ गाँवका नाम नहीं दिया है वहाँ पूर्वमें गाँवका जो नाम दिया हो वह गाँव जानना चाहिए।

गागर में सागर

गागर में सागर

मङ्गलाचरण—

आदीश्वर जिन वन्द कर आगम गुरु चित लाय।
अन्य वस्तु को त्याग कर मेटहु जगत उपाय ॥ १ ॥

सुख—

जो सुख चाहो मित्र तुम तज दो बातें चार।
चोरी जारी दीनता और पराई नार ॥ २ ॥
जो सुख चाहो मित्र! तुम तज दो परकी आश।
सुख नाहीं संसार में सदा तुम्हारे पास ॥ ३ ॥
जो सुख चाहो आत्मा! परकी संगति त्याग।
लोहे की संगति पिटै जगमें देखहु आग ॥४॥
जो सुखकी है लालसा छोड़ो व्यर्थ वलाय।
आतमगुण चिन्तन करो यह ही मुख्य उपाय॥५॥
जो सुख चाहो देहका तज दो बातें चार।
बहु भोजन बहु जागना बहु सोना बहु जार॥६॥
जो सुख चाहो आत्मा! तज दो बातें चार।
कुगुरु कुदेव कुधर्म अरु दुखकर असदाचार ॥७॥

जो सुख चाहो आत्मा ! परका छोड़ो संग ।
परकी संगतिके किये होत शान्ति में भङ्ग ॥८॥
जो सुख चाहो आत्मा ! तज दो पर का संग ।
परमें निजकी कल्पना यही जगत का अङ्ग॥९॥
आप बड़ाई कारने निन्दा कार्य करन्त ।
उन मूढ़नके संगसे होगा नहिं दुख अन्त॥१०॥
जो चाहत हित होय हम तज दो पर का सङ्ग।
बात बनाना छोड़ दो मनहि बनाओ नङ्ग॥११॥
जो चाहत दुख से बचें करो न परकी चाह ।
पर पदार्थ की चाहसे मिटे न मनकी दाह ॥१२॥
जो सुख चाहो आपना तज दो पर का नेह ।
अन्य जनों की बात क्या मीत न तुमरी देह॥१४॥
जो निज परिणति में रमे त्याग सकल परपञ्च।
सो भाजन निज अमर सुख दुख नहिं व्यापे रञ्च॥१४॥

शान्ति—

शान्तिमार्ग अति सुलभ है परका छोड़ो मोह ।
यही मार्ग कल्याणका क्यों करते हो कोह ? ॥१५॥

चाहत जो मन शान्ति तुम तजहु कल्पना जाल।
व्यर्थ भरमके भूतमें क्यों होते वेहाल ॥ १६ ॥

आत्मज्ञान—

गल्पवादमें दिन गया विषयभोग में रात।
भोंदू के भोंदू रहे रात दिना बिललात ॥ १७ ॥
आप आपकी घात कर परको निज मत मान।
आत्मज्ञानके होत ही हो आतम कल्याण ॥१८॥
शिव मारग निर्द्वन्द है जो चाहो सो लेय।
मूरख माने द्वन्द्व में नहिं जाने निज भेय ॥ १९ ॥
जो संसार समुद्रसे है तरने की चाह।
भेदज्ञान नौका चढ़ो परकी छोड़ो राह ॥ २० ॥
❀सत्तर छह के फेर में गया न मनका मैल।
खांड लदा भुस खात है विन विवेकका वैल ॥२१॥
जन तन धन विद्या विभव नहिं दुर्लभ जग मीत।
पर दुर्लभ निज तत्त्व है याते तुम भयभीत ॥ २२ ॥
जो चाहत निज तत्त्वको परसे छांडहु नेह।
नहिं तो फिर पछताओगे नर्क मिलेगा गेह ॥२३॥

❀ यह दोहा वर्णी जी ने दैनन्दिनी में अपनी ७६ वर्ष की आयुको लक्ष्य करके लिखा है।

जिसने त्यागा मोहको वह शूरों में शूर।
जो इसके वश हो रहे वह क्रूरोंमें क्रूर ॥ ३९ ॥
महिमा अपरम्पार है मायावी की जान।
ऊपरसे नीका लगे भीतर विषकी खान ॥ ४० ॥
करनेको कछु और है मनमें ठाने और।
वचनों में कुछ और है इनकी जाओ न पौर ॥४१॥

अपनी भूल—

परम धरम को पायकर सेवत विषय कषाय।
ज्यों गन्ना को पायकर नींमहिं ऊँट चबाय ॥४२॥

खेद—

खेद करो मत आतमा खेद पापका मूल।
खेद किये कुछ न मिले खेद करहु निर्मूल ॥४३॥

सदाचार—

भवदुख सागर पारको गुरुवच निश्चयधार।
सदाचार नौका चढ़हु उतरत लगहि न वार ॥४४॥